In fact, promoting private sector partnership in marketing products of small and rural producers is getting increasing acceptance and popularity, although some misgivings are still expressed regarding the inherent exploitative and inequitable character of such arrangements. However, it is quite evident from the experience so far that farmers who participated in these arrangements had significant gains in income and livelihood. As such, the 'exploitative' arrangements seem to have provided them with a much better deal than the earlier 'non-exploitative' ones, under which they were either not able to sell or sold their produce at low and uncertain prices.

The system variously known as 'company plus' (as in Chin), or less popularly as 'contract farming' which is based on forging market linkages of farmers with large companies, is relevant in Sikkim for a number of products like cardamom, ginger, oranges, and even smaller items like flowers, chillies, passion fruit, and medicinal herbs. Marketing is the basis function that linkages of products with private sector companies should achieve, as it has been observed that "marketing is the weakest link in value chain of horticulture" (Lahiri, et al, 2001, pp.18). However, it would be necessary and more useful to include a number of other important functions within the purview of such arrangements. These would include functions such as : investment in local infrastructure; storage and warehousing facilities; infusion of new technologies in cultivation and processing ; provision of inputs, including credit; exploration and development of new makers; collection and dissemination of market information among producers on a regular basis; timely procurement of produce; processing and/ or its delivery to the markets, in accordance with the requirements and suitability of the different products. It is obvious that an organisation created either by the government, or the producers, or a co-operatives or an NGO, would have neither the capability, nor a stake in undertaking all of these tasks by itself. A private corporation, on the other hand, can organise resources and professional expertise for all of these functions and would be interested in such ventures especially, once the profits are generated on a sustained basis. The areas mentioned above offer attractive and profitable opportunities, given both the resource potential and comparative advantage of Sikkim, and the large expanding demand for these products in the national and international markets.

The Promising Sectors

Improving accessibility, local infrastructure and introduction of efficient caring technology are function as central as marketing itself in the case of products like large cardamom. For instance, a relatively centralised curing facilities may be set up under the supervision of a company, if necessary for ensuring quality and training to farmers in scientific farm management practices. All these steps would go a long way in assuring high quality of the product. Processing value addition, are not the most appropriate development activities in the case of large cardamom, as this is sold as a spice which is treated by the consumers themselves. However, there is scope to promote its potential for flavour and fragrance in the food industry and even perfumeries, as was reportedly done in ancient India. No doubt, this, arrangements must also involve some kind of buy-back guarantee, covering most or all of the farmers' produce and imposing a similar obligation on the farmers as well. However, if yield levels and overall production and supply of large cardamom, to replace the aging and low-yielding bushes. Here, again the private corporate sector may be best suited to undertake such investments, in view of the commercial gains they could potentially yield. With the private sector investing large sums, the linkage would indeed go much beyond simply a marketing arrangement and assume the form of actual 'contact farming'. To what extent this expression evokes political overtones is a different question, but this step appears absolutely vital for the large numbers of farmers involved in the cardamom economy. For them it would usher in a more vibrant arrangement with maintenance of yield levels and production, on one hand, and realisation of better prices, with the elimination of middlemen and exploitative trade, on the other. It is clearly evident that the government and the farmers themselves have been unable to achieve higher yields and incomes so far themselves, the private sector emerges as the most obvious choice in this situation.

This approach, illustrated in respect of large cardamom applies to other crops and products identified above as 'lead' crops. However, in other cases, the package need not necessarily consist of the same components as in the case of cardamom. In fact, value addition by processing has a larger scope in the case of most crops. For instance, ginger can be processed into a host of products like paste, candy, cordial and preserve; orange and passion fruit into juice; while dalla khorshani can be processed and bottled as pickle and a hot spice. All

these can potentially be high value products if suitably projected and marketed and therefore, offer attractive investment opportunities for private companies. Items like chilli, black pepper, passion fruits etc. require market development in the first instance followed by development of technology and products in line with market demand, in the case of Mandarin orange, rejuvenation of old plants is imperative, besides the need for better-organised marketing and facilities for processing. Currently, the processing of citrus produced in the State is carried out in Bhutan, so that the State loses out on the value addition as well as on the employment that could be generated in the processing industry. Setting up processing facilities within the State with active private sector involvement would help in this situation. This step would expand market opportunities for farmers by reducing transport costs, help retain value and create employment within the State (Lahiri et al, 2001). Given the expanding domestic and export markets for fresh orange juice, this can be an important move for reviving the rural economy in the State. If successful, this model could be replicated in the case of other fruits and vegetables as well, with the government facilitating and regulating the private players in the sector.

Medicinal herbs and plants constitute another sector with high potential and comparative advantage in Sikkim that has not received adequate attention so far. This is another ideal sub sector for private sector involvement, in product development and marketing. A board for planning development in this sector has recently been established. However once again, it is necessary to plan a marketing strategy and system alongside the growing and processing of plants of different species. Linkage with large private sector pharmaceutical companies, as is being practised elsewhere, will certainly be an effective mechanism to simultaneously take care of the production, processing and marketing aspects. As envisaged by the National Medicinal Plants Board, the State board intends to encourage inter alia "contractual farming", mainly as a marketing mechanism. Nineteen plant species have already been identified and selected for in-situ conservation and ex situ cultivation. Organisations are being encouraged to enter into contracts with assured buy-back arrangements, with groups of growers for cultivation of plants with national and international market potential. In this context companies with experience in marketing and with a commercial stake in the business should be especially encouraged.

A Few Concerns

Private sector involvement in the value chain of products from small rural producers in mountain areas is often viewed with suspicion, particularly in view of the following considerations. First, the small producer is at a disadvantage in the bargain vis-a-vis the larger corporate buyer and, therefore there is no guarantee of his receiving a fair price for his product. Also, the linkage arrangement often leads to a situation of monopoly, where the producer has no choice among alternate buyers, which further reduces his bargaining power. While certain safe guards can be built into the contracts, such as assured purchase at a certain minimum price etc., the most effective safeguard in the long run will come from the collective strength of the producers themselves. And for this purpose, it is important, as mentioned earlier, that the farmers organise themselves into associations and co-operatives and negotiate terms and conditions of the arrangements collectively.

Another aspect about which there are apprehensions relates to the fear that the private sector, if given direct access to natural resources for economic use would completely ignore concerns related to environment and resource conservation. In Sikkim, as in many other mountain regions the ecology is fragile and many plants species are already under the "threatened" category, and others may also have added to that list if indiscriminately exploited. Therefore, it is of utmost importance that the environment and bio-diversity be preserved and that natural resources be used sustainably. Indeed, the government and local communities have an important role to play in ensuring this. In particularly, a policy regulating the use of natural resources must be effectively implemented. At the same time, a balanced

strategy of regulated use combined with regeneration (rather than a complete ban) is necessary to meet the twin objectives of conservation and improvement in livelihood.

Role of the Government

The State government has an extremely important role to play in coordinating private sector participation in rural livelihood generation. It has to develop the necessary legislative and institutional mechanisms to protect the environment and the interests of farmers. It, would also have to create a policy environment suitable for private sector involvement in development, marketing and processing of various agricultural, horizontal and natural resources-based products in which Sikkim has a comparative advantage. It is important to give 'industry' status to activities such as dehydration, irradiation, distillation, fermentation, grading, sorting and cleaning, quick freezing as well as preservation of fruits and vegetables in fresh form for export, and for domestic markets. These should be made a part of the fruits and vegetable processing industry. Similarly, cold chain and cold storage systems used for transport and storage of agro-based products, processing of aromatic herbal- medicinal material, tissue culture, nurseries and hybrid seed production units also stand to benefit considerable from 'industry' status. This would enable units in these activities to avail concessions, subsides and facilities earmarked for industry, including loans from banks, concessional finance (for activities such as purchase of refrigerated trucks for carrying fruits and vegetables and equipment for grading, packing, cold storage etc.) and facilitate speedy and efficient marketing of agro-products.

Conclusion

Farmers in Sikkim face manifold constraints with respect to various facets of production and marketing of agro-products. These include, farm practices, processing technology, access to markets, market information and product quality. In this context it is necessary to undertake product development in terms of the entire commodity chain and private entrepreneurs are best equipped to do so. However, the government must provide the necessary policy framework and infrastructure support and may even have to do work partnership with the private sector in undertaking investment projects. A number of entrepreneurs are already reported to have approached the state government for establishing horticulture-based industries. In fact, a company has already started work on the production and export of cut flowers in the east district, where the State government has provided the land and also has equity participation in the project. The Tenth Plan proposes to enlarge such equity participation wherever appropriate. Yet another promising initiative by the State government has been in the form of a scheme for establishing agro-exports of cash crops like ginger, cardamom, chilies and flowers. This scheme envisages linking exporters with a cluster of producers in an area. This would facilitate sourcing of the produce, while processing and export can also be carried out utilising the common facilities provided under the agro-export scheme. Such proposals deserve to be seriously pursued, for these can be a sustainable source of rural livelihood and income in the State.

References

Bhatnagar, K. K. (1994). *Informal Bazaars in Sikkim*, Lama, Mahendra P (ed), (1994).

Papola, T. S. (2000). *Development and Livelihood in Sikkim: Towards a Comparative Advantage Based Strategy,* Discussion Paper Series-14, Human Development Resource Centre, UNDP, India.

Planning and Development (PPD) (2001). *Draft Ten Five Year Plan and Annual Plan* 2002-03, Gangtok, Government of Sikkim.

Lahiri, A. K. Chottopadhyay, S. and Bhusin, A. (2001) *Sikkim: the people's vision, Gangtok/Delhi, Government of Sikkim*, Indus Publishing Company, New Delhi.

****

नरेन्द्र शर्मा के काव्य में शास्त्रीयता एवं स्वच्छंदता का द्वंद्व

- सुमित कुमार
सहायक प्रवक्ता, हिंदी
संपर्क संख्या: 9971294823
ईमेल: sumitrajdu1@gmail.com

हिंदी साहित्येतिहास के अंतर्गत उत्तरछायावादी काव्य को वह श्रेय नहीं मिल पाया, जितना कि उसे मिलना चाहिए था। इस काव्यगत प्रवृत्ति की मूल विशेषताओं में हालांकि छायावादी काव्य की ही तरह प्रकृति चित्रण और प्रेम का निरूपण करना रहा है किंतु उसका स्वरूप छायावादी कवियों की कविताओं में अभिव्यक्त भाव-सम्प्रेषण से इतर रहा है। जहाँ कि छायावादी कवियों ने अपनी कविताओं में प्रकृति एवं मानव-जीवन के काल्पनिक प्रेम को उकेरा है, वहीं उत्तरछायावादी कवियों ने उसके यथार्थ स्वरूप का अंकन करना ही उचित माना है। इस धारा के कवियों ने न केवल प्रकृति चित्रण और मानवीय प्रेम को ही अपने काव्य का विषय बनाया अपितु पौराणिक एवं ऐतिहासिक कथाओं पर आधारित रचनाओं के माध्यम से पाठकों में राष्ट्रीय-सांस्कृतिक चेतना एवं आध्यात्मिक चिंतन के भाव का प्रसार भी किया है।

जैसा कि भारतीय आधुनिक इतिहास के संदर्भ में सर्वविदित है कि अंग्रेजों ने हमारे पूर्वजों का जी-भर शोषण किया; चाहे वह मानसिक रूप से हो या फिर शारीरिक और बौद्धिक रूप से। जबकि स्वाधीनता आंदोलन अपनी चरम स्थिति पर था, हमारे छायावादी कवि एकाध जगहों को छोड़कर लगभग सर्वत्र अपनी कृतियों के द्वारा कल्पना भरे गीत ही साहित्य में अंकित कर रहे थे। ऐसी ही स्थिति में उत्तरछायावादी कविता धीरे-धीर अन्य-अनेक रूपों में जन्म ले रही थी, जिसके आधार स्तंभ के रूप में हम सुभद्रा कुमारी चौहान, माखन लाल चतुर्वेदी, रामधारी सिंह दिनकर एवं हरिवंशराय बच्चन जी को ले सकते हैं। आगे चलकर इस काव्यधारा को और अधिक समृद्धि प्रदान करने का कार्य रामनरेश त्रिपाठी, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', भगवतीचरण वर्मा, रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' और नरेन्द्र शर्मा जैसे कवियों ने किया। हालांकि इनमें से अधिकांश कवि अपनी विशेष पहचान के द्वारा हमारे बीच प्रकट होते हैं, किंतु जब बात कवि नरेन्द्र शर्मा की आती है तो उन्हें अनेक तराजुओं पर तौल कर देखा जाने लगता है। कभी उन्हें प्रगतिवादी कहकर पुकारा जाता है तो कभी राष्ट्रवादी, कभी उन्हें नव-स्वच्छंदतावादी कवि की संज्ञा से विभूषित किया जाता है, तो कभी उनके ऊपर आध्यात्मिक होने का आरोपण किया जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि यदि ऐसा उनके संदर्भ में ऐसा कहा जाता है तो कुछ गलत है, बल्कि शतप्रतिशत सही है। दरअसल जिस समय की परिधि में कवि नरेन्द्र के काव्य-जीवन की शुरुआत हुई, वह कुछ ऐसी ही थी। वे एक गीतकार थे और अक्सर फिल्मों के लिए गीत लिखा करते थे। फिल्में कई तरह की होती हैं; तो यह भी तय है कि उन फिल्मों के अनुसार उनके गीत के स्वरूपों में परिवर्तन होगा ही। ऐसे में उनकी कविताओं का विविधतापूर्ण होना भी अनुचित प्रतीत नहीं होता, बल्कि उतना ही उचित लगता है, जितना कि एक गीतकार का फिल्म के विषयानुसार अपने गीतों में परिवर्तन करना है। हमें कवि नरेन्द्र को किसी खास खाके में रखकर नहीं देखना चाहिए अपितु उन्हें एक संपूर्ण कवि के रूप में देखने पर ही हम उनकी कविताओं का समुचित मूल्यांकन कर सकते हैं। उनकी रचनागत विविधता इस प्रकार थी कि स्वयं के विषय में उनको निम्न बातें लिखनी पड़ गई-

"मैं आज तक नहीं जान सका हूँ स्वयं मैं
किस साँचे में ढल रहा हूँ? शिल्पी के हाथों किस
साँचे का टूटना मेरी मूर्ति, पूर्ति और मुक्ति होगी,
कौन जाने ?"1

कवि नरेन्द्र के काव्य-जीवन की शुरुआत महादेवी वर्मा के संपादकत्व में छपने वाली पत्रिका 'चाँद' में प्रकाशित उनकी कविता 'आंसू' (1932) से होती है और फिर आगे चलकर उनकी अनेक कृतियाँ पाठकों को साहित्यिक आस्वादन कराती हैं। नरेन्द्र शर्मा जी ने न केवल काव्य विधाओं का, बल्कि साहित्य की गद्य-विधाओं का सृजन करके भी अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनके द्वारा रचित 'कड़वी-मीठी बातें' (1942) कहानी संग्रह में संकलित कहानी 'पिछवाड़ा' बहुत ही मार्मिक और समाज के निम्नवर्ग की करुणामयी गाथा को पाठकों के सम्मुख उद्भासित करती है। उनकी विविधामायी और सहज व्यक्तित्व को उनके द्वास रचित 'मोहनदास करमचन्द गाँधी- एक प्रेरक जीवनी' (1963) से भी जाना जा सकता है। इतना ही नहीं, 'महाभारत' की पटकथा लेखन का कार्य भी इन्होंने ही किया, साथ ही 'सांस्कृतिक संक्रांति और संभावना' (1990) भाषण एवं इनके द्वारा लिखे लगभग 650 गीत श्री पाठकों व दर्शकों को खूब मनोहर लगे। इनके द्वारा रवित गीत वास्तव में इनकी कविताएँ ही हैं-

"आज न सोने दूंगी, बालम
मेरे अधिक निदारे, बालम।

आज विश्व से छीन तुम्हें, प्रिय
निज वक्षस्थल में भर लूँगी,
गूदुल गोल गोरी बाँहों में
कम्पित अंगों में कस लूँगी
फूलों के तन में भर लूँगी,
अलि-से-रैन-निदारे, बालम ।"2

यहाँ कवि ने युवा-मन में विचरने वाले प्रणय-मिठास के यथार्थ को प्रकट करने का सुनियोजित प्रयास किया है।

कवि नरेन्द्र की कृतियों को मुख्य रूप से दो भिन्न काव्य-सिद्धांतों के आधार पर बांटा जा सकता है- पहला स्वच्छंदतापरक स्वनाएँ एवं दूसरा शास्त्रीय रचनाएँ । कवि नरेन्द्र द्वारा रचित जिन कविताओं में उनका भाव-पक्ष प्रथल है, वहाँ स्वच्छंदता एवं जिनमें उनका बुद्धि-पक्ष प्रबल है, वहाँ उनकी शास्त्रीय दृष्टि पाठकों के सम्मुख प्रकट हो पायी है। कवि का आरंभिक काव्य-जीवन छायावादी या फिर कह लीजिए कि स्वच्छंदतावादी कवि सुमित्रानंदन पंत के संसर्ग में रहने के कारण उनकी प्रारभिक रचनाओं में जहां कि स्वच्छंदतावादी भाव अधिक मुखर हुआ है, वहीं बाद की स्वनाओं में सामाजिक परिदृश्य बदलने के कारण उनके काव्य में शास्त्रीयता स्वयंमेव दी समाहित होने लगी, इसका एक बड़ा कारण उनके पारिवारिक संस्कार को भी माना जा सकता है। प्रारंभ की स्वनाओं में तो कम, किंतु उनके बाद की रचनाओं में आध्यात्मिकता का प्रभाव प्रचुरता में लक्षित होता है जो उनके शास्त्रीयता की द्योतक प्रतीत होती है।

किसी रचना को शास्त्रीय होने के लिए केवल काव्यगत संस्कृत आचार्यों द्वारा बनाए गए नियमों के चौराटे में ही नहीं बंधा होना होता है बल्कि उन नियमों से इतर यदि कोई रचना कालजयी होती है या फिर किसी विशेष संस्कृति को उकेरती है या फिर कह लीजिए कि महाकाव्यत्मक अथवा पौराणिक कथाओं पर आधारित होती है, तब भी वह शास्त्रीयता के चौखटे में ही आती है। "आधुनिक युग में जब किसी रचना को 'क्लासिक' कहा जाता है तो आवश्यक नहीं कि उसकी भाषा पुरानी ग्रीक और लैटिन हो या उसकी रचना प्राचीन युग में हुई हो। शेक्सपियर के नाटक, मिल्टन का 'पैराडाइज लास्ट' या इलियट की 'वेस्टलैंड' भी उसी प्रकार कालजयी रचनाएँ मानी जाती हैं जिस तरह होमर या वर्जिल की कृतियाँ । इसी तरह वाल्मीकि की 'रामायण', कालिदास का 'अभिज्ञान शाकुंतलम्', तुलसीदास का 'रामचरितमानस', प्रसाद की 'कामायनी' या निराला की 'राम की शक्ति पूजा' -विभिन्न युगों में रची जाने पर भी 'क्लासिक' रचनाएँ मानी जाती हैं। इन तमाम रचनाओं में किसी सामान्य तत्व की खोज करने पर निराशा ही हाथ लगेगी। यदि वैधता है तो केवल एक बात की, और यह बात है 'क्लासिकस' के आदर्श का अनुकरण ।"3 कवि नरेन्द्र की कविताओं में जब हम शास्त्रीय पद्धति के प्रयोग पर चर्चा करते हैं तो उसका स्वरूप भी बहुत हद तक उक्त आलोच्य कथन के अनुसार ही परिलक्षित होता है।

सामान्यतः कवि गरेन्द्र के काव्य में शास्त्रीयता को सौन्दर्यांकन के रूप में उकेरा गया है। यह सौन्दर्यांकन विशेष रूप से मानवीय सौन्दर्य एवं कलागत सौंदर्य के रूप में चित्रित हुआ है। वैसे भी काव्य का संसार सौन्दर्य-जगत का वर्णन ही है एवं कला अथवा साहित्य में आनंद-विधायक तत्त्व भी सौन्दर्य ही है। कवि ने अपनी कृतियों में सौन्दर्य के अनेक रूपों का वर्णन कर शास्त्रीयता के अन्यतम स्वरूप को अभिव्यंजित किया है। नायिकाओं की आंगिक चेष्टाएँ उनके सौन्दर्य की द्योतक होती हैं। ज़रूरी नहीं कि केवल रंग ही गोरा होने से कोई सुन्दर बन जाएं, बल्कि अदाएँ ज्यादा महत्वपूर्ण होती हैं। कुछ ऐसी ही बातें घनानंद की नायिका सुजान के सन्दर्भ में भी कहीं जा सकती हैं। घनानंद उसके रंग के नहीं, बल्कि उसकी अदाओं के दीवाने थे। इस तरह के अनेक उदाहरण यत्र-तत्र-सर्वत्र देखने को मिल जाते हैं। नायिकाएं अपनी आंगिक चेष्टाओं द्वारा उद्दीपन का कार्य करती हैं जिससे कि श्रृंगार स्स की निष्पत्ति होती है । नायिकाओं की चेष्टाएँ साहित्यशास्त्र में अनुभाव कहलाती हैं, जिन्हें कायिक, वाचिक, मानसिक और सात्विक की संज्ञा दी जाती है। कवि नरेन्द्र ने इन चेष्टाओं को अपनी कविता में कुछ इस तरह से वर्णित किया है-

"स्नेह-परस-मिस सिखा पुलक-दल
पुलकावलि की मृदुल डोर में
कस-कस जकड़ दिया यौवन।
चूम-चूम मादक अधरों से
मूँद दिए फिर चल लोचन,
फिर खिलखिला उठी कलिका-सी
सहसा भर प्रेमालिंगन ।"4

कवि नरेन्द्र ने स्त्री के केवल बाह्य सौंदर्य का चित्र ही नहीं, बल्कि उसके आंतरिक सौन्दर्य की रूपरेखा भी अपनी कृतियों में चित्रित की है। स्त्री की रचना अखिल विश्व के कल्याण हेतु ही प्रतीत होती है। कहीं वह माँ के रूप में तो कहीं प्रेयसी के रूप में, कहीं बहन के रूप में तो कहीं दादी, नानी, बुआ, मासी, चाची, काकी, ताई, मागी, सासू गाँ, भाभी, छोटी बहू आदि कई रूपों में स्नेह-शिक्त होकर पुरुषों से जुड़ती हैं । स्त्री हर रूप में पुरुष का

मार्गदर्शक बनती है। वह शील के प्रमुख आधारों- दया, करुणा, ममता, त्याग, क्षमा, सेवा, समर्पण और सहानुभूति आदि की प्रतिमूर्ति होती हैं; बावजूद इन सबके पुरुष समाज उसे 'वेश्या' बनने पर मजबूर कर देता है। कवि नरेन्द्र ने 'वेश्या' कविता में इसी यथार्थ का अंकन करते हुए स्त्रियों के प्रति अपनी संवेदना को उजागर किया है-

"चेतन-आत्मा, कोमल उर,
पावन मानव, तन पाकर,
उदर जानती हैं केवल
XXX
कहते ही, काली नागिन है,
विष ही देखा है केवल,
हैं इसकी मणियाँ उज्ज्वल।
काँटों की इस कुटिल डाल में
हैं गुलाब के फूल विमल।
XXX
तू लक्ष्मी है, तू देवी है,
तू नारी पावन।
दे समाज को चाँदी का तन,
रखती है जीवन।"5

मानवीय सौंदर्य का अंकन करते हुए कवि नरेन्द्र ने केवल स्त्री-सौंदर्य पर ही दृष्टिपात नहीं की, बल्कि पौरुष-सौन्दर्य का भी उन्होंने सुंदर अंकन किया है । इसका अपतिम उदाहरण कवि द्वारा रचित कृति 'रक्तचंदन' (1949) में गाँधी जी पर लिखि गयी उनकी कविता में देखने को मिलता है, जहां कि उन्होंने गाँधी जी के आंतरिक वीरता में सौंदर्य का आभास किया है-

"जनहित के लिए, देव, तुमने
क्या नहीं सहा? क्या नहीं किया?
श्री-संपत्ति, सुख, परिवार-मान
की कौन कहे ?
अरमानों के निज प्राणों के भी
मुक्त-दान की कौन कहे?
प्रियतम संगिनी नार का तुमने जनहित बलिदान किया।"6

केवल गाँधी जी के जनहितकारी कर्म-सौंदर्य की कवि ने प्रशंसा नहीं की, बल्कि 'अग्निशस्य' (1950) में उन्होंने लौह-पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के देहावसान पर भी शोक जताते हुए उनके विराट व्यक्तित्व की भूरिशः प्रशंसा की है-

"लौह लाट-सा वह विराट, वह पौरुष का प्रतिरूप,
चला गया वह भू-जन सेवक, वह भूपों का भूप।
उसकी छाया में प्रकाश था, संकल्पों में सिद्ध
सूरज डूब गया पर उसकी चढ़ी रहेगी धूप।"7

कवि नरेन्द्र ने मानवीय सौन्दर्य के भिन्न रूपों को तो अपनी कविता का विषय बनाया ही, साथ ही कलागत सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अलंकार विधान के अंतर्गत मानवीकरण अलंकार को अपनी कविताओं में विशेष प्रश्रय दिया है-

"युग की संध्या कृषक-वधू-सी किसका पन्थ निहार रही ?
धूल-धूसरित अस्त-व्यस्त वस्त्रों की शोभा मन मोहे,
माथे पर रक्ताभ चन्द्रमा की सुहाल बिन्दिया सोहे।"8

यहाँ कवि ने न केवल ढलती हुयी शाम का मानवीकरण एक कृषक-वधू के रूप में किया है अपितु तत्कालीन सामजिक जीवन में व्याप्त समस्याओं की ओर भी संकेत किया है। कवि नरेंद्र की कविताओं में स्वच्छंदता के भाव अनेकशः प्रकट हुए हैं या कहें कि उनके काव्य-जगत का अधिकांश स्वच्छंदतावादी तत्वों से ही भरा पड़ा है तो कोई असंगत नहीं होगा। इनकी कविताओं में इस प्रवृत्ति का अंकन मुख्य रूप से प्रकृति-चित्रण, मानवीय-प्रेम एवं राष्ट्रीय चेतना के रूप में अभिव्यक्त हुआ है। स्वच्छंदता की अनेक विशेषताएँ हैं, जो कवि नरेन्द्र की कविताओं में सन्निहित हैं। इन विशेषताओं में से कुछ बिंदुओं पर विचार करना संगत प्रतीत होता है। सबसे पहले जिस ओर ध्यान जाता है, वह है 'राष्ट्र-प्रेम', जिसकी तरफ कवि ने पाठकों का भरसक ध्यान केन्द्रित किया है। 'प्रभातफेरी' (1938) स्वाधीनता आन्दोलन के दौर का काव्य-संग्रह है, जिसकी पहली कविता 'प्रभातफेरी' पूर्णतः राष्ट्र को समर्पित है। जबकि संपूर्ण देश पराधीनता की जकड़न में था और विदेशी चंगुल से मुक्ति चाह रहा था तब कवि ने अपनी निम्न पंक्तियों के माध्यम से उनके अंदर नवचेतना अथवा राष्ट्रीय चेतना का प्रसार किया-

"आओ, हथकड़ियाँ तड़का दूँ,
जागो रे नतशिर बन्दी।
उन निर्जीव शून्य श्वासों में
आज फूँक दूँ लो नवजीवन,
भर दूँ उनमें तूफानों का,
अगणित भूचालों का कम्पन,
प्रलयवाहिनी हों, तेरी ये साँसें बन्दी।"9

इतना ही नहीं, कवि ने देश के प्रति अपने प्रेम को प्रकट करते हुए

अपने देश के जवानों से आग्रह किया है कि वे अपनी मातृभूमि की पुकार सुनें एवं अपने राष्ट्र को दासता की जंजीरों से मुक्त कराएं । उन्होंने 'आदेश' कविता में सुभाषचंद्र बोस के एक कथन का हिंदी रूपांतरण अपनी कविता में वर्णित किया है-

"चलो उस ओर, नदी-नद पार, पार कर गिरी-वन का विस्तार
वहाँ, जिस ओर हमारा देश, हमारी जन्मभूमि, घर-द्वार।
सुनों हिन्दुस्ताँ की हुँकार। बढ़ो आगे, खींचों तलवार।
खून को बुला रहा है खून, बढ़ो-दुश्मन की चीर कतार।"10

इस प्रकार कवि ने 'राष्ट्र-प्रेम' के द्वारा अपनी स्वच्छंद दृष्टि का परिचय दिया है । इसी तरह से 'स्त्री-प्रेम' भी स्वच्छंदता के विशेष लक्षण को प्रकट करता है जिसके अनेकशः उदाहाण कवि नरेन्द्र की कविताओं में देखने को मिल जाते हैं। कवि नरेन्द्र के काव्य-संग्रह 'कर्णफूल' (1936) में संकलित कविता 'स्वप्न' की नायिका अपने प्रिय को अभिसार हेतु आमंत्रित कर रही है। किंतु ध्यान देने वाली बात यह है कि यह अभिसार नायक के अवचेतन मन की स्थिति है-

"आओ प्यारे उर-हार बनो,
वह नयनों में मुस्का, बोली।
मृदु मंदहास-सी ही हँसकर,
मुस्काकर मुझे बुलाती थी।
नयनों की मादक कोरों से,
आमंत्रण-सुरा पिलाती थी।"11

स्वच्छंदता की एक विशेषता मनोवैज्ञानिकता को दर्शाना भी है, जिसका उदाहरण उक्त पंक्तियाँ हैं।

स्वच्छंदता की अन्य-अनेक विशेषताओं में सबसे मुखर विशेषता प्रकृति-सौंदर्य का चित्रण ही कवि नरेन्द्र द्वारा रचित काव्य-संग्रह 'मिट्टी और फूल' (1942) में संकलित अनेक कविताएँ प्रकृति के प्रति उनके प्रेम को प्रस्फुटित करती हैं। इस संग्रह में संकलित कविताएँ- 'गाँव की धरती', 'सुबह', 'पावस की साँझ', 'यहाँ की बरसात' आदि प्रकृति चित्रण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं । उनकी एक कविता में प्रकृति परिवेश के अंतर्गत लोक-जीवन का बहुत ही मनोरम और सजीव चित्र मुखर हो उठा है-

"पक रही फ़सल, लद रहे चना से बूँट, पड़ी है हरी मटर,
तीमन को साग और पौहों को हरा, भरी-पूरी धरती।
हो रही साँझ, आ रहे ढोर, हैं रंभा रहीं गायें, भैंसे,
जंगल से घर को लौट रही गोधूलि बेला में धरती।"12

इस प्रकार कवि नरेन्द्र शर्मा की कविताओं का क्षेत्र विविधामयी दृष्टिगत होता है। इनकी कविताओं में किसी एक पक्ष पर विशेष रूप से बल न देकर साहित्यिक-सामाजिक लगभग सभी बिंदुओं को उद्भासित किया गया है । इनकी कविताएँ न केवल तत्कालीन समय के संदर्भ में अपितु आज भी प्रासंगिक ठहरती हैं । शास्त्र और लोक (स्वच्छंदता) का ऐसा समन्वय तो केवल तुलसी और सूर जैसे कालजयी कवियों में ही लक्षित होता है, अन्यत्र न के बराबर ही देखने को मिलता है।

संदर्भ

1. आधुनिक कवि (सं. नरेन्द्र शर्मा), देखिए 'अपनी बात' अंश, पृष्ठ संख्या-13
2. 'आज न सोने दूँगी, बालम', कर्णफूल, पृष्ठ संख्या-82
3. काव्य चिंतन की पश्चिमी परंपरा, निर्मला जैन, पृष्ठ संख्या- 157
4. 'आलिंगन', प्रभातफेरी, पृष्ठ संख्या-68
5. 'वेश्या', प्रभातफेरी, पृष्ठ संख्या-98
6. 'माँधी जी', स्कचंदन, पृष्ठ संख्या- 11
7. 'स्वर्गीय सरदार', अग्निशस्य, पृष्ठ संख्या-124
8. 'युग की संध्या', आधुनिक कवि (सं. नरेन्द्र शर्मा), पृष्ठ संख्या-101
9. प्रभातफेरी, पृष्ठ संख्या-1
10. 'आदेश', हंसमाला, पृष्ठ संख्या-47
11. 'स्वप्न', कर्णफूल, पृष्ठ संख्या-65
12. 'गाँव की धस्ती', मिट्टी और फूल, पृष्ठ संख्या-44

****

कुड़माली लोकोक्तियों में कुड़मि जनगोष्ठी का भैगोलिक क्षेत्र विस्तार

–पाण्डव महतो

शोधार्थी : स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद
फोन– 6200052284, 8651971292
Email- pandavmahato254@rediffmail.com

शोध–सारांश : इस शोध में कुड़मि जनगोष्ठी की कुड़माली लोक–साहित्य में प्रचलित लाकोक्तियों में कुड़मि जनगोष्ठी से संबद्ध आदिम निवास स्थानों को दर्शाया गया है। लोकोक्ति को कुड़माली भाषा–साहित्य में 'आहना', 'डाकपुरूसेक कथा' कहते है। कुड़मि जनगोष्ठी के 'भौगोलिक विस्तार से तात्पर्य कुड़माली प्रथागत स्वशासन एवं कुड़माली भाषा–संस्कृति के वाहक कुड़मि जनगोष्ठी के विस्तृत निवास स्थान इस अनुभाग में इनके मूल स्थान, एवं अन्यान्य कारणों से स्थ. ानातरण हुए विभिन्न स्थानों में निवास कर रहे कुड़मियों की जनसंख्याओं का गहन अन्वेषण किया गया है। यहाँ विस्तृत क्षेत्र पर सभी प्राकृतिक एवं मानवीय अंतक्रियाओं से उत्पन्न भुभाग से है। अतः प्रकृति की गोद में एक विशेष भूभाग पर आदिम काल से कुड़मि जनगोष्ठी के वासस्थानों से संबद्ध क्षेत्र को इनका भौगोलिक विस्तार कहा जा सकता हैं।

बीज शब्द : लोक, सिख–सिखर, आहना, वन, लोकोक्ति, कुड़मि, जनगोष्ठी,

प्रस्तावना : लोकोक्ति से तात्पर्य साधारण 'लोक' (लोग) के द्वारा कही गई उक्ति से है। इसकी उत्पति के पहलुओ को गौर करे तो किसी साधारण व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में किसी साधरण शब्द, पद अथवा वाक्य का व्यवहार करता है। कालांतर में कही गई यह शब्द, पद और वाक्य का समुदाय में दैनिक बोलचाल के रूप में व्यवहार करने पर रूढ़ी बन जाती है। इस प्रकार लोकोक्ति की उत्पति होती है। ज्ञातव्य को कुड़मि जनगोष्ठी में यह लोकोक्ति ज्ञानात्मक, बौद्धिक–चेतना, आध्यात्मक, शैक्षणिक दृष्टिकोण से अहम भूमिका निभाती है। सुप्राचीन काल में वृहत छोटानागपुर में अच्छादित वनों, पर्वतों, नदी–नालों, के किनारे कृषि–संस्कृ ति का उदय करनेवाली कुड़मि जनगोष्ठी के आदिम निवास स्थानों के बारे में उदघाटित करनेवाले लोकोक्ति का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

किसी भी समुदाय के लिए आहना (लोकोक्ति) सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखती है, विशेषकर जनजातीय समुदाय के लिए यह अमूल्य निधि होती है। वही लोकोक्ति उस समुदाय के लिए सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक जीवन का आधार–स्तंभ बनती है। अध्ययन सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुड़माली लोक–साहित्य के आहनाओं को मैने तीन भागों में वर्गीकृत किया गया है। यथा–

(क)भौगोलिक क्षेत्र विस्तार संबंधी लोकोक्ति
(ख)जलीय क्षेत्र संबंधी लोकोक्ति
(ग)वन क्षेत्र संबंधी लोकोक्ति

(क) भौगोलिक विस्तार संबंधी लोकोक्ति

श्री प्रभात रंजन द्वारा लिखित पुस्तक ''सभ्यतार आदि बिन्दू राढ़'' में कुड़मि जनगोष्ठी भौगोलिक संपूर्ण क्षेत्र को 'राढ़' प्रदेश एवं 'राढ़भूम' के नाम से संबोधित किया हैं। इस क्षेत्र में विभिन्न जनगोष्ठियों के आगमन से पूर्व कुड़मि जनगोष्ठी रच बस गये थे। वे लोग प्राकृतिक आपदा, हिंसक जीव–जन्तु, एवं बाहरी आक्रमणों से बचने के लिए एक साथ, एक निश्चित भूखण्ड में रहने लगे एवं एक–दूसरे के सहयोग हेतु संगठित होने लगे। साथ ही अपने समुदाय को सुचारू ढंग से संचालन हेतु एक सुव्यवस्थित स्वशासन व्यवस्था का उदय हुआ। कालांतर में यह स्वशासन व्यवस्था पीढ़ी–दर–पीढ़ी हस्तांतरित होते रहा है। इस प्रकार पीढ़ी–दर–पीढ़ी चली आ रही उक्त व्यवस्था को ''प्रथागत स्वशासन व्यवस्था'' के नाम से जाना जाता हैं। संभवतः उसी समय इस क्षेत्र में कृ षि एवं पशुपालन का विकास हो गया था। अपने दैनिक जीविकोपार्जन हेतु खाद्यान की आपुर्ति स्वयं किया करते थे। अर्थात वे लोग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर थे। उस समय भोजन के रूप में सीधे तौर पर प्रकृति के ऊपर निर्भर रहते थे। शिकार से लेकर कंद–मूल, फलादि के संग्रह एवं जलावन के लिए लकड़ी संग्रह का काम एक साथ सामुहिक रूप से करते थे। यहाँ तक की कृषि–कार्य एवं पशु चारन भी सामुहिक रूप से ही किया करते थे। वे सभी काम मिलजूल कर व संग्रह किये वस्तुवों का आपस में समान–समान बटवारा करते थे। आज भी यह परंम्परा गाँव–घरों में प्रचलित हैं। जैसे–जैसे इनकी जनसंख्या बढ़ती गई वे चारों तरफ कृषि योग्य भूमि की ओर बसने लगे।

वास्तविक रूप से देखा जाए तो वर्तमान छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों के साथ विस्तृत झारखंड के अलावे इससे सटे सीमावर्ती पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा के वन–जंगल क्षेत्र को कुड़मि जनगोष्ठी का आदिम निवास स्थान हैं। प्रो. अनादि नाथ महतों ने कुड़मियों के भौगोलिक विस्तार को स्पष्ट करते हुए निम्नलिखित कुड़माली लोकोक्ति का भावार्थ का विश्लेषण किया है –

''सिख–सिखर नागपुर आधा–आधि खड़गपुर''
या
''सिख–सिखर नागपुर 18 परगना खड़गपुर''

उपरोक्त लोकोक्ति से स्पष्ट होता है की कुड़मि जनगोष्ठी की तरह ही उनकी कुड़माली भाषा–संस्कृति की एक निश्चित क्षेत्र 'सिख' अर्थात मयूरभंज से लेकर सिखर अर्थात संपूर्ण मानभूम फिर, नागपुर अर्थात राँची, सरगुंजा के पहाड़ी क्षेत्र एवं 18 परगना अर्थात बाकुड़ा–मेदनीपुर क्षेत्र तक फैला हुआ है।

(ख) जलीय क्षेत्र संबंधी लोकोक्ति

प्राचीनकाल से वर्तमान समय तक परिवर्तन की धारा क्रमबद्ध रुप से निरंतर चलती आ रही है। उनकी जनसंख्या जैसे–जैसे बढ़ने लगी वैसे–वैसे निवास स्थान के साथ–साथ भोजन की आपूर्ति के लिए वन भूमि के उस स्थानों के पेड़–पौधों और झाड़ियों को काटकर समतल करके कृषि योग्य खेत बनाया। इसकी प्रमाणिकता निम्न लोकोक्ति से स्पष्ट होती है–

''जँदे–जँदे पानिक सत, दँदे–तँदे कुड़मिक जट''

अच्छी खेती के लिए अच्छी पानी की आवश्यकता होती है। इस उद्देश्य से कुड़मि जनगोष्ठी के लोग सत, जड़िआ, नाला, द, इजरी इत्यादि पानी के स्त्रोत क्षेत्र में वे लोग कबिला बनाकर रहने लगे। इस प्रकार यह जनगोष्ठी वृहत झारखंड के प्रमुख नदि दामोदर, स्वर्णरेखा, कासाई एवं वैयतरनी अदि कई छोटी बड़ी नदी के किनारे रच बस गए। आज भी इनका घ ार जहाँ असानी से पानी सुलभ हो जाती है वही रहना पसंद करते है। इनके गाँव के सामने एवं खेत में तलाब अवश्य देखने मिल जाता है। इसकी प्रमाणिकता को और अधिक पुख्ता करने के लिए निम्न आहना द्रष्टव्य है–

''ढड़ कुड़मि एकसि, बालुक भुइए बसअति''

इस लोकोक्ति में 'ढड़' ढड़ा भराने वाले को ढड़ कहा गया है। ढड़ा का अर्थ 'पेट' होता है। वस्तुतः पेट भरने का मूल काम खेती करना है। जो कुड़मियों का परंपरागत पेशा है। इन कुड़मियों में कुल 81 गुसटि (गोत्र) पाये जाते है। उक्त आहना से यह साफ परिलक्षित होता है कि कुड़मियों के आदिम निवास स्थान पानी स्त्रोत क्षेत्र है। यहाँ बालुक का अर्थ बालुई क्षेत्र से है जो नदी किनारे के आसपास ही हुआ करते है।

डुंगरी, पहाड़, आम, जाम, नीम, साल, केदु, पलास, उबड़–खाबड़, पथरीली, लाल माटी से विस्तारित बिजुवन, अरुणवन, बाधावन एवं रनबन तक के क्षेत्र को आदिम कुड़मि समुदाय का निवास स्थान माना गया है। उक्त वर्णित स्थानों वनों–पहाड़ों से आच्छादित है। कालान्तर में धान की स्थायी खेती के साथ–साथ वे भी स्थायी रुप से निवास करने लगे। इस प्रकार कुड़मियों के सम्पूर्ण वन भूमि क्षेत्र को सिख–सिखर नागपुर अठारअ परगना के नामों से परिचित है।

(ग) वन क्षेत्र संबंधी लोकोक्ति

कुड़माली लोकप्राचीन काल में वृहत कुड़मि समुदाय का निवास स्थान कई महावनों से आछन्न था। ''वन इतने सघन थे कि सामने से 6–7 मीटर दूरी के बाद कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता था। प्राचीन समय में इन पाँच महावनों को

निम्न नामों से जाने जाते थे। यथाः ''रनवन, बिजुवन, अरूणवन और बाध ाावन।'' इन वनों का उल्लेख कुड़मालि लोकगीतों में भरपुर पाये जाते हैं। ये पाँच महावन वर्तमान झारखंड, पश्चिम–बंगाल एवं उड़ीसा राज्यों तक फैला था।

छोटानागपुर आदिवासी स्वशासित क्षेत्र को चार देशो में परिचित प्राप्त है। यथाः– इस जनगोष्ठी का सुप्राचीन आदिम वासस्थान 'बिजुवन', अरुणवन, एवं बाधावन क्षेत्र है। परन्तु वे बिजुवन, अरुणवन एवं बाधावन तक ही सिमित नही रहा बल्कि बिजुवन के उत्तर सीमावर्ती रणवन में भी जरुरत के मुताबिक प्रवेश करता गया है। उपरोक्त वन स्तरों में आदिम निवास स्थान की भौगोलिकता से संबंधित जनश्रुति प्रवाद वाच्य में वर्तमान समय में भी प्रचलित है। यथाः –

''गाइ गेलउ रनेबने,
बाछुर गेलेउ बिजुबने,
बागाल गेलेउ अरुन बने,
कानि खड़ि घुरि–घुरि खज गे।''

उक्त प्रचलित जनश्रुति में रनवन, बिजुवन, अरुनवन एवं बाध ाावन को दर्शाया गया है। सिख, सिखर, नागपुर एवं अठारहों परगना को कुड़मालि प्रथागत स्वशासन व्यवस्था द्वारा स्वशासित चार देशों को चार वनों में विभक्त किया गया है।''

- **बिजुवन** – सुप्राचीन बिजुवन को प्राचीन शिखरभूम एवं नागपुर देश कहा जाता है । कालांतर
- में पुरुलिया, धनबाद, बोकारो, गिरीडीह, हजारीबाग, राँची का पूर्व भाग बुंडु, तमाड़, राहे, सोनाहातु, खुंटि (पाँच परगना), पूर्वी सिहभूम एवं पश्चिमी सिहभूम को सुप्रसिद्ध बिजुवन कहा गया हैं।''
- **अरुणवन** – अरुणवन का क्षेत्र वर्तमान पुरूलिया जिला का पूर्व भाग, बाकुड़ा का भिलाईडिहा, फुलकुशमा, राईपुर, सिमलापाल, कुईलापाल, छातना, सुपुर, अम्बिकानगर, आठ परगना, मेदनीपुर–झाड़ग्राम का आमबनी, जामबनी, बांसबनी, झांटिबनी, शिलदा इत्यादि दस परगना तक है। डॉ. बी. विरोशम ने अपने पुस्तक **'झारखंड : इतिहास एवं संस्कृति'** में आधुनिक पंचेत को अरुन वन कहा है।''
- **बाधावन** –जैसे–जैसे कुड़मियों का जनसंख्या बढ़ता गया वैसे–वैसे उनको अतिक्रम होते गया।
  वे लोग उड़ीसा के मयूरभंज, क्योझर आदि जिलों में प्रवेश करते गया।''
- **रनवन** – संथाल परगना का गोड्डा एवं साहेबगंज जिला को आदिम रनवन के नाम से जाना
  जाता था। मूलतः इन चार महावनों में अविरल प्रवाहमान चार प्रमुख नदियों दामोदर (कंटिसार), कंसाबति (कासाइ), स्वर्णरेखा एवं वैतरणी के तटीय क्षेत्रों में कुड़मियों का निवास स्थान रहा है।

इसी सम्पूर्ण क्षेत्र को वृहत झारखंड नाम से जाने जाते है। इस प्रकार कुड़मियों का चौहदी उत्तर के राजमहल पाहाड़ से लेकर दक्षिण में मयूरभंज पाहाड़ तक और पूर्व में बांगाल का मैदानी क्षेत्र खड़गपुर–झाड़ग्राम से लेकर पश्चिम के पलामू डाल्टनगंज तक है। कुड़मालि भाषी जनपदों में 'दामोदर नद' को **'कंटिसार'** व **'हदहदि'** कहा है, वही 'कंसावति' का मूल नाम 'कासाइ' नदी है। इसके अलावे इनके निवास स्थानों को कई ग्रंथों एवं विद्वानों ने कई नामों से परिचित किया है। मुगल सम्राज्य के समय तक इस क्षेत्र को 'झाड़खंड' के नाम से सर्वाधिक परिचय प्राप्त था, जिसका उल्लेख मानभूम जिला गजेटियर में स्पष्ट रूप से उल्लेखित हैं– **"To the Manbhum historian the whole of modern Chotanagpur and the adjoinging hill states was known by the name of Jharkhand; it was a disturbed frontier country, the barbarous hindus in-habitants, where of required special military pre-cautions to keep them in chek"**

अर्थात अंग्रेज प्रशासक कोपलैंड के अनुसार– मुगल शासनकाल तक छोटानागपुर से सटे पूरे पहाड़ी क्षेत्र **'झारखंड'** के नाम से जाना जाता था। ब्रिटिश प्रशासकों के अनुसार, जब कानून–व्यवस्था की शुरवात की जाती है, तो उस समय उक्त सीमा क्षेत्र बेहद अशांत था। वहाँ रहने वाले सभी लोग बर्बर–हिंदू और अवज्ञाकारी थे। उन्हें नियंत्रित करने के लिए कभी–कभी विशेष सैन्य बलों की आवश्यकता होती थी। यहाँ बर्बर–हिन्दू कहने का तात्पर्य अभद्र, असभ्य, राढ़–चुहाड़, जंगली लोगों से है।

निष्कर्ष : वृहत छोटानागपुर में कुड़मि जनगोष्ठी को लोक संस्कृति बहुत ही समृद्धिशाली रही है। साथ ही इनकी मातृभाषा कुड़मालि का विशाल लोक साहित्य है जिससे कुड़मालि लोक–संस्कृति कहते है। निसंदेह यह राढ़ भूमि के चातुर्दिक सर्वप्रथम प्रकृति की श्रृंगार करने वाले भूमिपुत्र है। वे लोग इस पठार के महावनों के साथ–साथ पर्वत, डुँगरि, नदी–नाला, झरना एवं झीलों से सटे खेती एवं ऊँची जगहों पर अपना वासस्थान का निर्माण किया।

इसकी लोक–संस्कृति में लोक–साहित्य के अंतर्गत आहनाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा की कुड़मालि साहित्य के विकास में भी उतना ही योगदान रही है। वस्तुतः निसंकोच कह सकते है कि कुड़मि जनगोष्ठी की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विस्तार के संबंध में कुड़मालि लोक–साहित्य के आहनाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

संदर्भ :

1.सरकार, श्री प्रभात रंजन, ''सभ्यतार आदि बिन्दू– राढ'', आचार्य सर्वात्मानंद अवधृत, पृ.– 01
2.माहातअ, किरिटि, और माहातअ, विश्वनाथ, ''कुड़मालि भाषा व संस्कृति'', मूलकि कुड़मालि भाखि बाइसि, सारना प्रेस, पुरूलिया, पृ.–80
3. माहात, छत्रमोहन, ''आहना कुड़मालि दाँतकथा प्रवाद प्रवचन, अरिन्दम भौमिक, विधाननगर, मेदिनापुर, 2022, पृ.–144
4.साक्षात्कार, लिला महतो, बाबुडीह, बोकारो, दिनांक– 12/10/2023
5.विरोत्तम, डॉ. बालमुकुन्द, ''झारखंड : इतिहास एवं संस्कृति'', बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, पृ– 16
6.जनजाति परिचिति, ''लखिकांत मुतरुआर'', झारखंड आदिवसी कुड़मि समाज, राँची, 2002 पृ.– 28
7.वही, पृ.– 48
8.वही, पृ.– 28
9.वही, पृ– 28
10.वही, पृ.– 28
11.विरोत्तम, डॉ. बालमुकुन्द, ''झारखंड : इतिहास एवं संस्कृति'', बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, पृ– 37
12.जनजाति परिचिति, ''लखिकांत मुतरुआर'', झारखंड आदिवसी कुड़मि समाज, राँची, 2002 पृ– 28
13.वही, पृ.– 49
14.महतो, डॉ. पशुपति नाथ, ''संस्कृताईजेसन वर्सेस निरबाकाइजेसन, पुर्वोलोक प्रकाशन, कोलकाता, 2000, पृ.– 44
15.मेहता, वसंत कुमार, ''चारि कुड़माले'', मुलकि कुड़मालि भाखि बाइसि, राँची,पृ.–44
16.H. Coupland, Bengal District Gezetters, "Manbhum" , Bengal Secretariat Book Depot. kalkata, 1910, page - 52
17.माहात, देवेन्द नाथ्र जंगलमहलेर,कुड़मिदेर अव्यक्त जीवनयंत्रना उ बंछनार एक अनालोचित, इतिवृत, शांति मुद्रण, कोलकाता, पृ.– 26

****

'पत्ताखोर': नशाखोरी एक अभिशाप

-प्रीति पवार
हिन्दी
कुमाऊँ विश्वविद्यालय , नैनीताल (उत्तराखंड)
मोबाइल नंबर – 9582850987
ईमेल – preetypawar482@gmail.com

समकालीन भारतीय समाज में अनेक ऐसी समस्याएं हैं, जिनका समुचित हल नहीं निकल पाया है । इन समस्याओं की जड़ें भारतीय समाज में इतनी गहरी हैं कि यदि किसी एक समस्या का समाजशास्त्रीय विश्लेषण किया जाए तो इस प्रक्रिया में अनेक समस्याओं का खुलासा अपने आप होने लगता है । शायद इसीलिए सामाजिक समस्या को सामाजिक आदर्श से विचलन कहते हैं । समाज की इन्हीं समस्याओं में से अनेक ज्वलंत विषयों पर मधु कांकरिया जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से एक विशेष उपस्थिति दर्ज की है , जो कि अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण कार्य है । वर्तमान समाज जीवन की विभिन्न विसंगतियों से ग्रस्त है । ये विसंगतियाँ मनुष्य को निम्न स्तर की ओर अग्रसर करती हैं । हर गांव हर शहर में इन विसंगतियो में लिप्त मानव आपको अवश्य दिखाई दे जाएगा , इन्हीं विसंगतियों में मानव द्वारा स्वीकृत नशे की लत की गणना भी होती है , जो कि आज के समय में हमारे समाज की एक ज्वलंत समस्या है । खासतौर पर आज का युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में दिखाई दे रहा है ।

मधु कांकरिया जी ने अपने उपन्यासों की वजह से समकालीन हिंदी साहित्य में अपनी एक अलग पहचान बनाई है । समकालीन कथा लेखिकाओं में मधु कांकरिया के नाम को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है । मधुकांकरिया अपने उपन्यासों में लगभग एक अछूते से विषय को उठाती हैं , फिर समकालीन दौर से उसे इस तरह से जोड़ देती हैं कि पाठकों पर एक अलग किस्म का प्रभाव डालती हैं । उन सभी विषयों में से एक विषय है नशे की समस्या । मधु कांकरिया द्वारा रचित उपन्यास पत्ता खोर इसी नशे की समस्या से जुड़ा है । यह उपन्यास वास्तव में नशेखोरी के अभिशाप को पाठकों के समक्ष लाता है । युवाओं में बढ़ती नशे और ड्रग्स की लत एक खतरनाक बीमारी है । एक तरफ समाज की रग-रग में तनाव ,घुटन ,कुंठा और असंतोष व्याप्त रहा है । युवाओं को हर तरफ अंधी, अवरुद्ध गलियाँ नजर आ रही हैं । लगातार खुलते बाजार की चकाचौंध से मध्य और निम्न मध्यवर्गीय युवा स्तब्ध है । नतीजा भटकाव और विकृति । नशे के लिए व्यक्ति खुद जिम्मेदार है या हमारी सामाजिक ,आर्थिक वास्तविकताएं, कहना कठिन है । मधु कांकरिया हमारे समय की एक सचेत लेखिका इस उपन्यास में इन्हीं प्रश्नों से दो चार हो रही है यह उपन्यास नशे की एक कहानी मात्र नहीं है बल्कि इस उपन्यास के जरिये नशे के पूरे समाजशास्त्र को समझने की कोशिश की गई है ।

यह उपन्यास नशाखोरी के अभिशाप को पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करता है । उपन्यास का नायक जो कि एक सभ्य और शिक्षित परिवार से संबंध रखता है , वह अपनी कुसंगति के कारण नशे की गिरफ्त में आ जाता है और इसमें बुरी तरह फंस जाता है क्योंकि इससे बाहर आना अत्यधिक कठिन है । शुरू में वह नशे को केवल शौकिया तौर पर लेने के लिए आरंभ करता है । परंतु बाद में वही नशा उसकी मजबूरी बन जाता है और उसे नशे के बुरी लत लग जाती है । वह बालक उस नशे का आदि बन जाता है जो कि उसके जीवन को बचाने के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है । कथानायक की ऐसी स्थिति के कई कारण हैं । जैसे उसके माता पिता का व्यस्त रहना , शिक्षा व्यवस्था , सामाजिक संस्कार , उसका अकेलापन और कुसंगति आदि । नशेखोरी की समस्या एक ऐसा अभिशाप है जो धन , धर्म और स्वास्थ्य सब कुछ नष्ट कर देता है । मनुष्य के पास कुछ भी बाकी नहीं रह जाता । नशे की इस बुरी लत की वजह से वह पूरी तरह बरबाद हो जाता है ।

प्रस्तुत उपन्यास की कथावस्तु पश्चिम बंगाल की राजधानी कलकत्ता शहर से संबंधित हैं । कलकत्ता महानगर को आधार बनाकर वहाँ पर स्थित युवा वर्ग किस प्रकार नशेखोरी में लिप्त है कि वह अपने जीवन को बरबादी की ओर ले जा रहा है । इसका यथार्थ चित्रण कर लेखिका ने इस समस्या पर व्यापक प्रकाश डाला है । उपन्यास का शीर्षक है 'पत्ताखोर' पत्ता मतलब एक पुड़िया हेरोइन और उसका सेवन करने वाले को पत्ता खोर कहा जाता है । उपन्यास के शीर्षक से ही ज्ञात हो जाता है कि उपन्यास नशे खोरी की समस्या पर आधारित है । खास तौर पर महानगरों में स्थित युवा वर्ग इसका सर्वाधिक शिकार हुआ है । जैसे ही युवाओं के जीवन में किसी समस्या के चलते अकेलेपन का प्रवेश होता है , तो यह युवा उससे छुटकारा पाने के लिए मादक द्रव्यों का सेवन करने लगते हैं । भारत के सभी बड़े शहरों में यह मादक द्रव्य बहुत आसानी से प्राप्त हो जाते हैं । एक बड़े पैमाने पर इनकी तस्करी की जाती है । इन्हें महानगरों में बाहरी देशों से कानूनी व्यवस्था को चकमा देकर भारत में लाया जाता है । मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में मधु कांकरिया

लिखती हैं – "ड्रग्स बहुत बड़े पैमाने पर एक गोल्डन ट्रायंगल के जरिए भारत पहुंचता है। एक तरफ वर्मा, लाओस और थाईलैंड के जरिए यह भारत पहुंचता है तो दूसरा गोल्डन क्रिसेंट (आधा चंद्रमा) पाकिस्तान ,अफगानिस्तान और ईरान का। भारत में सबसे अधिक मुंबई और फिर कोलकाता में इसकी खपत है। इस समस्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भिड़ा जा सकता है लेकिन सभी के गॉडफादर होते हैं।" 1 शुरू में नशे के सेवन से युवाओं को एक अलग किस्म की आनंद की प्राप्ति होती है। वह स्वयं को एक अलग ही दुनिया में महसूस करने लगता है , परंतु बाद में धीरे-धीरे उसके दुष्परिणाम उनके शरीर और मन पर दिखाई देने लगते हैं इसके परिणाम स्वरुप युवाओं के जीवन में घोर अंधकार का प्रवेश हो जाता है। वह अपनी सुदबुध सब खो बैठते हैं। उनके जीवन का कोई मूल्य शेष नहीं रह जाता है। आज के युवाओं में नशे के सेवन के प्रति बढ़ता यह आकर्षण एक महत्वपूर्ण समस्या बन गई है। कोलकाता महानगर को आधार बनाकर वहाँ पर स्थित युवा वर्ग किस प्रकार नशेखोरी में ग्रस्त है , कि वह अपने जीवन को नशे की ओर ले जा रहा है। इसका यथार्थ चित्रण कर लेखिका ने इस समस्या पर प्रकाश डाला है।

उपन्यास का मुख्य पात्र हैं आदित्य जो कि एक संवेदनशील युवा है , जो महानगरीय युवाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उसके पिता हैं हेमंत बाबू और माता का नाम वनश्री है। दोनों दंपति नौकरी करते हैं , दोनों के स्वभाव एक दूसरे से विपरीत होने के कारण उनके दांपत्य जीवन में सहजता नहीं है। जिस कारण घर का वातावरण सदैव तनाव युक्त ही रहता है। महानगरीय यांत्रिकता के चलते उनके दांपत्य जीवन में असहजता का समावेश हो चुका है। बच्चे के प्रति उनके क्या दायित्व हैं , इसे दोनों पूरी तरह से भूल चुके हैं। माता-पिता के संबंधों में कटुता का गहरा परिणाम आदित्य पर मानसिक रूप से पड़ता है। माता-पिता के पास आदित्य के लिए कभी भी समय नहीं होता है , ना ही वे दोनों बालक को जानने की कोशिश कर पाते हैं। वनश्री का कथन आधुनिक मां के चरित्र को भली भांति उजागर करता है। वह कहती है – "उस समय जमाना अलग था इतनी महंगाई नहीं थी, महिलाएं उतनी व्यस्त नहीं थी आज कहां संभव है कि मैं हमेशा उसके साथ खेलती रहूँ .....परछाई की तरह उसे चिपकी रहूं। मेरे पास तो मेरे लिए भी समय नहीं है।"2 आदित्य के माता-पिता अपनी व्यस्तताओं के कारण उसे समय ही नहीं दे पाते थे , जिस वजह से बालक अकेलेपन का शिकार हो जाता है। अपने इस अकेलेपन से मुक्त होने के लिए आदित्य बुरी संगति के कारण नशाखोरी की गिरफ्त में आ जाता है। उसके मित्र देवांशु और अभिज्ञ उसे इस दलदल की गहराई में फंसा देते हैं। वे दोनों स्वयं नशा करते हैं और बेचते भी हैं। सबसे पहले आदित्य सिगरेट का सेवन करना सीखता है – "एक अनुभव..... अनुभव को स्मृति .....जो उसके दिमाग पर 5 मिनट एक अमिट निशान छोड़ गई थी। गीली माटी पर पूरे जोर से पड़े प्रथम पदघात की तरह , स्त्री- पुरुष के प्रथम प्रेम अनुभव से दोबारा गुजरने की।"3 सिगरेट के नशे में आदित्य को आनंद की अनुभूति होने लगती है। इसके बाद वह गांजे का सेवन भी करने लगता है। इसके बाद कुसंगति के कारण धीरे-धीरे वह हेरोइन का नशा भी करने लगता है। वह पहले हफ्ते में एक बार नशा करता था , फिर दो-तीन दिन बाद नशा करने लगता है। उसे इस नशे की लत बुरी तरह लग चुकी है। एक सुबह उसका शरीर बुरी तरह ऐंठने लगा आँखों से और नाक से पानी गिरने लगा , पूरा शरीर कांपने लगा। अब उसे नशा खुशी के लिए नहीं बल्कि जानलेवा यातना से मुक्ति पाने के लिए चाहिए था। इस स्थिति में आदित्य सोचता है कि "कैसा सर्वनाशी चक्रव्यूह..... पीड़ा का कारण भी वही .....और उपाय भी।" 4 एक बार जो इस नशे का शिकार हो गया फिर इससे बाहर आना बेहद कठिन है। आज का युवा वर्ग परिणाम सोचे बिना इस प्रकार की आदतों में पड़ जाते हैं और अपना जीवन बरबाद कर लेते हैं। साथ ही साथ परिवार को दुख देते हैं उन्हें नशे के आगे कुछ नहीं दिखाई देता न अपने जीवन मूल्य और न ही अपना परिवार। "नशे की खुराक मिली तो सामान्य - और नहीं मिली तो शारीरिक यातना। यह भांग - धतूरा , गांजा, शराब जैसा साधारण नशा नहीं, बड़ा ही जानलेवा और खतरनाक नशा है यह। शुरू में मानसिक और बाद में शारीरिक जरूरत बन जाता है और सेंट्रल नर्वस सिस्टम को विकृत कर देता है।" 5 आदित्य नशे का आदी बनकर अपना घर छोड़ देता है। इस नशे का परिणाम उसके शरीर और मन पर होता है। उसके माता-पिता नशे से छुटकारा दिलाने के लिए उसका काफी इलाज भी करवाते हैं , परंतु वह इस बीमारी से पूरी तरह से मुक्त नहीं होता। बाद में धीरे-धीरे उसे नशे, नशे के व्यापार और अपने उन नशेड़ी दोस्तों से घृणा होने लगती है। वह स्वयं इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना चाहता है लेकिन यह नशा उसे जकड़ लेता है , उसे बाहर नहीं निकलने देता। नशे से मुक्ति पाने के लिए वह आत्महत्या का रास्ता चुनता है। इसी विचार में वह एक दलित बस्ती में पहुँच जाता है। यहाँ वह उन लोगों की स्थिति को देखकर सोचता है कि इन लोगों के दुख के आगे उसका दुख कुछ भी नहीं है। तभी वह ठान लेता है कि वह इन लोगों के जीवन में व्याप्त विषाद को खत्म करने के लिए अच्छा कार्य करना चाहता है। अब यही उसके जीवन का लक्ष्य बन जाता है। वह अत्यधिक मेहनत करने

लगता है और खुद को नशे की समस्या से मुक्त करने में सफल हो जाता है ।लेखिका ने आदित्य द्वारा नशे की समस्या से मुक्ति पाने का समाधान ढूंढा है , यह इस उपन्यास की महानतम उपलब्धि है । मानव जीवन में अनेकों विसंगतियां है जो एक समस्या का रूप ले लेती है ऐसी स्थिति में मानव का जीवन निर्देशित बनाकर भटकाव के जाल में फंस जाता है परंतु इसी मानव जीवन में विविध समस्या होने के बाद में मनुष्य को एक लक्ष्य प्राप्त हो जाता है तो उसका जीवन सफल हो जाता है । प्रस्तुत उपन्यास में लेखिका ने आदित्य के जीवन के माध्यम से इसी तथ्य की ओर संकेत किया है ।

अतः हम कह सकते हैं कि वर्तमान साहित्य वर्तमान जीवन की झांकी है जिसमें मानव जीवन की प्रत्येक परत को देखा जा सकता है । साहित्य मानवीय जीवन की स्थितियों का प्रतिबिंब है सार रूप में हम कह सकते हैं कि मधु कांकरिया द्वारा सृजित पत्ता खोर उपन्यास 21 वीं सदी के प्रथम दशक का चर्चित और महानगरीय परिवेश में मौजूद नशे की समस्या पर प्रकाश डालने में सफल सिद्ध होता है । यह हमें नशे की समस्या से भी अवगत कराता है , कि किस तरह आज का युवा नशे की लत से बर्बाद हो रहा है और यह उपन्यास साहित्य के माध्यम से इसका समाधान भी देता है । भारत आज नशे की समस्या से जूझ रहा है । यह बेहद जटिल और बहुआयामी मुद्दा है , जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा सामाजिक ताने बाने को क्षति पहुँचा रहा है । नशे की लत लगातार बढ़ने से निजी जीवन में अवसाद , पारिवारिक कलह ,पेशेवर अकुशलता और सामाजिक सह - अस्तित्व की आपसी समझ में समस्याएं सामने आ रही हैं । नशे की लत इतनी खतरनाक है कि कई बार लोग इसके अति सेवन से और न मिलने पर आत्महत्या तक कर डालते हैं । यह नशे की समस्या से निपटने के लिए किए जाने वाले सरकारी प्रयास की बात की जाए तो सरकार इस दिशा में काफी प्रयास कर रही है । सामाजिक न्याय व आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग नशीली दवाओं की मांग में कमी को सुनिश्चित करने हेतु नोडल विभाग है । अगस्त 2020 में नशे की समस्या से निपटने हेतु इसी मंत्रालय के द्वारा भारत में सबसे संवेदनशील 272 जिलों में नशामुक्ति भारत अभियान की शुरुआत भी की गई । सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत को 'मादक पदार्थ मुक्त' बनाना है । नशे की समस्या की रोकथाम में समाज एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है । समाज को आगे आकर मादक पदार्थों और इनके आपूर्तिकर्ताओं का बहिष्कार करना चाहिए । माता पिता और अभिभावकों को भी सलाह दी जानी चाहिए कि वे अपने बच्चों और युवाओं के साथ कैसे व्यवहार करें और उन्हें नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरे से दूर रखने के लिए उपाय करें । मादक पदार्थों के उपयोग के खिलाफ़ लड़ाई में मजबूत पारिवारिक मूल्य शक्तिशाली शस्त्र साबित हो सकते हैं । नशा मुक्ति के लिए सबसे जरूरी यह है कि हम स्वयं इसके प्रति जागरूक बनें तथा इसे अपनी जिम्मेदारी समझकर अपने तथा अपने समाज की सभी लोगों को इस समस्या से मुक्त कराएँ ।

संदर्भ सूची :

1. पत्ताखोर, मधु कांकरिया , राजकमल प्रकाशन , 2005
2. उपरोक्त ,पृष्ठ सं - 141
3. उपरोक्त, पृष्ठ सं – 19
4. उपरोक्त, पृष्ठ सं - 27
5. उपरोक्त, पृष्ठ सं – 59
6. उपरोक्त, पृष्ठ सं - 60

****

ओड़िशा में भक्ति आंदोलन का उद्भव और विकास

-कैलाश पधान
शोधार्थी, हिन्दी विभाग, साहित्य संकाय
त्रिपुरा विश्वविद्यालय, सूर्यमणिनगर, 799022
kailashpadhan1995@gmail.com
फोन नं- 7386584663

शोध सार

मध्यकालीन ओड़िशा के प्रसिद्ध पांच संत या पांच मित्र सामूहिक रूप से 'पंच सखा' के रूप में जाने जाते हैं । पंचसखा में बलराम दास, जगन्नाथ दास, अच्युतानंद दास, यशोबंत दास और शिशु अनंत दास थे। उन्होंने जयदेव के 'गीत गोविंद' द्वारा स्थापित परंपरा का पालन करते हुए, चैतन्य के आगमन से पहले ओड़िशा में राधा और कृष्ण की भक्ति का प्रचार किया है, अपना स्वयं का संप्रदाय शुरू किया तथा वैष्णव धर्म भक्ति की प्रक्रिया और पवित्र महामंत्र हरि नाम का प्रचार-प्रसार किया। देवताओं की पूजा के बजाय आत्मा की प्राप्ति को अधिक महत्व दिया । पंच सखा ने ओड़िशा के धार्मिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक इतिहास में एक महान भूमिका निभाई है।

बीच शब्द- भक्ति आंदोलन, पंच सखा, भक्ति, धर्म, समाज,

मूल आलेख

भक्ति आंदोलनों ने प्राचीन और मध्यकालीन ओड़िशा के धार्मिक इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इतिहासकारों ने इस पर व्यापक प्रकाश डाला है । परिणामस्वरूप, हम तमिलनाडु के अलवार और नयनार आंदोलन, कर्नाटक के वीरशैव एवं हरिदास आंदोलन, महाराष्ट्र के वारकरी आंदोलन जैसे विभिन्न भक्ति आंदोलनों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं । राजा प्रताप रुद्र देव के शासन काल से पहले गंगवंश और सूर्यवंश के समय में हिन्दू धर्म एवं दर्शन के बारे में लोग परिचित हुए हैं । ग्यारहवीं शताब्दी में राजा चौड़गंग देव के समय में रामानुज ने पुरी आकार विशिष्टाद्वैतवाद मत का प्रचार प्रसार किया । चौड़गंग देव के समय में निंबार्क संप्रदाय के जयदेव ने 'गीत गोविंद' लिखा। उत्तर बिहार के मिथिला में विद्यापति द्वारा लिखे गए राधा और कृष्ण से संबंधित गीत ओड़िशा में भी प्रसिद्ध हो गए थे और वास्तव में जयदेव और विद्यापति दोनों के गीतों को चैतन्य ने गहरे रुप से सराहा था । उन्होंने अपने साथियों से बार-बार इन्हें गवाया था। उन्होंने पंचसखा एवं रामानंद चैतन्य के साथ मिलकर धर्म की चर्चा की। ओड़िशा के अनेक कवियों ने उस समय 'ब्रजबुलि' में बहुत से पदों की रचना की। रामानंद, बलराम दास आदि कवियों ने राधा-कृष्ण से संबंधित अनेक पद्य ब्रजबुलि में रचे हैं। चैतन्य से मिलने से पहले, रामानंद राय ने महाभाव प्रकाश लिखा था, जिसमें कृष्ण राधा को महाभाव का अवतार माना गया है और जगन्नाथ वल्लभ नाटक का वर्णन किया गया है। कृष्ण भक्ति पर एक और काम जिसे चैतन्य के आगमन से पहले बहुत लोकप्रियता मिली थी, वह मार्कंड दास की 'केसब कोइली' थी। ओड़िशा में वैष्णवमत का प्रचार इस ग्रंथ के माध्यम से हुआ है । लोक में प्रचलित है कि उस समय मिथिला के रहने वाले कवि विद्यापति ओड़िशा आए थे। चंडीदास की 'ब्रजभाषा' एवं बांग्ला भाषा में लिखी गई पदावली का ओड़िशा में बहुत मात्रा में प्रसार हुआ । 14 वीं शताब्दी के अंतिम भाग में रामानंद रामानंदी संप्रदाय के प्रचार-प्रसार के लिए पुरी आए थे। 15 वीं शताब्दी के प्रथम भाग में कबीर ने पुरी आकार राम-नाम के प्रचार-प्रसार के माध्यम सर्वधर्मसमन्वय का भाव जागृत किया। 16 वीं शताब्दी के प्रथम भाग में गोस्वामी तुलसी दास राम-नाम का प्रचार करने के लिए पुरी आए थे। उसी समय गुरु नानक सिख धर्म का प्रचार करने के लिए भी पुरी आए थे। इसके साथ ही 16 वीं शताब्दी के मध्य भाग में उदासी संप्रदाय के प्रतिष्ठाता श्री चंद्र, शुद्धाद्वैतवाद मत के जनक वल्लभाचार्य ने पुरी आकर अपने-अपने मत का प्रचार किया । राजा प्रताप रुद्र देव के शासन काल में चैतन्य देव ने पुरी आकार वैष्णव धर्म का प्रचार-प्रसार किया है।

बलराम दास, जगन्नाथ दास, अच्युतानंद दास, यशोबंत दास और शिशु अनंत दास पांचों मित्र चैतन्य के संपर्क में आए, जो 1505 में श्री क्षेत्र पुरी पहुंचे और अक्सर उनके अनुयायियों के साथ जुड़े रहे। लगभग 24 साल तक चैतन्य देव ओड़िशा में रहे। तिरोधाम ओड़िशा में ही हुआ है। चैतन्य भागवत में नित्यानंद और रामानंद राय द्वारा बलराम और अच्युतानंद के साथ मिलकर संकीर्तन मनाने का उल्लेख है। उन्होंने चैतन्य के उपदेशों को अपने विचारों के बहुत करीब पाया, क्योंकि चैतन्य ने नगर संकीर्तन की शुरुआत की, जहाँ जाति या सामाजिक वर्ग के आधार पर कोई भेद-भाव नहीं था और कीर्तन के गीत न केवल शास्त्रीय संस्कृत में थे, बल्कि बांग्ला जैसी लोकप्रिय भाषाओं में भी थे। वे ओड़िया के सामान्य और निम्न जाति के लोगों को अधिक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते थे। चैतन्य ने निचली जाति के लोगों को भी अपने अनुयायियों के रूप में स्वीकार किया।

पंच सखाओं की उदारता ब्राह्मणों का विरोध किया, जिन्होंने ओड़िया समाज को अलग किया था। सारला दास द्वारा संकलित महाभारत, रामायण, भागवत और हरिवंश के अनुवाद बलराम, जगन्नाथ और

अच्युतानंद ने किया है। जगन्नाथ दास की ओड़िया भागवत को 'तेली भागवत' कहा जाता है जो 'निम्न जाति के तेल बनाने वाले का भागवत है।' हालाँकि, साहित्यिक कार्य के अतिरिक्त पंचसखाओं की भागीदारी ओड़िया भाषा और सांस्कृतिक पहचान के विकास, लोगों को एकत्रित करना एवं एकता की भावना को उत्पन्न करने के लिए महत्वपूर्ण थी, जिसने लंबे समय तक इस क्षेत्र की रक्षा की।

पांचों मित्रों ने वैष्णव धर्म या नवधा भक्ति और हरिनाम का प्रचार किया। देवताओं की पूजा के बजाय आत्मा की प्राप्ति को अधिक महत्व दिया। उनके उपदेश का सबसे महत्वपूर्ण पहलू वैष्णवों के बीच सभी भेद-भावों का उन्मूलन था, चाहे वे किसी भी जाति या पृष्ठभूमि से आए हों । अच्युतानंद, यशोवंत, बलराम और अनंत को जाति-जागरूकता के कारण ब्राह्मणों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने जगन्नाथ दास की ओड़िया भागवत को अपमानजनक रूप से 'तेली भागवत' कहा। हालाँकि, यह ओड़िया भागवत इतना लोकप्रिय हो गया कि हर गाँव में एक घर 'भागवत टूँगी' (भागवत का जिस घर मे पाठ किया जाता है) स्थापित हुआ, जहाँ ग्रामीण नियमित रूप से इसका पाठ सुनने के लिए इकट्ठा होते हैं।

ब्राह्मणों की अत्यधिक रीति-नीति, एकाधिकार, मंदिरों और देवता पूजा पर नियंत्रण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में पंच सखाओं ने उपदेश दिया कि भगवान कृष्ण/जगन्नाथ की पूजा 'शून्य' (एक विशेष 'गैर-आकार') के रूप में की जा सकती है। मंदिर में देवता का आगमन हुआ है इसलिए हर समय हर किसी के लिए वह उपलब्ध हो सकता है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि इस तरह की 'शून्यता' भावनाओं, गुणों और रिश्तों से रहित एक अवैयक्तिक शून्यता नहीं है । वास्तव में यह बिल्कुल विपरीत है, जैसे कि जगन्नाथ दास ने रस क्रीड़ा का उपदेश दिया, अच्युतानंद ने नित्य रस का उपदेश दिया, यशोवंत ने प्रेम भक्ति ब्रह्म गीता का उपदेश दिया और अनंत तुला ने शून्य रस का।

उन्होंने राधा कृष्ण को परमात्मा और जगन्नाथ को राधा-कृष्ण की युगल मूर्ति या भाव मूर्ति के रूप में स्वीकार किया और सिखाया कि गुरु ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर की अभिव्यक्ति है । उनके सिद्धांत के अनुसार (जिसे नाथ योगियों और बंगाल में भक्ति की कई परंपराओं सहित कई अन्य समूहों द्वारा भी अभिव्यक्त किया जाता है) मानव शरीर एक सूक्ष्म जगत है जहाँ सर्वोच्च भगवान निवास करते हैं और जिसमें राधा की सबसे अंतरंग लीलाएं भी शामिल हैं। कृष्ण जहाँ राधा शुद्ध समर्पित आत्मा हैं और कृष्ण परमात्मा हैं। पंच सखाओं ने अपनी साधना में मंत्र और तंत्र को अपनाकर भक्ति का मार्ग अपनाया। कई पीढ़ियों से अतिबड़ी संप्रदाय के अनुयायियों के बीच मतभेद रहा है। चैतन्य के बंगाली अनुयायी और विशेष रूप से सारस्वत गौड़ीय संप्रदाय के बीच कभी-कभी सीमांत विवरण के ऊपर अत्यंत महत्वपूर्ण दो पदों के क्रम पर अत्यधिक जोर दिया जाता है।

पुरी में जब अतिबड़ी संप्रदाय और कई अन्य प्राचीन गौड़ीय मठ 'राम मार्ग' से शुरू होने वाले मंत्र का जाप करते थे तब सारस्वत गौड़ीय इस बात पर जोर देते हैं कि मंत्र को 'कृष्ण मार्ग' से शुरू करना चाहिए ताकि पंक्तियों को उलटने से आपत्तिजनक न हो। यह स्पष्ट नहीं है कि चैतन्य के ईमानदार अनुयायियों को पवित्र नामों का पाठ अपमानजनक कैसे लग सकता है क्योंकि एक श्लोक को दूसरे से पहले रखा जाता है, यह भी ध्यान में रखते हुए कि निरंतर पाठ से दोनों पदों में से कोई भी पहले नहीं आता है, लेकिन वे एक चक्र या वृत्त बनाते हैं।

दिवाकर दास द्वारा लिखित जगन्नाथ दास की जीवनी 'जगन्नाथ चरित्रामृत' में कहा गया है कि ओड़िया (उत्कली) और बंगाली (गौड़िया) वैष्णवों के बीच अंतर यह है कि ओड़िया लोग जगन्नाथ के अवतार को सभी अवतारों का स्रोत मानते हैं, जबकि बंगाली कहते हैं कि कृष्ण अवतार हैं। इस तरह के भेद को आसानी से इस बात पर विचार करके दूर किया जा सकता है कि जगन्नाथ स्वयं कृष्ण हैं और विशेष रूप से चैतन्य द्वारा सिखाए गए औचित्य भेदभेद तत्व के प्रकाश में। बंगाली और ओड़िया वैष्णवों के बीच दरार काफी लंबे समय से चली आ रही है और यह बहुत ही कमजोर आधारों पर आधारित है, जो दार्शनिक या धार्मिक से अधिक भावनात्मक है। दिवाकर दास ने लिखा है कि बंगाली भक्त ओड़िया भक्तों से ईर्ष्या करते थे और वास्तव में वर्तमान में हमें ऐसे लोग मिलते हैं। सारस्वत गौड़ीय में वर्णन है कि चैतन्य ने जगन्नाथ दास को 'अतिबड़ी' उपाधि से सम्मानित किया है। इसका अभिप्राय आक्रामक और व्यंग्यात्मक तरीके से था, जबकि हम जानते हैं कि चैतन्य ने कठोर भाव से शिक्षा दी थी और सभी समूहों के लोगों के प्रति अत्यंत विनम्रता का प्रदर्शन किया था।

कुछ लोग यह भी कहते हैं कि रूढ़िवादी समाज के अत्यधिक कर्मकांड और जातिवाद को चुनौती देने वाले अतिबड़ी संप्रदाय के शक्तिशाली प्रभाव को हाल के दिनों में 'महिमा धर्म' नामक ब्राह्मण विरोधी और मूर्तिभंजक आंदोलन द्वारा चरम परिणामों तक पहुंचाया गया था । हालाँकि, यह एक अतिशयोक्ति होगी क्योंकि महिमा धर्म ने पूरी के जगन्नाथ मंदिर के देवताओं को नष्ट करने के उद्देश्य से आक्रमण किया था। जगन्नाथ की पूजा का सक्रिय रूप से विरोध किया था। यह काफी दूर की बात प्रतीत होती है, क्योंकि सभी अतिबड़ी मठ जगन्नाथ के साथ-साथ अन्य दिव्य रूपों की भी पूजा करते हैं और शास्त्र की पवित्रता को कायम रखते हैं, जिसे महिमा संप्रदाय मान्यता नहीं देता है। अतिबड़ी संप्रदाय के शिष्य उत्तराधिकार की छठी पीढ़ी के आचार्य पुरुषोत्तम दास के पांच प्रमुख शिष्य थे, जिनमें से पहले मुकुंद दास, बोडो ओड़िया मठ के महंत बने और अन्य चार ने मठ की नई शाखाएँ स्थापित की। पुरी में इन्हें सना ओड़िया मठ, राम-हरि दास मठ,

वनमाली दास मठ और भागवत दास मठ कहा जाता है।

मध्यकालीन ओड़िशा के प्रसिद्ध पाँच संत या पाँच मित्र सामूहिक रूप से पंच सखा के रूप में जाने जाते हैं। पंच सखा ने ओड़िशा के धार्मिक और सामाजिक-सांस्कृतिक इतिहास में एक महान भूमिका निभाई है। सोलहवीं शताब्दी में पांच कवि बलराम दास, जगन्नाथ दास, अच्युतानंद दास, अनंत दास और जसोबंत दास उभरकर सामने आते हैं। हालाँकि उनकी गतिविधि की तारीखें एक सौ साल तक फैली हुई हैं। उन्हें सामूहिक रूप से 'पंचसखा' के रूप में जाना जाता है, क्योंकि वे एक ही विचार धारा अर्थात् उत्कलिया वैष्णववाद का पालन करते थे। जयदेव के 'गीत गोविंद' द्वारा स्थापित परंपरा का पालन करते हुए, उन्होंने चैतन्य के आगमन से पहले ओड़िशा में राधा और कृष्ण की भक्ति का प्रचार करने हेतु अपना स्वयं का गौड़ीय संप्रदाय शुरू किया। 'गीत गोविंद' की लोकप्रियता इतनी थी कि राजा पुरूषोत्तम देव ने इसे अपने समय की नई भक्ति धारा के रूप में स्थापित करने की उम्मीद से अभिनव 'गीत गोविंद' नामक अपनी खुद की रचना की नकल लिखी। कई अन्य ओड़िया कवियों जैसे दीनकृष्ण, अभिमन्यु, भक्त चरण, बलदेव और गोपाल कृष्ण आदि ने कृष्ण की रोमांटिक कहानियों के बारे में कविताएँ लिखीं।

बलराम दास

इनका जन्म 1472 और 1482 के बीच कोणार्क के निकट गोप के एराबंगा गांव में हुआ था। उनके पिता सोमनाथ महापात्र और माता महामाया देवी थी। कुछ लोग कहते हैं कि वह चंद्रपुर गांव में पैदा हुए, जहां उनकी मुलाकात चैतन्य से हुई। बलराम दास राजा प्रतापरुद्र देव के मंत्री बने, लेकिन चैतन्य से मिलने के बाद उन्होंने सरकारी सेवा छोड़ दी और कुंडलिनी योग, रामानुज आचार्य के मूड में वैधी भक्ति और पवित्र नाम के जप का प्रचार करने के लिए अपने पिछले ज्ञान का उपयोग किया। परमानंद भक्ति के पक्ष में सामाजिक परंपराओं की उपेक्षा के कारण उन्हें कभी-कभी मत्त बलराम भी कहा जाता है।

वे ब्राह्मणों की नाराजगी के बावजूद जगन्नाथ मंदिर के मुक्ति मंडप में वेदांत पर चर्चा में भाग लिए थे और ऐसा कहा जाता है कि वे जिसके सिर को छूते थे वह तुरंत वेदांत के दर्शन को समझाने में सक्षम हो जाता था। एक दिन एक भिखारी जो गूंगा और बहरा था उसके पास आया और उन्होंने उसके सिर पर हाथ फेरा तो वह न केवल ठीक हो गया और बोलने में सक्षम हो गया, बल्कि उसने तुरंत दर्शनशास्त्र पर चर्चा करना भी शुरू कर दिया। यह भिखारी तब हरि दास के नाम से बलराम का सबसे प्रमुख शिष्य बन गया।

बलराम दास की प्रसिद्ध रचनाएँ 'जगमोहन' या 'दांडी रामायण', 'गीता अबकास', 'भाव समुद्र', 'गुप्त गीता', 'वेदान्त सार', 'मृगुणी स्तुति', 'सप्ताङ योगसार टीका', 'ब्रह्म टीका', 'बाउला गाई गीत', 'कमला लोचन चौतीसा', 'कांता कोइली', 'बेढ़ा परिक्रमा', 'ब्रह्मांड भूगोल', 'बज्र कवच', 'जन्ह चूड़ामणि', 'विराट गीत', 'गणेश विभूति', 'अमरकोश गीत', 'लक्ष्मी पुराण' है। यह सब ओड़िशा में अत्यंत लोकप्रिय हैं। बलराम दास के द्वारा जो मूल मंत्र जप एवं सिखाए गए थे वे कृष्ण मंत्र है। उनकी निवासस्थली का नाम 'गंधर्भ मठ' था।

अपने 'बट अबकास' में उन्होंने लिखा है कि भगवान जगन्नाथ की सेवा 64 योगिनियां करती हैं। अपनी विराट गीता में, उन्होंने कृष्ण के निराकार रूप को सूर्य के रूप में वर्णित किया है। हालाँकि, शून्य के बारे में उनका विचार काफी विशिष्ट है, क्योंकि इसमें रूप और रिश्ते शामिल हैं। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता और सुधारक होने के साथ-साथ एक विशेषज्ञ ज्योतिषी भी थे।

अच्युतानंद दास

इनका जन्म 1485 में नेमाला, कटक के पास तिलकाना में हुआ था। इनके पिता का नाम दीनबंधु खुंटिया और माता का नाम पद्मावती था। इनके दादा गोपीनाथ मोहंती ने सेवा की थी गजपति राजा की सेना में बचपन में उनका नाम अगनि रखा गया। जब वे बड़े हुए, तो उन्होंने एक रहस्यमय सपना देखा जहाँ भगवान ने उन्हें गीता, उपनिषद और तंत्र की शिक्षा दी। तुरंत वह तीर्थ यात्रा पर गए और रास्ते में उनकी मुलाकात चैतन्य से हुई और कहा जाता है कि उसे ही हरिनाम को ग्रहण किया। कुछ लोगों का कहना है कि वह अपने पिता के साथ चैतन्य से मिलने गये थे; तब वे 18 वर्ष के थे।

अच्युतानंद की दीक्षा के समय चैतन्य ने सनातन गोस्वामी से उनकी देख-भाल करने और उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान में प्रशिक्षित करने के लिए कहा। अच्युतानंद रघुराणा चंपति राय की बेटी से विवाह करके धौलीग्राम में रहने लगे। उनके 12 प्रमुख शिष्य थे, जिनमें सबसे प्रमुख रामचन्द्र दास थे। राजा ने उन्हें बांकी मोहाण में कुछ जमीन दे दी। उन्होंने जिस मूल मंत्र का जाप किया और सिखाया वह राधा मंत्र था। अच्युतानंद मुख्य रूप से 'अच्युतानंद मलिका' नामक भविष्यवाणियों की पुस्तक के लिए प्रसिद्ध हैं, जो 13 अध्यायों से विभाजित है, इसमें जगन्नाथ महाप्रभु के स्थानांतरित होने के बाद पुरी शहर के भविष्य के विनाश और कल्कि अवतार की उपस्थिति का वर्णन है; जो ओड़िशा से आरंभ होने वाले सभी दुष्टों का विनाश करेगा। अच्युतानंद ने ओड़िया में अनुवाद भी किया और टिप्पणी भी की। 'हरिवंश', 'तत्व बोधिनी', 'शून्य संहिता', 'ज्योति संहिता', 'गोपाल उज्ज्वल', 'वाराणसी गीत', 'अनाकार ब्रह्म संहिता', 'अभ्यदा कवच', 'अस्तगुजरी', 'सरण पंजरा स्तोत्र', 'विप्र चालक', 'मन महिमा' आदि उनके प्रमुख ग्रंथ है।

उन्होंने पंचसखाओं (पांच मित्रों) के प्रचार मिशन के बारे में एक किताब लिखी और रहसंकीर्तन के एक यात्रा समूह का आयोजन किया,

जिसके लिए उन्होंने अनेक भजन गीत भी लिखे। ऐसा कहा जाता है कि एक बार उन पर कुछ ईर्ष्यालु ब्राह्मणों ने हमला कर दिया था और उन्होंने बेहद हल्के होकर और हवा में उड़कर अपनी 'लघिमा योग' सिद्धि प्रकट की थी। अच्युतानंद की शिक्षाएँ सगुण और निर्गुण पूजा का एक मिश्रण प्रस्तुत करती हैं, जो द्वैत-अद्वैत के सिद्धांतों, उपनिषदों तथा कुंडलिनी योग के ज्ञान को प्रदर्शित करती हैं। ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी को उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया।

अतिबड़ जगन्नाथ दास

उनका जन्म 1487 की राधाष्टमी के दिन (कुछ लोग 1490 में कहते हैं) पुरी से ब्रह्मगिरि की ओर 14 किलोमीटर दूर कपिलेश्वरपुर या कपिलेश्वर ग्राम (16 पारंपरिक सासन गांवों में से एक) में हुआ था। चूँकि उनका जन्म राधाष्टमी को हुआ था, इसलिए उनका राधिका से घनिष्ठ संबंध माना जाता है। उनकी माँ पद्मावती देवी थीं और उनके पिता भगवान दास थे, जो कौशिकी गोत्र से थे। वह भगवान के जगन्नाथ मंदिर में भागवत पुराण का पाठ करते थे। उनकी व्याख्याएँ इतनी आकर्षक थीं कि राजा प्रतापरुद्र ने उन्हें 'पुराण पंडा' की उपाधि दी। 'पुराण पांडा' के पुत्र के रूप में, जगन्नाथ दास अपने पिता के पास बैठते थे और भागवत सीखते थे । एक दिन मंदिर का भ्रमण करते समय चैतन्य श्री मंदिर में बट गणेश देवता के पास बैठे। 18 वर्षीय लड़के को गोप लीला (10वें सर्ग) से ब्रह्म स्तुति का पाठ करते हुए देखा और उसे एक कपड़ा और अतिबड़ी की उपाधि देकर सम्मानित किया।

जगन्नाथ दास भी लोगों के घरों में भागवत का पाठ करने जाते थे और शारीरिक पहचान के आधार पर कोई भेद-भाव नहीं करते थे, पुरुषों और महिलाओं के साथ समान रूप से मित्रता रखते थे। एक प्रसिद्ध घटना में मेधा और सुमेधा के साथ इस तरह के गोपनीय आदान-प्रदान का वर्णन है। दो महिलाएं महान आध्यात्मिक शक्ति से संपन्न थीं; जिनके बारे में कहा जाता है कि वे रात में मंदिर बंद होने के बाद अपनी रहस्यमय शक्तियों के साथ जगन्नाथ के दर्शन करने जा रही थीं। कुछ ईर्ष्यालु व्यक्तियों ने जगन्नाथ दास पर अनैतिक व्यवहार (महिलाओं के साथ अवैध संबंध) का आरोप लगाते हुए राजा प्रतापरुद्र से शिकायत की और राजा ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया। जगन्नाथ दास ने उत्तर दिया कि उनके लिए पुरुषों और महिलाओं के बीच कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि वास्तव में जब वह महिलाओं के साथ संगति कर रहे थे, तो वह वास्तव में खुद को भी एक महिला ही मानते थे।

राजा को इस पर विश्वास नहीं हुआ और जगन्नाथ दास को जेल में डाल दिया गया। उन्होंने एक महिला और रक्षकों के रुप में स्वयं को दिखा, इससे प्रभावित होकर राजा को इस तरह के असाधारण कार्य में साक्षी होने के लिए बुलाया गया। राजा प्रतापरुद्र को एहसास हुआ कि उन्होंने एक महान भक्त के प्रति अपराध किया है, इसलिए उन्होंने न केवल उन्हें जेल से मुक्त कर दिया, बल्कि उन्होंने अपनी प्रमुख रानी को भक्ति योग की दीक्षा देने के लिए भी कहा। रानी ने जगन्नाथ दास को राजभवन में आमंत्रित किया, जहाँ वह अपना मठ खोल सकते थे, जिसे बड़ ओड़िया मठ कहा जाता था।

कहा जाता है कि नारद मुनि के आदेश से जगन्नाथ दास ने श्रीमद्भागवत का ओड़िया में अनुवाद किया था। इस कार्य ने उनका ओड़िशा के सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक शिक्षक की प्रतिष्ठा दिलाई और आज भी सभी घरों में इसकी पूजा और पाठ कराए जाते हैं। वस्तुत: ओड़ीशा में इस ग्रन्थ को तुलसी दास के रामचरित मानस के ही स्तर का माना जाता है।

जगन्नाथ दास ने 'गुप्त भागवत', 'तुला वीणा', 'सोल चपदी', 'चीर चपदी', 'तोला बिना', 'दारु ब्रह्म गीत', पांचभूत गीता, 'अर्थ कोइली', 'मुगुणी स्तुति', 'अन्नमय कुंडली', 'गोलोक सरोधर', 'भक्ति चंद्रिका', 'काली मलिका', 'इंद्र मलिका', 'नीलाद्रि विलास', 'नित्य गुप्त चिंतामणि', 'श्री कृष्ण भक्ति कल्पलता' आदि पुस्तकें लिखा। उन्होंने जिस मूल मंत्र का जाप किया और सिखाया वह राम मंत्र था। उन्होंने पुरी में दो मठों की स्थापना की, बड़ ओड़िया मठ और सातलहरी मठ। उनके प्रमुख शिष्य बालिगा दास थे। जगन्नाथ दास का निधन शुक्ल माघ सप्तमी 1957 को हुआ था।

उनके मुख्य शिष्यों में उद्धव, रामचन्द्र, गोपीनाथ, हरि दास, नंदनी आचार्य, वामणी महापात्र, श्रीमती गौरा, गोपाल दास, अखंडला मेकापा, जनार्दन पति, कृष्णा दास, वनमाली दास, गोवर्धन दास, कन्हाई खूँटिआ, जगन्नाथ दास और मधुसूदन दास आदि प्रमुख है।

यशोबंत दास

इनका जन्म 1482 में कटक जिले के अरंगा नंदी गांव के पास एक क्षेत्रीय परिवार में हुआ था। इनके पिता बलभद्र माला और माता रेखा देवी थीं। उन्होंने अरंगा के राजा रघुनाथ चंपत्ति की बहन अंजना देवी से विवाह किया। बाद में, उन्होंने संन्यास ले लिया और भारत के कई पवित्र स्थानों की यात्रा की। उन्हें रहस्यमय शक्तियाँ प्राप्त हुई और वे इच्छानुसार अपना रूप बदलने में सक्षम थे। उन्होंने जिस मूल मंत्र का जाप किया और सिखाया वह श्याम मंत्र था। उन्होंने 'गोविंद चंद्र', 'शिव सरोदय', 'षष्ठी माला', 'प्रेम भक्ति', 'ब्रह्म गीता', 'आत्म परिचय गीता', एक मलिका ग्रंथ और कई भजन लिखे। गोविंद चंद्र ग्रंथ असम, बंगाल और उत्तर भारत में बहुत प्रसिद्ध है। यह मूल रूप से पारंपरिक नृत्य और नृत्य की शिक्षा से संबंधित है, जो वैष्णव परंपरा से जुड़ा है। उनके सबसे अच्छे शिष्य लोही दास थे। कहा जाता है कि प्रसिद्ध संत सालबेग भी उनके शिष्य थे। उन्होंने मार्गसिरा शुक्ल षष्ठी को अपना शरीर त्याग दिया।

शिशु अनंत दास

उनका जन्म 1488 में भुवनेश्वर के पास बालीपटना गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम कपिल और माता का नाम गौरा देवी था। एक सपने में उन्हें कोणार्क में सूर्य नारायण से चैतन्य से मिलने का आदेश मिला, इसलिए उन्होंने समुदाय से संपर्क किया और नित्यानंद प्रभु से दीक्षा ली । शिशु अनंत दास खंडगिरि में रहते थे, जिसे आज गादी तपोवन आश्रम कहा जाता है । अपनी साधना के माध्यम से उन्होंने रहस्यमय शक्तियाँ प्राप्त की और वे इच्छानुसार अपना रूप बदलने में सक्षम थे। आमतौर पर वह एक छोटे बच्चे का रूप धारण कर लेते थे, इसलिए उसका नाम शिशु रखा गया। इस रूप में, वे राजा प्रतापरुद्र की पत्नी का दत्तक पुत्र बन गए, जिसने उसका पालन-पोषण किया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बलिआ पाटना के मठ में पतित पावन (जगन्नाथ) की मूर्ति पाई। उनके मुख्य शिष्य बरंग दास, हम्सा दास और सिसु दास थे। ओड़िशा के सबसे पुराने तथा सबसे महत्वपूर्ण लोकप्रिय ग्रंथों में 'भक्ति मुक्ति दया गीता' उनका ग्रंथ शामिल है। 'शिशु देव गीत', 'अर्थ तरणी', 'उदेभाकर', 'तिरभाकना', एक मलिका और भजन गीत के अनेक ग्रंथ लिखे। उदय भागवत में उन्होंने भगवान जगन्नाथ को राधा और कृष्ण के संयुक्त रूप का वर्णित किया है। हालाँकि, सामान्य आग्रह के अभाव के वजह से वर्तमान में इन पुस्तकों का उचित मूल्यांकन नहीं किया जाता है।

निष्कर्ष

भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों के धर्म प्रचारक श्री जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए आते थे, उसमें से कुछ पुरी में रहकर प्रचार-प्रसार करने लगे थे। ओड़िशा में साहित्य और धर्म की चर्चा की परंपरा अक्षुण्ण भाव में गंगवंश के समय से ही प्रारंभ हुई है। हालाँकि, भारत के कुछ हिस्सों में भक्ति आंदोलनों पर इतिहासकारों द्वारा पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। सोलहवीं सदी के ओड़िशा का महान पंचसखा आंदोलन उनमें से एक है । सोलहवीं शताब्दी के पांच महान ओड़िया पंचसखा संत बलराम दास, जगन्नाथ दास, अच्युतानंद दास, यशोवंत दास और शिशु अनंत दास, चैतन्य के समकालीन और सहयोगी थे। वे भगवान जगन्नाथ के भक्त थे और पुरी शहर में रहते थे। सोलहवीं शताब्दी के ओड़िशा के सामाजिक-धार्मिक विकास में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका का क्षेत्र के बाद के धार्मिक और साहित्यिक इतिहास पर स्थायी प्रभाव पड़ा । सूर्यवंशी गजपति राज्य के साथ उनके घनिष्ठ संबंध के परिणामस्वरूप, वे जगन्नाथ पथ में कई सुधार लाने में सफल रहे। पंचसखाओं ने भी अपना एक अनूठा दर्शन विकसित किया और ओड़िया में साहित्य की कुछ महानतम कृतियों का निर्माण किया।

सहायक ग्रंथ सूची

1. महान्ति, देवेन्द्र, पंचासखा ओड़िया साहित्य, फ्रेंडस् पब्लिकैशन, कटक, 1965
2. मायाधार, डॉ. मानसिंह, ओड़िया साहित्यर इतिहास, ग्रंथ मंदिर, कटक, 1967
3. महान्ति, डॉ. बंशीधर, ओड़िया साहित्यर इतिहास, भाग-1, कटक, 1970
4. सामंतराय, नटवर, ओड़िशार धर्मधारारे पंचासखा परिकल्पना, वाणी भवन, भूबनेश्वर, 1983
5. नायक, रवि, ओड़िया साहित्यर संक्षिप्त इतिवृत, एसबि पब्लिकैशन, कटक, 1985
6. आचार्य, प्रितिश (संपा.), ओड़िशा इतिहास, आम ओड़िशा, प्रकाशन, 2011
7. महाराणा, सुरेन्द्र कुमार, ओड़िया साहित्यर इतिहास, ओड़िया बुक स्टोर, कटक, 2015
8. महान्ति, डॉ. अमूल्य रत्न, श्री जयदेव और श्री चैतन्य, अमन प्रकाशन, कानपुर, 2018
9. पंडा, हरिहर, हिस्टोरी ऑफ उड़ीसा, जनेरिक पब्लिकैशन, यूरोप, थर्ड इडिशन, 2019
10. रथ, बीजय कुमार, कल्चरल हिस्टोरी ऑफ ओड़िशा, संदीप प्रकाशन, दिल्ली, 1983
11. प्रधान, अतुल चंद्र, ए स्टडी ऑफ हिस्टोरी ऑफ उड़ीसा, पंचशील पब्लिकैशन, भूबनेश्वर, 1988
12. पाणिग्रही, कृष्णचंद्र, हिस्टोरी ऑफ उड़ीसा, नोशन प्रेस, चेन्नई, 2023

****

कृषि-संस्कृति की विनष्ट त्रासदी और रवीन्द्रनाथ का 'रक्तक़रबी' नाटक

-श्रद्धा सिंह

शोध छात्रा, हिन्दी विभाग, प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय,
86/1 कॉलेज स्ट्रीट, कोलकाता-700073

रवीन्द्रनाथ ने अपनी दूरदर्शिता से विकास के नाम पर होनेवाले औद्योगीकरण, धरती की अंधाधुंध चीरफाड़ और उससे उत्पन्न होनेवाली समस्याओं को बीसवीं शताब्दी के आरम्भिक दिनों में ही भाँप लिया था। वर्तमान समय में देखा जा सकता है कि पूँजीवादी सभ्यता की बर्बरता कृषि जीवन को किस प्रकार विध्वंश कर रही है। इसलिए रवीन्द्रनाथ ने चेतवानी देते हुए 'रक्तकरबी'(1926) नाटक में कहा है – "पृथ्वी हमारे प्राणों की वस्तु को प्रसन्न होकर स्वयं देती है, किन्तु जब उसकी छाती चीरकर मरे हाड़ को ऐश्वर्य कहकर छीन लाते हो, तबतुम अँधेरे में से एक अन्धे राक्षस का श्राप ले आते हो। देखते नहीं, यहाँ सभी कैसे-कैसे झुंझलाए हुए-से लगते हैं।"1 यदि समाज जागरूक नहीं होगा और इस शोषण के खिलाफ खड़ा नहीं होगा, तो यह स्थिति अनवरत बनी रहेगी और कृषि संस्कृति का ह्रांस तथा ग्रामवासियों का शोषण होता रहेगा।

रवीन्द्रनाथ ने कृषि संस्कार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया हैं। इसलिए नाटक में नन्दिनी राजा से बार-बार पृथ्वी पर बाहर आकर पैर रखने के लिए कहती है- "उजाले में निकल जाओ, धरती पर पाँव रखो, पृथ्वी भी खुश हो जाए "2 वह राजा को यही समझाती है कि कृषि संस्कृति, मनुष्य की प्रकृति के साथ के सम्बन्ध को मज़बूत बनाये रखनेवाली है। जब मनुष्य प्रकृति से मिलजुल कर रहता है, तब सुख अनुभव करता है।

यह नाटक यक्षपुरी नामक एक काल्पनिक राज्य में घटित होता है, यक्षपुरी एक ऐसा नगर है जहाँ राजा की दमनकारी नीतियों के तहत खनिकों को अमानवीय परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। यहाँ की भूमि, जो शायद कभी समृद्ध कृषि का केंद्र थी, अब औद्योगिक गतिविधियों के दबाव में है। राजा की तानाशाही शासन व्यवस्था ने न केवल खनिकों की जीवन-शैली को प्रभावित किया बल्कि कृषि की परंपराओं को भी मिटा दिया है। उमेशचंद्र मिश्र ने लिखा है - "यक्षपुरी के राजा का राजधर्म है प्रजाशोषण । वह बहुत धनलोलुप है। सोने की खान के कुलियों को वह मनुष्य न समझकर अपनी स्वर्ण-प्राप्ति के यंत्रमात्र मानता है। उनके नाम भी उसने ४१ क, २५६ फ, इत्यादि रख छोड़े हैं। इस यंत्र बन्धन से मनुष्यत्व पीड़ित और अवमानित है। यक्षपुरी में जीवन का प्रकाश नहीं है । है केवल जड़बंधन, रूढ़िवाद और यांत्रिकता। वह चारों ओर से कँटीले तारों से घिरी हुई है। उसके समस्त निवासी, जिनका कोई व्यक्ति नहीं है, मशीनों जैसे हैं-स्वनिर्मित श्रृंखलाओं में आबद्ध । स्वतन्त्र है केवल नन्दिनी, जो प्रेम और सौन्दर्य का प्रतीक है"3

निम्नवर्ग के लोगों की कोई सामाजिक स्वीकृति नहीं होती-इसे रवीन्द्रनाथ ने नाटक में उकेरा है । चार पैसे कमाने के लिए जब ये शहर जाते हैं तो वहाँ पूँजीपतियों के लिए वे मनुष्य नहीं केवल संख्या होते हैं

" फागुलाल : पीठ के कपड़े पर निशान है; मैं 47 फ हूँ

विशू : मैं 69 ङ । गाँव में आदमी था, यहाँ आकर दस-पच्चीस का छक हो गया हूँ। छाती पर जुए का खेल चल रहा है "4

और ये वही मज़दूर हैं जो कभी किसान हुआ करते थे तथा गाँव में रहा करते थे । गाँव में मनुष्य को मनुष्य मानने की परंपरा आज भी क़ायम है। कोविड-19 जैसी प्राकृतिक आपदा भी यही सबक़ सिखाती है कि गाँव को हेय दृष्टि से न देखा जाए क्योंकि ऐसे समय में यही एक जगह है जहां सबसे ज़्यादा सुरक्षित महसूस किया जा सकता है ।

रवीन्द्रनाथ ने इस बर्बर सभ्यता की कठोर वास्तविकताओं को उजागर किया है जो केवल लाभ और विकास की ओर देखती है। ग्रामीण इस सभ्यता के लोभ का ईंधन बन जाते हैं । उनकी मेहनत और जीवन का शोषण करके औद्योगिक समाज अपनी समृद्धि और प्रगति को प्राप्त करता है। के.वनजा - "राज्य अपने को मिट्टी के साथ अथवा पृथ्वी के साथ मिलाना चाहता है, फिर भी पूँजी के अतिमोह में यह सम्भव नहीं होता है। पूँजीवाद के अति घोर यथार्थ को वे पेश करते हैं। राजा की शक्ति में है देश के धरतीपुत्रों का आनन्द। लेकिन राजा लोग अथवा सत्ता उन धरतीपुत्रों से मिल नहीं पाती, क्योंकि उसके चारों ओर जो पूँजीवादी, साम्राज्यवादी एवं धार्मिक शक्तियाँ उसे नियंत्रित करती हैं वे उसके लिए अनुमति नहीं देतीं। नाटक में सरदार, चौधरी, गोसाई जैसे पात्र इनका प्रतिनिधित्व करते हैं। समकालीन सन्दर्भ में यही भारत जैसे देश में चल रहा है। साम्राज्यवाद एवं पूँजीवाद धर्म के सहारे से लोगों में अन्धविश्वास पैदा कर भटका देते हैं। नाटक में सरदार एवं चौधरी लोग गोसाई के माध्यम से धार्मिक अन्धविश्वास फैलाते हैं। इसमें विश्वास कर चंद्रा जैसी स्त्री नन्दिनी जैसी यथार्थ स्नेह एवं पृथ्वीरूप की निन्दा करती है। इस आधुनिक युग में इसलिए सत्ता यथार्थ को पहचाने बिना पूँजी एवं साम्राज्यवाद से गठित पर्दे के पीछे अन्धे राजा के समान अर्थात् धृतराष्ट्र बनकर पराजय का शासन करता है ।"5

यह पूंजीवादी पद्धति सामन्तवाद या जमींदारी पद्धति से भी अधिक हानिकारक और खतरनाक है। सामन्तवाद ने दयनीय अवस्था ही बनाई थी, पर यह पूंजीवाद तो अस्तित्व के लिए ही खतरा बनकर आया है। गरीबों की झोपड़ियों को उजाड़कर यह कल-कारखाने बना रहा है। गाँव का सहज और निष्कपट जीवन विनष्ट करके यह उसे कलुषित कर रहा है। कृषि तो नष्ट हो ही रही है परिवार कुटुंब भी विनष्ट हो रहे हैं। ग्रामीण लोग, जो पहले अपने कुटीर में शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करते थे, अब औद्योगिक गतिविधियों के कारण अपनी भूमि से विस्थापित हो रहे हैं, अपनी कृषि भूमि छोड़कर मिलों में काम करने के लिए मजबूर हैं, जहाँ उन्हें शोषण और अमानवीय परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उनकी दशा पर दुख व्यक्त करते हुए नंदिनी कहती है- "वे दोनों तो ज़रूर ही हमारे अनूप और उपमन्यु हैं। अध्यापक, वे हमारे पड़ोसी गाँव के बासिंदे हैं। ...हाय हाय छाती फटती है, किसने इनकी यह दशा कर रखी है? वह तो शकलू दिख रहा है, तलवार के खेल में सबके आगे माला पाता था। अ-नू -प, शकलू –इधर देखो इधर मैं नंदिनी,

ईशानी पाड़ा की तुम्हारी नंदिनी। ...अरे वह कौन है कंकु? है रे, उसके जैसे लड़के को भी ईख की तरह चूस लिया...बुझ गई मेरे गाँव की सब रोशनी, बुझ गई! अध्यापक, लोहा घिस गया है, सिर्फ़ कल्ला मोरचा ही बाक़ी है? ऐसा क्यों हुआ?"6

क्या चिरकाल तक इस सभ्यता के लोभ का ईंधन जलता रहेगा ? रवीन्द्रनाथ का कहना है कि नहीं यह चिरकाल तक चलेगा-यह संभव नहीं। क्योंकि पाप नित्य नहीं है। पाप की समृद्धि के बीच में ही अचानक धर्म का जागरण होता है। धर्म का जागरण हर वक्त कृषि जीवन का आह्वान करेगा । यह आह्वान करती है नंदिनी -" गान -1 पौष तुम्हें बुला रहा है; आ जाओ आ जाओ! आज उसकी डलिया पकी फसल से भर गई है, आहा कैसा सुन्दर है यह ! देखते नहीं हो पौष की धूप पके धान की सुन्दरता को आकाश में फैलाए दे रही है।"

गान -2 "दिग्वधुएँ धान के खेतों में हवा के नशे से मतवाली हो उठी हैं। मिट्टी के आँचल पर धूप का सोना बिखर पड़ा है। आहा, कैसी विचित्र शोभा है।

तुम भी निकल जाओ राजा, तुम्हें मैं मैदान की ओर ले चलूँगी-

गान-3 मैदान की वंशी ध्वनि सुन-सुनकर आकाश आनन्दित हो उठा है। कौन है जो आज घर में रहना चाहेगा। द्वार खोलो, द्वार खोलो ।

नेपथ्य से : मैं मैदान जाऊँगा? वहाँ मैं किस काम आऊँगा ?

नंदिनी : मैदान का काम तुम्हारी इस यक्षपुरी के काम से कहीं अधिक सहज है

नेपथ्य से : सहज काम ही मेरे लिए कठिन होता है।"7

नंदिनी यक्षपुर में अपने लापता प्रेमी, रंजन, की खोज में आती है, जिसने मजदूरों को उनके उत्पीड़न के खिलाफ संगठित करने की कोशिश की थी । उसकी उपस्थिति दबे-कुचले मजदूरों के लिए आशा और विद्रोह की भावना लेकर आती है। नंदिनी की सुंदरता, शक्ति और दयालुता मजदूरों को उनकी खुद की कीमत पहचानने और उनके शोषण का विरोध करने के लिए प्रेरित करती है। वह कहती है कि यह सभ्यता प्रेम की भाषा नहीं जानता है । वह बिलकुल मुर्दा है ।इसलिए सरदार का परिचय नन्दिनी इस तरह से देती है- "उसके समान मरी चीज़ मैंने देखा ही नहीं। ऐसा जान पड़ता है कि जंगल से काटकर लाया हुआ बेंत है। पत्ता नहीं, जड़ नहीं, मज्जा में रस नहीं, सूखकर लचलचा रहा है।"8

अध्यापक के यह कहने पर कि सरदारों को गलाने के लिए ताक़त चाहिए । नन्दिनी जवाब देती है -"मेरे रंजन की ताक़त तुम्हारी शंखिनी नदी के समान है। उस नदी की ही तरह वह जिस प्रकार हँस सकता है, उसी प्रकार तोड़-फोड़ भी सकता है।"9 रंजन शोषकों के मन में डर पैदा करता है । सरदार से मुखिया कहता है -"ज़ंजीरों से तो कसकर बाँधा गया था। थोड़ी देर बाद देखता हूँ, न जाने कैसे बिछलाकर निकल आया है-उसके शरीर को कुछ भी दबाकर नहीं रख सकता। और वह बात-बात में साज बदल लेता है, चेहरा बदल लेता है। उसकी ताक़त अचरज-भरी है। यदि वह कुछ दिन और रहा तो खुदाई के मजूर भी बन्धन नहीं मानेंगे ।"10 और अंत में यही सुनने में आता है कि "हमारे कारीगरों ने बन्दीशाला तोड़ दी है। वे उधर लड़ने जा रहे हैं!"11 यहाँ तक कि अध्यापक भी अंत में नंदिनी के साथ आ जाता है ।

विशू, किशोर, फ़ाग़ुलाल और अन्य कई मजदूर नन्दिनी से प्रेरणा प्राप्त कर इस निष्प्राण नगर को बचाना चाहते हैं । सरदार को विशू धमकी देता है –"गोसाईजी ने इन्हें कच्छप अवतार कहा है। किंतु शास्त्र के मत से अवतार बदलने भी है। कच्छप अचानक बराह हो जाते हैं और हड्डी की मोटी खोल की जगह दांत निकल आते हैं, धैर्य की जगह गुर्राहट पैदा हो जाती है।"12

जैसे-जैसे नंदिनी का प्रभाव बढ़ता है, वह राजा और उसकी नौकरशाही द्वारा प्रदर्शित अमानवीय ताकतों का सामना करती है। नंदिनी सरदारा को धमकी देती है – "मैं स्त्री हूँ, इसलिए तुम मुझसे नहीं डरते? विद्युत्-शिखा के हाथों इन्द्र अपना वज्र भेज देते हैं। मैं वही वज्र लेकर आई हूँ, तुम्हारी सरदारी का स्वर्ण-शिखर टूटेगा।"13

उसकी साहस और मजदूरों की नई एकजुटता एक नाटकीय संघर्ष की ओर ले जाती है, जिसके फलस्वरूप राजा के दमनकारी शासन का पतन हो जाता है। कृष्ण कृपलानी -" इस 'साहसिक नए विश्व' में नंदिनी नाम की एक युवा और जिद्दी लड़की जो किसी से नहीं डरती और जिसका सौंदर्य सब को मोह लेता है, आती है। वह इस स्वीकृत व्यवस्था को उलट-पुलट देती है, सिर्फ मजदूरों को आंदोलनकारी बनाकर ही नहीं, अपितु राजा को बहका कर खुद ही उसे उसकी छुपने की जगह से बाहर लाकर खड़ा कर देती है। जब वह देखता है कि उसके अनुचरों ने उसकी प्रजा को क्या से क्या बना दिया है, तो वह खुद ही अपने सरदारों के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करता है।"14

रवीन्द्रनाथ ने मिट्टी के अंदर जो सोना रहता है उसे मरा हुआ धन कहा है और ये मरा हुआ धन प्रेत से भी भयंकर है। फिर जीवंत धन क्या है? वह है मिट्टी का दान अनाज, सुबह की धूप, बगीचे का फूल । मिट्टी के अंदर का धन गुप्तधन है और मिट्टी के ऊपर का धन है मुक्तधन अर्थात् सहज आनंद । कृषि जीवन लोगों को पुकार रही है -यह है मिट्टी की पुकार। लोगों को बुलाया जाता है सहज जीवन में जाने के लिए । गुप्तधान और मुक्तधन दोनों एक दूसरे के विपरीत है - "पृथ्वी के निचले तले में पिंडीभूत पत्थर है, लोहा है, सोना है; यहाँ ज़ोर की मूर्ति रहती है। उपरले तले में जरा-सी कच्ची मिट्टी है, उस पर उगी है घास, खिले हैं फूल -वहीं जादू का खेल है। मैं दुर्गम के बीच से हीरा ले आता हूँ, मणि-माणिक ले आता हूँ, लेकिन सहज के बीच से प्राण के उस जादू को नहीं ला पाता।"15

नंदिनी और रंजन का लक्ष्य है पृथ्वी को प्रेम से बचाना। प्रेम का प्रतीक है 'लालकनेर'। नंदिनी और रंजन को कृषिसंस्कार और मिट्टी की ऊपरी हरियाली के धन पर आस्था है लेकिन राजा को नहीं है । उसे खेतों का सहज काम ही मुश्किल लगता है। जीवंत कृषि कार्य से उसे कोई लगाव नहीं है ।

औद्योगिकीकरण ने दुनिया भर में विकास और प्रगति की राह खोली है, लेकिन इसके साथ ही यह कृषि पर कई गंभीर प्रभाव डाल रहा है। रवींद्रनाथ की 'रक्तकरबी' औद्योगिकीकरण की सामाजिक और मानवीय नकारात्मकताओं की एक संवेदनशील समीक्षा प्रस्तुत करती है। वर्तमान समय में औद्योगिक विकास के लिए बड़े पैमाने पर कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, हाल के वर्षों में कई उदाहरण सामने आए हैं जहां किसानों को उनके खेतों से बेदखल कर दिया गया है और उन्हें न्यूनतम मुआवजा प्रदान किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, किसानों की आजीविका संकट में पड़ गई है और स्थानीय कृषि अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। औद्योगिक गतिविधियाँ पर्यावरणीय क्षति का एक महत्वपूर्ण कारण बन गई हैं। कारखानों से निकलने वाला प्रदूषण, रसायनों का प्रवाह और वनों की कटाई से कृषि भूमि की गुणवत्ता में भारी गिरावट आई है। प्रदूषित जल स्रोत और निषेचित मिट्टी की कमी से फसल की उपज में कमी आई

है।

औद्योगिकीकरण का सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव भी गहरा है। पारंपरिक कृषि प्रथाएँ, औद्योगिक तरीकों से बदल दी जा रही हैं। यह परिवर्तन सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक ज्ञान के क्षय की ओर ले जाता है। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों से युवा पीढ़ियों का पलायन ग्रामीण समुदायों की संरचना को प्रभावित करता है और कृषि प्रथाओं की निरंतरता को खतरे में डालता है।"भारतीय खेती के संकट के तीन आयाम है 1.आधुनिक पूँजीवादी विकास में खेती को एक आंतरिक उपनिवेश के रूप में पूंजी निर्माण या शोषण का श्रौत बनाना 2.'हरीतक्रांति' के भ्रामक नाम से एक अनुपयुक्त, साम्राज्यवादी, किसान-विरोधी व प्रकृति विरोधी टेक्नोलॉजी थोपना और 3.ग्लॉबिकरण के तहत किसानों पर हमले तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों के क़ब्जें की प्रक्रिया को तेज करना। कहने की ज़रूरत नहीं कि ये तीनों आयाम एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और एक बहुत बड़ी प्रक्रिया के ही हिस्से हैं।"16

'रक्तकरबी' की विषय-वस्तु से प्रेरित होकर, आधुनिक स्थायी कृषि प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा सकता है। रवींद्रनाथ ने प्रतिरोध और मानवाधिकारों के लिए लड़ाई की जो शिक्षा दी है, उसे आज के किसानों के संघर्ष में लागू किया जा सकता है। जैविक खेती, मिश्रित फसल प्रणाली और संरक्षण कृषि जैसी प्रथाओं को अपनाकर, पर्यावरण को बचाया जा सकता हैं और अपनी फसल की स्थिरता भी बढ़ाया जा सकता हैं। जैसे 'रक्तकरबी' में नंदिनी ने खनिकों को प्रेरित किया, वैसे ही आज के किसान संगठनों में जागरूकता फैलानी चाहिए और किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए।

नीति निर्माताओं, किसानों और समाज के सभी हितधारकों को मिलकर ऐसे समाधान विकसित करने चाहिए जो औद्योगिक प्रगति और कृषि कल्याण को समान रूप से प्रोत्साहित करें। औद्योगिकीकरण और कृषि के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए कुछ नीतियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है जैसे-भूमि अधिग्रहण के दौरान किसानों को उचित मुआवजा और पुनर्वास की सुविधा मिलनी चाहिए, सतत कृषि प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार को वित्तीय सहायता और तकनीकी सहायता प्रदान करनी चाहिए। ऋण माफी, बीमा योजनाएँ और न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) जैसी नीतियाँ किसानों को आर्थिक स्थिरता प्रदान कर सकती हैं। औद्योगिक परियोजनाओं के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) को सख्ती से लागू करना चाहिए।

रवीन्द्रनाथ के समय से अब तक औद्योगिकीकरण में कई तकनीकी उन्नतियाँ हुई हैं। वर्तमान में, नवीकरणीय ऊर्जा और हरी प्रौद्योगिकियाँ औद्योगिक गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के प्रयास में हैं। साथ ही, वर्तमान नीतियाँ जैसे भूमि अधिग्रहण कानून और पर्यावरण संरक्षण नियम, औद्योगिकीकरण के नकारात्मक प्रभावों को कम करने का प्रयास कर रही हैं। लेकिन यह कहाँ तक सार्थक होगा यह विचारणीय है।

निष्कर्ष –नंदिनी, औद्योगिकीकरण के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक है। उसकी उपस्थिति ने खनिकों के बीच आशा की किरण जगा दी और उन्होंने अपने शोषण के खिलाफ उठ खड़ा होने का साहस पाया। नंदिनी का साहस और उसकी इच्छाशक्ति ने न केवल खनिकों को प्रेरित किया, बल्कि यक्षपुरी में औद्योगिकीकरण की दमनकारी शक्ति को चुनौती दी। उसकी प्रेरणा से खनिकों ने संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया और अंततः राजा के शासन को उखाड़ फेंकने में सफलता प्राप्त की। के.वनजा –"आज के सन्दर्भ में यह नाटक इसलिए विचारणीय है कि पृथ्वी एवं प्रकृति की छाती को तोड़मरोड़कर उसमें निहित सम्पत्ति का अनावश्यक उपभोग कर पृथ्वी का सर्वनाश करने में लोग लगे हुए हैं। अथवा हम एक प्रलय की कगार पर खड़े हुए हैं। उसके खिलाफ समझदार लोग लड़ने लगे हैं। यह नाटक भी प्रतीकात्मक रूप में यही सत्य हमारे सामने खोल देता है।"17

संदर्भ सूची

1. (अनुवादक) अज्ञेय,स०ही०वात्स्यायन, मुक्त,प्रफुल्ल चंद्र ओझा, अग्रवाल,भारत भूषण, द्विवेदी,हज़ारीप्रसाद, 'रवीन्द्रनाथ के नाटक' (द्वितीय खंड),साहित्य अकादेमी प्रकाशन , नई दिल्ली, प्रथम संस्करण : 1966, पृष्ठ संख्या-191-92
2.वही, पृष्ठ संख्या-192
3. मिश्र, उमेशचंद्र, 'विश्वकवि रवीन्द्रनाथ', इंडियन प्रेस लिमिटेड इलाहाबाद प्रकाशन, प्रथम संस्करण-1943, पृष्ठ संख्या-299-300
4. (अनुवादक) अज्ञेय,स०ही०वात्स्यायन, मुक्त,प्रफुल्ल चंद्र ओझा, अग्रवाल,भारत भूषण, द्विवेदी,हज़ारीप्रसाद, 'रवीन्द्रनाथ के नाटक' (द्वितीय खंड),साहित्य अकादेमी प्रकाशन , नई दिल्ली, प्रथम संस्करण : 1966, पृष्ठ संख्या-200
5.के.वनजा, 'हरित भाषावैज्ञानिक विमर्श', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण:2015, पृष्ठ संख्या-186
6. (अनुवादक) अज्ञेय,स०ही०वात्स्यायन, मुक्त,प्रफुल्ल चंद्र ओझा, अग्रवाल,भारत भूषण, द्विवेदी,हज़ारीप्रसाद, 'रवीन्द्रनाथ के नाटक'(द्वितीय खंड),साहित्य अकादेमी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण:1966, पृष्ठ संख्या-219-20
7.वही , पृष्ठ संख्या-191
8.वही , पृष्ठ संख्या-208
9. वही,पृष्ठ संख्या-188
10.वही , पृष्ठ संख्या-216
11.वही , पृष्ठ संख्या-239
12.वही , पृष्ठ संख्या-203
13.वही , पृष्ठ संख्या-225
14. कृपलानी, कृष्ण, ' रवीन्द्रनाथ ठाकुर एक जीवनी', अनुवादक-साहा, रणजीत, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया प्रकाशन, पहला संस्करण : 1998, पृष्ठ संख्या-191
15. (अनुवादक) अज्ञेय,स०ही०वात्स्यायन, मुक्त,प्रफुल्ल चंद्र ओझा, अग्रवाल,भारत भूषण, द्विवेदी,हज़ारीप्रसाद, 'रवीन्द्रनाथ के नाटक' (द्वितीय खंड),साहित्य अकादेमी प्रकाशन , नई दिल्ली, प्रथम संस्करण:1966, पृष्ठ संख्या -193
16. पटनायक, किशन, 'किसान आन्दोलन दशा और दिशा', राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण-2006, भूमिका से उद्धृत
17. के.वनजा, 'हरित भाषावैज्ञानिक विमर्श', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण:2015, पृष्ठ संख्या-182

****

नरेन्द्र शर्मा के काव्य में स्वच्छंद एवं समानांतर प्रवृत्तियाँ

- सुमित कुमार
सहायक प्रवक्ता, हिंदी
संपर्क संख्या: 9971294823
ईमेल: sumitrajdu1@gmail.com

पंडित नरेंद्र शर्मा की कविताओं में बहुत हद तक छायावादी प्रवृत्तियाँ लक्षित होती हैं जिसका कारण विवेच्य कवि का छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत जी के संसर्ग में रहना है। पंडित नरेन्द्र शर्मा अपने काव्य-जीवन के आरंभिक युग में बहुत दिनों तक कवि पंत के साथ रहकर 'रूपाभ' पत्रिका के संपादन में अपनी अहम भूमिका अदा करते रहें। इसी दौरान पंत के साथ-साथ हालावादी काव्य-परंपरा के अन्यतम कवि श्री हरिवंशराय बच्चन एवं भगवतीचरण वर्मा और अमृतलाल नागर से भी हिती रही, जिस कारण इनकी कविताओं में अपने समकालीन कवि-रचनाकारों का प्रभाव यदा-कदा देखने को मिल जाता है। इनके काव्य में निराशावादी प्रवृत्ति के साथ-साथ वेदना के तत्त्व और नियतिवादी प्रवृत्ति भी परिलक्षित होती है। इतना ही नहीं, मांसल प्रेम का चित्रण और पलायनवाद के साथ-साथ क्षणभंगुरतावाद और मृत्योपासना जैसे विषय भी इनकी रचनाओं में परिलक्षित होते हैं। चूँकि इनका लेखन-कार्य विविधामायी है, जिस कारण स्वच्छन्दतावाद की कोई खास प्रवृत्ति काव्य में लक्षित न होकर थोड़े-बहुत के साथ हरेक तरह की प्रवृत्तियाँ लक्षित होती हैं। यहाँ तक कि राष्ट्रीय चेतना के साथ-साथ इनकी कविताओं में आध्यात्मिक लोक का वर्णन भी मिलता है। कवि नरेन्द्र शर्मा की रचनाओं में इन सब प्रवृत्तियों के मिश्रण के पीछे कहीं-न-कहीं उनके ऊपर छायावाद, प्रगतिवाद और प्रयोगवाद का एक साथ प्रभाव दृष्टिगत होता है।

स्वच्छंदतावादी कवि नरेन्द्र शर्मा ने छायावाद की अशरीरी, अमूर्त आवरणप्रियता, प्रणयाभिव्यक्ति की जगह उसके शरीरी (मांसल), मूर्त एवं अनावृत रूप को अपने काव्य में प्रस्तुत किया है। इनके काव्य में अभिव्यक्त प्रणयाभिव्यक्ति केन्द्रीय वृत्ति के रूप में लौकिक धरातल की उपज प्रतीत होती है, जिसमें कि जीवन का अत्यंत खुला वर्णन किया गया है। इसके पीछे कारण यह दिखाई देता है कि सामाजिक प्रतिबंधों ने अपने कठोर नियमों से कवि के हृदय को कुचल डालने की असंभव कोशिश की थी। सामाजिक नैतिकता, आचार-व्यवहार न केवल प्रेमी मन के मार्ग में बाधा डालने वाले बड़े शत्रु होते हैं, बल्कि वैयक्तिक रुचियों के लिए भी अवरोधक प्रतीत होते हैं। इस कारण कवि ने सामाजिक नियमों का उल्लंघन करते हुए कठोर नियमों की खुलकर भत्सना की है और प्रेम के क्षेत्र में बाधाहीन स्वच्छंद प्रेम की उपासना को स्वीकार किया है, जिसकी स्पष्ट, खुली और प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति के द्वारा उन्होंने अपने काव्य का लक्ष्य सिद्ध किया है। इनके प्रेम में कहीं भी गोपनीयता परिलक्षित नहीं होती है और न ही कोई आवरण लक्षित होता है, बल्कि बड़े ही साहसपूर्ण ढंग से इन्होंने प्रणय के प्रत्येक पक्ष को पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत किया है। इनकी कृतियों के अध्ययन से विदित होता है कि स्वच्छंद प्रेम के क्षेत्र में मांसल प्रेम का चित्रण ही इनके काव्य का मुख्य ध्येय है-

"खोलो, अवगुंठन खोलो
प्यासे नयन भ्रमर से आकुल
कमलनयनि दर्शन को व्याकुल
अधर-अधीर मधुर चुम्बन को,
श्रवन तृषित कोकिल पूजन को
बोलो, मधुमयि कुछ बोलो
खोलो अवगुंठन खोलो।"1

कवि ने प्रणयग्रस्त स्वच्छंद प्रेम में भोग की आकुलता एवं व्याकुलता को प्रकट कर मांसल प्रेम के स्वरूप को अभिव्यंजित किया है और छायावादी प्रेम की तुलना में प्रेमानुभूति के स्वरूप में परिवर्तन लाने की भरसक चेष्टा की है जो कि इनके प्रेम सम्बन्धी नवीन दृष्टि और स्वच्छंद चेतना को उद्भासित करता है। इसी तरह से कवि चुम्बन और आलिंगन के दृश्य को भी अपनी कविताओं में उकेरता चलता है जो कि परम्पराधारित प्रेम के विरुद्ध नवीन प्रेम अथवा मांसल प्रेम-सौंदर्य को परिलक्षित करता है-

"पियें अभी मधुराधर चुम्बन
गात-गत गूंथे आलिंगन
सूने अभी अभिलाषी अंतर
मृदुल उरोजों का मृदु कम्पन।"2

प्रणय-संबंधी इस तरह की खुली अभिव्यक्ति के कारण कई बार स्वच्छंदतावादी काव्यधारा का विरोध भी होता रहा है और प्रेम के स्वरूप को उच्छृंखल वासना के रूप में लोगों ने सुधि समाज हेतु घातक और विनाशकारी मानते हुए द्रुत गति से इसका उन्मूलन उचित समझने लगे और इस तरह के संक्रमणकारी तत्वों के कारण स्वच्छंदतावादी काव्यधारा अवरुद्ध होने लगी किंतु इस मांसल प्रेम-सौन्दर्य के चित्रण के साथ ही कवि ने लौकिक प्रेम-सौन्दर्य को अपनी रचनाओं में उकेर कर समाज में स्वच्छंदतावादी काव्य की महत्ता को स्थापित किया है-

"आओ प्यारे उर-हार बनो,
वह नयनों में मुसका, बोली।
मृदु मंदहास-सी हँसकर,

मुसकाकर मुझे बुलाती थी।
नयनों की मादक कोरों से
आमंत्रण-सुरा पिलाती थी।"3

कवि ने मांसल प्रेम के साथ-साथ लौकिक बिंब उकेरा है जो उसकी स्वच्छंद चेतना का परिचायक है।

पंडित नरेन्द्र शर्मा के काव्य को पढ़ते हुए यह प्रतीत होता है कि प्रेम में मिली असफलता के कारण इनमें निराशा का भाव उत्पन्न हो गया था जो कि केवल इन्हीं के काव्य की प्रवृत्ति नजर नहीं आती, बल्कि संपूर्ण स्वच्छंदतावादी काव्य की प्रवृत्ति के रूप में उभरती है । चूँकि स्वच्छंदतावादी काव्यधारा की चेतना व्यक्तिनिष्ठता को द्योत्तक है, जिस कारण निराशावाद को भी व्यक्तिनिष्ठता का कारण ही मानना उचित प्रतीत होता है। शर्मा जी की कविताओं में प्रणय से संबद्ध निराशावादी दृष्टियों का मार्मिक वर्णन हुआ है, जो कि कवि को अधोमुखी प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख करता है। इसके अतिरिक्त अन्य कई कारण थे जो निराशावाद के मूल में निहित रहे हैं । "सन् 1930-32 के लगभग सारे आदर्शवादी स्वप्नजगत के यथार्थ की कटुताओं से टकराकर चूर-चूर होने के परिणाम स्वरूप उत्पन्न अस्त-व्यस्तता अथवा विक्षिप्तता की परिस्थिति में- अपनी व्यक्तिनिष्ठता के कारण ही ये कवि समाज की संघर्षशील शक्तियों के साथ नाता न जोड़ सके थे और उन्होंने समाज तथा जीवन की विषमताओं को मात्र अपने वैयक्तिक प्रयत्नों के द्वारा ही जीत लेने के भ्रम को अपने मन में स्थान दिया था । फलतः सक्रिय प्रयत्नों के अभाव में जब वे उन विषमताओं पर विजय न प्राप्त कर सके तो उनका एक व्यापक निराशा भावना में सर्वथा लय हो जाना भी स्वाभाविक था।"4

छायावाद और स्वच्छंदतावाद दोनों में निराशावादी भाव परिलक्षित होता है किंतु परिस्थितिगत भिन्नता भी दृष्टिगत होती है । छायावादी कविद्वय पंत एवं निराला में निराशा का वर्णन हर्ष एवं विषाद की आवृति नहीं करता, बल्कि इससे मुक्ति की चेष्टा करता है; जबकि स्वच्छन्दतावाद में केवल दुःख की भावना ही परिव्याप्त दिखाई देती है और इस दुःख से बाहर निकलने की छटपटाहट न के बराबर दिखाई देती है। पंडित नरेन्द्र शर्मा ने अपनी निराशावादी चेतना की अभिव्यक्ति करते हुए एक कविता में लिखा-

"जल चूका है स्नेह मेरा, बुझ गया है दीप
गल गया है विश्वास का मोती, पड़ी है सीप
बहुत काले सांप मेरा पथ गए हैं लीप
हूँ राख का ढेर मैं, है भस्म सब सुकुमार अंतर।"5

यह कवि के गहन अवसाद की मार्मिक व्यंजना है, जिसमें अंधकाररूपी निराशा उनकी घनीभूत पीड़ा को अभिव्यंजित कर रही है। अतएव हिंदी काव्य परंपरा के अंतर्गत निराशावाद की जैसी अनिर्वचनीय अभिव्यक्ति स्वच्छंदतावादी काव्यधारा में हुई है, वह अन्यत्र देखने को नहीं मिलती है। इस निराशावाद के मूल में कवि नरेन्द्र शर्मा ने यह खुलकर बतलाने का प्रयास किया है कि सामाजिक प्रतिबंधों के कारण असफल युवा-मन में हताशा की कहर बरप रही थी, जिसे कवि ने जीवन की भुक्तवेदना के माध्यम से अत्यंत सहज एवं सरल शब्दों में प्रस्तुति देकर अपनी स्वच्छंदतावादी दृष्टि का आह्वान किया है।

मनुष्य के व्यक्ति-स्वातंत्र्य की परिणति वेदना में ही निहित होती है । यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि स्वच्छंदतावाद में वेदना को बहुत अधिक प्रश्रय दिया गया है। छायावादी काव्य में वेदना को परिनिष्ठित रूप में स्वीकार करते हुए लगभग सभी कवियों ने अपनी कविताओं में ग्राह्य किया है। अपने काव्य के आरंभिक भाग में वेदनामयी सुरीले गीत गानेवाले कवि की वेदना की चरम परिणति किसी भव्य दर्शन में होती है । महाकवि जयशंकर प्रसाद में यह वेदना 'घनीभूत पीड़ा के रूप में' दुर्दिन में आँसू बनकर आज बरसने आई के साथ उपस्थित होती है तो प्रकृति के चितेरे पंत में यह 'उमड़कर आँखों में चुपचाप, वही होगी कविता अनजान' के रूप में साकार होती है। इसी तरह निराला के काव्य में वेदना 'दुःख ही जीवन की कथा रही, क्या कहूं जो आज नहीं कही' के रूप में लक्षित होती है। महादेवी का संपूर्ण काव्य ही वेदना से तिक्त नजर आता है और 'वेदना में जन्म करुणा में मिला आवास' का स्वरूप धारण करता है । किंतु, परवर्ती कवि नरेन्द्र शर्मा की निश्छल वेदना अपने पूर्ववर्ती कवियों की वेदना के समान दर्शन में परिणत होने के लिए समर्थ नहीं थी, बल्कि यह वेदना घनीभूत अवस्थिति में कवि को दयनीय एवं कातर कर देती है और भाग्यवाद के प्रति आस्थाशील बनाती है। नरेन्द्र शर्मा आत्मस्वीकार करते हुए कहते हैं-

"जाने किस अरण्य रोदन की
है अनुगूंज समाई मन में
किस अज्ञात व्यथा की छाया
रही सदा मेरे जीवन में।"6

कवि की इस वेदना में एकनिष्ठता, विह्वलता और सजगता का भाव उद्भासित होता है। रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' ने स्वछंदतावादी कवियों की इसी दृष्टि के संदर्भ में लिखा है कि "कवि के वास्तविक विद्रोह का यहीं से आरम्भ होता है। अरमानों और साधों की अशेष आहुतियाँ डालकर उसमें विरहवह्नि को जगा रखा है। नैराश्य की तमिस्रा में जीवन पर एक दृष्टि डालने के लिए उसे इस आग का ही सहारा है।"7 कवि नरेन्द्र शर्मा ने वेदना को जोवन की थाती स्वीकार कर उसे ही काव्य में स्वर देना उचित समझा है। छायावादी काव्य की इस प्रवृत्ति को परंपरा रूप में ग्रहण करने के बावजूद भी स्वच्छंदतावाद के अंतर्गत इसकी प्रस्तुति छायावाद से भिन्न रूप में हुई है। चूँकि कवि नरेन्द्र शर्मा सरीखे स्वच्छंदतावादी कवियों के पास जीवन को देखने एवं समझने की व्यापक दृष्टि का अभाव था, जिस कारण छायावादी कवियों की भाँति

इनके काव्य में निःसृत वेदना का पर्यावसान दर्शन के रूप में हुआ है, किंतु न के बराबर । कवि नरेन्द्र शर्मा की कविताओं को पढ़ते हुए यह पता लगता है कि इनके पास जो कुछ भी था वह युगीन जीवन दृष्टि से संबद्ध था जिस कारण इनकी रचनाओं में समाहित वेदना अधिक उज्ज्वल और परिष्कृत नहीं बन पाई।

स्वच्छंदतावादी काव्य में नियतिवाद के तत्त्व भी कूट-कूट कर भरे हुए हैं। "अज्ञानी, निष्क्रिय और परोपजीवी लोग भाग्यवादी हो जाते हैं । कभी-कभी संघर्षों से जूझते रहने के बाद उचित परिणाम न मिलने पर भी नियति पर विश्वास होने लगता है । 'राम की शक्तिपूजा' में राम का उर्जस्वित व्यक्तित्व भी अंततः कह उठता है, 'धिक् जीवन को सहता ही आया विरोध, धिक् साधन जिसके लिए किया शोध' ।"8

स्वच्छंदतावाद के प्रतिनिधि कवि नरेन्द्र शर्मा में कहीं-कहीं दृढ़ संकल्प शक्ति एवं सक्रियता का अभाव लक्षित होता है, जिस कारण वे अपनी हर एक पराजय का जिम्मेदार नियति को मानते हैं। नियति के प्रति कवि की विवशता इस तरह दिखाई देती है कि जैसे नियति ही उनके जीवन को अनुशासित करती हो। उनका मानना है कि अदम्य साहस के बल पर भी मनुष्य नियति के इस बंधन से स्वतंत्र नहीं हो सकता क्योंकि इसकी सत्ता शाश्वत है-

"करती है प्रहार
बार-बार वह कुठार से
कटता ही नहीं पेड़
नियति लकड़हारिन है
काम की कुठार कठिन
जीवन का वृक्ष है।"9

यह नियति कवि को जीवन में सक्रिय होने से रोकती है। कवि का मानना है कि मनुष्य नियति निष्ठुरता के समक्ष बेबस और लाचार होकर घुटने टेक देता है-

"मैं काल का कोदण्ड हूँ, मैं प्रकृति से उदण्ड हूँ
मुझको झुकाते जा रहे हैं, निष्ठुर नियति के हाथ।"10

नियतिवाद के संदर्भ में कवि की दृढ़ आस्था को उनकी मानसिक दुर्बलता का परिचायक माना जा सकता है। कवि नरेन्द्र शर्मा ने अपने काव्य में वर्णित नियतिवाद के संदर्भ में लिखा है कि "मेरा नियतिवाद यूनानी नियतिवाद नहीं है। नियति और प्रकृति मेरी दृष्टि में परम चैतन्य के प्रत्यक्ष और परोक्ष तंत्र-मंत्र हैं.... अपनी नियति और प्रकृति को जानना आत्मसाक्षात्कार का ही एक अंग है ।..... नियति चाहे माया या वह नियामिका शक्ति हो, मैं उसे राम (ईश्वर) की आज्ञाकारिणी ही मानता हूँ ।"11 शर्मा जी नियति को शक्ति के रूप में स्वीकार करते हैं जो कि उन्हें भीरुता और कायरता की ओर गतिशील करती है। असल में "जीवन के विविध क्षेत्रों में बहुधा ही मिलने वाली पराजय तथा असफलता से उत्पन्न निराशा, वेदना एवं अभावों की अनुभूति, भाव के प्रति उपेक्षा, उदासीनता अथवा अनास्था का भाव एवं अपनी वैयक्तिक समस्याओं के समाधान में कभी भी सफल न होने का विश्वास 'जिसका कारण उनकी आत्मलीनता है और जिसे उन्होंने स्वीकार भी किया है' ही उन्हें नियति पर आस्था करने के लिये बाध्य कर देता है।"12

पंडित नरेन्द्र शर्मा का निराशावादी, नियतिवादी और वेदनावादी दृष्टिकोण ही उन्हें जोवन को क्षणभंगुर रूप में स्वीकार करने के लिए बाध्य करता है। उनका मनना है कि चूँकि यौवन क्षणिक है और जीवन क्षणभंगुर है, इसीलिए मानवीय मन अतृप्ति, अनंत प्यास और भोगेच्छा में संतरण करता रहता है और वह सब उपलब्ध क्षणों को भोगने हेतु व्याकुल रहता है। कवि ने प्रेम-प्रसंग के चित्रण में मानस में उत्पन्न क्षणभंगुरता के भय को अपनी कविता में अंकित किया है। कवि क्षण भर के हर्ष को भी खोना नहीं चाहते हैं-

"है दो दिन का दर्शन-मेला
विवश नियति-शासित यह जीवन
दृष्टि न धुंधली कर लो रोकर
मिले आज क्षण भर लोचन।"13

वेदना, निराशा, नियति और क्षणभंगुरता जैसे तत्त्वों से घिरा हुआ कवि का कृतित्व निश्चय ही उनकी दृष्टि को छायावादी सबल जनहितैषी तत्त्वों से अलग कर देता है। छायावादी परंपरा के तत्त्वों का वास्तविक अनुसरण करें के बावजूद भी कवि नरेन्द्र शर्मा अपनी अस्वस्थता एवं दुर्बलताओं के कारण पथ से भटके हुए प्रतीत होते हैं। उक्त विघटनकारी तत्त्वों से आक्रांत होकर कवि ने जीवन के वास्तविक पक्ष का साक्षात्कार करना स्वीकार नहीं किया है, जिस कारण निजी सीमाओं से आबद्ध कवि का पराजित मन आखिरकार मृत्योपासना को ही उचित मान बैठता है।

पंडित नरेन्द्र शर्मा के काव्य में मृत्योपासना के प्रति आसक्ति दिखाई देती है। जीवन क्षेत्र में मिली विफलता और निराशा से कवि का मन अपने चतुर्दिक एक सघन अंधकार से घिरा पाता है जिससे टकराने का दुस्साहस कवि में दिखाई नहीं देता और स्वेच्छावश वे मृत्यु की शरण में जाने के लिए विवश होते दिखाई देते हैं। केवल नरेन्द्र शर्मा ही नहीं, इस युग के अन्य कवि हरिवंशराय बच्चन और रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' के नैराश्य की घनीभूत अवस्थिति भी इसी स्थिति को बयाँ करती हुई प्रकट होती है। जीवन संघर्ष से पराभूत कवि जब स्वयं को मनोव्यथा से वोझिल मानते हुए उसका मन एकदम अकेला अनुभव करने लगता है, तब उसे अपने प्राणों से किसी तरह का मोह नहीं रह जाता है और फिर उससे चले जाने के लिए कवि प्रार्थना करता है-

"अनचाहे मेहमान प्राण मेरे,

जाओ न निकल जाते क्यों
सभी छोड़कर चले गये जब
रुके हुए किस आशा से अब
मेरे आकुल प्राण छोड़ मुझको,
तुम भी न चले जाते क्यों।"14

इसी तरह से जगत की घृणा और निर्ममता से विक्षिप्त होकर हरिवंशराय बच्चन भी मृत्यु की कामना करते हुए प्रतीत होते हैं-

"यौम्य नहीं मैं जीवन के.
जीवन के चेतन लक्षण के
मुझे खुशी से दो मत जीवन,
मरने का अधिकार मुझे दो
मत मेरा संसार मुझे दो।"15

इसी तरह से स्वच्छंदतावादी कवि रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' का भूखा और प्यासा निबंध मन मृत्योपासना हेतु गत्योन्मुख प्रतीत होता है-

"आज मरण की ओर दौड़ते ये भूखे प्यासे निर्बंध
आज इन्हें करना है अपने प्राणों का किस प्रकार प्रबंध
ले अविराम मरण-वाहन-सा प्रबल प्रचंड अनल उत्ताप
ले हाहारव भरे विभुक्षित अंगों में तृष्णा का पाप
खण्ड खण्ड कर अपनी हस्ती लोलुप आज ज्वलंत चले
आज महासागर पीने को झंझावात दुरंत चले।"16

अतिशय निराशा के कारण मृत्योपासना की प्रवृत्ति का उत्पन्न होना स्वच्छंदतावादी कवियों की अनोखी पहचान को इंगित करती है, जो कि इन कवियों की ह्रासशीलता का कारण भी परिलक्षित होता है।

पंडित नरेन्द्र शर्मा के काव्य में यत्र-तत्र ईश्वर के प्रति अनास्था के भाव लक्षित होते हैं, किंतु इनके मस्तिष्क के किसी एक कोने में ईश्वर के प्रति आस्था एवं विश्वास की भावना भी हिलोर लेती हुई प्रतीत होती है, जिसका परिणाम इनकी दर्शन-संबंधी कृतियों में दिखाई देता है। पंडित नरेन्द्र शर्मा कृत 'पलाशवन' कविता बहुत हद तक ईश्वर के प्रति आस्था के स्वरूप को अभिव्यंजित करती हुई प्रत्तीत होती है। ईश्वर के प्रति अनास्था के संबंध में स्वच्छंदतावादी कवियों को लेकर कहा जाता है कि "जहां तक प्रस्तुत काव्य के निर्माताओं का प्रश्न है, ईश्वर तथा धर्म के प्रति उनका अनास्था भाव अथवा विद्रोह सामाजिक विषमताओं के उन्मूलन के लिये आवश्यक एक नवीन बौद्धिक दृष्टिकोण की आवश्यकता से उतना सम्बंधित नहीं है जितना उनकी समस्याओं के समाधान अथवा सामाजिक रूढ़ियों, रौतियों को छिन्न-भिन्न कर अपने अनुकूल परिवेश बनाने की असफलता से उत्पन्न खींझ, आक्रोश अथवा उन्माद से। यही कारण है कि उनकी इस प्रकार की उक्तियाँ एक सिमित और संकुचित दायरे में ही चक्कर लगाकर रह गयी है।"17

ऐसा कतई नहीं है कि सामाजिक विषमताओं के दबाव को स्वच्छंदतावादी कवियों ने अनुभव नहीं किया अथवा उसके विरुद्ध आवाज नहीं उठाई, किंतु छायावादी संस्कारों से प्रभावित प्रवृत्तियों में आत्मवाद की प्रधानता होने के कारण स्वच्छंदतावादी कवियों ने निजी समस्याओं के समाधान की चेष्टा की है और उसमें कई बार असफल होने के कारण उन्होंने ईश्वर के प्रति अनास्था, खीझ और आक्रोश का भाव प्रेषित किया है। पंडित नरेन्द्र शर्मा की कविताओं में ईश्वरीय उपेक्षा की भावना कई स्थलों पर लक्षित होती है-

"कौन सुनता है करुण पुकार,
किसे रुचता है हाहाकार
भूल गया है ईश्वर जग को
पा मादक अधिकार।"18

वस्तुतः छायावाद में जहाँ कि भारतीय संस्कृति और विश्वबंधुत्त्व की भावना को आध्यात्मिकता से अनुस्यूत किया, वहीं पंडित नरेन्द्र शर्मा जैसे स्वच्छंदतावादी कवि ने आरंभ में तो सांस्कृतिक तत्त्वों को स्वीकार नहीं किया; किंतु बाद के दर्शन में उनकी आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक झुकाव दृष्टिगोचर होता है।

पंडित नरेन्द्र शर्मा की कृतियों में पलायन के स्वर भी ध्वनित हुए हैं। वैयक्तिक द्वंद्व एवं सामाजिक दायित्त्व से मिली निराशा और उदासीनता को कचोट ने कवि को जीवन-संघर्ष से विमुख कर पलायनवादी होने पर विवश कर दिया। हालाँकि छायावादी काव्यधारा के अंतर्गत भी कवियों में पलायन का भाव दिखाई देता है- वह अपने नाविक से उस जगह ले जाने के लिए कहता है जहाँ उसे सुख और शांति मिल सके, जबकि स्वच्छंदतावादी अथवा उत्तरछायावादी कवियों की पलायनवृत्ति में इस तरह का प्रभाव दिखाई नहीं देता है। "छायावदी कवियों को भी समाज से पलायित कहा जाता है और इन्हें भी। वास्तव में छायावादी कवि पलायनवादी नहीं थे। उन्होंने समाज से बाह्य संबंधों की अपेक्षा अंतःसम्बन्ध स्थापित किया है। इन कवियों का पलायन एक प्रकार से विषम समाज के प्रति नकार और अस्वीकृतिपरक भी माना जा सकता है।"19 कवि नरेन्द्र शर्मा नकार एवं अस्वीकृति के साथ पलायन की ओर अभिमुख होते हुए दिखाई देते हैं-

"कैसे बुझाऊं प्यास-मेरा हृदय खंडित पात्र
मृत्यु से माँगा हालाहल
प्यास होकर विकल जब
हंसी श्यामा सुन्दरी वह
भर दिया प्याला लबालब
लैब न छुपाए गरल, यह हृदय खंडित पात्र।"20

मन के भीतर आलोड़ित द्वंद्व से मुक्ति के लिए ही कवि मदिरा का आश्रय लेता है। भले ही हरिवंशराय बच्चन को हालावादी कविता का उन्मेषक

माना जाता है किंतु यह प्रवृत्ति स्वच्छंदतावादी काव्यधारा के लगभग सभी कवियों में दृष्टिगत होती है, कवि नरेन्द्र शर्मा भी इससे अछूते मालूम नहीं पड़ते हैं। इनकी कविताओं में चित्रित पलायनवाद में आत्मिक संतोष और सुख-शांति की खोज का भाव कहीं भी नहीं मिलता है, बल्कि पलायनवादिता में इनकी पराजय और दुर्बलताएँ ही परिलक्षित होती हैं।

स्वच्छंदतावादी कवियों ने छायावादी कवियों की तरह संस्कृतनिष्ठ तत्सम प्रधान हिंदी और छंद-बद्ध भाषा का अनुकरण न कर अपनी कविताओं में सहज-सरल व जनसुलभ भाषा के प्रयोग पर बल दिया है। इन कवियों ने छायावादी काव-शिल्प का विरोध इसलिए किया, क्योंकि उनकी भाषा क्लिष्ट और जन-सामान्य के विचारों से कोसों दूर नजर आती हैं, जिस कारण इन कवियों ने भाषा में सरलता, सहजता का समावेश करते हुए उसके नएपन पर बल दिया और शब्द-योजना में दुरूहता को स्वीकार नहीं किया है। कविता में अलंकार के इच्छापूर्वक प्रयोग पर इन कवियों ने जोर नहीं दिया है और प्रायः मुक्त छंद के निर्वाह को ही अपनी कविताओं में स्वीकार किया है। कवि नरेद्र शर्मा कृत 'प्रवासी के गीत' और हरिवंशराय बच्चन कृत 'मधुशाला' की लोकप्रियता का कारण सरल एवं सहज शब्दों में अभिव्यक्ति के साथ भावों की सरलता भी है। स्वच्छंदतावादी कवियों ने भाव के अनुसार ही भाषा की अभिव्यंजना पर भी बल दिया है। "यह कारण कुछ और नहीं इन कवियों द्वारा अपनायी गई सहज सीधी शैली, अभिव्यक्ति का साफ सीधा अकृत्रिम रूप और भाषा की सरलता, व्यावहारिकता तथा आत्मीयता ही है, जिसने सामान्य काव्य प्रेमियों के अतिरिक्त मान्य समीक्षकों तथा विद्वानों को भी अपनी ओर आकृष्ट किया था, उनमें अपने प्रति एक आशावादिता-सी जगायी थी।"21 स्वच्छंदतावादी काव्य अपने समग्र रूप में पूर्व की काव्य-परंपरा का ही अगला सोपान है। चूँकि इन कवियों ने व्यक्तिवादी प्रवृत्तियों को अधिक प्रश्रय दिया है, जो कि इनके विकास के मार्ग को संकीर्ण करती चली गई और इसका परिणाम यह निकला कि इस धरा के अधिकांश कवियों ने ताजगी और स्फूर्ति को गवां दिया है। परिणामतः छायावाद और प्रगतिवाद के मध्य उपजी यह काव्यधारा स्वतः ही सिमट गई। परंपरा के प्रवाह में फिर भी इस काव्यधारा का योगदान सराहनीय प्रतीत होता है। "छायावाद की अमूर्त और अमान्सल अनुभूतियों को मूर्त और मांसल रूप देते हुए, इस कविता ने प्रगतिवाद के भौतिक मान्यताओं के लिए पथ प्रशस्त किया। इस प्रकार यह प्रवृत्ति छायावाद को अनुजा और प्रगतिवाद की अग्रजा बनती है।"22 चूँकि पंडित नरेन्द्र शर्मा इसी स्वच्छंदतावादी काव्यधारा से अपना संबंध रखते हैं, जिस कारण उनकी कविताओं के संदर्भ में भी उक्त मान्यता शब्दशः उचित प्रतीत होती है। इनकी स्वच्छंदतावादी कविताओं के बीज छायावाद की परंपरा में समाहित होते हुए भी वर्तमान मानवीय जीवन से संबंधित समस्याओं का यथार्थ अंकन करते हुए प्रतीत होते हैं।

संदर्भ

1. प्रभातफेरी, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-38
2. वही, पृष्ठ-40
3. कर्णफूल, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-65
4. नया हिंदी काव्य, डॉ. शिवकुमार मिश्र, पृष्ठ-112
5. मिट्टी और फूल, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-37
6. कदलीवन, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-69
7. अपराजिता, प्रवेश, रामेश्वर शुक्ल 'अंचल', पृष्ठ-13 से उद्धृत
8. छायावादोत्तर हिंदी काव्य की सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, डॉ. कमला प्रसाद पाण्डेय, पृष्ठ-111
9. कदलीवन, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-82
10. वही, पृष्ठ-17
11. उत्तरजय, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-13
12. नया हिंदी काव्य, डॉ. शिवकुमार मिश्र, पृष्ठ-160
13. प्रवासी के गीत, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-9
14. वही, पृष्ठ-63
15. बच्चन रचनावली, भाग-1, 'एकांत संगीत', सं. अजित कुमार, पृष्ठ-232
16. आज मरण की ओर, मधुलिका, रामेश्वर शुक्ल 'अंचल', पृष्ठ-39
17. नया हिंदी काव्य, डॉ. शिवकुमार मिश्र, पृष्ठ-120
18. प्रभातफेरी, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-102
19. छायावादोत्तर हिंदी काव्य की सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, डॉ. कमला प्रसाद पाण्डेय, पृष्ठ-111
20. पलाशवन, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-21
21. नया हिंदी काव्य, डॉ. शिवकुमार मिश्र, पृष्ठ-109
22. आधुनिक हिंदी कविता की प्रवृत्तियाँ, डॉ. नगेन्द्र, पृष्ठ-11

****

झारखंड के झूमर गीतों का सांस्कृतिक विश्लेषण

डॉ. निरंजन महतो
सहायक प्रोफेसर
हिन्दी विभाग
सत्यवती कॉलेज (सांध्य)
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

भूमिका – झारखंड पूर्वी भारत का राज्य है। यह हरित पठारी भूखंड प्राकृतिक रूप से खनिज संपदाओं से और सांस्कृतिक रूप से लोक-कलाओं से समृद्ध है। यहाँ का सहज-सरल मानव समाज नृत्य, गायन और नाट्य विधाओं को आज भी जीता है। वैश्वीकरण, भूमंडलीकरण के दौर में जब आज मानव-समाज एक भाषा, एक समाज, वर्चस्व की भाषाओं के सम्मुख घुटने टेक, अपना सांस्कृतिक अस्तित्व खोता जा रहा है वहीं झारखंडी मानव समाज अपनी भाषा और संस्कृति को बनाए रखने के लिए संघर्षरत दिखता है। अपनी सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखने के लिए लोक-कलाओं को साधन के रूप मे प्रयोग करता है। झारखंड की खोरठा भाषा के झूमर गीत ऐसे ही महत्वपूर्ण साधन हैं। ये झूमर गीत विशिष्ट संगीत शैली में अपनी वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक चिंताओं और दवाबों को सामूहिक रूप से प्रस्तुत करते हैं।

बीज-शब्द : झारखंड, लोक-गीत, झूमर, संस्कृति, मर्दानी झूमर, बंगला झूमर, कोददो, पंचपरगना क्षेत्र, प्रकृतिवादी, यथार्थवादी, कृषि-जीवी, जनानी झूमर

विश्लेषण- खोरठा झूमर गीत झारखंड की एक लोकप्रिय लोक संगीत शैली है। इस शैली में ये गीत तेज गति और नृत्य करने के लिए प्रेरित करने वाली लय के लिए जाने जाते हैं। झूमर शब्द का अर्थ है 'झूमना' या 'नाचना', और यह झूमर लोकगीतों की प्रकृति को भी बखूबी बयां करता है। झारखंडी संस्कृति जिसका एक महत्वपूर्ण भाग खोरठा क्षेत्र की संस्कृति है, यह मूलतः प्रकृतिवादी, यथार्थवादी और बहुत हद तक कृषि-जीवी संस्कृति रही है। झूमर गीत झारखंड की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये गीत लोगों को एक साथ लाते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। झूमर गीत झारखंड की पहचान का प्रतीक हैं और वे राज्य की संस्कृति को दुनिया भर में फैलाने में मदद करते हैं।

झूमर गीत एवं नृत्य मुख्यतः तीन भागों में मर्दानी झूमर, बंगला झूमर तथा जनानी झूमर में विभाजित हैं। मर्दानी झूमर तथा बंगला झूमर पुरुष प्रधान हैं तथा जनानी झूमर में महिलाएँ शामिल होती हैं। जनानी झूमर में आगे की महिला करताल लिए नृत्य का नेतृत्व करती हैं। इस नृत्य के वादक पुरुष होते हैं। मर्दानी झूमर का आयोजन सांस्कृतिक अवसरों पर किया जाता है। इसका आयोजन रात्रि में खुले मैदानों में होता है। यह नृत्य बोकारो, धनबाद, रामगढ़, खूँटी, रांची आदि स्थानों पर लगने वाले मेलों में किया जाता है। बंगला झूमर नागपुरी एवं पंचपरगना क्षेत्र में प्रचलित हैं। झूमर गीतों के विषय वैविध्ययपूर्ण हैं।

गीत-1

कौना मासें महुआ, कौना मासें केंदवा।
कौना मासें ऊ जे, लागत झुमरिया।
कौना मासें?...
चेइता मासें महुआ, बैशाखे जे केंदवा।
भादर मासें लागतइ झुमरिया।
भादर मासें...
किया लागिन महुआ, किया लागिन केंदवा।
किया लागिन भाइ, लागतइ झुमरिया।
किया लागिन?....
तेल-दारू-लाडु ले महुआ, भाती खातिर केंदवा।
रिझा लागिन भाइ, खेलब हइ झुमरिया ।
खेलब हइ झुमरिया...

विश्लेषण- प्रस्तुत लोकगीत में झूमर के प्रति दीवानगी देखी जा सकती है। गीत संवादात्मक है। बूझो तो जानो। तर्ज का आनंद देता लोकगीत। कौन से मास (महीने) में महुआ लगता है? कौन से मास में केंदवा (कोददो, एक प्रकार का मिलेट) कौन से मास में झूमर?(गायन-नृत्य लोक उत्सव) कौन से मास में? चैत(चैत्र, अप्रैल) मास में महुआ फूलता है। बैशाख मास में केंदवा फूलता है और भादो मास में झूमर उत्सव लगता है। किस लिए लगाते हैं महुआ? किस लिए लगाते हैं केंदवा? हे भाई! बताओ किस लिए झूमर लगता है? महुआ से तेल, लड्डू, और दारू बनती है। इनकी प्राप्ति के लिए महुआ लगता है। भाती (भात,चावल समान अन्न) प्राप्ति के लिए केंदवा लगता है और भाई के मन को रिझाने(प्रसन्न) करने के लिए झूमर खिलता है अर्थात झूमर उत्सव का आयोजन होता है। महुआ और केंदवा के समान खिलब(खिलने) के कारण गीत में झूमर भी किसी फूल समान प्रतीत होता है। यही वाक्-चातुर्य इस गीत की खूबसूरती है। झारखंड के समाज और संस्कृति की गहरी समझ इन गीतों मे प्रस्तुत हुई है।

गीत-2

तिलक-दहेज़ भेलई भारी
सभेक समाज गेलइ गिरी.
जते लोक सिछित भेला.
तते बेसी तिलक लेला
बेटीक बाप कांदइ माथा धरी
पुरुस भेला सोवाधिन
महिला काहे पराधिन
सोवाधिन हता कबे कुलेक नारी.

विश्लेषण- इस गीत में समाज में स्त्रियों की दशा एवं दहेज़ जैसी बुराई से पतित होता समाज चिंता का मुख्य विषय है। बेटी पक्ष के लिए तिलक-दहेज़ भारी(कठिन) हो गया है। समाज गिर (पतित) गया है। जितने युवा शिक्षित होंगे, उतना ही बेहतर तिलक होगा। अर्थात पढ-लिख कर युवा दहेज़ जैसी बुराई से दूरी बनायेंगे। तिलक करना(दामाद) कठिन नहीं रहेगा। बेटी का बाप बेटी की दशा पर चिंतित होकर माथे पर हाथ धरे रो रहा है।

समाज में पुरुष तो स्वाधीन (अपनी इच्छानुरूप जीने वाला) है, फिर महिला क्यूँ पराधीन है। कुल की नारी (परिवार) की स्थिति कब सुधरेगी। यही सभी व्यक्तियों की चिंता का विषय है। समाज की बेहतरी के लिए सोचना, बुराईयों को दूर करने का प्रयास करना ही एक जागृत समाज का लक्षण हैं। स्त्रियों की स्वाधीनता की बात कहकर झूमर लोकगायक स्त्री सशक्तिकरण के पक्ष में खड़े हो जाते हैं।

गीत-3

कहाँ से उमड़ल कारी बदरिया, बोल सखी
मोर बुंदे- बुंदे बरिसइ पानियाँ
गरजये-बरिसइ घन-घने मकलये
उमंग उमड़इ नदिया. बोल सखी मोर

विश्लेषण- नायिका अपनी सखी से पूछ रही है, कहाँ से उमड़े काले बादल बोल सखी! मेरे ऊपर बूंद–बूंद पानी बरस रहा है। घने-घने बादल गरज-बरस रहे हैं। नदिया उमंग (तेज प्रवाह) के साथ उमड़ रही हैं। बोल सखी! ये क्या हो रहा है?

गीत-4

सहियारी झूमइर
ककराँ देभीं खइटला, ककराँ देभीं मइचला
ककराँ देभीं रे भाइ, लाल बिछना.
आर पाकल पाना, भाइ पाकल पाना,
बरियाती के खइटला, सरियाती के मइचला
सहिया के देभीं भाइ, लाल बिछ-ना.
आर पाकल पाना, भाइ रे पाकल पाना,
ककर ले जे चा-चीनी, ककराई ले गुडा-पानी
ककरा रे भाइ, दही-दुधेक खाना
रे भाइ, दही-दुधेक खाना
बरियाती के चा-चीनी, सरियाती के गुडा-पानी
सहिया के रे भाइ, दही-दुधेक खाना
रे भाइ आम्हा पुरा-वना.

विश्लेषण - यह गीत संवादात्मक है। पहेली के रूप में बूझा गया है। किसकी दोगे खटोला, किसको दोगे बैठने का ऊँचा स्थान। रे भाई! किसको दोगे बैठने के लिए लाल बिछौना। बैठने के लिए सबसे अच्छा स्थान किसे दोगे? प्रत्युत्तर में कहा जाता है, बारातियों को खटिया पे बैठाया जायेगा। सरातियों(घर वालों) को ऊँची मचान पर बैठाया जायेगा और लाल बिछौने वाली सबसे बेहतर जगह सरिया (अपना ही हम-उम्र, दूसरी जाती का शख्स, जो गाँव जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है) को देंगे। किसके लिए चाय-पानी और किसके लिए गुड़-पानी है? किसके लिए भाई दही-दूध दोगे? बारातियों को चाय-पानी दिया जायेगा। सरातियों(घर वालों) को गुड़-पानी दिया जायेगा और दही-दूध का सबसे बेहतर खाद्य पदार्थ सरिया (अपना ही हम-उम्र, दूसरी जाति का शख्स, जो ग्राम्य रीतियों के अनुसार जीवन के अंतिम क्षण तक अपनी मित्रता का निर्वाह करेगा।) को देंगे। प्रस्तुत गीत लोक-जीवन में सरिया(मित्र) के महत्वपूर्ण स्थान को सूचित करता है। बाराती और सराती अपनी ही जाति के हैं, किन्तु अन्य जाति के व्यक्ति जिसे सरिया कहा गया है, वह नायक का हमउम्र, उसका मित्र और संबंधी समान ही आदर का पात्र है। सामाजिक सौहार्द की सुन्दर झलक लोक जीवन में मिलती है।

गीत-5

मन नाञ लागो-हइ परदेसवें गे धनि
चल घुरी आपन देस
आइग लागउ अइसन नउकरिया गे धनी
चल घुरी आपन देस
हुवईं मजुरी करब, डांगर किनी चास करब
घरें बईसी करब आपन खेतिया गे धनी
चल घुरी आपन देस
खटी-खुटी करब चास, लउवा-झींगा बारहो मास
तोरी-तोरी बेचंव बजरिया गे धनी
चल घुरी आपन देस
खेतिया में बड़ी भास, छुइट जितइ फिकिर-आस
रास नहीं आबइ नउकरिया गे धनी
चल घुरी आपन देस
आपन माटी बड़ी बेस, मन परइ भास-भेंस
परेमे भोरल सब के नजरिया गे धनी
चल घुरी आपन देस

विश्लेषण- इस गीत में नायक अपनी पत्नी से कह रहा है कि परदेस में मन नहीं लगता। चल वापिस अपने देस (घर) लौटते हैं। आग लगे ऐसी नौकरी में, जिसने सभी से दूर कर दिया है। पत्नी को संबोधित करते कहता है। धनि (भाग्यवान) चल अपने घर लौटते हैं। मजदूरी ही करनी है तो वहीँ करेंगे। अपने खेतिहर पशुओं की सहायता से खेती करेंगे। घर में रहकर हम अच्छे से खेती करेंगे। ख़ट लेंगे, मेहनत कर लेंगे। घिया, झींगा(तोरी) बारह मास फलेगी। जिसे तोड़-तोड़ कर बाजार में बेचेंगे. भाग्यवान) चल अपने देस (घर) लौटते हैं।

खेती में बड़ी भास(बेहतरी) है, खेती करके हम हर (कल की) चिंता से मुक्त हो जाएंगे। अपने देस अर्थात घर-परिवार से दूर यह नौकरी मुझे रास(पसंद) नहीं आ रही है। यहाँ मन नहीं लगता। धनि (भाग्यवान) चल अपने घर लौटते हैं। हमारी मिटटी बहुत ही अच्छी है। इसकी भाषा और भेष (संस्कृति) मन में बसी है। वहाँ सब का नजरिया प्रेम से भरा होता है। यहाँ हर चीज पराई है। धनि (भाग्यवान) चल अपने घर लौटते हैं. इन गीतों मे मजदूर होने की पीड़ा से मुक्ति की छटपटाहट है। अपने खेतों में खेती करने और अपने समाज के बीच रहने का सुकून इनका सरल मन खोना नहीं चाहता। वह परिश्रम करने से नहीं डरता, लेकिन पराई नज़रों मे अपने प्रति दिखने वाला अजनबीपन उसे भयभीत करता है। अपनी मिट्टी, अपने समाज से प्रेम ही राष्ट्र-प्रेम की चरम परिणिती को पाता है।

खोरठा झूमर गीत की विशेषताएं

- **तेज गति:** झूमर गीत एक तीव्र गति (जोशीला) नृत्य है, जो लोगों को थिरकने एवं झूमने के लिए बाध्य कर देता है। झूमर में वाद्य यंत्रों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। झूमर गीतों के साथ-साथ वाद्य यंत्र भी नृत्य में गतिशील होते हैं, झूमर का गायक अपने वाद्य-यंत्रों सहित झूमर ताल पर कदमों को तीव्र गति से थिरकाता है।

- **लयबद्ध धुन:** इन गीतों की धुन बहुत लयबद्ध होती है, जो नृत्य के लिए एकदम सही होती है। धुन मुख्यतः माँदर, ढोल, नगाड़ा, धमसा, बंसी, शहनाई, खंजरी से निकाला जाता है।
- **आकर्षक बोल:** झूमर गीतों के बोल बहुत ही आकर्षक और जीवंत होते हैं, जो प्रेम, प्रकृति, जीवन और सामाजिक मुद्दों को दर्शाते हैं। बोल खोरठा भाषा में बोले जाते हैं।
- **नृत्य:** झूमर गीतों को सुनकर लोग झूमने लगते हैं। ये गीत झारखंड की सांस्कृतिक पहचान का एक अभिन्न हिस्सा हैं।

झूमर गीतों को गाने का तरीका भी अलग-अलग होता है

- **एकल गायन:** इसमे गायक अकेले ही झूमर गीत गाता है और वाद्य यंत्र का प्रयोग करता है।
- **समूह गायन:** इसमें गायक समूह में झूमर गीत गाते हैं। कुछ लोग वाद्य यंत्र बजाते है, मुख्य गायक गीत प्रस्तुत करता है। शेष सभी साथी झूमर की ताल में थिरकते हैं।
- **वाद्ययंत्रों के साथ:** झूमर गीतों को वाद्ययंत्रों के साथ भी गाया जाता है। इसमे सभी कलाकार के हाथों में कोई न कोई वाद्य यंत्र होता है।

झूमर गीतों को विभिन्न अवसरों पर गाया जाता है। ये गीत झारखंड की संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा हैं और इनका उपयोग विभिन्न समारोहों और उत्सवों में किया जाता है। झूमर गीतों को गाए जाने वाले कुछ प्रमुख अवसरों में शामिल हैं:

- **विवाह:** शादियों में झूमर गीतों का विशेष महत्व होता है। बारात के स्वागत से लेकर विदाई तक की हर रस्मों पर झूमर गीत गाए जाते हैं। हर नेगाचेरी में झूमर गीत विवाह के रस्म को आगे बढ़ाने में मददगार होता है।
- **त्यौहार:** झारखंड में मनाए जाने वाले विभिन्न पर्व एवं त्योहारों, जैसे सोहराई, सरहुल, करम, जीतिया, होली, टूसऊ आदि में झूमर गीतों का उपयोग किया जाता है। उपरोक्त पर्व एवं त्योहारों में झूमर एक जरूरी नृत्य है।
- **कृषि कार्य:** किसान अपने काम के दौरान या फसल काटने से लेकर खलियान तक लाने के बाद झूमर गीत गाकर अपनी खुशी व्यक्त करते हैं।
- **समाजिक समारोह:** गाँवों में आयोजित होने वाले विभिन्न सामाजिक समारोहों में झूमर गीत गाए जाते हैं।

झूमर गीतों को गाने के पीछे कुछ कारण हैं:

- **प्रसन्नता :** झूमर गीतों के माध्यम से लोग अपनी खुशी और उत्साह का प्रकट करते हैं। तथा विभिन्न सामाजिक समस्यों एवं कुरतियों को उद्घाटित भी करता है।
- **सांस्कृतिक विरासत:** झूमर गीत झारखंड की सांस्कृतिक विरासत का एक हिस्सा हैं और इनके माध्यम से लोग अपनी संस्कृति को जीवित रखते हैं।
- **सामुदायिक एकता:** लोग झूमर गीतों को गाते हुए एक-साथ आते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। आमतौर पर झूमर समूह में ही प्रदर्शित होता है, जिसके कारण सामुदायिक एकता का भाव विद्यमान रहता है।
- **मनोरंजन:** झारखंड के ग्राम्य समाज में झूमर मनोरंजन का प्रमुख साधन है।

निष्कर्ष- झूमर गीत झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक अमूल्य खजाना हैं। ये गीत आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। झूमर गीतों की उत्पत्ति झारखंड के आदिवासी समुदायों की संस्कृति से हुई है। इन समुदायों में उत्सवों और समारोहों के दौरान झूमर गीत गाए जाते थे। झूमर गीतों के विषयों में कृषि, प्रकृति, और रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी घटनाएं होती थीं। किसान अपने काम के दौरान या उत्सवों में इन गीतों को गाकर अपनी खुशी व्यक्त करते थे। धीरे-धीरे झूमर गीत लोक संगीत का एक प्रमुख रूप बन गए। इन गीतों को गाते हुए लोग नृत्य भी करते थे, जिससे सभी की सक्रिय भागीदारी इन अवसरों को आकर्षक, महत्वपूर्ण बनती है वहीं इस गतिविधि को सामाजिक सोहार्द और समाज की एकता के अवसरों मे बदल देती है। आधुनिक युग में, झूमर गीतों में कुछ बदलाव आए हैं। इन गीतों में अब आधुनिक संगीत वाद्ययंत्रों का उपयोग किया जाता है। झूमर गीतों को संरक्षित करना और उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना बहुत जरूरी है।

संदर्भ

1. खोरठा लोक साहित्य, डॉ भोला नाथ महतो, के के पब्लिकैशन इलाहाबाद, पृष्ठ 94--95
2. खोरठा लोक साहित्य, शिव नाथ प्रमाणिक, खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद, बोकारो, पृष्ठ -95
3. खोरठा लोक साहित्य, शिव नाथ प्रमाणिक, खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद, बोकारो, पृष्ठ -95
4. खोरठा लोक साहित्य, शिव नाथ प्रमाणिक, खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद, बोकारो, पृष्ठ -96
5. खोरठा लोक गीतों का सांस्कृतिक अध्ययन, डॉ विनोद कुमार पृथ्वी प्रकाशन,दिल्ली, पृष्ठ 72
6. सेवान्ती (खोरठा गीत संगरह), खोरठा भाषा विकास समिति, बोकारो, पृष्ठ -70

****

वाल्मीकि की कहानी 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' में शिक्षा का महत्व

-रोहित यादव
असिस्टेंट प्रोफेसर
बलवंत विद्यापीठ रूरल
इंस्टीट्यूट,बिचपुरी, आगरा।

दलित साहित्य में ओमप्रकाश वाल्मीकि एक चर्चित नाम है और चर्चा का कारण उनकी आत्मकथा 'जूठन' रही है जिसका सरोकार लेखक के यथार्थ जीवन से है। इसके अलावा वाल्मीकि जी दलित चिंतक के रूप में भी प्रख्यात हुए। वाल्मीकि जी में कहानी लेखन कला भी कूट कूट कर भरी थी जिसके कारण वे कहानियां भी लिखें। उनकी प्रमुख कहानियों में सलाम, बैल की खाल, शवयात्रा, खानाबदोश,पच्चीस चौका डेढ़ सौ, भय आदि हैं। उनकी कहानियां दलित जीवन के यथार्थ का जीवंत दस्तावेज है। उनकी पच्चीस चौका डेढ़ सौ शैक्षिक महत्व को प्रदर्शित करती प्रमुख कहानी है। वर्तमान समय में शिक्षा का संबंध केवल नौकरी से लगाया जाता है जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। यह मात्र भ्रम है। शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन स्थान को निर्धारित करती है। व्यक्ति के जीवन में शिक्षा की आवश्यकता हर क्षण एवं हर कदम पर होती है। शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन अंधकारमय है। शिक्षा के अभाव के कारण ही दलितों का शोषण बनिया, सेठ, साहूकार सदियों से करते आये हैं। कहानी का नायक सुदीप का पिता शिक्षित नहीं है पर शिक्षा के महत्व का बखूबी उसे बोध है तभी तो वह सुदीप का दाखिला स्कूल में कराने जाता है तो गिड़गिड़ा कर मास्टर फूलसिंह से कहता है " मास्टर जी, इस जातक कू अपनी सरण में ले लो। दो अक्षर पढ़ लेगा तो थारी दया ते यो बी आदमी बाण जागा। म्हारी जिनगी भी कुछ सुधर जागी।[1] विद्यालय में दाखिला के पश्चात उसके मन में अति प्रसन्नता होती है। वह पूर्णतः आश्वस्त है की शिक्षा प्राप्ति में ही जीवन का उद्धार निहित है। उसके बिना जीवन मूल्यहीन है।

निहायत भोले भाले आदमी सुदीप के पिता को चौधरी द्वारा मजबूरी में सौ रुपए दिता जाता है बदले में शैक्षिक अभाव के कारण शोषण करता है और कहता है " मैं तेरे बुरे बखत में मदद करी ती। इब तू ईमानदारी से सारा पैसा चुका देना। सौ पर पचीस हर महीने ब्याज के बनते हैं। चार महीने हो गए हैं। ब्याज ब्याज ब्याज के हो गए हैं। "पचीस चौका डेढ़ सौ"।[2]

सुदीप के पिता को खुद से ज्यादा विश्वास चौधरी पर होता है क्योंकि जब सुदीप को स्कूल में गृहकार्य के रूप में पचीस का पहाड़ा याद करने को दिया जाता है और बालक सुदीप जब पचीस का पहाड़ तेज तेज आवाज में याद करता है और पच्चीस चौका सौ पढ़ता है तो यह आवाज उसके पिता के कानों तक पहुंचती है और वह सुदीप को रोकता है और कहता है कि बेटा पच्चीस चौका डेढ़ सौ होता है और विश्वास पूर्वक कहता है कि बेटा चौधरी ने ही तो बताया है कि पच्चीस चौका डेढ़ सौ होता है पहाड़े की गणित समझने के बाद भी वह अपने पिता को पच्चीस चौका सौ होता है बताने में असफल रहता है। शैक्षिक अभाव के कारण चौधरी पर उसे इतना विश्वास है कि वह स्कूल की किताब और शिक्षक को भी गलत ठहराते हुए कहता है कि "तेरी किताब में गलत भी तो हो सके... नहीं तो क्या चौधरी झूठ बोलेंगे। तेरी किताब से कहीं बड़े आदमी हैं चौधरी जी। उनके पास तो मोटी मोटी किताबें हैं वह जो तेरा हेड मास्टर है वह भी पांव छूए है चौधरी के फिर भला वह गलत बताएंगे, मास्टर से कहना सही-सही पढ़ाया करें।"[3]

पिता को समझाने में असफल होने की घटना से उसके मन में बेचैनी उत्पन्न हो जाती है परंतु जब सुदीप नौकरी की पहली तनख्वाह पाता है तो वह सीधे घर का रुख करता है सुदीप को घर देखते ही उसके पिता सवाल करते हैं कि "अचानक क्या बात है? सहर में जी नी लग्या।"[4]

सुदीप ने सहजतापूर्वक कहा-" नहीं ऐसी बात नहीं बस ऐसे ही चला आया।"[5]

परंतु सुदीप के मन में यह बात तब तक सालती रहती है जब तक कि वह तनख्वाह के रुपए नहीं पाया था जैसे ही उसे तनख्वाह मिली उसे लगा आज आज शैक्षिक महत्व एवं पच्चीस चौका डेढ़ सौ प्रमाणित करने का अवसर आ गया है "जेब से निकालकर तनख्वाह के रुपए उनके हाथ में रखकर पांव छूए,पिता जी गदगद हो गए, दोनों हाथों में रुपए थाम कर माथे से लगाए जैसे देवता का प्रसाद ग्रहण कर रहे हों"।[6]

निश्चित रूप से पिताजी को शैक्षिक महत्व का बोध था परंतु सुदीप के पिता पढ़े लिखे नहीं थे उनकी आंखों में निराशा साफ झलक रही थी वह रुपए गिनने में असमर्थता व्यक्त करते हुए सुदीप से कहते हैं कि तू ही गिन के बता दे तब सुदीप दबे स्वर में कहता है " पिताजी ये चार जगह पच्चीस-पच्चीस रुपए हैं अब इन्हें मिलकर गिनते हैं चार जगह का मतलब है पच्चीस चौका। कुछ क्षण रुक कर सुदीप ने पिताजी की ओर देखा। फिर बोले अब,अब देखते हैं पच्चीस चौका सौ होते हैं या डेढ़ सौ।"[7]

इस प्रकार का दृश्य देखकर पिताजी आश्चर्यचकित हो गए उनके चेहरे पर सन्नाटा की झलक साफ दिखाई दे रही थी उनमें निराशा का भाव झलक रहा था उनके नेत्रों के समक्ष चौधरी का चेहरा बार-बार घूम रहा था तीस पैंतीस साल पूराना दृश्य पुनः प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा था। और इस दृश्य को न जाने उन्होंने कितनी बार अपने जीवन में दोहराया होगा, आज वही दृश्य फिर से सुदीप उनके समक्ष नए रूप में प्रस्तुत कर रहा था।

पिताजी को चौधरी पर इतना यकीन था कि यह सब दृश्य दिखाकर मानो सुदीप उनकी नजरों को धोखा दे रहा है वह रुपए अपने हाथ में लेकर गिनने का प्रयत्न करते लेकिन बीस पर जाकर अटक जाते पर सुदीप ने हर बार उनकी सहायता की और वह अंत में रुपए गिनने में सफल हुए सुदीप ने उनके हर शंका का समाधान हर प्रकार से किया।

अंततः आज पिताजी को यकीन हो गया कि सुदीप ने जो दृश्य दिखाया एवं समझाया, वह ठीक है पच्चीस चौका डेढ़ सौ नहीं बल्कि पच्चीस चौका सौ होता है क्योंकि आज दूध का दूध, पानी का पानी हो गया था।

"पिताजी के हृदय में जैसे अतीत जलने लगा था उनका विश्वास जिसे पिछले 30-35 सालों से वह अपने सीने में लगाए चौधरी के गुणगान करते नहीं अघाते थे,आज अचानक कांच की तरह चटक कर उनके रोम-रोम में समा गया था उनकी आंखों में एक अजीब सी वितृष्णा पनप रही थी। जिसे पराजय नहीं कहा जा सकता बल्कि विश्वास में छले जाने की गहन पीड़ा ही कहा जाएगा।"8

चौधरी पर इस प्रकार का अंधविश्वास शैक्षिक अभाव के कारण ही था शैक्षिक अभाव के कारण ही चौधरी पिताजी का शोषण करता रहा शायद शिक्षा होती तो चौधरी इस प्रकार शोषण न कर पाता। पिताजी का विश्वास आज तार तार हो रहा था उनकी आत्मा उन्हें धिक्कारती हुई मानो कह रही हो " कीड़े पड़ेंगे चौधरी... कोई पानी देने वाला भी नहीं बचेगा।"9

निष्कर्षतःयह कहां जा सकता है कि प्रस्तुत कहानी में शैक्षिक महत्व को बखूबी प्रतिपादित किया गया है और यह बताया गया है कि शिक्षा की आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में हर क्षण एवं हर कदम पर होती है शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अंधकारमय है। शिक्षा मनुष्य में विवेक उत्पन्न करती है। सही गलत का पहचान कराती है शिक्षा मनुष्य के जीवन एवं स्थान को भी निर्धारित करने में अहम भूमिका निभाती है इसलिए व्यक्ति के जीवन में शिक्षा परम आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची-

1. सलाम (क. सं.), पृ.सं.79, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, चौथा संस्करण 2016
2. वही पृ.सं. 81
3. वही पृ.सं. 80
4. वही पृ.सं. 83
5. वही पृ.सं. 83
6. वही पृ.सं. 83
7. वही पृ.सं. 84
8. वही पृ.सं. 84
9. वही पृ. सं. 84

****

फणीश्वर नाथ रेणु के उपन्यासों में राजनैतिक जागरुकता तथा समाजिक चेतना

विष्णु
पीएच.डी हिन्दी दिल्ली विश्वविद्यालय (डी.यू.)
फोन नं.—9716991785
ई मेल—vishutanwar90@gmail.com

स्वाधीनता से पूर्व भारतीय मानस की राजनैतिक अपेक्षाएँ अत्यन्त स्पष्ट थी जो यह व्यक्त करती है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दासता के कुचक्र से मुक्ति मिले। शहरों में औद्योगिक विकास के केंद्रीकृत स्वरूप के कारण ग्रामीण क्षेत्र अधिकांश उपेक्षित रहे हैं। शहरों में औद्योगिक विकास के केंद्रीकृत स्वरूप के कारण ग्रामीण क्षेत्र अधिकांश उपेक्षित रहे हैं। फलतः ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के व्यावहारिक धरातल भिन्न–भिन्न रहे हैं। शहरी जनता का मानसिक धरातल गांव की अपेक्षा अधिक विस्तृत है। इसकी तुलना में ग्रामीण क्षेत्र अंधविश्वासों एवं अन्य संकीर्णताओं और रुढ़ियों के कारण अत्यन्त सीमित परिवेश में जीवन यापन की समस्याओं से घिरे रहे। स्वाधीनता के पश्चात् भारतीय ग्रामों में आमूल परिवर्तनों की कामना सभी पक्षों को भी किन्तु परिस्थितियों के विपरित होने के कारण योजना–नियामकों ने भी बड़े उद्योगों के विकास के लिए योजना प्रस्ताव रखे। क्योंकि भौतिक समस्याओं से देश बुरी तरह घिरा था और प्रथम देश–विभाजन ने देश की सारी अपेक्षाओं और मनोवृत्तियों को झकझोर दिया था। स्वाधीनता संग्राम में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले और लड़ने वाले हिन्दू–मुस्लिम ही एक–दूसरे के खून के प्यासे हो गए थे। इसके मूल में अंग्रेजों की वे नीतियाँ थी, जिन्होंने भंयकर धार्मिक विद्वेष का वातावरण निर्मित किया। जनता को यह मालूम नहीं था कि अंग्रेज किस तरह की चाल चल रहे हैं। और तभी इस चाल का पता स्वतंत्रता के जनता में जो जागृति उत्पन्न हुई उससे वह अपने देश के लिए हर–तरीके से तत्पर रहें।

स्वतंत्रता के बाद देश में राजनीति अपने व्यापक एवं जटिल रूप में प्रस्फुटित जरूर हुई, और इसके अनुकूल एवं प्रतिशत दोनों ही परिणाम सिद्ध भी हुए। जनता ने राजनीति में भाग लेना शुरू किया और अपने हित के लिए समाज के लिए आवाज़ उठाई, न कि राजनीति का शिकार हुई। रेणु जी ने भी अपने उपन्यासों में राजनीति के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों को स्पष्ट किया है। स्वतंत्रता के पश्चात् राजनैतिक जागरूकता की दिशाओं में विकास आया। पहले राजनीति लक्ष्य केवल 'स्वतंत्रता' था किन्तु धीरे–धीरे यह लक्ष्य अधिक जटिल हो गया। राजनैतिक रूप में सत्ताधारी वर्ग के चरित्र में जो परिवर्तन आया वह 'कुर्सी' की राजनीति में सीमित हो गया। अतः स्वाधीनता से पूर्व जनता को दिये वायदों को भूलकर राजनेता अपनी–अपनी कुर्सी संभालने में व्यस्त हो गए। गांवों में जमींदारों और जागीरदारों के अधिकार–हनन से समस्या अधिक जटिल हो गईं जमींदार अपने अधिकार को कायम रखने के लिए राजनीति की तरफ झुके। पहले वे जमींदार के रूप में वातावरण को विषाक्त करते रहे, बाद में चलकर वे राजनीति में आकर पंचायत में मुखिया बनकर विष घोलने लगे। परिणामतः ग्रामीण जनता की स्थिति स्वतंत्रता के बाद अधिक जटिल हो गयी।

रेणु के उपन्यासों में इन स्थितियों का विवरण स्पष्टतः देखने को मिलता है, तथा किस तरह उन्होंने इन परिस्थितियों से आम जनता को जागृत किया है, वह दृष्टि भी साफ दिखाई देती है। स्वातन्त्रयोत्तर ग्रामीण परिवेश में स्वतंत्रता की प्राप्ति ही वहाँ की सामाजिक चेतना का मूल उत्स है। हमारे ग्राम जीवन में द्रूत गति से आए दिन परिवर्तन होते रहते हैं। धीरे–धीरे ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान का प्रवेश होता है। ग्रामीण कृषक वैज्ञानिक संपदा के प्रति पहले सशक्ति तो रहता है किन्तु वह कृषि सम्बन्धी गतिविधियों में उनके उपयोग के बारे में उदार रहता है। विज्ञान की सहायता से जन–संचार साधनों की पहुँच अब गांवों तक हो गयी है। रेणु जी के यह उपन्यास 'परती : परिकथा' में विज्ञान का यह प्रवेश तात्कालिक भी है और वैकल्पिक भी। इसी तरह 'मैला आँचल' में युवकों की गतिविधियों का राजनैतिक प्रयोजन बहुत ही स्पष्ट तरीके से है। 'प्रातः काल उठके देखते हैं कि गांव भर के लौंडे इसी तरह झण्डा लेकर इनकिलाब जिंदाबाद करते हुए गाँव में घूम रहे हैं। फलिस दारोगा को देखकर और जोर से चिल्लाते थे सब। लो भाई चिल्लाओ, तुम्हारा राज है। अभी फलिस दारोगा मन ही मन गुस्सा पीकर रह गए। पिछले 'मोमेंट' में जनता ने जोश में आकर 'अड़गड़ा' जला दिया और कलाली लूट लिया'

राष्ट्रीय धरातल पर उभर रही राजनैतिक मानसिकता के अनेक बिम्ब 'मैला आँचल' में भी देखने को मिलते हैं।

रेणु का उपन्यास 'जुलूस' उन पारस्परिक वैमनस्यों, मूल्यों, तनावों, अनास्थाओं और नैतिकता–अनैतिकता की जीवंत कथा है जिसकी पृष्ठभूमि ही पंचायत के निर्माण पर आधारित है। ग्राम पंचायत ने गाँव में विभिन्न संघर्षों एवं प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया है। उपन्यास में जगह–जगह पर रामचंद्र चौधरी और तालेवर गोढ़ी के बीच तनाव मिलता है। पहले रामचंद्र चौधरी गाँव का मुखिया था। बाद में उसके पुत्र के हुक्म के परिणामस्वरूप उसकी सारी सम्पत्ति जाती रही साथ–ही–साथ मुखियागिरी भी। तालेवर गोढ़ी में इस सुअवसर पर पूरा–पूरा लाभ उठाया। चूंकि यह व्यक्ति गाँव में सबसे रईस व्यक्ति है इसलिए वह गाँव का मुखिया माना जाता है। पंडित रामचन्द्र चौधरी अपने आपसी वैमनस्य के कारण उसे अपमानित करने में सचेष्ट दिखता है। शारदा बर्मन का यह कथन इस तथ्य को बल देता है–'अभी अभी चौधरी और चौधरी का बेटा मुझे रास्ते में मिला। पूछा कि तुम्हारी गाँव में कोई शादी हो रही है। मैंने कहा नहीं। शादी नहीं भोज है। तालेवर बाबू ने गाँवभर के लोगों को भोज दिया है। तो रामचंद्र चौधरी बोली की पहले भोज दिया है, बाद में शादी भी करेगा।' इस तरह रेणु जी के जुलूस उपन्यास में विभिन्न मूल्य, वैमनस्यों का विवरण देखने को मिलता है। पंचायत राज की स्थापना और प्रक्रिया को स्पष्ट करता हुआ रेणु का 'मैला आँचल' उपन्यास ग्राम जीवन के परिवर्तित संदर्भों में उभरती हुई समाज चेतना को रूपायित करता है। पंचायतों ने जहाँ ग्राम–स्वराज्य की सुखद कल्पना दी थी, वहीं उनमें कुछ ऐसे तत्व भी आए जिन्होंने पंचायतों का वर्तमान स्वरूप 'विरूप' जैसा स्थापित कर दिया। राजनीतिक अधिकार–बोध ा, दाँव–पेंच, पारस्परिक वैमनस्य, मूल्य, तनाव, जीवन संबंधों में विघटन आदि पंचायत की देन है। उदाहरण–

'सारी पंचायत में दो ही व्यक्ति ऐसे हैं जिनके ऊपर मेल–मिलाप की खुशी का उल्टा असर हुआ हैं खेलावन सिंह यादव को जिस चालाकी से एक किनारे किया है, इसे कोई नहीं समझ पावे, लेकिन खेलावन ने सब समझ लिया। खेलावन की चर्चा भी नहीं की सिंध ने। और इस तहसीलदार को तो देखे, तुरंत गिरगिट की तरह रंग बदल लिया। लड़ाई–झगड़ा यादव टोली से था और गले मिले तहसीलदार जी। खेलावन को सठबरसा नहीं समझना सब चालाकी समझते हैं।' राजनैतिक जागरूकता के रूप में समाज–चेतना के विस्तार के फलस्वरूप ग्रामीण कृषकों में एक नई जागृति आयी है। कहा जा सकता है कि राजनीति की यह सही देन है। एक सकारात्मक प्रवृत्ति के रूप में। 'मैला आँचल' में यह सैनिक जी के भाषण में इस चेतना का उदयोन्मुखी रूप देखने को मिलता है। यही सामाजिक चेतना अब विस्तार पाकर जमींदारों और पूँजीपतियों के प्रति आक्रोश व्यक्त करती है। उदाहरण–

'जिस प्रकार सूरज का डूबना एक महान सच है, पूँजीवाद का नाश होना भी उतना ही सच है। मिलों की चिमनियाँ आग उगलेंगी और उन पर मजदूरों का कब्जा होगा। चारों ओर लाल धुँआ मँडरा रहा है। उट्ठो किसानों के सच्चे सप. ूतो! धरती के सच्चे मालिको उट्ठो! क्रांति का मशाल लेकर आगे बढ़ो। बोलिए एक बार प्रेम से.....**'सोशलिस्ट पार्टी की जय'** यह पार्टी असल पार्टी है किसानों की पार्टी, गरीबों की पार्टी' राजनैतिक जागरूकता के कारण ही हम देखते हैं कि ग्रामीण जन जमींदार के विरुद्ध कालीचरन व वासुदेव की रहनुमाई से किसान–मजदूर का संगठन बनता है। मजदूर व कृषक अपने अधिकारों के प्रति सचेत हो रहे हैं। सामंत और जमींदारों के शोषणकारी दमनकारी कायदे–कानून जमींदारी उन्मूलन तथा जन–जागृति के कारण कापी टूटे। जमींदारी उन्मूलन से यह वर्ग आहत हुए, नयी समाज चेतना के कारण वे लोग उनके सामने तनकर खड़े हो गए जो उनके अन्याय के शिकार होकर भी उन्हें अपना सर्वस्व मानते थे। कुछ जमींदार तो टूट गए, कुछ नयी चालाकियों के साथ अवतरित हुए। यह रूप और अधिक कथानक था–यह रूप समाज सेवक का था, किंतु प्रकृति शोषण की थी। 'परती : परिकथा' में श्यामगढ़ के राजा कामरूप नारायण। जमींदार उन्मूलन से उत्पन्न कुंठा ने उन्हें राजनीति में सक्रिय भाग लेने को प्रेरित किया। परानपुर के जितेन्द्र को भी यही सलाह दी कि अपने भूतपूर्व अधिकारों को यथास्थिति में रखने के लिए उसे भी युग की हवा के साथ बदलना होगा। अपनी राजगद्दी की सुरक्षा हेतु उन्होंने एक नयी पार्टी 'प्रजापार्टी' का गठन किया। यहाँ कितना बड़ा व्यंग्य है कि नाम प्रजापार्टी और काम राजाओं के अधिकार की सुरक्षा और जब हम उस पार्टी के कार्यकारी सदस्यों का परिचय पाते हैं तो उस व्यंग्य की गहराई और भी स्पष्ट हो जाती है। जितेन्द्र को बताते हुए कामरूप नारायण कहते हैं–'अपने स्टेट के तीन सर्किल मैनेजर, पचास पटवारी और डेढ़ सौ प्यादों को लेकर मैने 'प्रजापार्टी' का शिलान्यास किया है। कहा, चलो। तुम्हारी नौकरियाँ अपनी जगह पर बरकरार। जमींदारी गया है, काम

बदल गया है। और आज देखो। कई वामपंथी सधे–साधए लोग आ गए हैं। वकील, मुख्तार, प्रोफेसर, छात्र महिलाएँ। जो सही नेतृत्व के अभाव में बुझी जा रही थी। पिछले दिनों दो–दो वामपंथी पार्टियों ने प्रजापार्टी के झंडे के साथ अप. ना झंडा बाँधकर विधानसभा के सामने प्रदर्शन किया है....रेंट फ्री लैण्ड, और बगैर किसी खजाना के जमीन। दे सकी है आज तक कोई पार्टी ऐसा क्रांतिकारी नारा?' यह राजनै. तिक जागरूकता पूरे समाज को प्रभावित करती है। रेणु के उपन्यासों का समाज हमेशा ही राजनीति से प्रभावित होता चलता है। रेणु ने बड़ी कुशलता के साथ इस तथ्य को स्पष्ट किया है कि किस प्रकार राजनीति सामाजिक चेतना को प्रभावित करती चलती है। स्वातंत्रयोत्तर भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी कुशलता है, देश की अपेक्षा दलों को महत्वपूर्ण समझना। देश में अनेक छोटे–बड़े दल बन गए हैं और वे दल समाजवाद का नारा देकर भी जातिवाद, संप्रदायवाद या क्षेत्रवाद पर आधारित है। वे जनता के सामाजिक और आर्थिक जीवन के विघटन के सबसे बड़े कारण है। दल जनता से चंदा और वोट मांगते हैं और अपना उल्लू सीधा करते हैं। राजनैतिक जागरूकता के कारण आयी या जागृत हुई सामाजिक चेतना के परिणामस्वरूप ही 'मैला आँचल' की लक्ष्मी कोठारिन बालद. `व के चँदा माँगने के उद्देश्य को समझ जाती है और राजनीतिक फैलाव पर व्यंग्य करती हुई कहती है–'गाँव में तो रोज नया सेण्टर खुल रहा है... मलेरिया सेण्टर, काली टोपी सेण्टर, लाल झण्डा सेण्टर और चरखा सेण्टर।'

मेरीगंज राजनीतिक दलीय प्रतिबद्धता से अवगत है। अपने–अपने स्वार्थ की पूर्ति हेतु गाँव के लोग विभिन्न घ ाटकों से विशिष्ट आशा करते हैं और उनके नारों को स्वर देते हैं। युगों से पीड़ित, शोषित और असहाय लोगों का नेता कालीचरन सोशलिस्ट पार्टी का नेता है। वह इन दोनों के भीतर उनके अधिकारों का बोध कराकर उनके भीतर विद्राह भरता है। उनके अंतस्तल को झकझोरता है। राजनै. तिक जागरूकता समाज चेतना को दूसरे कोण से भी विस्तृत करता है। छोटे–बड़े नेता जनता को अंधेरे में र खकर अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं। 'परती : परिकथा' का लुत्तो यही काम करता है। उसके इस कृत्य का रहस्योद्घ ाटन करता हुआ जितेन्द्र गाँव के लोगों को कहता है–'मुझे ऐसा भी लगता है कि जानबूझकर ही आपको अंध ाकार में रखा जाता है क्योंकि आपकी दिलचस्पी से उन्हें खतरा है। इन कामों से आपका लगाव होते ही नौकरशाहों की मन मानी नहीं चलेगी। एक कप चाय पीने के लिए तीन गैलन तेल जलाकर वे शहर नहीं जा सकेंगे। सीमेंट की चोरबाजारी नहीं कर सकेंगे। नदियों पर बिना फल बनाए ही कागज पर फल बनाकर बाद में बाढ़ से फल के बह जाने की रिपोर्ट वे नहीं दे सकेंगे।' यह समाज चेतना अब नेताओं का चरित्र बखूबी समझती है। राजनीति ने जन मानस को इतना जागरूक कर दिया है कि नेता भी अपनी असलियत स्वंय कहने लगे हैं.....'मैं क्या करूँ? एक अनार सौ बीमार। अकेला एक एम.एल.ए. सारे इलाके के अभावों की पूर्ति कैसे करवा दे सकता है? और क्योंकि चुनाव में बार–बार जीतना है, इसलिए निराश भी नहीं करना है।.....एक झूठ को दूसरे से, दूसरे को तीसरे से ढँकते–ढँकते मूल झू की जड़ मजबूत हो जाती है।'

इस प्रकार रेणु जी के उपन्यासों में राजनैतिक जागरूकता तथा सामाजिक चेतना का रूप स्पष्ट दिखाई देता है। जनसाधारण की जागृति दिखाई पड़ती है, और नेताओं ने गांव की भोली–भाली जनता का किस प्रकार सत्य से वंचित रखा यह भी दिखाई देता है। परन्तु रेण ने अपने उपन्यासों में पात्रों के भीतर जागृति उत्पन्न की और साथ ही राजनीति का पर्दाफ़ास किया है। इस प्रकार इन उदाहरणों को देखते हुए कह सकते हैं कि रेणु जी के उपन्यासों में समाज चेतना का विस्तार, समझ आदि का विस्तार बहुत ही व्यापक रूप से हुआ है।

संदर्भ–सूची

1.रेणु– मैला आँचल पृ.–40
2.रेणु–जुलूस–पृ.–40
3.रेणु–मैला आँचल–पृ.–34
4.रेणु–मैला आँचल–पृ.–109
5.रेणु–मैला आँचल–पृ.–467
6.रेणु–मैला आँचल–पृ.–123–124
7.परती परिकथा–पृ.–508
8.जुलूस पृ.–117
9. फनीश्वरनाथ रेणु के उपन्यासों में राजनैतिक परिप्रेक्ष्य, डॉ. अमरेन्द्र मिश्र, हिन्दी बुक सेंटर नई दिल्ली–110002, सं. –1998
10.रेणु का कथा–संसार, शेफालिका, राधाकृष्ण प्रा.लि. न.दि. –110002, सं.–1996

****

भाषा,संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता

– मंजुल कुमार सिंह
हिंदी विभाग
सत्यवती कॉलेज (सांध्य)
दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली

निर्मल हिन्दी के उन बिरले चिंतकों में से है जो परंपरा, संस्कृति और अस्मिता का किसी देश की जातीय भाषा से क्या संबंध हो सकता है, इसकी गहन छानबीन करते है। इस अर्थ में भी वे प्रतिबद्ध हैं, लेकिन किसी आयातित अर्थ में नहीं बल्कि प्रतिबद्धता उनके लिए एक दृष्टि है जो वह अपना परंपरा और संस्कृति से प्राप्त करने का आग्रह रखते है। इस प्रक्रिया में वे कहां तक सपफल होते है और कहां तक असफल यह बहस का मुद्दा हो सकता है, लेकिन उनकी ईमानदारी पर उंगली नहीं उठाई जा सकती है।

स्वतंत्रता संग्राम के बाद हमने संवैधानिक स्वतंत्रता तो हासिल कर ली है। लेकिन हमारी सारी व्यवस्था, हमारा राजनैतिक नेतृत्व, साथ ही हमारा बौद्धिक नेतृत्व उन लोगों के हाथ में है, जो बकौल सार्त्र यूरोप निर्मित हैं।

निर्मल वर्मा के चिंतन का प्रस्थान बिन्दु काल का वह खण्ड है, जिसे हम आक्सपफोर्ड के प्रख्यात इतिहास कार ट्रेवर-रोपर के शब्दों में इस तरह कह सकते है-"साम्राज्यवाद ने हमारे देश में दुःसाहसिक प्रयास किया तभी हमें इतिहास में प्रवेश का मौका मिला।"[1]

इस साम्राजयवादी इतिहास के हमारे देश में प्रवेश के क्या घातक परिणाम हो सकते है, ओर हुए भी है। इस पर विचार करते हुए निर्मल हिंदी के बौद्धिक परिदृश्य पर निगाह डालते हुए कहते है-"हिन्दी का बौद्धिक परिदृश्य खोए हुए जातीय शब्दों का उसर मरूस्थल सा दिखाई पड़ता है।"[2]

आखिर किसी समाज में जातीय शब्दों की क्या भूमिका हो सकती है? किसी भाषा का चयन करते समय हमारा क्या दृष्टिकोण हो सकता है? केन्या के प्रख्यात साहित्यकार-न्गुगी-वा-थिओंगो ने इसका उत्तर इन शब्दों में दिया है "किसी भाषा का चयन करते समय और उसका इस्तेमाल करते समय महत्वपूर्ण बात यह है कि वह व्यक्ति अपने देश की जनता को अपनी प्राकृतिक और सामाजिक परिस्थितियों के संदर्भ में अथवा समूचे विश्व के संदर्भ में किस तरह परिभाषित करता है।"[3]

किसी भी भाषा का किसी संस्कृति से क्या संबंध हो सकता है, इस पर विचार करते हुए निर्मल कहते है-"भाषा का चरित्र दोहरा होता है, वह सम्प्रेषण का माध्यम होने के साथ-साथ संस्कृति का वाहक भी होती है।"[4]

संस्कृति संचार का साधन है। भाषा संस्कृति का वाहक है और संस्कृति अपने मौखिक और लिखित साहित्य के जरिए मूल्यों के समूचे पुंज को लेकर चलती है। मूल्यों का क्रमिक संचयन होता है जो समय के साथ स्वयं सिद्ध का सत्य का रूप ले लेते है, और उनके आंतरिक तथा बाह्य संबंधों में सही गलत, अच्छे और बुरे, सुन्दर और असुन्दर, साहस और कायरता की अवधारणा को संचालित करते है। समय बिताने के साथ वह जीवन पद्धति हो जाती है, जो अन्य जीवन पद्धतियों से भिन्न होती है।

संस्कृति में वे सभी नैतिक और सौन्दर्य परक मूल्य समाहित होते है जिसके जरिए हम विश्व में अपने स्थान को निर्दिष्ट करते है। न्युगी-वा-थिओंगो के शब्दों में कहा जा सकता है कि"जनसमुदाय की अस्मिता और मानव समुदाय का सदस्य होने के विशिष्ट बोध का आधार मूल्य ही है और इन सारे मूल्यों के वहन का काम भाषा करती है।"[5]

एक संस्कृति के रूप में भाषा जनता के अनुभवों का सामूहिक स्मृति भंडार है। संस्कृति उस भाषा से लगभग पूरी तरह अनिमेष हे, जो उसकी उत्पत्ति-निर्माण-विकास, अभिव्यक्ति और यथार्थ में एक पीढ़ी से दूसरी तक सम्प्रेषण का काम करती है। जैसा कि निर्मल कहते है "किसी भी संस्कृति की पहचान उसके यथार्थ तक सीमित नहीं है, वह अपने स्वप्नों द्वारा भी अपनी विशेषता उजागर करती है।"[6] और एक संस्कृति और उसकी स्मृति में क्या संबंध है इसे बताते हुए निर्मल कहते है "एक संस्कृति का स्वप्न उसकी स्मृतियां निर्धारित करती है। शब्द में यदि स्वप्न का संकेत है तो स्मृति की छाया भी। इसीलिए कोई भी भाषा कभी मृत नहीं होती। अतीत का सब कुछ मर मिट जाए तो भी उसकी भाषा में जीवित रहता है। भाषा के माध्यम से हम वर्तमान में रहते हुए भी अतीत से संबंध कायम रखते हैं।"[7]

निर्मल के लिए भाषा अपने आत्मबोध को पहचानने का माध्यम है। आत्माबोध वह है जो लम्बी जातीय स्मृति द्वारा संचित होता है। भाषा द्वारा ही इस आत्मबोध को हम किसी विशिष्ट परिस्थितियों में परिभाषित करते है जैसा कि निर्मल कहते है-"हम भाषा की छाया है, अपना यथार्थ उसमें गढते हैं, अपने को उसमें और उसके द्वारा परिभाषित करते हैं।"

भाषा, संस्कृति और परंपरा का किसी देश की राष्ट्रीय अस्मिता से क्या संबंध हो सकता है अंग्रेज सम्राज्यवादी इसको पहचानते थे। इसीलिए भारतीय राष्ट्रीय अस्मिता को नष्ट करने के लिए सबसे पहले इस देश की भाषा पर वार किया गया, जैसा कि मैकाले ने कहा-"हम भारत में पश्चिमी संस्कृति का महत्त्व तब तक स्थापित नहीं कर देते जब तक भारतीय शिक्षा पद्धति से संस्कृत को हटा नहीं देते।" निर्मल का मानना है कि उन्नीसवीं शती के राष्ट्रीय चेतना के बीज इसी भाषायी तथा सांस्कृतिक अस्मिता में निहित थी जिसे बाद के हमारे पश्चिमी अभिजात्य वर्ग ने त्याग दिया है।

ध्वनियों, शब्दों, वाक्यांशों में शब्द-क्रमों की विशिष्टता और इन्हें क्रमबद्ध रूप देने का खास अंदाज अथवा नियमों से एक भाषा की दूसरी भाषा से विशिष्टता का पता चलता है। इस प्रकार कोई विशिष्ट संस्कृति भाषा के जरिए अपनी सार्वभौमिकता में नहीं बल्कि समुदाय की विशिष्टता के रूप में सम्प्रेषित होती है। निर्मल के शब्दों में इसे इस प्रकार कहा जा सकता है-"जिसे हम संस्कृति का सत्य कहते हैं, वह और कुछ नहीं शब्दों में अन्तर्निहित अर्थों की संयोजित व्यवस्था है। जिसे हम यथार्थ कहते है इन्हीं अर्थों की खिड़की से देखा गया बाह्य जगत है। जिस अनुपात में हम भाषा से उन्मूलित होते है उसी अनुपात में बाहर का परिदृश्य धुंधला पड़ने लगता है।"[8]

वस्तुतः निर्मल का यह मानना है कि पश्चिमी शब्दों या प्रत्ययों से हम अपने को परिभाषित नहीं कर सकते हैं क्योंकि वे पश्चिम की वैचारिक प्रक्रिया के पूर्वग्रहों की उपज हैं। इस प्रकार हम अपनी भाषा के द्वारा ही खुद को परिभाषित कर सकते है, क्योंकि संस्कृति के रूप में भाषा बिम्ब निर्माण करने का माध्यम है। व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से एक जनसमूह के रूप में हमारे होने की अवधारणा उन बिम्बों और प्रतीकों पर आधारित होती है जो प्रकृति के साथ हमारे संबंधों के अनुरूप होती है। इस प्रकार संस्कृति के रूप में भाषा 'मेरे' और मेरे 'स्व' के बीच मध्यस्थ का काम करती है। मेरे तथा दूसरे के बीच तथा मेरे और प्रकृति के बीच भी उसकी यही भूमिका हो सकती है।

आयातित भाषा किस तरह से मनुष्य के चिंतन, सौन्दर्यबोध तथा तथा मूल्यों को विकृत करती है निर्मल ने इसका गहन विश्लेषण किया है। निर्मल का मानना

है कि-"एक संस्कृति का ऐतिहासिक अतीत तो होता है किन्तु उसका एक आंतरिक अतीत भी होता है जो उसकी भाषा की अवधारणाओं, मिथकों और प्रत्ययों में अन्तर्ध्वनित होता है...भाषा के इस आन्तरिक स्वरूप और उसके व्यवहारिक चरित्र के बीच एक गत्यात्मक संबंध बना रहता है। मनुष्य के विकास के साथ हर भाषा की विशिष्ट गठन और संरचना बनती है जो एक बार अस्तित्व में आ जाने के बाद स्वयं मनुष्य की अन्त प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है।"[9]

इस प्रकार निर्मल का मानना है कि भाषा जन्म लेने के बाद स्वायत्त अर्थ ग्रहण कर लेती है। इसी अर्थ में वह एक पशु की भाषा से अलग होती है पशुओं की भाषा तात्कालिक संवेगों को अभिव्यक्त करने के बाद लुप्त हो जाती है जबकि मनुष्य की भाषा जन्म लेने के बाद वह स्वावलम्बी अर्थ ग्रहण कर लेती है।

इसीलिए जब हम भाषा का दूसरी भाषा में अनुवाद कहते है तो परेशानी होती है। माइकेल वित्सेल ने ऋत'के अनुवाद की कठिनाई का जो वर्णन किया है वह भारतीय संस्कृति के अन्य प्रत्ययों आत्म, ब्रह्म, सत्, असत्, पर भी लागू होती है।

इसका कारण यह है कि हर भाषा संस्कृति सापेक्ष होती है। जब हम किसी भाषा का अनुवाद करते है तो उसके साथ समस्त दार्शनिक तथा सामाजिक संदर्भों को प्रस्तुत करना पड़ता है।

इसीलिए निर्मल सवाल उठाते है कि क्या पश्चिमी प्रत्ययों, वर्ग, वर्ग-संघर्ष, सेक्युलरिज्म से भारतीय अस्मिता को परिभाषित किया जा सकता है? निर्मल का कहना है कि-"एक सेक्युलर राज्य व्यवस्था भी अपने आत्यंतिक चरित्र में धर्मपराण हो सकती है। बशर्ते धर्म का वह अर्थ न हो जो 'रिलीजन' शब्द में ध्वनित होता है। यूरोपीय भाषाओं के प्रभुत्व से कैसे एक एशियाई देश के नागरिक अपने समाज के मूल चरित्र को भूल जाने का प्रयास करते हैं।"[10] यह इसका एक अद्भुत उदाहरण है। यह इस बात का भी सूचक है जब किसी समाज और उसकी भाषा के बीच बाहरी शक्ति हस्तक्षेप होता है तो उस समाज के सदस्य अपनी पहचान खोने लगते है।

यूरोपीय भाषाओं तथा शिक्षा पद्धति ने हमें अपने परिवेश से काट दिया है इसी कारण किसी उपनिवेश में सीखने की प्रक्रिया मानसिक गतिविधि तक सीमित रह गई और भावनात्मक अनुभव से अछूती बन गई। जैसा कि न्युगो-वा-थ्योगों ने कहा है-"जनता की संस्कृति पर नियंत्रण का मतलब है खुद को परिभाषित करने के उपकरणों पर नियंत्रण।"11

इस प्रकार भारतीय संस्कृति को समझने के लिए हमें अपनी भाषा का सहारा लेना होगा। कुमार स्वामी का मानना है कि-"यूरोपीय भाषाविद् और वे विद्वान जो यूरोप की आधुनिक विकासधारा में दीक्षित है-इन सब ने इस परंपरा के संबंध में जो अपने विचार और मंतव्य प्रगट किए है, उनमें से अधिकांश को नकार कर ही हिंदू धर्म की सही व्याख्या हो सकती है।" निर्मल के अनुसार भाषा महज सम्प्रेषण का साधन नहीं है बल्कि जितना हम उसे प्रभावित करते हैं उतना ही वह हमें प्रभावित करती है। एक बार जन्म लेने के बाद भाषा महज माध्यम नहीं रहती, इसके इत्तर वह एक स्वायत्त शक्ति का साधन बन जाती है। हम उसमें अपने विचारों को व्यक्त कर सकते है, किन्तु उसी रूप में जिसमें वह हमसे करवाना चाहती है। निर्मल इसी पूर्वपीठिका पर भारतीय बौद्धिक वर्ग से यह सवाल पूछते है-"क्या उन्हें ऐसा नहीं लगता कि जब वे अपने देश की कला और कविता के सत्य को समझने के लिए पाश्चात्य भाषा को अपनाते है तो वह माध्यम ही उनकी आंतरिक अनुभूति पर हावी हो जाती है...क्या हम में से अधिकांश शिक्षित लोग अपने को एक ऐसी 'भाषायी विस्थापन' में नहीं पाते जिसके चलते हमारी राष्ट्रीय चेतना संदिग्ध हो गई है। उसके बीचो-बीच एक ऐसी फांक पड़ गयी है जिसे स्वतंत्रता के पचास वर्षों के बाद भी हम पाट पाने में सफल नहीं हो पाए हैं।"

निर्मल ने जिसे 'भाषाई विस्थापन' कहा है, वह हर औपनिवेशिक देश की समस्या है। न्गुगी-वा-थ्योंगो ने इसे 'औपनिवेशिक अलगाव' कहा है। इसके विषय में बताते हुए थ्योंगो कहते है "औपनिवेशिक अलगाव दो तरह के परस्पर संबंध ग्रहण करता है: अपने इर्द गिर्द के यथार्थ से व्यक्ति की सक्रिय या निष्क्रिय दूरी और व्यक्ति के परिवेश की बिल्कुल बाहर की स्थिति के प्रति एक सक्रिय अथवा निष्क्रिय तादात्म्य"11

निर्मल का मानना है कि पाश्चात्य भाषा के कारण हमारी भाषा विकृत होती जा रही है, साथ ही हमारे आत्मबोध को परिभाषित करने में असमर्थ। इसका कारण निर्मल बताते है कि हमारी भाषा तथा यूरोपीय भाषा की प्रकृति में अन्तर है। यूरोप की भाषाओं में 'रीजन' या रेशनेलिटी का दबाव प्रमुख है। उनका रूप विन्यास उन भाषाओं से भिन्न है जिनकी जड़ें जातीय बिम्बों और मिथकों में होती है। इसीलिए एक परम्परागत समाज में कवि और चिंतन की भाषा एक दूसरे से बहुत अलग नही होती, क्योंकि दोनों में रीजन की अपेक्षा कल्पना का योगदान कही अधिक प्रमुख रहता है।

पाश्चात्य भाषाओं से भारतीय भाषाओं के अलग होने के दो कारण निर्मल बताते है-"पहला है, एक संस्कृति का कालबोध अदृश्य रूप से भाषा के आंतरिक स्वरूप को प्रभावित करता है। भारतीय संस्कृति की कालप्रतीति ऐतिहासिक काल क्रम की पश्चिमी अवधारणा से बहुत अलग रही है।"

पश्चिम के काल-बोध का हमारे साहित्य पर क्या प्रभाव पड़ा है-"इस पर अज्ञेय ने बड़ी सारगर्भित टिप्पणी की है-"ऐतिहासिक काल को पूरी तरह से मान लेने से भाषा में, वाक्य की अन्विति में एक जड़ता लचीलेपन की कमी, बल्कि उसका परित्याग आया है। आवर्तीकाल के बोध के साथ हमारी भाषा में एक लचीलापन था, जिसे छोड़ने को हम लाचार हो गए-एक निर्विकल्प अन्विति से तनिक-सा व्यक्तिक्रम हमें खटकने लगान...इस मायने में नई कविता की अन्विति उससे पहले से कितनी कम लचीली, कितनी अधिक जड़ हो गई है-क्या इसका कारण यह नहीं है कि इसमें काल की प्रतीति बड़ी कठोरता के साथ आनुक्रमिकता से बंधी है।" इसी प्रकार निर्मल का मानना है काल के आनुक्रमिक बोध ने आधुनिक भारतीय उपन्यास और कथात्मक गद्य की संभावनाओं को जड़ और संकुचित बनाया है।

काल बोध के अलावा भारतीय भाषाओं को पश्चिमी भाषा से अलग करने वाला तत्व है-मनुष्य के साथ प्रकृति का संबंध। निर्मल का मानना है कि जिन समाजों में मनुष्य और प्रकृति दो विरोधी सत्ताएँ नहीं है, जहाँ उनके परस्पर संबंध आत्मीय और निकट होते है, वहाँ अनुभूति और चिंतन की भाषा में अंतराल अधिक नहीं होता और उसकी मिथकीय संवेदना अधिक समृद्ध होती है। ऐसे समाजों में भाषा अपने मूल स्वभाव में रूपकात्मक होती है।

निर्मल के अनुसार भारत में मनुष्य का प्रकृति के साथ जो संबंध था और उसके कालबोध को आधुनिकता के रंग में रंगे बुद्धिजीवियों ने भुला दिया है, जिसे फिर से स्थापित करने की जरूरत है। निर्मल उन भारतीय इतिहासकारों की कड़ी खबर लेते है-"जो राष्ट्रीयता को पाश्चात्य दार्शनिकों की फैशनेबुल शब्दावली में एक 'कंस्ट्रक्ट' बताते है, जहाँ स्वयं भारत को राष्ट्रीय इतिहाकारों की 'काल्पनिक उपज' या 'अविष्कृत' 'अवधारणा' के रूप में परिकल्पित किया जाता है तो भारतीय राष्ट्रीयता की भाषाई और सांस्कृतिक पीठिका को भुला दिया जाता है जो औपनिवेशिक विस्मृति का सजीव उदाहरण है।"

निर्मल पर यह अरोप लगाया जा सकता है वे खुद आधुनिकता का विरोध करते है किन्तु 'राष्ट्र' को मानते है जो आधुनिक प्रक्रिया की उपज है।

यहां पर यह रेखांकित करना जरूरी लगता है कि निर्मल का 'राष्ट्र' नेशन स्टेट्स की अवधारणा से प्रभावित नहीं है जिनका जन्म अनेक जातियों, नस्लों और जनभाषाओं को नष्ट करने के बाद ही संभव हो पाया था। निर्मल का मानना है कि भारत में विदेशी सत्ता से मुक्ति पाने की लालसा महज राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित नहीं थी, उसके पीछे अपनी सांस्कृतिक अस्मिता को विस्मृति के अंधेरे से बाहर लाने की आकांक्षा भी थी।

भारत में अंग्रेजी भाषा के समर्थक तर्क देते है कि अंग्रेजी के नहीं होने से भारत की एकता खडित हो जाएगी। उन्हें निर्मल का यह वाक्य देना चाहिए "भारत की विभिन्न बोलियों और भाषाओं में विभिन्नता होने के बावजूद अन्तर्निहित एकसूत्रता के तत्व विद्यमान थे, जिसके रहते वे भारत के एकीकरण में कभी बाधा बनकर प्रस्तुत नहीं हुई।"[12]

आज स्थिति यह है भारतीय भाषाओं के बीच तो जो सीधा संवाद था वह खत्म हो गया है। अंग्रेजी की अनिवार्यता की वहज से एक अन्तराष्ट्रीय दलाल पैदा हो गया है, जिसके अंग्रेजी ज्ञान की वजह से इस देश में उसकी बौद्धिक दलाली चलती है।

निर्मल पर अक्सर यह आरोप लगाया जाता है कि पश्चिमी समाज के अन्तर्विरोधों का खूब बखान करते है परन्तु भारतीय समाज के अन्तर्विरोधों का जिक्र तक नहीं करते है। लेकिन निर्मल मानते है कि भारतीय समाज में अंतर्विरोध है लेकिन वह अपने चरित्र और स्वरूप में वैसे नहीं है, जिसे हम आयातित शब्दों के सहारे अपनी धरती पर आरोपित कर देते है। जाहिर है कि निर्मल का विरोध अन्तर्विरोध से नहीं अन्तर्विरोध के स्वरूप है। निर्मल के शब्दों में 'हमारा सांस्कृतिक परिवेश जहां अन्य तत्वों से निर्मित होता है, वही उसका एक अंश शब्दो के पारस्परिक अन्तसंबंधों से भी संयोजित होता है। उलझन तब होती है, जब हम आयातीत शब्दों की आड़ में समाज में कृत्रिम और छद्म द्वन्द्वों का आविष्कार करते हैं।'[13]

इन्हीं संदर्भों में धर्म के स्वरूप पर विचार करते हुए उनका मानना हैं कि धर्म से विमुख होकर हम साम्प्रदायिकता से नहीं लड़ सकते हैं। धर्म हमेशा से हमारे भारतीय भावनात्मक संसार के केन्द्र में रहा है। उसने हमेशा हमारे मानस को समृद्ध किया है। गांधी इसीलिए हमारे समाज में इतनी युगांतकारी भूमिका अदा कर सके कि वे धर्म के प्रति कभी निरपेक्ष नहीं रहे। निर्मल के शब्दों में "जिस धर्म को हमने अपनी व्यवस्था के मुखद्वार से निकाल दिया वह अपने अभाव के कारण हमारे भीतर के मानस को इतना रीता बना देता है कि वह पिछले दरवाजे से घृणा और असहिष्णुता के रूप में प्रकट होता है। साम्प्रदायिकता धार्मिक भावना का दमित और विकृत रूप है। "लेकिन जिस धर्म की बात निर्मल करते है उसके ही बिम्बों और प्रतीकों ने भारत में साम्प्रदायिकता की डाली थी, और वह भी गांधी के सामने। स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान इन धार्मिक बिम्बों, प्रतीकों में ही हमारे देश के विभाजन के बीज छिपे थे, इस पर निर्मल उतना ध्यान नहीं देते हैं।

निर्मल के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों ने आजादी के बाद मानसिक गुलामी का एक वृहद शब्दकोश तैयार किया जिसका एक साधारण भारतवासी के जीवन से कोई मतलब नहीं है। मार्क्सवादियों की आलोचना करते हुए वह कहते है कि वे वर्ग, वर्ग-संघर्ष और साम्यवादी न्याय जैसे शब्दों का बिना यह सोचे हुए प्रयोग करते है कि इससे हमारे समाज संगठन की पेचीदगियों को खेलने में कितनी मदद मिलती है। उनका मानना है कि जिन शब्दों के माध्यम से हम वैचारिक संवाद करते हैं ठीक से अपने को परिभाषित कर पाएंगे न ही विश्व के संबंध में हमारा एक नजरिया बन पाएगा। निर्मल के शब्दों में यह तभी दूर हो सकता है जब 'भारतीय बुद्धिजीवियों का यह कर्तव्य है कि वह भूली हुई भाषा को अपने चिंतन की परिधि में लाएं। जिनकी वजह से हमारी जीवन प्रणाली और वैचारिक प्रत्ययों के बीच खाई पैदा हो गई है।'

निर्मल का मानना है ऐसा वही बुद्धिजीवी कर सकता है जो औपनिवेशिक संकीर्णता से मुक्त हो। वह बुद्धि की भूमिका को भारतीय मनीषा में पुनः परिभाषित कर सके।

हमने जिस लोकतंत्र को पश्चिम से आयातित किया है। उसकी विडम्बनाओं को निर्मल ने बहुत बारीकी से उभारा है। भारतीय सेक्युलर बुद्धिजीव वर्ग अतीत, वर्तमान, मिथक परम्परा के बारे में कब बोला जाए कब नहीं, इसका निर्णय अपनी सुविधा के अनुसार करता है। निर्मल के अनुसार इस बुद्धिजीवी वर्ग ने कुछ चुप्पियां चुन ली हैं, जिसका हमारी चेतना तथा राष्ट्रीय अस्मिता से कोई लेना देना नहीं है।

उस भारतीय बुद्धिजीवी वर्ग पर जिसने बट्रेड रसेल के नेतृत्व में विश्व शांति के अभियान में भाग लिया था, जो अपने देश को विश्व शांति का पुजारी कहते है, जब विश्व शांति सम्मेलन में विश्व को अणु अस्त्रें से मुक्त करने का प्रस्ताव आता है, तो तर्कों-कुतर्कों से अपना बचाव करते है। निर्मल का मानना है कि 'नैतिक मांग तो यह थी कि भारत अपनी शांति की परंपरा के अनुकूल चीन, अमेरिका, सोवियत संघ से अणु अस्त्रें को नष्ट करने का प्रस्ताव करता, किन्तु यह तब हो सकता है कि जब हम खुद इतना नैतिक साहस बटोर पाते कि अपने देश को पहले अणु अस्त्रें से मुक्त करें।'

निर्मल सिर्फ उन्हीं चुप्पियों पर प्रहार नहीं करते जो कि शासन-सत्ता की है बल्कि उन पर भी जो अपने को नागरिक अधिकारों का रक्षक समझती हैं। उन्हें भारत में 'स्टेट टेररिज्म तो दिखाई पड़ता है, किन्तु वे आतंकवादियों की हिंसा पर चुप्पी साधे रहती है। निर्मल कहते हैं यह नैतिक दायित्वहीनता का सबसे ज्वलंत प्रमाण है।

इसका कारण यह है कि हम अपनी विश्व दृष्टि अपनी परंपरा से प्राप्त न कर बाहर से आयात करते है। प्रगतिशील बुद्धिजीवियों के दोहरे मापदण्डों को दिखाते हुए निर्मल बताते है कि किस तरह कुछ देशों की घटनाएं उन्हें गहरा सदमा पहुँचाती है किंतु चेकोस्लोवाकिया तथा अफगानिस्तान की चर्चा आते ही उनकी आंखे सूख जाती हैं।

सेक्युलरिज्म के स्वर्णमहल की चुप्पियों की इंटों को गिनते हुए निर्मल एक विचित्र बात कह जाते हैं। उनके अनुसार भारतीय बुद्धिजीवी वर्ग उस अतीत को तो भुला देता है, जब जबरन धर्म परिवर्तन किए गए अथवा लाखों की संख्या में मंदिरों को ढहाया गया था। यद्यपि यह एक ऐतिहासिक सत्य है। इसे याद करने पर साम्प्रदायिक विद्वेष फैलता है। किंतु उस अतीत को अवश्य पुनर्जीवित किया जाए, जब ब्राह्मणों के प्रभुत्व से भारतीय समाज में वर्ग-शोषण का सूत्रपात हुआ। निर्मल का मानना है कि यह दूसरा अतीत सच न भी हो कम से कम हमारे आरक्षण कर्ताओं को लाभ पहुँचा सकता है।

इस पर कहा जा सकता है कि निर्मल की भी अपनी कुछ चुप्पियां है। वे भारतीय समाज के उस काले अतीत की वास्तविकता पर शक करते है जब उनके अखण्ड चेतना वाले भारतीय समाज से कुछ लोगों को बाहर ठेल दिया गया था। निर्मल का मानना है कि भारतीय बुद्धिजीवी वर्ग ने इतिहास से ऐसी छेड़छाड़ सोवियत संघ से सीखा था। जहां दोस्तोवस्की लेखक नहीं रहे तथा ट्राटस्की तथा बुखरिन क्रांतिद्रोही बन गए। लेकिन निर्मल ने अपनी चुप्पियां कहां से सीखा यह बड़ा रहस्यमय है।

भारतीय बुद्धिजीवी जो कसौटी अपने लिए निर्धारित करते हैं, उस पर भी देर तक टिके नहीं रहते हैं। राम-जन्मभूमि विवाद की चर्चा करते हुए निर्मल कहते है कि वे राम मंदिर का इसलिए विरोध करते हैं कि इसका कोई ऐतिहासिक आधार नहीं है। सिर्फ पौराणिक विश्वास के सहारे मंदिर-मस्जिद का मामला तय नहीं किया जा सकता है। लेकिन उनका दोहरा रूख तक प्रकट हो जाता है जब वे सलमान रूश्दी की किताब पर प्रतिबंध का समर्थन करते हैं जो मिथक से भी कहीं ज्यादा कल्पनापूर्ण है।

तिब्बत पर कापफी विस्तार से चर्चा करते हुए निर्मल बताते है कि किस प्रकार विश्व के एक सांस्कृतिक धरोहर को नष्ट होते हुए हमारे सेक्युलर बुद्धिजीवि देख रहे हैं। शायद इसलिए कि उनकी आधुनिकता की जो परिभाषा है उस पर वह फिट नहीं बैठता है। निर्मल के लिए तिब्बत मात्र एक भौगोलिक इकाई नहीं है बल्कि सेक्युलर राष्ट्रों की भीड़ में एकमात्र भिक्षुक देश है।

संदर्भ

1.ट्रेवर-रोपर, भाषा, संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता, पृ. 90
2.निर्मल वर्मा-दूसरे शब्दों में, पृ. 107
3.न्गुनी वा थ्योगो, भाषा संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता, पृ. 15
4.निर्मल वर्मा-दूसरे शब्दों में, पृ. 31
5.न्गुनी वा थ्योगो, भाषा, संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता, पृ. 47
6.निर्मल वर्मा-दूसरे शब्दों में, पृ. 31
7.वही
8.निर्मल वर्मा-दूसरे शब्दों में, पृ. 32
9.निर्मल वर्मा-दूसरे शब्दों में, पृ. 33
10.निर्मल वर्मा-दूसरे शब्दों में, पृ. 36
11.न्युगी-वा-ध्योगो, भाषा संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता, पृ. 49
12.निर्मल वर्मा-दूसरे शब्दों में, पृ. 41
13.वही पृ. 45

****

नवजागरणकालीन मूल्यों के संदर्भ में आनंदीबाई का समय और संघर्ष

डॉ अर्चना रानी
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग
मोतीलाल नेहरू कॉलेज(सांध्य)
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
97110-82105

भूमिका - आनंदी गोपाल भारत की प्रथम महिला डॉक्टर के रूप में याद की जाती हैं। स्त्री और स्त्री की इच्छा (पसंद) एक सामाजिक निर्मिती है। स्त्री अनुकूलन समाज को एक स्मूथ गति प्रदान करता है। आनंदीबाई भी एक समाज के अनुकूलित सामान्य स्त्री थी किन्तु गोपाल राव के द्वारा पत्नी को पढ़ाने की जिद् के चलते वह पितृसत्तात्मक जकडबंबन्दियो की तमाम मानसिक-दैहिक-सामाजिक यातनाओं को सहते हुए शिक्षा प्राप्त करती हैं और सामाजिक अनुकूलन के घेरे को तोड़कर नयी आधुनिक विचारों की वाहक बनती है। उन्नीसवीं सदी का भारत अपने पुरातन मूल्यों और नवीन आधुनिक विचारों के द्वंद की सदी है। आनंदी-बाई और गोपाल राव इस द्वंद से टकराने का साहस करते हैं और सफल भी होते हैं। आनंदी बाई आधुनिक स्त्री के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी सफलता ने अन्य महिलाओं को भी विपरीत परिस्तिथियों के बावजूद शिक्षा हासिल करने और पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया।

बीज शब्द- पितृसत्तात्मक समाज, नवजागरण, सामाजिक अनुकूलन, स्त्री अनुकूलन, रुढिगत विचार, आधुनिक चेतना, स्त्री शिक्षा, समतामूलक समाज, विधवा-पुनर्विवाह, धार्मिक टूल्स

शोध आलेख - 1990 के दशक में दूरदर्शन पर प्रस्तुत धारावाहिक 'आनंदी गोपाल' के माध्यम से डॉ. आनंदीबाई गोपाल (भारत की पहली महिला डॉक्टर) को जानने का अवसर प्राप्त हुआ। इसमें एक 'ब्राह्मण स्त्री' का जीवन केन्द्र में है। जिसका अधेड़ पति उसे पढाना चाहता है और वह बार-बार पढने से बचने के उपक्रम करती है। वर्ष 2006 में श्री जनार्दन जोशी का उपन्यास 'आनंदी गोपाल' पढ़ा। यह उपन्यास डॉ. आनंदीबाई के जीवन-संघर्ष से परिचित कराता है तथा भारतीय स्त्री का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रत्येक स्त्री के संघर्ष की गाथा बन जाता है। मैं इस शोध-पत्र के माध्यम से भारतीय समाज में व्याप्त पितृसत्तात्मक पक्ष और उसके तमाम उपकरणों को प्रस्तुत करूंगी। साथ ही आनंदीबाई के समय और संघर्ष से परिचित कराना चाहूंगी, जिससे स्त्रियाँ अपने वर्तमान और आजादी के प्रति ज्यादा जिम्मेदार बन सकें।

आनंदीबाई जोशी(1867-1887) का जन्म 1867 में पुणे (कल्याण) में जन्म हुआ। 19वीं सदी में एक रूढिवादी हिंदू सवर्ण ब्राह्मण परिवार में जन्मी आनंदी का जीवन भी सामान्य स्त्रियों की तरह ही था। समाज की अमानवीयता को सहते हुए पति के सहयोग, डांट-डपट और बिना किसी स्कूली संस्थान के पढ़ना और अमेरिका जाकर उच्च शिक्षा हासिल करना उन्हें विशिष्ट बना देता है। जिस समय महिलाओं के लिए शिक्षा संस्थान नही थे| महिलाओं के लिए स्कूली शिक्षा का चलन नहीं था| ऐसे समय में वे विदेश जाकर 'वीमेन मेडिकल कॉलेज ऑफ़ पेन्सिल्वेनिया 1886 में डॉक्टर की उपाधि प्राप्त कर महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन जाती हैं। वे भारत की पहली महिला डॉक्टर थीं। यद्यपि 22 वर्ष की अल्पायु में टी.बी. से उनका निधन हो जाता है। किंतु यह कहना अतिश्योक्ति न होगा कि उनकी सफलता ने अन्य महिलाओं के लिए शिक्षा और पहचान के रास्ते पहले की अपेक्षा जरूर सरल बनाए होंगे।

भारतीय समाज व्यवस्था पितृसत्तात्मक है। वर्तमान में भी पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था में स्त्री जीवन तमाम बन्धनों में जकड़ा हुआ है। ऐसे में स्त्रियों को समाज में पुरुष के समकक्ष पहुँचने की राह आसान नहीं रही होगी| तात्कालीन समय में सती-प्रथा, बाल-विवाह, बेमेल-विवाह, विधवा पुनर्विवाह-निषेध, पर्दा-प्रथा का चलन था। समाज में समस्या के रूप में तो यह बहुत बाद में दर्ज होता है। (4 दिसंबर 1829 को लार्ड विलियम बेंटिक की अगुवाई और राजाराम मोहन रॉय जैसे समाजसुधारकों के प्रयास से सती-प्रथा पर भारत में पूरी तरह से रोक लगी, सावित्रीबाई फुले के अथक प्रयासों के फलस्वरूप 1848 में 9 छात्राओं के साथ स्त्री शिक्षा के लिए प्रथम महिला विद्यालय की स्थापना की।) जिस समाज में 'लड़कियों का विवाह रजस्वला होने से पूर्व कर दिया जाता है' और उन पर तमाम वर्जनाओं से अंकुश लगाया जाता है, ऐसे समय समाज में विद्रोही भावों से भरे, पुरातन परम्पराओं की बुराइयों को नकारने और उनसे टकराने की राह साहस एवं संघर्ष से भरी थी।

तात्कालीन स्त्री का जीवन पितृसत्तात्मक जकडबंदी का शिकंजे में है। स्त्री अपने जीवन से सम्बंधित निर्णय नही ले सकती। उसके पास यह अधिकार ही नहीं है। उसकी अपनी पसंद-नापसंद कोई मायने नहीं रखती। स्त्रियों से सम्बंधित सभी निर्णय पुरुषों द्वारा लिए जाते हैं। बीसवीं सदी की महिला रचनाकारों ने इस गैर-बराबरी को कहानियों के माध्यम से व्यक्त किया है। "वंशीधर विचारने लगे कि इक्के की सवारी तो भले घर की स्त्रियों के बैठने लायक नहीं होती, क्योंकि एक तो इतने ऊंचे पर चढ़ना पड़ता है, दूसरे पराए पुरुष के संग एक साथ बैठना पड़ता है।" स्त्रियों के बाहर निकलने के

सभी, बैठने के मानदंड भी पुरुषों द्वारा तय किए जा रहे थे। और इसे किसी भी रूप में सामाजिक बुराई के रूप में नहीं देखा गया। बंग महिला 'दुलाईवाली' में वंशीधर को नवजगरणकलीन नव विचारों के समर्थक युवा के रूप में करती हैं। कहानी में नवजागरणकाल में युवकों द्वारा स्त्री मनोभावों का उपहास करते और असंवेदनशील प्रवृति को चिह्नित किया गया है।

जनार्दन जोशी कृत उपन्यास 'आनंदी गोपाल' डॉ. आनंदीबाई के जीवन-संघर्ष एवं हिंदू सवर्ण समाज की तात्कालीन रूढियों से परिचित कराता है। जमींदार गणपत राव की बेटी के विवाह के लिए रिश्ते खोजे जा रहे हैं किंतु नौ वर्ष की आनन्दी के लिए रिश्ता नहीं मिला। उसका रंग सांवला और चेहरे पर माता के दाग़ थे। पिता को बेटी के विवाह की चिंता थी, "अगर विवाह से पूर्व उसे माहवारी आ गई तो लोग तो मुझे सरे बाजार बेच देंगे।" अतः वे दामाद के रूप में विधुर गोपालराव (उम्र 25 वर्ष) को पसंद करते हैं। वे थाणे पोस्ट ऑफिस में स्थाई कलर्क थे।

यह वह दौर था जब बेमेल विवाह को बुराई के रूप मे नहीं देखा जाता था। 9 वर्ष की कन्या और 25 वर्ष के पुरुष का विवाह असामान्य प्रतीत होता है किंतु उन दिनों यह सामान्य चलन था। आनंदी की मां लड़का देखना चाहती है किंतु गणपतराव स्पष्ट कह देते हैं, "औरतें कहीं लडका देखने जाती हैं भला?" दामाद को देखना, अपनी पसंद नापसंद जाहिर करने का अधिकार मां का नहीं है। यह सामान्य रीत थी। किसी को पता चलने पर हंगामा हो सकता था। महिलाएं मंदिर, परिजनों से मिलने और विवाह में जाने के लिए ही बाहर निकल सकती थी।

लेकिन आधुनिक शिक्षा ने नवयुवकों को पुरातन ढर्रे से अलग नए मूल्यों पर विचार करने और उन्हें अपनाने के साथ ही समाज से टकराने का साहस भी दिया। राजा राम मोहन राय ने वर्ष 1815 में 'आत्मीय सभा' की स्थापना की। नारी की स्थिति और समाज मे उसके स्थान पर गहराई से विचार किया। 1828 मे ब्राह्मसमाज की स्थापना की। ज्योतिबा फुले ने सामाजिक भेदभाव से टकराते हुए 'गुलामगिरी' जैसी रचना के द्वारा हजारों सालों की मानसिक जकड़बंदी से समाज को मुक्त करने का प्रयास किया। अपनी सामाजिक स्थिति पर विचार करना, आत्म-निरीक्षण कर पिछड़ेपन के कारणों का निदान करना एक महत्वपूर्ण कदम था। वे स्त्री शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की। बालिका शिक्षा के लिए सवित्रीबाई ने 1848 में बालिका शिक्षा स्कूल स्थापित किया। पंडिता रमाबाई 1888 में 'द हाई कास्ट हिन्दू वुमन' में तत्कालीन हिन्दू स्त्री के जीवन को प्रस्तुत करती है। 'आनंदीबाई' में एक पात्र 'गोपालराव जोशी' नवजागरणकालीन नकली सुधारकों पर भी व्यंग्य करते हैं। "पचास के पार, पहली पत्नी से पांच-सात बच्चों वाला रायबहादुर, बेटी की उम्र की विधवा लड़की से विवाह! इतने साहसिक क़दम के लिए अख़बारों में गुणगान हो रहा होगा।" गोपालराव जोशी इसाई मिशनरी में पढ़े-लिखे, अंग्रेजी विचारों से प्रभावित और सामाजिक बदलाव के पक्षधर हैं। वे छाप-तिलक नहीं लगाते। परम्परागत ब्राह्मणों की तरह नहीं दिखते हैं। इसी वजह से ब्राह्मण समाज में बहिष्कृत हैं। कोई उनसे बात नहीं करता। वे किसी की परवाह भी नहीं करते। सामाजिक धार्मिक कुरीतियों पर चुटकी भी लेते हैं। जो उनकी निर्भीकता और साहस का परिचायक है। वे अपनी पहली पत्नी को पढना-लिखना सिखाते हैं। किंतु वह अल्प समय में ही मृत्यु को प्राप्त हो जाती है। लोगों में प्रचलित है कि उन्होंने अपनी स्त्री को पढ़ा-पढा कर मार डाला। स्त्री को 'पढ़ा-पढा कर' मार देने की यह वजह समाज में पुरुषों द्वारा किये जाने वाले इस सामाजिक बदलाव पर अंकुश लगाने के लिए ही कही जा रही है, जिससे कोई अन्य स्त्री-पुरुष ऐसा नहीं करे। आमतौर पर भय ही वह हथियार है, जिसका प्रयोग कर सामने वाले को मानसिक रूप से कमजोर किया जाता है।

तात्कालीन समाज में स्त्रियों के लिए संस्थानिक शिक्षण व्यवस्था नहीं थी और न स्त्री-शिक्षण का चलन ही। गोपालराव स्त्री-शिक्षण के पक्षधर थे। उनका मानना था कि स्त्री शिक्षण से ही देश का विकास संभव हो पाएगा। देश की आधी आबादी को ज्ञान से वंचित रख कर विकास नहीं किया जा सकता। उन्होंने पत्नी को पढ़ाने का प्रयास कर स्वयं ही उसे अक्षर-ज्ञान प्रदान किया।

पत्नी की असमायिक मृत्यु के बाद वह दूसरा विवाह किसी विधवा से करना चाहते थें। क्योंकि विधवा उनकी हमउम्र होगी। कम से कम किसी छोटी उम्र की बालिका से विवाह करने से बच सकेंगे। समाज और पारिवारिक सदस्य गोपालराव के इस कृत्य को पथ-भ्रष्ट, असंस्कारी एवं परंपरा विरोधी कृत्य के रूप में देखते हैं। जो इसाईयत की संगत से उत्पन्न हुआ है। फलस्वरूप परिवार ने उन्हें बहिष्कृत कर दिया है। उनके परिवार की चिंता है "पादरियों की संगत में कहीं लड़का इसाई न हो जाए, या विधवा से विवाह न रचा ले।" हिन्दू समाज की चिंता सिर्फ धर्म और अपनी परम्पराओं को बनाए रखने की है जिसके लिए वह किसी भी बदलाव को इतनी आसानी से स्वीकार नही करना चाहता।

नवजागरणकालीन दौर में ऐसे बहुत-से व्यक्ति थे जो सिर्फ अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि के लिए विधवा स्त्री से विवाह कर रहे थे। स्त्री-कल्याण से उनका कोई विशेष सरोकार नहीं था, ऐसे ही 60 वर्ष के रिटायर्ड जज अपने से बहुत ही कम उम्र की विधवा से विवाह करता है और अखबारों में जज की महानता की खबरें भी छपती है। जबकि वास्तविकता इससे कोसो दूर है। सोमण शास्त्री इस जज के कृत्य पर व्यंग्य करते है, "अच्छा है ना, अरे समाज -सुधार भी हो गया और पत्नी भी मिल गई। वह भी छोटी नहीं है, अच्छी-खासी सत्रह-अठारह वर्ष की नहाती-धोती स्त्री है। अब भाषण देने को फिर से स्वतंत्र। लड़कियों का उद्धार कर रहे हैं साले हरामखोर!" गोपालराव का मन आक्रोश से भरा है और वे समाज के दोहरे चरित्र से भलीभांति परिचित हैं।

स्त्री कल्याण और विधवा-पुनर्विवाह के नाम पर भी पितृसत्तात्मक समाज अपनी सुविधाओं को देख रहा था। एक किशोरी का उद्धार एवं विकास मात्र शाब्दिक प्रतीत हो रहे थे। अरविंद जैन हिन्दू विवाह व्यवस्था के विरोधाभाषों पर व्यंग करते हुए लिखते हैं, "बाल-विवाह और हिन्दू विवाह अधिनियम की व्याख्याओं से स्पष्ट है की बाल-विवाह भले ही दंडनीय अपराध हो लेकिन विवाह वैध माना न जाएगा।"

परंपरागत समाज में स्त्री का स्थान पुरुष को आनंद प्रदान करना, संतानोत्पति करना एवं पति और बच्चों की कल्याण कामना करना निर्धारित किया गया है। स्त्री का वस्तुकरण कोई नया नहीं है। परंपरागत समाज में स्त्री का वास्तविक मूल्य क्या है? यह तो प्रतीकों (लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती) से बाहर निकल कर ही देखा जा सकता है। सोमणशास्त्री (शादी-विवाह में मिडीयेटर की भूमिका निभाने वाला पात्र) गोपालराव को आनंदी का परिचय देते हुए कहते है, उम्र 9 वर्ष, किंतु शरीर भरा-पूरा है। 'स्त्री-देह' का होना ही यही स्त्री का गुण और मूल्य है। प्रतीकों में स्त्री काम, ज्ञान और शक्ति हो सकती है मगर वास्तविक धरातल पर इनसे वंचित है। सुगढ़, सुशील, सुभाषिणी, मृदुभाषिणी, लज्जा, समर्पण तथा घरेलू होना ही स्त्री का गुण बना रहा।

परंपरागत समाज में स्त्री शिक्षा पूर्णतः वर्जित रही। जिस समाज में पति-पत्नी को सबके सामने एक-दूसरे से बात करने की अनुमति नहीं। वहां गोपालराव द्वारा अपनी पत्नी को सबके सामने साथ बैठकर पढ़ाने को उनकी धृष्टता के रूप में देखा जा रहा था। यह समाज स्त्री से सहानुभूति जताता नजर आता है कि इस पुरुष के साथ लडकी के कष्ट को मत पूछो। कहीं विवाह या उत्सव में शामिल नहीं होने देता। बस अ, आ ई ई की रट। फलस्वरुप लडकी तंग आकर मर गई। पर इस सहानुभूति के वास्तविक मंतव्य कुछ और ही प्रतीत होते हैं।

गोपालराव आनंदी से विवाह के इच्छुक नहीं थे किंतु विवाह की हामी भर देते हैं। अतः विवाह से तीन दिन पहले गायब हो जाते हैं। सोमणशास्त्री द्वारा पूना में पकड़ लिए जाते है। वह बताता है कि शादी के लिए अंतिम क्षण तक तुम्हारी राह देखी गई। तुम्हारी वजह से अब कभी आनंदी का विवाह नहीं होगा। बदनामी और कलंक के बाद उसे विधवा की तरह जीवन व्यतीत करना होगा। गोपालराव आनंदी के बारे में सुनकर दुखी हो जाते हैं। तत्पश्चात् विवाह के लिए हामी भर देते हैं। बस उनकी एक ही शर्त है लडकी को पढ़ना होगा।

गोपालराव विवाह उपरांत आनंदी को पढाने का प्रयत्न करते हैं। किंतु परिवार नहीं चाहता कि आनंदी पढे। आनंदी की मां उसे घरेलू कामों में व्यस्त रखने का प्रयास करती है, उसे जलती लकडी से पीटा जाता है, पुस्तकों को फाड़कर फेंक देती है। आनंदी के पिता और माता ने सोचा था कि विवाह के पश्चात गोपालराव के दिमाग से स्त्री शिक्षा का फितूर निकल जाएगा, किंतु दामाद है कि बार-बार अपने वचन याद दिलाता है। गणपतराव (आनंदी के पिता) स्त्री शिक्षा के विरोधी हैं। क्योंकि समाज में स्त्री शिक्षा का चलन नहीं है। यही परंपरा और स्वाभाविक स्थिति रही।

नवजागरण दौर में अंग्रेजों का प्रभाव, उनकी वैचारिक प्रगतिशीलता ने नवयुवकों को प्रभावित किया। यह वैचारिकता आधुनिक ज्ञान के माध्यम से आ रही थी। अतः परंपरागत समाज इसे अपनी सांस्कृतिक धरोहर पर खतरे के रूप में देख रहा था। सवर्ण हिंदू समाज भी इस बात को लेकर सजग था कि कहीं गोपालराव जैसे युवक हिंदू धर्म छोड इसाई धर्म न अपना लें। हिंदू धर्म के इस भय से गोपालराव अनजान नहीं थे और अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए वे इस भय को औजार की तरह इस्तेमाल कर अपने ससुर को इसाई बन जाने की धमकी देते है।

गोपालराव धार्मिक दकियानूसी परंपराओं को नहीं मानते। वे पत्नी की शिक्षा के मध्य किसी का हस्तक्षेप नहीं चाहते। आनंदी को घरेलू कार्यो में व्यस्त देख क्रोधित होते थे। गोपालराव का साफ कहना था कि आनंदी पकाने, परोसने और जूठन उठाने का काम नहीं करेगी। उसे सिर्फ पढ़ना है। धर्मशास्त्र जो स्त्री शिक्षा का विरोध करते हैं, उन्हीं धर्मशास्त्रों की ओट लेकर वे आनंदी को पढने के लिए तैयार करते है। उन्होंनें आनंदी से कहा धर्म में क्या कहा गया है? "पति ही सर्वश्रेष्ठ है। पत्नी को पति की इच्छा और आज्ञा का पालन करना चाहिए। और मेरी आज्ञा है कि तुम्हें पढने के लिए उपर आना चाहिए।"

धार्मिक टूल्स का सहारा लेकर वे हिंदू धर्म की कुरीति को तोडने का प्रयास कर रहे थे। जिस समाज में स्त्रियों का उत्तम गुण भोजन बनाना हो, वहां बाते बनाने वाली स्त्री समाज को बिगाडने का ही उपक्रम करती नजर आएगी। परंपरागत पितृसत्तात्मक मूल्यों एवं आधुनिक चेतना की टकराहट उपन्यास को विशिष्ट बना देती है।

स्त्री शिक्षा से जुडे पितृसत्तात्मक भय भी यह उपन्यास सामने लाता है 'खाना बनाने, पानी भरने की अपेक्षा भी स्त्री का सच्चा गहना है उसका चरित्रवान होना' और यह चरित्र सुरक्षित रहे इसके लिए आवश्यक है "स्त्री को सदैव घर पर ही रहना चाहिए, बाहर धूमना -फिरना नहीं चाहिए...परपुरुष के साथ बोलना-उठना-बैठना कुलीन स्त्री के लिए वर्ज्य है...आज उसे लिखना नहीं आता है, इसलिए घर में बैठी है। दूसरे पुरुषों के साथ संबंध नहीं बढा सकती है।...परंतु यदि कल को पढने-लिखने लगी तो अनर्थ हो जाएगा।...स्त्री शिक्षण बडा जोखिम भरा काम है। उससे व्यभिचार बढेगा।" नवजागरणकलीन भारतेन्दु हरिश्चंद्र भी 'नीलदेवी'(1881) की भूमिका में भारतीय स्त्री की हीं दशा पर चिंता व्यकत करते हुए लिखते हैं, "इससे यह शंका किसी को न हो कि मैं स्वप्न में भी यह इच्छा करता हूँ कि इन गौरांगी युवती समूह की भांति हमारी कुलक्ष्मी गणा भी लज्जा को तिलांजलि देकर अपने पति के साथ घूमै;"

पितृसत्तात्मक मूल्य और पुरुष के वर्चस्व को बनाए रखने के लिए यह आवश्यक था कि स्त्री को शिक्षण से वंचित रखा जाए। वह घरेलू कार्यों में व्यस्त रहे। उसमें सामाजिकता उत्पन्न न हो। स्त्री का सारा संघर्ष ज्ञान और वैचारिकता के लिए न होकर पुरुष की अनुगामी बनने और परंपरागत मूल्यों को बढाने के लिए हो। स्त्रियों की स्थिति पुरुष के गुलाम की तरह है। स्त्री-शिक्षण इन घरेलू गुलामों को विद्रोह से भर देगा। स्त्रीवादी सिद्धांतकार सुधा सिंह के शब्दों में "स्त्री के सवालों को सहानुभूतिपूर्ण ढंग से सक्षम और समर्थ पुरुष विचारकों द्वारा उठाये जाने के बाद ही पुंसवादी वर्चस्व वाली सामाजिक चेतना के दुर्ग में सेंध लगी।" समाज को डर है, ''पत्नी को पढाना! चश्मा लगाकर पढने बैठेगी तो कपडे लत्ते धोना, खाना बनाना, सब क्या पुरुष करेंगे।" हजारों सालों की असमानता, गैर-बराबरी, लैंगिक भेदभाव को उचित ठहराने के लिए आवश्यक है कि स्त्रियों को शिक्षा से वंचित रखा जाए।

सत्ता अपने वर्चस्व को बनाए रखने के लिए साम, दाम, दण्ड, भेद का प्रयोग करती है। पितृसत्तात्मक मूल्य भी स्त्रियों को शिक्षा से वंचित रखने के लिए ऐसे तमाम ताने-बाने बुनता है। मसलन पारिवारिक दायित्व एवं कर्तव्य, धार्मिक रीति-रिवाज, तमाम तरह के रुढ़िगत एवं शोषणकारी मान्यताओं का हवाला देकर, मिथकीय चरित्रों को परिभाषित कर। अपशब्दों के माध्यम से स्त्री की निर्भीकता और साहस को खत्म करने का कार्य बेहद चतुराई के साथ किया जाता है। पुरुष पर वश न चलता देख आनंदी को अपशब्दों व शारीरिक मार से रोकने का प्रयास किया जाता है। "यह ब्राह्मण का घर है किसी वेश्या या इसाई का नहीं" गोपालराव द्वारा पत्नी को जूते लाकर देने पर लोगों द्वारा बातें बनाना, 'सुना है मुंबई में वेश्याएं ऐसे जूते पहनती हैं।' स्त्री की इच्छा को समाप्त करने और निर्भीकता को समाप्त करने का ही तो उपक्रम है। स्त्रियां पीटी जाती हैं 'न पढने के लिए' नहीं वरन् घर का काम न करने के लिए।

निष्कर्ष - 'आनंदी गोपाल' का संघर्ष 19 वीं शताब्दी के नवजागरणकालीन दौर में ले जाता है। पाश्चात्य शिक्षा मॉडल द्वारा देश भर में सभी के लिए शिक्षा (आधुनिक शिक्षा) की शुरुआत हो चुकी थी। प्रभावस्वरूप नवचेतना से संपृक्त युवक समाज में व्याप्त तात्कालीन परम्परागत स्त्री-विरोधी विचारों और प्रथाओं के खिलाफ एकजुट होते है। गोपालराव ऐसे ही आधुनिक चेतना से सम्पन्न युवक हैं। जो वास्तव में समाज के हितैषी हैं और इसके लिए वह अपने स्तर पर बदलाव की राह को चुनते हैं। यह वही दौर है जब सावित्रीबाई फूले ने स्त्री शिक्षा के लिए देश में पहला स्कूल खोला। उनके सम्मुख भी परंपरागत रूढ़ीग्रस्त समाज चुनौती बनकर खड़ा था। वास्तव में स्त्री-शिक्षा की राह आसान नहीं रही। यह संघर्ष और जोखिम से भरी रही है। स्त्रियों की शिक्षा को लेकर नवजागरणकालीन चिंतकों के विचार भी परम्परागत और आधुनिक दृष्टीकोण में बटें हुए हैं। स्त्री शिक्षा तात्कालीन समाज में यह एक नवीन और विद्रोही विचार रहा और इसमें स्त्री और पुरुष दोनों का संघर्ष पितृसत्तात्मक व्यवस्था से है।

स्त्री-शिक्षा आज समय की मांग है। स्त्रियां घरेलू कार्य करने के पश्चात ही अपने अध्ययन के लिए समय निकाल पाती हैं। अशिक्षित स्त्री को अच्छा घर, वर व नौकरी नहीं मिलेगी। फिर भी समाज उनसे अपेक्षा करता है कि वे घरेलू कार्यों को प्राथमिकता दें उसके बाद पढाई को। गोपालराव की स्थिति इससे भिन्न है, वे अपनी स्त्री को इसलिए पीट रहें हैं ताकि वह अपना समय घरेलु कार्यों में नष्ट न करे। भय से ही सही, रुढिगत विचारों से बाहर निकल कर शिक्षा द्वारा अपनी इन अशिक्षित बहनों के लिए कुछ कर सके। जिस मानसिक गुलामी को वह हजारों सालों से अपना दायित्व समझती आई हैं, उनसे मुक्त हो सकें। आज समाज में स्त्रियों के लिए जो जगह (स्पेश) बनी है, उसमें अनेक स्त्री-पुरुष सहभागी रहे हैं। भविष्य में भी समतामूलक समाज स्त्री-पुरुष की वैचारिकता और सहभागिता से ही निर्मित होगा।

1. बंग महिला, दुलाईवाली, संपादक-सुद्धा सिंह, अनामिका प्रकाशन, संस्करण-2005, पृष्ठ-131
2. आनंदी गोपाल, श्री जनार्दन जोशी, (अनुवाद- प्रतिमा दवे) संवाद प्रकाशन, संस्करण-2006, पृष्ठ-15
3. आनंदी गोपाल, श्री जनार्दन जोशी, (अनुवाद- प्रतिमा दवे) संवाद प्रकाशन, संस्करण-2006, पृष्ठ-17
4. आनंदी गोपाल, श्री जनार्दन जोशी, (अनुवाद- प्रतिमा दवे) संवाद प्रकाशन, संस्करण-2006, पृष्ठ-46
5. आनंदी गोपाल, श्री जनार्दन जोशी, (अनुवाद- प्रतिमा दवे) संवाद प्रकाशन, संस्करण-2006, पृष्ठ-34
6. आनंदी गोपाल, श्री जनार्दन जोशी, (अनुवाद- प्रतिमा दवे) संवाद प्रकाशन, संस्करण-2006, पृष्ठ-46
7. अरविंद जैन, औरत होने की सजा, राजकमल प्रकाशन, संस्करण-2006, पृष्ठ-48
8. आनंदी गोपाल, श्री जनार्दन जोशी, (अनुवाद- प्रतिमा दवे) संवाद प्रकाशन, संस्करण-2006, पृष्ठ-86
9. आनंदी गोपाल, श्री जनार्दन जोशी, (अनुवाद- प्रतिमा दवे) संवाद प्रकाशन, संस्करण-2006, पृष्ठ-58
10. भारतेन्दु समग्र, नीलदेवी, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन, वाराणसी, संस्करण-2002, पृष्ठ-478
11. ज्ञान का स्त्रीवादी पाठ, सुधा सिंह, ग्रंथ शिल्पी, संस्करण-2008, पृष्ठ -19
12. आनंदी गोपाल, श्री जनार्दन जोशी, (अनुवाद- प्रतिमा दवे) संवाद प्रकाशन, संस्करण-2006, पृष्ठ-77
13. आनंदी गोपाल, श्री जनार्दन जोशी, (अनुवाद- प्रतिमा दवे) संवाद प्रकाशन, संस्करण-2006, पृष्ठ-87

****

पौराणिक पात्रों की मनोदशा का साहित्यिक विश्लेषण : साहित्यिक पत्रिका 'दस्तावेज' में प्रकाशित लेखमाला के विशेष संदर्भ में

डॉ. मलकीयत सिंह
सह – प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष , हिंदी विभाग
हिमाचल प्रदेश ,केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला
176215 , मोबाइल 9418393987

साहित्य समाज की अभिव्यक्ति है | एक साहित्यकार आम व्यक्ति से अधिक संवेदनशील , सहृदय होता है एवं काव्य कला की नैसर्गिक प्रतिभा से युक्त होता है| वह भाव, कल्पना , बुद्धि एवं शिल्प के माध्यम से मानवीय भावों को मूरत रूप देता है एवं अपनी रचना द्वारा जनसामान्य को एकात्म भाव से जोड़ देता है | काव्य के विषय सीमा हीन हैं जहाँ तक कवि की कल्पना जाती है वहीं उसकी सीमा बन जाती है |कवि में परकाया प्रवेश की अद्भुत शक्ति होती है एक साहित्यकार मनोविज्ञान रूप से हरेक पात्र के व्यक्तित्त्व से भी इत्तर उसके अव्यक्त व्यक्तित्व को उजागर कर सकता है | ऐसा ही एक विषय दस्तावेज पत्रिका में प्रकाशित लेखमाला में प्रकाशित हुआ है |

बेतियाहाता उत्तर प्रदेश से प्रकाशित सहित्यिक पत्रिका दस्तावेज़ में 'मिथक चिन्तन' शीर्षक से लेखमाला प्रकाशित हुई है इसमें महाभारत और रामायण के पात्रों की अन्तर्व्यथा के माध्यम से वर्तमान स्वरूप एवं वर्तमान परिस्थितियों में मानव के द्वंद्व एवं चिंतन को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है । इनमें वर्णित सभी पात्र पौराणिक हैं और मुख्य कथा में हम इनसे जितना परिचय पाते हैं, उससे बढ़कर इनकी अपनी व्यथा, और कुंठा को यहाँ वाणी मिली है । इसमें पात्र कथा नायक या कथा का अंग ही नहीं होते बल्कि उनकी निजी व्यथा चिंता पीड़ा कुंठा का उल्लेख मिलता है। बेशक यह अधिकांश पात्र रामायण और महाभारत की कथा को गति मात्र देने का उपार्जन प्रतीत होते हैं लेकिन यहाँ लेखक ने इनके निजी जीवन में झांक कर उस उहापोह को, उस कुण्ठा को व्यक्त किया है जो अन्यत्र दुर्लभ है । इस वर्णन में ये सभी पात्र जैसे वर्तमान परिस्थितियों में भी जीवन्त हो उठे हैं । इनकी कुंठाएँ, दमित अभिव्यक्ति, व्यक्तित्व, व्यवस्था बन्धन आदि कई मनोवृत्तियाँ इन्हें आज के महाभारत का पात्र बनाती है। व्यवस्था में पिस रहा मजबूर व्यक्ति, कुछ न कर पाने की कुंठा से ग्रस्त व्यक्ति, बदले की भावना से ग्रस्त व्यक्ति, नीति को तिरोहित होते देखता व्यक्ति आदि कई व्यक्तित्वों का चित्रण इनमें मिलता है 'मिथक चिंतन' में महाभारत के पात्रों पर अजित कुमार सिंह के 'विकर्ण', 'अश्वत्थामन्', 'सात्यकि', 'घटोत्कच', 'एकलव्य', 'भीष्म', 'शकुनि', 'शल्य', 'द्रोपदी', 'कर्ण', 'नागकन्या उलूपी', 'कुन्ती', 'सुभद्रा', 'उत्तरा' आदि पर लेख प्रकाशित हुए हैं । इसी प्रकार महेन्द्रनाथ पाण्डेय, सुग्रीव, रावण, मारीच, और 'परशुराम' पर लेख प्रकाशित हुए हैं।

इन लेखों में ऐसा प्रतीत होता है कि पात्र समय का अतिक्रमण करके आज के द्वन्द्वग्रस्त मानव के रूप में पुनः स्थापित हो गये हैं। इन पात्रों से सुसज्जित लेखों का संक्षिप्त अध्ययन यहाँ प्रस्तुत है - अंक 34 में अजित कुमार सिंह ने 'विकर्ण' शीर्षक से लेख प्रकाशित किया है जिसमें कौरवों के भाई विकर्ण की मनोव्यथा का चित्रण है । लेखक के अनुसार विकर्ण पाण्डवों के प्रति कौरवों के कुकृत्यों को जानने के बावजूद उनके पक्ष से लड़ा था । यद्यपि उसके मन में पाण्डवों के प्रति श्रद्धा थी तथापि पाण्डवों को द्रौपदी को दांव पर लगाने के लिए कोसते भी हैं । ये लेख महाभारत के पात्रओं की वह तस्वीर प्रस्तुत करते हैं जो बाह्य आवरण से अलग है। इसमें उनका आंतरिक संघर्ष बाह्य संघर्ष से कठिन प्रतीत होता है ।

इसी प्रकार अंक 37 में अजित कुमार का लेख 'अश्वत्थामन'' छपा है। द्रोण पुत्र अश्वत्थामन् के जीवन की कुंठाओं, असफलताओं, और पीड़ा को इसमें चित्रित किया गया है। अंक 38 में सात्यकि पर लेख प्रकाशित हुआ है। अंक 39 में अजित सिंह का ही लेख 'घटोत्कच' प्रकाशित हुआ है। घटोत्कच के माध्यम से यहाँ अनेक प्रासंगिक क्याओं को अभिव्यक्ति मिली है।

अंक 42 में लेख 'विदुर' प्रकाशित हुआ है। महाभारत के इतिहास में विदुर को एक सम्माननीय स्थान प्राप्त है उसकी अंतर्व्यथा की यहाँ मार्मिक अभिव्यक्ति मिलती है। वे कहते हैं, 'मोहपाश अदृश्य होते हुए भी अत्यंत विकट होता है। ज्येष्ठ पाण्डव मनुष्य के समस्त आप्त गुणों से सर्वथा मुक्त होने के कारण राजसिंहासन की प्राप्ति के पश्चात् भी युद्ध की विभीषिकाओं से उत्पन्न उथल-पुथल एवं द्रोपदी को दांव पर लगाने के अपराध बोध के कारण सदैव व्यथित रहा है। इस निष्कपट, कृपालू और धर्मपरायण सम्राट ने परिस्थितियों से घबरा कर राजसिंहासन का परित्याग कर दिया तो समाज में मनुष्य के सदगुणों की पूछ समाप्त हो जाएगी। यही चिन्ता मुझे सालती रहती है। बचपन से लेकर आज तक परम वैभवशाली सम्राज्य के जन्म से लेकर सम्राट पुत्रों की भान्ति लालन पालन से युवावस्था और आज वार्धक्य के इन क्षणों में मैंने न जाने कितने उतार-चढ़ाव देखे है। महाराज धृतराष्ट्र अवयवस्थित चित और पुत्र प्रेम के कारण कभी मेरी नेक सलाह स्वीकार न कर सके । ममतामयी गांधारी पर भी अंततः पुत्र-प्रेम ही प्रभावी रहा । सुयोधन के सत्ता के लोभ की भावना को निरन्तर मुखर बनाने में शकुनि की कुबुद्धि और कर्ण के पराक्रम के प्रत्यक्ष सहयोग से आचार्य द्रोण एवं कृपाचार्य से प्रच्छन्न सहयोग का मेरे विचार में

कम महत्त्व नहीं है। अंततः युधिष्ठिर के स्नेह बन्धन को तोड़कर महारण्य के शांत वातावरण में बीता हुआ कालचक्र मेरे स्मृति पटल पर कुछ घटनाओं का इंद्रधनुषी रंग बिखेर रहा है।'1

हस्तिनापुर के महाप्रसाद में तीन वर्षों के अंतराल में एक एक कर धृतराष्ट्र, पाण्डू और मेरा जन्म हुआ। जिस दिन मेरा जन्म हुआ उसी दिन गण्वतगण-सुत संजय भी जनमा । धृतराष्ट्र की जन्मान्धता के कारण बचपन से किशोरावस्था तक पाण्डू के साथ सहज ही एक विशेष प्रकार के नैकट्य का अनुभव मेरा मन करता रहा। यह निकटता एकपक्षीय नहीं थी इसका प्रमाण पाण्डू ने युवराज बनते ही मुझे अपना व्यक्तिगत सचिव नियुक्त करके दिया। हस्तिनापुर के राजसिंहासन पर पाण्डू के अभिषेक के पश्चात् भी मैं उसका प्रमुख अमात्य, हितैषी, बन्धु और अनन्य सखा बना रहा। उसके राजत्याग के उपरान्त अन्धे भाई धृतराष्ट्र के विश्वास पात्र महामंत्री के रूप में मैंने कभी उसका उपहास नहीं किया।'2

इस लेख में विदुर के माध्यम से महाभारत सम्बन्धी अनेक प्रासंगिक प्रश्नों के उत्तर तलाशे गये हैं। अंक 40 में महाभारत से ही एक महत्त्वपूर्ण पात्र एकलव्य पर आधारित लेख प्रकाशित हुआ है।

अंक 47 में महाभारत के नियोजित पात्र शकुनि पर लेख प्रकाशित हुआ है। शकुनि के आत्मकथ्य स्वरूप यह वार्ता महत्त्वपूर्ण है। शकुनि के अनुसार, 'मेरी आशाओं का स्वपन महल धराशायी हो गया। एक सुनिश्चित नीति के अन्तर्गत सुयोधन को निरन्तर प्रभाव में रख उसको भारतखण्ड की सर्वश्रेष्ठ शक्ति बनाने के लिए मार्गदर्शन देने का मेरा कपटजाल छिन्न-भिन्न हो गया। अर्थशास्त्र का ज्ञाता होने के कारण मुझे भली भांति ज्ञात रहा है कि मोह एवं विवेक परस्पर विरोधी हैं। हिंसा, क्रोध, तृष्णा, लोभ ओर काम मोह पद के आधार स्तम्भ हैं । सम्प्रति अपने स्वभाव की कुटिलता के कारण सुयोधन सहित अन्य भगिनेयों के मन में मैंने सदैव इन भावनाओं को प्रादृढ़ करने का अहर्निश प्रयास किया। परिणाम स्वरूप विदुर, भीष्म, आचार्य द्रोण, आदि श्रेष्ठ पुरुषों के विवेक को सुयोधन के हठ और अहंकार की चट्टानों से टकराकर खंडित होना पड़ा। ग्यारह अक्षौहिणी दुर्धर्ष सैनिकों के बल से समन्वित होते हुए भी कृष्ण के कपटपूर्ण चातुर्व के समक्ष एक एक कर सभी महारथी धराशायी हो चुके हैं। मेरी आशाओं का आतय स्तम्भ कर्ण के पतन के साथ ही ध्वस्त हो चुका है। शास्त्रों का परम ज्ञाता होते हुए भी द्रोण पुत्र अश्वत्थामन् पाण्डवों के प्रति घृणा के अभाव और अपने जीवन मोह के कारण सुयोधन के लिए कुछ नहीं कर सकेगा। कृपाचार्य युद्ध के अन्तिम दिनों में भी सुयोधन को पाण्डवों से सन्धि करने का उपदेश देकर अपनी दुर्बलता प्रकट कर चुके हैं। श्री कृष्ण के प्रति व्यक्तिगत द्वेष के कारण सुयोधन के पक्ष में लड़ने वाला कृतवर्मा अपने समर्थकों का विनाश करा श्रीहीन हो चुका है। ऐसी स्थिति में अपने यशस्वी सहोदरों और बहुसंख्यक पराक्रमी सैनिकों के काल कलवित हो जाने के पश्चात् समरांगण से मेरा पलायन मुझे कलंकित ही करेगा। अपने द्वारा पालित और संरक्षित भगिनेयों की मूर्ति और यश पताका को चतुर्दिक फहराने का मेरा प्रयास इस महाभारत के धधकते यज्ञ कुण्ड में हविष्य बन भस्म होता जा रहा है।'3

शकुनि के चातुर्य और छल-कपट पर इस लेख में सूक्ष्मता से विचार किया गया है। युद्ध में चाहे सत्य हो या असत्य ध्येय तो दोनों ही पक्षों का रहता ही है। ऐसे ही उहापोह और पर्दे के पीछे की कथा कहते यह मनोवैज्ञानिक लेख महत्त्वपूर्ण हैं।

इसी अंक में महेंद्रनाथ पाण्डेय का रामायण के पात्र सुग्रीव पर लेख प्रकाशित हुआ है। इसमें सुग्रीव के माध्यम से आज के युग की राजनीतिक स्थिति का आकलन किया गया है। लेखक कहते है, 'इस देश ने दो लोकनायकों (गांधी और जयप्रकाश) का दुःखद अंत देखा है । दोनों ने अपनी कल्पनाओं को साकार करने के लिए, राजनायकों का निर्माण किया था लेकिन दोनों ही अपने हाथों निर्मित राजनायकों द्वारा उपेक्षित कर दिये गये। आज भारतीय राजनीति जो रूप धारण करती जा रही है, उसमें राजनेताओं का जो चरित्र हो गया है, उसे देखकर मुझे बार-बार संदेह जर्जर सुग्रीव की याद आती है। मुझे ऐसा लगता है कि गोस्वामी जी ने सुग्रीव के चरित्र का निर्माण राजनेताओं के चरित्र को समझाने के लिए किया है।'4

इस लेख में सुग्रीव के शंकालु स्वभाव और नैतिक-अनैतिक आवरण पर विचार किया गया है । इसमें सुग्रीव और विभीषण के माध्यम से उपर्युक्त कथन की पुष्टि की गई है।

अंक 54 में महेन्द्रनाथ पाण्डेय का लेख 'मारीच' व अजित कुमार सिंह का लेख 'नागकन्या-उलूपी' प्रकाशित हुआ है। लेखक के अनुसार मारीच का मजबूरी में हिरण रूप धारण करना, मन में श्रीराम के हाथों मुक्ति और रावण के लिए पथ निर्विचन बनाने के पीछे चंचल मन का ही हाथ है जिसने रावण को भी पदच्युत कर दिया था। लेखक कहते हैं, 'तो क्या यह मान लिया जाए कि मन के विचलन की कोई दवा नहीं है, उससे कोई त्राण नहीं हैं, उसकी कोई दवा मिली नहीं ? गोस्वामी कहते हैं क्यों नहीं। इस मन को मारीच की भान्ति फिसलने दो इसे श्री राम की ओर जाने दो। इसे श्रीराम को अपने पीछे दौड़ाने के लिए बाध्य कर दो। श्री राम इतने दयालू और अंतर्यामी है कि वे 'अन्तर प्रेम' की पहचान करेंगे ही। यह मन दशानन की दोस्ती में ही सही, दशानन के काम से ही सही, जाये तो श्री राम की ही ओर। गतिशील हो तो श्रीराम की ओर। वह इसके आंतरिक राज की पहचान करके इसका बांछित इसे देंगे ही। चाहे प्रेम से, या घृणा से, चाहे द्रोह से या दोस्ती से, चाहे काम से, या क्रोध से, लोभ से या लाभ से, चाहे जैसे भी जाना हो, तो राम की ओर ही

जाओ। वे क्रुद्ध होने पर 'निर्वाण' देते हैं और मुग्ध होने पर भक्ति। राम कथा का मारीच इसका प्रमाण है।'5

इसी अंक में अजित कुमार सिंह का लेख 'नागकन्या उलूपी' प्रकाशित हुआ है। अंक 60 में अजित कुमार सिंह का लेख 'कुन्ती' प्रकाशित हुआ है। इसमें कुन्ती की वत्सलता, उसकी वंश परम्परा, पाण्डवों का संघर्ष, नकुल-सहदेव की माँ माही का सती होना व संतान पालन का दायित्व कुंती द्वारा सम्भालना आदि विषयों पर विचार किया गया है।

'मिथक चिंतन' के अंतर्गत अंक 51 में अजित कुमार सिंह का लेख द्रोपदी छपा है। पाण्डव जब अंतिम समय में हिमालय के दुर्गम इलाकों में प्रेवश कर रहे में तभी द्रौपदी के मन में अंतिम यात्रा में पहली आहुति देने का विचार चल रहा था। यहीं से उसके विगत जीवन पर आत्मकथ्य से लेखक ने द्रौपदी के जीवन के विभिन्न पहलुओं, उसकी चिंताओं पर आधुनिक संदर्भ में विचार किया है। इस यात्रा में द्रौपदी के जीवन के विभिन्न पड़ावों के साथ पाठक का आत्मीय सम्बन्ध जुड़ जाता है। एक नारी की पीड़ा को वाणी देते कई सार्थक प्रश्न इसमें मिलते हैं।'6

अंक 52 में महेंद्रनाथ पाण्डेय का लेख 'रावण' और अजित कुमार सिंह का लेख 'कर्ण' प्रकाशित हुआ है। 'रावण' पर विचार करते हुए लेखक कहते हैं, 'सत्ता जब भी मदोन्मत होती है, वह स्वयं को कर्ता स्वीकार करने लगती है। किसी न किसी बहाने से वह अपने परिवेश की आजादी का अधिग्रहण किया करती है। इस अधिग्रहण से रुदन का विस्तार होता है। पिसने के बावजूद मनुष्य की जिजीविषा, इस रुदन को आनंद के राग में बदलने का यत्न करती है। व्यवस्थाओं के इस रुदन विस्तारीकरण को मैं, जब जब देखता हूँ, मुझे रावण याद आता है। मुझे लगता है जहाँ भी रुदन का इंतजाम है, वहाँ रावण सक्रिय है। जहाँ भी इस रुदन की व्यवस्था को आनंदमय बनाने का अभिमान है, वहाँ राम सक्रिय हैं। रावणत्व और रामत्व का यह संघर्ष सनातन है।

लेखक ने इस लेख में तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस के उदाहरणों से स्पष्ट किया है कि सम्भवतः रावण श्रीराम के भागवन रूप को पहचानता था और उसने भी एक लीला रची थी राम के हाथों अपनी मुक्ति पाने की लेकिन इसका अंदाजा उसने किसी को नहीं होने दिया। लेकिन युद्ध के समय रावण के सिरों के बार-बार कटने पर भी उसका न मरना और राम द्वारा रावण के हृदय में वाण न मारने का कारण बताना कि 'रावण के हृदय में सीता है सीता के हृदय में मैं और मेरे हृदय में सारा जग अर्थात् सृष्टि का विनाश करना है।' और अंत में रावण की मृत्यु और उसकी आत्मा का श्रीराम में मिल जाना आदि के वर्णन से लेखक ने रामायण की घटनाओं को राम रावण की लीलाएँ माना है।

लेखक के अनुसार यही लोकरावणं (लोक को दुःख देने वाला) और (लोकभिरामं) (लोक को आनंदित करने) का संघर्ष सनातन है।'7

इसी अंक में अजित कुमार सिंह का लेख 'कर्ण' प्रकाशित हुआ है जिसमें कर्ण और महाभारत के युद्ध विषयक प्रासंगिक प्रश्न उठाए गये हैं। हम कर्ण के व्यक्तित्व और बाह्य रूप से तो परिचित हैं लेकिन ऐसे महासमर में उसके भीतर कैसा अन्तर्द्वन्द्व चल रहा या इसकी कल्पना लेखक ने हमारे सामने प्रस्तुत की है। कर्ण प्रश्न करते हैं, "युद्ध का परिणाम सदैव विनाशकारी होता है, युद्धाग्नि में अतीत का अहंकार, वर्तमान का सम्बल और भविष्य की आशा हविष्य बनकर भस्म हो जाती है। विजेता को अंत में विजय के लिए चुकाये गये मूल्य की तुलना में उपलब्धि नगण्य लगती है। सोचता हूँ इस महासमर में अपने प्रबल पराक्रम से सम्पूर्ण योद्धाओं को आतंकित करने वाला दानशीलता का सर्वोत्कृष्ट आदर्श स्थापित करने वाला अंगराज अंततः अपने साथ क्या ले जा रहा है। मित्र सुयोधन के प्रति कृतज्ञता के कारण लीलाधर कृष्ण, पितामाह भीष्म, राजमाता कुंती का पाण्डव पक्षधर बनने अथवा तटस्थ रहने का अनुरोध अस्वीकार कर क्या मैंने अनुचित किया ? सुयोधन के प्रति कृतज्ञ था कर्ण। सूत पुत्र के सम्बोधन से निरन्तर लांछित होने वाला राधेय। मेरे पुत्रों और राधा से उत्पन्न मेरे अनुजों ने आत्म बलिदान क्यों दिया ? क्या कृतज्ञ वसुदेव ने अपने परिवार के निर्दोष सदस्यों को अपने अहंकार और मैती धर्म के प्रति उंचाइयों का मानदण्ड प्रस्तुत करने की भावना से युद्धाग्नि में नहीं झोंक दिया ? राधा मां से उत्पन्न मेरे छः भाईयों में शत्रुजंय तथा विचार में अभिमन्यु का क्या पूर्व वैर था ? मेरे प्रिय पुत्र सुवाहु तथा वृषसेन को अर्जुन के गाण्डीव ने क्यों निगल लिया। नकुल जैसे निश्चल हृदय ने मेरे पुत्रों चित्रसेन तथा सुषेण का वध क्यों किया ? क्या इन निर्दोषों को पाण्डवों के मन में कर्ण के प्रति घृणा के महाकाल ने नहीं आत्मसात कर लिया ? पाण्डु पुत्रों का वास्तविक परिचय जानकर भी आत्मश्लाघा एवं अहंकार के कारण ही अपने सम्बन्धियों तक को अपना वास्तविक परिचय न देकर मैंने अपने कुलधर्म का पालन किया ? पितामाह भीष्म, आचार्य द्रोण जैसे अप्रतिम योद्धाओं के अंत के पश्चात् पाण्डयों की विजय सुनिश्चित मानते हुए भी सुयोधन को युद्ध विराम करने का प्रयास न कर कोटि-कोटि योद्धाओं के दारुण अंत का मार्ग प्रस्तुत कर क्या मैंने मानवता के प्रति अपराध नहीं किया?'8

इस लेख में कर्ण द्वारा ऐसे ही प्रासंगिक प्रश्न उठाए हैं जैसे :

• जन्म पर व्यक्ति का अधिकार न होने के बावजूद, मेरा क्या कसूर ? जबकि अज्ञात कुल जन्मा द्रोण एवं कृपाचार्य आचार्यत्य को प्राप्त कर गये और माद्री और कुंती के गर्भ से उत्पन्न पाण्डव भी।

• सूतपुत्र होने का एक मात्र तथा कथित 'अवगुण' मेरे समस्त आप्तगुणों को आत्मसात कैसे कर गया ?

• पाण्डुपुत्रों का वास्तविक परिचय जानकर भी आत्मश्लाघा एवं अहंकार के कारण ही अपने सम्बन्धियों तक को अपना वास्तविक परिचय न देकर क्या मैंने अपने कुलधर्म का पालन किया ?

• अनिंद्य सुन्दरी द्रुपदसुत्ता के प्रति मेरे मन में किसी प्रकार का दुर्भाव न था। सुयोधन की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए मैं अंततः लक्ष्यभेद को तत्पर हुआ। याज्ञसेनी द्वारा कृत अपमानबोध से क्रोधविष्ट में विप्रवेशी अर्जुन से टकराकर पुत्रवध के पश्चात् भी शांत कैसे रह गया यह सोच आज भी मुझे आश्चर्य होता है। जिस ब्राह्मण समाज में मुझे कभी भी वांछित प्रतिष्ठा नहीं दी उसके प्रति मेरे मन की मोमल भावनाएँ कहीं मेरे पूर्वजन्म के सुसंस्कारों के कारण तो नहीं है।

• मुझे समाज की उपेक्षा का पात्र बनने के लिए जन्म लेते ही क्यों परित्यक्त कर दिया गया ?

मेरा दृढ़मत है कि भवितव्यता को टालने का सामर्थ्य किसी में नहीं है। क्या लीलाधर कृष्ण पाण्डवों का वनगमन, द्रुपदसुत्ता का स्वजनों की राजसभा में सार्वजनिक अपमान टाल पाये ? अपने महान कन्धों पर सैकड़ों वर्षों तक कुरु सम्राज्य का भारवहन करने वाले पितामह भीष्म अपना कुलनाश रोक पाये ?

पाण्डवों की 13 वर्षीय वनवासावधि का लाभ उठा युवराज सुयोधन अधिकांश नरेशों को अपना समर्थक बना कर भी क्या महाविनाशकारी समर में विजय प्राप्त कर पाया। फिर मेरे चाहने से क्या होता ?

• सुयोधन के प्रति किये गये उपकारों को भुला पाण्डवपक्ष में गये (कर्ण) को क्या काल पुरुष क्षमा कर देता ? क्या मेरी सन्तानें मेरे 'ज्येष्ठ पाण्डव' घोषित होने बाद भी क्षत्रिय मान ली जातीं ?

• युद्ध के दुश्परिणाम से सुपरिचत मेरे मन के किसी कोने से स्पष्ट ध्वनि उठी कि विजय प्राप्ति के लिए चुकाये गये मूल्यों के उपरांत असंख्य योद्धाओं के नरकंकालों के ढेर पर बैठकर क्या युधिष्ठिर सुख-पूर्वक बैठकर स्वर्णपात्रों में घी-दूध खा सकेगा ?

• इस युद्ध में असंख्य नर संहार, अतुलनीय आर्थिक क्षति से उत्पन्न विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, नैतिक अवमूल्यन के भीष्ण प्रवाह को क्या धर्मप्राण कुन्तीनंदन रोक पायेगा ?

धर्म, अन्याय, नीति एवं लोक कल्याण के जनमूल्यों की पूर्वस्थापना के निमित्त वासुदेव पार्थ सारथि का दायित्व निभा रहे हैं। क्या वह अंततः सफल होंगे ?'9

ऐसे कई प्रश्नों के माध्यम से लेखक ने कर्ण की आंतरिक व्यथा व संघर्ष को अभिव्यक्ति दी है जो महाभारत के पात्रों की चिंतन के स्तर पर नयी व्याख्या है। लेख के अंत में निहत्थे कर्ण का मारा जाना, कर्ण द्वारा अपने आप को मृत्यु के आगे प्रस्तुत कर देना, नारी अपमान और अन्याय का साथ देने का प्रायश्चित करना, यह सब मिलकर कर्ण के व्यक्तित्व को नया आयाम देते हैं तथा कर्ण के मन के भीतरी संवेगों द्वारा आधुनिक द्वन्द्वग्रस्त आदमी की पीड़ा का व्याख्यान करते हैं।

अंक 72 में अजित कुमार सिंह का लेख 'सुभद्रा' प्रकाशित हुआ है। सुभद्रा के शब्दों में, 'हमारे पुरुष प्रधान समाज में भ्रातृहीना कन्याऐं अमंगलकारिणी मानी जाती हैं। मेरा सौभाग्य है कि विधाता ने मुझे जनार्दन कृष्ण जैसे लोकनायक और हलधर बलराम जैसे अग्रजों की भगिनी बनाया है। मेरे प्रति स्नेहाधिक्य के कारण ही भैया बलभद्र मुझे सुयोधन की पत्नी बना हस्तिनापुर की महारानियों में सम्मिलित करना चाहते थे किन्तु स्वयं मूर्द्धाभिषेक राजा न होते हुए भी अपने आप्तगुणों एवं सर्वग्राही मनोहारी छवि के कारण भूमंडल में द्वारिकाधीश के रूप में सुख्यात शार्गंधर की सम्प्रति से मेरा हरण सम्भव हुआ, अन्यथा एक पार्थ के लिए मुझको यादव राज्य की सीमा से बलपूर्वक सकुशता हर ले जाना सरल नहीं था। मुझे इस बात पर सदैव गर्व, संतोष का अनुभव हुआ कि मैं धर्मच्युत अहंकारी सुयोधन के स्थान पर अपने भाई के अनन्य सखा उदारचेता सव्यसाची की पत्नी बनी। करुक्षेत्र के महासमर में अपने पुत्र के कपटबंध से संतप्त मेरे मन को यह सोचकर शांति मिलती रही कि उतरानंदन परीक्षित मेरे अभिमन्यु का ही प्रतिरूप है।'10

इस लम्बे लेख का अगला भाग अगले अंक में प्रकाशित हुआ।

इसी अंक में विश्वम्भर नाथ उपाध्याय का लेख, परशुराम प्रकाशित हुआ है। अंक 86 में अजित सिंह का ही लेख 'उत्तरा' प्रकाशित हुआ है। जिसमें स्त्री की पीड़ा की मार्मिक अभिव्यकित मिलती है।

कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि ये सभी लेख संग्रहणीय हैं व अपने विषय को नयेपन, अन्तर्द्वन्द्व व सार्थक प्रश्नों को उठाते वे लेख महत्त्व के हैं। इनमें कई तो मंचन के योग्य हैं।'11

1.दस्तावेज़, मार्च 1981 पृ.78
2. वही,पृ.85-86
3.दस्तावेज, अप्रैल -जून 1990,पृ. 34
4.दस्तावेज़, अप्रैल-जून 1990, पृ० 28
5.दस्तावेज़, जनवरी-मार्च 1992, पृ० 38।
6. दस्तावेज़,अप्रैल-जून 1991, पृ० 41-56।
7.दस्तावेज़, जुलाई-सितम्बर 1991, पृ० 63।
8. दस्तावेज़, जुलाई-सितम्बर 1991, पृ. 65
9. दस्तावेज़, जुलाई-सितम्बर 1991, पृ० 70 1
10. दस्तावेज़, जुलाई-सितम्बर 1996, पृ० 47
11.डॉ. मलकीयत सिंह , "साहित्यिक पत्रिका 'दस्तावेज' का ऐतिहासिक और विश्लेष्णात्मक अध्ययन , शोध प्रबंध ,अप्रकाशित

****

स्वाधीनता संग्राम में हिन्दी साहित्य का योगदान

डॉ.कोकिल
असिस्टेन्ट प्रोफेसर (हिन्दी विभाग)
श्री द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय
दनकौर (गौतम बुद्ध नगर)
मो–8630825952

शोध–सार :–

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिन्दी साहित्य ने काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्नसवी शताब्दी के शुरु होते ही जब राष्ट्रवादी बिनार उभरने लगे और विभिन्न भारतीय भाषाओं का साहित्य अपने आधुनिक युग में प्रवेश करने लगा, तब अधिक से अधिक साहित्यकार साहित्य का देशभक्ति पूर्ण उद्देश्यों के लिए प्रयोग में लाने लगे। साहित्य ने लोगों में राष्ट्रवादी भावनाएँ जगाई। इससे उनके देश के प्रति भावना जाग्रत हुई। स्वतंत्रता की आवश्यकता साहित्य में व्यक्त की गई। साहित्य ने देशभक्ति और राष्ट्रवाद के विषयों के माध्यम से भारतीय लोगों को अपने देश की स्वतंत्रता के लिए प्रेरित किया। 1857 की क्रांति का भी हिन्दी साहित्य पर दूरगामी प्रभाव पड़ा। रामविलास शर्मा ने इसे हिन्दी नवजागरण का प्रथम चरण घोषित किया। 1857 की क्रांति की तीव्र अभिव्यक्ति लोकगीतों एवं पत्र–पत्रिकाओं में हुई है। साहित्य में राष्ट्रवाद ने स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रवादी आन्दोलन में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रकार अनवरत रूप से भारत की स्वतंत्रता में अनेक साहित्यिक रचनाओं और पत्र–पत्रिकाओं ने लोगों को देश–प्रेम के लिए झकझोर कर रख दिया। उनके अन्दर देश–प्रेम की भावना को जाग्रत किया। साहित्य द्वारा जन–जन तक अपने विचार पहुँचाये। हिन्दी साहित्य ने स्वाधीनता संग्राम में अपनी चिरस्मरणीय भूमिका का निर्वहन किया, जो सदैव शाश्वत रहेगा।

बीज–शब्द :–

स्वाधीनता, संग्राम, भारतीय, साहित्य, राष्ट्रवाद, देशभक्ति।

शोध–पत्र :–

सचमुच बलिदानी वीर वहीं पैदा होते,
बलिदान जहाँ सम्मानित होते रहते हैं।
वह देश सदा जीवित रहने का अधिकारी,
जिसके जन बलिदानों की गाथा कहते हैं।[1]

भारत जननी सदैव से ही वीर प्रसूता रही है। हर युग में यहाँ 'आजाद' भगत सिंह प्रताप और शिवाजी जैसे देश भक्त होते रहे हैं। जिनका भारतीय इतिहास सदैव ऋणी रहेगा। आगे वाली पीढ़ी के यही लोग आदर्श रहे हैं और रहेंगे भी लोग आज भी इनका नाम गर्व से लेते हैं।

प्रेरणा शहीदो से हम अगर नहीं लेगें,
आजादी ढ़लती हुई साँझ हो जायेगी।
यदि वीरों की पूजा हम नहीं करेगें तो,
यह सच मानो वीरता बाँझ हो जायेगी।।[2]

भारत का अतीत निश्चय ही चतुर्दिक गरिमा की चरम सीमा पर खड़ा आज भी मुस्करा रहा है और अपनी यशः सुरभि से दिक्दिगन्त को सुरभित कर रहा है।

संसार में ऐसा कौन–सा व्यक्ति है जो पराधीन रहना चाहें ? पक्षी भी सोने के पिंजड़े में रहने की अपेक्षा मुक्त गगन में विचरण करना चाहता है। भारतीय जनमानस भी शताब्दियों की दासता से छटपटा उठा। अपनी पराधीनता की बेड़ियों को काट देने के लिए उसका मन–प्राण विद्रोह कर उठे और इन गुलामी के बन्धनों को तोड़कर उन्मुक्त होने की कामना ने 1857 में क्रान्ति की नयी जमीन को खोज निकला। इस क्रान्ति महायज्ञ में प्रथम आहुति देने वाले बलिया जनपद के हलद्वीप गाँव के ब्राह्मण कुलोत्पन्न पंडित मंगल पाण्डेय ने 08 अप्रैल 1857 को अपने बलिदान से स्वतन्त्रता का प्रथम दीप जलाया।

भारत पर अंग्रेजी साम्राज्य का दौर था। जनता में त्राहि–त्राहि थी। सरकारी तंत्र की निरंकुशता चरण सीमा पर थी। अंग्रेजी हुकुमत ने अपने लाभ के लिए भारत को गुलाम बनाया था। इस रहस्य को भारतीय समझने लगे थे और फिर भारत के लोगों के हित और ब्रिटिश शासकों के स्वार्थ पूर्ति के बीच सीधे टकराव की स्थिति बन गयी। विभिन्न क्रान्तियाँ हुई। ऐसे वातावरण में देश में गाँधी जी की अहिंसा नीति का पदार्पण हुआ। दूसरी ओर से कुछ क्रान्तिकारियों का आक्रोश। ये थे पं0 चन्द्रशेखर 'आजाद' के साथी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, बिस्मिल, सांवरकर, बोस, गोखले, यशपाल, तिलक, बटुकेश्वर, दत्त, भगवती चरण वर्मा, शिव वर्मा, आदि स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने इस स्वाधीनता को प्राप्त करने के लिए अपने प्राणों की चिंता न कर, देश पर अपने प्राण को स्वेच्छा से न्यौछावर कर दिया था। ये वे लोग थे, जिनका उद्देश्य किसी भी प्रकार से भारत माता के षरीर पर जकड़ी गुलामी की जंजीरों को तोड़ना था। क्रान्तिकारी विचारधारा के युवकों ने दिल्ली में फिरोजशाह कोटला के खंडहरों में एक गुप्त सभा की। जिसमें एक कुशल सेनानायक के तमाम गुणों से सम्पन्न 'आजाद' को सभी ने सर्वसम्मति से अपना 'कमांडर इन चीफ' बना लिया। तब 'आजाद' ने विजय कुमार सिन्हा तथा भगत सिंह को अर्न्तप्रान्तीय संबंध बनाने का काम सौपा। सुखदेव को पंजाब, शिव वर्मा को उत्तर प्रदेश, कुंदन लाल को राजस्थान, फणीन्द्र नाथ को बिहार प्रान्त में संगठन का कार्य सौपा गया। पार्टी का नाम हर प्रान्त में अलग–अलग रखा गया। मगर केन्द्रीय पार्टी का नाम रखा गया 'हिन्दुस्तान समाजवादी प्रजातन्त्र सेना' और कमांडर बने आजाद। अब एक सेना नायक होने के नाते आजाद पर क्रान्तिकारियों की ओर से अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध कुशल नेतृत्व देकर युद्ध चलाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आ पड़ी। यह वही थे जिन्होंने बड़ी कुशलता से अपने पद के अनुरुप ही अपनी सेवायें देश को दी। एक योजनानुसार पंडित जी को बम फैककर लौट आना था आजाद का सुझाव था कि यह कार्य भगत सिंह न करें क्योंकि पंडित जी को बम फैककर लौट आना था पर भगत सिंह जनता को जगाने के लिए अपनी बलि देने को आतुर थे। उनके लाख मना करने पर भी भगत सिंह ने लौटना स्वीकार नहीं किया और वहीं पकड़ें गये जिनका अन्त उनकी फाँसी से हुआ। यदि आजाद की बात भगत सिंह मान लेते तो इतिहास कुछ और

होता। इसी 27 फरवरी के दिन इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में पुलिस से युद्ध करते अपने ही प्रिय 'माउजर' की अन्तिम गोली से आजाद शहीद हो गये। वह मरे नहीं सिर्फ उनका शरीर नश्वर हो गया। वह तो भारत की मिट्टी के कण–कण में सुवास बनकर रच बस गये हैं। आने वाली पीढ़ियाँ उनकी सुगंधि से महकती रहेगी। किसी शायर ने ठीक ही कहा है–

"शहीदो की चिताओं पर लगेगें हर बरस मेले,
वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा।"[3]

महात्मा गाँधी जी के कुशल नेतृत्व में स्वाधीनता की लड़ाई लड़ी गयी थी। आज गाँधी जी हमारे बीच नहीं हैं किन्तु उनके सिद्ध ान्त आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायक हैं। पंत जी ने ठीक ही लिखा है–

"तुम रक्तहीन तुम मांसहीन हे अस्थिशेश, तुम अस्थिहीन तुम शुद्ध–बुद्ध आत्मा केवल, हे चिर पुराण, हे चिर नवीन।"

वे युग दृश्टा थे इसलिए वैज्ञानिक आइंस्टीन ने गाँधी जी के बारे में कहा था–

"आने वाली पीढ़ियाँ कठिनाई से विश्वास करेगी कि कभी ध रती पर हाड–मांस का बना ऐसा मनुष्य भी उत्पन्न हुआ था।"[4]

स्वाधीनता की भावना बहुत पहले से ही आरम्भ हो चुकी थी। लेकिन बुनियादी तौर पर यह सन् 1857ई0 से दिखाई देने लगी थी। स्वाधीनता की भावना को जाग्रत करने में हिन्दी साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। साहित्य के बिना कोई भी देश अंधकार और निराशा से डूब जाता है–

"अंधकार है वहाँ, जहाँ आदित्य नहीं है।
मुर्दा है वह देश जहाँ साहित्य नहीं है।।"[5]

साहित्य किसी भी राष्ट्र की उन्नति या अवनति का प्रमाण है। आदिकाल से हिन्दी साहित्य में अनेक साहित्यकारों ने सृजन कार्य किया है। समय परिस्थितियाँ व समाज कोई भी रहा हो परन्तु अध िकांश साहित्यकारों ने अपने साहित्य में राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक परिस्थितियों को दर्शाने के साथ राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को निभाने का प्रयत्न किया है।

देश अंग्रेजों का गुलाम था। भारत के अनेक साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं द्वारा देश की जनता में देश को आजाद करने हेतु उत्साह का संचार किया था।

'अरुण यह मधुमय देश हमारा, भारत–भारती, भारत दुर्दशा तथा चन्द्रगुप्त जैसी अनेक रचनाएँ इसका प्रमाण है। देश की गुलामी से दुखी होकर प्रेमचन्द्र जी ने राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रोत कहानी संग्रह उर्दू में 'सोजे वतन' लिखा, जिसे अंग्रेज सरकार ने जब्त कर लिया। तब वे नवावराय के नाम से लिखते थे। सोजे वेतन के जब्त होने के बाद उन्होंने प्रेमचन्द के नाम से लिखना आरम्भ किया। उनकी लेखनी रुकी नहीं, बल्कि और प्रखर होकर स्वतंत्रता आन्दोलन में विस्फोटक का काम करती रही। उन्होंने लिखा–

"मैं विद्रोही हूँ जब में विद्रोह कराने आया हूँ।
क्रान्ति–क्रान्ति का सरल सुनहरा राग सुनाने आया हूँ।"[6]

प्रेमचन्द जी ने 'ईद' एक प्रतीकात्मक कहानी लिखी जिसमें उन्होंने प्रतीकात्मक संकेतों द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को देश को आजाद कराने हेतु हथियार उठाने की प्रेरणा दी थी। इसमें दादी माँ भारत माता चिमटा हथियारों तथा हामिद स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतीक हैं। साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं होता अपितु वर्तमान का निर्माण तथा भविष्य का वक्ता भी होता है। इसी तथ्य की ओर इंगित करते हुए राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा है–

"केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए।
उसमें उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिए।"[7]

हिन्दी साहित्य के माध्यम से न केवल देश भक्तों के व्यक्तित्व को उजागरण किया अपितु स्वयं राष्ट्र व समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और समाज को जागरुक करने का कार्य किया। भारत की जनसंख्या बहुधर्मी, बहुजाति, बहुभाषी होने के बाबजूद, अनेकता में एकता को समेटे हुए है। इसका श्रेय बहुत वृद्ध तक हिन्दी साहित्य को जाता है।

आजादी को लेकर देश में व्याप्त उथल–पुथल को हिन्दी कवियों ने अपनी कविता का विशय बनाकर साहित्य के क्षेत्र में दोहरे दायित्वों का निर्वहन किया। स्वदेश व स्वधर्म की रक्षा के लिए कवि व साहित्यकार एक ओर तो राष्ट्रीय भावों को अपनी कविता का विषय बना रहे थे। वहीं दूसरी ओर स्वाधीनता आन्दोलन को हवा दे रहे थे। स्व. तंत्रता आन्दोलन के आरम्भ से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति तक भिन्न–भिन्न चरणों में राष्ट्रीय भावनाओं से ओत–प्रोत कविताओं की कोख में स्वतंत्र चेतना का विकास होता रहा। 'विप्लव गान' षीर्शक कविता में कवि की क्रान्तिकामना मूर्तिमान हो उठी है।

"कवि कुछ ऐसी तान सुनाओं,
जिससे उथल–पुथल मच जाये
एक हिलोर इधर से आये,
एक हिलोर उधर को जाये,।
नाश! नाश! हाँ महानाश!! की
प्रलयंकारी आँख खुल जाये।"[8]

भारतेन्दु युग का साहित्य अंग्रेजी षासन के विरुद्ध हिन्दुस्तान की संगठित राष्ट्रभावना का प्रथम आव्हान था। यहीं से राष्ट्रीयता का जयनाद शुरु किया। विदेशी शासकों के अत्याचारों से पीड़ित जनमानस के हृदय में स्वाधीनता आन्दोलन को जगाते हुए भारतेन्दु जी ने कहा–

"भीतर–भीतर सब रस चूसे,
हंसि–हंसि के तन मन धन मूसै।
जाहिर बातन में अति तेज,
क्यो सखि साजन नहिं अंग्रेज।"[9]

स्वतंत्रता की भावना भारतेन्दु जी के साथ–साथ द्विवेदी युग के कवियों में भी कूट–कूट भरी थी। इनमें प्रमुख थे 'मैथिलीशरण गुप्त'। गुप्त जी ने अपने काव्य 'स्वदेश–संगीत' के माध्यम से राष्ट्रीयता का भाव जनमानस के हृदय में जगाने का प्रयास किया–

"धरती हिला की नीद भगा दे,
बज्रनाथ से व्योम जगा दे,
देव और कुछ लाग लगा दे।।"[10]

बढ़ती हुई राजनीतिक चेतना तथा सांस्कृतिक पुनरुत्थान के परिणाम स्वरुप स्वाधीनता द्विवेदी युग की प्रधान भावधारा थी। अतः तत्कालीन कविता का मुख्य स्वर भी स्वाधीनता ही है। द्विवेदी युगीन कवियों ने राष्ट्रवाद से प्रेरित अनेक कविताएँ लिखी। मैथिलीशरण गुप्त की 'भारत–भारती' राष्ट्रीय चेतना से ओत–प्रोत है। यह ऐसी रचना है जिस पर अंग्रेज सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया। इस रचना में उन्होंने देशवासियों को पराधीनता की बेडियों से मुक्ति पाने का संदेश देते हुए

कहा है–

"शासन किसी परजाति का
चाहे विवेक विशिष्ट हो।
संभव नहीं है किन्तु जो,
सर्वाश में वह ईष्ट हो।[11]

भारत में एक ऐसी महान विभूति स्वामी विवेकानन्द जी का पदार्पण हुआ। जिन्होंने न केवल अपना सम्पूर्ण जीवन जनसेवा के पुनीत कार्यों में लगाया अपितु भारत के नव–निर्माण हेतु जागृति तथा स्वतंत्रता की भावना का समावेश भारतवासियों में कर अपना प्रचण्ड इच्छा शक्ति को भारत के पुनरुद्धार कार्यो में लगा दिया। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने अपने "सत्यार्थ प्रकाश" में कहा है–

"विदेशी राज्य कितना भी अच्छा क्यों न हो स्वदेशी राज्य की तुलना में कभी अच्छा नहीं कहा जा सकता।"[12]

कवि माखन लाल चतुर्वेदी ने 'पुश्प की अभिलाषा' के माध्यम से जनमानस में सेनानियों के प्रति सम्मान के भाव जाग्रत किये हैं–

"मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ पर देना तुम फेंक।
मातृभूति पर शीश चढ़ाने जिस पर पथ पर जावे वीर
अनेक।।"[13]

सुभद्रा कुमार चौहान ने 'झाँसी की रानी कविता के माध्यम से स्वाधीनता आन्दोलन को तीव्र गति प्रदान करने में अद्वितीय भूमिका निभायी।

छायावादी काव्यधारा के कवियों में स्वाधीनता संग्राम का समर्थन हुआ है। पंत प्रकृति के सुकुमार कवि होते हुए भी राष्ट्रीय नेताओं के जीवन को चित्रित करते हुए "ग्राम्या" जैसे काव्य में भारत माता की दुर्दशा का चित्र अंकित करते हैं।

राष्ट्रकवि दिनकर जी देशभक्तों के लिए लिखते हैं कि–

"तुमने दिया राष्ट्र को जीवन,
राष्ट्र तुम्हें क्या देगा,
अपनी आग तेज करने को
नाम तुम्हारा लेगा।"[14]

इस प्रकार हिन्दी साहित्य ने देशवासियों को स्वतंत्रता आन्दोलन में कूद पड़ने के लिए प्रेरित किया तथा भारत की आन्तरिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने का आव्हान किया। साहित्यकार अपने देश के अतीत से प्राप्त विरासत पर गर्व करता है, वर्तमान का मूल्यांकन करता है, भविश्य के लिए सपने बुनता है और वह राष्ट्रीय आकांक्षाओं से परिचालित होता है।

स्वतन्त्रता आन्दोलन के इस व्रत में क्रान्तिकारियों के साथ–साथ इस देश के कवियों और कथाकारों ने देशवासियों के मन–मस्तिश्क में अपनी रचनाओं में अपना महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था।

श्यामलाल पार्षद की रचना जो स्वाधीनता की मिसाल है–

"स्वतंत्रता के भीषण रण में
लिखकर जोश बढ़े क्षण–क्षण में,
काँपे शत्रु देखकर मन में,
मिट–जावे भय संकट सारा
झंडा–ऊँचा रहे हमारा।।"[15]

हिन्दी साहित्य में आज हम देखते हैं कि कवियों तथा ले खकों की लेखनी के माध्यम से जो शब्द मोती चमके हैं, वह अवि. स्मरणीय हैं। हर युग में युद्ध हुए हैं, स्वाधीनता की भावना जाग्रत हुई है तथा लेखकों ने अपना इतिहास आगे आने वाली पीढ़ी के लिए स्वर्णिम अक्षरों में प्रस्तुत किया है।

आदिकाल में चन्दवरदाई, खुसरो, दलपति विजय, अल्हण नरपति नाल्हे ने विदेशी आक्रान्ताओं को पराजित करने के लिए जनम. ानस में स्वाधीनता आन्दोलन का संचार कर रहे हैं।

मध्यकाल में भूशण केशवदास, देव, भिखारीदास, कुलपति मिश्र, ठाकुर, बिहारी लाल, कबीरदास, मलिक मोहम्मद जायसी, आदि कवियों ने अपने आश्रयदाताओं की राष्ट्रीयता का मंत्र फूँकने का कार्य किया जो उनके गौरव को भी प्रदर्शित करता है।

आधुनिक काल में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध लोहा लेने में कवियों ने अपना अमूल्य योगदान दिया है जिसमें भारतेन्दु हरिश्चन्द, शिव प्रसाद, सितारे हिन्द, माखन लाल, राजा लक्ष्मण सिंह, मैथिलीशरण गुप्त, दिनकर निराला, बालकृष्ण शर्मा, नवीन, महावीर प्रसाद द्वि वेदी, धर्मवीर भारती, नागार्जुन, आदि साहित्यकारों की लेखनी ने जो राष्ट्रीयता का विगुल फूँका, जिसने जनमानस में स्वतन्त्रता की भावना जाग्रत करने में सहयोग दिया। परिणामतः अंग्रेजी शासन का अन्त करने में सहायता मिली। उनकी गौरव गाथा हमें प्रेरणा देती है कि हम स्वतन्त्रता के मूल्य को बनाये रखने के लिए कृत संकल्पित रहे।

"लानत है उनके जीने पर जो भूल शहीदों को जाते,
भारत माता की व्यथा भूल निज स्वार्थ की रोटी खाते।
धिक्कारेगा इतिहास उन्हें धिक्कारेगी भारत माता,
ओ देशद्रोहियों शर्म करो नहीं है तुमसे कोई नाता।
अब भारत माता के सम्मुख सौंगध उन्हीं की खाएँगे,
सब देशद्रोहियों को दलने का फिर से बिगुल बजाएँगे।
तब देश हमारा फिर से सोने की चिड़िया बन जाएगा,
सम्पूर्ण विश्व पर छाएगा फिर विश्वगुरु कहलाएगा।"

****

–: संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1.डॉ. वागीस दिनकर– बलिदानों की गाथा
2.श्रीकृष्ण सरल – क्रान्ति के स्वर
3.शहीदों की चिंताओं पर–जगदंबा प्रसाद मिश्र हितैषी
4.वैज्ञानिक आइस्टीन द्वारा लिखित लेख–न्यूयार्क टाइम्स
5.आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी–साहित्य का मर्म
6.प्रेमचन्द्र–विद्रोही
7.गुप्त–भारत–भारती
8.बालकृष्ण शर्मा नवीन–विप्लव गान
9.भारतेन्दु–भारत दुर्दशा
10.मैथिलीशरण गुप्त–जयद्रथ वध
11.गुप्त–भारत–भारती
12.स्वामी दयानन्द सरस्वती–सत्यार्थ प्रकाश
13.माखन लाल चतुर्वेदी–पुष्प की अभिलाषा हिमतरगिनी
14.दिनकर–हुंकार
15.श्यामलाल पार्षद–झण्डा गीत

****

स्वच्छंदतावादी कवि नरेन्द्र शर्मा के काव्य में प्रकृति-चित्रण

-सुमित कुमार
सहायक प्रवक्ता, हिंदी
संपर्क संख्या: 9971294823
ईमेल: sumitrajdu1@gmail.com

छायावादी चेतना के अनुवर्ती के रूप में उत्तरछायावाद अथवा स्वच्छंदतावादी काव्यधारा का विकास होता है, जिसमें रोमानिक प्रवृत्ति की बहुलता परिलक्षित होती है। हालाँकि, उत्तरछायावाद का स्वच्छंद भाव-बोध परंपरा से आविर्भूत होकर छायावाद के तत्त्वों से ही अनुस्यूत मालूम पड़ता है किंतु छायावाद की तुलना में उसमें एक नवीन दृष्टि उद्भासित होती है जो उसे छायावाद से इतर करता है। मानवीय सभ्यता एवं संस्कृति के विकास के साथ साहित्य की प्रकृति एवं संवेदना का भी विस्तार होता गया है, कारण छायावादी कवियों की तुलना में स्वच्छंदतावादी कवियों के काव्य में निहित प्रकृति एवं संवेदना अत्यधिक यथार्थता के साथ मुखर हुई है । छायावाद में अतिशय काल्पनिकता, आवरणप्रियता एवं आदर्शप्रियता के कारण कवि सामाजिक जीवन से विछिन्न होकर अज्ञात अशरीरी अवलंबन के चित्रण में अनुरक्त प्रतीत होता है जिससे कि स्वच्छंदतावादी कवि अपने को अलग करते हुए प्रेम की नवीनता को अपने काव्य में प्रस्तुत करते हैं; साथ ही प्रकृति से भी आत्मीयता स्थापित करते हैं। स्वच्छंदतावादी कवियों ने अपनी अस्मिता से जुड़े हर्ष-विषाद एवं राग-विराग को प्रश्रय देने का यत्न किया है । "व्यक्ति में यह चेतना जग गयी मेरा अपने अस्तित्व किसी से कम नहीं है, मेरे राग-विराग, हर्ष-विषाद का मेरे लिए सबसे अधिक महत्व है, उसको स्वीकार न करना आत्महीनता का सूचक है और इस आत्महीनता को पूरी शक्ति से झटककर फेंक दिया ।"[1]

जब से साहित्य-विधा की शुरुआत हुई है, तब से लेकर आज तक प्रकृति और मनुष्य के बीच रागात्मक संबंध रहा है। वह मनुष्य की सहचरी के रूप में हमेशा उसके साथ रही है। मनुष्य एक तरफ प्रकृति के विभिन्न उपांगों का क्षरण करता रहा है, तो दूसरी तरफ उसे सुरक्षित रखने के लिए कई पर्यावरणीय सम्मेलनों को भी आयोजित करता रहा है । जब बात रमणीय जीवन व्यतीत करने की आती है तो आज भी मनुष्य महानगरों के कोलाहलपूर्ण जीवन से विरक्त होकर गाँवों की वनस्थली में शांति अनुभव करता है; इसी कारण केवल परिणाम के तहत नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की दृष्टि से भी संपूर्ण विश्व-साहित्य में प्रकृति को अन्यतम स्थान प्राप्त है। स्वच्छंदतावादी कवियों ने अपनी कविताओं में प्रकृति को सूक्ष्म रूप में चित्रित किया है, क्योंकि भौतिकता और यथार्थ से ऊब महसूस करने वाला कवि अपने मन के विश्राम हेतु प्रकृति के मनोरम दृश्यों को ही उचित मानता है । जब स्वच्छंद कवियों को इस जगत में ढूंढ़ने पर कुछ नहीं मिला, तो समस्त प्रकृति के बीच ही उन्होंने अपने भावों का उद्वेलन स्वीकार किया । कविता कवि के हृदय में उपजनेपाली भावों की सृष्टि है और इस सृष्टि का मुख्य आधार प्रकृति है ।

कवि नरेन्द्र शर्मा के काव्य में प्रकृति को सबसे अधिक प्रश्रय दिया गया है । मानव की विरह मनोदशा से लेकर मिलनावस्था तक तथा लोकजीवन के अंकन से लेकर नारी-सौंदर्य तक हरेक रूप में कवि नरेन्द्र ने प्रकृति को ही अपनी कविता का आधार बनाया है। कवि ने प्राचीन प्रकृति चित्रण की प्रणाली से इतर नवीन भाव-बोध को स्वीकार करते हुए प्रकृति में चेतनता, सजीवता और मार्मिकता का दर्शन कर उसके सूक्ष्म व्यापारों का व्यापक एवं विस्तृत विवेचन किया है।

सामान्य रूप से प्रकृति चित्रण की अनेक प्रणालियाँ प्रचलित हैं, जिनमें संवेदनात्मक रूप रहस्यात्मक रूप, आलंबन रूप, उद्दीपन रूप एवं प्रतीकात्मक रूप महत्त्वपूर्ण हैं। पंडित नरेन्द्र शर्मा ने अपने काव्य में प्रकृति के इन विभिन्न रूपों को अंकित करते हुए बिंब-ग्रहण प्रणाली को स्वीकार किया है, जिसके अंतर्गत प्रकृति रमणीय और भयानक दोनों रूपों में चित्रित होती है । कवि ने -प्रातः, दोपहर, संध्या और रात्रि- प्रकृत्ति के अनेक दृश्यों का तथा पेड़-पौधों, ऋतुओं, बादलों एवं महीनों का सुंदर अंकन अपनी कविताओं में किया है। उनकी कविताओं में प्रयुक्त प्रकृति-अंकन का स्वरूप चाँदनी रात के रूप में लक्षित होता है-

"दूध घुला आकाश दीखता
लिपी फेन से धरती
सुधर चांदनी लिपे-पुते में
पाँव न धरती, डरती ।"[2]

चारों दिशाओं में धवलचंद्रिका विकीर्णित हो रही है, दूर-दूर तक फैले हुए बादल गंगा की धारा की तरह प्रतीत हो रहे हैं, जिसका किनारा नील-नीलम का है और जो इंद्रधनु मंडल की गोद में सर रखकर इंद्र संतरण करता हुआ प्रतीत हो रहा है-

"गंगा की घरा से लगते दूर-दूर तक बादल
नीलम के तट, स्निग्ध दुधिया लहरों का वक्षस्थल
गोदी में तिर रहा इन्दु सिर धरे इन्द्रधनुमंडल ।"[3]

पंडित नरेन्द्र शर्मा के काव्य में प्रकृति का 'उद्दीपन रूप' में और अधिक सुंदर रूप में वर्णित हुआ है । विवेच्य कवि हार्दिक अनुभूतियों के कवि माने जाते हैं जिनकी कविताओं के आरम्भ में प्रकृति स्वतंत्र रूप में वर्णित हो रही होती है किंतु वह किसी-न-किसी स्थल पर कवि की भावना का आरोप कर रही होती है । प्रेमी एवं प्रेयसी की मिलनावास्था में प्रकृति उनके आनंद को दोगुना कर देती है और शृंगारिक भावना निहित होने के कारण प्रकृति के कण-कण में अप्रतिम सौंदर्य की मादकता जागृत हो उठती है। खिली धूप और खुली हवा का अनुभव कर प्रेमी अपनी प्रेमिका से कहती है-

"खुली हवा है, खिली धुप है
दुनिया कितनी सुंदर रानी
आओ सारस की जोड़ी से
निकल चले हम दोनों प्राणी ।"4

विरह की अवस्था में प्रकृति थोड़ी क्रूर प्रतीत होती है। जिस संध्या मिलन में

प्रेमी और प्रेमिका एक-दूसरे को आलिंगनबद्ध होकर फूले न समाते थे, विरह में अवसाद और निराशा से घिरकर वही साँझ अब उन्हें पीड़ा देती हुई प्रतीत होती है। काला और नीला आकाश उन्हें यानि प्रेमी युगल को अब चिता का भरम और तारे अस्थिफूल की भाँति परिलक्षित होते हैं। प्रेम ही नहीं, अपितु जीवन के हरेक क्षेत्र में जब निराशावस्था घर कर जाती है, तब प्रकृति का संपूर्ण रूप ही उदास प्रतीत होने लगता है। रात के भीषण सन्नाटे में प्रकृति में नियत्ति शर-संधान करती हुई परिलक्षित होती है-

"घनश्याम यवनिका नित्य वही
वही शून्य नव रंगस्थल
है खेल यही आखेट, वही शर
वही भीत मृग, शर केवल।"[5]

कवि नरेन्द्र ने प्रकृति वर्णन में अपनी प्रतीकात्मक दृष्टि का भी मनोरम प्रयोग किया है। उनकी एक कविता में चमेली की कली एक मदनाती युवती के रूप में प्रतीक बनकर चित्रित हुई है-

"कहीं खिली है विजन विपिन में
चंचल चारु चमेली।
चन्द्रकला से है उज्ज्वलतर
विश्वसत्य से शुचितर सुंदर
सरल स्नेह साकार मोहिनी
मेरी मधुर पहेली
अंग-अंग हो आया मधुकर
क्या लोगे अलि ? बोली सुंदर।
स्नेह हास से हँसी रसीली
यौवन भरी नवेली।"[6]

इसी तरह से कवि ने 'शैलकुमारी' कविता में टांडा के जलप्रपात को देखकर हारना के माध्यम से मानवीय जीवन की वास्तविकता को बयों किया है-

बीत रहे पल-पल जीवन के कभी अँधेरी कभी उजाली
प्रातः और संध्या की लाली
रंगती सूने पल जीवन के।"[7]

कवि ने यौवन की बेला का वर्णन करते हुए प्रकृति सौदर्य के माध्यम से ही उसे निखरते-उभरते और खिलते हुए नव-यौवन के रूप में चित्रित किया है-

"तू देख अलि कचनार कली
यह नई-नई फूल खेल रही
अलि, खिली आज यौवन-बहार जीवन की
सखी, मंजु मज्जरित मृदु रसाल
फैले किसलय के जाल लाल
दुम-दुम पुलकित, लतिका मुकलित
अलि सिहर उठी अब दाल-दाल मधुबन की।"[8]

वैसे तो मानवीकरण जयशंकर प्रसाद और सुमित्रानंदन पंत जैसे छायावादी कवियों का प्रिय अलंकार रहा है जिस कारण यह छायावाद की मूल प्रवृत्ति के रूप में भी लक्षित होता है। जहाँ कि महाकवि जयशंकर प्रसाद ने 'बीती विभावरी जागरी' कविता में मानवीकरण के उत्कृष्टतम स्वरूप को प्रस्तुत किया है, वहीं कवि पंत ने 'प्रथम रश्मि' कविता में पक्षियों के माध्यम से प्रकृति का मानवीकरण को दर्शाया है, किंतु जब बात स्वच्छंदतावादी कवि पंडित नरेन्द्र शर्मा की आती है तो इनके यहाँ भी मानवीकरण बड़े ही सुचारू ढंग से प्रस्तुत होता दिखाई देता है। 'वर्षाश्री' कविता में कवि ने प्रकृति का मनोहारी चित्र प्रस्तुत कर मानवीकरण के अन्यतम रूप को प्रस्तुति दी है-

"आई है जग के उपवन में निखरे यौवन की वर्षा श्री
झीनी-झीनी-बीनी भिगी
बस एक हरी सारी वाली
उमरे अंगों वाली बाला।"[9]

प्रकृति जहाँ प्रेम के विरहावस्था की पृष्ठभूमि में चित्रित हुई है, वहाँ उसका बड़ा ही मनमोहक और रमणीय वर्णन लक्षित होता है। कवि अपने प्रिया को स्वप्न में देखकर प्रकृति के अनेक सुंदर दृश्यों का स्मरण करता है-

"ढीले थे शिथिल गात कोमल
परिधान रेशमी, स्निग्ध तरल
उमरे पड़ते थे अंग-अंग
ज्यों वायरल जल्द से चन्द्रविमल
पावन सरिता-सी जंघाएँ
यौवन की धाराएं अमन्द।"[10]

मानव-मन की विभिन्न भावनाएँ किसी-न-किसी रूप में प्रस्फुटित होना चाहती है, इसी कारण विरह की मनोदशा में प्रकृति भी एक प्रेमी को उसकी मनःस्थिति से मिलती-जुलती-सी लगती है। मनुष्य के अपने मनोभावों को व्यक्त करने हेतु प्रकृति से इत्तर कोई और साधन उचित नहीं लगता है, जिस कारण वह अपनी मनोदशा को प्रकृति के समान पाता है। यदि उसका मन बहुत प्रसन्न है तो पतझड़ भी उसे बहार से प्रतीत होते हैं किंतु वही बहार विरहावस्था में वीरान जीवन-सा परिणत हो जाती है। एक प्रवासी अपनी प्रेयसी से बिछड़कर उसकी याद में 'उदास साँझ' व्यतीत कर रहा है, जो उसकी मनोव्यथा की स्थिति को व्यंजित कर रही है-

"अस्त रवि सी हो गयी
क्या श्रान्त, मलान, विलुप्त आशा ?
क्या अभी से सोच कल की ली बसा मन में निराशा ?
देख ऊपर कुण्द तारक पुंज से
नभडर खिला है, जहां फुटे भाग्य से धन को सदा आश्रय मिला है।
क्यों उदित-शशि-मलान मुख को
देख अब छायी उदासी
विरह विधुरा शशिप्रिया की
याद आई क्या, प्रवासी ?"[11]

वसंत ऋतु के हरे-भरे बाग कवि के विकल मनःस्थिति के क्षण में घायों को पुन हरा करते हुए प्रतीत होते हैं-

"पीपल की नंगी डालों पर आ गई पत्तियों लाल-लाल,
पुर जाती भरते घावों पर जैसे हलकी मृदु लाल खाल
पिक कुहुकेगा, मंगाऊँगा
पल्लव पुष्पों से वृक्ष हरे।
वह हूक उठेगी, गाऊँगा मैं
भरे घाव फिर हुए हरे।"[12]

विरहावस्था के क्षण में कवि का संवेदनशील मन वेदनायुक्त होता है। प्रकृति

का जो रूप उसे मिलन की अवस्था में हर्षित करने वाला होता है, वही अब उसे रास नहीं आ रहा है। विरह की अवस्था में चरुतापूर्ण प्रकृति के दृश्य जिसकी शीतल चाँदनी भी अग्नि की तरह कवि के मन को दग्ध कर रही है और प्रेयसी से विरह के क्षण में कवि को मुँह बिचकाने वाली चाँदनी संताप दे रही है-

"चाँदनी सुन लो तुम्ही सी है हमारी चाँदनी भी।
दूर भी है, सुंदरी भी क्रूर है वह चाँदनी भी।
तुम हृदय में पैठ पाओ तो दिखाऊं चाँदनी भी।
पास है वह दूर से भी, है दूर हो क्यों चाँदनी ?
रूप से भरपूर हो, पर क्रूर हो क्यों चाँदनी ?"[13]

इन पक्तियों में कवि ने अपनी प्रेयसी और चाँदनी से एक साथ असंतोष प्रकट किया है। प्रकृति का जो रूप विरह की अवस्था में पीड़ादायक और मन को झकझोरने वाला और बार-बार रुदन करानेवाला होता है, मिलन के क्षण में वही रूप आनंददायक और संपूर्ण तन-मन को पुलकित कर देता है। मधुमास में जब कोयल कुहुक की आवाज़ करती है, तब वह हरेक तरह के अभावों को दूर कर प्रेमी के तन-मन को हर्षित करती हुई प्रतीत होती है-

"आज भर दिये पिक श्यामा ने
उर अभाव में हँसते सपने
भूल भविष्यत की भय बाधा
बीते के सब सुख-दुःख अपने
बिहँसे विरह विधुर जीवनपल
मुहु-मुहु कुटु-कुहु कुहुकी कोयल।"[14]

जब प्रेमी के मन में मिलन की आशा पल्लवित होने लगती है तब उसे छोटा -सा भँवरा भी प्रेम का प्रतीक दिखाई देता है-

"नए नेह के गान सिखाने
आए अलि ! वसंत के अलिदल
चाह भरे अलि। आह जगाते
पल में नय अलिदल घिर आते
कभी लाज की, कभी प्यार की कभी राग की आग लगात्ते।
किंशुक और पलाश जगाते आते
अलि अलि के दल पागल।"[15]

पडित नरेन्द्र शर्मा का कविमन अत्यंत संवेदनशील प्रतीत होता है, इसीलिए उन्होंने खिली हुई माधवी लता, बोराया आम और सरिता की तरंगों को विशेष अर्थ ग्रहण करते हुए कुछ खास संकेत के साथ अपनी कविता में उकेरा है। माधवी लता का खिलना और आम का बौराना तथा उस लता का वृक्ष के साथ लिपटना, इस तरह के दृश्य कवि को अपनी ओर आकर्षित करते हैं-

"द्वार पर मधुमंजरित, पुलकित तरुण तरु आम
माधवी लता खिली, लिपटी सहर्ष ललाम
पूर्ण यौवन दे गया था आम को ऋतुराज
छोड दी थी माधवी ने भी दिवस की लाज।"[16]

जब प्रेमी युगल मिलनावस्था में रात भर साथ होता है, तब चेत्तन अवस्था में उन्हें सवेरा अनूठा और अनोखा प्रतीत होता है। अतिथि और कामिनी के मधुर मिलन की निशा जितनी मनोरम और सुहावनी होती है, सुबह भी उनको उतनी ही मधुमय प्रतीत होती है। विवेच्य कवि ने जिस ढंग से इस सवेरा का चित्र अंकित किया है, वह अनुपम है। चुनिंदे शब्दों के सहारे कवि ने बीती हुई रजनी और जगती हुई सुबह की बेला का संवेदनशील चित्र उकेरा है-

"चंद्रमा आया गगन में घूम-पश्चिम और
पद रही फीकी जरा कुछ चंद्रमा की कोर।
बुल्बुलाने लगे पंछी ए एल एस आँखें खोल
चुलबुली-सी हो रही मधुवात धीमी डोल।
चाँदनी फीकी, गगन नीला, सुबह का साज
शुभ्र धन गुलदावदी-से बन रहे पुखराज।"[17]

कवि ने गर्भालस से थकी किन्तु अत्यंत तृप्त और तेजस्वी कामिनी का प्रकृति के विभिन्न उपादानों के माध्यम से चारुतामायी रूप चित्रित किया है-

"गूंजती अमराइयाँ आया रसिक वैशाख
झुकी गदरी आमियों से लड़ी तरु की शाख
और खुलकर खेलती अब उत्तरीय बयार
डालियाँ हिल-डुल रही ज्यों कह रही स्वीकार
आज वैशाली उदित शशि कनक चमक थाल
कामिनी के अंग भी ज्यों, कनक-कनक चमक माल
आम की हर डाल अब झुकने लगी फलभार
कामिनी भी नमित-मुख, गतिमंद, लघु-पद-भार।
जयन्ती नीरता जैसा पीत तन सोभार
गई झुक स्वीकार कर ज्यों मातृपद अधिकार।"[18]

कवि नरेन्द्र शर्मा के प्रकृति-चित्रण की अनोखी विशेषता प्राकृतिक परिवेश के अंतर्गत लोक-जीवन की झाँकी में लक्षित होती है। चूँकि लोक-जीवन के यथार्थ का संबंध ग्राम्य क्षेत्र से होता है और नगरों की तुलना में गावों में पेड़-पौधों की मात्रा अत्यधिक होती है, इसलिए वहाँ की वादियों में मनोरम भावों से युक्त ढलती संध्या का कवि नरेद्र शर्मा ने अनुपम दृश्य चित्रित किया है-

"मक्का के पीले आटे-सी
धूप ढल रही साँझ की शंख बज रहा देवालय में, घटनाद ध्वनि झाँझ की
गाय रंमाती आती, ग्बाला सेंद चुराकर खा रहा
कही अकेले, कहीं दुकेले, सारस पोखर में खड़े।"19

इसी तरह कवि ने अन्नपूर्णा के रूप में ग्रामवधू की दिनचर्या का वर्णन किया है-

"सिर घरे कलेउ की रोटी लेकर कर में मला की मटकी
घर से जंगल की ओर चली होगी
बटिया पर पग धरती।
हर काम खेत में स्वस्थ्य हुई होगी।
तालाब में उतर नहा। दे चार बैल को फेर हाथ, कर प्यार
बनी माता चरती।"[20]

गंध मधुरा वसुधा की सोंधी खुशबू का वर्णन विवेच्य कवि ने अपने काव्य में लगभग हरेक जगह पर किया है। मनुष्य इस मिटटी से ही जन्म लेता है और इसी में फलता-फूलता भी है। यानि कि पलकर बड़ा होता है और जीवन के समाप्त होने पर इसी में विलीन हो जाता है। इस मिटटी से ही बड़ी-बड़ी इमारतें तैयार होती हैं और एक दिन ऐसा आता है जब ढ़हकर इसी में विलीन

जाती हैं। इन्हीं कारणों से पंडित नरेन्द्र शर्मा ने मिट्टी के महत्त्व को स्वीकार करते हुए कहा है-

"मुझसे बनते महल और ये खड़ी मुझी पर
मीनारें मैं करवट लेती, ढह जाते हैं दुर्ग
चीन की दीवारें।"[21]

प्रकृति का हर एक रमणीय एवं विकराल बिंब कवि नरेन्द्र की कविताओं में यत्र-तत्र वर्णित है। विवेच्य कवि का संपूर्ण काव्य ही प्रकृति की अनुपम चारुता से आपूर्ण है। ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रकृति के उपांगों को आत्मसात कर उन्होंने लगभग हरेक जगह पर अपने काव्य में अपनी आत्मपरक भावभूमि पर बिखेर दिया हो। सभी प्राकृतिक उपादानों में कवि को चाँद सबसे अधिक प्रिय लगता है, जिसको माध्यम बनाकर उन्होंने अपने मन की अनेक वार्ताओं को पाठकों के सम्मुख प्रकट कर दिया है। चंद्रमा के रूप में ही प्रेयसी के रूप की चारुता और कवि का शून्य हृदय उनकी कविताओं में कई जगहों पर अभिव्यक्त हुआ है। जो चाँद विरही को जलाता है, वही कई बार अवसादपूर्ण दिनों में उस विरही का साथी भी बनता है और संदेशवाहक का रूप धारण कर उसे संदेश पहुँचाता है-

"आज चाँदी की कटोरी की तरह
दीखता है पंचमी का चाँद यह
देख इसको कह सकेगी रात कुछ
और भी कट जाएगा कुछ तो विरह।"[22]

इन पंक्तियों में कवि की वैयक्तिक भावना मुखरित हुई हैं, साथ ही कवि ने चंद्रमा के अनुपम सौंदर्य को भी अंकित किया है। चाँदी की कटोरी जैसा दिखनेवाला चाँद प्राकृतिक सौदर्य का अप्रतिम रूप है। इससे यह पता चलता है कि कवि ने प्रकृति में केवल अपने अवसाद और पीड़ा का ही अनुभव नहीं किया है, बल्कि उसके सौंदर्य को भी उकेरा है। कई जगहों पर प्रकृति केवल वैयक्तिक सुख-दुःख को व्यंजित करने हेतु ही प्रस्तुत नहीं हुई है, बल्कि निजी सौंदर्य के द्वारा भी अभिव्यक्त हुई है। छायावादी काव्य में अभिव्यक्त व्यक्तिगत सुख-दुखों की भाँति ही कवि नरेन्द्र ने भी प्रकृति-चित्रण के माध्यम से अपने हर्ष एवं अवसाद को अभिव्यक्त किया है। इसी कारण केवल वैयक्तिक सुख-दुखों के कैनवास के रूप में ही 'प्रकृति' कवि नरेन्द्र के काव्य में मुखरित नहीं हुई है, बल्कि चंद्रमा के अवलोकन के उपरांत कवि के हृदय में प्रेयसी की सुधि सहज ही खिल जाती है-

"'बादलों के बीच से जब झांकता है
चाँद रह-रह कर
तब तुम्हारी सुधि हृदयके कुंज में खिलती
सहज खिलती
खिल उठे ज्यों रात की रानी
किरन की घात सह-सह कर।"[23]

कवि ने उक्त पंक्तियों में रात की रानी के माध्यम से अपने प्रिया की महकी यादों को चित्रित किया है। कवि प्रेमिका की याद में रात रानी की मीनी-भीनी खुशबू प्राप्त करता है। जिस प्रकार चाँद की किरणों का आघात सह-सह कर रातरानी रजनी के समय खिलती है, ठीक उसी तरह विरह के आघातों से तप्त प्रेम अपनी परिपक्वता को प्राप्त करता है। कवि विरह मिलन के दौरान साक्षी बने चाँद के मनमोहक रूप को अपनी 'चन्द्र' कविता में उकेरता है, जो तपस्वी जैसा प्रतीत हो रहा है-

"तेजस्वी तरुण तपस्वी-सा
गैरिक लपटों से तन लपेट
यह कृष्ण पक्ष का प्रथम चाँद है उदित अखिल आभा समेट
आरूढ़ भूमि के मस्तक पर
प्रद्योत विशाल प्रवाल खंड
मोहित पन्तग-से मंदकान्ति
दीखते बिखरे अनगिनत खेत।"[24]

इस तरह चाँद को लेकर कवि नरेन्द्र शर्मा ने रोमानियत और सौदर्य को प्रस्तुत किया है, साथ ही एक तपस्वी के समान उसके तेज को भी उकेरा है। एक ही प्राकृतिक उपादान में अनेक विशेषताओं को समाहित कर उसे अपनी बहुआयामी दृष्टि के माध्यम से प्रस्तुत करना उनके अन्यतम श्रेणी के कवि होने का परिचायक है। प्रकृति के विभिन्न उपादानों के माध्यम से कवि ने मानवीय जीवन में व्याप्त हर्ष-विषाद, निराशा, व्याकुलता, दुःख-सुख आदि भावों को सरल एवं सहज शब्दों में संवेदनशीलता के साथ अभिव्यंजित किया है। हिंदी साहित्य के अंतर्गत प्रकृति के विविध रूपों का ऐसा अंकन स्वच्छंदतावादी कवि सुमित्रानंदन की कविताओं के अतिरिक्त शायद ही कहीं और लक्षित होता है। कवि नरेन्द्र शर्मा प्रकृति चित्रण को अपने काव्य का विषय बनाने वाले कवियों में प्रकृति के सुकुमार कवि पंत जी के समकक्ष खड़े होने वाले एकमात्र आधुनिक कवि प्रतीत होत्ते हैं।

संदर्भ

1. आस्था के चरण, डॉ. नगेन्द्र, पृष्ठ-254
2. मिट्टी और फूल, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-19
3. वही, पृष्ठ 31
4. पलाशवन, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-12
5. लुब्धक, मिट्टी और फूल, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-13
6. प्रभातफेरी, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-60
7. वही, पृष्ठ-86
8. वही, पृष्ठ-110
9. वही, पृष्ठ-112
10. वही, पृष्ठ-53
11. प्रवासी के गीत, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-02
12 वही, पृष्ठ-69
13. मिट्टी और फूल, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-17
14. प्रभातफेरी, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-64
15. वही, पृष्ठ-96
16. कामिनी, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-16
17. वही, पृष्ठ-26
18. वही, पृष्ठ-64
19. बहुत रात गए, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-94
20. मिट्टी और फूल, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-24
21. वही, पृष्ठ-01
22 वही, पृष्ठ-38
23. हंसमाला, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-60
24. अग्निशस्य, नरेन्द्र शर्मा, पृष्ठ-61

वर्तमान समय में महात्मा गांधी जी के शैक्षिक विचारों की उपादेयता

डा.सोनी टम्टा
अस्सिटैन्ट प्रोफेसर शिक्षाशास्त्र
राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी

महत्वपूर्ण शब्द– महात्मा गांधी, शैक्षिक विचारों।

शिक्षा से मेरा तात्पर्य है बालक और मनुष्य के शरीर, मस्तिष्क और आत्मा में पायें जाने वाले सर्वोत्तम गुणों का सर्वागीण विकास है। (1937) वर्धा योजना, महात्मा गाँधी

गाँधी जी ने शिक्षा को परिभाषित करते हुये कहा है कि शिक्षा बालक के चारों तत्वों – शरीर ,मन, हृदय तथा आत्मा का समुचित विकास है। नवजात शिशु असहाय और असामाजिक होता है लेकिन जैसे–जैसे वह समाज के सम्पर्क में आता है उसे समाज के रीति–रिवाज तथा परम्पराओं का ज्ञान होने लगता है तथा उस पर शिक्षा के औपचारिक तथा अनौपचारिक कारकों का प्रभाव पड़ने लगता है। इस प्रकार हम देखते है कि बालक के व्यवहार में परिवर्तन करने के लिये शिक्षा एक सशक्त माध्यम है। शि क्षा बालक के सर्वागीण विकास के साथ–साथ समाज की उन्नति के लिये भी आव''यक तथा शक्तिशाली साधन है। गाँधी जी के जीवन दर्थन का आधार भारतीय आदर्शवाद है। गाँधी जी का ईश्वर में अटल वि''वास था उनके अनुसार हम सब अलग– अलग शरीर धारण करते है ले. किन सभी में एक ही आत्मा है। गाँधी जी ने विभिन्नता में एकता का दर्शन किया है। उनके जीवन दर्शन के चान प्रमुख तत्व है–सत्य , अहिंसा ,निर्भयता तथा सत्याग्रह। गाँध ी जी के जीवन दर्शन की स्पष्ट झलक उनके शिक्षा दर्शन में परिलक्षित होती है। गाँधी जी महान राजनीतिज्ञ , समाजशात्री के साथ–साथ महान शिक्षाशात्री भी थे। उनका वि''वास था कि दूषित समाज में किसी आदर्श राज्य की परिकल्पना नहीं की जा सकती है उनकी बेसिक शि क्षा योजना उनके शिक्षा दर्शन का मूर्त रूप है। यूं तो बेसिक शिक्षा प्राचीन काल में किसी न किसी रूप में पाई गई किन्तु आधुनिक काल में इसका सीधा सम्पर्क वर्धा शि क्षा योजना से है। वे चाहते थे कि देश में ऐसी शि क्षा योजना की आवश्यकता है जो विद्यार्थियों को राष्ट्रीय संस्कृति का प्रचार करें।

1937 ई0 में हरिजन में अपने लेख में गांधी जी ने प्रचलित शिक्षा योजना की आलोचना करते हुये शिक्षा की व्याख्या इस प्रकार से की है–शिक्षा से मेरा तात्पर्य मनुष्य में शरीर, मन, आत्मा जो कुछ सर्वोत्तम है उसकी सर्वांगीण अभिव्यक्ति है। गांधी जी ने शिक्षा को साक्षरता से पृथक किया साक्षरता शि क्षा का लक्ष्य नहीं बल्कि एक साधन है जिसके द्वारा स्त्री–पुरूष शिक्षित किये जाते है। महात्मा गाँधी की बेसिक शिक्षा का तात्पर्य यह नहीं था कि बालक पढ़ाई के साथ धन्ध ों को सीखे, बल्कि तात्पर्य यह है कि बालक पढ़ाई के साथ बालको को जो भी ज्ञान दिया जाये वह किसी उद्योग एवं दस्तकारी के द्वारा ही दिया जाये। जिससे बालक का मस्तिष्क सुन्दर बने।

बेसिक शिक्षा से तात्पर्य उस शिक्षा प्रणाली से है जो बालकों को पुस्तकीय और अव्यवहारिक शिक्षा से हटाकर एक मूलोद्योग पर आधारित व्यावहारिक और सर्वांगीण विकास की शिक्षा देती है। यह शिक्षा बुनीयादी है अर्थात यह बुनियादी सिद्धान्तों पर आधारित है–निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा, मातृ भाषा के माध्यम् से शिक्षा , हस्तकौशल पर आधारित शिक्षा , नागरिकता पर आधारित शिक्षा इत्याादि। बुनियादी शिक्षा व्यक्ति और समाज के घनिष्ठ सम्बन्धों पर आधारित है। इसलिए वह जहाँ व्यक्ति के स्वावलम्बी बनाती है वहाँ समाज को भी स्वावलम्बी बनाती है इस प्रकार वह व्यक्तिगत होने के साथ–साथ सामाजिक भी है।बेसिक स्कूल में व्यक्तिगत तथा सामूहिक स्वच्छता की क्रियाऐ सबसे प्रमुख मानी जाती है। शिशु की शिक्षा बालको के मस्तिष्क में अव्यवहारिक विचारों को थोपना नही है वह मूल रूप से अच्छी आदतों, नित्य कर्म दाँत, नाक, स्नान आँखो की सफाई शारीरिक व्यायाम कपड़े ध ोना तथा दैनिक क्रियाओं के अनुभव में प्रशिक्षित करना है जिससे उनमें अच्छी आदतों का निर्माण हो सके। बेसिक शि क्षा मानव जीवन की बुनियादी आव''यकताओं पर आधारित है। मानव स्वभाव से ही क्रियाशील होता है और क्रियाओं के द्वारा अपनी अभिव्यक्ति करना चाहता है। भिन्न –भिन्न व्यक्तियों की भिन्न–भिन्न कार्यो में होती है। अतः वही शिक्षा

उपयोगी है जो बच्चों को क्रियाशील होने का अवसर दे, उसका स्वतत्रं विकास होने दे तथा पाठ्यक्रम को रूचिकर तथा जीवन के निकट बनाये। बुनियादी शिक्षा में यह सभी विशेषताऐं है। वह बालक को स्वावलम्बन की शिक्षा देती है और अपने पैरो पर खड़ा होने योग्य बनाती है। बुनियादी शिक्षा प्राचीन शिक्षा प्रणाली से भिन्न है।

गाँधी जी की शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय देन है उन्होंने भारतीय जीवन को ध्यान में रखते हुये वातावरण के अनुसार ऐसी शिक्षा योजना प्रस्तुत की जिसको कार्यरूप में परिणत करने से भारतीय समाज में एक नया जीवन आने की सम्भावना है । उनके शिक्षा दर्शन का अध्ययन करने से हम इस निष्कर्ष पर आते है कि गाँधी जी हृदय से आदर्शवादी थे। वे अपने आदर्शो को फलदायक बनाना चाहते थे। अतः उनके शिक्षा दर्शन में प्रकृतिवाद , आदर्शवााद, तथा प्रयोजनवाद की झलक स्पष्ट रूप से दि खाई देती हैं। आदर्शवााद गाँधी दर्शन का आधार है तथा प्रकृतिवाद एवं प्रयोजनवाद उसके सहायक है। गाँधी जी के दर्शन को हम आदर्शवाद इसलिये कह सकते है कि वह जीवन के अन्तिम लक्ष्य सत्य को प्राप्त करने की प्ररणा देता है। प्रकृतिवाद इसलिये कह सकते है कि वह बालक को उसकी प्रकृति के अनुसार विकसित करना चाहता है।

वर्तमान समय में शिक्षा के सभी स्तरों में विद्यार्थियों के मध्य अनुशासनहीनता एक प्रमुख तथा प्रबल समस्या बन गई है तथा किशोरावस्था में इस समस्या के सर्वाधिक लक्षण विद्यार्थियों में परिलक्षित होते जा रहे है। अनुशासनहीनता को मुख्य कारण विद्यार्थियों के पारिवारिक–सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति है क्योंकि विभिन्न पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति के विद्यार्थी विद्यालयों में अध्ययन हेतु आते है । अनु''ासनहीनता अनियत्रिंत होती जा रही है ऐसी परिस्थिति में महात्मा गाधाी जी की सत्य अहिंसा एवं चरित्र निर्माण की शिक्षा को अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान किया जाना चाहिये। महात्मा गाँधी के विचार आज भी उतने ही प्रांसगिक तथा अनुकरणीय है जितने की उनके समय में थे। गाँधीजी का बचपन ,उनके सामाजिक एवं राजनीतिक विचार , सर्वोदय एवं सत्याग्रह खादी, ग्रामोद्योग ,महिला शिक्षा, अस्पृश्यता , स्वावलंबन एवं सामाजिक चेतना के विषय वर्तमान समय में युवाओं में शोध का विषय है। युवा शक्ति हमेशा से ही बापू के चिंतन का विषय रहा है। वर्तमान युवा पा''चत्य संस्कृति से प्रभावित होता जा रहा है । धीरे –धीरे उनमें सृजनात्मकता भी कम होती जा रही है वह अपने ऊपर किसी का हस्तक्षेप नहीं चाहते है ऐसी परिस्थितियों में महात्मा गांधी जी की शिक्षा की सर्वाधिक आवश्यकता आज युवाओं को है। गाँधीजी ने हमेशा वंचित समूहों के उत्थान के लिये प्ररित किया है। वो व्यक्तिगत घृणा कि हमेशा विरोधी रहे हैं। वर्तम. ान आईटी प्रोफेशन के गाँधी जी मैनेजमेंट गुरू हैं। वर्तमान समय में गाँधी जी के विचार विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिये अत्यन्त आवश्यक है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. सक्सैना एन. आर. एवं,चतुर्वेदी शिखा (2015). उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक. मोहन प्रिंट मीडिया प्रा. लि. ,मेरठ।

2. www.http;//m-hindi.webdunia.com.

3. Kumar, Ravindra. 1999. Essays on Gandhism and Peace, page 10. Meerut [India]: Krishna Publication.

4. Kishorlal Mashruwala [1890-1952], a freedom fighter, Gandhian scholar and thinker was the editor of Harijan weekly started by the Mahatma.

5. Kumar, Ravindra. 1999. Essays on Gandhism and Peace, page 10. Meerut [India]: Krishna Publication.

6.https://www.mkgandhi.org/articles/education_peace.htm.

7.https://www.scribd.com/doc/133234763/Discipline-Problem-Among-School-Students-1

****

दलित विमर्श

आत्मकथाओं में अभिव्यक्त दलित संवेदना

-डा. रमेश. मनोहर. लमाणी
मु.पो. डिड्डापुर (शिवानगर), तहसलि-बिलगी जि.बगलकोट -587117
कर्नाटक
EMAIL- rameshmanoharlamani@gmail.com

आत्मकथा आधुनिक साहित्य की देन है। सबसे पहले आत्मकथा लिखने की परंपरा मराठी साहित्य से शुरु हुई। आज हिन्दी में ही आत्मकथा सबसे सशक्त विधा के रुप में सामने आई है। दलित आत्मकथाओं में दलित समुदाय के शोषण, अपमान, अवहेलन, तिरस्कार लिखकर पुरे समाज को यह बता दिया की हमारा जीवन जानने के लिए किसी रची हुई कहानी या आख्यान की जरुरत नहीं स्वयं हमारे जीवन को देखना जरुरी है। जो प्रमुख आत्मकथाएँ हिन्दी साहित्य में आये हैं। वे है- मोहनदास नैमिशराय की 'अपने - अपने पिंजरे' ओम प्रकाश वाल्मीकि की' जूठन ', कौशल्या बेसंत्री की ' दोहरा अबिशाप ', सूरजपाल चौहान की ' तिरस्कृत ' , डा. डी. आर. जाटव की ' मेरा सफर मेरी मंजिल ', माता प्रसाद की ' झोपडी से राजभवन ', नरेन्द्र महर्षि की ' मेरे मन की बाइबल ', डा. श्यौराज सिंह की ' मेरा बचपन मेरे कंधों पर ', प्रो. श्यामलाल की ' एक भंगी कुलपति की अनकही दस्तान ', सुशीला टाकभौरे की ' शिकंजे का दर्द ', तुलसीराम की 'मुर्दहिया और रुपनारायण'सोनकर की ' नागफनी ' । ये आत्मकथाएँ वेदना के गर्भ से जनमी और पुरानी सामाजिक सरंचनाओं को अस्विकार करती है।

इन आत्मकथाओं में लेखकों के वास्तविक जीवन का कठु सत्य छिपा हुआ है। मोहन दास नैमिशराय ने ' अपने-अपने पिंजरे ' में मेरठ जिले के चमारों की स्थिती और उनके जीवन को अंकित किया है। समाज में व्यक्ति का दर्जा और हैसियत उनकी जाति से तय की जाती है। लेखक इस समस्या से गुजरते हुए लिखा है- □ हिन्दू समाज में आदमी की कीमत उसकी जात से आंकी जाती थीं। हमें विशेष तौर पर चमार- चूहडे नाम से संबोधित किया जाता है ।"१ भारतीय जातीग्रस्त समाज में हर एक को सबसे पहले व्यक्ति की जाति के बारे में जानने की जिज्ञासा रहती है। दलित जानते ही सवर्ण उन से मुँह मोड लेते हैं।

' जूठन ' आत्मकथा में आर्थिक लष्टों का अत्यंत सजीव चित्रण हुआ है। वाल्मीकि जी माँ आठ- दस तगाओं घरों में मवेशियों को बाँदने की जगह पर साफ- सफाई काम करती थी। माँ के साथ भाई, भाभी एवं बहन भी काम करती थी। इस के बदले १२- १३ किलो अनाज, दोपहर की बचीकुची रोटी, कभी- कभी भंगन की टोकरी में ' जूठन ' भी डाल दिया जाता। इस अमानवीय व्यवस्था पर आक्रोश प्रकट करते हुए लेखक ने लिखा है- □ ये कडवी यादे मैं भूल नहीं पाता हूँ, रह रहकर बिजली की तरह दिमाग में कौध जाती है। अपने श्रम का मूल्य माँगना अपराध क्यों है ?□२ सूरजपाल चौहान ने ' तिरस्कृत आत्मकथा में दलितों आर्थिक दुर्दशा का बडा फलक सामने रखा है। आर्थिक मजबूरी उन्हें गुलाम बनाती रही। लेखक भूख के कारण अपनी माँ के साथ जूठन उठाने जाते। अपने गाँव के राधे लोधे की लड़की का विवाह संदर्भ का उदाहरण देते वह लिखते है कि- □ मैं खाना खाते बारातियों को टुकुर- टुकुर देखे जा रहा था। मेरे मोह से जैसे लार टपकने वाली थी। मैं रह रहकर माँ की ओर देखता और माँ बिना कुछ कहे मेरे ऊपर हाथ फेरे जा रही थी। लेखक सोचते है- □ हमारी स्थिती कुत्तों से भी गई गुजरी थी। गेंहू के आटे की रोटी त्प लेखक के लिए कल्पना मात्र थी।"३ इस तरह आत्मकथाकारों ने अपनी आर्थिक स्थिती का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया है।

शुशीला टाकभौरे जी का आत्मकथा ' शिकंजे का दर्द ' एक दलित नारी की दारुण यातना की कहानी नहीं, बल्कि उस वर्ण व्यवस्था के अमानवीय स्वरुप के रेशे- रेशे से पाठकों परिचित कराती है। जिस व्यवस्था ने करोड़ों इंसानों की ज़िदगी में जहर घोल रखा है। ऊपर- ऊपर तो मानवतावाद और समता का सूरज चमकता दिखाई देता है। लेकिन थोडा-सा खुरचते ही वर्ण- श्रेष्टता का लिजलिजा घृणास्पद दलदल झलक मारने लगता है। इस संबंध में सरजू प्रसाद मिश्र ने कहा है- □ लेखिका ने मुस्कुराहट की नकाब के तले छिपे

नफरत भरे चेहरों की असलीयत को देखा है। सहते- सहते जब इंतिहा हो गई तो इस दबी घूटी नारी ने अपनी खूदी बुलंद किया और फिर बाधाएँ जैसे कांपते हुए दूर भागने लगी।"४ यह आत्मकथा न केवल पुरुष सत्ता बल्कि समाज व्यवस्था के खोखले पन पर तमाचा है। लेखिका ने अपने पिडा समाज कल्याण की भावना से अभिव्यक्त किया है, और उसी रुप में इसका मूल्यांकन चाहती है। वे चाहती है- □ शिकंजे का दर्द का मूल्यांकन समिक्षक और आलोचक करेंगे। मेरा मूल्यांकन करेगा समाज जाहाँ रहकर मैंने यह जीवन पाया है और अपने अनुभव- अनुभूतियों को इस तरह बताया है। शिंकजे का दर्द का निदान होना चाहिए। तभी शिकंजे का दर्द आत्मकथा लेखन सार्थक सकेगा।"५

कौशल्या बैसंत्री की आत्मकथा ' दोहरा अभिशाप ' में पुरुषसत्ता पर करारा व्यंग्य किया गया है। स्कूल में लेखिका अकेली अस्पृश्य जाति की थीअपने पिता के काम के संबंध में पूछने पर कबाडि के के बदले इंजनीयर होने का झूठ बताया। लेखिका और छोटी बहन प्रसाद के लालच में मन्दिर में जब कोई नहीं होते तब पाँच प्रदक्षिणा डालकर प्रसाद लेकर जल्दी भाग जाती पूजारी को अछूत होने की शंका तक होने नहीं देती। अपने ही बस्ती के लोग इनके रहन सहन सुधारते देख जलते थे और इन्हें तंग भी करते थे। बस्ती के बाहर के उच्च वर्गीय भी कहते- '' ये हरिजन बाई जा रही है, दिमाग तो देखो, इसका बाप भीख मँगा है, साईकल पर जाती है।"[६] इस प्रकार मेहनत से अराम जीवन बिताने वालों से सारे लोग जलते थे। इअनके रिश्ते दार भी इअन से जलते थे। कोई कौशल्या का फोटो चुराकर ले गया, अपने- इनक फोटो भी बनवाया और अहं से दिखाने लगा , तब लेखिका ने - □ मैंने अस्पने पाँव से चप्पल निकाली और जोर से उसके गाल पर दे मारी।"७

देवेन्द्र कुमार बैसंत्री से शादी कर लेती है पर उसने कभी पत्नी की खुशी की परवह तक नहीं की। देवेंद्र कुमार को पत्नी सिर्फ खाना बानाने के लिए और उसकी शारीरिक भूख मिटाने के लिए चाहिए थी। उसे ताने देने की आदत थी वह अपनी पुरुष सत्तात्मक सोच को दर्शाताहै और वह घर का सारा सामान ताला लगाकर रख देता , बाहर जाकर लेखिका को कमाकर खाने को कहता है। इस प्रकार एक पति द्वारा सतायी गई औरत की यथार्थ अभिव्यक्ति इस आत्मकथा में हुई है।

रुपनारायण सोनकर जी की आत्मकथा ' नागफनी ' में ऐसी कही घटना प्रसंग है जो दिल को गहराई तक छुलेती है। एक प्रसंग ऐसा है जिसमें सवर्ण समाज के व्यवहार पे ग्लानी होने लगती है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की एम. ए. उपाधि रो पडी लेखक का छोटा भाई अजय इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम. ए. पास करने के बाद आई. ए. एस. की परीक्षा देकर गाँव आता है। एक ब्राह्मण हरिशंकर अवस्थी

उससे जबरन ताकत के बल पर गोबर और कडे दुलवाता है अजय के इनकार करने पर दबंग ब्राहम्णों ने हरिशंकर को पकड लिया। हरिशंकर अवस्थी गाली देते हुए बोला □ साले ! अगर एम. ए. पडगया हओ तो इसका मतलब यह नहीं है कि तु हम से बड़ा हो गया है। हमारी बात को काट सके। जिस भी चमार, कोरी, खठिक, भंगी पासी ने हमारी बात काटी उसकी खैर नहीं अभी हम लोग तुझे समझा रहे है। बात हमारी मान ले।"८

निष्कर्ष :

आधुनिक हिन्दी गद्य साहित्य आत्मकथा एक ऐसी विधा है जो अन्य विधाओं की तुलना में सार्थक और यथार्थ भाव भूमी पर खडी है। लेखकों द्वारा भोगा हुआ जीवन जाति के लिए शर्मनाक बात है। कौशल्या बैसंत्री एवं शुशीला टाकभौरे ने पुरुष सत्तात्मक समाज व्यवस्था एवं उनके द्वारा नारी जाति पर होने वाले अत्याचारों का खुलासा अपनी आत्मकथाओं में किया है।

आधार ग्रंथ

१] मोहनदास नैमिशयरय : अपने- अपने पिंजरे ।
२] ओमप्रकाश वाल्मीकि : जूठन ।
३] सूरजपाल चौहान ; तिरस्कृत ।
४] नव निकष : दिसंबर २०११
५] शुशीला टाकभौरे : शिकंजे का दर्द
६] कौशल्या बैसंत्री : दोहरा अभिशाप
७] रुपनारायण सोनकर : नागफनी ।

****

दलित साहित्य की अवधारणा और अपेक्षा पत्रिका

–विष्णु
शोधार्थी,
पीएच.डी. (हिन्दी)
हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
ईमेल– vishutanwar90@gmail.com

दलित साहित्य की अवधारणा

दलित साहित्य का सामान्य अर्थ है जिसे कुचला मसला गया हो। जैसाकि डॉ. रामचन्द्र वर्मा ने कहा है– "दलित शब्द मसला हुआ, मर्दित, दबाया, रौंदा या कुचला हुआ, विनष्ट किया है।" अतः सामान्यतः दलित वह व्यक्ति है जिसे किसी भी आधार पर धर्म, अर्थ, लिंग, जाति, वर्ण। शोषित व पीड़ित किया गया जाता है।

दलित शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत की 'दल्' धातु से हुई शब्दकोश के अनुसार दल धातु का अर्थ निम्न प्रकार है–

दल– (अक), विकसना, फटना, खंडित होना, छिपा होना।

दल– (सक), चूर्ण करना, टुकड़े करना, विदारना।

दल– (नृप), सैन्य, लश्कर, पत्र, पत्ती।

आधुनिक हिंदी शब्दकोश के अनुसार दलित वह है– "जिसका दलन हुआ हो, कुचला हुआ, मर्दित, खंडित, दमित। विशेष समाज का वह निम्न वर्ग जिसे सामाजिक न्याय और आर्थिक सुविधाएँ प्राप्त न होना।"

आज हम देखें तो दलित वर्ग का प्रयोग प्रायः हिन्दू वर्णव्यवस्था के अनुसार शूद्र माने जाने वाले समाज के लोगों को दलित कहा जाता है। जैसाकि कहते है कि वह शूद्र है तो सीधे–सीधे सामने वाले व्यक्ति के मस्तिष्क में यही आता है कि निम्न जाति का व्यक्ति है जिसमें निम्न जाति जैसे भंगी, चमार, मांग, महार, डोम, पासी, आदि जातियाँ आती है।

डॉ. श्यौराज सिंह बेचैन दलित शब्द की व्याख्या स्पष्ट करते हुए लिखते हैं– "दलित वह है जिसे भारतीय संविधान ने अनुसूचित जाति का दर्जा दिया है।" बात सही है कि दलित वही व्यक्ति है जिसे भारतीय संविधान ने अनुसूचित जाति के अंतर्गत रखा है। अन्यथा कोई सवर्ण आर्थिक रूप से कमजोर है और उसका दमन हुआ है जब भी वह अपने आपको हरिजन या दलित नहीं कहता है। जब भी उनके अंदर जाति का अंह भरा होता है। इस जगह भी वह अपने आपको उच्च और निम्न जाति के व्यक्ति को अछूत ही मानता है।

डॉ. कुसुमलता भी स्वीकार करती हैं और लिखती हैं कि "दलित का शाब्दिक अर्थ है कुचला हुआ। अतः दलित वर्ग का सामाजिक संदर्भों में अर्थ होगा वह जाति समुदाय जो अन्यायपूर्वक सवर्णों या उच्च जातियों द्वारा दमित किया गया हो, रौंदा गया हो। दलित शब्द व्यापक रूप में पीड़ित के अर्थ में आता है, पर 'दलित वर्ग' का प्रयोग, हिन्दू समाज व्यवस्था के अन्तर्गत, परंपरागत रूप में शूद्र माने जाने वाले वर्णों के लिए रूढ हो गया है। दलित वर्ग में वे सभी जातियाँ सम्मिलित हैं, जो जातिगत सोपान क्रम में निम्नस्तर पर है और जिन्हें सदियों से दबाकर रखा गया है।"

इसी प्रकार कंवल भारती का मानना है कि "दलित वह है जिस पर अस्पृश्यता का नियम लागू किया गया है। जिसे कठोर और गंदे कार्य करने के लिए बाध्य किया गया है जिसे शिक्षा ग्रहण करने और स्वतंत्र व्यवसाय करने से मना किया गया और जिस पर सछूतों ने सामाजिक निर्योग्यताओं की संहिता लागू की वहीं और वही दलित है और इसके अंतर्गत वही जातियाँ आती हैं, जिन्हें अनुसूचित जातियाँ कहा जाता है।"

उपरोक्त परिभाषाओं के आधार पर हम स्पष्ट रूप से अनुमान लगा सकते हैं कि दलित शब्द उस व्यक्ति के लिए प्रयोग होता है जो समाज व्यवस्था के तहत सबसे निचले स्तर पर या पायदान पर खड़े हैं जिन्हें सदियों से हाशिए पर रखा गया। गांव से बाहर कूड़े की तरह फेंक के रखा गया। शादी के दौरान दूल्हे को घोड़ी पर चढ़ने पर पाबंदी हो इस तरह वर्णव्यवस्था जो कि मनु द्वारा आधार ग्रहण करती है। उसके अनुसार उन्हें अत्यंज या अछूत की श्रेणी में रखा उनका शोषण हुआ। इस समूह को ही संविधान में अनुसूचित जातियाँ कहा गया है।

दलित साहित्य– दलित साहित्य परंपरागत रूढ़ियों के विरूद्ध तथा दलितों की चेतना के कारण उपजा साहित्य दलित साहित्य है। दलितों के साथ सदियों से समाज में भेदभाव, छूआछूत की भावना व्याप्त रही है। उन्हें कभी इंसान ही नहीं समझा गया बोलने पर उनकी जीभ काट दी गयी वेद सुनने पर दलितों के कानों में गर्म सीसा पिघला कर डाल दिया गया। वेद पढ़ने व देखने पर उनकी आंखों में गर्म शलाका डाल दी गई। जब दलित समाज में चेतना आई, अर्थात सदियों से सोया हुआ दलित समाज डॉ. अम्बेडकर, बुद्ध, कबीर, फुले, पेरियार आदि के कारण सोया हुआ समाज चेत हो गया। इन्हीं के कारण ही आज दलित साहित्य प्रगति कर रहा है। डॉ. अंबेडकर ने दलित समाज के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक सभी स्तरों पर दलित समाज के विकास के लिए कार्य किए।

ओमप्रकाश बाल्मीकि के शब्दों में– दलित साहित्य को डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन ने वैचारिक ऊर्जा दी है और तथागत बौद्ध की दार्शनिकता ने इसे सामाजिक दृष्टि दी है। साथ ही ज्योतिबा फुले के जीवन–संघर्ष से गहन प्रेरणा मिली है।

ओमप्रकाश बाल्मिकी लिखते हैं– "साहित्य के साथ दलित शब्द के जुड़ते ही उसकी व्यापकता और अधिक क्रांतिबोधक हो जाती है। दलित साहित्य जन साहित्य है, यानी मास लिटरेचर (Mass Literature), सिर्फ इतना ही नहीं लिटरेचर ऑफ एक्सन (Literature of Action) भी है जो मानवीय मूल्यों की भूमिका पर सामन्ती मानसिकता के विरूद्ध आक्रोशजनित संघर्ष है इसी संघर्ष और विद्रोह से उपजा है दलित साहित्य।"

आज दलित साहित्य/दलित विमर्श साहित्य के केन्द्र में चर्चा के विषय बने हुए हैं वैसे तो दलित साहित्य के अनेक विद्वान दलित साहित्य का इतिहास बहुत पुराना मानते हैं सिद्ध कवियों, भक्त कवियों की रचनाओं में दलित चेतना के सूत्रबीज रूप में

मिलते हैं। सरस्वती में प्रकाशित हीरा डोम के कविता को भी कई विद्वान दलित साहित्य की शुरूआत इस कविता से मानते हैं। अगर देखा जाए तो दलित साहित्य की शुरूआत महाराष्ट्र से मानी जाती है। अमेरिका में नीग्रो मुक्ति के लिए बने ब्लैक पैंथर की प्रेरणा से 1972 में दलित पैंथर की स्थापना हुई तभी से दलित शब्द तेजी से उभरकर सामने आता है।

दलित साहित्य के बारे में कंवल भारती लिखते हैं– "दलित साहित्य वर्ण व्यवस्था से पीड़ित समाज की वेदना का शब्द रूप है।"

मोहनसाद नैमिशराय के अनुसार– "दलित साहित्य यानि बहुजन समाज के सभी मानवीय अधिकारों और मूल्यों की प्राप्ति के उद्देश्यों से लिखा गया साहित्य है जो संघर्ष से उपजा है, जिसमें समता और बंधुत्व का भाव है और वर्ण व्यवस्था से उपजे जाति भेद का विरोध है।"

माताप्रसाद के अनुसार– "दलित साहित्य वह साहित्य है जो सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक क्षेत्रों में पिछड़े हुए उत्पीड़ित, अपमानित शोषित जनों की पीड़ा को व्यक्त करता है। दलित साहित्य कठोर अनुभवों पर आधारित साहित्य है। दलित साहित्य में आक्रोश और विद्रोह की भावना प्रमुख है।"

डॉ. सोहन पाल 'सुमनाक्षर' दलित साहित्य के विषय में लिखते हैं– "दलित साहित्य दलितोत्थान साहित्य यानी दलितोत्थान हेतू लिखा गया, यह एक ऐसा साहित्य है जो भोगे हुए सच पर आधारित है। जमीन से जुड़े दलित, शोषित, उपेक्षत, सर्वहारा वर्ग से संबंधित है जो दशा और दिशा को इंगित करती है और जिसमें विद्रोह और उद्‌बोधन के साथ संवेदना जागृत करने की ऊर्जा है।"

डॉ. धर्मवीर लिखते हैं– "दलित साहित्य वह है जिसे दलित लेखक लिखता है।"

डॉ. तेज सिंह दलित साहित्य पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए लिखते हैं– "दलितों द्वारा लिखा गया साहित्य ही दलित साहित्य है जिसके मूल में अम्बेडकरवाद और बुद्ध का दर्शन है।"

उपरोक्त परिभाषाओं के आधार पर स्पष्ट होता है कि दलित साहित्य मानवतावादी साहित्य को आधार बनाकर चलता है। यह साहित्य शिकायत करने वाला साहित्य न होकर बल्कि विद्रोह और सामाजिक क्रांति का अगुवा है इसलिए दलित साहित्य समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व जैसे जनवादी मूल्यों पर जोर देकर सामाजिक परिवर्तन कर लोकतंत्र स्थापित करता है। जातिविहीन और वर्ग विहीन समाज की स्थापना करना दलित साहित्य का उद्देश्य है। इसलिए वह 'जाति' के स्थान पर 'समुदाय' और 'समाज' की संकल्पना पर अपने आपको केन्द्रित करना चाहता है। दलित साहित्य के ऊर्जा स्रोत बुद्ध, कबीर, फुले, पेरियार, अछूतानंद आदि है जिनसे दलित साहित्य और दलित समाज को गति मिलती है।

दलित साहित्य को आगे लाने में 'अपेक्षा' पत्रिका की महत्ती भूमिका रही है। अपेक्षा पत्रिका ने दलित समाज और संस्कृति को निर्बाध रूप से आगे लाने का सराहनीय कार्य किया है। अपेक्षा पत्रिका ने अपने कम समय में बहुत ज्यादा उपलब्धियाँ अर्जित की है। अपेक्षा पत्रिका की शुरूआत वर्ष 2002 (अक्टूबर–दिसम्बर) में होती है। अपेक्षा पत्रिका के संपादक डॉ. तेज रहें और उप संपादक ईश कुमार गंगानिया, जय प्रकाश लीलवान रहे। अपेक्षा पत्रिका 'त्रैमासिक' थी जोकि 27 घोडली, कृष्णा नगर, दिल्ली–1100051 से प्रकाशित होती रही। डॉ. तेज सिंह ने जनवरी–जून 2014 (46–47) संयुक्तांक का संपादन किया। 15 जुलाई, 2014 को डॉ. तेज सिंह का हृदयघात से निधन हो गया। तत्पश्चात (48–49) अंक बिना किसी भूमिका के प्रकाशित होता है जिसे डॉ. अश्वनी कुमार ने निकाला।

डॉ. तेज सिंह लिखते हैं– "लंबे अर्से से दलित साहित्यकारों में बड़ी शिद्त से यह महसूस किया जा रहा था कि हिन्दी क्षेत्र में, खासतौर पर दिल्ली से एक ऐसी त्रैमासिक पत्रिका की शुरूआत की जाए जो दलित समाज, साहित्य और संस्कृति से जुड़े अहम सवालों पर गंभीरतापूर्वक विचार करके उस पक्रिया को और आगे ले जाए।" वही आगे लिखते हैं– "अपेक्षा संवाद की पत्रिका है। वह सम्यक संवाद की परंपरा विकसित करना चाहती है। इसलिए इसका दृष्टिकोण एंकागी और एकालापी नहीं है। यह सबसे स्वस्थ संवाद कामय करने स्वास्थ आलोचना दृष्टि विकसित करने की कोशिश करेगी और इसमें सभी समुदाय के लेखकों को भी समुचित स्थान देने की कोशिश करेगी।"

इस प्रकार डॉ. तेज सिंह ने आलोचनात्मक पत्रिका 'अपेक्षा' निकालकर दलित समाज को एक मंच दिया जिससे डॉ. अम्बेडकर, बुद्ध, फुले, पेरियार आदि के विचार दलित समाज जान सके और उनमें एक चेतना विकसित हो। अपेक्षा पत्रिका ने दलित समाज के अलावा सभी समुदाय के लेखकों को भी अपेक्षा में बिना किसी भेदभाव का स्थान दिया है।

अपेक्षा पत्रिका हिन्दी में दलित पत्रिकाओं में पहली आलोचनात्मक पत्रिका रही है। अपेक्षा के आमुख पर दलित साहित्य और संस्कृति की संवाहक छपा था। दो से छः अंक 'दलित लेखक संघ' कि केन्द्रिय पत्रिका के रूप में प्रस्तुत हुए थे। जबकि सात–आठ नौ अंक बिना मुख पट्‌टी के प्रकाशित हुए अंक दस से लेकर अंत (48–49) संयुक्तांक तक 'अंबेडकरवादी' साहित्य का मुखपत्र रूप में प्रकाशित होती रही है। अपेक्षा ने दलित समाज, साहित्य और संस्कृति के महान साहित्यकारों को लेकर 'विशेषांक' प्रकाशित किया है। अभी तक जितनी भी हिन्दी दलित पत्रिकाएं प्रकाशित होती रही है उनमें सबसे तेज गति से 'दलित साहित्य आलोचना' में स्थान बनाने में 'अपेक्षा' का स्थान सर्वश्रेष्ठ है। पत्रिका में दलित और गैर दलित रचनाकारों दोनों को स्थान दिया गया। इस पत्रिका ने 'दलित वार्षिकी' के समान वरिष्ठ दलित साहित्यकारों से लेकर युवा दलित साहित्यकारों को सामने लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 'अपेक्षा' पत्रिका की विशेष सक्रियता और उपलब्धि दलित साहित्य समाज और संस्कृति को आलोचनात्मक रूप से प्रस्तुत करने की रही है। इस पत्रिका ने दलित समाज के सभी पक्षों (सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि) को डॉ. आंबेडकर के दर्शन से समझने और समझाने की सफल कोशिश की है। अपेक्षा पत्रिका ने कई विशेषांक निकालें जिनमें 'कबीर पर केन्द्रित', 'संत रैदास पर केन्द्रित', 'दलित आत्मवृत विशेषांक', 'अंबेडकरवादी साहित्य आंदोलन विशेषांक', 'जनकवि बिहारी लाल हरित', 'प्रेमचंद की रंगभूमि' पर केन्द्रित, 'दलित–उत्पीड़न पर केन्द्रित', 'आंबेडकरवादी कहानी' विशेषांक, 'दलित स्त्री चिंतन पर केन्द्रित' आदि विशेषांक निकाले। अपेक्षा समकालीन हिन्दी पत्रिकाओं में सबसे चर्चित व पठनीय पत्रिका रही है। प्रो. विवेक कुमार अपेक्षा पत्रिका ओर उसकी लोकप्रियता के बारे में लिखते हैं– "2013 के 'अपेक्षा' के जनवरी–जून अंक (42–43) से यह ज्ञात हुआ है कि यह पत्रिका तेरह राज्यों में जाती है। अंडमान निकोबार तक पत्रिका का

पहुंचना अपने आप में एक मिशाल है।"

आगे प्रो. विवेक कुमार लिखते हैं– "डॉ तेज सिंह के दलित साहित्य एवं उसके माध्यम से संपूर्ण साहित्य में योगदान का आंकलन किया जाये तो हमें यह पता चलता है कि डॉ. तेज सिंह अपनी साहित्यिक, सामाजिक, वैचारिक आदि प्रतिबद्धताओं से कभी पीछे नहीं हटे। उन्होंने दलित साहित्य की इस पत्रिका (अपेक्षा) के माध्यम से दलित आंदोलन एवं दलित साहित्य आंदोलन को नवीन दिशा प्रदान की।"

डॉ. तेज सिंह 'अपेक्षा' के प्रवेशांक में लिखते हैं– 'अपेक्षा' का दृष्टिकोण मानवतावादी है, अमूर्त मानवतावाद नहीं। सभी मानवता प्रवृतियों के खिलाफ उसका संघर्ष जारी रहेगा। दलित साहित्य संबंधी विवादो में भी यह मानवतावादी दृष्टिकोण अप. नाएगी। शुरू में गैर 'दलित आलोचकों ने दलित साहित्य संबंधी अवधारणा को गलत दिशा में देने की कोशिशें की पर वे सफल नहीं हो पाए तो उन्होंने दलित चेतना के स्थान पर 'दलित विमर्श' और 'दलित संवेदना' जैसे शब्द गढकर दलित साहित्य को उसमें उलझाने की कोशिश की। कुछ दलित साहित्यकार उनके शब्द जाल में फंसकर दलित साहित्य को पुनः परिभाषित करने पर जोर देने लगे हैं। हम दृढ़ता से कहते हैं कि दलित साहित्य की परिभाषा निश्चित हो चुकी है। उसकी अवधारणा भी स्पष्ट है कि दलितों द्वारा लिखा गया साहित्य ही दलित साहित्य है जिसके मूल में अंबेडकरवाद और बुद्ध का दर्शन है। दलित साहित्यकारों ने न ही कभी कहा और न ही लिखा है कि दलित साहित्य केवल दलितों के लिए ही लिखा गया है। यह दुष्प्रचार गैर दलितों द्वारा फैलाया गया है जबकि दलित साहित्य समाज के सभी हिस्सों के लिए है। क्योंकि संपूर्ण समाज इसकी विषयवस्तु है।"

मोहनदास नैमिशराय अपेक्षा पत्रिका पर अपनी बात र खते हुए लिखते हैं– "'अपेक्षा' देश की पहली ऐसी पत्रिका रही जिसने दलित और गैर दलितों के बीच संवाद स्थापित किया। उनके बीच पीढ़ी–दर–पीढ़ी चले आ रहे विवाद तथा कटुता को खत्म करने का प्रयास किया। अपेक्षा के माध्यम से इसे आमंत्रण भी कहा जा सकता है।"

वहीं आगे लिखते हैं– "अपेक्षा हिन्दी ही नहीं सभी भाषाओं की दलित पत्रिकाओं में पहली आलोचना पत्रिका है।"

निष्कर्ष–

अतः कहा जा सकता है दलित साहित्य उन शोषितों उत्पीड़ितों का साहित्य है जिन्हें सदियों से हाशिए पर रखा गया है। उन्हें अंधेरे में रखा गया तथा उन्हें जानवरों जैसी यातनाओं का शिकार होना पड़ा है। जाति का विनाश–डॉ. अंबेडकर ने अपनी पुस्तक में महाराष्ट्र के पूना शहर में किस तरह से दलितों (चाण्डालों) को रूह कंपाने वाली यातनाओं से होकर गुजरना पड़ता था। सड़क पर चलने के लिए उन्हें गले में मटकी तथा हथ में काला धागा और झाड़ू बांधकर चलना पड़ता था जिसका मुख्य कारण ब्रह्मणों को पता रहे सड़क पर चाण्डाल आ रहा है। 19वीं सदी का पहला दशक दलित चेतना का था। देश के कोने–कोने से उत्पीड़न के खिलाफ दलितों में से आवाज उठने लगी। जिस राज्य में जैसा उत्पीड़न हुआ उस राज्य में वैसे ही देर–सवेर दलितों द्वारा संघर्ष के स्वर उठने लगे। अन्य प्रांतों की अपेक्षा महाराष्ट्र में पेशवाइयों ने सबसे ज्यादा दलित उत्पीड़न किया। इसलिए सवर्णों के खिलाफ दलितों की आवाज महाराष्ट्र में अन्य प्रांतों की अपेक्षा पहले उठी। महाराष्ट्र में दलित आंदोलन, दलित राजनीति, दलित साहित्य, दलित पत्रकारिता देश के दलितों के लिए प्रेरणा बन गयी। दलितों में महात्मा फूले, अंबेडकर, बुद्ध, पेरियार, रैदास, अछूतानंद के कारण एक चेतना आई। इस चेतना के कारण ही दलित साहित्य का उदय हुआ। दलितों ने अपनी व्यथा, दशा को लेखनी के माध्यम से सबके सामने परोस दिया जिसका परिणाम आज दलित साहित्य है। डॉ. अंबेडकर ने दलितों को जागृत करने तथा उन्हें आगे आने के लिए मंच दिया। उन्होंने 'मूकनायक', 'बहिष्कृत भारत, जनता' आदि पत्र निकालकर दलितों को अचेत से चेत अवस्था में लाए। उन्होंने कहा था कि "जब तक हमारी पत्र–पत्रिकाएँ नहीं होंगी तब तक हमारा विचार फैल नहीं सकता।" अम्बेडकर के इसी विचार को लेकर हिन्दी क्षेत्र में दलित पत्र–पत्रिकाएँ निकली जिनमें 'अपेक्षा' पत्रिका भी एक है। डॉ. तेज सिंह ने अपेक्षा पत्रिका के माध्यम से अंबेडकरवाद, अंबेडकरवादी साहित्य, अंबेडकरवादी आंदोलन को प्रकाश में लाए तथा दलित समाज और संस्कृति को अपेक्षा पत्रिका के माध्यम से आगे लेकर चले। अपेक्षा पत्रिका ने स्वस्थ संवाद स्थापित किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची–

1.भारतीय दलित पत्रकारिता– अश्वनी कुमार, प्रकाशक– स्वराज प्रकाशन, प्र.स.–2019

2.दलित पत्रकारिता उद्‌भव और विकास– डॉ. रूपचंद गौतम, प्रकाशक– श्री नटराज प्रकाशन, प्र.स.–2014

3.दलित साहित्य परंपरा और विन्यास– डॉ. एन.सिंह प्रकाशक– साहित्य संस्थान गाजियाबाद, प्र.स. 2011

4.मेरा दलित चिंतन– डॉ. एन.सिंह, प्रकाशक– कंचन प्रकाशन, दिल्ली, प्र.सं. 1998

5.हिन्दी दलित साहित्य का इतिहास– प्रियदर्शी, प्रकाशक– साहित्य संस्थान, गाजियाबाद, प्र.स.–2014

6.डॉ. भीमराव अम्बेडकर समग्र अध्ययन– प्रो. विवेक कुमार, डॉ. प्रवेश कुमार, प्रकाशक– मानक पब्लिकेशन्स प्रा.लि., प्र.स. – 2016

7.जाति का विनाश– डॉ. भीमराव अम्बेडकर, अनुवाद– राजकिशोर, प्रकाशक– द मार्जिनालाइज्ड इग्नूरोड, नई दिल्ली– प्र.स. 2018

8.दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र– ओम प्रकाश वाल्मिकी, प्रकाशक– राधाकृष्ण, प्र.स. 2014, दूसरा सं. 2017

9.हिन्दी दलित साहित्य–मोहनदास नैमिशराय, प्रकाशक– साहित्य अकादमी, प्र.सं.– 2011

10.दलित साहित्य का समाजशास्त्र– हरिनायारण ठाकुर प्रकाशक– भारतीय ज्ञानपीठ, चतुर्थ सं. 2018

11.दलित साहित्य एक मूल्यांकन– प्रो. चमन लाल, प्रकाशक– राजपाल प्रकाशन, प्र.स.– 2008

12.अपेक्षा– सं. तेज सिंह प्रवेशांक (अक्टूबर–दिसम्बर 2002)

13.मगहर– सं. मुकेश मानस अतिथि सं. रजनी अनुरागी, अंक–10, जुलाई– 2018

14.कदम– सं. कैलाशचंद चौहान अतिथि सं.– अनिता भारती वर्ष–2 अंक – 8, फरवरी–अप्रैल– 2015

****

संवेदना के परिप्रेक्ष्य में दलित आत्मकथा

-डा. रमेश. मनोहर. लमाणी
मु.पो. डिड्डापुर (शिवानगर), तहसलि-बिलगी जि.बगलकोट -587117
कर्नाटक
EMAIL- rameshmanoharlamani@gmail.com

हिन्दी दलित साहित्य का इतिहास अत्यंत पुराना है। दलित शब्द के अंतर्गत कुचले गए, दबाए गए जनों की जीवन- कहानी उतनी ही पुरातन है। जितनी भारतीय हिन्दू संस्कृति है। चातुर्वण्य व्यवस्था भारतीय संस्कृति की अपनी एक विचित्र विशेषता है। दलितों का कार्य उच्च कहे जानेवाले तिनों वर्णों की सेवा करना था। मनुस्मृति के अनुसार- यदि शूद्र जानबूझकर वेदों का पठन सुनाता है, तब उसके कानों में पिघला हुआ शिक्षा का लाख डाली जाए। यदि वह वेदों का उच्चारण करता है तब उसकी जबान-काट दिया जाय, यदि वेदों पर अपना प्रभुत्व स्थापित करता है तो उसके शरीर के टुकडे -टुकडे कर दिया जाएँ। मनुस्मृति (12-4) मौर्य काल में शूद्रों की दशा और भी बिगड़ चुकी थी, कौटिल्य के अर्थशास्त्र से ज्ञात होता है कि, जब कोई शूद्र अपने को ब्राह्मण कहे तो उसकी आँखें नष्ट करने का दण्ड दिया जाय। इस प्रकार शूद्रों के प्रति घोर अमानवीयता का दण्ड दिया जाता था।

ऐसी हीन अवस्था में हजारों वर्ष दलित समाज ने बिताये, पर उनकी ओर किसी का ध्यान नहीं गया। ऐसे में ज्योतिबा फूले और डॉ.बी.आर.अंबेडकर जैसे व्यक्तियों ने जाती व्यवस्था पर प्रहार किया। भारतीय साहित्य में पहली बार मराठी में दलित साहित्य लिखा गया। बाद में अनुवाद के माध्यम से प्रेरणा लेकर हिन्दी भाषा के प्रदेशों में दलितों ने लिखना प्रारंभ किया है। आज हिन्दी दलित साहित्य विभिन्न विधाओं में हमारे समक्ष है- कहानी, कविता, उपन्यास और आत्मकथा के रूप में, सबसे पहले आत्मकथा लिखने की परंपरा मराठी साहित्य से शुरू हुई। आज हिन्दी में भी आत्मकथा सबसे सशक्त विधा के रूप में सामने आई है। दलित आत्मकथाओं ने दलित समुदाय के शोषण, अपमान, अवहेलन, तिरस्कार लिखकर पूरे समाज को वह बता दिया कि हमारा जीवन जानने के लिए किसी रची हुई कहानी या आख्यान की नहीं स्वयं हमारे जीवन को देखना जरूरी है। जो प्रमुख आत्मकथन हिन्दी दलित साहित्य में आए हैं। वे हैं- मोहनदास नैमिशराय की 'अपने अपने पिंजरे', ओम प्रकाश वाल्मिकी की 'जूठन', सूरजपाल चैहान की 'तिरस्कृत', डॉ. डी.आर जाटव की 'मेरा सफर मेरी मंजिल', माता प्रसाद की 'झोपड़ी से राजभवन', नरेन्द्र महर्षी की 'मेरे मन की बाइबल', डॉ.श्यौराज सिंह बेचैन की 'मेरा बचपन मेरे कंधों पर', प्रो. श्यामलाल की 'एक भंगी कुलपति की अनकही दास्तान', कौशल्या बैसंत्री की 'दोहरा अभिशाप', सुशीला चाकभौरे की "शिकंजे का दर्द' और तुलसी राम की 'मुर्दहिया' आदि। ये आत्मकथाएँ वेदना के गर्भ से जन्मी और पुरानी सामाजिक संरचनाओं को अस्वीकार करती है।

इन आत्मकथाओं में लेखकों के वास्तविक जीवन का कटु सत्य छिपा हुआ है। मोहनदास नैमिषराय ने अपने ' अपने पिंजरे में मेरठ जिले के चमारों की स्थिती और उनके जीवन को अंकित किया है। समाज में व्यक्ति का दर्जी और हैसियत उसकी जाती से तय किया जाता है। लेखक समस्या से गुजरते हुए लिखा है- हिन्दू समाज में आदमी की कीमत उसकी जात से आंकी जाती थी। हमें विशेष तौर पर चमार- चुहडे नाम से संबोधित किया जाता है। भारतीय जाती ग्रस्त समाज में हर एक को सबसे पहले व्यक्ति की जाती के बारे में जानने की जिज्ञासा रहती है। दलित जानते ही सवर्ण उनसे मुँह मोड लेते हैं।

ओम प्रकाश वाल्मिकी की आत्मकथा जूठन में दलितों की दयनीय स्थिती का चित्रण प्रस्तुत हुआ है। बरला गाँव के व्यक्तियों पर त्यागियों से होनेवाले अत्याचार का यथार्थ का अंकन हुआ है। जूठन में हर दमी लेखक से पूछते है कि – तू कुण जात का है, अबे चूहडे के दूर हट बदबू आ रही है। चूहड जाती के कारण कुलकर्णी की बेटी सविता वाल्मिकी के प्रेम से मुँह मोड लेती है।

महामानवतावादी डॉ.अंबेडकर जी के प्रभाव के कारण दलित शिक्षा के प्रति आकृष्ट हुए और समाज में अपनी दशा से ऊपर उठने का एक प्रमुख अस्त्र शिक्षा को मान लिया था। 'अपने-अपने पिंजरे' आत्मकथा में पी.टी इंन्स्ट्रक्टर शिवकुमार शर्मा लेखक और दलित साथियों को कहते हैं- 'अब तुमसे पढ़ने के लिए कौन कहते है? बस जूते-चप्पल बनाओ और आराम से रहो। चले आते है ससुरे जाने कहा-कहा से।' इस प्रकार सवर्ण शिक्षक कोई न कोई बाधा खड़ी कर देते। गाँव के स्कूल को चमारों का स्कूल कहा जाता। सवर्ण शिक्षक दलितों को अटपटे नामों से पुकारते। शिक्षक ऐसा वातावरण बना देते हैं कि पढ़ाई समाप्त होने से पहले ही छोड़ दे। लेखक को कहते है- 'और पढ़ लिखकर क्या लॉड गवर्नर बन जाएगा। गाटेगा तो येई-चीतरे।' दलितों को आरक्षण एवं वजिफे को लेकर सवर्ण जलरे हेडक्लर्क के शब्दों में – 'ओर भाई इसमें इनकी गलती थोड़ी ही है। सरकार ने आरक्षण देकर दीमाग खराब कर दिया है। अब तो ये सरकारी दामाद है।'

'जूठन' आत्मकथा में भी यही शिक्षा नीति का परिपालन वाल्मिकी जी के साथ हुआ था। ओमप्रकाश जी को हेडमास्टर ने खानदानी काम का जिक्र कराते हुए कहा था- ठीक है वह जो सामने सिसम का पेड़ खड़ा है उस पर चढ़ जा और टहनियों की झाडु बना ले। पुत्ते वाली झाडु बनाना फिर पूरे स्कूल को ऐसा चमका दे जैसे शिशा। तेरा तो यह खानदानी काम है। स्कूल में मास्टर जी को प्रश्न पूछने पर मुर्गा बनाना पड़ता- 'घोर कलियुग आ गया है जो..एक अछूत जभान जोरी कर रहा है।' स्कूल का वातावरण इतना भानक था कि हेडमास्टर सुअर के समान लगते- हेडमास्टर को देखकर मेरी रूह काँप जाती थी लगता जैसे सामने से मास्टर नहीं कोई जंगली सुअर थूथनी उठाये चिंचियात चला आ रहा है। यह व्यवस्था सवर्णों के लिए स्वर्ग और दलितों के लिए नरक निर्माण करती है।

इतना ही नहीं 'जूठन' आत्मकथा में आर्थिक कष्टों का अत्यंत सजीव चित्रण हुआ है। वाल्मिकी जी की मा आठ-दस तगाओं के घरों में मवेसीयों को बांधने की जगह पर साफ सफाई का काम करती थी। माँ के साथ भाई, भाभी

एवं बहन भी काम करती थी। इस के बदले 22-23 कीलों अनाज दोपहर की बची कुची रोटी कभी-कभी भँगनकी टोकरी में जूठन भी डाल दिया जाता। इस अमानवीय व्यवस्था पर आक्रोश प्रकट करते हुए लेखक ने लिखा है- 'ये कडवी यादें में भूल नहीं पाता हूँ, रह रह कर बिजली की तरह दिमाग में कौंध जाती है। अपने श्रम का मूल्य मांगना अपराध क्यों है?' वाल्मीकि जी अपने चाचा के साथ मरे हुए बैल को उठाने खाल बेचने चले जाते पर मित्रों की दृष्टी से बचने का प्रयास करते थे।

सूरजपाल चौहान की आत्मकथा 'तिरस्कृत' में शिक्षा को पाने में पाई बाधाओं पर लिखा है। संस्कृत के अध्यापक उन्हें जाती का ओछापन याद दलितों और साथी अध्यापकों को उन्हें संकेत कर कहते 'यदी देश के सारे चूहडे चमार पढ़-लिख गये तो गली मोहल्ले की सफी और जूते बनाने का काम कौन करेगा?' इस प्रकार अध्यापक दलितों को सफाई और जूते बनाने के लिए अनपढ़ रखना चाहते और स्कूल में सवर्ण कक्षा से दूर पीपल के पेड़ के नीचे बिठा देते और कभी कभार एक रेखा खींच देते। सहपाटी भी उनकी जाती जानते ही दूर हो जाते। जब कॉलेज सूचना पट पर वजिफों का लीस्ट देखते ही अनूप जैन कहता है- 'ओरे चौहान क्या तुम राजपूत नहीं हो ड्यूल्ड कास्ट हो क्या?' आगे उनका मित्र कहता है- 'अरे देखो चूहडे भी ठाकुर और राजपूत बनने लगे।' सूरजपाल जी ने अपने पिता के अथक प्रयासों से बी.ए. तक की शिक्षा प्राप्त की। और नरक के जीवन से मुक्ति पा ली।

'मेरा बचपन मेरे कंधों पर' आत्मकथा में श्योराज के आर्थिक तंगी का जीवंत चित्रण मिलता है। पिता की मृत्यु के बाद लेखक ने अनेक मुसीबतों का सामना किया। सूरजपाल चौहान ने तिरस्कृत आत्मकथा में दलितों की आर्थिक दुर्दशा का बड़ा फलक सामने रखा है। आर्थिक मजबूरी उन्हें गुलाम बनाती रही, लेखक भूख के कारण अपनी माँ के साथ जूठन उठाने जाते। अपने गाँव के गंधे लोथे की लड़की का विवाह संदर्भ का उदाहरण देते वह लिखते है कि- 'मैं खाना खाते बारातियों को टुकुर-टुकुर देखे जा रहा था, मेरे मुँह से जैसे लार टपकने वाली थी। मैं रह रह कर माँ की ओर देखता और माँ बिना कुछ कहे मेरे ऊपर हाथ फेरे जा रही थी। लेखक सोचता हैं- हमारी स्थिति कुत्तों से भी गई गुजरी थी। गेहू का आटे की रोटी तो लेखक के लिए कल्पना मात्र थी।' इस तरह आत्मकथाओं ने अपने आर्थिक स्थिति का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया है।

सुशीला टाकभौरे की आत्मकथा 'शिकंजे का दर्द' एक दलित नारी की दारूण यातना की कहानी नहीं, बल्कि उस वर्ण व्यवस्था के अमानवीय स्वरूप के रेषे-रेषे से पाठकों को परीचित कराती है। जिस व्यवस्था ने करोड़ों इन्सानों की जिंदगी में जहर घोल रखा है। ऊपर/ऊपर तो मानवतावाद और समता का सूरज चमकता दिखाई देता है। लेकिन थोडा सा खुरचते ही वर्ण श्रेष्ठता का लिजलिजा-धूणास्पद दलदल झलक मारने लगता है। इस संबंध में सरजू प्रसाद मिश्र ने कहा है- 'लेखिका ने मुस्कुराहट की नकाब के तले छिपे नफरत भरे चेहरों की असलियत को देखा है। सहते-सहते जब इंतिहा हो गई इस दबी-घुटी नारी ने अपनी खुदी बुलंद किया और फिर बाधाएँ जैसे कांपते हुए दूर भागने लगी।'

कौशल्या बैसंत्री जी की आत्मकथा 'दोहरा अभिशाप' में लेखिका को अनेक संघर्षों से गुजरना पडा। संघर्षों से अनवरत जूझते हुए अंत में उन्हें निडरतापूर्वक लिखना पड़ा। पुत्र, भाई, पति सब नाराज हो सकते है परन्तु मुझे भी तो स्वतंत्रता चाहिए कि मैं भी अपनी बात समाज के सामने रख सकूं। मेरे जैसे अनुभव और भी महिलाओं के होंगे। परन्तु समाज और परिवार के भय से अपने अनुभव समाज के सामने उजागर करने से डरती भौरे जीवन भर घुटन में जीती है। समाज की आँखें खोलने के लिए ऐसे अनुभव सामने आने की जरूरत है।

निष्कर्ष-

अतः निष्कर्ष यह है कि दलित आत्मकथाएँ दलितों के जीवन के सत्य को खोदकर पाठकों के सम्मुख रखती हैं। उनके जीवन के संवेदनशील बिन्दुओं का मार्मिक चित्र प्रस्तुत करने के साथ-साथ साहित्य और समाज के बीच के संबंध को कायम रखने का कार्य भी करती है। उपर्युक्त सभी विचार विमर्श से स्पष्ट होता है कि दलित साहित्यकारों ने अपनी आत्मकथाओं के माध्यम से न केवल स्वयं के दुख-दर्द को अभिव्यक्त किया अपितु अपने समुदाय लोगों के जीवन का आईना प्रस्तुत किया है। यह साहित्य केवल दलितों के लिए नहीं समाज के सभी वर्णों के लिए हैं। वह समाज के अंधेपन को नकारता है और नई रोशनी को जन्म देने के पथ को उजागर करता है।

संदर्भ ग्रंथ-

1. अपने-अपने पिंजरे- मोहनदास नैमिषराय
2. जूठन- ओम प्रकाश वाल्मिकी
3. तिरस्कृत- सूरजपाल चौहान
4. शिकंजे का दर्द- सुशीला टाकभौरे
5. दोहरा अभिषाप- कौशल्या बौसंत्री

****

सुखबीर सिंह की कविताओं में दलित चेतना

-आंचल यादव
पीएच.डी शोधार्थी
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
8920164514,8882494018
aanchal.yadav8@gmail.com

दलित चेतना या दलित विमर्श समकालीन हिंदी कविता का केंद्रीय विषय है। दलित कविता ने हिंदी कविता को जहां एक नए सांचे में ढाला है। वही उसे नए मुहावरे और अर्थ भी प्रदान किए हैं और इस प्रकार दलित कविता ने विषय और विस्तार दोनों की दृष्टि से हिंदी दलित चेतना को समृद्ध किया है जिससे हिंदी कविता को नए आयाम मिले हैं। दलित को समझे बिना दलित चेतना को नहीं समझा जा सकता। वामपंथी साहित्यकारों की दृष्टि में दलित का अभिप्राय सर्वहारा है तो दक्षिणपंथी साहित्यकारों की दृष्टि में दलित का अर्थ गरीब है जो आर्थिक रूप से वंचित और शोषित है।

दलित कविता का विकास

समकालीन कविता में दलित कविता का उदय एक नवीन चेतना के रूप में हुआ। हिंदी दलित कविता ने समकालीन हिंदी कविता को एक नए स्वर से समृद्ध किया। समकालीन दलित कवियों के कवि धर्म से दलित कविता के स्वरूप में धीरे-धीरे बदलाव आता गया । दलित कवियों की कविताओं में युगीन चेतना और सरोकारों का निरूपण मिलता रहा है। दलित कविताएं जाति से उठकर अपने सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति नजर करती आई हैं। ये कविताएं पारंपरिक हिंदी कविता से एकदम भिन्न है। इनकी प्राथमिकता न तो प्रेम वर्णन है और न ही प्रकृति चित्रण। इनमें शोषण,दमन और वर्ण व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन है। भारतीय दलित साहित्यकार एवं चिंतक कंवल भारती दलित कविता का परिचय देते हुए लिखते है-

"दलित कविता उस तरह की कविता नहीं है, जिसे आमतौर पर कोई प्रेमी अंधेरे में पागल होकर गुनगुनाने लगता है। यह वह कवि कविता भी नहीं है जो पेड़-पौधे, फूल-फूलों और नदियों-झरनों और पर्वतमालाओं की चित्रकारिता में लिखी जाती है। किसी का शोक गीत और प्रशस्ति गान भी नहीं है। दरअसल यह वह कविता है जिसे शोषित, पीड़ित एवं दमित दलित अपने दर्द की अभिव्यक्ति करने के लिए लिखता है। यह वह कविता है जिसमें दलित अपने जीवन के संघर्ष को उतार देता है । यह दमन, अत्याचार , अपमान और शोषण के खिलाफ युद्ध गान है। यह कविता एक तरीके से स्वतंत्रता , समानता और भ्रातृत्व भाव की स्थापना और लोकतंत्र की प्रतिष्ठा करती है इसलिए इसमें समतामूलक समाजवादी समाज की परिकल्पना है।"[१]

दलित कविता जाति और वर्ग समाज की स्थापना करने वाले दलितों द्वारा लिखी गई कविता है। यह एक क्रांतिकारी आवास निर्माण में विश्वास रखती है।

दलित कविता ने जिस मुखरता और आत्मविश्वास के साथ अपनी संघर्ष-यात्रा को पूरा किया है। उससे पता चलता है कि समाज में व्याप्त हजारों साल के शोषण, दमन से मुक्ति की छटपटाहट दलित कविता में नजर आती है।

हिंदी दलित कविता की स्थापना में कुछ काव्य संकलनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस सन्दर्भ में डाक्टर एन सिंह का कथन विचारणीय है। वे लिखते है -"सन् १९१४ के बाद भी दलित कविता कभी लोकगीत के रूप में, तो कभी रैदास और कभी अम्बेडकर के जीवन और विचारों के काव्यात्मक आख्यानों के रूप में निरन्तर विकसित होती रही।"[२]

हिंदी दलित कविता की स्थापना में 'पीड़ा जो चीख उठी' तथा 'दर्द के दस्तावेज' का अप्रतिम योगदान है। 'पीड़ा जो चीख उठी' में पच्चीस दलित कवियों की दो-दो कविताएं संकलित हैं। यह प्रथम दलित कविता संकलन है लेकिन इसका कोई संपादक नहीं है। डॉक्टर एन सिंह द्वारा संपादित काव्य संकलन 'दर्द के दस्तावेज' को हिंदी दलित कविता के प्रतिनिधि के रुप में मान्यता मिली। इसी संदर्भ में राधेश्याम तिवारी 'दलित साहित्य के प्रतिमान' पुस्तक में लिखते हैं - "अनेक कवियों की कविताओं के संकलन का संपादन डॉक्टर एन सिंह ने किया है। यह संग्रह दलित साहित्य के चयन की दिशा में एक स्मरणीय प्रयास है। संग्रह के कवि डॉ प्रेम शंकर , डॉ सुखबीर सिंह, डॉ चंद्रकुमार वरठे, ओमप्रकाश वाल्मीकि, मोहनदास नैमिशराय, डॉ रामशिरोमणि 'होरिल', डॉ दयानंद बटोही आदि हैं।"[३]

इस काव्य संकलन को कुमायूं विश्वविद्यालय में पढ़ाया जाता है।हिंदी में दलित कविता की शुरुआत बीसवीं सदी के आठवें दशक में हुई। इसकी प्रेरणा डॉक्टर अंबेडकर की विचारधारा, महात्मा ज्योतिबा फुले का संघर्ष , मार्क्स की क्रांतिकारी दृष्टि तथा मराठी का दलित साहित्य भी रहा है।

दलित कविता में सबसे पहला नाम हीरा डोम का आता है जिनकी कविता 'अछूत की शिकायत' 1914 में 'सरस्वती' में छपी थी। इसी तरह ओमप्रकाश वाल्मीकि का कविता संग्रह 'सदियों का संताप' और बस्स' ! बहुत हो चुका ' में दलितों की स्थिति का चित्रण करते हुए लिखते हैं -

"बस्स!
बहुत हो चुका
चुप रहना
निरर्थक पड़े पत्थर
अब काम आएंगे संतप्त जनों के!"[४]

दलित कविताओं का स्वर समता स्वतंत्रता और बंधुत्व की स्थापना करना है कविता की अनिवार्यता को बताते हुए डॉ एन सिंह लिखते हैं "कविता लड़ने पर उतारू बेजुबान आदमी की आवाज है"[५]

आठवें और नौवें दशक में हिंदी के जिन कवियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया उनका विवरण इस प्रकार है- डॉक्टर मनोज सोनकर का 'शोषितनामा', डॉ रामशिरोमणि होरिल का 'करील के कांटे', 'जीवन राग', डॉक्टर सुखबीर सिंह का 'बयान बाहर', 'अनंतर', 'सूर्यांश' और 'पुनसर्संभवा', डॉ प्रेम शंकर अवस्थी के 'नयी गंध' और 'कविता: रोटी की भूख तक', डॉ दयानंद बटोही की 'यातना की आंखें', डॉक्टर सोहनपाल सुमन का 'अंधा समाज बहरे लोग', डॉक्टर पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी के 'द्वार पर दस्तक', 'सवालों के सूरज' ,लालचंद राही का 'मूक नहीं मेरी कविताएं', मोहनदास नैमिशराय का 'सफदर का बयान' , डॉ जयप्रकाश कर्दम का काव्य संग्रह 'गूंगा नहीं था मैं' आदि ने दलित कविता को प्रतिष्ठित किया है।

डॉ. सुखबीर सिंह और उनका कविता-संसार

हिंदी दलित कविता की पहचान बनाने में डॉ. सुखबीर सिंह का अप्रतिम योगदान रहा है। वे सधे और स्पष्ट शब्दों में अपनी बात रखते थे। डॉक्टर सुखबीर सिंह के चार कविता-संग्रह है- 'बयान बाहर', 'अनंतर', 'सूर्यांश' और 'पुनसर्संभवा। इन चारों में दलित चेतना के स्वर सुनाई पड़ते हैं। इन कविताओं में ग्रामीण जीवन की झलक, हाशिए पर पड़े समाज की पीड़ा के साथ-साथ संवेदनशील मन की छवि दृष्टव्य है। उनकी कविताओं में अनुभूति की गहनता, प्रमाणिकता और शिल्प की प्रौढ़ता देखी जा सकती है जो इन कविताओं का महत्वपूर्ण अंग है । इस कारण ये कविताएं जनजीवन का बोध कराने के साथ-साथ समाज को भीतर तक झकझोरती है। इसी संदर्भ में डॉ. मंजु मुकुल संपादित पुस्तक 'बयान बाहर से पुनर्संभवा तक' में लिखती है -

"वे अपने संघर्षों के ताप से पूरी तरह सधे और बंधे हुए। वे एक ऐसे स्कॉलर थे, जिनकी आंखों में अपनी जाति का संघर्ष, कलम में बेबाकीपन, अपने समय से सीधे टक्कर लेने की क्षमता, शासन -प्रशासन, रस्में-रवायतें सब कुछ शामिल थे।"[६]

डॉ. सुखबीर सिंह का पहला काव्य संग्रह 'बयान बाहर' सन् 1985 में प्रकाशित हुआ। इसमें ग्रामीण जीवन का चित्रण और उससे जुड़ी स्मृतियों को साझा किया है। इसमें पेड़-पौधे, फूल-फूलों और गांव आदि के माध्यम से यथार्थ जीवन की नग्नताओं से पर्दा उठाया है। वे 'बयान बाहर ' की भूमिका में लिखते हैं -

" ग्रामीण जीवन, दलित वर्ग का जीवन तथा नारी जीवन की वर्तमान त्रासदी को कविता के केंद्र में लाना आज पहले से भी अधिक आवश्यक है। यही सामाजिक प्रतिबद्धता की मांग है।"[७]

'बयान बाहर' में कुल पैंतीस कविताएं हैं। जिनमें से है - बयान बाहर, करवट, प्रश्न ,जंगल का लोकतंत्र, किसी नेता के नाम, जुलूस , मोक्ष, गर्म राख, तमाशा, जंगल की बात आदि ।

'बयान बाहर' में दलित चेतना की कविताओं का संग्रह है। इन कविताओं ने दलित साहित्य आंदोलन को हिंदी साहित्य में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिंदी दलित साहित्य में यह संग्रह मील का पत्थर साबित हुआ है। इस संग्रह की कविताओं ने परंपरावादी भारतीय मानसिकता से बाहर निकलकर सोचने पर विवश किया है। इसने पूर्व स्थापित परंपरावादी मान्यताओं और सिद्धांतों को सवालों के घेरे में खड़ा किया है। इन्होंने सहज एवं सरल शब्दों में अपनी बात रखी है। इनकी अभिव्यक्ति में कहीं आक्रोश है तो कहीं विद्रोह। इस काव्य संग्रह में संकलित लंबी कविता 'बयान बाहर' में वे लिखते हैं-

"यहां न वर्तमान सत्य है
न सच है भविष्य
जो कुछ है, सिर्फ भूत है
इसलिए आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा
आज भी आज भी एकदम अछूत है"[८]

इनकी कविताओं में कोई जल्दबाजी या दबाव नहीं मिलता। इनकी कविताओं में दलित जीवन की लाचारी पर आंसू बहाती है। इनका ग्रामीण मन शहरी जीवन की जद्दोजहद में अपने आशियाने को ढूंढता है। दलित जीवन की टीस इन कविताओं में देखी जा सकती है। इन्होंने कविता एक ढर्रे पर नहीं लिखी । इनकी कविताओं में विविधता देखने को मिलती है।

डॉक्टर सुखबीर सिंह का 'बयान बाहर' के बाद दूसरा काव्य संग्रह 'अनंतर' सन 1987 में प्रकाशित हुआ। इस बीच देश में काफी उथल-पुथल मच चुकी थी जिसका प्रभाव इनकी कविताओं में मिलता है। 'ब्लू स्टार ऑपरेशन' के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या और उसकी प्रतिक्रिया में भड़के सांप्रदायिक दंगों ने सभी को हिला कर रख दिया। लेखक भी इस प्रभाव से अछूते नहीं रहे। इनके काव्य संग्रह अनंतर में कुल उन्नतीस कविताएं हैं जो इस प्रकार है -अनंतर, बीच यात्रा में , भीड़ का तेवर , नाव, युगोत्तिराधिकार , अंधेरे की परतें , आश्वस्ति , लाल कुलबुलाहट , समय पुरुष :समय शिशु , निर्णय का दायित्व , दोपहर, चुनाव, प्रेम, मिट्टी का तेल आदि। इनकी कविताएं साम्प्रदायिक दंगों, सामाजिक एवं राजनीतिक परिदृश्य में हुए बदलावों को उकेरती है।

प्रस्तुत है 'अनंतर' काव्य संग्रह की एक कविता 'मिट्टी का तेल' का पद्यांश -

"मिट्टी के तेल का स्वाद
कुआं खोदते उस मजदूर से मत पूछो
जो फेफड़ों में भरता है
मिट्टी के तेल भरी धूल
जेब में कुछ सिक्के
और जिस्म में रोग के कीटाणु लिए
अपने गरीब मुल्क को लौट आता है।"[९]

इस कविता में एक मजदूर की दयनीय दशा का बारीकी से चित्रण किया गया है।

डॉ सुखबीर सिंह का तीसरा काव्य संग्रह 'सूर्यांश' है जिसमें चौबीस कविताएं शामिल हैं। इनमें हैं - सूर्याश, ठोस कविता, अंश, तुम , नक्शा मेरे देश का, सूखा फूल, पौधे , फूल, सागर और लहरें आदि । इनमें देश के सामाजिक - धार्मिक जीवन का ताना-बाना पेश किया गया है। इसमें डॉक्टर अंबेडकर से प्रेरणा और प्रभाव ग्रहण किया है। वहीं दलित उत्पीड़न को दिखाया गया है. वर्तमान देश के लोकतंत्र की स्थिति पर प्रश्न उठाए हैं व दलित राजनीति के दोगलेपन सवाल खड़े करती हैं।

'सूर्यांश' एक लंबी कविता है जो भारतीय लोकतंत्र के बीच दलित उत्पीड़न को केंद्र में रखती है।देश की राजनीति तले जनता का उत्पीड़न होता रहता है। दलित राजनीति के दोगलेपन पर प्रश्न उठाती यह कविता प्रस्तुत है -

"अछूत कहीं जाने जातियों के ऊपर भी
थोप दिए गए हैं नेता
तथाकथित सवर्णों के द्वारा
मंत्री /सांसद/ विधायक
वे भी उतने ही मक्कार एवं चोर हैं
जितने सवर्ण नेता हरामखोर हैं।"[१०]

इनकी कविताएं संपूर्ण जनमानस में बदलाव एवं चेतना का संदेश देती हैं। नवीन क्रांति का संचार करती हैं।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है डॉक्टर सुखबीर सिंह की कविताएं लगभग तीन दशक तक फैली रचनात्मक उथल-पुथल और समाज को अपनी कविताओं में एकत्रित करती हैं। इनकी कविताओं में दलित चेतना मिलती हैं। इन्होंने अपने समय के साहित्य में अप्रतिम रचनात्मक योगदान दिया है। दलित साहित्य के विकास में इनके योगदान को नकार नहीं जा सकता । इन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए हैं। इनकी कविताओं में जमीनी सच्चाईयां है जो रचनात्मक संघर्ष को बखान करती हैं। इनकी कविताओं के माध्यम से इनके रचनात्मक चिंतन को खोजा जा सकता है। इनकी कविताएं समाज को सजग और सशक्त बनाने के साथ-साथ जागृत करने का माद्दा रखती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची

१ भारती,कॅंवल, दलित कविता का संघर्ष, स्वराज प्रकाशन, दिल्ली, २०१२, पृष्ठ -१३
२ सिंह, डॉ एन, दलित साहित्य के प्रतिमान, वाणी प्रकाशन, दिल्ली,२०१४, पृष्ठ -२३
३ वहीं, पृष्ठ -२३
४ वहीं, पृष्ठ -२४
५ वाल्मीकि, ओमप्रकाश, कंवल भारती (संपा), दलित निर्वाचित कविताएं, इतिहासबोध प्रकाशन,२००६, पृष्ठ -६७
६ मुकुल,डॉ.मंजु, बयान बाहर से पुनर्संभवा तक, शिवालिक प्रकाशन, दिल्ली,२०२१, पृष्ठ -५
७ वहीं, पृष्ठ -८
८ वहीं, पृष्ठ -८
९ वहीं, पृष्ठ -१७०
१० वहीं, पृष्ठ -२०८

****

स्त्री विमर्श

मैत्रेयी पुष्पा के लेखन में स्त्री–पक्ष की दास्तान

–सुमन कुमारी
(शोधार्थी)
पी.एच.डी (हिन्दी)
जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली
मो. 9968362721
ईमेल–aashisumankumari@gmail-com

'मैत्रेयी पुष्पा' ने अपनी कहानियों में उत्तर प्रदेश की प्रत्येक व्यवस्था को स्त्री–पात्र के माध्यम से प्रस्तुत किया है, और खासतौर पर इसमें ग्रामीण परिवेश को अंकित किया है, जो आज भी पिछड़ेपन की मार झेल रहा है। 'मैत्रेयी पुष्पा' उत्तर प्रदेश(मध्य प्रदेश) के बुंदेलखंड इलाके के परिवेश में रची–बसी है और यहां के तमाम सभ्यता और संस्कृति से भी परिपूर्ण है। इनके साहित्य में उत्तर प्रदेशकी व्यवस्था को विस्तार रूप से दे खा जा सकता है। जहां स्त्री घर के साथ–साथ बाहर के कार्यों में भी पुरुषों का भरपूर सहयोग करती है। वहीं परिस्थिति बिगड़ने पर पूरे घर को संभालने की हिम्मत भी रखती है। उत्तर प्रदेशकी व्यवस्था स्त्री–पुरुष में भेदभाव, बाल–विवाह, पर्दा–प्रथा, ज़मीदारी–प्रथा, जाति–प्रथा, अशिक्षा इत्यादि समस्याओं से ग्रस्त है। इन सभी कुरीतियों पर लेखिका ने अपनी कलम से कटाक्ष किया है। साथ ही इन सभी समस्याओं से जूझते हुए स्त्री–पक्ष को मजबूती के साथ चित्रित किया है।

कहा जाता है कि कहानी समाज का दर्पण होती है। 'मैत्रेयी पुष्पा' की कहानियों भी बुंदेलखंड़ इलाके का दर्पण ही है। कहानियों के कथानक इसी परिवेश से लिये गए है। कहा. नियों के पात्र भी वास्तविक जीवन से लिये गए है। स्पष्ट व सरल भाषा के साथ सामाजिक विसगंतियों ने जिन्हें ढह जाने को बाध्य कर दिया, उन्हीं के सतत् संघर्ष को उकेरने का प्रयास किया गया है। प्रत्येक कहानी नारी–चेतना का स''ाक्त उदाहरण है जो समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रेरित करती है। 'चिन्हार' कहानी–संग्रह में कुल बारह कहानियां हैं:– 'अपना–अपना आकाश', 'सहचर', 'बहेलिये', 'ममन नोहि दस–बीस', 'हवा बदल चुकी है', 'बेटी', 'आक्षेप', 'कृतज्ञ', 'भंवर', 'सफर के बीच', 'केतकी' और 'चिन्हार'।

'अपना–अपना आकाश', 'सहचर', 'बहेलिये', 'बेटी' ऐसी ही कहानियां हैं जो कहानी होकर भी मात्र कहानी नहीं रह जाती। सत्–असत्, पाप–पुण्य, भले–बुरे के बीच लिखे गए संघ र्ष के इतिहास का कोई पृष्ठ बन जाती हैं। सच नहीं लगता कि दो विपरीत ध्रुवों में इतना मानवीय और इतना अमानवीय साथ–साथ घटित होता है।

'मन नांही दस–बीस', 'कृतज्ञ', 'हवा बदल चुकी है' आज के बदलते समाज के प्रतिबिम्ब है। 'बहेलिये' कहानी की गिरजा की यह व्यथा कितना कुछ कह जाती, साथ ही 'हवा बदल रही है', 'बेटी' और 'आक्षेप' में स्त्री के अलग–अलग व्यक्तित्व का वर्णन है जिसमें वह अलग–अलग भूमिकाओं में अप. नी उपस्थिति कायम करती है।

'चिन्हार' कहानी में 'सरजू' निस्वार्थ भाव से पूरे गांव वालों के काम आती है, उसके अपने रि''तेदार ही उससे उसकी बेटी छीन लेते है, 'सरजू' जीवन का लम्बा सफर यह सच चुप रहकर सहती है। अंततः कन्यादान हेतु उसकी बेटी स्वंय उसे पहचान लेती है और सरजू से कहती है कि ''मां मेरा कन्यादान करो''। सरजू इस खुशी को बर्दा''त नहीं कर पाती है और उसी वक्त वह अपना सुधबुध खो बैठती है। यही कहानी की जीवंतता है। मैत्रेयी पुष्पा की 'अपना–अपना आकाश', 'बेटी', 'आक्षेप', 'भंवर' और 'चिन्हार' कहानियों का उल्लेख किया जा रहा है।

'अपना–अपना आकाश' कहानी में एक भरेपूरे परिवार की बागडोर एक स्त्री संभालती है। इस कहानी में उत्तर प्रदेशकी संस्कृति और सभ्यता की झलक देखने को मिलती है। गांव में महिलाओं का एक साथ मिलकर किसी आयोजन में भाग लेना, शादी के मौके रीति–रिवाज़ निभाने के लिए पूरे गांव को सम्मिलित करना संपूर्ण रूप से उत्तार प्रदेशकी संस्कृति को दर्शाता है।

कहानी में जीजी घर की बड़ी बहू और बिंदो छोटी बहू होती है। बिंदो के ससुराल में ससुर, चचिया ससुर, जेठ–जेठानी, जेठानी के तीन बच्चे थे। जीजी जब इस घर में ब्याह कर आई, तब घर में वह एक मात्र स्त्री थी जो पूरे घर के सदस्यों की दे खभाल और घर के कामों को संभालती थी। जीजी ने ही अपने देवर लखिया का विवाह बिंदो से करवाया था। बिंदो ने घर में आते ही जीजी के सारे काम को अपने हाथ में लिया और साथ ही साथ जीजी का भी पूरा ध्यान रखती। जीजी के बिना बिंदो खाने का एक भी निवाला नहीं खाती थी। सब कुछ घर में स्नेहपूर्वक चल रहा था। जीजी के तीनों बच्चे भी बिंदो से घ ुल–मिल गए थे।

जीवन में कोई भी विपदा आए, स्त्री पूरे हिम्मत से उसका सामना करती है। कुछ यही हुआ जीजी के साथ भी। कुछ समय प''चात् गांव में ऐसा रोग फैला की बिंदो के ससुर, चचिया

ससुर और जेठ उस रोग के ग्रास बन गए। घर में जीजी, बिंदो, लखिया और तीन बच्चे ही रह गए । घर की पारिवारिक जिम्मेदारी जीजी और घर की आर्थिक जिम्मेदारी लखिया पर आ गई। इन दोनों ने अपनी–अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। तीनों बच्चों को अच्छी शिक्षा दी, जिससे तीनों बच्चों को अच्छी कमाई वाली नौकरी मिली। नौकरी के बाद तीनों बेटों की एक–एक करके शादी कर दी गई। शादी के तुरंत बाद ही तीनों बेटे अप. नी–अपनी पत्नियों को लेकर शहर चले गए।

मैत्रेयी पुष्पा की कहानी 'अपना–अपना आकाश' में स्त्री चरित्र को प्रमुखता दी गई है। इस कहानी में ग्रामीण परिवेश में स्त्री कैसे बिना पुरुष के घर संभालती है, इस बात की महत्ताा को दिखाया गया है। यह कहानी उत्तर प्रदेशकी व्यवस्था को और शहरी रंग–ढंग को दर्शाती है। उत्तर प्रदेशका जन–जीवन आधे से ज्यादा किसानी व्यवस्था पर आश्रित है। जो लोग कम पढ़े–लिखे या अनपढ़ है, उनके पास किसानी के अलावा जीवनयापन के लिए दूसरा साधन नहीं होता है। लेकिन जो नौकरी करने के विचार से अच्छी शिक्षा ग्रहण कर लेते है, वह शहर की ओर प्रस्थान कर लेते है और अपनों से दूरी बना लेते है। जब अपने उन्हें अपने पास रहने की बात कहते है तो बच्चे अपने मां–पिता को अपने ही घर से दूर कर देते है और उन्हें वहां ले जाते है जहां की हवा भी उनके लिए अनजान होती है। जीजी के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। शहर में बेटों के घर नौकरानी की तरह रह रही जीजी को जब तीनों बेटों के ज़मीन हड़पने की नीयत का पता चला, तो मन में गहरा दुख लेकर जीजी अपने गांव वापस लौट गई और अपने देवर–देवरानी के साथ जीवन व्यतीत करने लगी। अपने बेटों के पास जाने के ख्याल से ही जीजी डर जाया करती थी। बच्चों की जिद्द पर घर का बंटवारा होने पर जीजी भी अपनत्व और परायेपन की भावना से ही प्रत्येक पल जूझती है। गांव में रहकर जीजी अपने रिश्तेदारों के अपनत्व की भावना से सराबोर रहती थी। वहीं शहर में अपने बच्चों के साथ भी जीजी को परायापन और अकेलेपन को झेलना पड़ रहा था, जिसे वह ज्यादा दिन तक सहन नहीं कर पाई।

जीजी के कामों की व्याख्या करते हुए कहा जाता है कि ''घर में ससुर, विधुर चचिया ससुर, अनब्याहा जेठ, पति, लखिया और मेहनती मजूदरों की रेल–पेल–अच्छा–खासा कुनबा था और अकेली औरत जात–वे। रोटी सेंकने बैठती तो सुबह से दोपहर हो आती, पर वे जरा–सी भी तो नहीं डगमगाती थी कभी।''

इस कहानी में दूसरी स्त्री पात्र **बिंदो** है, जो आज्ञाकारी, सरल, सहज, और ममतामयी है। बिंदो ने सदैव अपनी जीजी और पति का साथ दिया। वह किसी कारणवश संतान उत्पन्न नहीं कर पाई परंतु उसने जीजी के बच्चों को ही अपने बच्चे माने और उन्हें खुब दुलार किया। घर में बहुत–बहुत मुसीबत आई परुंत बिंदो ने कभी अपने पति या जीजी से शिकायत नहीं की। वह समर्पण भाव से सबकी सेवा करती रहती थी। जीजी से उसे बहुत लगाव होता है, बिंदो कभी भी जीजी के बिना खाना नहीं खाती थी। वह दोनों का भोजन एक ही थाली में परोसकर बैठ जाती और जीजी से कहती–

''आ जाऔ जीजी, अब बहौत है गयी पूजा। और कहा मांगि रही हो राम जी पै। सब तौ है। कहकर जोर से हंसने लगती। बिंदो हरगिज ग्रास न तोड़ती जब तक की तुलसी के चौरा पर लोटा न ढार लेती।''

उसकी स्वंय से स्वंय के लिए कोई अनुभूति नहीं है। वह बस चुपचाप अपने से बड़ो की बातों को मानती और उनका कहा मानना ही अपना फर्ज समझती है। जिसमे वह किसी भी प्रकार के उथल–पुथल से खुद को दूर रखती है।

लखिया अपने परिवार का सबसे छोटा सदस्य था। जिस कारण परिवार की कोई भी जिम्मेदारी उस पर नहीं थी। लखिया जीजी का सबसे दुलारा था। जब परिवार पर मुसीबत का समय आया तब लखिया बहुत समझदारी से पूरे घर की जिम्मेदारी उठाता है। घर के तीन पुरुष एक ही साथ गुजर जाने से लखिया पर अचानक घर की सारी जिम्मेदारी एक साथ आ गई। परंतु लि खया ने अपनी जीजी और अपनी पत्नी का पूरा–पूरा साथ दिया।

उत्तर प्रदेशकी स्त्रियां घर के साथ–साथ अपने पति के साथ बाहर के कामों में भी बराबरी का हाथ बंटाती है। वह अपने जीवन में हर आने वाली परिस्थिति के लिए तत्पर रहती है। ग्रामीण परिवेश की स्त्रियां भावनात्मक रूप से भी मजबूत होती है। तमाम रिश्तों के लिए स्त्रियों के मन में भावनात्मक भाव मौजूद रहते हैं, चाहे कोई भी रिश्ता कितना भी बुरा व्यवहार क्यों ना किया हो। जीजी के बेटों ने लालच में आकर धोखे से जम. ीन–जायदाद अपने नाम कर लिया, पंरतु जीजी ने किसी भी बेटे को बुरा–भला नहीं कहा। ना ही किसी से धोखा करने पर कोई सवाल किया ।

इस कहानी के सभी पात्र अपने–अपने चरित्र को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करते है। कहीं भी किसी पात्र में काल. पनिकता का समावेश नहीं जान पड़ता है। जीजी, बिंदो, लखिया और तीनों बेटों ने अपने–अपने पात्रों को अपने–अपने संवाद के साथ कहानी के मूल भाव को प्रस्तुत किया है।

'मैत्रेयी पुष्पा' की कहानी–संग्रह में दूसरी सशक्त कहानी

'बेटी' है। इस कहानी में दो सहेलियों के जीवन को उकेरा गया है। दोनों की अलग–अलग परिस्थितियों पर प्रकाश डाला गया है। मुन्नी और वसुधा में गहरी मित्रता थी। मुन्नी एक किसान परिवार से और वसुधा एक सम्पन्न परिवार से थी। मुन्नी पांच भाईयों की एक बहन थी और वसुधा अपने परिवार में एकमात्र संतान थी। वसुधा को सम्पन्न परिवार और परिवार की एकमात्र संतान होने के नाते सारी सुविधा उपलब्ध थी। वसुधा गांव से चार किलोमीटर दूर स्कूल भी पढ़ने जाती थी। परंतु मुन्नी चाह कर भी स्कूल नहीं जा सकती थी। मुन्नी के माता–पिता अपने पांचों बेटों को तो स्कूल भेजते थे, लेकिन मुन्नी को स्कूल भेजना उन्हें गंवारा नहीं था। वह सोचते थे कि मुन्नी को तो शादी करके पराये घर जाना है और उसे कौन सी नौकरी करनी है जो उसका पढ़ना जरूरी है ।

मुन्नी जब भी वसुधा के घर जाती, वह वसुधा के किताबों को ललायित दृष्टि से देखती और चित्र बने पन्नों को पलटती, उन्हें रोचकतापूर्ण भाव से देखती थी। मुन्नी को वसुधा का जीवन बहुत भाता था और वह सोचती थी कि वसुधा को घर का कोई काम नहीं करना पड़ता, उसे तो बस पढ़ना ही होता है। वैसे ही वसुधा को मुन्नी का जीवन ललायित करता है, वसुधा सोचती है कि मुन्नी का जब मन करे खेल सकती है, जहां मन करे जा सकती है। परंतु वसुधा को तो सिर्फ पढ़ना पड़ता है।

दोनों ही अपने–जीवन से नाखुश थी। समय बढ़ता गया और दोनों बड़े हो गए। मुन्नी की शादी हो गई। मुन्नी के माता–पिता, मुन्नी की शादी कर गंगा नहा लिये। फिर एक–एक करके मुन्नी के सभी भाईयों की शादी हो गई। भाईयों ने शादी के बाद गांव छोड़ दिया और गांव के घर का बंटवारा करके सभी ने अपना–अपना हिस्सा ले लिया। घर की यह दशा देखकर मुन्नी की मां अपने किस्मत पर रोती है। मुन्नी की मां को मोतियाबिंद हो गया है, जिस कारण उन्हें कम दिखाई देता है।

कुछ दिन बाद गांव के रास्ते में वसुधा की मुन्नी से मुलाकात हुई। तब मुन्नी ने बताया कि मां का खत मिला, तभी यहां के बारे में सारी ख़बर मिली है। मुन्नी का अपने माता–पिता के प्रति गहरा लगाव था। वह अपनी बेटी को अपनी मां की सेवा के लिए गांव में छोड़ कर जाएगी ।

मुन्नी का यह कहना उसका अपने माता–पिता के प्रति जिम्मेदारी के भाव को व्यक्त किया है। पांच भाईयों के होने के बावजूद भी मुन्नी अपने माता–पिता की जिम्मेदारी को उठाती है जबकी मुन्नी के माता–पिता ने मुन्नी को छोड़ कर बाकी सभी बच्चों को पढ़ा–लिखा कर आत्मनिर्भर बनाया।

'बेटी' कहानी में 'मैत्रेयी पुष्पा' ने दो अलग–अलग वर्ग के पात्र को केंद्रित करते हुए अपनी बात कही है। कथा शैली के जरिये मुन्नी और वसुधा पात्र के माध्यम दो घरों की परिस्थिति को भी प्रस्तुत किया गया है।

मुन्नी पढ़ना चाहती थी, परंतु वह स्त्री है इसलिए उसे पढ़ने नहीं दिया गया। घर में जब भी वह अपनी पढ़ने की बात कहती, तब उसे यही कहा जाता कि वह तो शादी करके पराये घर चली जाएगी और उसे कौन–सी नौकरी करनी है जो वह पढ़ना चाहती है। इस बात को लेकर मुन्नी अपनी मां से कहती–

''अम्मा, तुम मेरे साथ जो कर रही हो, वह कुछ अच्छा नहीं कर रहीं। तुम पांच–पांच लड़कों को पढ़ा सकती हो, लेकिन मेरे लिए तुम्हारे घर में अकाल है। मेरी किताब–कापी के पैसे तुम्हें भारी हैं अम्मा।''

इन सभी विचारों से मुन्नी को अपनी इच्छाओं को दबाये रखना पड़ा। जब भी वह अपनी सहेली वसुधा को स्कूल जाता देखती, तब उसका मन भी स्कूल जाने को ललायित हो जाता और तब वह वसुधा के घर जाकर उसकी किताबों को पलट कर देखती।

शादी से पहले मुन्नी ने अपने माता–पिता की खूब सेवा की और शादी के बाद अपनी बेटी को उनकी सेवा के लिए गांव में छोड़ गई। क्योंकि मुन्नी के पांचों भाई अपनी–अपनी शादी के बाद माता–पिता को गांव में अकेला छोड़ कर शहर में बस गए। तभी मुन्नी को अपनी बेटी को गांव में रखना पड़ा। जब वसुधा ने मुन्नी से उसकी बेटी के पढ़ाई का पूछा तब, उसने यही कहा–

''वसुधा, तू भी तो यहीं रहकर पढ़ी थी, ऐसे ही वह भी पढ़ लेगी'' कहकर वह अपनी रक्ताभ आंखे पोंछ रही थी।

कई बार वसुधा मुन्नी के मन की व्यथा को समझ कर, उसकी मां से कहती चाची, मुन्नी को स्कूल भेज दो। तब मुन्नी की मां अपना तर्क देते हुए कहती है है कि

''अरी बिटिया, क्या कहती हो, वह लड़की जात, कहां जाएगी और क्या करेगी पढ़–लिखकर। तुम्हारी बात और है वसुधा, अकेली औलाद, बेटा–बेटी तुम्हीं हो अपनी मां की, सो जिंदगी भर पढ़ों तो कोई कहने वाला नहीं, बाप न भइया।''

'बेटी' कहानी के माध्यम से यह भी बताया गया है कि जो माता–पिता संपूर्ण जीवन अपने बेटों के लिए सारी सुख–सुविधा जुटाते है। उन्हें ही उम्र के आखरी पड़ाव पर उनके बेटे छोड़ कर अलग रहने लग जाते हैं। तब माता–पिता को एहसास होता है कि उन्होंने बेटा–बेटी में फर्क करके गलत किया। यह कहानी बताती है कि माता–पिता के मुसीबत में बेटियां ही साथ देती है। बेटियों पर कितना भी जुल्म किया जाए, उसकी इच्छाओं का अनगिनत बार दमन किया तब भी वह अपने परिवार वालों के प्रति स्नेह की भावना रखती है। वह किसी भी कीमत पर अपना फर्ज निभाती है। स्त्री मन अपनत्व की भावना से सदैव भरा रहता

हैं। शहरी स्त्रियों की अपेक्षा ग्रामीण स्त्रियां अपने परिवार और समाज से ज्यादा जुड़ाव रखती है। यह हमें कई रूपों में भी दे खने को मिलता है। शहरी स्त्रियां एकल रहना पंसद करती है, वहीं ग्रामीण स्त्रियां संयुक्त परिवार में रहना पंसद करती है।

कहानी गांव की संपूर्ण व्यवस्था की बात करती है। गांव में मुख्य रूप से स्त्रियां खेतों में काम करती है और साथ–साथ घर के कामों में भी भरपूर हाथ बटांती हैं। ग्रामीण स्त्रियों के लिए उनके परिवार की महताा अधिक होती है। वह हर परिस्थिति में अपने परिवार का साथ देती है। स्त्री मन सम. र्पण का दूसरा रूप है। उसने सदैव दूसरों की सुख–सुविधा के लिए अपनी सुख–सुविधा का सर्मपण किया है। 'बेटी' कहानी में मुन्नी ने शादी से पहले अपने भाईयों की सुविधा के लिए समर्पण किया और शादी के बाद अपनी बेटी को सर्मपण करने के लिए अपने माता–पिता के घर रख गई। यह समर्पण पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती है। कहानी के पूरे प्रारुप में स्त्री मन की बात कही गई है।

'बेटी' कहानी में दो परिवारों के घर की बेटी के पालन–पोषण का तुलनात्मक रूप भी प्रस्तुत किया गया है। सभी पात्र यर्थाथ से जुड़े प्रतीत होते है। खेत–खलिहान, घर की ग्रमीण रूप–रेखा, चुल्हे पर खाना पकाना यह सब व्यवस्था गांव का परिचय देती है।

ग्रामीण परिवेश में होने की वजह से कहानी में कहीं–कहीं संवाद में आंचलिकता झलकती है। मुन्नी और उसकी माता के बीच के वार्तालाप में ग्रामीण बोलचाल की झलक देखी जा सकती है। मुन्नी, वसुधा और उनके माता–पिता अपने–अपने चरित्र में बखूबी सार्थक हुए है। इस कहानी से एक तरफ हमें स्त्री मन की वेदना का आभास होता है, तो दूसरी तरफ स्त्री के समर्पण का यथार्थ चित्र मिलता है।

कहानी–संग्रह 'चिन्हार' की **'आक्षेप'** कहानी में एक ऐसी निडर स्त्री का वर्णन किया है, जिसने पूरा जीवन किसी के विचारों की चिंता नहीं की। उसने सिर्फ और सिर्फ पूरे जीवन नेकी की और सबका बुरे वक्त में साथ दिया। चाहे इसके लिए समाज ने उसे चरित्रहीन का नाम ही क्यों ना दिया हो, परंतु इस स्त्री पात्र ने कभी अपना कर्तव्य नहीं छोड़ा।

यह कहानी भी ग्रामीण परिवेश की है। विशालनाथ को हमे"ाा से ही गांव से लगाव था और वह गांव में ही रहकर ग्रमीण लोगों के लिए खूब काम करना चाहता था। वह जिस जगह नौकरी में था, वहां से उसका तबादला गांव में कर दिया गया। यह ख़बर मिलते ही वि"ाालनाथ बहुत खुश हुआ, अब उसका गांव के लिए देखा गया सपना पूरा होगा। ग्रामीण लोगों की सेवा करने का जुनून सवार था, तभी वह बिना देर किए गांव रुकमपुर के लिए रवाना हो गया।

विशालनाथ के गांव में पहुंचते ही ग्राम–प्रधान मिल गए। उन्होंने ही विशालनाथ को पूरे गांव में घूमाया और सभी से परिचय कराया। इसी बीच ग्राम–प्रधान कई मेहमानखाने भी दि खाते गए थे और कहा था कि वह किसी के भी घर में रह सकते है। तभी विशालनाथ ने रहने के लिए रमिया के घर को चुना। ग्राम–प्रधान ने कहा इस घर में किसी भी तरह की तकलीफ नहीं होगी। खाने–पीने का ध्यान रमिया रखेगी, बस उससे कुछ बच कर रहने के लिए कहा गया क्योंकि गांव में रमिया का चरित्र अच्छा नहीं बताया जाता है।

जब पहली बार विशालनाथ ने रमिया को देखा, तो उसके रंग–रूप पर मुग्ध हो गया। वह सोचने लगा कि कैसे इसके सौम्य चरित्र पर सवाल कर सकता है। रमिया गांव में सबकी मदद करती थी, सबकी मदद करने के लिए वह समय नहीं देखती थी, दिन हो या रात हो लोगों के पास मदद करने के लिए पहुंच जाती थी। इसी वजह से उसके बारे में लोगों के विचार अच्छे नहीं थे। रमिया का स्वभाव सहज था, उसके मन में किसी के प्रति कोई मतभेद नहीं था। वह उनकी भी मदद करती थी जो लोग उसका बुरा चाहते थे या उसके साथ बुरा करते थे।

रमिया एक ऐसा स्त्री पात्र है जो समाज की परवाह नहीं करती है। वह सिर्फ वही करती जो उसके मन को भाता है। जब विशालनाथ (जो रमिया के घर में मेहमान है) रमिया के स्वभाव के कारण उससे सवाल पूछता या उसका घर छोड़कर जाने की बात कहता, तब हर बार रमिया वि"ाालनाथ के सवाल का सच–सच जबाव देती और उससे वादा करती है कि वह अब ऐसा नहीं करेगी। परंतु इस बात पर वह ज्यादा दिन तक कायम नहीं रह पाती, फिर से वह देर–सवेर, आधी रात में लोगों की सहायता के लिए निकल पड़ती है। इस बार उसने वि"ाालनाथ को यह कहा कि –

"बाबू, जानें चाहो तो बेसक चले जाओ। हम तौ आपकों बदनामी ही दै सकत। पर बाबू जी, जामें हमाऔ दोस नइयां। सब हमारी मां कौ दोस है। बई ने हमाये मन में परमारथ कूट–कूट कें भर दऔ बइ अपसरा–सी सुगड़ मां कौ रूप दै दऐ राम जी नें। का करें जे दो खोट जुर गए बाबूजी, नहिं तौ का ऐसौ होतौ ? अब नहिं जैहें काऊ के घरै, चायें कोई जौ चायें मरै।"

इस पूरे संवाद में रमिया ने स्वंय को परिभाषित किया है। स्त्री मन सदैव से ही कोमलता का प्रतीक मानी गई है। वह कभी किसी को कष्ट में नहीं देख सकती। इसी कोमलता का परिचय 'आक्षेप' कहानी की रमिया पात्र में मिलता है। रमिया अपने इस स्वभाव की वजह से ही अपने पति से दूर रहना स्वीकार करती है। जब वि"ाालनाथ ने एक बार रमिया से कहा–

''रमिया, तुम अपने पति के साथ चली क्यों नहीं जाती ? यहां सौ बवंडर खड़े करती रहती हो।'' तब रमिया कहती है –

''कैसी बातें करत हो बाबूजी, ससुर देहरी छोड़के चले जायें ? वे हमारे धरमपिता कित्त प्यार से ब्याह कें ले आये ते हमें। उनईं कौ घर बीरान कर जायें ?''

रमिया कभी भी समाज की परवाह कर उसके विचारों को मानने के लिए बाध्य नहीं हुई। उसने कभी हालात से समझौता नहीं किया। वह बदनाम होकर भी अपने आप से संतुष्ट थी। उसका चरित्र मन को भावुक करता है। स्वार्थी लोग रमिया के बलिदान, त्याग और सेवा से परिचित थे, परंतु उसे स्वीकारने से कतराते थे। नि''चल मन से रमिया ने सिर्फ अपना कर्त्तव्य निभाया।

गांव पहुंच कर जब पहली बार ग्राम–प्रधान से रमिया का परिचय मिला, तब वि''ालनाथ सोच में पड़ जाता है। ग्राम–प्रधान ने विशालनाथ को रमिया के बारे में बताते हुए कहा–

''बाबूजी, घबड़ावे की कौनऊ बात नइयां। वैसे तो सब तरह से भली है, पर निछुद्दर है ससुरी। अब सरम खोल के का कहें आपसे–इतै–उतै मुहं मारत फिरत है।''

परंतु जैसे–जैसे विशाल स्वंय रमिया को जानता गया, वैसे–वैसे विशाल के मन उसके प्रति स्नेह बढ़ता गया। एक बार जब विशाल अपने घर से लौट रहा था, तब देखा कि रमिया ने उसी ठाकुर के बेटे को कंधे पर बैठाये रखा है जिसे उसकी बदनामी के किस्से गढ़ने में महारथ हासिल था। रमिया सामने आते ही कहती है–

''बाबूजी, जे मुन्ना बिमार है– जाके इन्तान के परचा हैं। और जाके पिता बाहर गांव गए हैं। बिचारी मां हती अकेली... ..बौऊ बुखर में परी घबड़ाय रही। सो बाबूजी, हम जाय कंधा पै लएं चले आए। परचा छुट जातौ तौ साल बरबाद हुइ जातौ..... हम अबै आए लौटि कें।''

रमिया एक ऐसी पात्र है जिसने अपना जीवन सभी के लिए न्यौछावर किया है। वह कभी किसी के लिए मन में बैर भावना नहीं रखती थी। कहानी में ऐसा भी हो सकता था कि रमिया अपने पति के साथ गांव से दूर जाकर अपना जीवन व्यतीत करती और खुशी से रहती। तब उसे किसी प्रकार की बदनामी को नहीं झेलना पड़ता। परंतु उसने बदनामी को झेलते हुए, अपने पति से दूर रहकर अपने गांव वालों की सेवा की। ऐसे में समाज पर सवाल उठता है कि वह ईमानदार और सेवाभाव वाले मनुष्य पर क्यों इतने अटकलें लगाता है कि उस मनुष्य को सभी तुच्छ नजरों से देखते है। जबकी इसमें भी सभी का अपना स्वार्थ ही छिपा होता है। क्यों नि''चल और ईमानदार मनुष्य को बार–बार अपनी इंसानियत की सफाई देनी पड़ती है? जब वह मनुष्य स्त्री हो तो सफाई देना और भी जरूरी हो जाता है।

'अपेक्षा' कहानी में मैत्रेयी पुष्पा ने रमिया पात्र के माध्यम से ऐसी स्त्री की व्याख्या की है जो अपने गांव के लोगों की परे''ानियों को निस्वार्थ भाव से दूर करती है। जिस पात्र में इतनी शक्ति होती है कि वह सबकी परेशानी दूर करने पहुंच जाती है। आज के आधुनिकता की धारा में ऐसे मनुष्य की कल्पना करना भी संभव नहीं हैं। आज का मनुष्य 'मैं' वादी हो गया है, वह अपने सिवाय किसी और के बारे में नहीं सोचता हैं। सन् 1991 में प्रकाशित हुई 'चिन्हार' कहानी–संग्रह में रमिया के महान स्त्री पात्र को अंकित किया है। वह समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है, अगर प्रत्येक मनुष्य रमिया जैसे भाव रखे तो समाज में कोई भी मनुष्य दुखी नहीं होगा। 'अपेक्षा' कहानी में रमिया स्वंय पर हुए अत्याचार का जबाव भी अपनी भलाई से देती है। अत्याचार करने वाले के प्रति उसके मन में कोई मैल नहीं होता है। वह शांति और स्नेह से परिस्थिति को अनुकूल रखने की कोशिश करती है।

'आक्षेप' कहानी में रमिया के सभी संवाद में आंचलिक भाषा का प्रयोग किया गया है। गांव रुकमपुर की परिस्थिति का यथार्थ रूप द''र्शाया गया है। खेत–खलिहान में काम करते लोग, किसी अकेली स्त्री पर तरह–तरह के अटकलें लगाना, मेहमान को भगवान समझ पूजना, जमींदारी–प्रथा इत्यादि का विस्तार रूप से वर्णन किया गया हैं।

शीर्षक **'भंवर'** में स्त्री मन में चल रहे मंथन की कहानी है। हर बार स्वंय पर हुए शारीरिक और मानसिक चोट के बाद स्त्री के मन में स्वंय को मुक्त करने की चेतना जागृत होती तो है, परंतु अपनों के क्षणिक स्नेह पाकर वह अपने सारे जख्म भूल जाती है। 'भंवर' कहानी की बिरमा के साथ भी यही होता है, वह चाह कर भी अपनों के खिलाफ नहीं जा पाती है। उसके ससुराल वाले बहुत बुरा बर्ताव करते थे। बिरमा का पति उसे मार–मार कर अधमरा कर देता था। वह शराब पीकर हर बार ऐसा करता था। सास–ससुर सिर्फ देखकर ही रह जाते हैं, वह अपने बेटे केशव से कुछ नहीं कहते थे। इस बार जब केशव ने बिरमा को मारा तो बिरमा ने घर छोड़कर जाने का फैसला कर लिया। फैसला करते ही उसके मन में विचार उमड़ने लगा कि –

''लो देख लो, अपने पूत की करतूत। कोई जगह छोड़ी है देह पर–नील ही नील। इसीलिए ब्याहकर लाए थे हमें ? ढोल–तासे बजाकर मूछं ऊंची करके हाड़–गोड़ तुड़वाने ले आए ? इसीलिए जन्मा था बेटा ? इसी शुभ घड़ी को ? तुम दोनों टुकुर–टुकुर देखने के हो बस्स ! हाथ–पांव निबल करके ढीले छोड़ दिए और बैठ गए खटिया पर। ताकने लगे रोटी–भर को। या मेरी बेर को ही ओठ सींकर बैठ गए ।''

बिरमा के मन में कितनी ही उथल–पुथल हुई, उसे क्रोध भी आया, परंतु मन ही मन यह सब मंथन चला। यथार्थ रूप में बिरमा ने किसी से कुछ नहीं कहा। वह चुपचाप अपने भाई के साथ अपने मायके चली गई। हर हारी हुई स्थिति में वह स्वंय से लड़ती रही और उस स्थिति में भी स्वंय को सकारात्मक ढंग में समझाती रही है। जब बिरमा का पति उसे महिनों नहीं लेने आता तब वह स्वंय को ही समझाते हुए कहती है, वह केशव को बिना बताए ही मायके आ गई तभी उसके पति का गुस्सा नहीं उतरा होगा और इसी वजह से अभी तक कोई खोज–खबर लेने नहीं आया है।

बिरमा को पारिवारिक स्त्री के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वह सब जानती है, सब समझती भी है कि उसके ससुराल वाले उसकी परवाह नहीं करते हैं, फिर भी वह अपने मन में जोड़–घटा करके स्वंय को अपने परिवार वालों के पक्ष में ही रखती थी। बिरमा के महिनों मायके में रहने पर सभी पड़ोसी ताने देने लगे। इसी बीच एक दिन किसी से सुनने को भी मिला कि केशव ने दूसरी औरत को लाकर घर में रखा है, उससे एक बेटा भी है। यह जानकर बिरमा स्वंय को रोक नहीं पाई और सच जानने के लिए अपने भाई को साथ लेकर ससुराल गई।

बिरमा जिस सच को जानने आई थी वो सच सुमन के रूप में उसके सामने था। बिरमा को नौकरानी की तरह इस्तेमाल करने के लिए सुमन ने अपने कोख़ का जन्मा लाकर बिरमा के गोद में रख दिया और कहा आज से यह तुम्हारा है। यहीं पर लेखिका ने नायिका को ममतामयी रूप में लाकर समाज से लड़ने की शक्ति को कमज़ोर कर दिया।

कुछ समय बाद घर में बात–बात पर कलह होने लगा। एक रात के''ाव शराब पीकर आता है और कलह का जिम्मेदार बिरमा को बता कर उसे मार–मारकर घर से बाहर निकाल देता है। बेसुध बिरमा घर के बाहर चली जाती है और उसी वक्त उसका एक्सीडेंट हो जाता है। जिस व्यक्ति की गाड़ी से बिरमा का एक्सीडेंट हुआ, उसी ने बिरमा को अस्पताल में भर्ती कराया और मुआवजा देने की बात भी कही। उस स्थिति में भी बिरमा का पति उसका इस्तेमाल करने से नहीं चुकता है। केशव, बिरमा को दिए गए मुआवजें की रकम को हड़पने के लिए आ जाता है। तब भी बिरमा की नाराज़गी कुछ पल की ही दिखाई पड़ती है। बिरमा तब भी मन ही मन यही सोचती है कि सब कुछ उसके पति का ही तो है।

''पति का मुख देखकर बिरमा को गुस्सा तो आया, पर हौसला भी कम न बंधा था। सारे परेखे पानी पड़े नमक की तरह न जाने कहां बिला गए–न शिकवा, न शिकायत। मन के सूखे ठूठों के गिर्द हरी दूब–सी जम आई–कोमल.....।''

मुआवजे के लालच में केशव ने बिरमा की खूब सेवा की, जिससे बिरमा के मन से सारे शिकायत दूर हो जाए। परंतु जिस दिन एक्सीडेंट करने वाले से मुआवजे के पैसे मिल जाते हैं। उसी दिन से केशव बिरमा को दिखना बंद हो जाता है। सुबह से शाम, शाम से रात हो गई, परंतु के''ाव लौट कर नहीं आया।

'मैत्रेयी पुष्पा' बिरमा स्त्री पात्र के माध्यम से एक ऐसी स्त्री के चरित्र का वर्णन करती है, जो अपने परिवार और समाज के तमाम अत्याचार सहकर भी सबके प्रति सकारात्मक विचार रखती है। इन सब परिस्थितियों से लड़ने के लिए हमे''ाा बिरमा के मन में विचारमंथन होता था। परंतु अगले ही पल उसके मन में सबके प्रति सहानुभूति उत्पन्न हो जाती थी और फिर वह स्वंय को परिस्थिति के अनुकूल कर देती थी। यहां स्त्री के मन में संघर्ष के भाव तो उत्पन्न होते थे, वहीं अपनत्व का भाव भी था। अपनत्व का भाव बिरमा को अपनों के विरूद्ध कुछ भी करने से रोकता था। नायिका का विचलित मन उसमें चेतना का प्रवाह तो करता था परंतु अपनत्व का भाव अपनों से लड़ने नहीं देता था। यही वजह है कि उसे अपने घर वालों का, पति का अत्याचार सहना पड़ा। बिरमा का जीवन नर्क बन चुका था, उसे कोई देखने वाला नहीं, फिर भी उसे अपने पति से उम्मीद होती है कि वह जरूर आएगा और उसे अपने साथ ले जाएगा। कहानी की नायिका में अंत तक उम्मीद बनी रहती है। वह अपने जीवन का उत्थान अपने पति के सहयोग से ही उम्मीद करती है। बिरमा ने निस्वार्थ प्रेम और वि''वास का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

कहानी में बिरमा को दूसरे रूप में देखा जा सकता था कि बिरमा को जैसे ही पता चला कि उसका पति केशव उसकी जगह दूसरी औरत को घर ले आया है और उस औरत से उसे एक लड़का भी हुआ है। उसी वक्त बिरमा भाई के कहे अनुसार के''ाव और उसके परिवार के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज कराती, साथ ही अपने भविष्य के लिए केशव से प्रत्येक माह जीवनयापन के लिए राशि लेती। केस दर्ज होने के बाद बिरमा को इंसाफ मिलता और साथ ही आराम से जीवनयापन होता। बिरमा ने जीवन में प्रेम और अपनेपन की इच्छा की और इसी इच्छा ने उसके जीवन को अर्थहीन बना दिया। मैत्रेयी पुष्पा एक सहनशील और बलिदान स्त्री को प्रस्तुत करने में सफल हुई है। वही सहनशील और बलिदानी स्वभाव ने बिरमा के जीवन को नष्ट कर दिया।

'चिन्हार' कहानी ऐसी मां की व्यथा को बयां करती है जो मां बनने का सौभाग्य तो प्राप्त करती है परंतु मां के जीवन को जीने के लिए ललायित ही रह जाती है। इस कहानी में संतान के पैदा होते ही उसे अपनी मां से दूर कर दिया जाता है और वक्त इस तरह करवट लेता है कि एक मां को जीवन का लम्बा समय अपनी ही संतान की नौकरानी बन कर बिताना पड़ता है।

सरजू अपने गांव बुंदेलखंड की सुशील और मिलनसार महिला थी। वह हमेशा सजी–संवरी रहती और उसके पैरों में सदैव पायल की झनक–झनक आवाज़ गुंजती थी। पढ़ाई के सिलसिले में बाहर से आए विद्यार्थियों के लिए सरजू निस्वार्थ भाव और प्रेम से खाना बनाती थी। जिन भाई–बहनों के लिए सरजू खाना बनाती थी, वह सब सरजू के खाने की तारीफ किए बिना नहीं रहते थे।

''सरजू, भइया लोग कब नहीं खाते ? तुम पानी में नमक डालकर रख दोगी तब भी बारह रोटी में एक कम नहीं करेंगें।''

सरजू के मन कभी भी किसी भी प्रकार का स्वार्थ या लालच नहीं आया। जब उसे उसके काम के बदले पैसे देने की बात आती तब वह कहती है कि –

''रुपइया नहिं चइये जिया, प्रैम भाउ बनायें रखियो बस्स।'' यह संवाद उसके मन के भाव को व्यक्त करते है कि सरजू सिर्फ प्रेम भाव को ही सर्वोपरि मानती है।

भारतीय समाज में स्त्रियों को सदैव से बताया गया है कि उनका पति कैसा भी हो परंतु पति रूप में वह स्त्रियों का परमेश्वर होता है। यह धारणा अब भी अस्सी फीसदी गांव में देखा जाता है। सरजू भी अपने पति को परमेश्वर ही मानती है। सरजू जितनी प्रेममयी और निष्ठावाण थी, उसका पति चंद्र प्रकाश उतना धूर्त और लम्पट था। हमेशा गांव की लड़कियों को छेड़ने की वजह से थाने में बंद रहता था। एक दिन जहरीली शराब पीने की वजह से चंद्रप्रकाश की मौत हो गई।

जिसने सदैव अपने पति को परमेश्वर की तरह पूजा हो, वह अपने पति के बिना अपना सुधबुध ही खो बैठेगी। उसकी सारी वा. चलता गुम हो जाएगी। पति के जीवित रहने पर रिश्तेदारों के नाम पर कोई नहीं था। जैसे ही पति की मृत्यु की खबर सभी को मिली वैसे, ही घर में रिश्तेदारों का जमावड़ा लग गया। अंतिम संस्कार के बाद सब तो वापस चले गये।

सरजू उस वक्त गर्भवती थी और यह बात जब सरजू की ननद विद्या को पता चली, तब कई वर्षों से संतान विहिन विद्या अपना स्वार्थ साधने के लिए सरजू को अपने साथ शहर ले गई।

बच्चे के जन्म लेने के बाद जब मां को उसके बच्चे का चेहरा तक ना देखने दिया जाए, तब उस मां को कितनी पीड़ा होती है। इस पीड़ा को सरजू ने मौन रहकर सहा है। विद्या कभी मां नहीं बन सकती थी, तो उसने सरजू से मां बनने का हक छीन उसके बदले का मां रूपी जीवन जिया।

बेसहारा और गरीब स्त्रियों का समाज जब जैसा चाहे वैसा स्वार्थ साधता है। सरजू की बेटी का नाम कनक रखा गया। सरजू के मन में अपनी बेटी कनक के लिए ममता उमड़ती थी, कनक को दुलारने के लिए मन बैचेन होता था। परंतु हर बार बेटी के सामने होने पर भी अपने आंसू बहा कर स्वंय को तसल्ली देती थी।

समय इसी तरह आगे बढ़ता गया और एक दिन कनक की शादी की उम्र हो गई। कनक की शादी का दिन तय हो गया और विद्या ने सरजू को शादी वाले दिन अपने कमरे से ना निकलने की स ख्त हिदायत दी। कनक की शादी की व्यवस्था होटल में की गई थी। जब दहलीज़ पूजन का समय आया तब कनक ने होटल के दहलीज़ को पूजने से मना किया और कहा– वह अपने घर जाकर दहलीज़ पूजन करेगी। घर आते ही कनक सरजू के कमरे में गई और कहा–

''मां दहलीज़ पुजवाओ मां.....मां!'' यह कहती हुई कनक, सरजू से लिपट गयी। जितनी रो सकती थी रोयी, मां के कंधे पर सिर रखकर।

भारतीय पत्निव्रता धर्म निभाते हुए सरजू ने हर परिस्थिति को अपनाया, कभी किसी परिस्थिति का विरोध नहीं किया। पति के मौत के बाद अपनी बेटी छीन जाने पर भी अपनी ननद से कोई ि''ाकायत नहीं की। सबकुछ चुपचाप सहा, मन में उठने वाले हर सवाल को दबाये रखा। इन्हीं सवालों के जबाव एक–एक करके मिले, तो उसे बदलते परिस्थितियों पर वि''वास नहीं हुआ। वि''वास ना होने वाली स्थिति में उसने स्वयं को ही खो दिया।

मैत्रेयी पुष्पा का लेखन अस्तित्ववादी है जिसमें स्त्री स्वंय के अस्तित्व के लिए संपूर्ण समाज से लड़ती है क्योंकि उसे सबसे प्रिय अपना अस्तित्व है जिसे वह किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहती। ग्रामीण परिवेश थोथी परम्पराओं और रूढ़ियों में जकड़ा होता हैं। इन सबसे बाहर निकलना बहुत मुश्किल होता है। बाहर निकलने का एक मात्र साधन शिक्षा ही है, परंतु शिक्षा के अभाव के कारण यह समाज सदैव परंपराओं और रूढ़ियों में जकड़े रहना ही पसंद करता है।

1. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : अपना–अपना आकाश, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ. सं. 14
2. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : अपना–अपना आकाश, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ. सं. 16
3. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : बेटी, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ . सं. 82
4. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : बेटी, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ . सं. 85
5. वही, पृ. सं. 82
6. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : आक्षेप, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ. सं. 94
7. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : आक्षेप, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991 पृ. सं. 92
8. वही, पृ. सं. 92
9. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : आक्षेप, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ. सं. 88
10. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : आक्षेप, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ. सं. 95
11. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : भंवर, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ. सं. 116
12. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : भंवर, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ. सं. 126
13. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : चिन्हार, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ. सं. 161
14. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : चिन्हार, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ. सं. 161
15. पुष्पा मैत्रेयी, कहानी : चिन्हार, चिन्हार, दिल्ली, आर्य प्रकाशन मंडल, 1991, पृ. सं. 168

****

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : नारी स्वावलंबन

डॉ. शिखा रानी
सहायक आचार्य (हिन्दी विभाग)
श्री द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
दनकौर, गौतम बुद्ध नगर, उ0प्र0
ई मेल–drshikha.agar@gmail.com

शोध–सार :–

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पूर्व में गठित शिक्षा नीतियों को ध्यान में रखते हुए स्वयं में एक सम्पूर्ण दस्तावेज है। इस शिक्षा नीति में शिक्षा के विभिन्न आयामों एवं क्षेत्रों को गहन चिन्तन के साथ उनका आंकलन कर स्थान दिया गया है। स्त्री शिक्षा भी इन्ही आयामों में से एक है। स्त्री–शिक्षा समाज के परिवर्तनोन्मुख प्रतिमान का स्पष्ट प्रतिबिम्ब है। यह एक अच्छी मानसिकता विक. सित करने की दिशा में सफल प्रयास है। यद्यपि यह कार्य इतना सरल प्रतीत नही होता, फिर भी स्त्री शिक्षा को स्वावलम्बन के दायरे में लाने के भरसक प्रयास किये गये हैं। इसे चमत्कारिक चक्र की संज्ञा दी जा सकती है। आज ऐसा कोई क्षेत्र अछूता नही रह गया है जिसमें स्त्री ने अपनी पहचान न बनाई हो। यह पहचान उसे आत्मनिर्भर बनाने व स्वावलम्बन की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हुई है जो इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से ही अपने ल क्ष्य पर अग्रसर हो सकी है। प्रस्तुत आलेख में मैंने इसी राष्ट्रीय शि क्षा नीति 2020: नारी स्वावलंबन को परिलक्षित करने का प्रयास किया है।

बीज शब्द :–

स्वावलंबन, सफलता की कुंजी, जागरूकता, गाँधी–संदेश, मिशन–शक्ति, शिक्षा, परिवर्तनोन्मुख, आँकलन, परिश्रम, आधुनिकता।

आलेख :–

नारी स्वावलंबन है,
देश के विकास का आधार
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
लाई एक नया चमत्कार।
पुरुषों ने भी स्वीकार किया नारी–सत्कार
हर क्षेत्र में नारी ने पाये अब अपने अधिकार।

यह तो सत्य है कि स्वावलंबन सफलता की कुंजी है। स्वावलंबी व्यक्ति समाज में यश और धन दोनों अर्जित कर अपना वर्चस्व स्थापित करता है। इस कड़ी में अब नारी भी स्वावलंबी हो रही हैं। एक समय वह था जब नारी के कदम घर की दहलीज तक ही रुके रहते थे परन्तु वे अब साहस और संकल्प का उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। स्वावलंबन अर्थात् आत्मनिर्भरता एवं आत्मनिर्भर होने का तात्पर्य है कि अपने काम स्वयं करना, किसी भी वस्तु, आवश्यकता के लिए किसी पर निर्भर न होना। आत्मनिर्भर होने से आत्म विश्वास उत्पन्न होता है। इससे अपनी समस्याओं से लड़ने के लिए स्वयं अकेले खड़े रह सकते हैं। वैसे एक कहावत भी है– दुनिया में अकेले आये हैं और अकेले ही जाना है तो क्यों किसी पर निर्भर रहें। नारी स्वावलंबन का अर्थ केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता नहीं बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वतत्रंता है। एक महिला गृहिणी होते हुए भी स्वावलंबी होती है। स्वावलंबन का अर्थ मात्र नौकरी अथवा किसी व्यवसाय के माध्यम से धन अर्जित करना नहीं है। एक गृहिणी का भी परिवार और समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। इस योगदान का आर्थिक मूल्य भी बहुत अधिक होता है परन्तु इसके आर्थिक पक्ष को महत्व प्रदान नहीं किया जाता। नारी अब दूसरे के सहारे न रहकर अपने बलबूते कार्य कर रही हैं और यह एक ऐसा गुण है जो नारी को स्वावलंबी बनाकर उनको ऊँचाई के शिखर तक ले जा रहा है। जीवन का यह तथ्य व्यक्ति जीवन पर ही नहीं वरन् जातीय व राष्ट्रीय जीवन पर भी लागू होता है। यही कारण है कि स्वाधीनता संग्राम के दौरान गाँधी जी ने देशवासियों में राष्ट्रीय गौरव का भाव जाग्रत करने हेतु सभी को स्वावलंबन का संदेश दिया था। इस दिशा में गाँधी जी के चरखा आन्दोलन और दांड़ी यात्रा बड़े प्रभावी कदम सिद्ध हुए। स्वावलंबन के मार्ग पर चलकर न केवल पुरुष अपितु नारी जाति, समाज, राष्ट्र उत्कर्ष को प्राप्त कर रहे हैं। एक कवि ने कहा भी है–

'स्वावलंबन की एक झलक पर न्यौछावर कुबेर का कोश'

नारी स्वावलंबी बन दूसरों को भी प्रेरित कर रही हैं। महिलाओं को विकास की धारा में पूरी तरह शामिल किए बिना तरक्की की बात करना बेमानी है। ''महिलाएँ भी इस देश की आधी शक्ति हैं और पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने से देश

की पूरी शक्ति बन सकती हैं।''[1] भारतीय महिलाएँ देश के समेकित विकास में महती भूमिका निभा रही हैं। जब तक विकास में महिलाओं की भूमिका नहीं होगी विकास की परिकल्पना पूरी नहीं हो सकती।

आज की नारी में छटपटाहट है, आगे बढ़ने की, जीवन और समाज के हर क्षेत्र में कुछ चमत्कार कर दिखाने की, अपने अविराम अथक परिश्रम से नया सवेरा लाने की तथा ऐसी सशक्त इबारत लिखने की जिसमें महिला अबला न रहकर सबला बन जाए। अब यह अवधारणा मूर्त रूप ले रही है। महिलाओं को अपनी बात कहने में बहुत वर्षों का समय लगा पर गाँव–गाँव में अब बदलाव की बयार बहने लगी है। पंचायत चुनाव ने दिखा दिया कि अनुभवहीन होने के बावजूद महिलाओं ने इस चुनौती को स्वीकार किया है। बिहार में भी महिलाओं ने बता दिया कि अगर उन्हें अधिकार मिलेगा तो वे सत्ता भी सँभाल लेंगी। आज स्थिति यह है कि कानून और संविधान में प्रदत्त अधिकारों का संबल लेकर महिलायें अधिकारिता के लम्बे सफर में मील–पत्थर पार कर चुकी हैं, लेकिन अभी भी उनके लिए कई और मंजिलों को छूना बाकी है। नारी के बिना किसी समाज की रचना सम्भव नहीं है, कहा भी गया है कि –

''यत्र मार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।''[2]

अर्थात् जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। समाज में नारी एक उत्पादक की भूमिका निभाती है। नारी के बिना एक नये जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। नारी सृष्टि के प्रारम्भ से आज तक गुणों का भंडार है। इसमें पृथ्वी जैसी क्षमा, सूर्य जैसा तेज, समुद्र जैसी गम्भीरता, चन्द्रमा जैसी शीतलता, पर्वत जैसी मानसिक उच्चता एक साथ दृष्टिगोचर होती है। आज नारी समाज व राष्ट्र के मस्तिष्क को ऊँचा कर अपनी राष्ट्र पताका चारों दिशाओं में फहरा रही है। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने कहा था–

''समाज के आधुनिक निर्माण में नारियों का वही स्थान है जो शरीर में रीढ़ की हड्डी का''

नारी स्वावलंबन, भौतिक या आध्यात्मिक, शारीरिक या मानसिक, सभी स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास उत्पन्न कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। महिलाओं के आत्मनिर्भर होने में शिक्षा की अहम् भूमिका है। शिक्षा सम्पूर्ण अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करके विकास और उन्नति के मार्ग खोलती है। यह महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रथम एवं मूलभूत साधन है, क्योंकि महिलाओं के शिक्षित होने पर उनमें जागरूकता, चेतना आएगी, अधिकारों की सजकता होगी, रूढ़ियों, कुरीतियों, कुप्रथाओं का अंधेरा छटेगा और वैचारिक क्रान्ति से प्रकाश पुंज फूट निकलेगा। शिक्षित होकर महिलाएँ न केवल स्वयं आत्मनिर्भर एवं लाभान्वित होती हैं अपितु भावी पीढ़ियाँ भी लाभान्वित होंगी। गाँधी जी ने भी कहा था कि– ''एक व्यक्ति को पढ़ाओगे तो एक व्यक्ति शिक्षित होगा, एक स्त्री को पढ़ाओगे तो पूरा परिवार शिक्षित होगा।''[3]

गाँधी जी के अनुसार शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो लड़के–लड़कियों को स्वयं के प्रति अधिक उत्तरदायी बना सके और एक–दूसरे के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न कर सके। महिला साक्षरता से शिशु मृत्यु दर में भी गिरावट आयी है और जनसंख्या नियंत्रण को भी बढ़ावा मिला है। पं0 जवाहर लाल नेहरू द्वारा कहा गया प्रसिद्ध वाक्य– ''लोगो को जगाने के लिए, महिलाओं का जागृत होना जरूरी है। एक बार जब वो अपना कदम उठा लेती है परिवार आगे बढ़ता है, गाँव आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है।''[4]

देश ने बीते वर्ष में कोविड–19 महामारी और चमोली जल–प्रलय के रूप में दो बेहद विषम परिस्थितियाँ देखी हैं ऐसे हालात में पीड़ितों को सँभालने और उबारने में वैज्ञा. निकों–चिकित्सकों, अधिकारियों ने जो अहम भूमिका निभाई उनमें सबसे अधिक सहभागिता महिलाओं की थी। वह हम सबके लिए मंगल गान लेकर आईं।

एक समय वह था जो विश्व बैंक समूह की 2018 की रिपोर्ट बताती है कि कार्यबल में लैंगिक असमानता के कारण वि''व अर्थव्यवस्था को करीब 160 खरब डॉलर की क्षति उठानी पड़ी थी। कार्यबल में महिलाओं की अस्वीकार्यता कई वर्षों से थी। यही कारण है कि 18वीं सदी तक महिलाएँ सिर्फ वस्त्र उद्योग से जुड़े व्यवसायों में ही संलग्न हो पायी जहाँ उन्हें कम वेतन और भयाभय परिस्थितियों में काम करना पड़ता था। स्थिति तब बदली जब प्रथम विश्व युद्ध में सभी स्वस्थ पुरुष सेना में भर्ती हो गये तब **परिवहन, अस्पताल, यहाँ तक की हथियार फैक्ट्रियों** में भी महिलाओं को शामिल किया गया। उस विश्व युद्ध में 60 हजार रूसी महिलाएँ बटालियन ऑफ डैथ का हिस्सा रही थीं फिर भी वह पुरुषवादी सोच खत्म नहीं हुई कि महिलाओं में मार्क क्षमता का अभाव होता है। 1918 में प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति का समय पास आते देख

सोची–समझी नीति के तहत ''द रेस्टोरेशन ऑफ प्री वार प्रैक्टिस एक्ट–1919'' की बहाली कर महिलाओं पर दबाब बनाया गया कि वह अपनी नौकरियाँ स्वतः ही छोड़ दें, ताकि युद्ध से लौटे सैनिक पुनः अपना कार्य ग्रहण कर सकें। वर्ष 1944 में यू0एस0 वुमेन ब्यूरो के एक सर्वेक्षण में 84 प्रतिशत महिलाओं ने युद्ध के समय शुरू किये गए कार्य जारी रखने की इच्छा जतायी थी परन्तु सामाजिक दबाब के आगे उन्हें झुकना पड़ा और 30–40 लाख महिलाओं को अपना रोजगार छोड़ना पड़ा। अमेरिकी लेखिका बेट्टी फ्रीडम ने अपनी पुस्तक ''फेमिनिन मिस्टिक'' में लिखा है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद महिलाओं को विश्वास दिलाने की कोशिश की जाती रही कि घर की चार दीवारी में ही उनके जीवन का सारा सुख है।

वर्ष 2018 में नदी फाउण्डेशन के एक अध्ययन में कहा गया कि भारत की आठ करोड़ किशोरियाँ कैरियर को लेकर ढेर सारी उम्मीदें रखती हैं पर, उनकी उम्मीदें पूरी हो पायेगी यह कहना मुश्किल है। यह विद्रूप नहीं हो और क्या है कि विपदाओं और महामारियों के समय महिलाओं केा श्रम बल से जोड़ने की तमाम कोशिशें की जाती हैं, पर स्थिति सामान्य होते ही उन्हें पीछे धकेलने के प्रयास किये जाते हैं। इस स्थिति को बदलने का बीड़ा महिलाओं ने उठाया। वे समझ गई कि जब तक वे स्वयं अपने सामाजिक स्तर पर आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं करेंगी तब तक समाज में उनका स्थान गौण ही रहेगा।

नारी स्वावलंबन में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा ही महिलाओं में स्वतंत्र चिंतन की योग्यता विकसित करती है। बदलते परिवेश में अब लोग भी मानने लगे हैं कि महिलायें अगर स्वावलंबन होंगी तो समाज में बदलाव की बयार और तेजी से चलेगी इसलिए लड़कियों और महिलाओं को अधिक से अधिक शिक्षित किया जाना चाहिए ताकि विकास में उनका योगदान अधिक से अधिक हो सके और ऐसा ही हो रहा है।

जुलाई 2020 में केन्द्रीय सरकार द्वारा एक नई शिक्षा नीति की घोषणा की गई थी। यह नीति अन्तरिक्ष वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है। यह शिक्षा नीति स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति है। इससे पहले 1968 तथा 1986 तक शिक्षा नीतियाँ लागू की गई थीं। 34 वर्षों से हमारी शिक्षा नीति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था। वास्तव में इसमें बदलाव की आवश्यकता थी। बदलते वैश्विक परिवेश में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं की पूर्ति करने तथा वैश्विक स्तर पर भारतीय शिक्षा व्यवस्था की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए परिवर्तन आवश्यक था। ऐसे में नई शिक्षा नीति 2020 बहुत महत्व रखती है। एक सभ्य समाज का निर्माण उस देश के शिक्षित नागरिकों द्वारा होता है और महिलायें इस कड़ी का अहम हिस्सा हैं, वैसे शिक्षा सभी के लिए स्त्री हो या पुरुष समान रूप से महत्वपूर्ण है। एक अच्छा नागरिक होने के नाते शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक स्त्री का मूल अधिकार है जो देश की प्रगति उन्नति एवं विकास के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वह है जो नारी शिक्षा को बढ़ावा देती है उन्हें स्वावलंबी बनाती है तथा उन समस्याओं और बाधाओं को दूर करती है जो इनके मार्ग में बाधक है। नई राष्ट्र शिक्षा नीति 2020 में बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा में भागेदारी बढ़ाने के लिए कुछ प्रावधान किये गये हैं। जिसमें जेन्डर समावेशी कोश की स्थापना एक नया और क्रांतिकारी कदम है। इसमें कोई संदेह नहीं कि राष्ट्र शिक्षा नीति 2020 ने पूरी ईमानदारी से उन समस्याओं और बाधाओं को पहचाना है जो बालिकाओं, महिलाओं की शिक्षा के रास्ते में आती हैं। यह सकारात्मक संकेत हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा के नीतिगत प्रावधान महिलाओं की शिक्षा में भागेदारी को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा नीति की प्रस्तावना में ही भारत की विदुषी नारियों गार्गी और मैत्रेयी का उल्लेख प्राचीन काल में शिक्षा के क्षेत्र में नारियों की सशक्त उपस्थिति को तो दर्शाता ही है साथ ही भविष्य में उनकी बढ़ती हुई सहभागिता की ओर सुखद संकेत देता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह अनुभव किया गया है कि सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े हुए यह जो भी समूह हैं उन सभी में आधी संख्या महिलाओं की है इसलिए एस.ई.डी.जी. वर्ग के लिए जो भी योजनाएँ और नीतियाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित की गई हैं उनमें विशेष रूप से इन समूह की महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। बालिकाओं, महिलाओं की शिक्षा के रास्ते में आने वाली बाधाओं और समस्याओं पर नई शिक्षा नीति में विचार किया गया है तथा उनको दूर करने के लिए अनेक उपाय भी किये गये हैं।

आज महिलाएँ घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर रूढ़िवादी प्रवृत्तियों को पार कर विभिन्न व्यवसायों एवं सेवाओं में कार्यरत हैं, जिनसे आर्थिक स्वावलंबन भी आ रहा है। वे केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ ही नहीं हुई, अपितु समाज एवं परिवार

की सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देने प्रारम्भ हो गए हैं। महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में स्वयं के बल पर आगे बढ़ रही हैं और ये संकेत मिलना आरम्भ हो गया है कि चाहे सामाजिक क्षेत्र हो, शिक्षा हो, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा या अन्य शिक्षा हो, सभी जगह महिलाओं ने अपना परचम लहराया है। चाहे संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा हो या राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा या अन्य प्रतियोगी परीक्षाएँ हों, महिलाएँ कहीं भी पीछे नहीं हैं। बैंकिंग, आई0टी0, मेडिकल, शिक्षा, इंजीनियरिंग, बिजनेस और उद्यमिता हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। देश भर में 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में हर साल लड़कियाँ ही लड़कों से बाजी मारती रही हैं। खेलों, फिल्मों, सौन्दर्य प्रतियोगिताओं, पत्रकारिता, लेखन आदि में भी महिलाओं ने अपने आपको स्थापित किया है। डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, प्रोफेसर, जज, प्रशासनिक अधिकारी जैसे पदों पर महिलाएँ आ रही हैं। राजनीति में तो वार्ड पंच, सरपंच, प्रधान, प्रमुख, विधानसभा सदस्य, लोकसभा सदस्य, राज्य सभा सदस्य, मंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति जैसे पदों पर अपना दमखम दिखाने में पीछे नहीं हैं।

आज के युग में महाकवि निराला, जिन्होंने लिखा 'तोड़ो तोड़ो कारा तोड़ो', कैफी आजमी जिन्होंने कहा 'तुमको मेरे साथ ही चलना होगा' आदि लिख कर महिलाओं का आह्वाहन किया कि वो मुख्य धारा में आएँ, अपने बंधनों से मुक्त हों और पुरुषों के साथ कंधे से कन्धा मिला कर चलें। महिलाओं को भी ये समझना चाहिए कि अधिकार माँगने से नहीं मिलते, अपितु उनके लिए संघर्ष करना ही पड़ता है, कोई भी आपको थाली में सजा कर उपहार स्वरूप आपके अधिकार नहीं देता।

देश के संविधान में महिलाओं को सदियों पुरानी दासता एवं गुलामी की जंजीरों से मुक्ति दिलाने के प्रावधान किए गए हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद– 14, 15, 16, 19, 21, 23, 24, 37, 39(बी), 44 तथा अनुच्छेद–325 स्त्रियों को पुरुषों के समान अधिकारों की पुष्टि करते हैं।

आज सभी क्षेत्रों में महिलाओं का पदार्पण हो चुका है। नारी घर हो या बाहर दोनों जगह ही अपनी जिम्मेदारी निभाती है। नारी स्वावलंबी होकर अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं। आगे बढ़ रही हैं और अपने घर, समाज, राजनीति सबको आगे बढ़ा रही हैं। वे अब रेडियोलॉजी से लेकर हर विशेषज्ञों में पुरुषों से बेहतर काम कर रही हैं। हेल्थकेयर में आज महिलाओं की भूमिका बहुत अधिक बढ़ गई है। आजादी के बाद जहाँ इक्की–दुक्की महिलायें ही डॉक्टर बनती थी; वहीं आज शहरों से लेकर कस्बों तक लेडी डॉक्टर, पुरुष डॉक्टरों से अच्छा कार्य कर रही हैं। डेंटिस्ट्री में भी महिला डॉक्टर देखी जा सकती हैं। साहस स्वाभिमान और स्वावलंबन की यह मिशाल देश के सबसे स्वच्छ शहर की महिलाओं ने भी प्रस्तुत की है। इनके निर्णय पर उनके अपनों ने ही पहले विरोध किया। आज ये महिलायें वाहनों की मरम्मत और सर्विसिंग कर अपनी गृहस्थी को चला रही है। इंदौर के तीन सर्विसिंग सेन्टर में 16 महिला मैकेनिक कार्य कर रही हैं। कोई दुर्गा है, तो कोई सरोज लेकिन सोच एक ही है। स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता की ये प्रतिमूर्तियाँ हैं। वर्तमान में महिलाओं को सम्मान देने हेतु प्रत्येक वर्ष 08 मार्च को महिला दिवस का आयोजन किया जाता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ट्वीट में कहा था कि– ''महिलाएँ भारत के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अहम् भूमिका निभा रहीं हैं। उन्होंने कहा महिला दिवस पर महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना हमारी सरकार के लिए सम्मान की बात है।''

उ0प्र0 प्रदेशके वर्तमान मुख्यमंत्री श्री आदित्य नाथ योगी जी ने नारी स्वावलंबन के लिए शिक्षा को सबसे मजबूत आधार बताया। उन्होंने कहा कि ''महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वाव. लम्बन के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का सकारात्मक परिणाम तभी सामने आयेगा जब इसमें जन सहभागिता बढ़ेगी। सरकार और समाज जब मिलकर कार्य करेंगे तो महिलाओं की समस्याओं का समाधान स्वतः हो जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेशसरकार ने महिलाओं के लिए बहुत से कार्य किये हैं **मिशन शक्ति** भी उन कोशिशों का हिस्सा है।'' पहले सिर्फ औपचारिकता के लिए ही महिला दिवस मनाये जाते थे, लेकिन समयबद्ध वह सकारात्मक सोच के साथ कई योजनाओं को शुरू किया है।

महिला दिवस पर वेंकैया नायडू ने कहा कि ''अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के लिए सामाजिक उत्थान, आर्थिक विकास, राजनीतिक योगदान को बढ़ाने और तरक्की करती महिलाओं के सम्मान और उपलब्धियों का जश्न मानने का दिन है।''

हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री 'श्री मनोहर लाल जी' का कहना है कि ''महिलाओं के योगदान के बिना एक समृद्ध समाज की

कल्पना नहीं की जा सकती है। परिवार, समाज और देश के हित में महिलाओं द्वारा दिए गये बलिदान से हम सब परिचित हैं। आओं हम सब महिलाओं को सुरक्षित और स्वावलंबन बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें।''

वर्तमान में महिलाओं की एक नई छवि उभर कर सामने आ रही है। पुरानी जंजीरों को तोड़कर वह अपनी एक नई पहचान बनाने में संलग्न हैं। आज नारी अबला नहीं रही है, वह पुरुष से दुर्बल नहीं है, बल्कि अपेक्षाकृत सक्षम और सबल है। इस संदर्भ में **राष्ट्रनिर्माता स्वामी विवेकानन्द** ने वर्षों पहले कहा था– ''किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है वहाँ की महिलाओं की स्थिति।'' धुंधले अतीत को स्वर्णिम भविष्य में परिवर्तित करने के लिए आज की नारी कृत–संकल्प है और वह हिन्दी के महाकवि ''श्री जयशंकर प्रसाद जी'' के स्वरों से स्वर मिलाकर कह उठी है–

''इस पथ का उद्देश्य नहीं है, शांत भवन में टिक रहना,
किन्तु पहुँचना उस पथ तक जिसके आगे राह नहीं।''

निष्कर्ष :–

निष्कर्ष रूप से हम कह सकते हैं कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके बल पर स्वावलंबी बन नारियाँ अपनी तकदीर बदल सकती हैं। जब वह पढ़ेगी तो कानून के साथ–साथ अपने अधिकारों को भी समझेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : द्वारा नारी स्वावलम्बन में सामाजिक स्तर पर एक बड़ा परिवर्तन हो रहा है। समाज की सोच में भी बदलाव हो रहा है। इसमें दोराय नहीं कि महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति की है। उन्होंने शहरों से लेकर गाँव तक, उद्योग, पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, तकनीकी तथा मीड़िया, बैंकिंग, फैंशन, राजनीतिक, अर्थव्यवस्था, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में नए मुकाम हासिल किए हैं। वे प्रत्येक अवरोधों को चीरते हुए जो नया अध्याय लिख रही हैं वह बेमिसाल है। जीवन के रंगमंच पर आज जब विश्व नये–नये अभिनय कर रहा है। चन्द्रादि लोको की यात्रा भी एक सत्य बन चुकी है। अजेय प्रकृति के विजेता मानव ने भूतल की काया पलट कर दी है और जब स्वतंत्रता, समानता और सहअस्तित्व के आधार पर एक नये विश्व की रचना में प्रयत्न ठोस रूप ले रहें हैं। ऐसी स्वर्णिम पृष्ठभूमि में आज की महिलाएँ अपना पथ प्रशस्त कर रही हैं। उनका पथ कंकीर्ण अवश्य है किन्तु अविचल उत्साह, अदम्य साहस व अटूट आत्म विश्वास का सम्बल उनके पास है। उन्हें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। महिलाओं ने अपने संघर्षों और दावेदारी से जो नई लकीर खींची है वह यह सिद्ध कर रही है कि उनमें राजनीति सत्ता को भली प्रकार से चलाने की कितनी क्षमता है। उनकी यह बढ़ी हुई शक्ति इस बात का संकेत दे रही है कि उच्च स्तर पर की उनकी पहल को रोकना असम्भव होगा।

इस प्रकार भारत के जन–जीवन के सभी क्षेत्रों में नारी स्वावलंबन की तूती बोल रही है, पर यह तो शुरुआत है। बुलंदी के ऐसे क्षेत्र में पहुँची महिलाएँ, जो कभी सिर्फ पुरुषों के लिए ही आरक्षित माने जाते थे। फौज, राजनीति, पुलिस, खेल, पायलट, मैकेनिक कार्य उद्यमी सभी क्षेत्रों में महिलाएँ छा गई हैं। पुरानी मान्यताएँ टूट रही हैं और समाज में खासकर पुरुषों ने स्वयं आगे बढ़कर महिलाओं की भूमिका को स्वीकारा है। महिलाएँ आगे भी और बुलन्दियों के शिखर को छूएँगी। महिलायें चाहे किसी भी जाति या सम्प्रदाय की हो, वह अपने आप एक वर्ग हैं। सभी महिलाओं की समस्याएँ और भावनाएँ समान हैं। जिस तरह संविधान में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए संसद और विधान सभाओं में आरक्षण हैं अगर महिलाओं के लिए भी आरक्षण होगा तो इन वर्गों की सीटें उसमें भी रहेंगी। महिला आरक्षण विधेयक जो राज्य सभा की चारदीवारी को पार कर पाया, उसके पीछे लम्बे समय से महिला संगठनों, कार्यकर्ताओं और देशवासियों का संघर्ष था। यह महिला आन्दोलन की जीत है। अब यह आगे भी नई तकदीर बनायेंगी। अंततः अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020ः नारी स्वावलंबन को पीछे नहीं खींचा जा सकता।

–: संदर्भ सूची :–

1.भारतीय संविधान व नियमावली

2.मनुस्मृति अध्याय–3

3.गाँधी जी–गाँधी विचार, वर्ष 4, अंक–1

4.पंडित जवाहर लाल नेहरू

5.जयशंकर प्रसाद

6.कॉनिटकर मुकुल ''भारत में महिला शिक्षा, समाज व सरकार की भूमिका; योजना सितम्बर 2016

7.http://india.gov.in

8.http://delhi.gov.in

9.http://wed.nic.in

****

कहानीकार यशपाल का नारीवादी दृष्टिकोण

डॉ. आशा कुमारी
सहायक आचार्या, हिंदी विभाग
आई.ई.सी. विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश,
मोबाइल : 9805193104
aashu.bhandari04@gmail.com

शोध सार :

हिंदी कथाकारों की श्रेणी में यशपाल का नाम अग्रणी है | उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से न केवल नारी जीवन की समस्याओं को उद्घाटित किया है बल्कि उन समस्याओं को दूर करने पर भी बल दिया है | यशपाल का नारीवादी दृष्टिकोण उनकी अनेक कहानियों में देखने को मिलता है | यशपाल ने समाज में फैली विसंगतियों को दूर करने के लिए एक स्वस्थ दृष्टिकोण की गुहार लगाई है | यशपाल की कहानियों में नारी के प्रति पुरुष की वर्चस्ववादी मानसिकता, समाज द्वारा निर्धारित निश्चित प्रतिमान एवं आदर्श आदि नियमों पर प्रहार किया गया है | नारी को सैंकड़ों वर्षों से अपने जीवन के फैसले लेने तथा मुक्त जीवन जीने के अधिकार से वंचित रहने के लिए विवश किया जाता रहा है | शताब्दियों से नारी आत्मसंघर्ष करती रही है | यशपाल की विचारधारा इसके विपरीत है | वह नारी के अधिकारों, स्वतंत्रता तथा समानता की मांग करते हैं | जब जब भी नारी ने अपने अधिकारों की मांग की है तब-तब उसे अपने ही परिवार की बेरुखी को सहन करना पड़ा | इन परिस्थितियों में बदलाव के साथ ही आज नारी शिक्षित तथा आत्मनिर्भर हो कर अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक हुई है तथा अपनी राह बनाने में सक्षम भी है |

कूट संकेत : नारीवाद, प्रतिमान, संघर्ष, अधिकार, आत्मनिर्भर, यौन शोषण, पितृसत्ता, सामाजिक असुरक्षा, विषमता, विसंगतियां, कुरीतियाँ, अभाव, कुंठा |

प्रस्तावना :

वृंदा कारात के अनुसार "नारीवाद एक विचारधारा है, जिसके आधार पर महिलाओं की मुक्ति के प्रयास किये जाते हैं |" यशपाल की कहानियां इसका एक सशक्त उदाहरण है | उन्होंने नारी मुक्ति विषय पर कई कहानियां लिखी हैं | यशपाल के संबंध में आचार्य नरेन्द्र देव का कथन है – "समाज को जगाने के लिए यशपाल लिखते हैं और समाज को जगते न देख कर बड़े निर्ममता से वे उसके शरीर में कलम की नोक चुभा देते हैं |" यशपाल समाज की सुप्त मानसिकता को झकझोरने का प्रयास करते दिखाई पड़ते है | वास्तव में नारीवादी दृष्टिकोण वह विचारधारा है जिसके केंद्र में स्त्रियों की समस्याएं हैं जो पितृसतात्मक सत्ता की दोयम दर्जे की मानसिकता, यौन शोषण तथा सामाजिक कुंठाओं का शिकार रही है | सिमोन दा बउआ का कथन है – "औरत पैदा नहीं होती, बनायी जाती है |" अर्थात् स्त्री को घर एवं कुल की इज्जत मान कर एक कठपुतली के समान रहने के संस्कार दिए जाते हैं और खोखली मान्यताओं एवं मर्यादाओं की पट्टी पढाई जाती है | यहाँ प्रश्न उठता है कि क्या पुरुष घर की मर्यादा नहीं ? जबकि वंश को बढ़ाने वाला तो पुरुष ही माना जाता है | क्या पुरुष अकेले ही वंश को बढ़ाने में सक्षम है ? स्त्रियों के प्रति समाज की यह दकियानूसी सोच एवं रवैया चिंतनीय विषय है | आज स्त्री अन्तरिक्ष तक पहुँचने में सफल हुई है, लेकिन फिर भी उसे अपने सपनों को सजाने तथा उन्हें पूरा करने के लिए कहीं न कहीं अपने परिवार पर निर्भर रहना पड़ता है | लोक समाज के डर से आज भी स्त्री पूरी तरह से मुक्त नही हो पायी है |

"प्रेमचन्द के अनुसार नारी पुरुष से श्रेष्ठ है क्योंकि वह अहिंसा और शांति की प्रतिमूर्ति है | लेकिन यशपाल की दृष्टि में नारी पुरुष से श्रेष्ठ या पुरुष से घटकर नहीं, वह पुरुष का समभागी है | उनके मत में समाज में नारी को पुरुष के समान अधिकार देने की आवश्यकता है | उनकी दृढ़ धारणा है कि जब तक भारतीय नारी शिक्षित होकर आर्थिक दृष्टि से स्वावलंबी नहीं बनेगी तब तक वह अभिशप्त जीवन बिताने को बाध्य होगी |" यशपाल नारी की आर्थिक स्वाधीनता के पक्ष में हैं | नारी को आत्मनिर्भर तथा शिक्षित बनाना उनकी कहानियों के केंद्र में है | इसके अतिरिक्त भी उन्होंने कई राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक समस्याओं को रेखांकित किया है | यशपाल ने स्त्री सरोकारों से सम्बद्ध विभिन्न मुद्दों को अपनी कहानियों के माध्यम से अभिव्यक्त किया है | कहानियों में पितृसतात्मक वर्चस्व की परतों को उधेड़ने

का प्रयास किया है, जिसमें स्त्रियों की छटपटाहट, सामाजिक असुरक्षा, विषमता, विसंगतियां, कुरीतियाँ, अभाव, कुंठा आदि बन्धनों से मुक्ति की ओर ध्यान आकर्षित किया है | यशपाल नारी मुक्ति का आह्वान करते हैं और उनकी कहानियों की नारी पात्र पुरुष पात्र की अपेक्षा अधिक सशक्त एवं सबल दिखाई पड़ती है | "नई कहानी के दौर में स्त्री के देह और मन के कृत्रिम विभाजन के विरुद्ध एक सम्पूर्ण स्त्री की जिस छवि पर जोर दिया गया उसकी वास्तविक शुरुआत यशपाल से ही होती है | आज की कहानी के सोच की जो दिशा है उसमें यशपाल की कितनी ही कहानियां बतौर खाद इस्तेमाल हुई हैं | वर्तमान और आगत फ़सल की सम्भावनाओं की दृष्टि से उनकी सार्थकता असंदिग्ध है |" यशपाल की कहानियों में समाज की रुढ़िवादी परम्परागत मान्यताओं पर प्रहार किया गया है |

यशपाल की 'करवा का व्रत' एक ऐसी कहानी है जिसमें कहानी की नायिका लाजवंती को अपने शौक पूरे करने के लिए कभी अपने पिता और भाई पर तो कभी अपने पति पर निर्भर रहना पड़ता है | लेकिन होता यह है कि कोई भी उसके शौक पूरे नहीं करता | कहानी में पुरुष की मानसिकता पहले से ही ऐसी बनी हुई है कि स्त्री घर की चारदीवारी के लिए ही बनी हुई है | जब स्त्री अपनी जुबान खोले तो उसे मार पीटकर शांत करवा दिया जाये, लेकिन नायिका की नम्रता देखिए वह फिर भी अनचाहे मन से ही सही मगर पुरुष की हर इच्छा को पूरा करती है | नारी इतनी धैर्यवान एवं कर्तव्यपरायण है जिसका पुरुष अंदाजा भी नहीं लगा सकता | कहानी की कुछ पंक्तियाँ इस बात को व्यक्त करती है - "मार से लाजो को शारीरिक पीड़ा तो होती ही थी, पर उससे अधिक होती थी अपमान की पीड़ा | ऐसा होने पर वह कई दिन के लिए उदास हो जाती | घर का सब काम करती रहती | बुलाने पर उतर भी दे देती | इच्छा न होने पर भी कन्हैया की इच्छा का विरोध न करती, पर मन-ही-मन सोचती रहती, इससे तो अच्छा है मर जाऊं |" लाजो कई समय तक बिना किसी अपराध के उपेक्षा, अन्याय और निरादर सहने को विवश रहती है | यशपाल ने कहानी में करवाचौथ के व्रत का उदहारण देकर पति की लापरवाही पर व्यंग्य किया है | पति उसकी चुप्पी को उसकी कमजोरी समझता है | पति के निर्दयी व्यवहार के बावजूद भी लाजो उसकी लम्बी उम्र की कामना करती है | कहानी का अंत सुखद है | 'करवा का व्रत' आदर्शोन्मुख कहानी की श्रेणी में आती है, जिसमें नायिका अपने व्यवहार से पति की सोच तथा हृदय को परिवर्तित करने में सफल रहती है |

'तर्क का तूफान' कहानी संग्रह की निर्वासिता, तर्क का तूफान, मेरी जीत, डायन, सोमा का साहस, होली नहीं खेलता, जादू के चावल, औरत आदि कहानियों में अनमेल विवाह, प्रेम, काम वासना और नारी स्वाधीनता जैसी समस्याओं को उद्घाटित किया गया है | 'डायन' कहानी में यशपाल ने समाज में प्रचलित रुढ़िवादी परम्पराओं का शिकार बनी नारी का चित्रण किया है | कहानी की नायिका सुर्जू घर के नौकर पुदना के साथ भाग कर विवाह कर लेती है | इस कहानी में शहर और गाँव के परिवेश तथा शहर के प्रति गाँव के लोगों की मानसिकता का चित्रण किया गया है | सुर्जू शहर में रहने वाली है और पुदना पहाड़ के गाँव का | एक बार वह घर से शहर चला जाता है | जब लौटकर आता है तो शहर की औरत को ब्याह के लाता है | इस कहानी में परम्परागत रूढियों तथा अंधविश्वास में बंधे लोगों का चित्रण है | "धरती और औरत क्या कभी किसी एक भाई की हुई है ? माँ होकर मैं यह कैसे देख सकती हूँ ! मेरे घर क्या दो-दो चार-चार औरतें आएंगी | क्या मेरा कुल तितर-बितर करके घर का सत्यानास करना चाहती है ?|"

ओ भैरवी संग्रह की कहानी 'ओ भैरवी' में यौन समस्या को उठाया है, जिसमें बौद्ध भिक्षुओं को नारी के सम्पर्क से दूर रहने की सलाह दी गयी है | 'सबकी इज्जत' कहानी में नारी के प्रति सम्मान की भावना को जगाने का प्रयास किया गया है | 'सच बोलने की भूल' संग्रह में 'नारी की ना' कहानी में नारी की संकोचशील प्रवृति को पुरुषों को आकर्षित करने वाली बताया गया है | खच्चर और आदमी की 'वैष्णवी' कहानी में बाल विधवा की समस्या को उद्घाटित किया गया है | 'उपदेश' कहानी में "नारी की समस्या को अर्थ से सम्पृक्त कर देखा है | इस कहानी के जरिये वे यह स्थापित करते हैं कि नारी के लिए यौन तृप्ति विवशता है और पुरुष के लिए मन बहलाने का साधन इसमें नारी की विवशताओं और देह व्यापार की ओर जाने की स्थितियों का अंकन है |" 'धर्मयुद्ध' संग्रह में नारी की सामाजिक स्थिति को सुधारने तथा नारी की मुक्ति पर बल दिया गया है | संग्रह की कहानी 'मंगला' में कहानी की पात्र मंगला की दयनीय स्थिति और कानून के खोखलेपन का पर्दाफाश किया गया है | "अन्तर्विरोध की परिस्थिति में जो लोग बुद्धि से काम लेने के लिये तैयार रहना चाहते हैं उन्हीं को यह कहानियाँ

सुनाना चाहता हूँ।" 'चित्र का शीर्षक' संग्रह की आदमी और पैसा, मार का मोल, एक सिगरेट, पांव तले की डाल आदि कहानियों में पितृसत्तात्मक समाज में नारी की पराधीनता, नारी की अस्तित्वविहीन स्थिति आदि को रेखांकित किया गया है |

यशपाल नारी को एक सहयोगी के रूप में देखते हैं और उसके सम्मान, समानता, और स्वतंत्रता के पक्षधर रहे हैं | नारी जीवन के विविध पहलू यशपाल की कहानियों में दृष्टिगोचर होते हैं जो नारी के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण का बोध कराते हैं | यशपाल ने नारी जीवन की विविध समस्याओं को व्यक्त किया है, जिससे नारी की पीड़ा का अहसास होता है | यशपाल के नारी पात्र संघर्षशील है जो परिस्थितियों से समझौता स्वीकार न कर उसका डटकर सामना करती है | यशपाल की कहानियों में नारी केवल घर की चारदीवारी में रहकर जीवन बिताने वाली नहीं बल्कि इस बंधन से मुक्त होकर पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का साहस रखने वाली है | हमारी संस्कृति एवं समाज नारी को पराधीनता का नकाब पहना कर एक समृद्ध परम्परा से अलग थलग रुढ़िवादी मानसिकता के बंधन में रखना चाहता है | यशपाल की दृष्टि में नारी की सत्ता इससे कहीं अधिक भिन्न है वह इस खोखली मान्यता के पक्ष में नहीं है | नारी केवल भोग की वस्तु नहीं बल्कि उसका अपना अस्तित्व है | उसकी अपनी अलग पहचान है | यशपाल की दृष्टि में नारी न केवल एक परिवार का बल्कि सम्पूर्ण समाज का आधार है | यशपाल एक स्वस्थ समाज की कल्पना करने के हिमायती हैं | नारी समाज का अहम हिस्सा है | नारी के न जाने कितने ही रूप तथा गुण हैं जिन्हें समझना बेहद जटिल है |

यशपाल का उद्देश्य नारी को पुरुष के समानान्तर रखना था | नारी शोषण के पीछे पुरुष प्रधान समाज के अत्याचारों की तीव्र प्रेरणा रही है | इसी भावना और समस्या को यशपाल की कहानियों में किसी न किसी तरह चित्रित किया गया है | नारी शोषण, अनमेल विवाह, बाल विवाह, विधवा समस्या, स्त्री प्रथा आदि सामाजिक अनीतियों का स्पष्ट प्रभाव यशपाल की कहानियों में देखने को मिलता है | समाज के परिवर्तन से केवल साहित्य और नारी की मन:स्थिति में ही बदलाव नहीं आया अपितु कहानीकारों की नारी सम्बन्धी दृष्टि में भी परिवर्तन आया है | "यशपाल का नारी दृष्टिकोण बड़ा क्रांतिकारी है | उनकी मान्यता है कि पूंजीवादी व्यवस्था में नारी क्रय-विक्रय की वस्तु बना दी गई है | उसकी कोई स्वतंत्र सत्ता नहीं है, वह सर्वथा पराधीन है | हमारी परम्परा नारी की पराधीनता को उसके चरित्र की महता के रूप में ग्रहण करती है | परन्तु यशपाल नारी के प्रति हमारे परम्परागत दृष्टिकोण को मानते नहीं वे ऐसे एक शोषण-मुक्त समाज की रचना करना चाहते हैं जहाँ नारी किसी की सम्पति या दान की वस्तु न हो |"

निष्कर्ष:

अंततः कह सकते हैं कि यशपाल ने नारी की विविध समस्याओं तथा जीवन से जुड़े मुद्दों एवं परिस्थितियों को अपनी कहानियों में उजागर किया है | यशपाल ने प्रमुख रूप से नारी का आर्थिक पिछड़ापन, शिक्षा का अभाव, नारी के प्रति पुरुष की वर्चस्ववादी सोच तथा शोषण आदि विसंगतियों को रेखांकित किया है | यशपाल अपनी कहानियों में सामाजिक विषमताओं तथा विसंगतियों पर प्रहार करते हुए नारी को मुक्ति के पथ पर चलने का आह्वान करते हैं | शिक्षा और आर्थिक सम्पन्नता स्त्री मुक्ति का शस्त्र है | यशपाल ने अपनी कहानियों में नारी की स्वतंत्रता, अस्मिता को बनाये रखने की पहल की है | यशपाल ने नारी चेतना को सशक्त करने हेतु कई कहानियों का सृजन किया है | एक स्वस्थ दृष्टिकोण का परिचय देते हुए उन्होंने नारी के विविध पहलुओं को संवेदनशीलता से व्यक्त किया है | यशपाल ने अपनी कहानियों के माध्यम से नारी को प्रेरित करते हुए उसे समाज में अपनी पृथक पहचान बनाने का संदेश दिया है |

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. **http://www.debateonline.in/060512/**
2. **http://rsaudr.org/show_artical.php?&id=2192**
3. **http://www.sahityasetu.co.in/issue12/gargishah.html**
4. **सी. एम. योहन्नान, यशपाल का कहानी संसार : एक अन्तरंग परिचय, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, प्र. सं. : 2005, पृ० 133**
5. **सम्पा. मधुरेश, यशपाल रचना संचयन (भूमिका), साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, पुनर्मुद्रण सं. : 2012, पृ० 22**
6. **सम्पा. मधुरेश, यशपाल रचना संचयन (भूमिका), साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, पुनर्मुद्रण सं. : 2012, पृ० 238**
7. **यशपाल, तर्क का तूफ़ान, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, सं. : 2010, पृ० 78**
8. **हेमराज कौशिक, कथाकार एवं उपन्यासकार यशपाल, पुष्पांजलि प्रकाशन, दिल्ली, सं. : 2006, पृ० 31**
9. **यशपाल, धर्मयुद्ध, समर्पण, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, दूसरा सं. : 2014, पृ० 5**
10. **सी. एम. योहन्नान, यशपाल का कहानी संसार : एक अन्तरंग परिचय, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ० 132**

****

मनीषा कुलश्रेष्ठ कृत 'कठपुतलियाँ' कहानी में नारी-विमर्श

-वैशाली
शोधार्थी, पीएच.डी. हिंदी विभाग,
केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश
धर्मशाला-176215
सम्पर्क- 9667515304
ई-मेल- vaishali.kondal1992@gmail.com

भारतीय समाज में प्राचीन काल में नारी को उच्च स्थान दिया गया है। नारी के बिना कोई भी कार्य जैसे राजकार्य, धर्म कार्य, दान-दक्षिणादि संभव नहीं होती थी। वेदों में भी कहा गय है- ''यत्र नार्यस्तु पूज्यते, रंमते तत्र देवता।'' अर्थात् जहाँ नारियों का सम्मान व उनकी पूजा होती है वहाँ देवता निवास करते है। नारी समाज का वह स्तम्भ है जिसके बिना समाज का निर्माण नहीं हो सकता। वैदिक युग भारतीय समाज का स्वर्ण युग था वैदिक युग में स्त्रियों को जो स्थिति थी वह उत्त्रार वैदिक युग में कायम न रह सकी उनकी शक्ति, प्रतिभा व स्वतंत्रता के विकास पर प्रतिबंध लगने लगे। उदाहरण के लिए इस काल में बाल-विवाह, पर्दा प्रथा, उच्च जातियों में जौहर प्रथा, हिन्दुओं में बहुपत्नी प्रथा का प्रचलन और बढ़ गया। विधवा स्त्री को अपमान की दृष्टि से देखना, पुनर्विवाह पर भी कठोर प्रतिबंधन लगा दिया गया। स्त्री के रहन-सहन, खान-पान पर पुरुष रूपी समाज का वर्चस्व स्थापित होने लगा और स्त्री की स्थिति दयनीय होती गई। यहीं से पुरुष प्रधान समाज की सत्ता आरंभ हो जाता है।

स्त्री विमर्श साहित्य में नारी चिंतन का महत्त्वपूर्ण पहलू है। इसका प्रमुख उद्देश्य है कि नारी के साथ हो रहे अन्याय को उजागर करना तथा नारी को परंपरा के घेरे से निकाल कर 'मानव' के रूप में प्रस्तुत करना रहा है। नारी विमर्श अंग्रेज़ी शब्द थ्मउपदपेउ का हिंदी रूपांतरण है, जिसका अर्थ है स्त्री के अधिकारों सत्ता शक्ति की वकालत करना। विमर्श का व्युत्पत्तिपुरक अर्थ विचार-विमर्श, सोचना समझना और आलोचना करना है। हिंदी साहित्य में विमर्शों में नारी विमर्श, दलित विमर्श, आदिवासी विमर्श, अल्पसंख्यक विमर्श, विकलांग विमर्श सामने आए है इसमें सबसे सशक्त नारी विमर्श है। स्त्री समाज का अंग होते हुए भी समाज से कटी हुई है। वर्तमान समय में नारी की स्थितियों का सार्थकता से निरीक्षण, परीक्षण और आलोचना करते हुए उसमें नवीन परिवर्तनों की प्रस्तावना करने का प्रयास नारी विमर्श है।

साहित्य में नारी विमर्श का प्रारंभ कब हुआ, इसके संबंध में विद्वानों में मतभेद है। कुछ विद्वानों के अनुसार इसका प्रारंभ 19वीं शताब्दी में हुआ, जबकि पश्चिम में स्त्रियों के योगदान पर चर्चा होने लगी थी लेकिन वास्तविकता तो यह है कि नारी विमर्श बीसवीं शताब्दी की देन है। बीसवीं शताब्दी में कुछ विद्वान इसका प्रारंभ फ्रांसीसी लेखिका सिमोन द बुउआर की पुस्तक ''द सेकंड सेक्स (1950)'' के प्रकाशन से मानते हैं और कुछ मैरी एलमन की पुस्तक ''थिकिंग एबाउट वीमन (1918)'' के प्रकाशन से मानते है। अतः बीसवीं शताब्दी में स्त्री के स्वतंत्र अस्तित्व व अधिकारों की समस्याओं को उठाया जाने लगा था। उदाहरण के तौश्र पर वर्जीनिया वुल्फ ने अपनी पुस्तक ''ए एम ऑफ वंस ओन (अपना निजी कक्ष 1929)'' में लिखा था- ''व्हाइटहॉल के पास से गुजरते हुए किसी भी स्त्री को अपने स्त्रीत्व का बोध होते ही अपनी चेतना में अचानक उत्पन्न होने वाली दरार को लेकर आश्चर्य होता है कि मानव-सभ्यता की सहज उत्तराधिकारिणी होने पर वह इसके बाहर, इससे परकीय और इसकी आलोचक कैसे हो गयी है।''[1] वर्जीनिया वुल्फ की इस पुस्तक ने यूरोप और अमेरिका के स्त्री-विमर्श को ही नहीं, बल्कि भारतीय नारी लेखिका प्रभा खेतान ''उपनिवेश में स्त्री 2003'' इस पुस्तक से प्रभावित हुई और सिमोन द बुउआर की पुस्तक ''द सेकेंड सेक्स'' से भी![2]

भारत में स्त्री लेखन के माध्यम से नारी चेतना को जागृत करने में सुभद्रा कुमारी चौहान व महादेवी वर्मा का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से स्त्री जीवन की त्रासद स्थिति को स्पष्ट करते हुए नारी चेतना के विभिन्न आयामों को स्पष्ट किया है। महादेवी वर्मा ने नारी-विमर्श का महत्वपूर्ण दस्तावेज़ अपनी पुस्तक ''श्रृंखला की कड़ियाँ'' के द्वारा प्रस्तुत किया है। समाज में नारी के उचित स्थान को लेकर महादेवी वर्मा लिखती है कि ''हमें न किसी की जय चाहिए न किसी का प्रभुत्व केवल वह अपना स्थान व स्वत्व चाहिए। जिनका पुरुषों के निकट कोई उपयोग नहीं हैं, परंतु जिसके बिना हम समाज का उपयोगी अंग नहीं बन सकेगी।''[3]

इसके बाद हिंदी साहित्य में बीसवीं शताब्दी के अंत में नारी विमर्श ने ज़ोर पकड़ा और उसमें अनेक लेखिकाएँ शामिल हुई और मनीषा कुलश्रेष्ठ उन कथाकारों में से एक हैं, जो किसी पूर्वाग्रहों के ढाँचे से नहीं बंधती! लेखिका कठपुतलियाँ कहानी के माध्यम से समाज का यथार्थ चित्रण पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करती है! कहानी में बाल-विवाह, दाम्पत्य-जीवन, स्त्री जीवन की त्रासदी और नारी चेतना आदि विषयों को प्रस्तुत किया गया है। अब तक उनके पाँच उपन्यास तथा सात कहानी-संग्रह प्रकाशित हो चुके है। लेखिका अपनी रचना प्रक्रिया को लेकर स्वयं कहती है- मेरे किरदार थोड़ा इसी समाज से आते हैं, लेकिन समाज से कुछ दूरी बरतते हुए। मेरी कहानियों में 'फ्रीक' भी जगह पाते हैं, सनकी, लीक से हटेले और जो बरसों किसी परजीवी की तरह मेरे ज़हन में रहते हैं। जब मुकम्मल आकार प्रकार ले लेते हैं, तब ये किरदार मुझे विवश करते हैं, उतारों न हमें कागज पर! कोई कठपुतली वाले की लीक से हटकर चली पत्नी, कोई बहुरुपिया, कोई डायन करार कर दी गई आवारा औरत, बिगड़ैल टीनेजर, न्यूड मॉडलिंग करन रे वाली...''[4]

निस्संदेह यह तो कहा जा सकता है कि आज की नारी कमोवेश अधिक स्वतंत्र है और सुदृढ़ भी किंतु यह भी सत्य है कि वह अपनी धुरी पर असंतुलित है। वर्तमान समय में नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं किंतु अभी वह पूर्ण रूप से स्वतंत्र नहीं है। सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में स्त्री आज भी पिछड़ी हुई है। स्त्री को वह अधिकार प्राप्त नहीं हुये जिसकी वह

हकदार है! मनीषा कुलश्रेष्ठ स्त्री के मन की आकांक्षाओं और त्रासदियों के नज़दीक जाकर उनकी पीड़ा को कठपुतलियाँ कहानी के माध्यम से अभिव्यक्त करती है। स्त्री देह, स्त्री मनोवेग और स्त्री की अस्मिता की बात आती है तो आज भी हम प्राचीन रूढ़िवादी मानसिकता से ग्रसित है। नारी उस कठपुतली की तरह है जिसकी डोर समाज के हाथों में है।

कठपुतलियाँ कहानी स्त्री को केन्द्र में रखकर पाठकों के समक्ष प्रस्तुत की गई है। कहानी राजस्थान के जैसलमेर के ग्रामीण परिवेश पर आधारित है। कहानी में मुख्य रूप से तीन पात्र है- सुगना, रामकिसन और जोगिन्दर। कहानी में सुगना को केन्द्र में रखकर लेखिका ने स्त्री मन, बाल-विवाह, अनमोल विवाह, दहेज प्रथा, स्त्री शोषण, अंधविश्वास और रूढ़िवादी मानसिकता का उल्लेख किया है। नारी किस अत्याचारों से समाज में जूझ रही है लेखिका ने बड़े ही सजीव ढंग से लेखिका कहानी के माध्यम से प्रस्तुत करती है।

कहानी का आरंभ में ही लेखिका दरवाजे के पीछे लटकी हुई कठपुतलियों की ओर इशारा करते हुए कहती है कि- ''कभी सुगना उदास होती तो इन कठपुतलियों को एक साथ देर बनाकर ताक पर रख देती है और साँकल लगाकर गुदड़ी पर ढह जाती। कभी गुस्सा होती तो जोर से झिंझोड़ देती सबके धागे! कुछ मटक जातीं, एक-दूसरे में अटक जातीं। किसी नर्तकी की गर्दन उसी के हाथों में उलझ जाती। कोई राजा डोर से इट मुँह के बल गिरा होता। ढीठ मालिन टोकरी समेत उसके ऊपर।''5 यहाँ कठपुतलियाँ प्रतीक है सदियों से चली आ रही रूढ़िवादी परंपरा और पितृसत्तात्मक व्यवस्था का जिसने नारी पर अत्याचार और शोषण ही किया है। कठपुतलियों के धागे को गुस्से से झिंझोड़ देना, दबी कुचली औरतों को उनको अधिकारों के लिए जागृत करना है। कुछ मटक जाना यानि थोड़ा सा प्रेम पाकर इठलाना और उसी में बंधी रह जाना! कुछ अपनी ही समस्याओं में उलझी रह जाती है तो कुछ पुरुषवादी महिलाएँ अपनी गर्दन पुरुषों के हाथों में ही सौंप देती है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था महिलाओं को कठपुतली की तरह अपने इशारों पर नाचना चाहती हैं।

सुगना का विवाह पिता ने जोगिन्दर से तय किया था पर पिता की मृत्यु होने के बाद माँ ने दहेज के लेन-देन के कारण जोगिन्दर के साथ रिश्ता तोड़ दिया था कठपुतलियों का खेल दिखाने वाले 30 वर्ष के लगड़े विधुर के साथ सुगना का विवाह कर दिया गया। रामकिसन के पहली पत्नी से दो बच्चे थे पहली पत्नी की मृत्यु के बाद वह 13 साल को सुगना से विवाह करता है। सुगना की माँ को किसी और के साथ जिंदगी व्यतीत करनी थी इसलिए जल्दबाजी में लड़की का विवाह निपटा दिया। रामकिसन दो हज़ार में सौदा करके उसको लाया था और शारीरिक जरूरतें पूरी करता रहा पर सौंदर्य की मरूस्थल से भरपूर सुगना से उठती रेतीली देह रूपी लहरों की पूर्ति करने में कामयाब नहीं हो पाता। लेखिका के शब्दों में ''वह धम्म से गुदड़ी पर सुन्न होकर पड़ जाती। अपने बावजूद को, अपनी देह को हाथ से टटोलती! सोचती-उलझती लेकिन समझ नहीं आता- रात किस मुहाने पर जाकर उफन पड़ी थी वह कि रामकिसन कुंठित हो गया और छिटक गया उससे दूर! पहले देह जब शान्त नदी-सी पड़ी रहती थी तो वह मीलों तैर जाता था। अब जब वह नैसर्गिक आकाक्षाओं की रामकिसन के लिए मुश्किल हो जाता है इस उफनती नदी को बाँहों में भरकर तैरना। बहुत डरपोक थी सुहाना, इस बात से भी डर गयी। उसने खुद को काठ कर लिया। अब रामकिसन चाहे जैसे नचाए। वह जब तृप्ति की डकार लेता... तो वह जूठन के इधर-उधर गिरे टुकड़े समेट... भूखी ही उठ जाती।''6

सुहाना की हँसी बहुत ही मोहक थी पर उसकी हँसी को डस लिया गया है। शतरंज के घोड़े की तरह टेढी चाल चलने वाले सर्प यानि उसके पति ने उसको डस लिया था। दिनभर वह घर का कामकाज करती दो बच्चों को संभालती उसके बाद घर की चारदीवारी में पड़ी रहती। उसको खुले खेजड़े का पेड़ भाता है पेड़ के नीचे वह पक्षियों के लिए दाना-पानी डलती पेड़ सुगना को उस घर में अपने अस्तित्व का प्रतीक लगता है तो दाना-पानी उसके जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का प्रतीक है। रेगिस्तानी क्षेत्र के कारण पानी की किल्लत से दूसरे गाँव कुलधरा के कुएँ से पानी लाना सुगना की दिनचर्या थी। एक दिन तेज़ चक्रवात से रेत की लहरे के बीच फंसी सुगना की मुलाकात जोगिन्दर से हुई जिसके साथ उसका रिश्ता टूटता था। खेजड़े के पेड़ के नीचे सुगना खड़ी हुई तो पेड़ की जड़ें काँपने लगी जोगिन्दर उसको वहाँ से चलने को कहता है। जोगिन्दर की आँखों के जंगल में सुगना को प्रेम रूपी फसल लहराती दिखाई देने लगती हैं। दोनों में भावनात्मक आत्मीयता स्थापित हो जाती है। मरुस्थल में प्रेम फसल लहराई भी और फसल रूपी बीज सुगना के गर्भ में भी छोड़ दिया।

लेखिका पितृसत्तात्मक व्यवस्था पर व्यंग्य कसते हुये- पंडित का फिकरा गूँजा- ''विधवा, गाभण... रितुमती औरताँ, छोड़ी हुई लुगायाँ हवन सूँ आप ही उठ के चली जावो... बुरो मत मानजो सा... भगवान री बनायी रीत है... आती में कोई भेदभाव नी... आरती के टेम वापस आ... सको... अपनी-अपनी श्रद्धा सूँ भेंट चढ़ा सको।''7 कहानी में इस वक्तव्य से जाहिर होता है कि स्त्री आज भी सदियों से चली आ रही रूढ़िवादी मानसिकता का शिकार है। प्रकृति जन्य स्थितियों में नारी का धार्मिक आयोजनों में प्रतिबंध लगाने वाली पुरुषवादी मानसिकता आखिर कब बदलेगी प्रकृति ने माँ बनने का गौरव पूर्ण अधिकार स्त्री को ही दिया है। इसलिए नहीं वह कमज़ोर है अपितु इसलिए की उसमें दूसरे प्राणी को समझने की पुरुष से अधिक शक्ति व संवेदना होती है। गर्भ के क्लान्त एक स्त्री पर लगभग सभी आयोजनों जैसे यज्ञ, मृत्यु, शोक, विवाह आदि में जाने पर प्रतिबंध लगाये जाते है। ये प्रतिबंध सिर्फ स्त्री पर ही क्यों? पिता बनने वाले पुरुष व स्त्री बनने वाली माँ दोनों का ही समान आचारण होता है। नारी को प्रकृति ने जिस अतिरिक्त स्नेह से आपूरित किया है उसे दबाना ही पितृसत्ता का उद्देश्य है ताकि सृष्टि में उससे ऊपर किसी का वर्चस्व स्थापित न हो।

सुगना जब गर्भवती हुई तो रामकिसन को संदेह हुआ सुगना की सांस जो कि पितृसत्ता की चौकादारनी ने सुगना को जाति दण्ड दिलवाने की ठान ली। जाति पंचायत हुई पंचों ने पंचायत में कहा- ''कहो कि मैंने जो कहा वह सच है, मुझे मंजूर है अग्निपरीक्षा! सुगना बाई, यह अग्नि परीक्षा औरत की मर्जी से ही ली जाती है।''8 सबसे बड़ा सवाल यह पर है कि जब सुगना की शादी रामकिसन से उसकी मर्जी से नहीं हुई तो अग्नि परीक्षा में क्या मर्जी होगी। जब औरत के विवाह के वक्त मर्जी नहीं पूछी जाती तो अग्नि परीक्षा के समय क्यों पंचायत मर्जी पूछती है। विवाह के वक्त पंचायत के न्यायधीश क्या छुट्टियों पर चले जाते है? दूसरी ओर जोगिन्दर पंचायत में मौजूद रहता है और

बोलता है कि ''सुगना! सुन, मैं हरजाने के चार हजार लाया हूँ... दो हजार में छीना था न तुझे, मुझसे उसने... मैं दुगुना हरजाना भरूँगा। उसे बोल, छाती ठोक के कह दे कि बच्चा तेरा-मेरा है। कोई जरूरत नहीं.... गरम तेल में हाथ डालने की... या गरम ईंट पकड़ने की। ये पंच अपना फायदा देखते हैं ऐसी चीज़ों में। औरत का चरित्तर खराब निकले तो भी पंचों की चाँदी, न निकले तो भी उनकी चाँदी। दोनों तरफ का पैसा उनको तो मिलता ही है।''[9] यहाँ जोगिन्दर के माध्यम से यह दिखाया गया है कि समाज में आज भी स्त्री को पुरुषों के अधीन रहना पड़ता है। अगर औरत पुरुष की बात मान जाए और उसके कहने पर चले तो समाज में उसको लज्जित नहीं होना पड़ेगा। यहाँ पर जोगिन्दर भी कोई दूध का धूला नहीं है वह सुगना को वस्तु रूपी समझता है जो उसके चार हज़ार में खरीदकर अपने साथ भागने को कहता है। समाज में पुरुष के लिए औरत क्या वस्तु मात्र हैं? स्वयं शादीशुदा होते हुए भी सुगना के साथ शारीरिक संबंध स्थापित करता है। परंतु हमारे समाज में पुरुष को अग्नि परीक्षा नहीं देनी पड़ती सजा की हकदार सिर्फ नारी ही होती है।

सुगना ने दृढ़ता से कहा- ''यह बच्चा बंसी का ही भाई या बहन है। मुझे बंसी के बापू के साथ ही रहना है... और आप ही क्यों क्या कहूँ?''[10] सुगना अग्नि परीक्षा में सफल होती है। वह गर्भ के बच्चे के लिए कहती है कि यह बच्चा नंद-बंसी का ही भाई-बहन है। वह रामकिसन के साथ ही रहना पसंद करती है। औरत संवेदनाओं से पूरिपूर्ण मानी जाती है। तभी तो सुगना दो छोटे-छोटे बच्चों को भी नहीं छोड़ना चाहती थी। जोगिन्दर चाहता था सुगना भाग चले उसके साथ पर वह नहीं जाती अपनी शारीरिक जरूरतों को किनारे कर देती है। पुरुष यहाँ स्त्री के शारीरिक व मानसिक शोषण का कारण है। समाज में मौजूद अंधविश्वास, न्याय के नाम पर पंचायतों द्वारा नारी पर होता शोषण कब तक चलता रहेगा?

निष्कर्ष

सार रूप में कहा जा सकता है कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान तक नारी की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक स्थिति में अनेक उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। कभी वह कम शोषित रही तो कभी अधिक। कभी वह पूज्य समझी गई तो कभी मात्र भोग की वस्तु! सुगना भी घर की चक्की में पिसती रही तो कभी पितृसत्तात्मक सत्ता का शिकार हुई। सुगना बाल-विवाह, दहेज़ प्रथा तथा यौन-शोषण पीड़ा से जूझती हुई नज़र आई है। नारी-विमर्श किसी प्रतिस्पर्धा या आवेश का आंदोलन नहीं है और न ही यह केवल स्त्री समस्याओं पर केन्द्रित बहस है। डॉ. रोहिणी अग्रवाल के अनुसार- ''स्त्री-विमर्श अपनी मूल चेतना में स्त्री को पराधीन बनाने वाली पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था का विश्लेषण करता है। यह स्त्री को एक जीवंत मानवीय इकाई समझने का संस्कार देता है।''[11] वर्तमान समय में नारी को एक मनुष्य के रूप में उसकी वास्तविक ऊर्जा या हक दिये जाने की पुरजोर कोशिश की जा रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. डॉ. नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, 1913, पृष्ठ 432
2. वही, पृष्ठ 432
3. महादेवी वर्मा, श्रृंखला की कड़ियाँ, पृष्ठ 26
4. atootbandhann.com/2019/11/book-reviewkirdar.html
5. मनीषा कुलश्रेष्ठ, कठपुतलियाँ, पृष्ठ 07
6. वही, पृष्ठ 10
7. वही, पृष्ठ 17
8. वही, पृष्ठ 21
9. वही, पृष्ठ 20
10. वही, पृष्ठ 21
11. डॉ. रोहिणी अग्रवाल, स्त्री लेखन: स्वप्न और संकल्प, पृष्ठ 12df

****

इक्कीसवीं सदी की हिंदी कहानियों में स्त्री संघर्ष

-सीमा तम्मन्ना अंबिग,

पीएच. डी .शोधार्थी
उच्च शिक्षा और शोध संस्तान
दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा
हैदराबाद

इक्कीसवीं सदी की हिंदी कहानियों में स्त्रियों के संघर्ष का चित्रण साहित्य में एक गहरे और महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। इन कहानियों में स्त्रियाँ न केवल पारंपरिक बंधनों से मुक्त होने की कोशिश करती हैं, बल्कि वे अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेने में सक्षम और स्वतंत्र भी होती हैं। इन कहानियों की महिला पात्रों में आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता की तीव्र इच्छा है, जो उनके जीवन को एक नए फलक पर लेकर जाती है। आज की महिला अपने परिवार के साथ-साथ अपने करियर अपनी व्यक्तिगत पहचान की खोज तथा समाज द्वारा थोपे गए कर्तव्यों से मुक्ति पाने के अपने कार्य में निरंतर आगे बढ़ रही है। इन कहानियों में स्त्रियों के सामने आने वाले संघर्ष केवल बाहरी नहीं होते, बल्कि उनके आंतरिक मनोवैज्ञानिक द्वंद्व भी इसमें महत्वपूर्ण रूप से शामिल होते हैं। वे अपने सपनों और वास्तविकताओं के बीच की खाई को पाटने की लगातार कोशिश कर रही हैं और इस प्रक्रिया में उनका व्यक्तित्व और भी अधिक यथार्थवादी और जटिल हो जाता है। इसके साथ ही, ये कहानियाँ लैंगिक समानता के मुद्दों को भी उठाती हैं, जहाँ स्त्रियाँ सिर्फ अपने अधिकारों के लिए ही नहीं, बल्कि समाज में बदलाव की आवाज़ बनने के लिए भी संघर्ष करती है वह अपनी पृथक छवि बनाने में सफल भी हुई है। यह कहानियाँ स्त्रियों के बहुआयामी और संघर्षशील जीवन का सजीव चित्रण करती हैं, जो समाज में हो रहे व्यापक बदलावों का प्रतीक है। ये कहानियाँ साहित्य को न केवल अधिक संवेदनशील और यथार्थवादी बनाती हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि स्त्रियाँ अब पहले से अधिक सशक्त और प्रेरणादायक भूमिका निभा रही हैं, जिससे वे समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश छोड़ रही हैं।

इक्कीसवीं सदी की हिंदी कहानियों में स्त्री संघर्ष एक महत्वपूर्ण और विचारणीय विषय है। इस समय की कहानियों में स्त्रियों के संघर्ष को न केवल पारंपरिक सामाजिक ढाँचों और पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं के खिलाफ दिखाया गया है, बल्कि उनके व्यक्तिगत अस्तित्व, स्वतंत्रता, और आत्मनिर्भरता की तलाश के रूप में भी चित्रित किया गया है। इक्कीसवीं सदी की हिंदी कहानियों में महिलाओं के सामने आने वाले मुद्दे जैसे कि यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, नौकरी में असमानता, और सामाजिक दबावों को बड़े ही संवेदनशील और यथार्थपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया गया है। इसके साथ ही, महिला पात्रों को पहले से अधिक मजबूत और स्वायत्त दिखाया गया है, जो अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने से नहीं हिचकिचातीं। शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाओं ने काफी संघर्ष करके अपने जीवन को बहुत हद तक अब सुलझा लिया है परंतु फिर भी उसमें संघर्ष जारी है। रेखा पाटील के अनुसार "शिक्षा ने नारी के दृष्टिकोण में परिवर्तन लाया। पहले नारी को पारंपरिक दृष्टिकोण से देखा जाता था। नारी को उपभोय वस्तु के रूप में देखा जाता था। वह दृष्टिकोण बदलने लगा, वह स्वच्छंदता से समाज में विचरण करने लगी थी । स्त्री पुरुष को एक स्थल पर देख कर जो तर्क- वितर्क किए जाते थे उनमें शिथिलता आई । वर्तमान युग में नारी- पुरुष साथ-साथ सफर करते हैं।"[1]

हर क्षेत्र में स्त्री के लिए संघर्ष दिखाई देता है नौकरी के क्षेत्र में देखा जाए तो एक महिला को नौकरी करने के लिए बहुत कुछ विचार करना पड़ता है उसे घर परिवार माहौल जहां वह कार्य करने वाली है। वहां का माहौल तथा अन्य बहुत सारी बातों का विशेष ध्यान देकर आगे बढ़ना होता है। किसी भी लड़की या महिला के लिए नौकरी करना आसान नहीं होता है। वह जहां भी नौकरी करती है वहां के लोगों का व्यवहार देखकर चलना होता है। सरला अग्रवाल की कहानी 'मेरे अपने' की नायिका काजल भी अपने गृह नगर में नौकरी नहीं कर पाती है। वह देखी है कि न हीं तो यहां अच्छे विद्यालय और न यहां के छात्र और न शिक्षा एवं शिक्षक अच्छे है न यहां की पढ़ाई की स्थिति ही संतोषजनक है। "इन सब स्थितियों को देखते हुए उसने किसी दूर दराज के छोटे नगरीय कस्बे में स्थित गर्ल्स महाविद्यालय में नौकरी पाने का विचार बनाया था... ।"[2] काजल घर की सबसे बड़ी बेटी है और इसी पर घर के खर्च का पूरा भार है तथा परिवार की इज्जत का भार भी उसी के कंधों पर रखा है।

परंपराओं के रूप में महिला आज भी संघर्ष कर रही है। बहुत सी परंपराएं तो वह घर के बड़े बुजुर्गों को प्रसन्न रखने के लिए भी निभा रही है। ये परंपरायें हमारी नैतिकता को प्रमाणित भी करती हैं जिसकी सत्यता पर संदेह नहीं किया जा सकता फिर भी बहुत सी परंपराएं समस्याएं परिस्थितियों के चलते निर्वाह योग्य नहीं रह जाती हैं जिन्हें एक महिला बदलना चाहती है। मालती प्रकाश की 'मानिनी' कहानी की नायिका गुलाबो का पति बहुत शराब पीता है। वह गुलाबो की कमाई को शराब पीने में उड़ा देता है। वह स्वयं कुछ नहीं कमाता, यहां तक की पैसे ना होने पर वह पत्नी गुलाबो को मारता भी है और अपनी बेटी तक को भेज देने की बात करता है। यह सब सुनकर गुलाबो अपने पति को घर से धक्के देकर निकल देती है। वह भारतीय पति धर्म को निभाने वाली महिला है परंतु जब वह देखी है कि पति में देवता वाले गुण नहीं है तो वह इस पति को देव तुल्य मानने वाली परंपरा को ताक पर रखकर उसे मारपीट कर घर से निकालती है । "उसने सारी परंपराओं को तक पर रख दिया सबका मुंह बंद कर दिया जो हमेशा इस बात की दुहाई देते थे कि पति कैसा भी हो पत्नी का परमेश्वर होता है उसकी सेवा करना ही पत्नी का धर्म है। गुलाबो ने इन सारी खोखली रूढ़ियों को ताक पर रख दिया।"[3]

अर्थात यहां पर एक महिला ने अपनी परंपरा के अनुसार ना चलते हुए अपनी स्त्री होने और अपनी बेटी तथा अपने आत्म सम्मान को बनाए रखते हुए चली आ रही परंपरा को ठुकरा दिया। वैश्यावृति तथा बलात्कार आज भी एक महिला के सामने सामाजिक रूप में रहते हुए सबसे बड़ी चुनौती है। डॉ शांता कुमारी ने वेश्यावृत्ति के मूल कारण के विषय में बताते हुए लिखा है कि "भारतीय समाज में दहेज बहु पत्नी, अनमेल विवाह आदि अनेक प्रथाओं से त्रस्त नारी को जीवित बने रहने के लिए वैश्यालय ही अंतिम शरण स्थल होते हैं। उचित संरक्षण के अभाव और असंगत पद्धति के कारण कई मनोवैज्ञानिक असंगतियां उत्पन्न हुई। लेकिन इस समस्या का सबसे बड़ा कारण उत्तरदायित्व आर्थिक समस्याओं पर रहा है.... । पुरुष अकेली महिलाओं को मात्र भोग्या वस्तु के रूप में ही देखते हैं। क्षणिक सुख के लिए उसके जिस्म के साथ खिलवाड़ करते हैं।"[4] जे. बी. मनीषा की कहानियों में महिलाएं अपने अस्तित्व की तलाश करती हैं और समाज के दकियानूसी नियमों का सामना करती हैं।

गीतांजलि श्री और ममता कालिया जैसी लेखिकाओं ने भी स्त्री जीवन के जटिल पहलुओं को उजागर किया है, जहाँ स्त्रियां अपने जीवन के हर क्षेत्र में संघर्ष करती हुई दिखाई देती है। समाज में प्रतिक्षण एक स्त्री बलात्कार का शिकार बनती है। परिवार द्वारा भी उसे ही प्रताड़ित कर दोषी ठहरा दिया जाता है। जिस कारण उसका अंतिम स्थल वैश्यालय होता है परंतु स्त्री ने इससे भी संघर्ष करना सीख लिया है और अपने दृष्टिकोण को बदला है। समाजशास्त्री राम अहूजा का मत है कि "गरीब लड़कियां ही अकेली बलात्कार का शिकार नहीं होती अपितु मध्य वर्ग की कर्मचारियों के साथ भी मालिकों द्वारा लैंगिक अपमान किया जाता है जेल में कैद महिलाओं के साथ पुलिस अधिकारियों द्वारा और रोजाना वेतन भोगी महिलाओं के साथ ठेकेदारों और बिचौलियों द्वारा, यहां तक की बहरी और गूंगी पागल और अंधी भिखारणों को भी नहीं छोड़ा जाता ।"[5] संपन्न परिवार की अकेली महिलाएं भी इस तरह की घिनौनी घटना का शिकार बनती है। मधुकांत की 'एक टुकड़ा रोटी' कहानी में नीरू और पिंकी के पिता मजदूर के हको के लिए लड़ते हुए सेठ की साजिश का शिकार होकर मारे जाते हैं और पीछे उनकी विधवा अकेली पत्नी तथा दो बच्चे रह जाते हैं। वह अकेली विधवा पत्नी अपने बच्चों को लेकर शहर आ जाती है तथा एक होटल में नौकरी करने लगती है। वह वहां पर मन लगाकर अपने बच्चों का पेट भरने के लिए काम करती है पर एक दिन होटल के समारोह के दौरान उसके साथ यह कुक्कृत्य घटित होता है। "उस रात होटल में बड़ा जश्न मनाया जा रहा था। मैं बिस्तर पर चद्दर बदलकर मुड़ी तो बलपूर्वक किसी ने मुझे पकड़ लिया मैंने पूरी ताकत से शोर मचाया लेकिन लाउडस्पीकर की आवाज ने मेरी चीखों को दबोच लिया।"[6] यहां पर अपने लिए तथा अपने बच्चों की रोटी कमाने के लिए यदि वह कार्य कर रही थी तो वहां पर भी वह इस प्रकार के कृत्य से सुरक्षित नहीं है परंतु वह हार नहीं मानती और समय के साथ इस चीज को ही अपना भाग्य न मानकर वह डटकर इन चीजों का सामना करती है और उसी जगह एक नई मजबूती के साथ जुट जाती है वह न तो आत्महत्या करती है और नहीं वह समाज के किसी अन्य लोगों से मदद की उम्मीद रखती है बल्कि वह स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर अपने स्वाभिमान के साथ कार्य करने लगती है। इसके अतिरिक्त मालती प्रकाश, मालती जोशी, स्वाति तिवारी, मुरारी शर्मा, सरला अग्रवाल, निशांत केतु,जे. बी. मनीषा आदि इक्कीसवीं सदी के अनेक कहानीकारों ने अपनी कहानियों में स्त्री के संघर्षशील रूप को प्रस्तुत किया है। इस प्रकार, इक्कीसवीं सदी की हिंदी कहानियां स्त्री संघर्ष को नए दृष्टिकोण और विविधताओं के साथ प्रस्तुत करती हैं, जो समाज में स्त्रियों की बदलती भूमिका और उनकी शक्ति को प्रतिबिंबित करती हैं। चाहे वह करियर हो, व्यक्तिगत पहचान की खोज हो, या फिर समाज द्वारा थोपे गए कर्तव्यों से मुक्ति पाने का प्रयास की हो।

[1] रेखा वसंत पाटिल, 'समानांतर कहानी में यथार्थ बोध' पृ 19.

[2] सरला अग्रवाल, 'मां के लिए' पृ.103, ग्रन्थ विकास , आदर्श नगर ,राजपार्क,जयपुर 2007 .

[3] मालती प्रकाश, 'मानिनी' पृ. 65,अभिव्यक्ति प्रकाशन , नई दिल्ली , 2010.

4.डॉ शांता कुमारी, 'वीरेंद्र जैन के साहित्य में सामाजिक चेतना' पृ. 108 नई दिल्ली 2010 .

[5] डॉ संजीव महाजन 'परिवार का समाजशास्त्र' पृ 240, अर्जुन पब्लिशिंग हॉउस ,अंसारी रोड ,दरियागंज नई दिल्ली , 2014

[6] मधुकांत 'ट्यूशन का सच' पृ26, गोयल इंटरप्राइजेज , शहादरा दिल्ली, 2008 .

****

आदिवासीविमर्श

आदिवासी संस्कृति और आंदोलन' ग्रंथ आदिवासी वर्ग की आचारसंहिता

-डॉ. गोरख निळोबा बनसोडे,
सहयोगी प्राध्यापक,
हिंदी विभाग, सरदार बाबासाहेब माने महाविद्यालय, रहिमतपुर तह. कोरेगांव जि. सातारा
महाराष्ट्र 415 511 मोबा. 9970937308
gorakhbansode1971@gmail.com

शोध सारांश - वहारु सोनवणे महाराष्ट्र के नंदुरबार इस आदिवासी क्षेत्र में जन्मे एक आदिवासी पढ़े-लिखे शिक्षित बेरोजगार युवक थे 1 लेकिन अंबरसिंह इस आदिवासी कार्यकर्ता के संपर्क में आने के बाद आदिवासियों की समस्याएं देखकर लोगों का कार्यकर्ता, वक्ता, तथा लेखक बनकर अपना पुरा जीवन आदिवासी वर्ग के लिए समर्पित करते है 1

दिन - रात आदिवासी लोगों की समस्याएं सुलझाने में लगे रहते है 1 जहाँ कही आदिवासी पर अन्याय - अत्याचार होता है वहां उपस्थित होकर उन्हें सामाजिक, शासकीय मदद के लिए प्रयासरत रहते है 1

आदिवासी वर्ग ने शिक्षा लेकर जागृत होना चाहिए 1 नौकरी प्राप्त करे, खेती करें, और अपनी आदिवासी संस्कृति से जुड़कर रहे 1 ऐसी आदिवासी जीवन जीने की उनकी आदर्श विचारधारा थी 1 इसलिए वे महाराष्ट्र तथा देश के आदिवासी प्रदेश की यात्रा करते रहे 1 आदिवासी समाज में युवा वर्ग को सभा संमेलन, पुस्तक लेखन के माध्यम से मार्गदर्शन करते रहे 1 आदिवासी लोग शराब के व्यसन से दूर रहे, पति -पत्नी में झगड़े न हो, समाज में आपस में वैरभाव निर्माण न हो, एकता के सूत्र में रहकर भाईचारे से रहे, आदिवासी संस्कृति का पालन करके आदर्श जीवन यापन करे 1 आदी बातों पर वे जोर देते थे 1

वहारु सोनवणे जी वर्तमान काल के एक आदर्श आदिवासी कार्यकर्ता एवं लेखक है 1 आदिवासी वर्ग के साथ उनका भी जीवन उपेक्षित तथा यातनामय है 1 वे आज भी शहरी संस्कृति की साधन सुविधाओं से दूर आदिवासी गांव में रहकर उसी सभ्यता से जुड़े रहे है 1 आज उनका साहित्य स्कूल - विश्वविद्यालयों में पढाया जाता है 1 उन्हें अनेक पुरस्कार देकर सामाजिक शासकीय स्तर पर सम्मानित किया गया है 1

प्रस्ताविक - मराठी भाषा के सुपरिचित कवि - लेखक तथा आदिवासी कार्यकर्ता वहारु सोनवणे जी ने 'आदिवासी संस्कृती आणि चळवळ' नामक आदिवासी संस्कृति के प्रति अस्मिता जागृत करनेवाली मराठी किताब लिखी है | आज यह ग्रंथ आदिवासी साहित्य और मराठी साहित्य में चर्चा का विषय बन गया है | आदिवासी वर्ग की संस्कृति यह विषय अनेक लोगों के लिए अनभिज्ञ हो सकता है 1 अन्य प्रांतीय अध्ययन कर्ताओं को इस मराठी किताब का परिचय हो इस उद्देश्य से यह अनुसन्धात्मक तथा समीक्षात्मक रुप में लेख पाठकों के सामने प्रस्तुत कर रहा हूं 1

बीज शब्द : आदिवासी, संस्कृति, समानता, क्रांति, परिवर्तन, इतिहास, जीवन, दुःख, व्यवहार, प्रश्न, वर्ग, समस्याएं, भोगवाद, अतिक्रमण,मानव, समूह, पंथ, मानवमुक्ती, जीवंनमूल्य, शोषण, जात, धर्म वर्ण, अस्तित्व, आदी 1

वहारु सोनवणे : जीवन और साहित्यिक परिचय -

वहारु सोनवणे जी का पुरा नाम वहारु फूलसिंग सोनवणे है, लेकिन साहित्यिक और सामाजिक जगत में लोग उन्हें प्रेम तथा आदर से 'वहारुभाऊ' इसी नाम से संबोधित करते है | उनका जन्म 6 अगस्त 1950 को महाराष्ट्र के गांव श्रीखेडे पोष्ट रायखेड तहसिल शहादा जिला नंदुरबार इस प्रदेश के एक आदिवासी भिल परिवार में हुआ | महाविद्यालयीन शिक्षा प्रारंभ हुई थी लेकिन आर्थिक कमजोरी और बाद में सामाजिक कार्य के कारण बीच में ही शिक्षा को छोड़ना पडा | अध्यक्ष, श्रमिक संगठन, शहादा (धुलिया) संस्थापक सदस्य, आदिवासी एकता परिषद, (महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, दादर, नगर, हवेली), अध्यक्ष, विद्रोही सांस्कृतिक आंदोलन महाराष्ट्र राज्य आदी युवा अवस्था से आज उम्र के 75 वे साल तक करीबन 14 राज्य तथा राष्ट्रीय आदिवासी विविध संगठनों के अध्यक्ष तथा सदस्य के पदों पर कार्यरत रहकर आदिवासी वर्ग को न्याय देने का सार्थक प्रयास किया |

वहारु सोनवणे जी का सन 1987 में 'गोधड' 1990 में 5 वे आदिवासी साहित्य संम्मेलन पालघर की अध्यक्षीय पुस्तिका, सन 2000 में वहारु सोनवणे कविता संग्रह, 2008 में 'गोधड' कविता संग्रह का हिंदी अनुवाद 'पहाड हिलने लगे' सन 2014 में 'रोडाली' कविता संग्रह प्रकाशित हुआ | इसके साथ उन्होंने

अनेqक पत्र - पत्रिकाओं में विविध लेख तथा शोध आलेख प्रकाशित किए है |

सम्मान :

वहारु सोनवणे जी को साहित्यिक और सामाजिक कार्य के लिए विविध सम्मानों से नवाजा गया है | 'गोधड' महाराष्ट्र कविता संग्रह के लिए महाराष्ट्र राज्य साहित्य और संस्कृति मंडल मुंबई की ओर से यशवंतराव सम्मान, महाराष्ट्र शासन आदिवासी विकास विभाग की ओर से आदिवासी सम्मान, महाराष्ट्र फाउंडेशन समाजकार्य सम्मान, भारत आदिवासी सम्मान, रांची झारखंड आदी विविध सम्मानों से उन्हें सम्मानित किया है |

पुस्तक का बाह्य परिचय :

सम्यक विद्रोही प्रबोधन संस्था, कोल्हापुर प्रकाशन से 11अप्रैल 2021 में इस किताब का प्रकाशन हुआ है | इस 204 पृष्ठों की किताब की कीमत 250 रूपये है | किताब की अर्पणपत्रिका में लेखक वहारु सोनवणे जी ने लिखा है, "आदिवासी अस्तित्व, अस्मिता और संस्कृति की रक्षा करने के लिए हर एक प्रयास करनेवाले और आदिवासी आंदोलन में मानवीय मूल्यों की खोज करनेवाले सभी को.."

पुस्तक का मुखपृष्ठ इतना बेहतरीन और सुंदर बन पड़ा है की पाठक के हाथ पड़ते ही पाठक का मन उसे पढ़ने के लिए आकर्षित करता है | किताब पर आदिवासी स्त्री - पुरुष का मनोहारी चित्र है | चित्र में पती - पत्नी आदिवासी वेश - भूषा में सुशोभित है | दोनों का वर्ण पूरा काला है, महिला के माथे पर टोकरी है, कम कपड़े परिधान किए इस नारी ने हाथ पैर तथा गले में

आभूषण पहने है | पुरुष के माथे पर राजा की तरह मुकुट तथा बैल के सिंग लगाए है, उसने भी कमर के नीचे का पर्याप्त कपड़ा पहना है | कंधे पर तौलिया या गमछा रखा हुआ है | हाथ में लगभग उसके कद की लंबी लाठी है | नारी की तरह उसके भी हाथ पैर तथा गले में आभूषण है |

इस मुखपृष्ठ से आदिवासी जीवन की पारिवारिक, सामाजिक आदर्श संस्कृति का पूरा परिचय मिलता है | मुखपृष्ठ पर पहले नारी दिखाई है, पुरुष बाद मे, दोनों का कद आभूषण समान दिखाया है, इससे साबित होता है, यह नारी प्रधान संस्कृति है, आदिवासी लोग मातृसत्ताक होकर भी परिवार में दोनों को समान अधिकार है | दोनों समान मेहनत करनेवाले है |

किताब के प्रारंभ में लेखक वाहरू सोनवणे जी ने किताब के बारेमें अपनी भूमिका 'मनोगत' शीर्षक में दी है | उसकी पहली ही पंक्ति में वे स्पष्ट करते है, 'आदिवासी संस्कृति और आंदोलन' यह किताब विविध अखबार, साप्ताहिक, मासिक, तिमाही मासिक आदी पत्र - पत्रिकाओं में लेख के रूप में संकलित है |

इस धरती का पहला मानव आदिवासी है | आदिवासियोंकी संस्कृति श्रम, समूह, सहकार्य, समता बंधुता, स्वतंत्रता, प्रेम और विश्वास आदी मानवीय मूल्यों पर आधारित है |

आज का आदिवासी विविध धर्म, पंथ, पक्ष के प्रभाव में अपना जीवन जी रहा है | यह आदिवासी इस भोगवादी संस्कृति से बाहर आकर अपनी संस्कृति के प्रति आस्था, सम्मान रखकर संस्कृति का रक्षण करें, अपना जीवन संघर्ष समझने के लिए प्रस्तुत किताब उपयुक्त होगी ऐसी कामना करता हूँ |

प्रस्तुत किताब को कॉमरेड डॉ. भारत पाटणकर जी ने 'वाहरुभाऊ : एक समग्र क्रांतिकारी विचार' इस शीर्षक से प्रस्तावना दी है | इस प्रस्तावना में डॉ.पाटणकर जी ने वाहरु सोनवणे जी के पूरे जीवन और कार्य का आलेख प्रस्तुत किया है | वे वाहरुभाऊ की चरित्रगत विशेषताएं भी प्रस्तुत करते है | इसके साथ वाहरुभाऊ की आदिवासी जीवनगत संकल्पना को विशद किया है |

पुस्तक का अंतर्गत परिचय : पुस्तक के कुल छ भाग किए है, आत्मकथनात्मक लेख, साहित्य और संस्कृति के बारेमें भाषण, जीवनीपरक लेख, चिंतनात्मक लेख, अनुसंधनात्मक लेख, शायमा (पाठशाला पर कहानी) | 1.आत्मकथनात्मक लेख - मैं और श्रमिक संगठन - इस लेख में वाहरू सोनवणे जी ने अपनी पारिवारिक गरीबी की स्थिति, गिरवी खेत, बेरोजगार जीवन, मित्रों के साथ मजदूरी,भूमिहीनों के लिए खेती प्राप्त करने के प्रयास, आदिवासी कार्यकर्ता अंबरसिंह का परिचय हुआ | नौकरी के बारेमें चर्चा करते समय अंबरसिंह कहते है, "समाज में गरीब लोगों की इतनी समस्याएं होने के बावजूद आपके मन में नौकरी के बारेमें कैसे विचार आते है |"1 इस वाक्य से वाहरू सोनवणे के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन हो जाता है |

इसके बाद उन्होंने आदिवासी शोषित-पीड़ित लोगों के लिए एक कार्यकर्ता बनकर आजीवन कार्य करने का विचार करते है | सुबह घर से बाहर निकलकर रात देर तक लोगों की समस्याएं सुलझाना, अन्याय अत्याचार दूर करना, जातिव्यवस्था, अंधविश्वास के खिलाफ प्रबोधन करने का कार्य करने लगे | एक गांव एक पनघट, जाति निर्मूलन, दलित अत्याचार विरोधी आंदोलन, मराठवाडा नामांतर आंदोलन आदी अनेक कार्य में सहभाग लिया |

2. साहित्य और संस्कृति के बारेमें भाषण -

1.पांचवा आदिवासी साहित्य संम्मेलन, पालघर

2. दूसरा विद्रोही साहित्य -संस्कृति संम्मेलन, कोल्हापुर

3. दूसरा राज्यस्तरीय आदिवासी साहित्य संम्मेलन, जुन्नर, पूना

इन संम्मेलनो में मनुष्य जाति का जन्म मूल अफ्रीका में हुआ है | आदिवासी विश्व के मूलनिवासी है |

आदिवासी की कोई जाति नही है वह जमात है | आदिवासी लोग हिंदू नही है | आदी मुख्य विषयों पर जोर दिया है | आदिवासी संस्कृति का जतन करने को आदिवासियों को प्रोत्साहित किया | संम्मेलनों में अपनी कविताओं का पाठ किया | पूरी तन्मयता के साथ संम्मेलनों का आयोजन किया, अध्यक्षता स्वीकार की |

3.जीवनीपरक लेख -

1.डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और शोषित समाज

2. अंबरसिंह महाराज : शोषण व्यवस्था के विरोधी बुलंद आवाज़ -

3.आदिवासी एकता परिषद का प्रणेता : काका दोधड

4. भुजंग मेश्राम : आदिवासी साहित्य आंदोलन का आधारस्तंभ

5. वीरसिंग पाडवी -

इन व्यक्तियों का तथा उनके कार्य का बहुत बड़ा प्रभाव वाहरू सोनवणे जी के जीवन पर पड़ा है |

4. चिंतनात्मक लेख -

1.आदिवासी संस्कृति और विकास की संकल्पना

2. आदिवासी साहित्य, संस्कृति और अस्मिता

3. आदिवासियों का आंदोलन

4. आदिवासी हिंदू नही है

5. शबरीकुम्भ और आदिवासी

6. आदिवासियों की घर वापसी

7. आदिवासी संस्कृति : जतन और विकास

8. 9 ऑगस्ट : विश्व आदिवासी गौरव दिवस

9. आदिवासी मध्यम वर्ग की जिम्मेदारी

इन चिंतनात्मक लेखों मे श्रम, संस्कृति और सहयोग ये मनुष्य के मानवीय जीवनमूल्य है |यही आदिवासी संस्कृति का आधार है | आधुनिक काल के त्यौहार, विवाह में आई हुई भोगवादी संस्कृति के कारण आदिवासी संस्कृति विकृत हो गई है | मानवीय

मूल्यो का विकास होगा तभी शोषणमुक्त समाज का निर्माण होगा | ऐसा वाहरूभाऊ का मानना है | इतिहास में सही रुपमे आदिवासी वर्ग की दखल नही ली है | खाज्या नाईक, तंट्या भील, भागोजी नाईक, बिरसा मुंडा का इतिहास उन्हें मान्य नही है | आदिवासी इस जगत के मूलनिवासी है, वे हिंदू नही है | ब्राह्मणवादियों ने आदिवासियों को वनवासी नाम दिया है, यह नाम हमें मान्य नही है |

महाभारत के द्रोणाचार्य ने एकलव्य को धनुर्विद्या की शिक्षा देने के लिए नकारा और गुरु दक्षिणा में उसका अंगूठा काट लिया | यह सही है क्या? ऐसा विज्ञानवादी तथा परिवर्तनवादी प्रश्न वाहरुभाऊ आधुनिक समाजव्यवस्था को

विद्रोही स्वर में पूछते है | आदिवासी किसी पर भी अन्याय-अत्याचार नही करते, किसी प्रकार का भेद भी नहीं करते, प्रकृति ही आदिवासियों का घर है, वे समूह से रहते है, फल खाकर जीवन जीते है, वे धन संपत्ती का संचय नही करते, उनके मन में स्वार्थभाव नही होता |

9 अगस्त यह विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है, वास्को - डी - गामा ने भारत की खोज की उसी प्रकार कोलंबस ने अमरीका की खोज की | उसे 500 साल हो गए उसी की ख़ुशी में स्वेत वर्ण के लोग समारोह का आयोजन करने वाले थे लेकिन उसी समय वहां के लाखों मूलनिवासी आदिवासी रेड इंडियन लोगों की हत्या की गई | इस दुःखद घटना पर अफ्रीका और मित्र राष्ट्रोने निषेध व्यक्त किया | अपना बलिदान दिए मूलनिवासी रेड इंडियन लोगों के गौरव में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 1993 से 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस
मनाया गया |

वाहरूभाऊ के मतानुसार, "आदिवासी रीती रिवाज, परंपरा और आदिवासी संस्कृति को कनिष्ठ मानते हुए प्रतिष्ठा के नामपर शोषण, वर्चस्व और विषमता पर आधारित भोगवादी संस्कृति आदिवासी वर्ग पर लादी जाने के कारण आदिवासियों का पुरा जीवन ही बदल डाला है l"2 आदिवासी समूह के लोगो ने अपनी आदिवासी संस्कृति, साहित्य और परंपरा का रक्षण करना अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए |

5. संशोधनपरक लेख -

1 आदिवासी और नवीन आर्थिक नीति

2. केलकर समिति

3. शिक्षा

4. आदिवासियों की हस्तानतरित जमीन

5. आदिवासियों का 2006 का वनाधिकार कानून

6. वनऔषधी

7. स्वाभिमान योजना

6. शायमा (पाठशाला)

वाहरूभाऊ जी ने अपने अनेक सालों के साहित्यिक - सामाजिक कार्य के अनुभव तथा अभ्यास से कुछ अनुसंधनात्मक तथ्य निकाले है, जो आदिवासियों के प्रगति विषयक मार्गदर्शक सूचना स्वरुप है |

1991 के जागतिक नवीन आर्थिक नीति का आदिवासियों के समग्र जीवनयापन पर परिणाम हुआ है, जागतीकीकरण, उदारीकरण, बाजारीकरण के कारण सरकार की ओर से राष्ट्रीय और बहु-राष्ट्रीय कंपनियों के लिए आदिवासियों के जंगल उद्योग व्यवसाय के लिए मांगे जा रहे है | इससे आदिवासियों का जंगल, खेती का प्राकृतिक जीवन नष्ट होगा | इस बारेमें डॉ.संजय साळीवकर कहते है, "एक ज़माने में जंगल के राजा होनेवाले आदिवासियों को जंगल से वंचित रहना पड़ रहा है l"3 आदिवासी पुरी तरह जंगल से बाहर होने पर उदरनिर्वाह के लिए रोजगार के पीछे लगेंगे | कुछ लोग स्थानांनतरित होंगे, बाद में बेरोजगार होंगे, शोषण बढ़ता जाएगा, आदिवासियों की संस्कृति, मुक्त जीवन सुरक्षित रहना चाहिए इसलिए आनेवाली इस भयानक व्यवस्था का हमें विरोध करना चाहिए, इसके बगैर दूसरा कोई मार्ग नही है | ऐसा वाहरूभाऊ का कहना है |

केलकर समिति के माध्यम से आदिवासियों के जीवन में सुधार करने का प्रयास किया है | महाराष्ट्र में 47 आदिवासी जनजातियां है | भाषाओँ से संस्कृति का विकास होता है | कथा, कविता, गीत से विद्यार्थियों को मूल्यशिक्षण देना आवश्यक है | आश्रमशाला और
छात्रावास में आदिवासी क्रांतिकारक और संतों की फोटो और किताबें रखे | स्कूल में आदिवासी संस्कृति के रक्षण में आदिवासियों के खेल रखे | आदिवासियों के क्रांतिकारकों के जीवन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे | आदी केलकर समिति की कुछ योजनाएं वाहरूभाऊ के अध्ययन के कारण सम्मत हुई |

आदिवासी वर्ग में नारी वर्ग का बड़ा सम्मान है | उसे समान काम के लिए समान दाम दिया जाता है | वह अधिक स्वतंत्र हैं | नारी सम्मान के बारेमें डॉ. देवीदास खोडेवाड कहते है, " प्राचीन काल से आदिवासी समाज में नारी को श्रेष्ठ स्थान दिया है, आधुनिक काल में भी नारी जन्म का स्वागत किया जाता है l" 4 आदिवासी नारी को पती पीड़ा देता हैं तब वह नारी उसे छोड़कर दूसरा विवाह करती हैं | पती से पीड़ित बनने पर वह कभी- भी आत्महत्या नही करती | उसे अपने पती को चुनने का अधिकार हैं |

शायमा (पाठशाला) :

शायमा यह आदिवासी शब्द हैं, उसका अर्थ हैं - पाठशाला | यह एक आदिवासी कथा दी हैं | इस कथा का पुरा माहोल वाहरूभाऊ का गांव श्रीखेड हैं | जो 1000-1200 लोगों का छोटा-सा आदिवासी गांव हैं |
करन नामक एक बस से सफर करने वाले यात्री को
उतारा जाता है | उसे जाना था एक गांव और वह अनपढ़ होने के कारण दूसरी ही बस में बैठ जाता हैं |
अर्थात आदिवासी लोगों में शिक्षा अत्यंत आवश्यक हैं | अब शिक्षा यही सुधार का महत्वपूर्ण मार्ग हैं | यह वाहरूभाऊ को इस कथा से बताना हैं | आदिवासियों के शिक्षा के बारेमें मा.रा. लामखडे कहते है, "आदिवासी आज तक शैक्षिक प्रगती से दूर ही रहे है, इसलिए वे सभी प्रकार की प्रगती से दूर है l"[5]

निष्कर्ष - वाहरू सोनवणे जी की किताब 'आदिवासी संस्कृति और आंदोलन' यह आदिवासी वर्ग के साथ दीन - दलित, पीड़ित - शोषित वर्ग के लिए मार्गदर्शक हैं | चाह हो तो मार्ग निकलता हैं | वाहरू सोनवणे जी सामान्य व्यक्ति थे लेकिन आदिवासी लोगों की पीड़ा दूर करने का कार्य हाथ में लेकर तन - मन - धन से सफल बनाते हैं और आज एक सुपरिचित लेखक, कार्यकर्ता के रुप में असामान्य व्यक्तिमत्व के धनी बन गए है | ऐसे यशस्वी कार्यकर्ता एवं साहित्यिक वाहरू सोनवणे जी का यशस्वी लेखक के रुप में अभिनंदन..! उन्हें भविष्यकालीन कार्य के लिए हार्दिक- हार्दिक मंगल कामनाएं ...!

संदर्भ ग्रंथ सूची -

1.वाहरू सोनवणे,'आदिवासी संस्कृती आणि चळवळ', सम्यक विद्रोही प्रबोधन संस्था, कोल्हापूर, प्र.सं. सन 2021 ई. पृ.22

2.वही पृ.154

3.डॉ.संजय साळीवकर, 'मानवी अधिकार आणि सामाजिक न्याय',श्री. मंगेश प्रकाशन, नागपुर, प्र.सं. सन 2018 ई. पृ.114

4.डॉ. देवीदास खोडेवाड, 'महाराष्ट्रतील आदिवासी समाज जीवन',विद्या बुक्स पब्लिशर्स, औरंगाबाद, प्र.सं. सन 2018 ई. पृ.91

5. मा.रा. लामखडे, आदिवासी ठाकर आणि त्यांची लोकगीते' पद्मगंधा प्रकाशन, पुणे, प्र.सं. सन 2003 ई. पृ.25

आदिवासी कविता : संवेदना और प्रतिरोध का नयापन

-रजिला ओ.पि.
असिस्टेन्ट प्रोफेसर,
सरकारी आर्टस ॲण्ड सायन्स कॉलेज, कॉन्डोट्टी
शोध छात्र,
शोध केंद्र सरकारी आर्टस ॲण्ड सायन्स कॉलेज, मीनचन्ता,
कोषिक्कोड,कलिकट विश्वविद्यालय

आदिवासी साहित्य और आदिवासी समाज का संबन्ध भी अटूट है एवं नजदीक ही। दलित साहित्य की तरह आदिवासी साहित्य भी जीवन और जीवन के यथार्थ का साहित्य है। कल्पना के आधार पर नहीं है जो भोगा है वही साहित्यकारों ने लिखा है। आदिवासी जीवन की शैली, समस्याएँ शोषण एवं पीडा ही उनके साहित्य की वस्तु है। आज आदिवासियों की मुख्य समस्या विस्थापन और पलायन है। आज विकास के नाम पर उन्हें जंगलों से खदेडा जा रहा है।

आदिवासी रचनाकारों ने आदिवासी अस्मिता और अस्तित्व के संघर्ष में कविता को अपना मुख्य हथियार बनाया है। परंपरा, संस्कृति इतिहास से लेकर शोषण और उसका प्रतिरोध सब कुछ सामूहिक है। विस्थापन उनके जीवन को मुख्य समस्या बन गई। आदिवासी स्वर की कविताओं केवल आदिवास जीवनानुभव में सीमित रचनाएँ ही नहीं अंततः संपूर्ण मानवीय सरोकारों की अभिव्यक्ति है।

भारत के विकास के नाम पर आदिवासियों को अपनी भूमि और जंगलों से ही बेदखल किया गया है। जल, जंगल और जमीन की लडाई के पीछे विकास की जी राजनीति है उस पर निर्मला पुत्तुल तलखी से वार करती है। आदिवासी समाज पर आधुनिक विकास के पड रहे प्रभाव की चिंता ही पुत्तुल यहाँ व्यक्त नहीं कर रहे हैं, बल्कि ऐसे विकास के खिलाफ असहमति भरा स्वर भी है। निर्मला पुत्तुल की एक कविता 'तुम्हारे एहसान लेने से पहले सोचना पडेगा हमें' इस कविता में विकास के आधुनिक पैरामीटर को नकारती हुई कहती है-

अगर हमारे विकास को मतलब
हमारी बस्तियों की उजाडकर कल कारखानों बनाना है
तालाबों की मोधकर राजमार्ग
जंगलों का सफाया कर ऑफिसर्श कोलोनियाँ मरामी है
और पुनर्वास के नाम पर हगें
हमारे ही शहर की सीमा से बाहर हाशिए पर धकेलना है
तो तुम्हारे था कथित विकास की मुख्यधारा में
शामिला होने केलिए
सी बार सोचना पडेगा हमें

आदिवासियों को युगों-युगों से न्याय नहीं मिल सका है। प्रशासन में काम करनेवालों की टोली आदिवासियों की अशानता का पूर्ण लाभ उठाना चाहती है। अरुण कमल की कविता 'तमसो म ज्योतिर्गमय' जो कि एक समाचार पर आधारित है मध्यप्रदेश के एक गाँव में आदिवासियों ने बिजली लगाने का विरोध करते है अरुण कमल कहते है-

उन्हें रोशनी नहीं चाहिए
बिजली के तार और खंभे
ट्यूब और बल्ब नहीं चाहिए
एक अंधेरा जी सब अंधेरे से बडा और धना है
जहाँ रात ही रात है हजारों सालों से
बीहड जंगलों, और गहरे कुँओं के अंधेरे से भी
बडा और घना है।

लक्ष्मण सिंह कावडे की 'आज भी वैसी' कविता में आदिवासियों के विकास संबन्धी यथार्थ का चित्रण किया है। आदिवासी विकास के नाम पर आदिवासी समुदाय विस्थापन हो रहा है।

सदियों बीत गई, विकास के नाम पर
आदिवासी उपेक्षित जीवन जी रहे
बीहड 'अबुझमाड' के जंगलों में
भुरो और नंगे आज भी

भारत में विकास के नाम पर आदिवासियों को अपनी भूमि और जंगलों से भी बेदखल कर दिया गया। वे पहले भी खदेडे जाते रहे हैं, आज भी खदेडे जा रहे है। कवि हरिराम मीणा लिखते है-

"देखो आखिर तुम्हें खदेड ही दिया न
तुम्हारी जमीन से
तुम्हें नस्ताबूद करने केलिए
पर फिर भी तुम चुप हो? क्यों? आखिर क्यों?"

स्वंत्रता के बाद शिक्षा के बढते प्रसार से आदिवासी समाज भी थोडा बहुत लिख पद रहा है। अब उसने धनुष, मीर, रालवार की जगह कलम की अपनी औजार बना लिया है। अपने समाज में जागृति लाने का कठिन कार्य वह कर रहा है। आदिवासी साहित्यकारों में कविता लिखकर अपनी पीडा और वेदना की व्यक्त किया है। बाहरु सोनवर्ण ने 'स्टेज' कविता में अपने समाज की वेदना को वाणी दी है-

हम मंच पर गए ही नहीं। और हमें बुलया भी नहीं

उंगली के इशारे से। हमें अपनी जगह दिखाई गई

हम वही बैठ गए। हमें शाबासी मिली।

और ये मंच पर खडे होकर।

हमारा दुख हमसे ही कहते रह

हमारा दुख हमारा ही रहा।

कभी उनका नहीं हो पाया

हमने अपनी शंका पुसफुसाई।

वे कान खडे कर सुनते रहे

फिर ठंडी साँस भरी।

और हमारे ह कान पकड

हमें डोटा माफी माँगो... वरना...

प्रकृति और आदिवासी का संबन्ध बहुत गहरा संबन्ध है प्रकृति आदिवासियों की सहचारी रही है। प्रकृति ने उन्हें कभी रुलाया कभी हराया है। आज उसी प्रकृति से उसे बेदखला किया जा रहा है उससे जंगल, जमीन, जल, फल छीने जा रहे हैं। आदिवासी कवियत्री ग्रेस कुजुर कहती है-

'इसलिए फिर कहती है। न छोडो प्रकृति को
अन्यथा यही प्रकृति। एक दिन मांगेगी
हमसे। तुमसे। अपनी नरुणाई का
एक एक क्षण और करेगी। भयंकर बगावत
और तब। न तुम होगें। न हम होगों'

आदिवासी कवि जिस समाज में पैदा हुए, बडे हुए, पढ लिखकर आगे बढे उसी समाज के हिस्से में आयी दुरवस्था को देखकर दुखी है। बेचौन हौ महादेव टोप्पो अपनी समाज की संगठित शिक्षित होने का आह्वान करते हैं। अपने अन्याय, अत्याचारों के विरुद्ध उसे स्वयं लडाई, लडनी होगी तभी बदलाव या परिवर्तन संभव हो पायेगा 'सबसे बडा खतरा' कविता में कवि कहते है-

यह है सबसे बडा खतरा कि हम अपनी पहचान
खो रहे है। खो रहे है कि हम अपने स्वाभाविक
स्वर। न मिथिया रहे न गरजा रहे है इसी
कारण ऊँची अट्टालिकाओं में। पंखों के नीचे
हमारी असमर्थता पर मुस्कुरा रहे हैं
इसलिए मित्र आओ हम पहले अपने कंठों में
गरजती हुई आवाज भरे।

आदिवासी कविता शोषण के जो दृश्य प्रस्तुत करती है वैसे अन्यत्र नहीं मिलता। वाहरू सोहवणे की 'पहाड हिलाने लगे' नामक कविता में आदिवासी औरतों की संवेदना और शोषण को इस प्रकार प्रस्तुत करते है-

जवानी में वेश्य, बुढापे में डायन ऐसे ही कहते हैं लोग
एक ऐसी चीज जिसे घाट में बांट में
जहाँ मिले थाम लो, जब भी चाहे अंग लाग लो
पूरी हुई हवस तो, त्याग दो, चीख न पुकार।

आदिवासी ने आज अपनी मूक वेदना की वाणी देना प्रासं कर दिया है। कवियों ने आदिवासी जन जीवन और उनकी शोषण की सूक्ष्मता चित्रित करके उन्हें अत्यंत विश्वसनीय एवं जीवंत बनाया है। आदिवासी कविता अपने समाज के सवालों के साथ खडी है। चाहे वह सवाल पूँजी और पानी के सवाल हो या फिर पक्षी और पूर्वज के सवाल। देश की विकास यात्रा के इतिहास को लिखनेवाला भले ही देश की आदिम जनता को न जानते हो लेकिन कविता जानती है।

संदर्भ

1. आदिवासी विकास से विस्थापन- डॉ. रमणिका गुप्ता
2. हिन्दी में आदिवासी साहित्य- डॉ.इसपाक अली
3. भारतीय साहित्य और आदिवासी विमर्श- डॉ. माधव सोनटवके, डॉ. संज़डय राठोड।

****

समकालीन आदिवासी हिन्दी कविता : लोक जीवन और साहित्य का बदलता स्वरूप

–प्रफुल्ल कुमार रंजन
शोध छात्र
हिन्दी विभाग
वसंत कन्या महाविद्यालय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी
ईमेल– prafullr804@gmail.com
मो.नं.–8840110508

आदिवासी समाज की गणना पृथ्वी के सबसे आदिम जातियों के रूप में की जाती है। प्रत्येक समाज की जड़े उसके अतीत में धंसी होती है जो लोक संस्कृति व परंपरा के रूप में आगे बढ़ती है। आदिवासी समाज की संस्कृति व परंपराओं की जडें भी वाचिक रूप में आगे बढ़ती रही है। लिपि और भाषा की खोज के बाद वाचिक परंपरा से लेखन परंपरा का विकास हुआ। लेखन परंपरा में कविता एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरी जिसमें आदिवासी कवियों ने अपने गीत, त्यौहार, उत्सव व जीवन को संकलित करना शुरू किया। इस लेख में हम कविताओं में के रूप में दर्ज आदिवासी समाज के लोक की व्याख्या व विश्लेषण करेंगे। साथ ही औद्योगिकीकरण व आजादी के बाद आदिवासी समाज में लोक जीवन व साहित्य पर कैसे व कितना प्रभाव पड़ा है इसकी भी चर्चा की जायेगी। साथ ही इस बात को भी दर्ज किया जायेगा कि वैश्विकरण के बढ़ते संकट के बीच आदिवासी समाज का लोकजीवन विस्थापन, पलायन, रोजगार व सांस्कृतिक हमले से किस कदर प्रभावित हो रहा है।

बीज शब्द–
आदिवासी, जीवन दर्शन, आदिवासी ऐतिहासिकता, सहजी. विता, अस्तित्व, विस्थापन, सांस्कृतिकरण, विद्रोह।

मूल आलेख–

आदिवासी कौन? जैसे सवालों से सामना करते हुए हरिराम मीणा कहते हैं कि ''भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों को समझने के लिए ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में हमें वर्ण व्यवस्था से होकर वर्तमान प्रमुख रूप से जाति आधारित समाज की व्यवस्था तक गुजरना होता है। जहां तक आदिवासियों का सवाल है तो वे इस सामाजिक प्रणाली का अंग न होकर अलग–थलग रहते आये समुदाय है, जिन्हें वर्ण व जाति आध ाारित समाज से पृथक देखना होगा। व्यवसाय के आधार पर बनने वाली श्रेणियों की दृष्टि से भी आदिवासी समुदायों का वर्ग भौगोलिक, सांस्कृतिक व नृतत्व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विशिष्ट ही माना जाता रहा है।''[1]

यह समाज कैसे अस्तित्व में आया यह शोध का विषय अभी भी है लेकिन जो अध्ययन व इतिहास हमारे सामने है उसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि आर्य–अनार्य संग्राम श्रृंखला के दौरान जो ज्ञात मूल जन विजित कर लिये गये और दास, सेनक या शूद्र के रूप में जिनके साथ व्यवहार किया गया वे आज का दलित समाज है जिसने मुख्य रूप से अछूत होने का दंश सहा। जो जन समूह विजेताओं की पकड़ से बाहर रहे, खदेड़ दिये गए या बचकर दूर दराज सुरक्षित दुर्गम जंगलों पहाड़ों में शरण लेने को विवश हुए वे आज के आदिवासी कहे जा सकते है। ''जिसे हम 5000 वर्ष पुरानी भारतीय सभ्यता कहते है वह मूलरूप से हमारी आदिवासी सभ्यता ही है, वह सभ्यता जो भारत भूखण्ड के मूल निवासियों ने विकसित की है। मनुष्य और प्रकृति की सहभागिता, सहयोग और सह अस्तित्व का जीवन दर्शन इन्हीं आदिवासी समाजों की देन है। भारत के पास बहुत व्यापक और पुष्ट लोक संस्कृति की परंपरा है। लोक संस्कृति के विकास का मूल स्त्रोत ही आदिम समाज की बहुआयामी कल्पनाशीलता और उसकी रचनाशीलता से जुड़ा हुआ है। आदिवासियों के पास मन और बुद्धि की मानवीय प्रयोगशाला रही है, जिसमें आदिम कलाओं उत्कीर्ण पाषाण चित्रों, प्रकृति के साथ तन्मय उल्लासपूर्ण लास और नृत्य, स्वरों का समायोजन और मौखिक वाचिक परंपरा का लोक साहित्य प्रारम्भ से ही मौजूद है। इसकी उम्र वेदों की प्रकृति मूलक ऋचाओं से भी अधिक है। आर्यो के ऋग्वैदिक प्रकृति गीत तो बहुत बाद के है। भारतीय लोक साहित्य, लोक नृत्यों और लोक कलाओं का जन्मदाता रहा है। हमारा आदिवासी समुदाय, उनके कबीले और कुनबे। भारत की आर्य सभ्यता और संस्कृति ने अपना अधिकांश कलात्मक वैभव उसी मूल आदिवासी सभ्यता से ग्रहण करके विकसित किया है। आदिवासी कलाओं ने जो वानस्पति रंग ईजाद किये थे उन्हें ही लेकर हमारी समस्त कला सृष्टि निर्मित हुई है। आर्य ऋषियों, मुनियों, साधकों, आध्यात्मवादियों ने जो गेरूआ रंग स्वीकार और अंगीकार किया वह पाषाणी रंग अर्वाचीन आदिवासी कला का आधारभूत रंग है। आदिवासियों ने प्रकृति से जो गीत, गीति गायन, नृत्य, लय और तन्मयता अर्जित की थी, वही आर्यकालीन कलाओं में मौजूद है।''[2] इसलिए हम भारत के अपने मूल निवासियों के ऋणी है क्योंकि हमारी सारी कलाओं बाद की सदियों के लिखित साहित्य की परंपरा इन्हीं विकसित आदि सभ्यता की छाया में विकसित हुई है। आज के आदिवासी समाज की अस्मिता ही जल, जंगल और जमीन से आबद्ध है। उनकी संपूर्ण सामाजिक संरचना और जीवन यापन का साधन जल, जंगल जमीन ही है। जमीन के इन्हीं तत्वों से मिलकर आदिवासी समुदायों की भाषा, शिक्षा, संस्कृति और जीवन शैली विकसित हुई है, जो शहरी या मैदानी पहचान

से एकदम पृथक है।

हम सालों से पढ़ते आ रहें है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेकिन क्या आप इस बात से सहमत है कि औपनिवेशिक लेखकों ने भारत का जो साहित्यिक पाठ किया वह वास्तविक था? उनकी नजर में भारत गरीब, कमजोर व असभ्य लोगों का देश था। जो विजेता होता है उसकी नजर में विजित लोगों के समाज के लिए ऐसे ही उपमानों के प्रयोग किये गये। ठीक ऐसे है गैर आदिवासी समाजों की नजर में आदिवासी समाज जंगली, बर्बर व असभ्य नजर आया। गैर आदिवासी लेखकों ने अपने साहित्य में भी इनकों इसी रूप में दर्ज किया। यही कारण है कि आजादी के पहले व बाद में जब आदिवासी समाज ने शिक्षा हासिल की उसकी पहली प्राथमिकता थी अपनी छवि के सही मूल्यांकन की। इस प्रक्रिया में कविता ने एक बेहतर माध्यम का काम दिया। आज भारतीय साहित्य के जिस दर्पण में हजारों साल से आदिवासी समाज का जो विकृत रूप दिखाया गया है उस विकृत रूप को हटाकर उसके वास्तविक प्राकृतिक रूप को देश और संसार को दि खाना ही आदिवासी साहित्यकारों का सबसे बड़ा दायित्व है।

इससे पहले कि वे पुनः तुम्हारा
अपने ग्रंथों में बन्दर, भालू या अन्य किसी जानवर
के रूप में करे वर्णन
तुम्हें अपने आदमी होने की
खोजनी होगी परिभाषा
उनके सिद्धांतों, स्थापनाओं मंत्तव्यों के विरूद्ध
उनके बर्बर वैचारिक हमलों के विरूद्ध
रचने होगें
स्वयं ग्रंथ।[3]

किसी समाज का जीवन उस क्षेत्र की प्रकृति और मनुष्य द्व ारा उस प्रकृति के संस्करण के बीच चलता है। यह क्रिया और प्रतिक्रिया प्रकृति और मनुष्य की पारस्परिक निर्भरता के आधार पर चलती है। प्रकृति मनुष्य का सम्पोषण करती है और मनुष्य प्रकृति का। यह सहजीविता इतनी घनीभूत है कि एक के बिना दूसरे का जीवन संभव नहीं है। आदिवासी समाजों की सबसे अच्छी बात ये होती है कि वे प्राकृतिक संसाधनों को सामुदायिक सम्पत्ति मानते है। उनकी व्यवस्था में व्यक्ति की जगह समुदाय चिंता के केंद्र में होता है। आदिवासी प्रथाओं में भी इस सामुदायिक चेतना को महसूस किया जा सकता है जो अब कानून बन चुका है। (जैसे–विलकिंसन रूल, संथाल परगना टेंनेंसी एक्ट तथा छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट)। इन तीनों कानूनों की आत्मा में यही बात दर्ज है कि जमीन, न व्यक्ति, न पुरूष और न स्त्री की है। यह समुदाय की है, समाज की है, इसलिए किसी व्यक्ति द्वारा इसका हस्तान्तरण अवैध होगा। जसिंता केरकट्टा कहती है–

मैं नही जानता
अपने पड़ोस को भी ठीक से
मेरी कल्पना में रहता है "समाज"
जिसके लिए मैं लड़ता हूँ।"[4]

नैसर्गिक रूप से वाचिक रहा आदिवासी समाज एक ऐसी सत्ता रहित सभ्यता और संस्कृति का वाहक है जिसमें वायदें करार, दस्तावेजी प्रमाण आदि लिखित साहित्य की आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने एक ऐसी जीवन प्रणाली विक. सित की जो लचीली है और जिसमें वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियाँ एक समान रूप से अपने अनुभवों और समसामायिक जरूरतों के मुताबिक जोड़ घटा सकती है। आदिवासी समाज ने लिखित दस्तावेजों और ऐतिहासिक साक्ष्यों से अधि ाक शब्दों पर भरोसा किया और प्रकृति से सीखने समझने की प्रक्रिया में सामुहिक चेतना का विकास किया जो बताता है कि यदि यह जीवन यर्थात् है या दुनिया यथार्थ है तो इस जगत में बोले गये शद्ध भी यथार्थ हैं। आदिवासी जीवन दर्शन को परिभाषित करते हुए एक लेख में वंदना टेटे कहती है–आदिवासी दर्शन प्रकृतिवादी है। आदिवासी समाज धरती, प्रकृति और सृष्टि के ज्ञात–अज्ञात निर्देश अनुशासन और विधान को सर्वोच्च स्थान देता है। उसके दर्शन में सत्य–असत्य, सुंदर असुंदर, मनुष्य–अमनुष्य जैसी कोई अवधारणा नहीं है न ही वह मनुष्य को उसके बुद्धि –विवके अथवा मनुष्यता के कारण महान मानता है। उसका दृढ़ विश्वास है कि सृष्टि में जो कुछ भी सजीव और निर्जीव है, सब समान है। न कोई बड़ा है न कोई छोटा। न कोई दलित है न कोई ब्राह्मण। सब अर्थवान है एवं सबका अस्तित्व एक समान है। चाहे वह कीड़ा हो, पौधा हो या कि मनुष्य हो।[5]

आदिवासी विश्वास को पुरखा कहावतों, गीतों और कथाओं में मौखिक रूप से सहेजने और हस्तांतरित करने की परंपरा रही है। सामुहिकता आदिवासी संस्कृति का मूल आध ाार है। इनके जीवन में नृत्य है, गीत है, संगीत है, आखेट है और अनुष्ठान है। इन सबके बिना आदिवासी नहीं हुआ जा सकता। गीत गाने के लिए नाचना जरूरी है, नाचने के लिए बजाना जरूरी है और इन सबके लिए प्रकृति का साहचर्य होना जरूरी है, सामूहिक होना जरूरी है। बाहरी समाजों की तरह यहाँ कोई अकेला गीतकार, गायक, वादक या नर्तक नहीं होता है। सामुहिकता की भावनाओं से भरी है आदिवासी कविता का स्वर। युवा कवि पार्वती तिर्की की कविता–

बसन्त के मौसम में
फूलों के खिलने पर वे लोग
चिड़ियों के साथ खुश हुए
क्योंकि इन चिड़ियों ने ही
हवाओं में मधुर राग छेड़ा
और उनके अनुराग ने ही
बादलों को धरती पर उतारा
जिससे उसकी मिट्टी
हमेशा उपजाऊ बनी रही।[6]

प्रारंभिक आदिवासी कविताओं का स्वर बेहद तीव्र व प्रतिरोधी

किस्म का था लेकिन हाल के वर्षों में कविताओं का स्वर स्थानिकता व आदिवासी समाज के भीतरी अंतद्वंदो को लेकर लिखी जा रही है। कल तक जो आदिवासी समाज ग्रामीण व अपने देशी स्वभाव के कारण जाना जाता था आज वहाँ शहरी वातावरण का प्रभाव साफ तौर से देखा जा सकता है। इन सब बाहरी हस्तक्षेपों के बावजूद भी आदिवासी समाज आज भी तथाकथित मुख्यधारा के समाज से अलग सांस्कृतिक साहचर्य के साथ जीवन यापन कर रहा है।

आदिवासी लोक को समझने के लिए सबसे जरूरी है आदिवासी स्त्री को समझना। आदिवासी समाज अपने मौ. लिक रूप में मातृसतात्मक समाज रहा है। लेकिन वहां भी अलग–अलग समुदायों के अपने–अपने नियम है। आदिवासियों की अति प्राचीन संस्कृति को लोक साहित्य में देखें तो पायेगे कि स्त्री आदिम युग में अपने आप में संपूर्ण थी, विशेषकर लोक कथाओं में। जब तक आदिवासी समाज में गोत्र का बंटबारा हुआ तब तक परिवार की अवधारणा बन चुकी थी और परिवार में स्त्री पत्नी होने के साथ–साथ सहयोगिनी के रूप में प्रतिष्ठित थी। वह अपने विचार पारिवारिक मामलों में व्यक्त कर सकती थी। लोकगीतों में स्त्री सदैव सुख दुख की साथी के रूप में ही मिलती है। लेकिन आगे चलाकर अन्य जातियों के सम्पर्क में आने के बाद लोक मूल्यों में भारी बदलाव भी देखने को मिलता है। रमणिका गुप्ता लिखती है–भारतीय संस्कृति के बिल्कुल विपरित आदिवासी स्त्री को अपना वर खुद चुनने की इजाजत है। इसके लिए वह न तो दण्डित होती है और न दोषी करार दी जाती है। उनके यहाँ घोटुल प्रथा चालू थी जहां युवा लड़के–लड़कियों को एक साथ रखकर सब प्रकार का ज्ञान दिया जाता था। यह उनका प्रशिक्षण स्थल था। इसलिए भारत की अन्य स्त्रियों के विपरित आदिवासी लड़कियां लड़कों को देखकर न तो मोम की तरह पिघलती है और न बर्फ की तरफ पानी–पानी हो जाती है बल्कि वे उससे बतियाती है, परखती है और अगर जीवन साथ निभ. ाने का स्कोप देखती है तो दोनों रजामंदी से व्याह भी कर लेते है।

बहुत डांटती हो मां, बाबा बहुत डाटते है
पसंद किए लड़के के पास चली जाऊंगी
पसंद की हुई लड़की के पास चला जाऊंगा।[8]

उपरोक्त आदिवासी कुडुख गीतों के अनुवाद में एक लड़की की मीठी उलाहना देखी जा सकती है।

अपनी एक कविता 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा।' में निर्मला पुतुल कहती है–

मत चुनना ऐसा पर
जो पोचई और हड़िया में डूबा रहता हो अक्सर
काहिल निकम्मा हो
माहिर हो मेले से लड़कियां उड़ा ले जाने में
ऐसा वर मत चुनना मेरी खातिर।[9]

आदिवासी लोक जीवन को समझने का दूसरा सबसे मजबूत स्तंभ भाषा है। इनके गीत–गानों व त्योहारों का अधिकांश भाग आदिवासी बोली व भाषाओं में है जहां हिन्दी भाषी समाज की पहुंच सीमित है। हिन्दी कविताओं के रूप में जो मिलता है वह उनके लोक जीवन का भाषानुवाद है। किसी भी भाषा को संस्कृति का प्रतिरूप ही माना जाता है। किसी भी समाज की जातीय चेतना उसकी अपनी भाषा और संस्कृति में व्यक्त होती है। भाषा का मरना उसकी संस्कृति के मरने का प्रमाण होता है। इस संबंध में प्रो0 प्रभाकर सिंह कहते है–कि, ''भूमंडलीकरण की इस आंधी में सबसे बड़ा खतरा भाषाओं पर है, खासकर जनभाषाओं और आदिवासी भाषाओं पर है। इन भाषाओं पर सबसे अधिक खतरा इसलिए है कि इनका संरक्षण नहीं है वह वाचिक और मौखिक परम्परा में है।''[10]

इन्हीं भाषाओं व बोलियों के संरक्षण में समुचा आदिवासी बौद्धिक समुदाय लगा हुआ है ताकि इनके माध्यम से वह अपनो समाज व संस्कृति का संरक्षण कर सके।

भर रही है
कोई आदिम भाषा
हथियारों से लैस वे
नहीं आए उसे बचाने
व्यस्त रहे चुराने में
उसके गले से अद्भुत हार
उसके कानों से बालियां
उसकी छाती से गोदने।[11]

हाल के वर्षों में आदिवासी समाज भाषाई, धार्मिक व सांस्कृतिक स्तर पर संक्रमण काल के दौर से गुजर रहा है। विकास के नाम पर हुए दोहन ने जितना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है उससे कहीं अधिक नुकसान आदिवासी समाज का हुआ है। जंगल आदिवासियों का घर होता है लेकिन सत्ता ने विकास व कानून की अपनी व्याख्या कर उनसे उनका घर छिन लिया। विस्थापन आदिवासी समाज की सबसे बड़ी समस्या है। विस्थापन केवल मानव का ही नहीं होता है। बल्कि उसके साथ–साथ उनकी भाषा व संस्कृति का भी होता है। भारतीय आदिवासियों को बाहर के हमलावरों या अंग्रेजों के उपनिवेशवाद ने तो नुकसान पहुंचाया ही उससे भी ज्यादा नुकसान भारत की सरकार, नौकरशाही और भारत के मैदानी लोगों के उपनिवेशवाद ने पहुंचाया। आजादी के पहले भारत के मैदानी इलाकों के सूद खोरों, जमीदारों और व्यापारियों ने उनका बहुत शोषण किया है। वहीं आजादी के बाद औद्योगिक विकास व सरकार की पूँजीवादी नीतियों के कारण वे अपने ही देश में विस्थापितों की तरह जीवन जीने को मजबुर होते चले गये समकालीन आदिवासी कविता दोहरे स्तरों पर लड़ रही है। एक तरफ वह सरकारी नीतियों व पुंजीपतियों से लड़ रही है तो दूसरी तरफ अपने उन लोगों से जो इन मिशनरियों के एजेंट के तौर पर आदिवासी समाज में काम कर रहे है। आदिवासी हिन्दी कविता आदिवासी समाज के कठिन एवं विपरित परिस्थितियों से जुड़े जीवन से संबंधित है अतः स्वाभाविक है

कि इसमें मनोरंजन के लिए स्थान नही है इसके बरक्स निरंतर विभिन्न परिस्थितियों से जूझते रहने का चित्रण अधिक है। भिन्न भौगोलिक एवं पर्यावरणीय परिस्थितियों में जैसे पेड़–पौधे एवं जीव जन्तु जीवित रहते है लेकिन अपने भौगोलिक क्षेत्र या पर्यावरण से अलग कर दिए जाने पर वे या तो मर जाते है या उनके रूप या आकार में परिवर्तन हो जाता है वही गति साहित्य से जुड़े प्रश्नों की भी है। हर भाषा या समाज का साहित्य इसी तरह अपने भूगोल एवं मानसिक पर्यावरण में विकसित होता है, जो बाद में अपने से भिन्न परिवेश के साहित्य से संवाद स्थापित कर देश दुनिया को कुछ कदम आगे ले जाने का कार्य करता है। आदिवासी हिन्दी कविता ने ठीक यही काम किया है। उसने दुनिया को अपनी कविता के माध्यम से बताया उनका समाज कैसा था, कैसा है और किन–किन दैनिक संघर्षों से होकर गुजर रहा है।

वह कौन सा जंगली जानवर था चुड़का सोरेन
जो जंगल लकड़ी बीनने गयी तुम्हारी बहन मुंगली को
उठाकर ले भागा?
तुम्हारी भाषा में बोलता वह कौन है
जो तुम्हारे भीतर बैठा कुतर रहा है
तुम्हारे विश्वास की जड़े?।[12]

अतः निष्कर्ष के रूप में हम कह सकते है कि आदिवासी साहित्य लोकतंत्र के एक सार्थक पहलू के रूप में उभर रहा है। यह साहित्य केवल आत्म सम्मान का संघर्ष मात्र नहीं है बल्कि इसमें विकास, विस्थापन, कहीं पर पिछड़ जाने या हार जाने के बावजूद धूल झाड़कर उठ लेने के बाद पुनः संघर्ष करने आकांक्षा भी है। इसमें जीवन को हर तरह से बेहतर बनाने की जबरदस्त ललक है। जंगल, पहाड़ की हरियाली, खेल खलिहान के अन्न, बचाने, नई परिस्थितियों में खुद को खोजने एवं परिभाषित करने की आकांक्षा इसमें समाहित है। जल, जंगल जमीन और जीवन के प्रश्नों को अपने लिए सीमित न कर देश दुनिया से समकालीन आदिवासी हिन्दी कविता अपनी व्यापकता में अपनी जीवन शैली की सीमा से परे उन हर मानवीय पक्षों, संघर्षों एवं संवेदनाओं को जगाता है, झिंझोड़ता है, ललकारता है जो किसी कारण वश जबरन सुला दिए, दबा दिए या उपेक्षित कर दिये गए थे। इसमें हर अमानवीय और असंवैधानिक पहलुओं के प्रति स्वतः स्फूर्त विरोध है।

किसी भी समाज की आरंभिक रचनाएं उस भाषा के लोकगीतों में ही दर्ज होती है। अतः आदिवासी समाज की भी प्रारंभिक रचनाएं उनके लोकगीतों में है मांदर की थापों के रूप में जिंदा है तो वही दूसरी ओर शहरीकरण से प्रभावित होकर सेमिनारों, संगोष्ठियों की बहसों का मुद्दा बन कर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। इस तरह आदिवासी हिन्दी कविता आदिवासी समाज की समस्याओं के साथ–साथ भारत में होने वाले बदलावों व घटनाओं को अपनी कविता का विषय बनाकर चल रही है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची–

1.हरिराम मीणा, आदिवासी दुनिया, चुनिंदा मुद्दों का विमर्श, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत, नई दिल्ली, 2016
2.रमणिका गुप्ता, भारत का आदिवासी स्वर (सं0) अनन्य प्रकाशन, 2018, पृ0 27
3.महादेव टोप्पो, जंगल पहाड़ के पाठ, अनुज्ञा बुक्स, दिल्ली, 2017, पृ0 14
4.जसिंता केरकेट्टा, जड़ों की जमीन, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2018, पृ0 156
5.वंदना टेटे (सं0) आदिवासी दर्शन और साहित्य, नेशन प्रेस डांट काम इंडिया, 2021, पृ0 37
6.पार्वती तिर्की, फिर उगना, राधाकृष्ण, पेपर बैक्स, नई दिल्ली, 2023, पृ0 45
7.रमणिका गुप्ता, भारत का आदिवासी स्वर (सं0) अनन्य प्रकाशन, 2018, पृ0 27
8.पार्वती तिर्की, फिर उगना, राधाकृष्ण, पेपर बैक्स, नई दिल्ली, 2023, पृ0 127
9.निर्मला पुतुल, नगाड़े की तरह बजते है शब्द, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2012, पृ0 50
10.अनुज लुगुन (सं0) आदिवासी अस्मिता प्रभुत्व और प्रतिरोधा, अनन्य प्रकाशन, दिल्ली, 2018, पृ0 58
11.जसिंता केरकेट्टा, ईश्वर और बाजार, राजकमल पेपर बैक्स, नई दिल्ली, 2022, पृ0 72
12.अनुज लुगुन, अघोषित उल्गुलान, राजकमल पेपर बैक्स, नई दिल्ली, 2023, पृ0 118

****

आदिवासी समाज का ज्वलंत दस्तावेज : पांव तले की दूब

-एकता
शोधार्थी,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
ईमेल ekta070290@gmail.com
मो.नं.9654296190

पांव तले की दूब उपन्यास संजीव द्वारा आत्मकथात्मक शैली में लिखा गया उपन्यास है। जिसमें लेखक सुदीप्त की आत्मकथा में सुदीप्त पात्र का वर्णन न करके पंचपहाड़ी क्षेत्र में स्थित डोकरी ताप विद्युत संस्थान, मेझिया तथा बधामुंडी गाँव का यथार्थ वर्णन करते हुए आदिवासी समाज के कुछ अनछुए पहलुओं को उजागर करने का प्रयास करता है। इस उपन्यास में लेखक मुख्य रूप से झारखण्ड आंदोलन, आदिवासी समाज की समस्या एवं अपने जीवन से संघर्ष करते हुए आदिवासी समाज के यथार्थ को प्रकाश में लाते हैं। प्रस्तुत उपन्यास झारखण्ड आंदोलन को केन्द्र में रखकर चलता है यह उपन्यास झारखण्ड के अलग राज्य के बनने से पूर्व लिखा गया था। पांव तले की दूब उपन्यास में लेखक आदिवासी समाज के लोगों की जीवन पद्धति पर प्रकाश डालते हैं जहां पर व्यक्ति को दो समय की रोटी जुटाने के लिए अथक परिश्रम करना पड़ता है। इतने अथक परिश्रम के पश्चात् भी ये लोग अपने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं जैसे पेट भरने के लिए रोटी, पहनने के लिए निम्नतम कपड़े, पैरों में चप्पल आदि को नहीं जुटा पाते। मेझिया गांव के लोगों की स्थिति का वर्णन करते हुए समीर कहता है **"कई आदिवासी घरों में घुमाते हुए तुम मुझे ले चल रहे थे। वे इतने गरीब थे कि कपड़ो के नाम पर चिथड़े का कच्छा पहने हुए थे। पुट्ठे तक खुले हुए। औरतें जैसे–तैसे बदन ढके हुए थीं। बच्चे कंगालों जैसे।"**[1] जीवन में इतनी परेशानी होने के पश्चात् आदिवासी समाज के लोग पर्व एवं त्यौहारों को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हैं क्योंकि इन्हीं पर्वों–त्यौहारों में ये लोग आनंद की अनुभूति कर अपने दुखों को भूल पाते हैं जिसके कारण इनको जीवन में अनेक तरह की कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है जिसका फायदा बाह्य पंजीपति लोग उठाते हैं। लेखक के शब्दों में **"आदिवासी लोगों की दो कमजोर नसें हैं– अरण्यमुखी संस्कृति और उत्सवधर्मिता। अरण्यमुखी संस्कृति उन्हें सभ्यता के विकास से जुड़ने नहीं देती और उत्सवधर्मिता इन्हें कंगाल बनाती रहती है। हड़िया या दारू ये पियेंगे ही और हर उत्सव को मस्त होकर मनाएँगे।"**[2]

आज भी आदिवासी समाज में कुछ अंधविश्वास व्याप्त हैं जिसके कारण उनको जीवन में अनेक तरह की कठिइयों का सामना करना पड़ता है। आज भी आदिवासी समाज में डायन प्रथा विद्यमान है जिसके कारण किसी भी स्त्री जिसके बच्चे ना हो को डायन घोषित करके अनेक तरह से प्रताड़ित करके मार दिया जाता है। जो कि आदिवासी समाज में बहुत ही बड़ी समस्या है। उपन्यास में मेझिया गांव में बाह्य प्रदूषण एवं गंदे पानी की वजह से समाज में अनेक तरह की बीमारियाँ फैलती हैं। जिसके कारण वहाँ पर पशुओं की मृत्यु तथा लोग लकवा जैसी बीम. ारियों का शिकार होते हैं। किंतु गांव के ओझा लोग इसका कारण बांझ मंजरी को मानते हैं और उसे डायन घोषित करके मार दिया जाता है। पण्डित सुदीप्त को बताते हुए कहता है **"ओझा ने ही उस औरत को डायन कहकर उकसाया था– तीन सौ रुपये और एक बकरे की मांग कर रहा था।"**[3]

आदिवासी समाज के अशिक्षित होने के कारण वहाँ पर आज भी अंधविश्वास देखने को मिलता है लोग जीवन में प्रत्येक कार्य को ओझा की सहायता से करते हैं। उपन्यास में मेझिया गांव में बिजली के कारखाने के गंदे पानी तथा चिम. नियों से निकलने वाली जहरीली हवा के कारण गांव में तरह–तरह के रोग उत्पन्न होते हैं। इसी गंदे पानी तथा जहरीली हवा के कारण मांझी हडाम की बेटी को लकवा मार जाता है। जिसका डॉक्टर के पास इलाज न होकर ओझा के

पास इलाज कराते हैं जहाँ पर उसका उचित तरीके से इलाज नहीं हो पाता है। मांझी हड़ाम दुखी होकर सुदीप्त को कहता है **''हुँआ कौन सुनता? ले गए थे। डाँट के भगा दिया डागडर। तब से झड़ाई–फुँकाई होता है। काली बोला– रोग कुदायक के बाद ठीक हो जाएगा।''**[4] इसी अंधविश्वास तथा बाहरी प्रहारों से आदिवासी समाज का विकास नहीं हो पाता जिसके कारण उनको जीवन में अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

आज के समय में बड़े–बड़े पूँजीपति तथा उद्योगपति न केवल आदिवासी क्षेत्रों में हस्तक्षेप करते हैं बल्कि व्यापार में वृद्धि उद्योगों एवं कम्पनियों को बढ़ावा देने के लिए प्रकृति का दोहन भी करते हैं। जिससे समाज में अनेक तरह की समस्याएँ उत्पन्न होती है। उपन्यास में लेखक मेझिया गांव में स्थित बिजली के कारखाने, ताप विद्युत संस्थान तथा चिम्नियों से निकलने वाले धुँए से वहाँ की वायु प्रदूषित होती है जिसके कारण पूरे वातावरण पेड़–पौधों पर कालिख जमी हुई दिखाई देती है। और इसका स्पष्ट प्रभाव वहाँ की प्रकृति तथा मनुष्यों के जीवन पर पड़ता हुआ दिखाई देता है। लेखक के शब्दों में **''कई लड़के–लड़कियाँ और बूढ़े लकवे के मारे से दिख रहे थे और उस पर उनके स्याह चेहरों की भयावनी उजली आँखे। भरी दोपहरी मुझ पर प्रतों और डायनों का साया मँडराने लगा।''**[5]

सदियों से आदिवासी समाज के साथ विश्वासघात किया गया है। बढ़ते बाह्य प्रवेश से आदिवासी जंगलों पर अपना अधिकार स्थापित कर उनको उनके ही जंगलों से बाहर किया जाता है। उपन्यास में मेझिया गांव में स्थित उद्योगों से वहाँ के आदिवासियों के जंगलों पर प्रवेश पर रोक लगा दी जाती है। जिसके कारण प्रकृति से मिलने वाली मूलभूत सहायता से वंचित होने के कारण उनको अनेक तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जंगलों में प्रवेश पर रोक लगने से किस्कू गुस्से के स्वर में सुदीप्त को कहता है **''साहब सरकार तो मेहरबान है न हम पर?..... ये ई मेहरबानी है न कि जिस छोटा बुरू के जंगल शालवनी से हमरा बाप–दादा काठ काट के लाता रहा है, अब हमरा–जनाना दतुवन भी नहीं तोड़ने सकता?''**[6]

झारखण्ड प्रदेश खनिज सम्पदा से भरपूर होने के कारण यहाँ पर सरकारी सहायता के परिणामस्वरूप अनेकानेक उद्योगों को बढ़ावा दिया जाता है। उपन्यास में लेखक इसी यथार्थ पर प्रकाश डालते हैं जहाँ पर मेझिया गांव में विकास के नाम पर अनेक उद्योग को स्थापित किया जाता है जिसके कारण वहाँ के लोगों को जमीन देने के बदले में कोई मुआवजा या रहने के लिए जगह नहीं मिलती। मिलता है केवल विस्थापन का दर्द। आदिवासी समाज के इसी यथार्थ पर प्रकाश डालते हुए सुदीप्त कहता है **''अन्याय देखो, आदिवासियों को, जमीन पर ये कार खाने लग रहे हैं, उन्हें टोटली डिप्राइव किया जा रहा है– इस सम्पत्ति में उनकी भागीदारी तो खत्म की ही जा रही है, उन्हें जमीन से भी बेदखल किया जा रहा है, मुआवजा भी अफसरों के पेट में!''**[7]

लेखक पाँव तले की दूब उपन्यास में आदिवासियों के साथ हुए अन्याय के अनेकानेक वीभत्स रूप को प्रकट करता है। जहाँ पर बढ़ते उद्योगों से देश का विकास तो हुआ किन्तु इससे आदिवासी समाज दिन–प्रतिदिन पतन की खाई में गिरता ही गया। सुदीप्त आदिवासियों की स्थिति को देखते हुए कहता है। **''यहाँ 'डोकरी' और 'मकरा' नाम के दो गांव हुआ करते थे। किसी ने फूंक मारकर उड़ा दिया था उन्हें। कहाँ गए वे विस्थापित लोग? उड़ी हुई गर्द की तरह जहाँ–जहाँ थिरा रहे होंगे लोग।''**[8] बढ़ते कॉरपोरेट के विकास ने खुशहाल जीवन को तहस–नहस कर दिया है। इस विस्थापन से आदिवासी समाज अपनी संस्कृति से दूर होकर हर स्थान पर अपने को असुरक्षित महसूस करता है। यह स्थिति केवल मेझिया या बाघमुंडी गांव के लोगों की नहीं है अपितु पूरे झारखण्ड को विकास के नाम पर लूटने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके कारण वहाँ के आदिवासियों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ता है।

पाँव तले की दूब उपन्यास में लेखक सुदीप्त एवं अन्य आदिवासी समाज में परिवर्तन के लिए संघर्ष करते है कुछ हद तक उनका संघर्ष सफल होता भी दिखाई देता है

जैसे मेझिया गांव की स्थिति में परिवर्तन जिससे वहाँ पर पुनः हरियाली, शुद्ध हवा एवं पानी दिखाई देता है। तो दूसरी तरफ आदिवासी जंगलों को बचाने के लिए सुदीप्त, किस्कू, गोपाल, फिलिप एवं अन्य आदिवासी संघर्ष करते हैं। किन्तु सरकार के दुमुँहे रवैये के कारण तथा बड़े–बड़े नेताओं का कारपोरेटरों से हाथ मिलाने के कारण उनका संघर्ष विफल होता दिखाई देता है। बढ़ते कारपोरेटरो के अंधाधुंध जंगलों के दोहन से परेशान होकर उनका विरोध करते हुए फिलिप कहता है **''मुझे मत रोकिए, सर!' फिलिप उत्तेजना में बुरी तरह हाँफ रहा था, 'ये जंगल हमारे होते तो हमारी सुनी जाती। ये जंगल हमारे होते तो इसे सुक्खूसिंह न कटवा पाते, न ही सरदार इसे बाहर भेज पाते। हमारे होते तो, रोकने पर पुलिस हमीं को न पीटती। यह पूरा झारखण्ड अभयारण्य है सर! अभयारण्य इन सालों का और हम इनकी खुराक!' वह बोल रहा था और पसीने से नहाए उसके खूँखारे चेहरे पर लपटें चिलक रही थीं मानो वह अन्दर से जल रहा हो।''**[9]

आदिवासी क्षेत्र खनिज सम्पदा से भरपूर होने के बावजूद भी आदिवासी समान निहायत गरीबी जीवन व्यतीत कर रहा है। पांव तले की दूब उपन्यास में लेखक आदिवासी समाज के यथार्थ पर प्रकाश डालते है। जिसमें लेखक आदिवासी समाज का अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता को प्रस्तुत करते हैं। जो अपने जंगलों को बचाने के लिए अथक संघर्ष करते हैं। फिलिप एक आदिवासी युवक है जो अपने जंगलों को बचाने के लिए सभा में कहता है– **''यह धरती, हमारी धरती सोना उगलती है और उस सोने की धरती की हम कंगाल सन्तान हैं।..... हम अपने झारखण्ड से आपको एक चीज भी बाहर ले जाने नहीं देंगे– न कोयला, न लोहा, न जिंक, न अलमुनियम, न पत्थर, न लकड़ी–कुछ भी नहीं।..... पर एक बात फैसला लेते समय याद रहे–जहाँ आप बैठे हैं, वहाँ कभी पेड़ हुआ करते थे–कहाँ चले गए।''**[10]

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि पांव तले की दूब उपन्यास में लेखक आदिवासी समाज के विभिन्न स्तरों पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन की समस्याओं का यथार्थ चित्रण करते हैं। जहाँ पर समस्याओं का अंत केवल इनका संघर्ष तथा समाज में परिवर्तन है और इनका यह संघर्ष ही शोषण रूपी पहाड़ का अंत करने में सक्षम है।

संदर्भ सूचीः–

1. पांव तले की दूब, संजीव, पृ.सं. 14
2. वही, पृ. 14
3. वही, पृ. 28
4. वही, पृ. 66
5. वही, पृ. 65
6. वही, पृ. 65
7. वही, पृ. 17
8. वही, पृ. 24
10. वही, पृ. 98
11. वही, पृ. 93

****

आदिवासी साहित्य आदिवासी के सामाजिक एवं सांस्कृतिक अस्मिता के प्रश्न

-कुलदीप कुमार गौतम
शोधार्थी, हिन्दी विभाग
ईश्वर शरण पी.जी. कालेज
(इलाहाबाद विश्वविद्यालय), प्रयागराज
मो. 8545804779
Email-kuldeep26795gautam@gmail.com

शोध सारांश- किसी भी समाज में परिवर्तन होना स्वाभाविक है, और समाज के परिवर्तन के साथ-साथ साहित्य में भी परिवर्तन होता जाता है। आदिवासी साहित्य में भी अपने समय के अनुकूल परिवर्तन हुआ है। यह परिवर्तन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आदिवासी और सभ्य कहे जाने वाले शहरी एवं ग्रामीण सभ्यता को भी प्रभावित करता है। आदिवासी समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक स्थिति विभिन्न परिप्रेक्ष्यों में नगरीय सभ्यता से कहीं ज्यादा बेहतर नजर आती है। नगरीय सभ्यता ने आदिवासी समाज के व्यक्तियों को उपभोक्ता के रूप में प्रयोग किया है, उनके विकास का हवाला देकर सभ्य कहे जाने वाले समाज ने केवल उनका शोषण ही किया है। एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि जनजातियों के विभिन्न धर्मों में धर्मांतरण उनके अपने धर्म के होने या न होने का सवाल खड़ा करता है। इस शोध का उद्देश्य इन्हीं सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रश्नों पर विचार करते हुए इस लेख द्वारा आदिवासी समाज में हुए विकासगत परिवर्तन को रेखांकित करना एवं उससे आदिवासी समाज पर पड़नेवाले प्रभाव को दिखाना तथा आदिवासी समाज पर पूँजीवादी विकास व नगरीय सभ्यता के हस्तक्षेप को रेखांकित करना मेरा उद्देश्य है। इसी विकास के नाम पर पूँजिपतियों ने आदिवासियों के जंगल में जो घुसपैठ किया और उससे आदिवासी जीवन एवं उनकी अस्मिता पर जो खतरा बढ़ा है इसे देखने-समझने की कोशिश भी इस लेख का उद्देश्य है।

मुख्य शब्द- *साहित्य और समाज, सांस्कृतिक-सामाजिक परिवर्तन, उपनिवेशवाद और उत्तर आधुनिक्तावाद, सांस्कृतिक विविधता, संत्रास एवं हीनताबोध से मुक्ति, आदिवासी अस्मिता और साहित्य।*

भारतीय समाज विभिन्नताओं का समाज रहा है। इस देश ने तमाम सभ्यताओं के विकास व विनाश को भी देखा है। आज वर्तमान भारतीय समाज में विभिन्नताओं का पुंज बना हुआ है- जिसमें भिन्न-भिन्न धर्म, जाति एवं समुदाय के लोग निवास कर रहे हैं। आज भारत की तमाम जनसंख्या भले ही विकास की बुलंदियों को न केवल पार कर रही है बल्कि चाँद, तारे, सूरज अर्थात् पृथ्वी से बाहरी सभ्यता के रूप बसने की आशा संजोए हुए है। किन्तु आज भी इस देश का या फिर इस देश का ही क्यों सम्पूर्ण विश्व जगत का एक तबका अपनी बुनियादी आवश्यकताओं से भी वंचित है। इसी वंचित समुदाय को आदिवासी या जनजाति आदि नामों से पुकारा गया है। सम्पूर्ण विश्व में भारत आदिवासियों का दूसरा सबसे बड़ा निवास क्षेत्र है। विश्व में सबसे अधिक आदिवासी दक्षिण अफ्रीका में निवास करते हैं। जबकि ''भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत (10 करोड़) जितना एक बड़ा हिस्सा आदिवासियों का है।''[1]

आदिवासी समाज को समझने के लिए यदि हम इसके शाब्दिक अर्थ को समझे तो 'आदिवासी' शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है 'आदि' और 'वासी' जिसमें आदि का अर्थ है 'पहले से' और 'वासी' का अर्थ 'निवास करने' से माना जाना चाहिए। इस प्रकार आदिवासी का शब्दिक अर्थ है जो पहले या जो प्राथमिक रूप से विद्यमान हो या रह रहा हो। अर्थात् वह जन समूह जो मूल निवासी है जो मूलतः अपनी प्राथमिक स्थिति में आज भी निवास कर रहा है। मूलतः आदिवासी समाज मानव सभ्यता का प्रारम्भिक रूप है। वह आज भी अपने मूल रूप में किस तरह जीवित रह रहा है यह एक प्रकार सोचने, विचार करने एवं सुधार कर मूख्यधारा से जोड़ने का प्रश्न है किन्तु साथ ही साथ उनकी प्राकृतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों और मान्यताओं की रक्षा कर उसे सुरक्षित रखने का प्रश्न भी सामने खड़ा होता है। इस प्रश्न पर लगातार विचार-विमर्श आदिवासी एवं गैर आदिवासी विचारकों ने किया है किन्तु गैरआदिवासी विमर्शकार सभ्यता के इस प्रश्न को समझने में सहज न हो पाये हैं।

आज के भूमण्डलीकरण, उपनिवेशवाद एवं उत्तर आधुनिकतावाद के दौर में भी देखें तो आदिवासी समाज इनसे अभी बहुत दूर रहकर भी बच नहीं पाया है। आज के आधुनिकीकरण के दौर में जहाँ उसके जल, जंगल और जमीन की समस्या के विकराल रूप

उसके सामने आये हैं तो वहीं पर दूसरी तरफ डिजिटलीकरण से लाभ भी आदिवासी समाज को पहुँचा है। इस उपनिवेशवादी प्रशासन व्यवस्था जो कि आदिवासी समाज में आधुनिकता के लोभ से उनकी जल, जंगल, जमीन हथियाने का कार्य कर रही है। यह प्रश्न आदिवासी चिंतकों को हमेशा अखरता रहा है। दूसरा कि एक आदिवासी भारत के व्यक्ति किस धर्म के व्यक्ति के रूप में जाना जाये? आखिर उसका धर्म कौन सा है? भारतीय संविधान के अनुसार यहाँ निवास करने वाले, हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, जैन, बौद्ध पारसी इत्यादि के अतिरिक्त एक धार्मिक कॉलम बनाया जाता है जिसको कहा जाता है 'अन्य' यह अन्य किस धर्म का अंश है यह कौन सा धर्म है? क्या आदिवासी धर्म विहीन समाज से आते हैं? तीसरा प्रश्न है कि आदिवासी समाज में हीनता का होना क्योंकि अभी तक उसने अपने ऐतिहासिक पक्ष को देखने का प्रयत्न नहीं किया यदि किया भी है तो वह भी किसी गैर आदिवासी ने जिसने जिस रूप में चाहा है उस रूप में वर्णन किया है। इधर हाल-फिलहाल के कुछ वर्षों में कुछ पुस्तकें जरूर आयी हैं जिन्होंने आदिवासी जनजातियों के वीर सपूतों की महाकथा का वर्णन करने का प्रयत्न किया है किन्तु फिर भी इस कार्य में इतनी देरी क्यों? इतनी उदासीनता भारतीय विद्वानों द्वारा क्यों? यह सभी प्रश्न आज भी आदिवासी साहित्य के विमर्श के मुख्य विषय एवं उद्देश्य रहे हैं।

आदिवासी समाज आरंभ से ही प्रकृति की गोद में पलने एवं समृद्ध होने वाला समाज रहा है। इस समाज ने महानगरीय सभ्यता की चपेट से बहुत अलग रहने का प्रयत्न किया है किन्तु वैश्वीकरण ने इस समाज को भी अछूता नहीं छोड़ा है। अर्थात् इस आधुनिकतावादी दौर ने एक दूसरे के सामाजिक, ऐतिहासिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पक्ष को प्रभावित किया। यही कारण रहा है कि आदिवासी समाज का भारतीय समाज पर प्रभाव बहुत ही गहरा पड़ा है क्योंकि वर्तमान भारतीय समाज एक आयातित जाति है जबकि आदिवासी जातियाँ भारत की मूल निवासी हैं। अपने एक लेख में प्रमुख आदिवासी महिला चिन्तक वंदना टेटे जी लिखती हैं- "भारतीय प्राचीन इतिहास एवं दंतकथाओं में निहित धार्मिक तथा सांस्कृतिक रीति-रिवाज केवल अनार्यों से आयी हुई है वस्तुतः यह आर्य-भाषा में रूपान्तरण मात्र है।.....संक्षेप में, कर्म तथा परलोक के सिद्धान्त योग-साधना, शिव, देवी तथा विष्णु को परमात्मा के रूप में मानना, वैदिक 'हवन'-पद्धति के समक्ष नई 'पूजा'-रीति का हिन्दुओं में आना, आदि।"[2] अतः स्पष्ट है कि दोनों समाज के एक- दूसरे से प्रभावित होने की भी अलग ही परंपरा रही है।

आदिवासी समाज को मुख्यतः एक बर्बर, जंगली, क्रूर एवं असभ्य तक कहा जाता रहा है किन्तु यह समाज अपने अस्तित्व, पहचान एवं अपनी संस्कृति को बचाए रखने के संघर्ष के लिए पहचानी जानी चाहिए। किन्तु आदिवासी समाज पर नगरीय भारतीय सभ्यता का इतना भयावह प्रभाव पड़ा है कि डॉ. रामदयाल मुंडा को 'विकास का दर्द' नाम से कविता ही लिखनी पड़ी है और यह जंगल का दर्द क्या है इसको उनकी इन पक्तियों के माध्यम से समझा जा सकता है-

"बन गया हूँ गीदड़
रहा दौड़
शहर की ओर
मरने के पहले
या कि एक पेड़
विशाल शाल का
गिरा
जा रहा चीरा
बीच मशीन आरा
देश के लिए
कहते हैं
विकास के लिए।"[3]

इस कविता में हम देख सकते हैं कि कवि विकास को कैसे परिभाषित कर रहा है जहाँ विकास का पूरा मॉडल प्रकृति के उजाड़ पर टिका है। यद्यपि कि आदिवासी समाज के स्त्रियों के संदर्भ में हम सभ्य कहे जाने वाले समाज को सीख लेने की बात विद्वान व विचारक करते रहते हैं किन्तु ऐसा भी नहीं है कि आदिवासी समाज में स्त्रियों की स्थिति बहुत संतोषजनक हो? आदिम जनजातियों में भी बहुपत्नी प्रथा का प्रचलन देखने को मिल जाता है उदाहराणार्थ-"उत्तर असम में इनके सरदार लोगों की प्रायः बहुत सी पत्नियाँ होती हैं परन्तु साधारण लोग एक ही विवाह से संतुष्ट रहते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के आदिवासियों में बहु-पत्नी प्रथा का एक बहुत बड़ा कारण आर्थिक है।" [4]अतः यहाँ पर यह स्पष्ट है कि बहुपत्नी प्रथा का एक कारण आर्थिक हो सकता है किन्तु यदि गौर किया जाये तब यह पूंजीवादी या जमींदारी व्यवस्था की ओर संकेत करता है क्योंकि जो व्यक्ति किसी परगना का सरदार बन कर बैठा है शक्तिशाली और तानाशाही कर सकता है अतः उसको छूट प्राप्त है कि वह

एक से अधिक पत्नी रख सकता है ऐसे में उस स्त्री की मनोदशा क्या हो सकती यह एक विचारणीय प्रश्न है।

आदिवासी समाज एक सम्पूर्ण व्यावहारिक समाज है इसकी अपनी एक अलग संस्कृति है, इसका अपना एक अलग समाज है जिसमें विकसित शहरी समाज की तुलना में कहीं ज्यादा प्रेम भाव, आतिथ्य एवं सत्कार व मेल-मिलाप है। इस समाज की सांस्कृतिक विविधता एवं मूल संवेदना के पक्ष में गोविंद वल्लभ पंत जी कहते हैं कि-''भारत एक विशाल देश है जहाँ धरातलीय एवं सांस्कृतिक विविधता पायी जाती है। वहाँ आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण स्थान है। ये ईश्वर की एक ऐसी अनुपम कृति है जिसने अपनी जीवन शैली स्वयं विकसित की है। उनके जीवन की खुशियाँ उनके लोकगीत, नृत्य की सतरंगी दुनियाँ में दिखाई देती है। इन आदिवासी समाज में सत्य के प्रति प्रेम, जीवन के प्रति लगाव, आत्मविश्वास सर्वत्र दिखाई देता है। ये सच्चे अर्थों में भूमिपुत्र हैं। जो प्रशंसा के पात्र हैं इन जनजातियों को पिछड़ा या असभ्य कहना उचित नहीं है। इनसे गैर जनजाति एवं अन्य लोगों को शिक्षा लेनी चाहिए।'' [5] ध्यान रहे कि यहाँ पर आत्मविश्वास शब्द थोड़ा अतिश्योक्तिपूर्ण भाव जरूर प्रदर्शित करने लगता है क्योंकि आदिवासियों में आत्मविश्वास अपने इतिहास के प्रति अपने वीरों के प्रति एवं उनके खोज करने के प्रति बहुत कम दिखाई देता रहा है किन्तु इधर के कुछ वर्षों में कुछ आदिवासी साहित्यकारों ने अपने विस्तृत इतिहास को खोजने का कार्य किया है। इसके सम्बन्ध में रमणिका गुप्ता जी कहती हैं कि ''पूर्वोत्तर के साहित्यकारों ने अपने लोकगीतों, लोक कथाओं से और शोधकर्ताओं ने गांव-गांव जा कर बड़े बुढ़ों से अपना इतिहास जुटाना शुरू कर दिया। उनकी शौर्य-गाथाएँ जो भारतीय इतिहास व साहित्य में स्थान नहीं पा सकी, लोक साहित्य में सदैव मौजूद रही। आज उन पर पूर्वोत्तर की समकालीन कलम भी चल रही है। ये गाथाएं नाटक लिजिन्द्री, कहानी व गीतों के रूप में प्रस्तुत हो रही हैं, तो इतिहास के पृष्ठों को भी सिरज रही है।''[6]आधुनिक युग में आदिवासी महापुरुषों के जितनी शौर्य गथाएँ सुनने को मिलती है उससे कहीं ज्यादा अभी इतिहास के पन्नों में दबी पड़ी है। अतः उनके स्वार्णिम इतिहास को उनके समक्ष रखने से उनमें आत्मगौरव का भाव जागृत होगा जिससे उनको कुण्ठा, संत्रास एवं हीनताबोध से मुक्ति मिल सकती है। उत्तर आधुनिकतावाद केंद्र से अलग हाशिए पर धकेल दिए गए इन्हीं इतिहास आदि पर विचार करने पर जोर देती है।

आदिवासी समाज का धार्मिक प्रश्न उलझा हुआ जान पड़ता है क्योंकि भारतीय प्राचीन समाज में चार वर्ण हुआ करते थे आज के भारत में भी चार ही वर्ग है अब इसमें उसे वर्ग तो दिया गया लेकिन उसके धर्म का प्रश्न आज भी वैसा ही बना है। हम सभ्य समाज के लोगों ने आदिवासियों को केवल उपभोक्ता के रूप में ही जोड़ा हुआ है। जबकि विभिन्न स्थानों पर उनके अपने धर्म होने की बात कही गयी है उदाहरण के लिए विकिपीडिया पर ही लिखा मिल जाता है कि ''आदिवासियों का अपना धर्म भी है। ये प्रकृति -पूजक हैं और वन, पर्वत, नदियों एवं सूर्य की आराधना करते हैं।'' [7] अब यहाँ प्रश्न यह उठ खड़ा होता है कि क्या हिन्दू समाज प्रकृति-पूजक नहीं है? जबकि वह भी पेड़, पौधों, पत्थरों आदि की पूजा-आराधना करता है फिर उसका धर्म सर्वमान्य है और आदिवासी समाज के लोगों को आज भी सरकारी दस्तावेजों में 'अन्य' वाला कॉलम ही मिलता है जब कि परिभाषा में वह भारत का मूल निवासी है।

आज के साहित्य में एक बात विशेष रूप से देखने को मिलती है कि किसी भी विमर्श पर उस समुदाय या समाज के लेखक, कवि या विचारक द्वारा न लिखकर उस समाज के बाहर जो न उनकी तरह त्रासदी के भुक्तभोगी होते हैं न ही उनके जीवन में घटित होता है लेकिन वह उस विमर्श के मर्मज्ञ बने उपदेश देने लगते हैं। यहाँ इस तथ्य के उल्लेख का अर्थ सिर्फ इतना है कि संदर्भित विमर्श पर उसी समाज के व्यक्ति की भागीदारी अधिक होनी चाहिए न कि बाहर के किसी अन्य की। 'रमणिका गुप्ता' जी ने 'आदिवासी स्वर और नयी शताब्दी' नामक पुस्तक का सम्पादन करते हुए उसकी भूमिका में लिखती हैं-''आज तक दूसरे लोग ही इन्हें उपदेश देते रहे हैं। ये स्वयं क्या चाहते हैं इसके बजाय केवल यही कहते रहे हैं-'''बस सुनो! जो हम कहते हैं- यही तुम्हारे हितार्थ है- हमारे अनुभव से लाभ उठाओ।'''[8]

अर्थात् यह बिन पढ़े ज्ञानी वाली बात हो गयी है जो वातानुकूलित परिसर से जंगल की आग, पानी, हवा के विशेषज्ञ हो चुके हैं। रमणिका गुप्ता जी वहीं पर आगे लिखती हैं-''उन्हें न तो वे अपने अनुभवों से सीखने का अवसर देते हैं, और ना ही कुछ कहने का।'' [9] इसी बात को स्पष्ट करने के लिए वाहरू सोनवणे ने अपनी'स्टेज' नामक कविता में हू-ब-हू व्यक्त किया है-

''हम स्टेज पर गये ही नहीं
और हमें बुलाय भी नहीं
ऊंगली के इशारे से
हमारी जगह

हमें दिखाई गई
वे स्टेज पर खड़ें होकर हमारा दुख
हमें ही बताते रहें।
हम बरबराए
कान देकर वे सुनते रहे
और हमारे कान पकड़ कर
हमें ही धमकाया
माफी मांगो नहीं तो....।"[10]

अर्थात् आदिवासी साहित्य में सहानुभूति का विषय अब बाजार का विषय बन चुका है, उपभोक्ता समझकर इस विकसित समाज ने उनके प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के साथ -साथ इनके क्षेत्र में घुसपैठ कर सामाजिक,आर्थिक एवं सांस्कृतिक शोषण करने का भी कार्य किया है। अर्थात् आदिवासी समाज को तथाकथित सभ्य समाज की सहानुभूति से बचकर स्वानुभूति का मार्ग चुनना आवश्यक है।

किसी समाज के विकास में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका शिक्षा व्यवस्था निभाती है, जिस समाज की भाषा, समाज एवं संस्कृति जिस तरह की हो शिक्षा व्यवस्था भी उसी के अनुकूल होनी चाहिए किन्तु आदिवासी समाज के लिए भारतीय शिक्षा व्यवस्था ने मुख्यधारा के अनुरूप ही अवसर प्रदान किया है। किन्तु नई शिक्षा नीति-2020 में भौगोलिक, सामाजिक, भाषायिक एवं सांस्कृतिक परिवेश के आधार पर शिक्षा के माध्यम को चुनने का निर्णय लिया है जिससे उनकी शैक्षिक हालात में सुधार की संभावना है। इसी से उनकी सामाजिक, राजनैतिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सम्पूर्णता प्रदान होगी। इसीलिए आज के परिवेश में यह भी कहना पूरी तरह ठीक नहीं हो सकता कि आदिवासी समाज को मुख्यधारा के परिवेश से संकट ही उत्पन्न होगा बल्कि तमाम सरकारी नीतियों से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं देश की नीतियों में सहभागिता भी सुनिश्चित होगी फिर वर्तमान में शिक्षा व्यवस्था के बदलते स्वरूप ने, शोषण, दमन एवं पक्षपात के विरुद्ध हुए सामाजिक आंदोलनों तथा आदिवासी साहित्य में जन्म लेते विचारकों ने अपने ऐतिहासिक एवं सामाजिक महत्त्व को समझा है जिससे उनमें स्वाभिमान के भाव पुनः प्रस्फुटित हुए हैं। परंतु पूँजीपतियों के हस्तक्षेप से जहाँ उनके जल, जंगल, जमीन का अनियंत्रित दोहन हो रहा है तो वहीं साहित्यिक घुसपैठ से उनके इतिहास, संस्कृति, धर्म और समाज को भी कोई विशेष लाभ नहीं हुआ है। अतः आदिवासी साहित्य पर उन्हीं के समाज की सहभागिता को नकार कर हम उनके विकास की बात करने का दावा ठोक रहे हैं जो केवल हमें उपनिवेशवादी ही साबित कर सकता है। जबकि किसी भी वंचित, शोषित, पीड़ित समाज का विकास उनकी सक्रिय सहभागिता से ही होना है।

संदर्भ-

1. . https://hi.m.wikipedia.org
2. . वाचिकता; आदिवासी दर्शन, साहित्य ओर सौन्दर्यबोध- वंदना टेटे, 2020 ई., राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. . आदिवासी स्वर और नयी शताब्दी, सं. रमणिका गुप्ता (आवृत्ति संस्करण 2017 ई.) वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं.42
4. . प्राथमिक आदिवासी विमर्श, अश्विनी कुमार पंकज, प्यारा केरकेट्टा फाउण्डेशन, रांची, झारखण्ड।
5. .आदिवासी समाज में सामाजिक परिवर्तन एवं विकास के विविध पक्षों का मूल्यांकन-डॉ. मुकेश सागर
6. . आदिवासी शौर्य एवं विद्रोह सम्पादक रमणिका गुप्ता (तीसरा संस्करण 2019 ई.) राधा कृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं. 05
7. . https://hi.m.wikipedia.org
8. . आदिवासी स्वर और नयी शताब्दी, सं. रमणिका गुप्ता, (आवृत्ति संस्करण-2017 ई.), वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं.-05
9. . वही..
10. . वही..

****

अन्य

महिला शिक्षा: विकसित भारत की नींव

-रश्मि गुप्ता,
असिस्टेंट प्रोफेसर ,
रसायन शास्त्र विभाग
श्री द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज दनकौर ,गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश),
ईमेल- grashmi1509@gmail.com

सार संक्षेप:

शिक्षा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है। शिक्षा प्राप्त करके हम न केवल अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं, बल्कि समाज के विकास में भी अपना योगदान दे सकते हैं। शिक्षा का समाज पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। शिक्षित समाज अधिक विकसित और सभ्य होता है। ईश्वर की अनमोल कृति मनुष्य है, जिसमें स्त्रियों को और भी प्रमुख माना जाता है। हमारे समाज में स्त्रियों को साक्षात् शक्ति स्वरूपा और धार्मिक दृष्टिकोण से देवी का प्रतिरूप माना जाता है। शिक्षा प्राप्त करना मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है। यह अधिकार स्त्री को भी उतना ही प्राप्त है जितना कि पुरुषों को प्राप्त है। शिक्षा केवल पुरुषों का ही अधिकार नहीं है, बल्कि यह स्त्रियों का भी समान अधिकार है। इस अधिकार का आदर और मान्यता हमारे समाज में हमेशा से रही है, जिससे स्त्रियों को भी विद्या और ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिला है। शिक्षा से ही समाज का समग्र विकास संभव है, और इसमें स्त्रियों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। महिला और पुरुष की असमान साक्षरता दर, निश्चित रूप से एक गंभीर चिंता का विषय है। यह न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है बल्कि समाज के समग्र विकास को भी बाधित करता है।

बीज शब्द: लैंगिक असमानता, शिक्षा, महिलाओं, अधिकार, विकास

शिक्षा राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए आवश्यक है। शिक्षा मानव जीवन का आधार है। यह व्यक्तिगत और सामाजिक विकास दोनों के लिए आवश्यक है। शिक्षा में निवेश एक बेहतर भविष्य की कुंजी है। यह हमें जीवन जीने की कला सिखाती है और हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती है। शिक्षा जातिवाद , लैंगिक असमानता और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण हथियार है। शिक्षित लोग सभी लोगों की समानता में विश्वास करते हैं और एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए काम करते हैं। शिक्षित नागरिक ही देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं और राष्ट्र को मजबूत बना सकते हैं। शिक्षित लोग देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, जिससे गरीबी कम होती है। शिक्षित लोग समाज में जागरूकता फैलाकर सामाजिक बदलाव ला सकते हैं। शिक्षित लोग देश सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं।

"स्वामी दयानंद जी ने जोरदार शब्दों में कहा था कि राष्ट्र, समाज प्रशासन तथा परिवार के क्रियाकलाप तब तक कुछ ढंग से नहीं किये जा सकते, जब तक स्त्रियों को शिक्षा ना मिले । महिला और पुरुष दोनों समाज के अभिन्न अंग हैं, और उनकी समान भागीदारी समाज की प्रगति के लिए अनिवार्य है। शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में समान अवसर प्रदान करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि किसी एक पक्ष के कमजोर होने से समग्र सामाजिक प्रगति बाधित हो सकती है। भारत में व्यावहारिक स्थिति इससे भिन्न है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में महिला साक्षरता दर केवल 64.46 प्रतिशत है, जबकि पुरुष साक्षरता दर 82.14 प्रतिशत है। यह आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि महिलाओं की साक्षरता दर में पुरुषों की तुलना में काफी अंतर है। विशेष रूप से, भारत की महिला साक्षरता दर विश्व के औसत 79.7 प्रतिशत से भी काफी कम है। यह असमानता न केवल महिलाओं के व्यक्तिगत विकास को बाधित करती है, बल्कि समाज की समग्र प्रगति को भी प्रभावित करती है। इसलिए, यह आवश्यक है कि सरकार और समाज मिलकर शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

महिला साक्षरता दर कम होने के कुछ प्रमुख कारण हैं:

- **लैंगिक पूर्वाग्रह:** समाज में व्याप्त लैंगिक पूर्वाग्रह के कारण लड़कियों को लड़कों की तुलना में शिक्षा प्राप्त करने के कम अवसर मिलते हैं।
- **आर्थिक कारण:** कई परिवारों में, लड़कियों को शिक्षा के बजाय घरेलू कामों में लगा दिया जाता है।

- **भौगोलिक असमानताएं:** ग्रामीण क्षेत्रों में महिला साक्षरता दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में काफी कम है।

सांस्कृतिक मान्यताएं: कुछ समुदायों में लड़कियों की शिक्षा को महत्व नहीं दिया जाता है।

महिला साक्षरता दर बढ़ाने के लिए क्या किया जा सकता है:

- **जागरूकता अभियान:** लोगों को महिला शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना होगा।
- **शिक्षा सुविधाओं का विस्तार:** विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं का विस्तार करना होगा।
- **छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता:** गरीब परिवारों की लड़कियों को शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए।
- **लड़कियों के लिए सुरक्षित वातावरण:** स्कूलों और कॉलेजों में लड़कियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना होगा।

कानूनों का सख्ती से पालन: बाल विवाह और बाल श्रम जैसी प्रथाओं को रोकने के लिए कानूनों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

शिक्षा के क्षेत्र में स्त्रियों का स्थान हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है और उन्हें समाज में उच्च सम्मान प्राप्त हुआ है। वैदिक काल में स्त्रियों की शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान था। स्त्रियों की शिक्षा का महत्व वैदिक काल से ही समझा गया था। स्त्रियाँ भी वेदों का अध्ययन कर सकती थीं और यज्ञों में भाग ले सकती थीं। वे विद्या, ज्ञान और दर्शन में पारंगत होती थीं। अनेक विदुषी महिलाएं वेदों और शास्त्रों में पारंगत थीं। गार्गी, मैत्रेयी, अपाला और घोषा जैसी महिलाओं का उदाहरण हमें इस बात का प्रमाण देता है कि उस समय में स्त्रियाँ भी वेदों का गहन अध्ययन करती थीं और ज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देती थीं। **गार्गी** एक महान विदुषी और दार्शनिक थीं, जिन्होंने याज्ञवल्क्य के साथ ब्रह्मवादिनी (दार्शनिक चर्चाएँ) की। उनके ज्ञान और तर्कशक्ति के कारण उन्हें ऋषिकाओं में गिना जाता है। **मैत्रेयी** याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं और एक महान विदुषी थीं। उन्होंने ब्रह्मविद्या में गहन अध्ययन किया और उनके विचार उपनिषदों में भी मिलते हैं। **अपाला** एक ऋषिका थीं, जिन्होंने ऋग्वेद में मंत्रों की रचना की। उनके जीवन की कठिनाइयों और उनके अद्वितीय ज्ञान का वर्णन वेदों में मिलता है। **घोषा** भी एक ऋषिका थीं, जिन्होंने ऋग्वेद में कई सूक्तों की रचना की। वे चिकित्सा विज्ञान में भी पारंगत थीं और उन्होंने औषधियों के ज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन उदाहरणों से यह स्पष्ट होता है कि वैदिक काल में स्त्रियों को शिक्षा का समान अधिकार प्राप्त था और वे ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थीं। समाज में उनका स्थान आदरपूर्ण था और वे विद्या के क्षेत्र में उच्च स्तर तक पहुँच सकती थीं।

भारत में पुनर्जागरण के दौरान सामाजिक और धार्मिक सुधार आंदोलनों ने स्त्री शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर जैसे सुधारकों ने बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ आवाज उठाई और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया। हालांकि ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत पर शासन औपनिवेशिक था, लेकिन 1854 में उसने स्त्री शिक्षा को मान्यता देकर एक सकारात्मक कदम उठाया। इसने कई स्कूलों और कॉलेजों की स्थापना में मदद की, जिससे लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। सरकारी और गैर-सरकारी प्रयासों के कारण 19वीं सदी के मध्य तक भारत में महिला साक्षरता दर 0.2% से बढ़कर 6% हो गई। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी, हालांकि अभी भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता थी। कोलकाता विश्वविद्यालय ने महिलाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई। यह भारत का पहला विश्वविद्यालय था जिसने महिलाओं को प्रवेश दिया। विश्वविद्यालय आयोग (1948-49) में स्त्री शिक्षा का महत्व इस प्रकार बताया है कि स्त्री शिक्षा के बिना लोग शिक्षित नहीं हो सकते। यदि शिक्षा को पुरुषों अथवा स्त्रियों के लिए सीमित करने का प्रश्न हो तो अवसर स्त्रियों को दिया जाना चाहिए ; क्योंकि उनके द्वारा ही भावी संतान को शिक्षा दी जा सकती है।

कोठारी आयोग (1964-1966) ने भारतीय शिक्षा प्रणाली के व्यापक सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की थीं, जिनमें से एक प्रमुख सिफारिश स्त्री शिक्षा को प्राथमिकता देना था। आयोग ने माना कि स्त्रियों की शिक्षा किसी भी समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। आयोग ने सुझाव दिया कि स्त्रियों की शिक्षा को शिक्षा प्रणाली के मुख्य कार्यों में से एक माना जाना चाहिए। इसका उद्देश्य स्त्रियों को समान रूप से शिक्षा के अवसर

प्रदान करना और समाज में उनके स्थान को सशक्त बनाना था। आयोग ने उन सभी समस्याओं और बाधाओं को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो स्त्रियों की शिक्षा में रुकावट पैदा करती थीं। इसमें सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक अवरोध शामिल थे। आयोग ने यह भी सुझाव दिया कि स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएँ और कार्यक्रम तैयार किए जाएं, जिससे बालिकाओं और महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का समान अवसर मिल सके।

कोठारी आयोग की ये सिफारिशें 1968 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की नींव बनीं, जिसमें स्त्री शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। आयोग ने शिक्षा के सभी स्तरों पर सुधार लाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे, जिनमें महिला शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया था। इस नीति ने सभी बच्चों, लड़कों और लड़कियों दोनों को समान शिक्षा का अवसर प्रदान करने पर जोर दिया था। यह एक महत्वपूर्ण कदम था, क्योंकि उस समय लड़कियों को शिक्षा देने पर बहुत कम ध्यान दिया जाता था। इस नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए थे। जैसे कि शिक्षकों के प्रशिक्षण पर ध्यान देना, पाठ्यक्रम में सुधार करना आदि। इस नीति के बाद लड़कियों के स्कूलों में दाखिले की संख्या में वृद्धि हुई। इस नीति ने समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाने में मदद की। इस नीति ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। हालांकि 1968 की शिक्षा नीति एक महत्वपूर्ण कदम थी, लेकिन इसमें कुछ सीमाएं भी थीं। जैसे कि इस नीति के सभी प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका। 1986 में आई दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने 1968 की नीति के कुछ पहलुओं को और मजबूत किया और कुछ नई पहल भी की। 1986 की नीति का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण उपकरण बनाना था। इसका मतलब था कि शिक्षा को केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इसका उपयोग समाज में व्याप्त असमानताओं को दूर करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए किया जाना चाहिए। इस नीति में स्त्री शिक्षा को विशेष रूप से महत्व दिया गया था। यह माना गया कि स्त्री शिक्षा न केवल महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बल्कि समाज के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है। इस नीति ने राज्यों को अपनी सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा प्रणाली को पुनर्गठित करने का अधिकार दिया। इससे राज्यों को स्थानीय स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अधिक लचीलापन मिला। भारत सरकार ने लड़कियों की स्कूली शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय में बालिकाओं के लिए 30% आरक्षण दिया गया, साथ ही उनकी शिक्षा को नि:शुल्क किया गया। नि:शुल्क पुस्तकें और दोपहर का भोजन जैसी योजनाओं ने गरीब परिवारों की लड़कियों को स्कूल जाने में मदद की। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (DPEP) मुख्य रूप से उन जिलों में शुरू किया गया जहाँ स्त्री साक्षरता दर बहुत कम थी। इसका उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना और उनकी नामांकन दर में सुधार करना था। इसके अलावा, सरकार ने बालिका शिक्षा, सखी योजना आदि जैसी कई अन्य योजनाएं भी शुरू की हैं। महिलाओं को व्यावसायिक, तकनीकी, कृषि, और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह कदम उन्हें इन क्षेत्रों में सक्षम बनाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण था। इन योजनाओं का उद्देश्य लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना, उन्हें स्कूल में बनाए रखना और उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

29 जुलाई 2020 को भारत के केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) भारत की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। यह नीति शिक्षा पर पिछली राष्ट्रीय नीति, 1986 की जगह लेती है, और एक नई शिक्षा प्रणाली के दृष्टिकोण को रेखांकित करती है जो आधुनिक समय की आवश्यकताओं और चुनौतियों को ध्यान में रखती है। एनईपी 2020 एक समावेशी, लचीली और आधुनिक शिक्षा प्रणाली का निर्माण करने का प्रयास करती है, जो छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उनके कौशल और व्यक्तित्व के विकास पर भी जोर देती है। यह नीति शिक्षा के हर स्तर पर सुधार लाने के उद्देश्य से बनाई गई है, जिससे भारत के शैक्षिक परिदृश्य में एक सकारात्मक और दूरगामी बदलाव आ सके।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) में बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा में भागीदारी बढ़ाने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं, जो उनके समग्र विकास और शिक्षा तक पहुंच को प्रोत्साहित करते हैं। इनमें से एक महत्वपूर्ण पहल 'जेंडर-समावेशी कोष' की स्थापना है। 'जेंडर-समावेशी कोष' एक क्रांतिकारी कदम है, जिसका उद्देश्य लड़कियों और महिलाओं के लिए शिक्षा को अधिक समावेशी और सुलभ बनाना है। इस कोष का उपयोग

शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर लैंगिक असमानताओं को दूर करने, लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए समर्थन प्रदान करने में किया जाएगा। यह कोष विशेष रूप से उन क्षेत्रों और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करेगा जहां लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा की पहुंच सीमित है। इसके अलावा, यह सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को भी संबोधित करेगा जो उनकी शिक्षा में रुकावट डालती हैं। इस प्रकार, 'जेंडर-समावेशी कोष' न केवल लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह समाज में लैंगिक समानता को भी बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। NEP में जेंडर संवेदनशील शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। इसका उद्देश्य लड़कों और लड़कियों में समान अवसर प्रदान करना और लैंगिक पूर्वाग्रहों को दूर करना है। NEP में लड़कियों की शिक्षा में आने वाली बाधाओं जैसे कि बाल विवाह, घरेलू कामकाज, और आर्थिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है और इनमें नामांकन बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। NEP में महिलाओं के लिए उच्च शिक्षा में प्रवेश को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं।Bottom of Form

भारत में स्त्री शिक्षा का इतिहास संघर्षों और उपलब्धियों से भरा रहा है। आज भी कई चुनौतियाँ मौजूद हैं, लेकिन सरकार और समाज के प्रयासों से स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रगति हो रही है। स्त्री शिक्षा न केवल महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बल्कि समाज के विकास के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। महिला साक्षरता दर बढ़ाना भारत के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। इसके लिए सरकार, गैर-सरकारी संगठन और आम जनता को मिलकर काम करना होगा। यह एक जटिल मुद्दा है और इसके समाधान के लिए दीर्घकालिक प्रयासों की आवश्यकता है। हमें लैंगिक पूर्वाग्रह को खत्म करना होगा और सभी लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर प्रदान करना होगा।

संदर्भ :

1. हन्फी एम . ए., हन्फी, एस. ए ., स्त्री शिक्षा, 2020
2. भारत सरकार, 1968, नई शिक्षा नीति-2020, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली
3. भारत सरकार, 1986, नई शिक्षा नीति-2020, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली
4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, Ministry of Education, https://www.education.gov.in.
5. मिश्रा जयशंकर; 2006, प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना, दशम संस्करण।
6. कनिटकर मुकुल; भारत में महिला शिक्षा , समाज व सरकार की भूमिका, योजना, सितंबर 2016
7. कुमार रणजीत, ब्रिटिश भारत में स्त्री शिक्षा (1882-1947), कला प्रकाशन, 2016

****

सोशल मीडिया का भारतीय युवाओं पर सामाजिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव

डॉ. रश्मि सोनी,
प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष,
श्री जे एन पी जी कॉलेज (KKC)
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ.
Sonirashmi1975@gmail.com

-कु. सारिका यादव
शोधार्थी, शिक्षाशास्त्र विभाग,
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
kkc.sarika@gmail.com

शोध-सार: सोशल मीडिया ने भारतीय युवाओं के जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। सोशल मीडिया ने पिछले दो दशकों में वैश्विक स्तर पर एक अभूतपूर्व प्रभाव छोड़ा है। भारत, जो युवाओं की बड़ी आबादी वाला देश है, इस डिजिटल क्रांति से अछूता नहीं है। भारतीय युवा, विशेषकर छात्र, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के सबसे सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। इसकी पहुँच और उपयोगिता ने इसे एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और सामाजिक शक्ति बना दिया है। हालांकि यह सूचना, संचार और नेटवर्किंग के लिए एक सशक्त माध्यम है, लेकिन इसके मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी महत्वपूर्ण और बहुआयामी हैं।

बीज-शब्द: सोशल मीडिया, युवा, डिजिटल क्रांति, सामाजिक प्रभाव, मनोवैज्ञानिक प्रभाव

मूल लेख

सोशल मीडिया का व्यापक प्रसार 21वीं सदी में सूचना और संचार क्रांति का एक प्रमुख हिस्सा बन चुका है। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां युवाओं की आबादी बड़ी है, सोशल मीडिया का प्रभाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया ने भारतीय युवाओं के जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। हालांकि, सोशल मीडिया का उपयोग कई लाभ प्रदान करता है, लेकिन इसके अत्यधिक उपयोग के साथ ही कई मनोवैज्ञानिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं।

सोशल मीडिया ने युवाओं के सामाजिक संबंधों में बदलाव लाया है। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने की जगह ऑनलाइन कनेक्शन बनाना प्राथमिकता बन गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से शैक्षिक सहायता भी मिलती है और छात्रों के अध्ययन में ध्यान भी भंग होता है। मनोवैज्ञानिक रूप से, सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से चिंता, अवसाद और आत्म-सम्मान में कमी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हैं। इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करते हुए, समाज और नीतिगत स्तर पर बदलाव की जरूरत है।

विभिन्न अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग शैक्षणिक प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। अध्ययन बताते हैं कि सोशल मीडिया पर बिताए गए अधिक समय के कारण ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में कमी आती है, जिससे छात्रों के ग्रेड्स और शैक्षणिक उपलब्धि में गिरावट हो सकती है। इसके बावजूद, कुछ शोध यह भी संकेत देते हैं कि सही उपयोग की स्थिति में सोशल मीडिया छात्रों के लिए शैक्षणिक संसाधनों तक पहुंच को बढ़ा सकता है और सहयोगात्मक अध्ययन में मदद कर सकता है।

सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले भारतीय युवाओं की संख्या में पिछले दशक में भारी वृद्धि हुई है। Pew Research Center की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 18-24 आयु वर्ग के लगभग 90% युवा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करते हैं(Pew Research Center, 2020)। हालांकि, यह भी पाया गया कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से शैक्षणिक प्रदर्शन में गिरावट आती है। Junco (2012) के एक अध्ययन में पाया गया कि जो छात्र सोशल मीडिया पर प्रतिदिन औसतन 3 घंटे से अधिक समय बिताते हैं, उनके GPA में 0.5 अंकों की गिरावट देखी गई(Junco, 2012)।

Datareportal (We Are Social और Hootsuite द्वारा प्रकाशित), 2023 द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार जिन भारतीय युवाओं की पहुँच इंटरनेट तक है, वे निम्नांकित सोशल मीडिया प्लेटफोर्स पर सक्रिय हैं-

Whatsapp	87%
Youtube	82%
Facebook	79%
Instagram	76%
X (Twitter)	51%
Linkedin	30%
Snapchat	19%

सोशल मीडिया का छात्रों पर गहरा प्रभाव पड़ता है, खासकर उनके समय प्रबंधन और अध्ययन पर। यदि सोशल मीडिया का सही तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह छात्रों के लिए जानकारी के स्रोत और नेटवर्किंग के लिए एक अद्भुत साधन हो सकता है। बार-बार सोशल मीडिया की जाँच करने से छात्रों का ध्यान भंग होता है, जिससे वे अपनी पढ़ाई पर पूरी तरह से ध्यान नहीं दे पाते हैं। सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग नींद के पैटर्न को भी प्रभावित करता है, खासकर जब छात्र देर रात तक सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं। समय प्रबंधन और सोशल मीडिया के बीच संतुलन बनाकर ही छात्र अपने अकादमिक और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावी ढंग से मैनेज कर सकते हैं। Pew Research Center (2018) की एक अन्य रिपोर्ट बताती है कि लगभग 70% छात्र यह महसूस करते हैं कि सोशल मीडिया के कारण वे अपने शैक्षणिक कार्यों को समय पर पूरा नहीं कर पाते (Pew Research Center, 2018)।

सोशल मीडिया ने सूचना तक पहुंच को आसान बना दिया है, जो शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य

पर प्रभाव भी एक महत्वपूर्ण चर्चा का विषय है। Twenge & Campbell (2018) के अध्ययन के अनुसार, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने वाले छात्रों में 30% तक चिंता और अवसाद के लक्षण पाए गए हैं (Twenge & Campbell, 2018)। American Psychological Association (APA, 2017) के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि सोशल मीडिया का अधिक उपयोग करने वाले युवाओं में आत्म-सम्मान में कमी और मानसिक तनाव की स्थिति अधिक पाई जाती है(APA, 2017)।

सोशल मीडिया पर मिलने वाली सतत सूचनाओं और अपडेट्स के कारण युवा लगातार किसी न किसी दबाव में रहते हैं, जो उनकी मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है। सोशल मीडिया पर दूसरों के जीवन के सुखद पक्षों को देखकर युवा अक्सर अपने जीवन से असंतुष्ट हो जाते हैं, जिससे आत्म-सम्मान में गिरावट आ सकती है। डॉ. जेनेट हिल्स के अनुसार, सोशल मीडिया पर 'परफेक्ट लाइफ' के विचार से मेल खाने में असफलता युवा मन में निराशा और अवसाद का कारण बन सकती है। भारतीय मनोविज्ञान अनुसंधान केंद्र (Indian Council of Psychological Research) के एक अध्ययन के अनुसार, 30% से अधिक युवा जो प्रतिदिन 4 घंटे से अधिक सोशल मीडिया पर समय बिताते हैं, उनमें चिंता के लक्षण पाए गए हैं(ICPR, 2019)।

महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने एक बार कहा था, "I fear the day that technology will surpass our human interaction. The world will have a generation of idiots." (मुझे उस दिन का डर है जब तकनीक हमारे मानवीय संवाद को पार कर जाएगी। दुनिया एक मूर्खों की पीढ़ी होगी।) इस कथन से यह स्पष्ट होता है कि सोशल मीडिया और अन्य तकनीकी साधनों का अत्यधिक उपयोग मानवीय क्षमताओं को कम कर सकता है, खासकर युवाओं के शैक्षणिक प्रदर्शन पर। समाजशास्त्री एरिंग गोफमैन के अनुसार, "हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहां समय के प्रबंधन की कला अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गई है।" (We live in an age where the art of time management has become increasingly vital.) समय प्रबंधन शैक्षणिक सफलता का एक महत्वपूर्ण घटक है। ज्यादातर छात्र यह स्वीकार करते हैं कि सोशल मीडिया के कारण उनके अध्ययन का समय प्रभावित हुआ है। समय का सही उपयोग न होने के कारण शैक्षणिक प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। हेनरी डेविड थोरो ने कहा था, "It is not enough to be busy; so are the ants. The question is: What are we busy about?" (केवल व्यस्त रहना ही पर्याप्त नहीं है; चींटियाँ भी व्यस्त होती हैं। प्रश्न यह है: हम किस बारे में व्यस्त हैं?) यह कथन आज के सोशल मीडिया के संदर्भ में अत्यधिक प्रासंगिक है, जहां छात्रों के पास असंख्य सूचना उपलब्ध है, लेकिन वे यह समझने में कठिनाई महसूस करते हैं कि कौन सी जानकारी उनके लिए सबसे अधिक उपयोगी है।

मनोवैज्ञानिक कार्ल जंग ने कहा था, "The pendulum of the mind oscillates between sense and nonsense, not between right and wrong." (मन का पेंडुलम समझ और बेतुकेपन के बीच झूलता है, न कि सही और गलत के बीच।) यह कथन सोशल मीडिया के प्रभाव को समझने में सहायक है, जहां अत्यधिक समय बिताने से मानसिक अस्थिरता और तनाव उत्पन्न हो सकता है। Twenge & Campbell (2018) के अध्ययन के अनुसार, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने वाले छात्रों में 30% तक चिंता और अवसाद के लक्षण पाए गए हैं (Twenge & Campbell, 2018)। American Psychological Association (2017) की रिपोर्ट में भी यह दर्शाया गया है कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के कारण युवाओं में आत्म-सम्मान की कमी और मानसिक तनाव की स्थिति अधिक पाई जाती है(APA, 2017)।

इस शोध पत्र में अध्ययन के लिए सर्वेक्षण और साक्षात्कार की पद्धतियों का उपयोग किया गया है, जिसमें विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों के 100 छात्रों से डेटा एकत्र किया गया है। इन डेटा का विश्लेषण सांख्यिकीय उपकरणों के माध्यम से किया गया, जिससे सोशल मीडिया के शैक्षणिक प्रदर्शन और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव का सटीक आकलन किया जा सके।

1. सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार,
2. सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने वाले छात्रों के GPA में औसतन 0.4 अंकों की गिरावट आई है। इसके विपरीत, जो छात्र सोशल मीडिया का संयमित और उत्पादक उपयोग करते हैं, उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार देखा गया।
3. 60% छात्रों ने यह स्वीकार किया कि सोशल मीडिया के कारण उनके अध्ययन का समय प्रभावित हुआ है।
4. सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रों को शैक्षणिक सामग्री तक पहुंचने में सुविधा होती है, लेकिन सूचना की अधिकता के कारण 55% छात्र यह तय नहीं कर पाते कि कौन सी जानकारी प्रासंगिक है।
5. 50% से अधिक छात्रों ने सोशल मीडिया के कारण मानसिक तनाव और चिंता का अनुभव किया है।

भारतीय युवाओं द्वारा सोशल मीडिया के प्रयोग और इसके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव का गहरा संबंध है, क्योंकि यह युवाओं के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव डालता है। सोशल मीडिया का प्रभाव व्यक्तियों के सोचने, महसूस करने, और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। इसके प्रभावों का वर्गीकरण निम्न प्रकार से व्याख्यायित किया जा सकता है-

1. स्वयं की छवि और आत्म-सम्मान:

प्रतिस्पर्धा और तुलना: सोशल मीडिया पर लोग अक्सर अपनी ज़िन्दगी के सबसे अच्छे पलों को साझा करते हैं, जिससे अन्य लोग अपनी ज़िन्दगी की तुलना उनसे करने लगते हैं। यह प्रतिस्पर्धा और तुलना आत्म-सम्मान को कम कर सकती है।

सकारात्मक छवि निर्माण: सोशल मीडिया पर 'लाइक' और 'फॉलोवर्स' की संख्या से लोग अपनी व्यक्तिगत छवि का आकलन करने लगते हैं, जिससे वे अपनी असली पहचान से दूर हो सकते हैं और अपने बारे में अवास्तविक अपेक्षाएं पाल सकते हैं।

2. आलोचना और साइबर बुलिंग:

साइबर बुलिंग: सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर आलोचना और तानों का शिकार होने से व्यक्ति की मानसिक स्थिति पर गहरा असर पड़ सकता है। यह तनाव, चिंता और अवसाद का कारण बन सकता है।

आलोचना से सामना: कई बार सोशल मीडिया पर नकारात्मक टिप्पणियों का सामना करना कठिन हो सकता है, जिससे आत्म-सम्मान और मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

3. सामाजिक संबंध:

कनेक्टेड लेकिन अकेले: सोशल मीडिया के माध्यम से लोग एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं, लेकिन कई बार यह सतही कनेक्शन होते हैं जो गहरे संबंधों की कमी को बढ़ाते हैं और अकेलेपन की भावना को जन्म देते हैं।

समर्थन और समुदाय: हालांकि, सोशल मीडिया पर समर्थन और समान रुचियों वाले लोगों के समुदाय भी मिल सकते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक हो सकते हैं।

4. फोमो (FOMO - Fear of Missing Out):

खुद को बाकी लोगों से अलग महसूस करना: सोशल मीडिया पर अन्य लोगों की गतिविधियों को देखकर यह भावना हो सकती है कि वे कुछ महत्वपूर्ण चीज़ों से वंचित हो रहे हैं। यह चिंता, अवसाद और असंतोष की भावना को बढ़ा सकता है।

5. डोपामाइन हिट और एडिक्शन:

इनस्टैंट ग्रैटिफिकेशन: सोशल मीडिया का उपयोग हमारे मस्तिष्क में डोपामाइन का स्तर बढ़ाता है, जिससे हमें तात्कालिक संतोष मिलता है। लेकिन यह भी एक प्रकार का एडिक्शन बना सकता है, जिससे हमें बार-बार सोशल मीडिया का उपयोग करने की इच्छा होती है।

डिजिटल एडिक्शन: अधिक समय तक सोशल मीडिया का उपयोग करने से यह एक आदत या लत बन सकती है, जो मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।

6. ज्ञान और सूचना:

मनोविज्ञान पर सकारात्मक प्रभाव: सोशल मीडिया का उपयोग यदि ज्ञानवर्धक और सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाए, तो यह मानसिक विकास और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित कर सकता है।

मनोवैज्ञानिक सहायता: सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी और सहायता समूहों तक पहुंच प्राप्त कर व्यक्ति अपनी मानसिक समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

7. मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता:

चर्चा और जागरूकता: सोशल मीडिया ने मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा दिया है। यह मंच लोगों को अपने अनुभव साझा करने और समर्थन प्राप्त करने का अवसर देता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

शोध के परिणामों से यह स्पष्ट है कि सोशल मीडिया का भारतीय छात्रों के सामजिक, शैक्षणिक और मानसिक स्वास्थ्य पर मिश्रित प्रभाव है। महान व्यक्तियों के विचार इस बात को रेखांकित करते हैं कि तकनीकी साधनों का सही उपयोग करने पर ही इसके सकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। छात्रों को सोशल मीडिया का संतुलित और उद्देश्यपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है, ताकि वे शैक्षणिक सफलता और मानसिक स्थिरता प्राप्त कर सकें।

सन्दर्भ-

1. Pew Research Center. (2020). Social media use continues to rise in developing countries but plateaus across developed ones. Pew Research Center.
2. Junco, R. (2012). Too much face and not enough books: The relationship between multiple indices of Facebook use and academic performance. Computers in Human Behavior, 28(1), 187-198.
3. Wenge, J. M., & Campbell, W. K. (2018). Associations between screen time and lower psychological well-being among children and adolescents: Evidence from a population-based study. Preventive Medicine Reports, 12, 271-283.
4. American Psychological Association. (2017). Stress in America: Coping with change.
5. ICPR. (2019). The Impact of Social Media on Indian Youth: A Psychological Perspective. Indian Council of Psychological Research.
6. **सिंह, अमित (2018).** *सोशल मीडिया और मानसिक स्वास्थ्य: एक मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण*. दिल्ली: ज्ञानमित्र प्रकाशन.
7. **शर्मा, रवि (2019).** *सोशल मीडिया का मनोवैज्ञानिक प्रभाव*. मुंबई: सृजन पब्लिकेशंस.
8. **कुमार, संजय (2020).** *डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य*. जयपुर: उन्नति पुस्तकालय.
9. **मेहता, प्रवीण (2021).** *सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक पहलू*. दिल्ली: आदर्श प्रकाशन.
10. **जोशी, मनोज (2022).** *सोशल मीडिया और मनोविज्ञान: एक अध्ययन*. लखनऊ: वैदिक पब्लिशर्स.

****

समकालीन हिन्दी और मलयालम कविता में विस्थापन का यथार्थ

डॉ. गिरीश कुमार के के
सहायक आचार्य
हिन्दी विभाग
कोच्चिन विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
कोच्चिन, केरल - 682022
Mob: 9495106637
Email: girish372@gmail.com

सारांश:

विस्थापन वर्तमान समय का सबसे भीषण यथार्थ है। मनुष्य के संदर्भ में विस्थापन अपने मूलभूत या आत्मीय परिवेश से कटकर किसी दूसरे स्थान की ओर प्रस्थान करने की प्रक्रिया है। प्रस्थान या गमन की यह प्रक्रिया कभी अपनी मर्ज़ी से होती है और कभी मजबूरी से या बलपूर्वक। रूप चाहे जो भी हो उसका नतीजा दारुण है। कारण यह है कि अपने जन्मजात एवं आत्मीय परिवेश से अलग हो जाने पर इनसान भौतिक एवं मानसिक स्तर पर कमज़ोर हो जाता है। अपनी मिट्टी के प्रति जो लगाव उनके विचारों में है वह सदा उसे कचोटता है। दुनिया के बहुत बड़े हिस्से के लोग आज विस्थापन की भीषणता का शिकार है। वे प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप में इससे उत्पन्न शारीरिक तथा मानसिक स्थितियों का सामना कर रहे हैं। समकालीन हिन्दी और मलयालम कविता विस्थापन के बहुआयामी सन्दर्भों को जीवंतता के साथ प्रस्तुत करने की ईमानदार कोशिश में सक्रिय है। विस्थापित जन-समाज की भौतिक एवं मानसिक स्थितियों को पूरी तन्मयता के साथ वह विश्लेषण का विषय बनाती है।

बीज शब्द :

विस्थापन - विस्थापित - विकास बनाम विस्थापन - सांप्रदायिकता - आतंकवाद - राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विस्थापन - विस्थापित जन-जाति समाज - मानसिक एवं सांस्कृतिक विस्थापन।

मूल आलेख :

परिवर्तन मानव जीवन की एक सतत् प्रक्रिया है। जब यह स्वतः उत्पन्न होता है तब उसमें मानव की उन्नति एवं विकास दिखाई देता है। लेकिन जब परिवर्तन का आगमन किसी दबाव के कारण होता है तो उससे निराशा और कुण्ठा अवश्य पैदा हो जाता है। 'विस्थापन' परिवर्तन का इस प्रकार का एक रूप है। किसी के जीवन में बाह्य दबाव से या बलपूर्वक उत्पन्न परिवर्तन को विस्थापन कहा जाता है। फादर कामिल बुल्के के अनुसार विस्थापन - "मूल स्थान से अन्यत्र चले जाना है।" बृहद हिन्दी कोश के अनुसार - "बलपूर्वक किसी स्थान से हटाना ही विस्थापन है।" मतलब यह हुआ कि इनसान को अपने जड-मूलों से, सहज जीवन परिवेश से, आत्मीय संस्कारों से अलग करने की क्रिया को विस्थापन कहा जाता है। विस्थापन उस स्थिति को पैदा करता है जिसमें व्यक्ति अपने परिवार, घर-गृहस्थी एवं परिचित धरातल को छोडकर किसी अनजान परिवेश रहने के लिए बाध्य होता है। जो स्वेच्छा से अलग होता है उसके लिए समस्या उतनी भीषण नहीं होती। लेकिन जिसे बलपूर्वक अलग होना पड़ता है उसकी स्थितियाँ बदत्तर अवश्य होती है।

मानव समाज में विस्थापन का इतिहास बहुत पुराना है। प्राचीन काल में मानव भोजन, बसेरा और सुरक्षा की तलाश में एक स्थान छोड़कर दूसरे स्थान की ओर गमन करता था। यह जैविक आवश्यकता का अंग था। लेकिन धीरे-धीरे अनेक अन्य कारणों से मानव विस्थापित होने के लिए विवश हो गया। विस्थापन का यह नया रूप पहले से अधिक त्रासदपूर्ण है और भयावह भी। विस्थापन वर्तमान जीवन की मुख्य विभीषिका है। यू. एन. के आंकड़ों के अनुसार हर पल में लोग विस्थापित हो रहे हैं। अपने जन्मजात वातावरण से सहसा एक दिन अलग हो जानेवाले की दुर्दशा साथ ही देश में रहते हुए भी देश के नागरिक न बननेवालों की त्रासदी से दुनिया का माहौल कलुषित है। शरणार्थियों को देश के लिए अयोग्य मानकर उन्हें देश से निष्कासित करने की योजना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बन रही है। अर्थात् विस्थापितों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है लेकिन उनकी विषमता को दूर करने की योजनाएँ बहुत कम। इसलिए कानूनी तौर पर विस्थापितों के लिए जो सुविधाएँ मिलनी चाहिए उसे देखने-परखने की सख्त ज़रूरत है।

विस्थापन को मुख्यतः दो रूपों में विभक्त किया जा सकता है - सामाजिक विस्थापन और मानसिक विस्थापन। इनमें एक भौतिक होता है दूसरा मानसिक। एक बाह्य होता है दूसरा आभ्यंतर। विस्थापन चाहे मानसिक हो या सामाजिक दोनों का नतीजा दुखद ही है। समकालीन हिन्दी और मलयालम कविता विस्थापन के बहुआयामी सन्दर्भों को जीवंतता के साथ प्रस्तुत करने की ईमानदार कोशिश में है। विस्थापित जन-समाज की भौतिक एवं मानसिक स्थितियों पर वह बारीकी से विचार-विमर्श करती है। विस्थापन से उत्पन्न मानसिक स्थितियों, मानवीय संबंधों मे आये दरारों, मूल्य-ध्वंस, सांस्कृतिक संकट आदि का विस्तृत विवेचन उसमें हो रहा है।

विकास बनाम विस्थापन

मानव समाज की प्रगति विकास के बिना संभव नहीं है। लेकिन विकास के लिए मनुष्य को उनकी ज़मीन से अलग करना उचित नहीं है। आज देश की सबसे बडी समस्या विकास के नाम पर विस्थापित लोगों का

पुनर्वास है। सदियों से रहनेवाली भूमि से अलग करने पर कई तरह की समस्याएँ उत्पन्न होती है। चन्द्रमोहन किस्कू की कविता 'हमारा खून' विकास के नाम पर विस्थापित लोगों की दारुण दशा प्रस्तुत करती है। कठिन मेहनत के माध्यम से मनुष्य ने जिस भूमि को उर्वर बनाया है उस भूमि से उसे जड से उखाड़कर बंजर भूमि में फेंकने का काम सत्ता और कॉरपोरेटों के माध्यम से चल रहा है। दूसरे जगह में जाकर उन्हें पुनः संघर्ष करना पड़ता है, आजीविका केलिए। असल में यह विकास न होकर विकास के छद्म नाम से चलनेवाला अतिक्रमण ही है। इस अमानवीयता की अभिव्यक्ति कविता इस प्रकार करती है :-

"वे ज़मीन लूट रहे हैं
घर से बेदखल कर रहे हैं
कह रहे हैं -
"इसका नाम है विकास"
वे जंगल और पहाड़ों से
खदेड़ रहे हैं
वैसे बंजर देशों में
जहाँ खेती का ठिकाना नहीं।"

इस संदर्भ में मलयालम के प्रतिष्ठित कवि के. सच्चिदानन्दन की एक कविता का उल्लेख करना अधिक समीचीन है। कविता का नाम है 'एषिमला'। एषिमला में नाविक अड्डा बनने पर विस्थापित लोगों की करुण कहानी कवि ने इसमें चित्रित किया है। एषिमला प्राकृतिक सौन्दर्य की दृष्टि से सबसे उत्तम जगह था। लेकिन सैनिक अड्डा बनने पर स्थिति बदल जाती है। प्रकृति और मनुष्य के स्वतंत्र अस्तित्व के आगे तरह-तरह की बेडियाँ आने लगी। मनुष्य एवं प्रकृति पर इसका बुरा प्रभाव पड़ा। इसलिए कवि विकास की इस प्रवृत्ति को मनुष्य और प्रकृति के खिलाफ सत्ता की तरफ से शुरू हुआ युद्ध मानते हैं। और इस युद्ध ने स्थानीय जीवन को भीषण आघात पहुँचाया है। किसानों को खेत, मछुवारों सागर, गिल्हरी को पेड़ और चिडियों को अपना गीत छोड़ना पडा है। सत्ता की तरफ से इस प्रकार जन-केन्द्रित इलाकों में विकास के लिए या सुरक्षा केलिए योजनाएँ लागू करने पर उत्पन्न होनेवाली विभीषिका पर कवि ने सूक्ष्मता से विचार किया है :-

"सहसा एक दिन
प्रकृति और मनुष्य के खिलाफ
युद्ध का ऐलान हुआ
किसान खेत से विहीन हो गया
मछुवारों को सागर से अलग होना पडा
गिल्हरी पेड़ से अलग हो गया।"

विकास के नाम पर होनेवाले अत्याचार को मदन कश्यप ने 'नये युग के सौदागर' नामक कविता का विषय बनाया है। वैश्वीकरण के युग में सत्तासीन लोग कॉरपॉरेट का दास बनकर जनता को पीस रहे हैं। कवि के विचार में यह सौदागिरी एक सोची-समझी रणनीति है। आम जनता को उनकी आत्मीय धरातल से अलग करने की ज़ोरदार कोशिश है :-

ये नये युग के सौदागर हैं
बेचना और ख़रीदना नहीं
केवल छीनना जानते हैं
ये कभी सामने नहीं आते
रहते हैं कहीं दूर समंदर के इस पार या उस पार
बस सामने आती हैं / इनकी आकांक्षाएँ योजनाएँ हबस
सभी कानून सारे करिंदे पूरी सरकार
और समूची फ़ौज इनकी है।

गाँव एवं ग्रामीण संस्कृति भारतीय संस्कृति का अनुपम धरोहार है। वैश्वीकरण के युग में आकर सम्स्त विकास योजनाएं ग्रामीण इलाके को लक्षित करती हैं। इसका मुख्य कारण ग्रामीण इलाकों की प्रौढ़ जैवीय संपदा है। बहुमंजिले मकान बनने के लिए ये लोग गाम्वों का चयन करने लगा है। इसलिए ग्रामीण इलाका अब मैदानों से रहित हो गया है। इनके आक्रमण के कारण आज ग्रामीण लोग अपने स्थानीय चिह्नों को खोकर शहरों में अनाम जीवन जीने के लिए अभिशप्त हो गया है। उन्हें बलपूर्वक उनकी मिट्टी से खदेड दिया है, सत्ता और भूमंडलीय संस्कृति ने मिलकर। हिन्दी के प्रसिद्ध कवि ज्ञानेन्द्रपति ने इस मुद्दे को अपनी कविता का विषय बनाया है। देश से विलीन होते गाँवों और मैदानों की त्रासद्पूर्ण स्थितियों की ओर कवि ने इसमें इशारा किया है :-

"मिट गए मैदानोंवाला गाँव
कस्बे की पान-रेगी मुस्कान मुस्कुराता
जै राम जी की कहना है
डूबती तरैयाँ और डूबती बिरियाँ निकलता था जो देश
मैदान
केलिए
और अब जिसकी किसी भी दिशा में मैदान नहीं
गाँव ने मैदान मार लिया है।
शहर बनने की राह में
अपना मैदान मार दिया है।"

समकालीन मलयालम कविता में भी इस प्रकार के कई बिंब मिलते हैं जिनमें कवि स्थानीय संस्कृति से अलग होने से उत्पन्न बेचैनी को विषय बनाया है। ग्रामीण जीवन की सहभागिता, सह-अस्तित्व आदि से मनुष्य को दूर करने का अर्थ मनुष्यता को खतम करना है। एस. जोसफ ने अपनी कविता में इसी मानसिकता का अंकन किया है। उनके विचार में "हर घर में एक गाँव होता है, उसे नष्ट नहीं करना चाहिए।" यहाँ गाँव एक विशेष अर्थ का द्योतक है। वह मनुष्य की दुर्दमनीय जिजीविषा का सूचक है।

सांप्रदायिकता और आतंकवाद

सर्व-धर्म-समभावना भारत की विरासत है। लेकिन आजकल वह खतरे में

है। धर्म की गलत व्याख्या ने इसे नष्ट-भ्रष्ट कर दिया है। एक धर्म दूसरे का दुश्मन बन गया है और धर्मों के बीच का दंगा-फसाद आम बात भी। सांप्रदायिक दंगे आज इस तरह छिड जाते हैं जैसे अचानक बिजली कौंधती हो। इससे कई लोगों को अपना वतन और देश छोड़कर भागना पड़ता है प्राण-रक्षा के लिए। क्योंकि धार्मिक अन्धता में सबसे अधिक निरीह लोग मारे जाते हैं। इसलिए देश के हर एक कोने में धार्मिक पाखण्ड के कारण, कट्टर धार्मिक आचरणों के कारण निवास स्थान की खोज में भटकनेवाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। ज्ञानेन्द्रपति की कविता 'अयोध्या' धर्मान्धता के कारण विस्थापित हो जाने के लिए बाध्य जनता की व्यथा से उत्पन्न है। जब मनुष्य-मनुष्य के बीच वैमनस्य बढता है तब वहाँ रमनेवाला देवता उसे छोडकर चला जाता है। क्योंकि इन बर्बर करतूतों को सहन करने की ताकत दैवी-शक्तियों में भी नहीं है। असल में देवता के सुपुत्रों ने मानवता की हत्या करके देवता को वनवास केलिए भेजा है। यहाँ विस्थापित होनेवाला देवता न होकर साधारण मनुष्य है जिसे किसी के पक्ष में खडा न होने पर भी सबकुछ को छोड़कर भागना पड़ता है :-

"बेघर हो गया है जो हमारे अंतकरण के गर्भगृह में
रमनेवाला देवता
उसे कितने बरस का बनवास दिया है हमने
वह कब लौटेगा अपनी अयोध्या में ?"

लगभग इसी मानसिकता का अंकन डी. विनयचन्द्रन ने अपनी कविता में किया है। अचानक चिढ़ते धार्मिक दंगा-फसाद से भयभीत जनता का वर्णन इसमें कवि ने किया है। सबकुछ सहसा घटित होता है। कइयों की मृत्यू हो जाती है और कई लोगों को घर-बार छोड़कर भागना पड़ता है :-

"सब कुछ सहसा था
बम , ठहाका
कुहराम , जल्दबाज़ी
बिखरी हुई लाशें , शेष रह गई।"

आतंकवाद भी धार्मिक फिसलन की उपलब्धि है। भारत विभाजन से लेकर आज तक धार्मिक आतंकवाद के नाम पर बहुत सारे हमले देश में हुए हैं। इन सभी में बहुत सारे लोगों को मजबूरी में विस्थापित होना पड़ा है। अग्निशेखर की कविताएँ आतंकवाद के कारण विस्थापित लोगों की वास्तविकता को दिखाती है। कवि आतंकवाद के वास्ते जम्मू से विस्थापित हैं। विस्थापितों की वेदना की दारुण अभिव्यक्ति है उनकी कविता 'मुझसे छीन ली गई मेरी नदी' :-

"एक दिन चुपचाप बदल दिये गये
मेरे सैकडों गाँवों के नाम
जैसे आँख मूँदकर पहुँचा दिया गया हो
किसी अरब देश में
मुझसे छीन ली गयी मेरी भाषा
छीलकर फेंक दी गयी उसकी लिपि
मुझसे छीन लिया गया मेरा चेहरा
और सब तरफ से पहचान लिए जान के डर से
मैंने बदल लिया दुलिया।"

आतंकवाद के यथार्थ को अनावृत करनेवाली पी. एन. गोपीकृष्णन की कविता है 'बिरियाणी'। इसमें मांस खानेवाले लोगों को घृणा से देखनेवालों की कपट धार्मिकता की समीक्षा करती है। मांस खाने के कारण लोगों को मार दिया जाता है, उन्हें बेदखल किया जाता है। जनतांत्रिक व्यवस्था में पलनेवाली जन-विरोधी, मानवाधिकार विरोधी भावना को कवि चुनौती देता है। साथ ही इनके कुतंत्र से सावधान रहने की चेतावनी भी :-

"वे वैसे कर देंगे
मेरठ में
अहम्मदाबाद में
वाराणसी में
कोलकोत्ता में
दिल्ली में
चेन्नै में
बिरियाणी खानेवालों को
पाकिस्तान की ओर भगा देंगे।"

सांप्रदायिक दंगे, आतंकवाद और विभाजन के अलावा युद्ध के कारण भी लोग विस्थापित हो जाते हैं। किसी भी हालत में या किसी भी लक्ष्य को लेकर होने पर भी युद्ध मनुष्यता का घातक है। उससे जन-जीवन को भारी हानी होती है। उनके सपनों को मिटाता है। युद्ध के बाद अपनी ही भूमि में वे विस्थापित होते हैं। शेष-ज़िन्दगी में शरणार्थियों का जीवन जीना पड़ता है। एकांत श्रीवास्तव की कविता 'आदमी की कहानी' जनता के स्वप्न को मिटाकर, उनकी जीवन-परिवेश के ऊपर मंडरानेवाले युद्ध की विभीषिका को दर्शाती है। :-

"फिर युद्ध हुए और धरती की फराहों से
भर गया आकाश
बारूद के धुएँ में खो गए
हमारे इन्द्रधनुष और हमारे परिन्दे
हमारे निर्वासित हुए अपने घर-गाँव से
अपने स्वप्न अपनी इच्छाओं से
हम निर्वासित हुए
हाशिए पर ढकेल दिये गये हमारे स्वप्न।"

धर्म का रास्ता साफ है। वह मानव कल्याण चाहता है उसका लक्ष्य भी यही है। लेकिन वर्तमान दौर में धर्म वास्तविक लक्ष्य से नहीं संकीर्ण गलियों से गुज़र रहा है। जिसके कारण सैकडों लोग अपने घर-बार को खोकर, अपनी जन्मभूमि से अलग होकर भटकने के लिए बाध्य बन गए हैं। समकालीन

हिन्दी कविता अधार्मिक वृत्तियों की कुटिलता से उत्पन्न विस्थापन की भयानकता को इस प्रकार अनावृत कर रही है।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विस्थापन

नौकरी की तलाश में, उच्च शिक्षा के लिए एवं बेहत्तर ज़िन्दगी जीने के लिए गाँव से शहर या देश से विदेश जानेवालों की संख्या भारी मात्रा में आगे बढ़ रही हैं। आधुनिक युग में इस प्रक्रिया का आरंभ हुआ था। औद्योगीकरण ने उसे गतिशीलता प्रदान की थी। इसका लक्ष्य मुख्यतः आर्थिक ही रहा है। अपने देश या प्रांत में नौकरी का अभाव इन्हें दूसरी जगह पर जाने के लिए बाध्य करते हैं। विदेशों एवं अपने ही देश के बडे-बडे शहरों में ये लोग अपने को अजनबी महसूस कर रहे हैं। वहाँ की जीवन स्थितियों से आधुनिकता की तेज़ दौड़ से ये पूर्णतः जुड़ नहीं पाते। कुमार अम्बुज की कविता 'अपने शहर लौटते लोग' इस मानसिकता का अंकन है। देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए प्रवासी जीवन बितानेवालों की बेचैनी को कवि ने इसप्रकार व्यक्त किया है :-

"दरअसल वे लौटना चाहते हैं अपने पुराने जीवन में
ढूँढना चाहते हैं पुराने चेहरे पुराने चौराहे
खोजना चाहते हैं पच्चीस साल पुरानी गंध
जो अभी भी उनके नथूनों में बाकी है और महकती है
ढूँढना चाहते हैं वे मैदान वे जगहें जहाँ से दीखता था
पूरा
आसमान
मगर पाते हैं अब वह सब कुछ गुज़र चुका है
जैसे गुप्त काल जैसे कुषाण वंश जैसे मोहनजोदडो।"

मलयालम में प्रवासी मानसिकता को अंकित करनेवाली कविताओं की कमी नहीं है। सुराब की कविताओं इसका प्रत्यक्ष दर्शन मिलता है। उनकी कविता 'उस पार' इसका सबसे उत्तम उदाहरण है। आर्थिक स्थिरता के लिए समुद्र पार करके अरब देशों की ओर बढनेवालों की दुखद ज़िन्दगी का साक्षात्कार यहाँ होता है।

औद्योगीकरण ने जन-मानस में शहरी ज़िन्दगी के प्रति आकर्षण बढाया था। इसलिए आधुनिक युग में बहुत सारे लोग नौकरी, शिक्षा, सुविधाओं की तलाश में शहरों की तरफ प्रस्थान किया था। वहाँ जाकर आधुनिक ज़िन्दगी की चकाचौंध में अपने को वह अजनबी महसूस करता है और अपने जीवन को सबसे हीन। उसकी भीषणता में ग्रसित होनेवाले निरीह जीवन का चित्र मंगलेश डबराल यों खींचते हैं :-

"मैंने शहर को देखा और मैं मुस्कराया
वहाँ कोई कैसे रह सकता है
यह जानने मैं गया
और वापस न आया।"

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विस्थापन की समस्याएँ ज्वलंत रूप में कविता अंकित करती है। ग्रामीण एवं स्थानीय बिंबों के प्रति आकर्षण का भाव उसकी भावभूमि को सहजता प्रदान करती है।

विस्थापित जन-जाति समाज

भारत में आदिवासी एवं जनजाति समाज विस्थापन व पलायन की पीड़ा सदियों से झेलते आ रहे हैं। मुख्यधारा समाज के षड्यंत्रों से आत्माभिमान पर चोट लगने पर इन्होंने सदियों पहले जंगल की ओर प्रस्थान किया था। अब वे विकास के नवीन तंत्रों के जरिए इन्हें जल, ज़मीन एवं जंगल से बेदखल करने की योजनाबद्ध कार्रवाइयाँ बना रहे हैं। बाँध, खनन, बड़े उद्योग आदि के लिए लाखों जनजाति समाज को अपनी ज़मीन छोड़ना पड़ा है। जंगल की प्राकृतिक एवं जैविक संपदाओं को शहर के लोग हथियार के बल पर हड़प लेते हैं। जन जातियों को मोहक वादा देकर शहर ले जाते हैं और उन्हें शहर की गलियों में भटकने को बाध्य करा देते हैं। शहर में विस्थापन की पीड़ा झेलने वाले आदिवासियों की करुण कथा अनुज लुगुन ने 'शहर के दोस्त के नाम पत्र' कविता का विषय बनाया है। आदिवासी लोगों के भोले स्वभाव के ऊपर उच्च वर्ग की चालाकी ने जीत हासिल की। शहर की ओर पलायन के लिए मजबूर वनवासी लोगों का साथ देने को कवि अपने दोस्त से बार-बार विनती करता है :-

"यहाँ से सब का रुख शहर की ओर कर दिया गया है
कल एक पहाड़ को ट्रक पर जाते हुए देखा
उससे पहले नदी गयी
अब खबर फैल रही है कि मेरा गाँव भी यहाँ से जाने वाला है
शहर में मेरे लोग तुमसे मिलें तो उनका खयाल ज़रूर रखना
यहाँ से जाते हुए उनकी आँखों में
मैं ने नमी देखी थी और हाँ
उन्हें शहर का रीति-रिवाज भी तो नहीं आता।"

आज के जन-जाति समाज अपने ऊपर होनेवाली इस अमानवीयता से भली -भाँति परिचित हैं। वर्तमान समय में उनका विरोध भी काफी मुखर है। सक्रिय होकर वे अपनी भूमि, अपनी संस्कृति और अपनी अस्मिता के लिए लड़ रहे हैं। उनकी वाणी लगातार सत्ता को चुनौती दे रही है।

आज के जन-जाति समाज अपने ऊपर होनेवाली इस अमानवीयता से भली -भाँति परिचित हैं। वर्तमान समय में उनका विरोध भी काफी मुखर है। सक्रिय होकर वे अपनी भूमि, अपनी संस्कृति और अपनी अस्मिता के लिए लड़ रहे हैं। उनकी वाणी लगातार सत्ता को चुनौती दे रही है। एम. बी. मनोज की कविताएँ इस कोटि की हैं। इसमें जन-जाति समाज सत्ता की अवसरवादिता एवं स्वार्थता को पहचानते हैं। 'जंगली संतान ईसा मसीहा से पूछता है' शीर्षक कविता इसका पुष्ठ प्रमाण है। कविता जन-जाति समाज के प्रति-संवाद पर आधारित है। इसमें उनका कहना है कि "सबको छोड़कर हम लोग यहाँ आए हैं फिर भी आप लोग नया-नया बहाना बनाकर क्यों पीछा कर रहे हैं ?" हाशिएकृत समाज के प्रतिरोध को, उनमें विकसित स्वत्वबोध का परिणाम यह प्रतिसंवाद।

खेत से अलग होते किसानों की खबर भी वर्तमान समय को और

भी भीषण बना रही है। भारत जैसे कृषि-प्रधान देश में आज किसानों की स्थिति काफी दयनीय बन गयी है । कर्ज से बचने के लिए किसान आत्महत्या कर रहे हैं। कॉरपोरेट उनकी कृषिभूमि को हड़पने के नए-नए षड्यंत्र रच रहे हैं। खेत से अलग होते किसान की दुर्गति को लेकर अनेक कविताओं की रचना हुई है। इनमें आलोका कुजूर की कविता 'किसानों की मौत से कंपा मेरा मन' विशेष चर्चित है। सत्ता और कॉरपोरेट की स्वार्थता से किसानों को होनेवाली भीषण हानी को इसमें चित्रित किया है :-

"शोषक सपने दिखाते हैं
विकास की धूल उड़ाते हैं।
धूल में गुम हो रहे किसान के जीव
चिडिया, कौए
इन बातों से
छोड गए मेरा आँगन
मेरा खेत।"

मानसिक एवं सांस्कृतिक विस्थापन

मानसिक एवं सांस्कृतिक स्तर का विस्थापन सबसे तीक्ष्ण होता है । अपनी जन्म-भूमि या आत्मीय धरातल से पृथक होने पर हर चेतन-तत्व कमज़ोर हो जाता है। यह पृथक अस्तित्व उसके भविष्य को भी कलुषित बनाता है। मनुष्य के संदर्भ में देखने पर यह स्थिति काफी दयनीय है। अपनी भूमि से निष्कासित होने से उत्पन्न पीडा हमेशा उसको व्यतित कर रहा है। दूसरे देश या परिवेश के साथ वह पूर्णतः जुड़ नहीं पाता है। नवीन देश तथा संस्कृति के साथ टकराहट की स्थिति भी उत्पन्न होती है। इतना ही नहीं दूसरे परिवेश में उसे कई तरह के भेदभावों का भी सामना करना पड़ता है । नस्लवाद, प्रांतीयता जैसी ज़हरीली दशाओं से उसका साक्षात्कार होता है। वास्तव में विस्थापन का यह रूप सबसे अधिक संकटपूर्ण है । दुनिया के बहुत अधिक हिस्से के लोग आजकल इस स्वरूप से जन्मी स्थितियों से जूझते हुए रहते हैं। विस्थापन की मानसिक पीडा का विस्तृत चित्र समकालीन कविता में है। कविता का स्थानीयता बोध असल में विस्थापित जन-मानस की उपज है। वह हमेशा गाँव की ओर, स्थानीय धरातल की ओर झुकी हुई रहती है। उसका बिंब, प्रतीक, भाषा सबके सब जन्मभूमि के हैं । प्रयाग शुक्ल की कविता 'कुछ आकाश' इसी भावभूमि पर जन्मी है :-

"माटी की ही महिमा है
कि उर्वर है
आत्मा का प्रदेश
यह लाज-लिहाज
माटी की ही देने है
आ रही जो सोंधी खुशबू
हमारी ही पूर्वज गंध
अपनी माटी में रमा
भरा हूँ केवल
ममत्व से।"

विस्थापितों के लिए हमेशा अपना आत्मीय स्थान ही प्रमुख है। हमेशा वह उससे जुडी हुई स्मृतियों में डूबा हुआ रहता है। उसका सांस्कृतिक अस्मिता हमेशा पुरानी रहती है। इसलिए दूसरे देश में या दूसरी संस्कृति के आगे वह अपने को जड़-विहीन महसूस करता है। उसके विचार, अनुभूति, परंपरा, संबंध सबके पीछे उसके परिवेश का ही योग है। उससे अलग होने का मतलब अपनत्व से दूर होना है। ममता किरण ने इसका अंकन अपनी कविता में बहुत ही भावुकता के साथ किया है :-

"मन कहता है
मेरे देश की माटी में
बसी हैं वो गन्ध, रंग और स्वाद
जो मुझे जोड़ते हैं अपने देश से
गंध मेरी जन्मभूमि की
रंग अपने विस्तार के, अनुभूतियों के, परंपराओं के
रिश्तों को, त्योहारों के मेलों के
स्वाद अपनी संस्कृति और संस्कारों के।"

राघवन अत्तोली की कविता 'चेड्गरा' का विवेचन भी इसी भावभूमि पर करने की आवश्यकता है। विकास के नाम पर विस्थापित हो जानेवाले लोगों की दुर्दशा और उनकी मानसिक व्यथा का विश्लेषण कविता का लक्ष्य है। मनुष्य को जीने केलिए, जीवन को उर्वर बनाने के लिए मिट्टी की ज़रूरत है। लेकिन यह मिट्टी कृत्रिम या चल-कपट से हासिल की गयी नहीं होनी चाहिए। यह सहजता से, नैसर्गिक गुणों से संपन्न होना चाहिए। कवि का कहना है :-

"मिट्टी चाहिए मुझे
अपनी परंपरा को
उगाने के लिए।"

विस्थापितों की सांस्कृतिक समस्याओं को लेकर मलयालम कविता बहुत पहले ही से सक्रिय रही है। मलयालम के महाकवि इडश्शेरी गोविन्दन नायर की कविता 'कुडियिरक्कल' (निष्कासन) इसका उज्ज्वल दृष्टांत है। इसमें औद्योगीकरण से निर्वासितों की वेदना को व्यापक अभिव्यक्ति मिली है। मनुष्य के लिए अपनी ज़मीन स्वर्ग के समान है। किसी भी परिप्रेक्ष्य में वह उससे अलग होना नहीं चाहता। लेकिन औद्योगीकरण के लिए लोगों को उनकी अपनी मिट्टी से बलपूर्वक निष्कासित किया जा रहा है । इससे मानवीयता की क्षती होती है।

ज्ञानपीठ से पुरस्कृत मलयालम कवि ओ. एन. वी कुरुप्प की कविता 'कृष्णपक्ष के गीत' में विकास के नाम पर बेदखल होते सांस्कृतिक बिंबों को परखती है। मुनाफे पर अधिष्ठित बाज़ारवादी व्यवस्था सबकुछ को समाप्त कर रही है । कवि यहाँ मानवीयता का पक्षधर होकर लोक

संस्कृति के चिह्नों को बचाने का आह्वान देते हैं। जिनके ऊपर कॉरपोरेटों के नेतृत्व में अत्याचार चल रहा है। कवि का कहना है :-

"तुम ने हमारे कृष्ण का अपहरण किया
हमारे सबकुछ का हनन किया
जला दिया हमारे गोकुल को
गायों को भी भगा दिया।"

निष्कर्ष :

इस प्रकार समकालीन हिन्दी और मलयालम कविता विस्थापन के बहुआयामी संदर्भों को विशाल भूमि में अभिव्यक्त करती हैं। धार्मिक आतंकवाद, सांप्रदायिक राजनीति, युद्ध, विकास योजनाएँ आदि की ध्वंसात्मक नीतियों पर कविता गंभीरता से विचार करती है । वह विस्थापन के भौतिक स्वरूप की व्यापक चर्चा करके उसकी भीषणता से मानवीय संवेदना को बचाने के प्रयत्न में है । कविता की संवेदना विस्थापित जन समाज के साथ है। उनके पक्ष में खडे होकर विस्थापित लोगों की दयनीयता को वह अनावृत करती है। विस्थापितों के अधिकारों का संरक्षण और उस के लिए अनुकूल स्थितियाँ प्रदान करना इन कविताओं का मुख्य लक्ष्य रहा है। दुनिया से गायब होते, हाशिए पर बलपूर्वक धकेल दिए जानेवाले वर्ग के प्रति सहानुभूति और उसको न्याय दिलाने का यह कार्य असल में एक सराहनीय प्रयास है।

1. युद्धरत आम आदमी, रमणिका फाउण्डेशन, दिल्ली, जनवरी-मार्च 2019, पृ. 39
2. के सच्चिदानन्दन, मेरी कविता, मातृभूमि बुक्स, 2008, पृ. 141
3. मदन कश्यप, अपना ही देश, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, 2015, पृ. 101
4. ज्ञानेन्द्रपति, संशयात्मा, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004, पृ. 47
5. ज्ञानेन्द्रपति, संशयात्मा, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004, पृ. 72
6. डी विनयचन्द्रन की कविताएँ - www.poetryinternational.org
7. अग्निशेखर, मुझसे छीन ली गयी मेरी नदी, शारदापीठ प्रकाशन, दिल्ली,1996, पृ. 59
8. पी. एन. गोपीकृष्णन, बिरियाणि और अन्य कविताएँ, डी सी बूक्स, कोट्टयम, 2017, पृ. 48
9. एकांत श्रीवास्तव, मिट्टी से कहूँगा धन्यवाद, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, 2003, पृ. 111
10. कुमार अम्बुज, क्रूरता, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 1996, पृ. 87
11. मंगलेश डबराल, पहाड़ पर लालटेन, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 1997 पृ.43
12. सं. रमणिका गुप्ता, कलम को तीर होने दो, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2015, पृ. 78
13. एम बी मनोज की कविताएँ , www.poetryinternational.org
14. युद्धरत आम आदमी, रमणिका फाउण्डेशन, दिल्ली, जनवरी-मार्च 2019, पृ. 31
15. प्रयाग शुक्ल, पचास कविताएँ : नयी सदी के लिए चयन, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2012, पृ. 54
16. ममता किरण की कविताएँ : http://kavitakosh.org
17. राघवन अत्तोली की कविताएँ - www.poetryinternational.org
18. ओ एन वी कुरुप्प, पृथ्वी के लिए एक मृत्यु गीत, डी सी बुक्स, कोट्टयम, 2019, पृ. 55

****

रंगमंच और सिनेमा का अंतर्संबंध: परंपरा, विकास एवं प्रभाव

-नीरज कुमार
पीएच.डी. शोधार्थी,
हिंदी विभाग'
दिल्ली विश्वविद्यालय
संपर्क सूत्र: 9990915227

ई मेल: neerajkumar7592@gamil.com

रंगमंच और सिनेमा का अंतर्संबंध

भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में रंगमंच के इतिहास की तुलना में सिनेमा का इतिहास अभी बहुत नया है। रंगमंच की परंपरा और इतिहास जहाँ हज़ारों साल पुराना है वहीं सिनेमा की आयु अभी मात्र सौ साल से कुछ अधिक हुई है। यदि हम भारतीय संदर्भ में रंगमंच की परंपरा को देखें तो हम पाते हैं कि भारत में नाट्य की परम्परा लगभग 35 हजार साल पुरानी है। इसका प्रमाण हमें भरत मुनि के 'नाट्यशास्त्र' में मिलता है जहाँ 'अमृत मंथन' और 'त्रिपुरदाह' नामक नाटकों का उल्लेख किया गया है। महर्षि पतंजलि ने भी अपने ग्रंथ 'महाभाष्य' में 'कंस वध' और 'बालि वध' नामक नाटकों का उल्लेख किया है। परन्तु वर्तमान समय में इन प्राचीन नाटकों की कोई पांडुलिपि या प्रतिलिपि उपलब्ध नहीं है। इन ग्रंथों में इन नाटकों का केवल नामोल्लेख ही मिलता है। लेकिन फिर भी यह इस बात का तो स्पष्ट रूप से प्रमाणित हो जाती है कि भारत में नाट्य परम्परा और इतिहास हजारों साल पुराना है। इस सन्दर्भ में हिंदी साहित्य के छायावादी दौर के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं नाट्य लेखक जयशंकर प्रसाद अपनी कृति 'काव्य और कला तथा अन्य निबंध' में लिखते हैं कि "नाटकों के सम्बन्ध में लोगों का कहना है कि उनके बीज वैदिक संवादों में मिलते हैं। वैदिक काल में भी अभिनय सम्भवतः बड़े-बड़े यज्ञों के अवसर पर होते थे। भरत के नाट्यशास्त्र की रचना के पूर्व भारत में नाटक की परम्परा थी। जिन नाटककारों और नाट्यकृतियों की 'नाट्यशास्त्र' में चर्चा की गई है, उनमें से भास को छोड़ किसी की नाट्यकृति उपलब्ध नहीं।"[1] प्रसाद जी का यह कथन इस बात को और अधिक प्रमाणित करता है कि भारत में नाट्यकला और रंगमंच का इतिहास बेहद प्राचीन है। अब यदि हम पाश्चात्य साहित्य को देखें तो हमें ज्ञात होता है कि प्राचीन ग्रीक साहित्य में भी नाट्य परंपरा का इतिहास काफी पुराना है लेकिन नाट्यकला पर गंभीर चिंतन का वहाँ अभाव है। इस सन्दर्भ में डॉ. रघुवंश लिखते हैं कि "यूरोप में प्राचीन ग्रीक काल से ही उच्चकोटि के नाटक लेखन और अभिनय की परम्परा थी। वहाँ नाट्यशास्त्र की चर्चा भी हुई है, पर नाट्यकला के विषय में इतनी संश्लिष्ट और व्यापक दृष्टि वहाँ की विवेचनाओं में नहीं पाई जाती।" [2]इन उदाहरणों से यह तो सिद्ध होता है कि भारतीय और पाश्चात्य दोनों साहित्यिक परंपराओं के इतिहास में भी रंगमंच का विशेष अस्तित्व रहा है और समय के साथ-साथ रंगमंच की इस कला का विकास होता चला गया। भारत में नाट्य और रंगमंच की यह परंपरा लम्बे समय तक इसलिए बची रही क्योंकि भारत में नाट्य कला और रंगमंच लोक संस्कृति एवं साहित्य का हिस्सा बनी रही। जन समुदाय के मनोरंजन के उद्देश्य के लिए अपने विभिन्न रूपों जैसे नौटंकी, नाच, तमाशा और जात्रा आदि के माध्यम से यह कला भारत में हमेशा अस्तित्व में रही। जैसा की हम जानते हैं कि 19वीं शताब्दी के आधुनिक युग में तकनीक ने कला की सभी अभिव्यक्तियों के माध्यमों पर अपना गहरा प्रभाव डाला तथा कला की नवीन अभिव्यक्तियों के माध्यमों को जन्म भी दिया है। इसलिए हम देखते हैं जहाँ एक ओर आधुनिक तकनीक ने नाट्य कला एवं रंगमंच में अनेक परिवर्तन किए। तो वहीं तकनीक और अभिनय की प्रेरणा से उत्पन्न एक नवीन कला माध्यम 'सिनेमा' का भी आविष्कार हुआ। यूँ तो फ्रांस में सिनेमा का जन्म चलचित्रों की पुनः प्रस्तुति को संभव बनाने के लिए एक रिकॉर्डिंग आर्ट के रूप में हुआ था। ताकि अधिक से अधिक लोगों के मनोरंजन के माध्यम से अच्छा पैसा कमाया जा सके। हम देखते हैं कि अपनी संपादन कला और कैमरे के विकास के साथ ही सिनेमा फलता-फूलता चला गया और उसका संबंध साहित्य एवं रंगमंच से अधिक जुड़ता गया। क्योंकि अब सिनेमा केवल एक रिकॉर्डिंग आर्ट नहीं बल्कि मनुष्य के जीवन की घटनाओं, उसकी भावनाओं आदि की पुनः प्रस्तुति करने लगा था जिसके लिए उसे साहित्य की जरूरत थी।

सिनेमा के इतिहास के अवलोकन से हमें ज्ञात होता है कि 19वीं शताब्दी के अंतिम दशक में सिनेमा का आविष्कार होने के साथ ही, सिनेमा ने रंगमंच से अपना गहरा अंतर्संबंध स्थापित कर लिया था और अपने शुरुआती वर्षों में सिनेमा ने भी रंगमंच की प्रथा का ही अनुकरण किया। सिनेमा से नाटक की इसी निकटता को देखते हुए, भारत के प्रसिद्ध सिने-लेखक, इतिहासकार, आलोचक एवं निर्देशक प्रसून सिन्हा लिखते है कि "सिनेमा, साहित्य के निकट है परंतु कथा प्रस्तुतीकरण के लिए भाषाई दृष्टिकोण से सिनेमा और साहित्य की शैली एक-दूसरे से काफी भिन्न है। वस्तुतः सिनेमा, साहित्य से अधिक नाटक के निकट है।"[3] यह तो सत्य के सिनेमा साहित्य की अन्य विधाओं की तुलना में नाटक के अधिक निकट है लेकिन सिनेमा और नाटक या रंगमंच में अनेक समानताएं होने के बाद भी मूलभूत अंतर होता है। जैसे रंगमंच के द्वारा किसी चरित्र की कथा को कहा जाता है या किसी मुद्दे को चरित्र के माध्यम से व्यक्त किया जाता है। उसी

प्रकार सिनेमा भी किसी चरित्र की कथा या किसी मुद्दे को चरित्र के माध्यम से व्यक्त करता है। लेकिन फिर भी प्रस्तुति के स्तर पर सिनेमा और नाटक में मूलभूत अंतर होता है। जहाँ रंगमंचीय प्रस्तुति में अभिनय की पुनः प्रस्तुति संभव नहीं होती, वहीं सिनेमा में अभिनय की पुनः प्रस्तुति पर्दे पर अनेक बार संभव हो सकती है। जहाँ रंगमंचीय प्रस्तुति प्रेक्षागृह के दर्शकों को सीधे संबोधित होती, वहीं सिनेमा की प्रस्तुति कैमरे को संबोधित होती है। जहाँ रंगमंचीय प्रस्तुति में अधिकतम संवाद प्रमुख होते है, वहीं सिनेमा में भावाभिनय प्रमुख होता है। रंगमंचीय प्रस्तुति में मनुष्य की शारीरिक उपस्थिति मुख्य और परिवेश गौण होता है। मनुष्य एक माध्यम के रूप में रंगमंच के लिए पूरी तरह महत्त्वपूर्ण होता है, वहीं सिनेमा में नाटकीयता की सार्थकता बिना अभिनेता के भी उपस्थित हो सकती है। इसके लिए सिनेमा में प्रकृति संकेतों एवं प्रतीकों का उपयोग किया जाता है उदाहरण के रूप में सिनेमा किसी दृश्य में किसी आहट से पेड़ों पर बैठे पक्षियों का अचानक उड़ जाना, सूर्य का अस्त होना, अंधकार हो जाना, यह सब मिलकर सिनेमा के पर्दे पर एक प्रभावकारी अर्थमय नाटकीय दृश्य प्रस्तुत कर सकते हैं। यही कारण रहा होगा कि पश्चिमी के विद्वानों द्वारा सिनेमा को फोटोग्राफी पर निर्भर नाटक माना गया। "मनोविज्ञान और दर्शन के प्रसिद्ध अध्येता और हार्वर्ड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक ह्यूगो मन्सटरबर्ग ने सिनेमा को 'फोटोप्ले' यानी छविनाट्य कहा। इस 'छविनाट्य' की बाकायदा उन्होंने परिभाषा भी दी, 'फोटोप्ले' हमें एक मानवीय कहानी दिखाता है। इसे दिखाने के लिए वह जिस शिल्प का सहारा लेता है, वह बाहरी दुनिया, संज्ञाओं, स्थान, काल और अस्थायी क्षणों से निर्मित शिल्प होता है। इस शिल्प में मनुष्य की भीतरी दुनिया, स्मृति, प्रवृत्ति और भावनाओं को भी फोटोप्ले शामिल करता है।"[4] पाश्चात्य विद्वान "गेराल्ड मास्ट जैसे सिनेमा के इतिहासकार लिखते हैं आरम्भ में सिनेमा जब दृश्य कला से कथा कला में तब्दील हो रहा था, तो निर्देशकों ने महसूस किया कि सिनेमा का सौंदर्यशास्त्र रंगमंच की तरह ही है। रंगमंचीय गति, अभिनय, कथा, नाटक और रंगमंचीय सन्दर्भ ही पहली कथा फिल्मों पर प्रभावी रहे। कैमरा भी एक दर्शक ही था, जिस तरह दर्शक की एक कुर्सी होती है, उसी तरह कैमरा भी एक स्थिर अवस्था में हुआ करता था।"[5] गेराल्ड मास्ट यहाँ सिनेमा की उस अवस्था की बात करते हैं जिस समय तक शॉट और संपादन के सिद्धांतों की खोज नहीं हुई थी और सिनेमा भी रंगमंच की तरह दृश्य को प्रदर्शित करने की एक कला मात्र थी। लेकिन समय के साथ-साथ सिनेमा के नवीन निर्देशकों एवं आविष्कारकों ने कैमरे की सुविधा और क्षमता के अनेक उपयोगों की तलाश कर ली, निर्देशकों एवं आविष्कारकों ने यह पाया कि फिल्म की इकाई दृश्य नहीं बल्कि 'शॉट' होता है और कई शॉट को संपादन की विधि से एकसाथ जोड़कर एक दृश्य का निर्माण होता है। यह दृश्य अनेक संख्याओं में जुड़कर एक कथा फिल्म का निर्माण करते हैं। नाटक की यही इकाई एक दृश्य होती है। जिसका मंचन एक ही बार में किया जाता है। शॉट की संपादन कला के विकास के बाद सिनेमा प्रस्तुति के स्तर रंगमंच की अनेक सीमाओं जैसे दृश्य प्रस्तुति, स्थान की स्थिरता और गतिहीनता आदि का अतिक्रमण करने लगा। जिसके कारण सिनेमा के लिए एक अलग सौंदर्यशास्त्र का निर्माण हुआ। लेकिन इसने भेद के बाद भी जिस प्रकार रंगमंच ने जीवन में प्रचलित सभी कलाओं के तत्त्वों को स्वयं में समाहित किया है उसी प्रकार सिनेमा भी जीवन में प्रचलित सभी कलाओं को अपनी प्रस्तुति में समाहित करता है। जैसे नृत्य, संगीत, साहित्य, चित्रकला और स्थापत्य आदि के तत्व रंगमंच की प्रस्तुतीकरण में पाए जाते हैं वही हमें सिनेमा के प्रस्तुतीकरण में दिखाई देते हैं। यही इन दोनों कलाओं की समानता का एक प्रबल आधार है।

भारत के सिनेमा पर रंगमंच का प्रभाव

भारत के सिनेमा से रंगमंच का संबंध स्थापित हुआ था नाटकों के मंचन के फिल्मांकन से, सन् 1903 के आस-पास से ही कोलकाता के रहने वाले, पेशे से फोटोग्राफर हीरालाल सेन "बंगाल के कई नाटकों को इसके मंचन के दौरान ही फिल्मांकन कर और इसे जगह-जगह प्रदर्शित करते रहे थे लेकिन उन्हें वह सफलता नहीं प्राप्त हो सकी जो मुम्बई के रामचंद्र गोपाल तोर्ने को सन् 1912 में उनकी फिल्म 'पुंडालिक' से मिली। यह फिल्म, महाराष्ट्र के ख्यातिप्राप्त हिंदू सन्त के जीवन पर आधारित रामाराव किर्तीकर द्वारा लिखित नाटक पर आधारित थी। इसका फिल्मांकन मुम्बई के ग्रांट रोड क्षेत्र में किया गया था। इसमें नासिक के नाट्य मंडली के उन कलाकारों ने अभिनय किया था जो इस नाटक का मंचन किया करते थे।"[6] इस प्रकार हम देखते हैं भारत की पहली कथा फिल्म 'पुंडालिक' भी एक नाटक का ही फिल्मांकन थी। लेकिन इसे भारत की पहली कथा फिल्म होने का श्रेय इसलिए नहीं दिया जाता क्योंकि इस फिल्म छायांकन विदेशी छायाकारों द्वारा किया गया था। इसलिए दादा साहब फालके द्वारा निर्मित फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' (1913) को भारत की पहली कथा फिल्म माना जाता है। दादा साहब फालके ने यह स्वयं मन है कि 'राजा हरिश्चंद्र' फ़िल्म को बनाने की प्रेरणा उन्हें उन पौराणिक लोक नाटकों से मिली थी जो उन्होंने देखे थे। इस प्रकार हम देखते हैं कि भारतीय सिनेमा अपने जन्म के साथ ही नाट्यकला एवं रंगमंच से प्रभावित हुआ था। आगे आने वाले समय में हिंदी सिनेमा को पारसी रंगमंच ने सबसे अधिक प्रभावित किया। क्योंकि बॉम्बे ही वह स्थान था जहाँ पारसी रंगमंच के समांतर ही सिनेमा का भी विकास हुआ था। इस सन्दर्भ में प्रसिद्ध सिने-विद्वान एवं आलोचक जवरीमल्ल पारख लिखते है कि "फिल्मों की परंपरा को आम तौर पर पारसी थियेटर के उदय के साथ जोड़कर देखा जाता रहा है। पारसी थियेटर का उदय उन्नीसवीं सदी के अंतिम दशकों में महाराष्ट्र और गुजरात में हुआ। इसकी शुरुआत करने वाले रंगकर्मियों में ज्यादातर गुजराती भाषी पारसी थे। इसीलिए इसका नामकरण पारसी रंगमंच हुआ। ये रंगकर्मी तीन भाषाओं मराठी, गुजराती और हिंदी (या उर्दू) में नाटक करते थे। धीरे-धीरे पारसी थियेटर एक पापुलर माध्यम के रूप में पूरे उत्तर भारत में फैल गया हालांकि उसका मुख्य केंद्र बंबई बना जहां इस तरह के नाटक खेले जाने के

लिए बहुत से थियेटर स्थापित हुए थे।" [7]उस दौर में अपनी लोकप्रियता के कारण यह पारसी थियेटर ही लोगों के मनोरंजन में बड़ी भूमिका निभा रहे थे। इस सन्दर्भ में हिंदी सिनेमा के बड़े आलोचक प्रकाश कान्त लिखते हैं कि "पारसी नाटक कम्पनियाँ इस व्यवसाय (मनोरंजन के व्यवसाय) की चैम्पियन थीं। जिन्होंने उस दौर में लोगों के मनोरंजन की जरूरतें काफ़ी हद तक पूरी की थीं। और आने वाले दौर के सिनेमा के लिए रास्ता बनाया था।" [8]पारसी रंगमंच की लोकप्रियता का ही प्रभाव था कि बॉम्बे में बनाने वाली फिल्मों की कहानी पारसी रंगमंच की कहानियों से प्रभावित हुई थी और सवाक् सिनेमा के दौर तक आते-आते पारसी रंगमंच ने हिंदी सिनेमा पर भी अपना प्रबल प्रभाव बना लिया था। जिसका उदाहरण स्वयं भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' है। जिसके संवादों की भाषा लगभग वैसी ही है जैसी पारसी रंगमंच के संवादों की हुआ करती थी। पारसी रंगमंच के इस प्रभाव को तीस के दशक के शुरुआती दौर के हिंदी सिनेमा पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। फ़िल्म 'इन्दरसभा' इसका सबसे बड़ा उदाहरण है जिसमें पारसी रंगमंच की ही तर्ज पर 72 गाने थे, जो आज भी एक विश्व रिकार्ड है। यह "पारसी रंगमंच सवाक सिनेमा के आने के एक दशक बाद तक बना रहा। लेकिन सवाक सिनेमा की बढ़ती लोकप्रियता ने धीरे-धीरे पारसी रंगमंच की उपयोगिता को समाप्त कर दिया। पारसी रंगमंच से जुड़े नाटककार उस दौर की कई फिल्मों के पटकथा लेखक और संवाद लेखक बने। मसलन, नारायण प्रसाद बेताब, आगा हश्र कश्मीरी, राधेश्याम कथावाचक जैसे पारसी रंगमंच के प्रख्यात नाटककार आरंभिक मूक और सवाक फिल्मों से जुड़े रहे। इन तीनों ने कई फिल्मों की पटकथा लिखीं, कई ने गीत लिखे और आगा हश्र ने तो कुछ फिल्मों का निर्देशन भी किया। लेकिन पारसी रंगमंच और हिंदी सिनेमा को जोड़ने वाली ये बाहरी कड़ियां नहीं थीं। पारसी रंगमंच और हिंदी सिनेमा का संबंध कहीं ज्यादा गहरा था। यह महज संयोग नहीं है कि न सिर्फ पारसी रंगमंच से जुड़े नाटककारों के लिए सिनेमा उसी का विस्तार प्रतीत हुआ बल्कि नाटक कंपनियां चलाने वाले कई लोग बाद में फिल्म निर्माण की तरफ चले गए। लेकिन इन तथ्यों से भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह थी कि पारसी रंगमंच जिस परंपरा से संबंध रखता था उस परंपरा को आगे बढ़ाने का काम पापुलर सिनेमा ने किया।" [9]जिसका प्रभाव उस दौर के लोकप्रिय हिंदी सिनेमा पर देखा जा सकता है। इन फिल्मों की भाषा, संवाद, गीतों की शैली से लेकर फिल्मों ने पत्रों की वेशभूषा, सेट, स्थान और दृश्य सृजन तक में हम पारसी रंगमंच का प्रभाव देख सकते हैं।

हिंदी सिनेमा के इतिहास में आगे इंडियन पीपल्स थियेटर एसोसिएशन जिसे 'इप्टा' के नाम से जाना जाता है, ने हिंदी सिनेमा को अपने प्रभाव क्षेत्र में लिया। 'इप्टा' की स्थापना 26 मई 1943 को मुंबई के मारवाड़ी स्कूल में हुई थी। जैसा की हम जानते हैं सन् 1936 में स्थापित प्रगतिशील लेखक संघ 'प्रलेस' की भांति भारतीय जन नाट्य संघ 'इप्टा' भी मार्क्सवादी वैचारिक मूल्यों से संचालित था। जिस प्रकार प्रगतिशील लेखक संघ ने साहित्य के क्षेत्र को प्रभावित किया, उसी प्रकार भारतीय जन नाट्य संघ ने भारतीय साहित्य, रंगमंच और अन्य कलाओं के साथ-साथ हिंदी सिनेमा को भी प्रभावित किया। सन् 1946 में भारतीय जन नाट्य संघ 'इप्टा' के सहयोग से तीन विश्व स्तर की फिल्मों का निर्माण हुआ। जिनमें पहली फिल्म 'धरती के लाल' थी। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध फ़िल्म समीक्षक, साहित्यकार और फ़िल्मकार ख्वाजा अहमद अब्बास के द्वारा किया गया था। दूसरी महत्वपूर्ण फिल्म 'डॉ. कोटनिस की अमर कहानी' थी तथा तीसरी महत्वपूर्ण फिल्म 'नीचा नगर' थी जिसका निर्देशन चेतन आनंद द्वारा किया गया था। 'इप्टा' की प्रगतिशील विचारधारा का यह प्रभाव आगे आने वाली हिंदी फिल्मों पर भी देखा जा सकता है। सत्तर के दशक के समांतर हिंदी सिनेमा के दौर में बनी कला फिल्मों पर उसी रचना शैली का प्रभाव देखने को मिलता है जिसका प्रवेश 'इप्टा' के प्रभाव के कारण हिंदी सिनेमा में हुआ था। इस प्रकार हम देखते हैं कि किस प्रकार रंगमंच के प्रभाव को भारतीय सिनेमा अपने ने भीतर समाहित करता है। यह प्रभाव हम भाषा, अभिनय, वेशभूषा, रचना शैली एवं विचार आदि के स्तरों पर देख हैं। लेकिन वर्तमान समय में सिनेमा के मुकाबले रंगमंच काफी पीछे छूट गया है। जो एक चिंता का विषय है।

संदर्भ सूची:

1. प्रसाद, जयशंकर, 'काव्य और कला तथा अन्य निबंध', प्रथम संस्करण, भारती भण्डार लीडर प्रेस, इलाहाबाद, पृष्ठ संख्या: 90
2. ओझा, अनुपन, 'भारतीय सिने सिद्धांत', राधाकृष्ण प्रकाशन दिल्ली, संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या
3. सिन्हा, प्रसून, 'भारतीय सिनेमा एक अनन्त यात्रा', श्री नटराज प्रकाशन, संस्करण 2019, पृष्ठ संख्या-68
4. संपादक प्रसाद, प्रो. कमला, 'फिल्म का सौन्दर्यशास्त्र और भारतीय सिनेमा', शिल्पायन प्रकाशन दिल्ली, पृष्ठ संख्या 114
5. वही, पृष्ठ संख्या 112
6. सिन्हा, प्रसून, 'भारतीय सिनेमा एक अनन्त यात्रा', श्री नटराज प्रकाशन, संस्करण 2019, पृष्ठ संख्या-23
7. पारख, जवरीमल्ल, 'हिंदी सिनेमा का समाजशास्त्र', ग्रन्थ शिल्पी प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ संख्या: 65
8. कान्त, प्रकाश, 'हिंदी सिनेमा : सार्थकता की तलाश!', अंतिका प्रकाशन, पहला संस्करण: 2019, पृष्ठ संख्या: 10
9. पारख, जवरीमल्ल, 'हिंदी सिनेमा का समाजशास्त्र', ग्रन्थ शिल्पी प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ संख्या: 71

****

यौगिक अभ्यासों का महिलाओं एवं पुरूषो के आत्मविश्वास पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

कु. श्वेता कुर्रे ,
शोधार्थी (योग),
शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग,
मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर, छ.ग.।

-डॉ. सुनील कुमार मिश्र,
शोध निर्देशक,
सहायक प्राध्यापक,
शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग, मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर, छ.ग.।

सारांश:- आत्मविश्वास वह शक्ति है जिससे जीवन की हर समस्या का समाधान करने की हिम्मत मिलती है, और सफलता प्राप्त करने में सहायक होता है। भृगु (ड़रपोक) व्यक्ति कभी भी कोई कठिन कार्य करने की न तो हिम्मत करता है और न ही विपरीत परिस्थिति को संभालने में सक्षम होता है। आधुनिक समय बहुत ही संघर्ष और परिश्रम का है। महिला हो अथवा पुरूष दोनों को वर्तमान समय में प्रतियोगिता तथा जीवन की चुनौतियों को समान रूप से समाना करना पड़ेगा। आत्मविश्वास से भरा हुआ व्यक्ति कभी पीछे नही हटता लक्ष्य को प्राप्त करने में आत्मविश्वास सहायक होता है। आत्मविश्वास के अभाव में किसी को कितना भी सहयोग कर लीजिए वह आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं करते। आत्मविश्वास अपने साथ सकारात्मक विचार, चिंतन लाता है। आत्मविश्वास के अभाव में नकारात्मकता अधिक होती है। इस शोध का उद्देस्य महिला एवं पुरूष के आत्मविश्वास पर यौगिक अभ्यासों के प्रभाव का अध्ययन करना है। इस शोध में कुल 60 न्यादर्श का यादृच्छिक तरीके से चयन कर दो समूहों में बांटा गया है। प्रयोगिक समूह एवं नियंत्रित समूह (30 प्रायोगिक समूह 30 नियंत्रित समूह)। आत्मविश्वास के मापन हेतु डॉ.रेखा गुप्ता अग्निहोत्री का प्रश्नावली को लिया गया है। जिसमें कुल 56 प्रश्न है। पूर्व एवं पीएस परीक्षण का उपयोग किया गया। सांख्यिकीय विश्लेषण हेतु एनकोवा का प्रयोग किया गया है। शोध परिणाम में पाया गया कि महिलाओं एवं पुरूषों के आत्मविकास को बढ़ाने में यौगिक अभ्यास महत्वपूर्ण है।

बीज शब्द:- यौगिक अभ्यास, महिला, पुरूष, आत्मविश्वास, समूह, क्रिया, नकारात्मकता, सांख्यिकीय विश्लेषण, आत्मविकास, सकारात्मक विचार, चिंतन,

प्रस्तावना:- आधुनिक समय अत्यंत भागदौड़ का समय है। लोग जीवन में भौतिक सुख भोग बाहय आकर्षण के पीछे इस प्रकार व्यस्त है कि वे स्वयं का अवलोकन ही नही कर पा रहें है। दुनिया जिस प्रकार प्रतियोगिता से भर गया जो जीत न सका उनके लिए जीवन में अन्य मार्ग ही नही है, इस नकारात्मक विचार से भरता जा रहा है। वर्तमान में प्रतिवर्ष बहुत से विद्यार्थी उत्तीर्ण न होने के भय या किसी परीक्षा में सफल न हो पाने के डर से आत्महत्या करते है। युवा अपने जीवन का महत्व और अपनी विषिष्टताओं के अनभिज्ञता में अपना जीवन नशे की लत में या विनाश करने में अधिक सहज होते जा रहें है। विश्व में जीतने भी लोग इस प्रकार से कार्य कर रहें है,उन्हें चाहिए कि वे अपने जीवन अपनी विष्टिताओं को पहचाने और जीवन को नष्ट करने के बजाय उसे नयी दिशा दें। आत्मविश्वास वह शक्ति है जो विपरीत परिस्थिति को संभालने अपने आप को सकारात्मक बनाए रखने में सहायक होता है। महिलाओं और पुरूषों दोनों में ही वर्तमान समय में प्रतियोगिता समान हो गयी। नौकरी व आर्थिक अर्जन के लिए जीवन संघर्षात्मक होते जा रहा है। दोनों में मानसिक तनाव, संशय एवं डर बना है कि आगे क्या होगा। आत्मविश्वास से पूर्ण व्यक्ति ऐसी परिस्थितियों में संयम के साथ अपने लक्ष्य के लिए सतत प्रयास कर अपने जीवन को बेहत्तर बना लेते है। वही आत्मविश्वास कमजोर होने से बहुत से कठिनाई का हवाला देते हुए व्यक्ति कार्य को छोड़ देता है। प्रयास को पूर्ण नही कर अधूरे में हार मानकर बैठ जाता है। किसी भी कार्य में सफलता और पूर्णता के लिए परिश्रम के साथ आत्मविश्वास का होना आवश्यक है। परिश्रम करने की अभिप्रेरणा भी आत्मविश्वास के कारण आता है।

वर्तमान समय में लोग अधिक आधुनिक हो गये हैं किन्तु अभी भी आत्मविश्वास की कमी के कारण अपनी योग्यता एवं रूचि का कार्य करने से झिझकते है। जो कि उनकी असफलता का प्रमुख कारण है। योग वह माध्यम है जो हमें अंतःमुखी बनाने में अपनी विषेषताओं को पहचानने में अपने लक्ष्य को पाने में दिशा (ज्ञान) प्रदान करता है। महर्षि पतंजलि कहते है कि ''योगश्चित्वृत्तिनिरोध।''(1/2) चित की वृत्तियों का निरोध योग से होता है। योग अत्यंत वृहद ज्ञान है इसे जो जीतना जानता है वह उतना ही आंतरिक ज्ञानानुभूति से पूर्ण होता जाता है। आत्मविकास होता है। अतः योग आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होगा।

शोध की अवश्यकता :-

वर्तमान समय को देखते हुए यह समस्या को समझा जा सकता है कि भागदौड़ करने से ही सफलता नही मिलती उसके लिए प्रशिक्षण तथा आत्मविश्वास का होना भी अनिवार्य है। आत्मविश्वास के अभाव में बहुत से विद्यार्थि जो गलत दिशा में जा रहें है उसे रोकने में, समस्या का समाधान करने में सहायक होगा। यह शोध छात्रों में सकारात्मक लाने तथा आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक है।

शोध कथन:- यौगिक अभ्यासों का महिलाओं एवं पुरुषों के आत्मविश्वास पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन।

शोध का उद्देश्य :- महिला एवं पुरुषों के आत्मविश्वास पर यौगिक अभ्यास से पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना:- यौगिक अभ्यास का महिलाओं एवं पुरूषों के आत्मविश्वास पर कोई प्रभाव नहीं पाया जाएगा।

शोध प्रविधि:- यह शोध प्रायोगिक है। इस शोध का क्षेत्र बिलासपुर छत्तीसगढ़ है। इस शोध में कुल 60 न्यादर्श (30 महिलाएं एवं 30 पुरूषों) है। शा.जे.पी.वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के विद्यार्थियों का यादृच्छिक विधि से चयन किया गया है। न्यादर्श को दो समूह नियंत्रित समूह एवं प्रायोगिक समूह में बांटा गया है। । नियंत्रित समूह को पूर्वानुसार रखा गया। प्रायोगिक समूह को नियमित 1 माह तक यौगिक अभ्यास कराया गया। दोनों समूह का पूर्व एवं पश्चात परीक्षण कराया गया। परीक्षण के लिए डॉ. रेखा गुप्ता अग्निहोत्री का प्रश्नावली जिसमें कुल 56 प्रश्न है को दिया गया। प्रश्नावली में उत्तर हाँ अथवा नही में दिया गया है कुछ संख्या को छोडकर जैसे 2,7,31,40,41,43,44,45,53,54,55 में नही में एक अंक है तथा शेष सारी संख्या में हाँ में एक अंक है। सांख्यिकीय तकनीक के लिए एनकोवा का उपयोग किया गया।

सीमाएं: दिनचर्या, मौसमी प्रभाव एवं आनुवंशिकता आदि अनुसंधानकर्ता के नियंत्रण में नही होने के कारण इसे सीमाएं में रखा गया है।

परिसीमाएं:- इस शोध कार्य में शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकलांग छात्रों को नहीं रखा गया है। गर्भवती महिलाओं को नही लिया गया है। नौकरी पेशा वाले को नही लिया गया है। आयु 19-25 वर्ष के छात्रों को लिया गया है। केवल छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के छात्रों को लिया गया है। अशिक्षित लोगों को नही लिया गया है। किसी रोगी को नही लिया गया है।

शोध साहित्य:- थोरात एवं माने 2019 योगिक अभ्यासों का मोटापे से ग्रस्त स्कूली छात्रों की चिंता, आत्मविश्वास और अवसाद पर प्रभाव। थिंक इंडिया जर्नल 22(13),465-470. शोध का उद्देश्य स्कूल के मोटे छात्रों के मनोवैज्ञानिक चर पर योगिक अभ्यास का प्रभाव का अध्ययन करना था। अध्ययन प्रायोगिक था। प्री एवं पोस्ट परीक्षण का यादृच्छिक तरीके से चयन किया गया। मुबंई के दो स्कूल के 30 मोटे छात्रों को प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह में बांट कर प्रायोगिक समूह को सप्ताह के सुबह 5 दिन एक घंटे का 12 सप्ताह तक योगिक अभ्यास कराया गया। नियंत्रित समूह को कुछ नही कराया गया। मनौवैज्ञानिक चर चिंता, आत्मविश्वास और अवसाद के लिए स्टेट टेस्ट एंग्जाइटी, आत्मविश्वास प्रश्नावली एवं डिप्रेषन प्रश्नावली जैसे मानकीकृत परीक्षणों के द्वारा प्री प्रोस्ट विधि से सांख्यिकीय तकनीक टी टेस्ट द्वारा मापन किया गया। परिणाम में देखा गया कि पूर्व की अपेक्षा योगिक अभ्यास के पश्चयात चिंता, आत्मविश्वास एवं अवसाद में बहुत अच्छा सुधार हुआ।

निषिता, नायर एवं बुपेश 2020 महिला छात्रों के बीच चयनित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक चरों पर योगिक प्रथाओं का प्रभाव। बायोकेमिकल और सेलुलर अभिलेखागार 20(1),2673-2675 शोध का उद्देश्य महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक चरों पर योगिक अभ्यासों का प्रभाव देखा गया। इसमें भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरूचिरापल्ली के महिला छात्रावास के कुल 24 महिलाओं का चयन किया गया जिनकी आयु 23 से 28 वर्ष थी। जिसे दो समूहों में प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह में विभाजित कर प्रायोगिक समूह को 6 सप्ताह तक योगिक अभ्यास करवाया गया। नियंत्रित समूह पर योगिक अभ्यास नही कराया गया। प्री एवं पोस्ट विधि द्वारा प्राप्त डेटा को टी परीक्षण सहप्रसरण विष्लेषण विधि (एएनसीओवीए) लागू करके जांच किया गया। प्राप्त निष्कर्ष में प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक चरों में अंतर पाया गया।

कामाची एवं एलंगोवन 2022 ने अपने शोध हाइपोथायराडिज्म से पीडित मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं में कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन और आत्मविश्वास पर योग अभ्यास का प्रभाव। शोध का उद्देश्य महिलाओं के लिए योगिक अभ्यास का हाइपोथायराडिज्म से पीडित महिलाओं के आत्मविश्वास पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना शोध के लिए चेन्नई के 30 न्यादर्श का 45 से 55 आयु वर्ग के महिलाओं को प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह में बांटा गया। एनकोवा के प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के मध्य योगिक अभ्यास के कारण अंतर दिखाई दिया। 0.05 आत्मविश्वास का स्तर स्वीकार किया गया। निष्कर्ष में हाइपोथायराडिज्म से पीड़ित मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं के लिए योगिक अभ्यास कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन को कम करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में लाभदायक है।

यौगिक अभ्यास का विवरण:- तालिका क्र. 1 प्रायोगिक समूह के लिए यौगिक अभ्यास की सूची

क्र.	अभ्यास	समय	आवृत्ति	संदर्भ ग्रंथ
1	ऊँ. का उच्चारण	1 मिनट	3	शब्द नाद श्री रामशर्मा आचार्या
2	गायत्री मंत्र	1 मिनट	2	
3	ताड़ासन	1 मिनट	3	आसन,प्राणायाम,मुद्रा एवं बंध स्वामी सत्यानंद सरस्वती मुंगेर बिहार पब्लिकेंसन
4	तिर्यक ताड़ासन	1 मिनट	3	
5	कटिचकासन	1 मिनट	3	
6	सूर्यनमस्कार	2 मिनट	4	
7	शवासन	1 मिनट		
8	सिंहगार्जनासन। मिनट	1 मिनट	4	
9	भ्रामरी प्राणायाम	1 मिनट	2	
10	शम्भवी मुद्रा	1 मिनट	3	
11	त्राटक	सप्ताह में एक दिन	2	घेरण्ड संहिता के अनुसार
12	उज्जायी प्राणायाम	प्रति दिन	1	घेरण्ड संहिता के अनुसार

सांखिकीय विश्लेषण:- तालिका क्र. 2 यौगिक अभ्यास करने वाले प्रयोगिक समूह में नियंत्रित समूह का विश्लेषण |

यौगिक अभ्यास करने वाले प्रयोगिक समूह में नियंत्रित समूह का विश्लेषण				
समूह	लिंग	छात्रों की संख्या	मध्यमान	मानक विचलन
प्रायोगिक समूह	महिला	30	13.00	4.05
	पुरूष	30	9.83	5.90
नियंत्रित समूह	महिला	30	23.30	13.76
	पुरूष	30	29.96	8.21

तालिका क्र. 2 में प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बहुत ही महत्वपूर्ण है। (पी=.001) यह तालिका यह दर्शाता है कि समूह, लिंग एवं पूर्व तथा पश्चयात परीक्षण के स्कोर में अंतर पाया गया है।

यह शोध आश्रित चर के आधारभूत स्तर का परीक्षण करता है जब सभी भविष्यवक्ता शून्य होते है। प्री टेस्टस्कोर (कोवेरियंट) का पोस्ट स्कोर पर महत्वपूर्ण प्रभाव (पी=.001) होता है जिससे ज्ञात होता है कि यौगिक अभ्यासों का आत्मविश्वास पर प्रभाव पड़ता है। समूह पर पश्चयात परीक्षण (प्रयोगात्मक बनाम नियंत्रित, पी =.001) का प्रभाव देखने से पता चलता है कि यौगिक अभ्यासों के प्रभाव से प्रायोगिक समूह में नियंत्रित समूह की तुलना में अधिक आत्मविश्वास पाया गया। लिंग के अनुसार दोनों समूह महिलाओ एवं पुरूषों की प्रायोगिक एवं नियंत्रित परीक्षण स्कोर में कोई महत्पूर्ण अंतर नही पाया गया है इससे ज्ञात होता है लिंग के अनुसार आत्मविश्वास में अधिक अंतर नही पाया जाता। समूह के अनुसार महिलाओं एवं पुरूषों के लिंग समूह (पी=.001) नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह के पश्चयात परीक्षण में सार्थक अंतर पाया गया। यौगिक अभ्यास करने वाले प्रायोगिक समूह के पश्चयात परीक्षण स्कोर नियंत्रित समूह की तुलना में कम आया है आत्मविश्वास प्रश्नावली के अनुसार कम अंक अधिक आत्मविश्वास को दर्शाता है अर्थात यौगिक अभ्यास करने वाले प्रायोगिक समूह में नियंत्रित समूह की अपेक्षा अधिक आत्मविश्वास पाया गया।

तालिका क्र. 3

लिंग के अनुसार समूहों में पड़ने वाले प्रभाव				
लिंग	माध्य	मानक विचलन	लोवर बॉन्ड	अपर बॉन्ड
महिला	19.31	.693	17.94	20.68
पुरूष	18.73	.693	17.36	20.10

पुरूषों के प्रयोगात्मक और नियंत्रण दोनों समूहों में औसत पश्चयात स्कोर 19.31 है तथा महिलाओं का प्रायोगात्मक और नियंत्रण समूहों में औसत पश्चयात स्कोर 18.73 है दोनों समूहों का परिणाम स्कोर में अधिक अंतर नही पाया गया है। लिंग के अनुसार आत्मविश्वास में लिंग का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नही पड़ता।

तालिका क्र. 4 यौगिक अभ्यास का महिलाओं एवं पुरूषों के आत्मविश्वास का विश्लेषण:

यौगिक अभ्यास का महिलाओं एवं पुरूषों में आत्मविश्वास का विश्लेषण					
समूह	लिंग	मध्यमान	मानक विचलन	95 विष्वास स्तर	
				लोवर बॉन्ड	अपर बॉन्ड
प्रायोगिक समूह	महिला	14.77	.981	12.83	16.72
	पुरूष	10.98	.976	9.05	12.91
नियंत्रित समूह	महिला	23.84	1.00	21.91	25.77
	पुरूष	26.48	.974	24.47	28.47

तालिका क्र 4 के अनुसार एनकोवा के द्वारा प्राप्त परिणाम से ज्ञात होता है कि यौगिक अभ्यास का आत्मविश्वास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के पश्चयात परिणाम से ज्ञात होता है कि यौगिक अभ्यास का पालन करने वाले तथा नही करने वाले के मध्य पश्चयात स्कोर में काफी अंतर पाया गया। लिंग पर अधिक अंतर नही पाया गया किन्तु महिला एवं पुरूषों के ही पूर्व एवं पश्चयात परीक्षण में भिन्नता पाया गया अर्थात समूह पर इसका महत्वपूर्ण प्रभाव पाया गया। यौगिक अभ्यास का महिलाओं एवं पुरूषों में आत्मविश्वास पर भिन्न अंतर देखा गया ।



यह चार्ट एसपीएसएस के द्वारा सांख्यिकीय एनकोवा के परिणाम को दर्शाता है। यौगिक अभ्यासों का प्रभाव महिलाओं एवं पुरूषों के आत्मविश्वास पर देखा गया जिसमें प्रायोगिक समूह के पूर्व एवं पश्चयात परीक्षण के अंक पर सार्थक अंतर पाया गया। नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह के पश्चयात परीक्षण के अंक स्तर में अंतर पाया गया। नियंत्रित समूह का अंक अधिक पाया गया जिसका ग्राफ अधिक है जो दर्शाता है कि आत्मविश्वास कम है। वही प्रायोगिक समूह का अंक नियंत्रित समूह से कम पाया गया जो आत्मविश्वास में वृद्धि को दर्शाता है। प्रायोगिक समूह के लिंग एवं सूमह के पूर्व एवं पश्चयात परिणाम में अंतर पाया गया। महिलाओं की तुलना में पुरूषों में अधिक आत्मविश्वास पाया गया। एनकोवा चार्ट के आधार पर पाया गया कि यौगिक अभ्यासों का महिलाओं एवं पुरूषों के आत्मविश्वास पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

परिणामों का विश्लेषण :- थोरात एवं माने 2019 योगिक अभ्यासों का मोटापे से ग्रस्त स्कूली छात्रों की चिंता, आत्मविश्वास और अवसाद मनोवैज्ञानिक चरों पर योगिक अभ्यास का प्रभाव देखा जिसमें मनोवैज्ञानिक चरों चिंता, आत्मविश्वास एवं अवसाद के स्तर में बहुत सुधार पाया गया।, निषिता, नायर एवं बुपेष 2020 महिला छात्रों के बीच चयनित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक चरों पर योगिक प्रथाओं का प्रभाव देखा जिसमें नियंत्रित समूह की अपेक्षा प्रायोगिक समूह में सकारात्मक प्रभाव पाया गया। नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह में के पश्चयात परीक्षण परिणाम में अंतर पाया गया। कामाची एवं एलंगोवन 2022 ने अपने शोध हाइपोथायराडिज्म से पीडित मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं में कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन और आत्मविश्वास पर योग अभ्यास का प्रभाव। निष्कर्ष में हाइपोथायराडिज्म से पीड़ित मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं के लिए योगिक अभ्यास कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन को कम करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में लाभदायक है।

निष्कर्ष:- निष्कर्ष से ज्ञात होता है कि यौगिक अभ्यास का महिलाओं एवं पुरूषों दोनों के आत्मविश्वास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है लिंग के अनुसार प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूहों के बीच में अंतर देखा जा सकता है। पश्चयात परीक्षण के स्कोर (आर स्क्वायर=0.804) में भिन्नता का पता चलता है। महिलाओं एवं पुरूषों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में यौगिक अभ्यास महत्वपूर्ण है इसके नियमित अभ्यास से आत्मविश्वास में वृद्धि हुआ। लिंग के आधार पर विषेष अंतर नही पाया गया किन्तु प्रायोगिक समूह के लिंग एवं समूह का पूर्व एवं पश्चयात परीक्षण के अंक स्तर पर सार्थक अंतर

पाया गया जो दर्शाता है कि यौगिक अभ्यास का महिलाओं एवं पुरूषों के आत्मविश्वास पर सार्थक प्रभाव पड़ता है। महिलाओं की तुलना में पुरूषों में अधिक आत्मविश्वास पाया गया।यौगिक अभ्यास महिलाओं एवं पुरूषों के आत्मविश्वास पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

संदर्भ ग्रंथ:-

डॉ.सकपाल होवन्ना एवं संगीता पाटिल, इफैक्ट ऑफ योगा ऑन सेल्फ कॉन्फिडेंट, इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ योगिक, हयूमन मूमेंट एण्ड स्पोर्ट सांइस 2018; 3(1): 250-253 आईएसबीएन: 2456-4419 .

अभिषेक कुमार भारद्वाज एवं पूजा आर. भारद्वाज, इंटरनेशनल साइंटिफिक योग जर्नल, हाई स्कूल के छात्रों में आत्मविश्वास के स्तर पर व्यापक योग के दीर्घकालिक हस्तक्षेप के प्रभाव, योगा सांइस एजुकेशन 2015 सेंस 5 (5), 7-16, 2015

एमसीएच थोरत एवं एमएम माने, योगिक अभ्यासों का मोटापे से ग्रस्त स्कूली छात्रों की चिंता, आत्मविश्वास और अवसाद पर प्रभाव, थिंक इंडिया जर्नल 22 (13), 465-470.2019

सी. कामाची एवं आर. एलंगोवन, हाइपोथारायडिज्म से पीड़ित मध्यम आयु वर्ग की महिला में ट्राइग्लिसराइड्स और आत्मसम्मान पर योगिक अभ्यास का प्रभाव। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हुमिनिटी लॉ एंड सोश्ल साइन्स पब्लिश आर्कोलौजिस्ट एंड गायनोलौजिस्ट सोसाइटी कानपुर इंडिया vol-9,Issue-1, no. 6, 2022.

के. वेंकटेशन एवं एन. एस. ग्नानवेल ,पुरूष फुटबाल खिलाड़ियों में तनाव और आत्मविश्वास पर एरोबिक व्यायाम और योगिक अभ्यास का प्रभाव।इनटरनेशनल जर्नल ऑफ साइकोलाजी,न्यूटीषयन एण्ड फिजिकल एजुकेशन; 8(1): 22-23 आईएसएसएन: 2456-0057, 2023.

श्री मति शशिकला सरीन एवं अंजनी सरीन, शैक्षिक अनुसंधान विधियां ,अग्रवाल पब्लिकेशन 2014 आईएसबीएन: 978-81-89994-89-1पेज नंबर 327-377.

डॉ जयश्री राय योग से मिलता है आत्मविश्वास: कुल्टी पश्चिम वर्धमान, पश्चिम बंगाल में बेरोजगार लोगों का एक केस स्टडी, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ योगिक, ह्यूमन मूवमेंट अँड स्पोर्ट साइन्स 2019;4(1):903-904.

आर. मेहता एवं के. पाठक, योग के प्रति महिला एवं पुरूष छात्रों के दृष्टिकोण का तुलानात्मक अध्ययन इंटरनेशनल जर्नल ऑफ शारीरिक शिक्षा खेल एवं स्वास्थ्य, 2020;7 (3),192-196,2020.

वी. कविता एवं जे. पी. शर्मा, महिला एवं पुरूष योग खिलाड़ियों की दो आयु श्रेणियों के बीच प्रतिस्पर्धा स्थिति चिंता के स्तर का तुलानात्मक अध्ययन, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ शारीरिक शिक्षा, खेल एवं स्वास्थ्य 2(1),01-2,2015.

स्वामी सत्यानंद सरस्वती ,(2017) आसान,प्राणायाम,मुद्रा एवं बंध, मुंगेर बिहार पब्लिकेसन ISBN; 978-8185787527 (2017).

अरुण सिंह एवं आशीष सिंह व्यक्तिव का मनोविज्ञान मोतीलाल बनरसीदास जवाहर नगर दिल्ली (2015) ISBN: 978-81-208-2198-9 पेज नं 215-220 प्रथम संस्करण 2000.

अजय गुप्ता, शिक्षा मनोविज्ञान यूनिवरसिटि बुक हाउस (प्रा.) लि. जयपुर पेज नंबर 276 ISBN; 81-8198-192-8 प्रथम संस्करण 2007.

हरि मोहन धावन एवं अरुण कुमार ,महिला आरक्षण एवं भारतीय समाज ,रावत पब्लिकेशन जवाहर नगर जयपुर 2011आईएसबीएन: 978-81-316-0449-6 पेज नंबर 15-23.

Hamid Dehghanfar,Maryam Alicheshmealaee,Mahvash Noorbakhsh, The Effect of Yoga Training on Stress and Self Esteem and Its Relation To Emotional Intelligence,Journal of Research in Applied science. Vol, 1 (5):109-112,2014.

Ayse Arikan Donmez, Nilgun Kuru Alici, Sevgisun Kapucu,Melih Elcin, The effect of laughter yoga applied before simulation training on state anxiety,perceived stress levels,self confidence and satisfaction in undergraduate nursing students:A pragmatic randomized controlled trial ,https//doi.org/ j.nepr.2023.103636.

****

मुक्तिबोध के काव्य में जनवादी चेतना

-डॉ. कुमारी पूनम चौहान
सहायक प्रोफेसर
हिन्दी विभाग
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
समरहिल, शिमला-5

मुक्तिबोध हिन्दी साहित्य के एक असाधारण रचनाकार है। कविता, कहानी, निबन्ध समीक्षा, लेखन, डायरी आदि अनेक विधाओं में उन्होंने उत्कृष्ट लेखन किया है। उनकी रचनाओं में वर्गीय चेतना, आत्म संघर्ष और वैज्ञानिक चिन्तन की स्पष्ट छाप और विश्व दृष्टि है और उन्हें यह विश्व दृष्टि शोषितजन के प्रतिबद्धता के जनवादी चेतना ने दी है। मुक्तिबोध का काव्य वृहतर मानवीय सरोकारों से जुड़ा रहा है। उन्होंने सदैव ही अपनी रचनाओं के माध्यम से नकारात्मकता के बदलते समग्र जीवन की सच्चाई को उकेरने का साहस किया है जीवन के ऐतिहासिक सन्दर्भ में वे मार्क्सवादी दृष्टिकोण रखते हैं परन्तु रचना कर्म में विविध कलात्मक पद्धतियों और सौन्दर्य बोध के नये रूपों का चित्रण एवं आकलन हुआ है। मुक्तिबोध गहरे अर्न्तद्वन्द्व और विशिष्ट मानवीय अभि.प्राय के कवि हैं। उनमें आत्मसंघर्ष के साथ–साथ वर्ग संघ.र्ष और परिवर्तन की गहरी अभीप्सा है। वे जीवनानुभुतियों के कवि हैं। उन्होंने अपने आसपास आतंक हताशा, उपभो.क्तावादी प्रवृत्ति, पूंजीवादी व्यवस्था के शोषण दमन का सीधा अनुभव किया था और इस सामाजिक संघर्ष को उन्होंने अपनी रचनाओं में साकार किया था। वे जनवादी चेतना, आन्तरिक, वर्ग संघर्ष, आस्था अनास्था के भाव कविता को एक निरपेक्ष सत्ता के रूप में देखते–परखते है। उनकी छवि एक प्रगतिशील और संघर्षशील संश्लिष्ट कवि के रूप में अधिक प्रचलित रही हैं जबकि उनके रचनात्मक विधाओं में लेखन के अनुरूप कथाकार आलोचक साहित्यिक लेखन के साथ–साथ समसामयिक राजनीति विषयों पर टिप्पणी करने वाले एक सजग विचारक की छवि भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण रही है। जैसे कि मुक्तिबोध मानते थे कि जीवन ही साहित्य का निष्कर्ष है इसलिए कविता उनके लिए मस्तिष्क का आवेश न होकर जीवन के जटिलतम विचारों और संवदेनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम थी। हिन्दी साहित्य में मुक्तिबोध काव्य जनवादी काव्य का आधार स्तंभ माना जाता है क्योंकि काव्य की परम्परागत चली आ रही जनोन्मुखी धारा का चरम विकास इनके काव्य में हुआ है। इनमें रचनाकार के जीवन की गहन अनुभूतियां, उदात भावनाएं और साधारण जन जीवन से सम्पृक्त जीवन दृष्टि है। मुक्तिबोध का काव्य जटिल सामाजिक व्यवस्था की सही पहचान यद्यपि जीवन की ओर अग्रसर होता है। कवि की चेतना विश्व दृष्टि युक्त है जिस पर द्वन्द्वात्मक भौतिकवादी प्रवृत्ति का व्यापक प्रभाव है। उलझाव पूर्ण परिवेश में समाज और व्यक्ति को सही सन्दर्भों को समझने के लिए कवि ने मार्क्सवादी विचारधारा का सहयोग लिया न कि मार्क्सवादी विचारधारा के अनुकूल रचनाएं लिखीं। राजेन्द्र मिश्र के अनुसार, ''उन्होंने मार्क्सवादी शर्तों पर कविता नहीं बल्कि कविता की शर्तों पर मार्क्सवाद का इस्तेमाल किया।''[1]

जनवादी चेतना का सीधा सम्बन्ध सामाजिक परिस्थितियां, समस्याओं और जीवन सम्बन्धों से होता है जिसके केन्द्र में जन सामान्य की पक्षधरता, सामूहिक जन जागृति के प्रयास निहित रहते हैं, ''समाज व व्यक्ति का अर्न्तसम्बन्ध इतना अधिक है कि उनके बिना एक दूसरे की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसी कारण मुक्तिबोध ने मनुष्य के सामाजिक अस्तित्व को ही उसका आत्मा का स्वरूप माना है।''[2]

जनवादी काव्य जन सामान्य में ऐसी जागृत चेतना का संचार करता है जिससे वह स्वयं के विरूद्ध होने वाले प्रत्येक स्तर के शोषण का सीधा विरोध कर सके तथा सामाजिक परिवर्तन के प्रति उद्यत रहे। प्रदीप सक्सेना के अनुसार, ''जनवादी साहित्य का दायित्व है कि जगत को समूचे विस्तार और आन्तरिकता के साथ अपना ले। इसकी आत्मा में ऐसा ताप भर दे कि वह जनता अपने दुश्मनों के प्रति, ये दुश्मन चाहे संस्कार या परम्पराएं ही हो नफरत से भर उठे। हर पुराने गले सड़े प्रगति विरोधी विश्वास को चुनौती दे बदलाव के गूंज सुने और बढ़ कर हिस्सा ले।''[3]

मुक्तिबोध की कविताओं में सामान्य जन को उसकी ऐतिहासिक पहचान करवाने के संकल्प में सामाजिक परिवेश का सूक्ष्म निरिक्षण उदघाटित होता है। साथ ही उपेक्षतों में आत्म विश्वास का संचार कर उन्हें युगान्तकारी क्रा.न्ति के लिए प्रेरित करने के प्रयास किये गये हैं। मुक्तिबोध की चेतना में क्रान्ति की सम्भावनाएं सामान्य जन के सुखद भविष्य के लिए सहज स्वाभाविक रूप में ही व्यापक सन्दर्भों में उद्घाटित होती दिखाई पड़ती है।

''नदी कूल के दूर दिशा तक खेत विछेद है
हरे हरे ये श्यामल–श्यामल
इनमें छिपी छिपी फिरती है लाल ओड़नी
मुंह की श्यामल चमक सुरीली
साथ–साथ मेहतन के पुतले
शोषण हत गम में खाने वाले दुःख के स्वामी
अविश्रांत वे काले काले हाथ व्यस्त हैं
रक्त पेट की आँखों में दुःख के प्रवाह ले
जिनकी बेवस कर्मशीलता ने युग युग के

गोरे कपोलों में लाली की मदिरा भर दी
उनकी श्वेत अस्थियों में इस युग का वज्र बनेगा भयंकर।''[4]

इस प्रकार उनकी काव्य में व्यक्त क्रान्ति शोषण प्रक्रिया की स्वाभाविक परिणति है लेकिन आधुनिक समाज का संश्लिष्ट ढांचा विश्वस्तरीय मानवीय सम्बन्धों को मोटे तौर पर शोषक शोषित आधार पर दो वर्गों में विभक्त करता जो परस्पर द्वन्द्व की स्थिति में ही रहते हैं। कवि के काव्य में आत्मसंघर्ष का प्रतिवादन भी सामाजिक सन्दर्भों के अनुरूप ही विकसित हुआ जिसमें उनका तर्कशील विवेक संवेदनात्मक उद्देश्यों से सम्पृक्त होकर जनकल्याण के प्रयोजन की दृष्टि से ओझल नहीं होने देता। ''मुक्तिबोध सामाजिक स्थिति के यथार्थ को कभी नहीं भूलते इसी कारण उनकी कविताएं कला की कृति भी है और सामाजिक चेतना के प्रति जागरूक होने के लिए मध्यवर्गीय बुद्धिजीवी को झकझोरती भी है।''[5]

वास्तव में कवि ने आत्मा का स्वरूप आलौकिक न मानकर समाज प्रदत्त माना है तो इसी समाज में व्याप्त शोषित, उपेक्षित, जन सामान्य की मुक्ति के प्रयासों को ही वे आत्म मुक्ति के प्रयोजन स्वीकारते हैं, उनकी मुक्ति की छटपट. ाहट में व्यक्तिनिष्ठ न होकर समष्टिगत आधार पर भौतिक शोषित से मुक्ति रही है यही उनके काव्य में आधारभूत मानवीय समस्या बनकर उद्घाटित हुई है।

''समस्या एक
मेरे सभ्य नगरों और ग्रामों में
सभी मानव सुखी, सुन्दर व शोषण मुक्त कब होंगे?''[6]

वर्तमान समाज में शोषण के मूल कारण वर्ग–विषमता के विभिन्न रूप ही है। शोषण मुक्त समाज की स्थापना वर्गह. ीन समाज द्वारा ही सम्भव है। इसके लिए जनवादी चेतना में स्पष्टता तथा तथ्यों की सही पहचान अपेक्षित है जिससे समाज में पूर्ण परिवर्तन द्वारा समाजवादी समाज की प्रस्थ. ापना का उद्देश्य प्रतिपादित किया जा सके। प्रत्येक युग में जीवन के कुछ मूलभूत तथ्य होते हैं जिन्हें उपेक्षित नहीं किया जा सकता क्योंकि ये साहित्यकार के निजी जीवन पर गहरा प्रभाव डालते हैं और साथ ही देश के वर्तमान तथा भविष्य का निर्माण भी करते हैं। इसलिए मुक्तिबोध में मानव मूल्यों की स्थापना में भविष्यकारक दृष्टि का प्रतिपादन हुआ जिसने अपने समय के पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक सभी प्रकारों के अन्यायों का सूक्ष्म निरिक्षण करते हुए व्यापक विरोध का स्वर घोषित हुआ। ''तत्कालीन सामाजिक परिवेश ने ही मुक्तिबोध की जीवन दृष्टि और सामाजिक बोध का विकास किया जो अनूभूतिजन्य, निष्ठापरक, निर्णायक, जनसंघर्ष की अपरिहार्यता था जिसमें उनकी चेतनात्मक और राजनीति में भटके हुए देश की छटपटाहट को व्यक्त करती है वहीं दूसरी ओर सामाजिक और नैतिक नियन्त्रण के नीचे दबी मानवीयता को सहज अभिव्यक्ति देने का संकल्प भी था।[7]

कवि की कविताओं में शोषण के सूक्ष्म से सूक्ष्म, गहन से गहनतर और संश्लिष्ट रूप का विविध चित्रों में अंकन हुआ। उन्होंने सामान्य जन की शोषण में पिसते हुए लोगों की स्थिति का वर्णन अत्यन्त मार्मिक ढंग से किया है।

''जहां पत्थरों के सिर
गरीबों के उपेक्षित श्याम चहेरों की दिलाते याद
टूटी गाड़ियों के साँवले चक्के
दिखे तो याद आते आज के धक्के
भयानक बदनसीबी के।''[8]

विषमता युक्त स्थितियों में सामान्य जन अति दरिद्रता तथा दारूण स्थितियों में जीवन यापन करता है। ऐसी ही कष्टकारी जीवन पद्धति का सशक्त चित्रण कवि ने निम्नलि खित पंक्तियों में प्रस्तुत किया है।

''कीचड़ सनी गली के श्यामल ओझल कोने
मरे हुए चूहों की वास पुरानी घिन सी
रहती यहां आत्माऐं कैसी? किन सी![9]

मुक्तिबोध के साहित्य में मानव के उपेक्षित पक्षों का व्यापक उद्घाटन जनवादी चेतना के स्तर पर हुआ। जनवादी चेतना की अनिवार्यता साधारण जन की विषम परिस्थितियों से मुक्ति के लिए अपेक्षित हुई है। सामान्यतः आर्थिक विषमता ही समाज में वर्ग विषमता, जाति, सम्प्रदायों मतमतान्तरों का मूल कारण बनती है क्योंकि मोटे तौर पर अभाव और पूर्ति का नियम विश्वस्तरीय समस्याओं को जन्म देता है। मानव जीवन को प्रभावित करने वाले राजनीतिक, धार्मिक सामाजिक कार्य कलापों के मूल में आर्थिक तत्त्व ही उत्तरदायी होते हैं। जीवन के अभावों की पूर्ति में मनुष्य वैज्ञानिक अविष्कार करते हैं, साथ ही जीवन को व्यवस्थित करने के लिए वह शासन सत्ता का निर्माण करता है लेकिन व्यवस्था सत्ता में अभिनायक, अधि ाकारी निजी स्वार्थों से प्रेरित होकर मनुष्य का ही शोषण करने में संलग्न रहते हैं, ऐसे में शोषक एवं शोषित दो प्रमुख वर्गों में समाज का विभाजन हो जाता है। मुक्तिबोध का मत है, ''शोषक वर्ग के पक्षधर शासन सत्ता व उसके पिछे लागू पूंजिपति और सामंत जमींदार व मिल मालिक होते हैं तथा शोषित वर्ग में श्रमिक उत्पादन करने वाले मजदूर किसान, मध्यवर्गीय जन तथा निम्न वर्ग आ जाते हैं जो जी तोड़ मे. हनत करने के बावजूद भी अपनी अपरिहार्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाने में समर्थ नहीं हो पाते। विकास की प्रक्रिया में व्यक्ति को दो प्रकार की प्रतिक्रियाएं ही परिलक्षित है। एक सामन्ती प्रभावों और प्रतिछायाओं के विरूद्ध व्यक्ति स्वतन्त्रता की भावना से परिचालित प्रतिक्रियाएं दूसरी आर्थिक सामाजिक व्यक्तिवाद के विरूद्ध यानि तदनुषंगी समस्त विकृत्तियों के विरूद्ध प्रतिक्रियाएं जनवादी काव्य में मानव की उन्नति, जीवन मूल्यों की स्थापना की प्रेरक भावनाएं उद्घ ाटित होती है जिनमें सामान्य जन के सद–असद् की सही पहचान निर्धारित करने के लिए मूल्यों को अन्ततः भौतिकवादी मानदण्डों से ही परखा जाता है। जनवादी चेतना का प्रयोजन मानव में समभावों की पुष्टि एवं प्रतिष्ठा के लिए प्रयोजनों और परिणामों की एकात्मक प्रतिक्रिया से विश्वस्तरीय

जनकल्याण की भावना पर आधारित है। जनवादी चेतना आर्थिक पटल पर उदित होने वाली समस्याओं का हल निकालने के लिए क्रान्ति का साहसिक अभियान करती है। अतः जनवाद की केन्द्रीय चेतना शोषण के खिलाफ बुनियादी क्रान्ति है। इसी धारणा से साम्य रखता हिन्दी का प्रगतिवादी काव्य रहा जिसमें पूंजिवादी सभ्यता से उत्पन्न विकृतियां, विषमताएं अभाव आदि रूढ़ सामाजिक मान्यताओं को यथार्थवादी ढंग से विखण्डित कर सम सुन्दर समाज का निर्माण करने के प्रयास किये गये जिन पर मार्क्सवादी विचारधारा का व्यापक प्रभाव रहा।

''कला और साहित्य के ही नहीं, राजनीतिक, दार्शनिक और धार्मिक तथा धारणाओं के विकास का आधार मानव का आर्थिक जीवन ही रहा। काव्य का स्रष्टा कोई स्वप्न द्रष्टा मानव नहीं बल्कि दैनान्दिन जीवन के संघर्ष में लग्न, आर्थिक परिस्थितियों से पूर्णतः प्रभावित और उनसे जूझता हुआ, यथार्थवादी मानव है।''[10]

साधारण मनुष्य सल्तनत नहीं चाहता। मनुष्य की स्वाभा. विकता गरिमा के अनुरोधों से परिपूर्ण जीवन चाहता है और उस जीवन की आवश्यकताएं पूरी होने की स्थिति चाहता है। मुक्तिबोध ने अपने साहित्य में आम आदमी या मानव को मध्यवर्गीय और निम्नवर्गीय जन के रूप में दर्शाया है जो अपने बच्चों को उचित भोजन, उचित शिक्षा और उचित ढंग से वस्त्रों आदि का प्रबन्ध करने में असफल रहता है और पूंजिवादी व्यवस्था में व्यक्ति को इन्हीं मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है और हमेशा ही उन्हें परिस्थितियों से समझौता करना पड़ता है। कवि उनकी इस दयनीय स्थिति का चित्रण करते हुए कहते हैं,

''लोभ लाभ यश अहंकार के
चक्कर में ये वैभव विलासी
किन्तु साथ ही
सांस–सांस में उन्हें चिर दुख कि दबक गया है
चिपक गया है
आत्म का घट
वे विराट के कथित खण्ड के
ये पोले अटपट
एक जमाने में मेरे ही थे
बहुत स्वप्न दृष्टा थे
प्रतिदिन कर उपलब्ध सत्य
खो देते हैं अगले ही पता।''[11]

जनवादी चेतना पर सत्ता व्यवस्था के दबाव विभिन्न रूपों में दिखाई पड़ते हैं जिनमें लोभ लाभ देना, अवसर प्रदान करना या अत्याधिक अत्याचार द्वारा उन्हें अपने पक्ष परिवर्तन पर बाध्य करना आदि।

जनविरोधी प्रतिक्रियाएं मानव विकास प्रक्रिया से सत्ता व्यवस्था एवं पूंजिवादी सभ्यता द्वारा प्रचारित रही इनका प्रभाव मानव की आधारभूत आवश्यकताओं पर प्रत्यक्ष रूप से पड़ा तथा मानव मूल्यों की अर्थवता छीन कर उसे खो खला कर देने के प्रयास किये गये। साथ ही मूलभूत मान्यताओं के मनमाने अर्थों की पुष्टि स्वात्त हिताय करते हुए 'आम आदमी' को भ्रमों में डाल कर गुमराह किया गया। पूंजिवादी व्यवस्था ने आम आदमी की स्वतन्त्रता का लोप हो जाना निश्चित होता है क्योंकि सत्ताधारी पूंजि के बल पर श्रम और साधन दोनों को अपने अधिकार में रखता है। लाभ का अधिकारी उत्पादन कर्ता न होकर पूंजिपति ही रहता है जो मनमाने ढंग से समजीवियों के अधिकारों को सीमित करके उसे भूख और गरीबी की जिन्दगी जीने को बाध्य करता है। पूंजिवादी बुजुर्वा द्वारा प्रचारित स्वतन्त्रता अधिकार के प्रयोजन जनता को भ्रम में डालकर स्वार्थ सिद्धि के साधन बनते हैं। वास्तविक स्वतन्त्रता के अधिकारी तो गिने चुने धनी और शक्ति सम्पन्न लोग ही होते हैं। इसी सन्दर्भ में कवि मुक्ति बोध ने स्पष्ट किया है, ''मुनाफा खोरों और उत्पीड़कों के व्यक्ति स्वतन्त्रता के लक्ष्य और जनता के व्यक्ति स्वतन्त्रता में अन्तर है, जी नहीं, या अन्तर ही नहीं विरोधाभाव है, केवल विरोधाभाव ही नहीं, विपरीत दिशाएं भी हैं।''[12]

वास्तव में स्वतन्त्रता एवं लोकतन्त्र में पूंजिपति स्वार्थी वर्ग द्व ारा सत्ता का केवल हस्तांतरण होता है न कि सामान्य जन के कल्याण व हित साधन का कोई प्रयोजन। देश में राजनीतिक स्वार्थपरता के कारण सामान्य जन संघर्ष में लगा हुआ दोहरे स्तर पर शोषण को झेलता है। मुक्तिबोध मानवतावादी बने रहने की कष्ट साध्य परिणति को ही स्वीकार कर समझौतावादी रचनाकारों पर तीक्ष्ण प्रहार करते हैं।

गलत तुम्हारी मांग, गलत है, गलत तकाज़ा
यदि इज्जत से रहना हो तो
खूब बजाओ, जिनका खाओ, उनका बाजा
पंख काटकर, जीभ काटकर 'राज' हंस हो जाओ प्यारे
अपने दिल के सात घाट कर
अलग–अलग घाटों पर सारे
बहो भिन्न रूपों में राजा।''[13]

कवि 'स्वाहित' को व्यापक उदात मानव उद्देश्य से सम्पृक्त करने के पक्षधर रहे हैं। इसी से व्यवहार क्षेत्र में आत्मपूर्ति की वास्तविक मानवीय सम्भावनाएं उद्घाटित होती है किन्तु आध ुनिक परिवेश में गति एवं विकास के मूल प्रयोजन स्वहित होने से मानवतावादी रचनाकार स्वयं को अजनवियों से घिरा हुआ अनुभव करते हैं। विषम परिस्थितियों में रचनाकार समझौता करते हुए भी अन्तःकरण की गहराइयों में मानवा. न्नति के उदात भावों की पुष्टि एवं संवर्धन में संलग्न रहता है जिनका उद्देश्य जनक्रान्ति के रूप में परिणति पाता है। कवि ने विषम परिस्थितियों में यथार्थ का उद्घाटन किया जिन से शोषण के मूल स्त्रोतों की सही पहचान हो पायी।

''दुष्ट ब्रह्म कर रहा जबरदस्ती वसूल
हमसे तुम से यह रक्त किराया,
अस्थि–मांस–भाड़ा
धरती पर रहने का
अब किससे टंटा करे कहां जाए।

जिन्दगी एक कवाड़ा है
भूतों का बाड़ा है।''[14]

कवि की कविताओं में आर्थिक सन्दर्भों की यथास्थिति उद्घाटन मार्मिक अभिव्यक्ति सहृदय को झकझोर कर यथास्थितियों के मोह पाश तोड़ने को उद्वेलित करती है। इनमें मुक्तिबोध ने भारतीय सन्दर्भों में सामान्य जन की दयनीय स्थिति का चित्रण बहुत ही स्वाभाविक रूप में किया है।

''लंगोटी धारी यह दुबला मेरा हिन्दुतान
रास्ते पर बिखरे हुए चावल के दानों को बीनता है लपक कर
मेरा सांवला इकहरा हिन्दुस्तान।''[15]

निष्कर्षतः मुक्तिबोध की रचनाओं में राष्ट्रीय जनवादी धारा का प्रत्येक स्तर प्रतिगामी मूल्यों के प्रति अनवरत संघर्ष चलता रहा। इनमें उनकी वे रचनाएं है जिसमें सामयिक समस्याओं के प्रति संघर्ष के साथ निष्कर्ष पूर्ण समाधान खोजने के प्रयास व अन्तर्राष्ट्रीय जीवन के प्रति व्यापक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रहा। उनकी आरम्भिक कविताओं में सामाजिक विद्रोह, प्रगतिशील अनास्था आदि देखने को मिलती है परन्तु परवर्ती काव्य में उनकी सतत आत्म संघर्ष, आत्म समर्थन और आत्म युक्त कविताएं हैं। कवि मुक्तिबोध का संकल्प सामूहिक क्रान्ति द्वारा शोषण रहित वर्ग हीन समाज की स्थापना करना है। इसी कारण उन्होंने अपने काव्य के माध्यम से भावतत्त्वों के समावेश से सामान्य जन जागृति के अथक एवं व्यापक प्रयास किये हैं।

सन्दर्भ पुस्तकें

1. राजेन्द्र मिश्र, नई कविता की पहचान, दिल्ली वाणी प्रकाशन, 1980 पृ. 55
2. गजानन माधव, मुक्तिबोध, नई कविता का आत्म संघर्ष तथा अन्य निषेध, विश्व भारती प्रकाशन, नागपुर, पृ. 40
3. प्रदीप सक्सेना जनवादी मूल्य और अवधारणाएं (लेख), पृ. 71
4. गजानन माधव मुक्तिबोध, बवूल कविता (स.) विजय बहादुर सिंह, पृ. 55
5. चंचल चौहान, मुक्तिबोध–प्रतिबद्ध कला के प्रतीक, दिल्ली : पाण्डुलिपि प्रकाशन, पृ. 14
6. जगदीश कुमार, मुक्तिबोध : संकल्पात्मक कविता, दिल्ली : नचिकेता प्रकाशन, पृ. 15
7. शशि शर्मा, मुक्तिबोध का साहित्य : एक अनुशीलन, इन्द्रप्रस्थ प्रकाशन, 1977 पृ. 31
8. गजानन माधव मुक्तिबोध मध्यवित (कवि) सं. विजय बहादुर सिंह, राजकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 250
9. वही, पृ. 250
10. नगेन्द्र सिंह, साठोत्तरी हिन्दी कविता में जनवादी चेतना, दिल्ली : वाणी प्रकाशन, 1990, पृ. 288
11. गजानन माधव मुक्ति बोध, मुक्तिबोध रचनावली–1, पृ. 124
12. वही, पृ. 180
13. वही, पृ. 178
14. वही, पृ. 140
15. राजेन्द्र मिश्र, नई कविता की पहचान, दिल्ली वाणी प्रकाशन, 1980 पृ. 55

****

शोकगीत परंपरा का अगला चरण : 'स्मृतियों का सैलाब'

डॉ. पान सिंह
सह-आचार्य, हिंदी विभाग
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला-5

जब-जब भी कोई 'धातु' आग में तथा 'मनुष्य' दुखों की भट्टी में तपता है, तब-तब वह धातु शुद्ध होती है और मनुष्य सज्जन और श्रेष्ठ बनता है। कवि भी ठीक ऐसे ही दुखों की भट्टी में तपता-गलता रहा और जिसका परिणाम उनका नैतिक, शुद्ध, निश्छल एवं निस्वार्थ होना है और इन सभी गुणों से सम्पन्न एवं सृजित यह कविता संग्रह "स्मृतियों का सैलाब" है। "स्मृतियों का सैलाब" वास्तव में ऐसा दरिया या समंदर है, जिसकी लहरों में बहुत उतार-चढ़ाव है और इसी उतार-चढ़ाव में मनुष्य उलझ जाता है। वह डूबता जाता है, उसका उबरने को मन ही नहीं करता। कवि ने अपने दुखद भावों का अड़ोलन-विड़ोलन इस कृति में इस प्रकार किया है कि पाठक भाव-विभोर हो जाता है। बहुत से ऐसे पड़ाव हैं जहाँ आँखें नम हुए बिना नहीं रहती। पाठक स्वाभाविक ही कवि के दुःख से संवेदित हो जाता है। सच में यह संग्रह दुखों एवं पीडाओं के बयान का सशक्त एवं प्रामाणिक दस्तावेज़ है। "स्मृतियों का सैलाब" कविता संग्रह मूल रूप से एक शोक गीत है| यह संग्रह हिंदी जगत् में अपना एक नया प्रतिमान स्थापित करता है। नए शिल्प में लिखा गया यह आलोच्य संग्रह आधुनिक मनुष्य के टूटते-बिखरते रिश्तों एवं संबंधों की कसक है। प्रस्तुत कृति कवि का भोगा हुआ यथार्थ है। उनका यही भोगा हुआ यथार्थ प्रस्तुत संग्रह के प्राण हैं। डॉ. अशोक कुमार के तीन कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें पहला कविता संग्रह है "मुक्ति किससे" कवि के आरंभिक दौर की कविताओं का संग्रह है। दूसरा संग्रह "स्मृतियों का सैलाब" और "तुमसे कुछ कहना है", इनका तीसरा कविता संग्रह है। तीनों कविता संग्रहों में कवि के रचनात्मक विकास को भली-भांति निहारा जा सकता है| अशोक कुमार हिंदी साहित्य जगत् में एक कवि, आलोचक एवं सम्पादन के रूप अपना एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। वर्तमान में इनकी एक दर्जन से भी अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिसमें आलोचनात्मक, काव्यात्मक एवं संपादित पुस्तकें शामिल हैं|

"स्मृतियों का सैलाब" शोक गीत उन्होंने अपनी पत्नी के छोटे भाई (लवली, प्यार का नाम) की मृत्यु पर लिखा है। छायावादी कवि निराला की कृति "सरोज स्मृति" की भांति ही इनका यह प्रयास हिंदी साहित्य जगत् में अमूल्य निधि के समान है। इसे सूर्याकांत त्रिपाठी के उपरान्त शोक-गीत पद्धति पर आधारित शोकगीत-परंपरा का अगला चरण कहा जा सकता है। डॉ. अशोक कुमार अपने प्रियजन से बहुत स्नेह करते थे और उसे अपने बच्चों की भांति मानते थे| जिस प्रकार निराला की पुत्री सरोज उन्नीसवें वर्ष में पैर रखते ही महाप्राण कर गई थी, ठीक ऐसे ही उनका यह प्रियजन भी अपने उन्नीसवें वर्ष में ही मृत्यु को प्राप्त हो गया था| सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने अपनी पुत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए "सरोज स्मृति" की रचना की थी, ठीक उसी प्रकार कवि अशोक ने भी अपने प्रियजन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए "स्मृतियों का सैलाब" की रचना की| यह कोई संयोग ही होगा या नियति का कोई खेल जिसे अशोक कुमार बहुत मानते हैं। प्रियजन की स्मृति में रचित शोकगीत "स्मृतियों का सैलाब" में कवि अपने मन के भावों को रोक नहीं पाया और स्मृतियों का सैलाब कविता के रूप में उमड़ पड़ा, जिसका प्रमाण यह ग्रंथ है।

कवि की रचना व्यक्तिगत होते हुए भी समष्टिगत भावों को परिलक्षित करती है। बहुत ही हृदय-विदारक प्रसंग कृति में जगह-जगह देखने को मिलते हैं| प्रस्तुत रचना में जहाँ मनुष्य भावों में बहकर दुख की चरम सीमा पर पहुँचता है, वहीं मनुष्य धैर्य, साहस, सांत्वना एवं पूर्ण रूप से ऊर्जावान भी हो जाता है। जहाँ वह दुख में से गुजर कर मजबूत और अभय बन जाता है, वहाँ उम्मीद और आशाओं के अतिरिक्त नैतिक, सदाचार, करुणामय हो जाता है| मनुष्य का हृदय पीड़ा के उपरांत निर्मल, शांत एवं स्वच्छ हो जाता है| कृति के माध्यम से मनुष्य विरेचन क्रिया महसूस करता है| वह यह भी महसूस करता है कि नियति, ईश्वर, कर्म, परिश्रम, भाग्य सब अपना-अपना स्थान रखते हैं| कवि द्वारा रचित कृति "स्मृतियों के सैलाब" के माध्यम से परिवार, परिवेश एवं समाज को एक नई दशा और दिशा का ज्ञान हुआ है। युग, संबंधों, समय, समाज और स्थिति-परिस्थितियों के अनुरूप कथा-व्यथा बहुत ही प्रासंगिक और प्रभावपूर्ण है।

कवि अशोक कुमार अपने स्नेहिल-जन की मृत्यु से इतना टूट जाते

हैं कि उन्हें कुछ भी नहीं सूझता कि इस सदमे से कैसे उबरा जाए| अतः वे बिना कुछ भी सोचे-समझे और परिवार को ज्यादा कुछ बताए, शान्ति की तलाश में निकल पड़ते हैं और उनकी शान्ति का स्थल बनता है धर्मकोट, जहाँ वे अपने परिवार से कटकर और सारी दुनिया से कटकर आत्मशोधन करते हैं। उनके परिवार को लगता है कि वे सब कुछ त्यागकर कहीं साधु-संत न बन जाएँ, परिवार का डर स्वाभाविक था। बीस दिनों के आत्मशोधन के बाद जब वे लौटे तो बहुत कुछ पाकर लौटे थे। अब वे परिवार के निशाने पर थे, जिन्हें वे आहत कर चले गए थे और अब वे सवालों और उलाहनों के कटघरे में थे। परिवार और पत्नी का गुस्सा और आक्रोश उन पर खूब वर्षा| दुःख, डर, निराशा और व्यथा के भंवर में डूबी पत्नी को उबारते हुए कहते हैं-

वीरा के जाने से /हमारे जीवन में
रिक्तता जो आई है
और/ फिर
मेरा धर्मकोर्ट चले जाना
तेरे भीतर/ अचानक /संवेदनाओं का
ज्वालामुखी फट सा गया
तूने अपने आपको/ इस स्थिति में
असहाय सा महसूस किया
पर/तुम्हारी/ यह स्थिति अस्थायी थी
मेरा/ धर्म के रास्ते से
लौटना भी तो निश्चित था प्रियतमे! [1]

कवि ने अपने दुखों का हल ढूंढ लिया था| वे मृत्यु की अटलता को जान गये थे| अब वे जान गए थे कि मृत्यु के लिए कोई उम्र, रुतवा, स्थिति, परिस्थिति आदि से कोई भाव नहीं, उसे जीव को उसके निर्धारित समय पर अपनाना है, यही सत्य है| यही उसका काम और खेल है जो मनुष्य नहीं जान सकता| कवि ने वहाँ बिताए पलों में साधक के रूप में जो पाया और जिस सत्य को जाना, उसका बयान एक दार्शनिक की भांति करते हुए लिखते हैं -

जब तुम/ भीतर घट रही/ प्रत्येक हलचल को
महसूसने लग जाओगी
फिर तुम
बाहर की संवेदनाओं को/ आसपास घट रही घटनाओं को
जानने लगोगी/जानते-जानते तुम/ अनित्य को पहचानने लगोगी
और/ जिस दिन तुमने/ बाहर भीतर हो रही /संवेदनाओं को जान लिया
उस दिन/तुम्हारे भीतर का अहं/ समाप्त होने लग जायेगा
साधक/ जब/ इस पड़ाव पर पहुँच जाता है
तब /वह जान लेता है/जिसने जन्म लिया है
उसकी मृत्यु अटल है
और /जब/ मृत्यु अटल है / फिर/ दुख क्यों?
चिंता किसलिए? [2]

धर्मकोट से लौटने के बाद कवि अपने मन को स्थिर और समझा कर लौटे थे। उन्होंने संन्यासी और गृहस्थ जीवन के बहुत से पड़ावों को जान लिया था। उन्होंने यह जान लिया था कि गृहस्थ आश्रम से बढ़कर कोई आश्रम नहीं। अतः वे अपने परिवार में पुनः लौट आए थे। अब वे अपने कर्तव्यों और उतरयित्वों के प्रति और अधिक दृढ़ एवं जागरूक होकर लौटे थे| धर्मकोट जाने से नाराज पत्नी की चिंता को शांत करते हुए कवि सांत्वना देते हुए कहते हैं-

मैं /तुम्हें बता दूं/ मेरी संगिनी
वहां मेरा जाना /मेरे गृहस्थ जीवन को
ऊंचाइयों की ओर ले जाना है
न कि तुम्हें दुख देने के लिए! [3]

मनुष्य अपनी कमियों और गलतियों को छुपाने के लिए हमेशा समय और समाज को ही बुरा-भला कहता आया है। वह हमेशा वक्त और युग को ही दोषी ठहराता रहा है। बदलते युग के बहाने हम अपनी कमजोरियाँ, कमी-खामियाँ, लापरवाही, आलसीपन और असंतुलित मानसिकता छुपाते हैं। मनुष्य अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्व से च्युत होकर सारा दोषारोपण समय और युग पर करता है। कवि बखूबी जानते हैं कि युग का बदलाव हमारे निक्कमेपन का महज एक बहाना है। कवि ऐसे लोगों से को खरी-खोटी सुनाते हुए लिखते हैं-

हम कहते हैं /कलयुग है
शायद/ अपनी नादानियों पर/ पर्दा डालना चाहते हैं
क्योंकि/ हम बदल गए
हमारी मानसिकताएँ /हमारी संवेदनाएं/ हमारा रिश्तों के प्रति दृष्टिकोण
यहां तक कि हम स्वयं /अपने प्रति कितने कठोर हो गए
हमें स्वयं को नहीं मालूम
और
कहते हैं/ युग बदल गया।" [4]

पूरे संग्रह में देखा गया है कि अशोक कुमार का कवि एक विख्यात

दार्शनिक की भांति व्यवहार करता है। विचारों की यह प्रौढ़ता, प्रखरता और सुलझापन कवि को दूसरों से अलगाती है। कवि का मानना है कि जो इस धरती पर आया है, वह एक-न-एक दिन इस धरती को छोड़कर जाएगा भी। मृत्यु ही जीवन की अन्तिम सच्चाई है। कवि ने मृत्यु की इस सत्यता को स्वीकार कर लिया है और इसकी अटलता से पूर्ण परिचित हो चुका है। कवि यह भी जान चुका है कि सब पूर्व निश्चित है। उनका मानना है कि जैसे ही मनुष्य जन्म लेता है वैसे ही उसकी मृत्यु भी तय हो जाती है| अतः कवि मृत्यु की सत्यता को प्रकट करते हुए कहते हैं-

जब /आत्मा शरीर रूपी वस्त्र/ धारण कर लेती है
तभी/ उसकी मृत्यु निश्चित हो जाती है।" [5]

आलोच्य संग्रह में बहुत से ऐसे प्रसंग हैं जहाँ कवि का दर्शन सभी को बहुत ही प्रभावित करता है। कवि ने जीव, जगत, माया और मृत्यु के संबंध में बहुत कुछ कहा है| कवि की गहन सोच एवं उच्च-दृष्टिकोण का परिचय आलोच्य रचना में पूर्ण रूप से समाहित है। जमीन से जुड़ा हुआ व्यक्ति और सामाजिक विसंगतियों का भुक्तभोगी ही तह तक जा सकता है और जीवन की सुक्ष्म परिभाषा दे सकता है। कवि अशोक भी ठीक ऐसे ही व्यक्ति हैं, जिन्होंने समाज को पूरी तरह देखा-परखा है और पड़ताल की है, जिसके परिणामस्वरूप वे बहुत ही गहरी एवं भावपूर्ण बात कह सके हैं| उदाहरण स्पष्ट है-

चिंता चिता समान होती है
दोनों का काम
जीव की देह
और
मन को जलाना है।" [6]

अपने प्रियजन की मृत्यु के दुख से व्यथित होकर कवि बहुत ही निराशा महसूस करते हैं। प्रियजन (लवली) के महामृत्यु को प्राप्त हो जाने पर कवि यहाँ तक व्यथित हो जाते है कि वे भी इस दुनिया को विदा कहकर उस लोक चले जाने के लिए उतावले हो जाते हैं, जहाँ उनका स्नेह पात्र गया है। हालाँकि कवि यह भी जानते हैं कि उनके लिए ऐसा करना असंभव है। कवि यह भी जानते हैं कि उनके ऊपर बहुत सारी जिम्मेदारियां हैं और उनका निर्वाहन भी उन्हें ही करना है| अत: कवि अपने मन को मसोसते हुए और असहनीय पीड़ा को व्यक्त करते हुए लिखते हैं-

जी चाहता है /पहुँच जाऊँ /उस पार /जहाँ तुम
इस जगत की चिंताओं से/ मुक्त हो
पा रहे हो/ शाश्वत विश्राम।
पर/ जानता हूँ / ऐसा कर पाना
मेरे बस से बाहर है। [7]

सांसारिक मनुष्य तब तक किसी विपत्ति, संकट या दुख का अहसास नहीं कर पाता, जब तक उसके स्वयं के जीवन में यह सब नहीं घटता। वास्तविक समझ मनुष्य को तभी आती है, जब संकट उसके स्वयं के जीवन पर आता है। दूसरों के दुख व पीड़ा तभी अच्छी तरह समझ आते हैं, जब मनुष्य पर दुख का पहाड़ खुद के जीवन पर टूटता है। यह बात कवि, केवल समाज के संबंध में ही नहीं, बल्कि यह बयान कवि का स्वयं के प्रति भी है। क्योंकि कवि का कहना है कि इस भयानक हादसे के बाद ही उन्होंने नियति को गहराई से समझा है। नियति की अटलता के संबंध में मनुष्य को अवगत करवाते हुए लिखते हैं-

मैं/ जानता तो था /नियति में जो लिखा है
जीव उससे ज्यादा/ नहीं भोग सकता
लेकिन/ पहले कभी/ नियति के खेल पर
सोचा विचारा नहीं /या फिर/ यूँ कहूँ
माना ही नहीं/ नियति के खेल को।[8]

नियति बहुत ही बलवान है, जिसके आगे किसी की नहीं चलती। नियति ही सर्वो-सर्वा है। नियति ही ईश्वर है। नियति के आगे सभी जीव-जंतु नतमस्तक है। संत कवियों ने भी इस बात को स्वीकारा है, उन्होंने नियति को 'होनी' भी कहा है। उसकी अटलता को भी स्वीकारा है। कवि कहते हैं कि शरीर आत्मा का चोला है, जिसे एक -न-एक दिन उतारना ही पड़ेगा। मृत्यु की सत्यता और नियति की अटलता को कवि ने इस संग्रह के बहुत-से पड़ावों पर अभिव्यक्त किया है, उसी को व्यक्त करते हुए कवि लिखते हैं-

मैं/ जान गया/ नियति के खेल को /जिसने आत्मा पर
शरीर रूपी चोला/ पहन रखा है
जीव को/ एक निश्चित समय पर
उस चोले को छोड़ना ही होगा
माया से बंधा जीव/ इसी को मृत्यु कहता है।"[9]

संत कवियों ने भी कहा है कि संसार क्षणभंगूर है| यहाँ सदा कोई नहीं रहने वाला| सभी को एक-न-एक दिन काल का यानि कि मृत्यु का ग्रास बनना पड़ेगा| कवि अपने प्रियजन की मृत्यु की सत्यता और नियति के खेल को स्वीकार करते हुए अपने दुखी मन को सांत्वना देते हुए यह स्वीकार कर लेते हैं कि उनके प्रियजन के साथ उनका उतने ही समय के लिए संबंध था। अत: वे अपने परिजनों से उसकी मृत्यु की सत्यता को स्वीकारने हेतु कहते हैं| कवि अपने परिजन को सम्बोधित करते हुए लिखते हैं-

तुम्हारा/ हम सभी से दूर /अचानक
चले जाना/ शायद / नियति में लिखा था
और /नियति के खेल को/ हमें स्वीकार करना होगा
यही अटल सत्य है।[10]

हम सृष्टि के नियमों में बाधक नहीं बन सकते। हमें सृष्टि के नियमों के अनुसार ही जीवन जीना पड़ता है। कई बार हमें सृष्टि के नियमों के अनुरूप जीने हेतु बाध्य भी होना पड़ता है। जीवन और मृत्यु पर कोई वश नहीं। सभी कुछ पूर्व निश्चित है और नियति के हाथों में है। कवि सृष्टि के विरुद्ध नहीं जाना चाहते। वे जीवन और मृत्यु के शाश्वत सत्य को स्वीकार करते हैं। जीना स्वीकारते हैं और जीवन को जीने के लिए बाध्य होना, माया का खेल बताते हैं। कवि जीवन के जीने के शाश्वत सत्य और सृष्टि के नियमों की बाध्यता को व्यक्त करते हुए लिखते हैं-

लेकिन/ जीना तो है ही /सृष्टि के विरुद्ध भी तो
हम नहीं जा सकते ना
गृहस्थी होने पर/ दूसरों का भी तो
अधिकार है ना
जीवन में जो प्रवाह/तुम्हारे होने से था/ अब तुम्हारे न होने से
जीवन में वह गति तो नहीं होगी।
पर/ फिर भी / जो भोगना है/ उतार-चढ़ाव देखने हैं
उनको तो अनदेखा नहीं कर सकते
इसी भोगने को तो/नियति का खेल कहते हैं ना।"[11]

दुनिया में बहुत कम इंसान ऐसे होते हैं जो दूसरों के प्रति स्नेह, श्रद्धा, भक्ति एवं लगाव रखते हैं। कवि बहुत ही भावुक एवं संवेदनाओं की धाराओं में बहने वाला इंसान है, जो न केवल अपने प्रियजन की अकाल मृत्यु से व्यथित हैं, बल्कि प्रियजन की मृत्यु से कुछ दिन पूर्व अपने गुरु जी की मृत्यु से भी बहुत ही दुखी और गहरी व्यथा से आहत थे। वे स्वयं को असहाय और खाली हाथ समझते हैं। उनका मानना है कि इन दोनों की कमी जीवन में कोई भी व्यक्ति पूरी नहीं कर सकता। यह सच भी है कि किसी एक की कमी, कोई दूसरा कभी पूरी नहीं कर सकता| कवि इन दोनों की खलती हुई कमी को भावनाओं में बहते हुए व्यक्त करते हुए लिखते हैं-

आज/मैं दोनों हाथों से
खाली हो गया /पहले गुरुजी का जाना
फिर/ तुम्हारा चले जाना।"[12]

कवि को लवली और गुरु का अचानक चले जाना असहनीय प्रतीत होता है और बार-बार दोनों की बातों का स्मरण भी। कवि को नया साल वाला दिन और हिंदी दिवस दोनों दिन हमेशा डराते रहेंगे| इनके लिए दोनों ही दिन भुलाए से भी नहीं भुलाए जांएगे| कहीं-न-कहीं मौके-बे-मौके दोनों की बातें याद आती ही रहेंगी| कवि अशोक को लगता है कि गुरु के वचनों में लवली के मृत्यु-शोक को भुला देने का मर्म छुपा है और दुखी मन की सांत्वना भी। अत: कवि गुरु की बातें याद करते हुए लिखते हैं-

गुरु जी/कहा करते थे
बेटा ! काल का / समय और स्थान निश्चित है
उसे कोई ताकत नहीं रोक सकती
इस अटल सत्य को/पहले गुरु जी हिंदी दिवस वाले दिन
और/अब तुम नए साल वाले दिन
मेरे लिए दोनों दिन/जब तक मेरा अस्तित्व है
जहन से विस्मृत कर पाना/ नामुमकिन है।[13]

हम इंसान हैं और इंसान न जाने कितने भावों एवं संवेदनाओं का पुलिंदा होता है| वह कितनी ही यादों और बातों को अपने मन और बुद्धि में बिठाए रखता है| कवि को भी अपने प्रियजन की कही हुई वे पंक्तियाँ रह-रह कर याद आती हैं, जो उसने अपनी मृत्यु से एक दिन पूर्व कही थीं। कवि याद करते हैं कि वर्ष का अंतिम दिन था। अगले दिन नया वर्ष आने वाला था। कवि से, उनके प्रियजन द्वारा कही गई पंक्तियाँ भुलाने से भी नहीं भुलाई जाती। कवि उन पंक्तियों को याद करते हुए लिखते हैं-

एक दिन/ पहले ही तो/ कह रहा था मुझसे
आप देखना!
नए साल में/ जोर कब भूकंप आएगा।"[14]

कवि को गहरा आघात पहुंचा था कि सच में इस भूकंप ने जीवन हिला कर रख दिया था| कवि अपने प्रियजन की मृत्यु पर निराला की पंक्तियों का स्मरण करते हैं और लिखते हैं कि आज तेरे महाप्रयाण के बाद मुझे निराला की सरोज स्मृति कि वह पंक्तियाँ याद आ रही हैं-

मोढ़े पर ले कुंडली हाथ /अपने जीवन की दीर्घ गाथ।
पढ़ लिखे हुए शुभ दो विवाह/ हंसता था, मन में बड़ी चाह
खंडित करने को भाग्य अंक
देखा भविष्य के प्रति अशंक।"[15]

ऐसा माना जाता है कि मृत्यु से पूर्व प्राणी को कुछ-कुछ आभास हो जाता है कि वह इस सृष्टि में अब ज्यादा समय के लिए नहीं है| कवि को भी ऐसा लगता है कि लवली को जैसे कोई आभास हो गया था कि वह इस संसार में कुछ ही समय के लिए है। उसकी बातों और क्रिया-कलापों से ऐसा लगता था जैसे कि उसने अपनी मृत्यु को जान लिया था। इसलिए जब भी माँ, उसकी शादी की बात करती

थी तो वह हमेशा टाल जाता था| कवि को वह सब बातें याद आती हैं कि वह माँ से क्या कहता था? कवि स्मरण करते हुए लिखते हैं-

मुझे/ यह भी स्मरण है/ जब घर में भाई की
शादी की तैयारियां/ चल रही थी /मां तुझसे कहती थी
बेटा/ अब तू भी/ शादी करवा लेना !
तुमने/जवाब दिया था/ मां...
भाई की शादी में/ अपने चाव पूरे कर ले
मेरी शादी तो शायद ....![16]

भाई-बहन का स्नेह कितना अद्भुत होता है, कवि व्यक्त करते हुए लिखते हैं कि लवली (दिवंगत प्रियजन) अपनी बहन (कवि की पत्नी से) से छोटा था, लेकिन बातें बड़ों जैसी करता था। बड़े भाई जैसे व्यवहार और स्नेह रखता था। उसकी बातों से ऐसा लगता था कि वह समय से पहले ही बड़ा हो गया हो। कवि उसी भाई-बहन के प्रेम और विश्वास को व्यक्त करते हुए लिखते हैं-

जब/तू /और/बहन
बातें करते थे /खासकर पिछले एक साल से
तुम कहते थे-
बहन! / चिंता मत कर /तेरे लिए/ मैं अकेला ही बहुत हूँ
सब ठीक हो जायेगा।"[17]

मनुष्य के व्यवहार पर भी निर्भर करता है कि उसकी कमी, किस को, कितनी खलती है? जब किसी भी घर का कोई भी जीव महामरण को प्राप्त होता है, तो घर के सदस्यों के अतिरिक्त करीबी रिश्तेदारों को भी उसके जाने की कमी खलती है। कवि बताते हैं कि लवली उनके बेटा-बेटी से बहुत ही स्नेह, लगाव एवं दुलार रखता था। बच्चे हमेशा मामा-मामा कहकर चिपके रहते थे। अब बच्चों को भी पता चल गया था कि उनके मामा भगवान के यहाँ चले गए हैं, उनकी खामोशी से मामा की कमी झलकती थी। उसी कमी का चित्रण करते हुए कवि लिखते हैं-

विधाता की मार/ मात्र बहन ही नहीं सहती
सहन उसके जीवन साथी को भी करना होगा
सहन उन बच्चों को भी तो करना होगा
जिनका अपना उनके बीच से
सदा के लिए चला गया हो/ मालूम उन मासूम बच्चों को भी है
लेकिन/वक्त ने समय से पहले/उन्हें समझदार बना दिया।"[18]

मृत्यु को प्राप्त होने वाला जीव चला जाता है और उसके सगे-संबंधी उस जीव के संबंध में कुछ भी नहीं जानते| उनके लिए सब गुप्त रहस्य है, ईश्वर का रहस्य| अत: कवि ने यहाँ बहुत ही गहरा प्रश्न किया है, प्रश्न को सुनकर अंतर्मन द्रवित हो जाता है। आँसू आँखों की कोरों पर आ जाते हैं। बहुत ही संवेदनशील, हृदय-विदारक एवं मार्मिक चित्रण प्रस्तुत करते हुए कवि लिखते हैं-

आत्मा न मरती है/ और / न जन्म लेती है
फिर/ तुम /कहाँ चले गए
तुम तो/हमारे सपनों में आ जाते हो/ लेकिन
क्या कभी हम भी/तुम्हारे सपनों में आते हैं?"[19]

लवली बहुत ही नेक-दिल था| सभी के प्रति उसके मन में लगाव, स्नेह और अपनों के लिए चिंता का भाव भी था| उसे अपने सदाचारी पिता की चिंता थी। जिनका स्वभाव बहुत ही प्रेममयी एवं निर्मल था। पिताजी सेवानिवृत्त होने ही वाले थे| जब भी बहन के घर आता था तो अपने पिताजी के विषय में चिंता व्यक्त करता था। वह बहन से हमेशा क्या कहता था? कवि उस चिंता को पंक्तिवद्ध करते हुए लिखते हैं-

बहन !
मुझे रिटायरमेंट के बाद/पापा की चिंता अधिक है
मम्मी तो औरतों में बैठकर/ अपना समय गुजार लेंगी।"[20]

जब भी मनुष्य के जीवन में दु:ख, पीड़ा एवं संकट आदि आते हैं तो उसके मन में बहुत से प्रश्न आते हैं| वह सभी प्रश्नों के हल तलाशता है| सभी से पूछता है परिवार, परिवेश, समाज और ईश्वर से भी| कवि के इन अनबुझ प्रश्नों की मानसिक पीड़ा विभिन्न पड़ावों से गुजरकर, एक दर्शन बन जाती है और यही पीड़ा पूरे संग्रह में यदा-कदा प्रकट होती रहती है और उस पीड़ा को शांत करने के लिए कवि समय से, ईश्वर से और नियति से प्रश्न पूछते हैं-

सुना था/ जब भी समंदर में तूफ़ान आता है
आस-पास हलचल मच जाती है
लेकिन/भावनाओं का तूफान तो/चलता ही रहता है
वो तूफान कब सैलाब बनेगा?[21]

रिश्तों का कड़वा सच बयान करते हुए कवि बहुत ही सूझ-बूझ से रिश्तों की गहराई और उथलेपन में अंतर भी स्पष्ट करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कभी रिश्तों के पारखी हैं या लवली मृत्यु ने उन्हें रिश्तों की अहमियत या खोखलेपन के अन्तर को समझाने में मदद की है। कवि रिश्तों के संबंध में लिखते हैं-

रिश्तो में ढीलापन/घटनाओं को निमंत्रण देता है
जीवन में इन घटनाओं का असर/उन रास्तों पर पड़ता है
जो रिश्तों को/ रिश्ता मानते हैं
और/ मात्र/ जो रिश्ता होने का/ दिखावा करते हैं
उनके लिए/ ऐसे हादसों का होना/ केवल एक घटना होती है।"[22]

मित्रों के प्रति लवली का व्यवहार उत्तम कोटि का था। हर प्रकार से

उनकी मदद, सत्कार, प्रेम सदैव उसके मानस पटल रहता था। सामाजिक रिश्तों के प्रति उसकी सजगता, गहरी आस्था एवं विश्वास कवि को उद्वेलित कर देती है। कवि उसके व्यक्तित्व के गुणों की चर्चा और मृत्यु के बाद मित्रों के चेहरों में छाये दुख को बयान करते हुए लिखते हैं-

तू कितना आश्वस्त था/ सामाजिक रिश्तों के प्रति
अपने दोस्तों की/ किस हद तक/ सहायता करता था
आज/ जब भी/ मिलते हैं तो
उनके चेहरों पर/ दुख की रेखाएं स्पष्ट झलकती हैं।"[23]

कवि के मन में अपने इस प्रिय पात्र के महामरण को प्राप्त हो जाने के कारण गहरा प्रभाव पड़ा है। दुख असीम प्रतीत होता है। कवि बार-बार उन पंक्तियों को याद करता है जो लवली ने नए साल के आगमन यानी कि अपनी मृत्यु से एक रात पहले कही थी। कवि के मानस पटल पर वही पंक्तियाँ अंकित होकर बार-बार उन्हें बेचैन करती हैं और उनके हृदय के भावों को बहने के लिए मजबूर करती हैं। कवि अपने को स्थिर करते हुए और अपने दुखी मन को स्वयं ही समझाते और सांत्वना देते हुए कहते हैं कि अब तू ही इस देवलोक से हमारा सहारा बनना-

मेरे मन में/ तेरा वह अंतिम ब्रह्म-वाक्य
आप देखना !
नए साल में भूकंप आएगा/ अब/हम/सभी को पल-पल आने वाले भूकंप के/झटकों को सहन करना होगा
मेरा अटल विश्वास भी तो तुझ पर था
अब तू ही देवलोक से सहारा देना/तेरे अपनों को।[24]

प्रस्तुत संग्रह में लवली की मृत्यु से जुड़ी बातों एवं यादों के अतिरिक्त संग्रह में पारिवारिक कथा-व्यथा, रिश्तों की कशिश, संबंधों के विभिन्न उतार-चढ़ाव, वाद-विवाद, प्यार-दुलार तथा रूठने-मनाने की कहानी भी साथ-साथ चलती है। कुछ सामाजिक विसंगतियों के चित्र भी संग्रह में देखे जा सकते हैं। कवि ने अपने अंतरंग रिश्तों की बनती-बिगड़ती स्थितियों-परिस्थियों का बड़ी ही बेवाकी से चित्रण किया है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि समस्त रचना में पाठक को कवि की गहरी सोच तथा उच्च दृष्टिकोण हैरत में डालता रहा है। संग्रह के अन्य सभी स्थलों पर कवि एक विख्यात दार्शनिक की भान्ति प्रभावी रहे हैं। बिलकुल सपाटबयानी में सारी पारिवारिक कथा बयान की है और अपना भोगा हुआ यथार्थ भी। बहुत बड़ा कलेजा चाहिए अपने अंतरंग रिश्तों को चित्रित करने के लिए, जो कवि के पास निश्चित रूप से है। कवि छुपाव-दुराव में कतई विश्वास नहीं रखता| इनकी बेवाकी से सिद्ध होता है कि कवि संवेदनाओं एवं भावनाओं का जागरूक एवं कुशल चितेरा है। आलोच्य कृति में भावों एवं भाषा की सहजता, सरलता, रोचकता तथा स्वाभाविकता पाठक को आकर्षित कर लेती है और पाठक पर कवि की बातों का साधारणीकरण होकर ही रहता है। हालाँकि कवि का ध्यान शिल्प की अपेक्षा भाव पर अधिक रहा है| फिर भी भाषा एवं शैली पूर्णता लिए हुए है, जहाँ सूक्ष्म-से-सूक्ष्म भावों को भी भाव प्रवणता के साथ उजागर करने में कहीं दुविधा या असुविधा नजर नहीं आती। कवि ने संग्रह में सरल भाषा के साथ शब्दावली एवं शब्द-चयन का भी ध्यान रखा है। कविताओं में आए सहज बिंम्ब एवं प्रतीक उम्दा एवं प्रभावपूर्ण हैं। मुहावरे-लोकोक्तियाँ, छंदों, अलंकारों का स्वाभाविक प्रयोग कृति में देखने को मिलता है। अत: कहा जा सकता है कि कवि अशोक कुमार द्वारा रचित "स्मृतियों का सैलाब" हिन्दी साहित्य में शोकगीत परंपरा का अगला चरण है
और पारिवारिक रिश्तों का प्रामाणिक दस्तावेज़।

संदर्भ

1. अशोक कुमार, स्मृतियों का सैलाब, निर्मल प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2017, पृ 32-33
2. अशोक कुमार, स्मृतियों का सैलाब, निर्मल प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2017, पृ 29-30
3. वही, पृ 34
4. वही, पृ 23
5. अशोक कुमार, स्मृतियों का सैलाब, निर्मल प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2017, पृ 26
6. वही, पृ 35
7. वही, पृ 38-39
8. अशोक कुमार, स्मृतियों का सैलाब, निर्मल प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2017, पृ 39-40
9. वही, पृ 40
10. वही, पृ 40-41
11. अशोक कुमार, स्मृतियों का सैलाब, निर्मल प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2017, पृ 42-43
12. वही, पृ 43
13. वही, पृ 60-61
14. अशोक कुमार, स्मृतियों का सैलाब, निर्मल प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2017, पृ.51
15. वही, पृ 54
16. वही, पृ 54
17. अशोक कुमार, स्मृतियों का सैलाब, निर्मल प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2017, पृ 55-56
18. वही, पृ 57
19. वही, पृ 59
20. वही, पृ 59
21. अशोक कुमार, स्मृतियों का सैलाब, निर्मल प्रकाशन, दिल्ली, वर्ष 2017, पृ 60
22. वही, पृ 62
23. वही, पृ 63
24. वही, पृ 66

****

तुलसी साहित्य में सांस्कृतिक चेतना

-डॉ. शोभा रानी
सहायक प्रोफेसर
हिन्दी विभाग
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
समरहिल, शिमला-171005 (हि.प्र.)

जब किसी देश की राष्ट्रीय सांस्कृतिक आत्मा जागृत होती है तो वह जन जीवन की आशा, अकांक्षा, दर्शन कला, साहित्य आदि सभी जीवन पक्षों को अनुप्रणित करती हुई उसे साहित्य में सम्मिलित करती है। मध्यकालीन हिन्दी काव्य उस युग के एक ऐसे सांस्कृतिक पुनजार्गरण की देन है जिसके कारण राजनीतिक दृष्टि से पराजित भारतीय समाज ने शासक वर्ग के अन्तःकरण को प्रभावित किया था। इसमें कोई सन्देह नहीं कि तुलसीदास उसी सांस्कृतिक चेतना की देन कहे जा सकते हैं। उनका साहित्य केवल विशाल जनसमूह को आकर्षित करने वाला साधन मात्र नहीं है बल्कि एक ऐसी रत्न मंजूषा है जो अपने दिव्य प्रकाश से लोक हृदय एवं लोक मस्तिष्क को परिष्कृत करके उसके भीतर सांस्कृतिक अस्मिता की उत्कृष्ट भावना को देदीप्यमान कर देती है। एक स्वस्थ एवं उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भौगो. लिक, जातीय, भाषायी, आर्थिक तथा राजनीतिक एकता का महत्त्वपूर्ण योगदान है क्योंकि इनमें से कोई भी एक तत्त्व जब एक विशिष्ट गरिमा से युक्त हो जाता है तथा अन्य तत्त्व गौण रूप से विद्यमान रहते हैं तब एक राष्ट्र का निर्माण हो जाता है किन्तु सांस्कृतिक एकता का महत्त्व इन सभी तत्त्वों से अधिक महत्त्वपूर्ण है।

संस्कृति किसी भी राष्ट्र की आत्मा होती है। जिस प्रकार मानव देह का अस्तित्व या उसका जीवन आत्मा की स्थिति में ही स्वीकार किया जाता है उसी प्रकार की राष्ट्र की जीवन की शक्ति का मूलाधार भी उसकी आत्मा अर्थात् उसकी संस्कृति है।

गोस्वामी तुलसीदास भारतीय संस्कृति के निष्ठावान गायक थे। उनके काव्य में जहां एक ओर उनके आराध्य देव राम के मर्यादित चरित्र का यशस्वी वर्णन मिलता है वहीं दूसरी ओर आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक जीवन की उत्कृष्ट मूल्य मीमांसा भी देखी जा सकती है। लोकमंगल की भावना से परिपूर्ण उनका समस्त वाङ्मय सत्य, शिवम, सुन्दरम की व्यापक परीधि में रचा गया है। कवि के युग में वैयक्तिक, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय नैतिक जीवन का अत्यधिक ह्रास हो रहा था। सत्ताधारी एवं धर्माधिकारी वर्ग स्वच्छन्द होकर अमर्यादित नीतियों का पालन करना ही अपना मूल ध र्म समझ बैठा था। सदाचार, सत्य तथा संयम एवं विलासिता का चोला धारण कर चुके थे। मनुष्य के हृदय से श्रद्धा तथा आदर भाव लुप्त हो गये थे तथा अनीति, अराजकता, स्वार्थ, मिथ्या, आचरणों का साम्राज्य चहुँ ओर फैल गया था। ऐसे विनाशकारी युग में भारतीय युग में भारतीय संस्कृति

की रक्षा करने तथा खण्डित राष्ट्र को सुदृढ़ सम्बल प्रदान करने के लिए तुलसीदास ने मनुष्य को उसके धर्म से अवगत कराना ही अपना परम कर्त्तव्य समझा। इसके लिए उन्होंने अपने साहित्य में सत्य पर आधारित आचरण का ऐसा व्यापक चित्र प्रस्तुत किया जिसमें राष्ट्र की सबसे छोटी इकाई मनुष्य से लेकर विस्तृत समाज तक की नै. तिक मर्यादाओं एवं धार्मिक उद्देश्यों का पूर्ण रूप समाविष्ट हो जाता है। सर्वप्रथम उन्होंने शुभ कार्यों के मार्ग में आने वाले तीन मुख्य बाधाओं– काम, क्रोध, मोह को निकालकर बाहर फैंकने का जोरदार समर्थन किया। इसी सन्दर्भ में कवि कहते हैं–

तात तीनि अति प्रबल खल, काम क्रोध अरू लोभ,
मुनि विग्यान धाम मन करहिं निमिष महं छोभ. ा।।[1]

तुलसी की दृष्टि में परोपकार सर्वप्रथम धर्म है। इसी भावना के द्वारा मनुष्य 'स्व' की संकुचित परिधि ा से बाहर निकलकर राष्ट्र के अन्य नागरिकों के समीप आ जाता है। स्वार्थ और परपीड़न शून्य में मिल जाते हैं तथा सर्वहित कामना सर्वोपरि हो जाती है। इसी प्रकार अहिंसा एवं क्षमा का भी विशिष्ट महत्त्व है, तुलसी का विचार है–

दया धर्म को मूल है पाप मूल अभिमान
तुलसी दया न छोड़िये जब लागे घट में प्राण।[2]

दया और परोपकार की भावना मनुष्य के भीतर से दानवी प्रवृत्तियों को निष्कासित करके देवी प्रवृत्तियों को प्रबल कर देती है। तुलसी के राम में इन समस्त गुणों का वैमनशाली रूप देखा जा सकता है। अपने परोपकारी गुण के कारण ही वे अपने शत्रुओं को भी ध ान धान्य से सम्पन्न कर देते हैं। भाई–बन्धुओं पर उनकी कृपा दृष्टि सदैव ही बनी रहती है। मूलतः प्राणी मात्र के प्रति दया भाव से प्रेरित होकर उन्होंने अवतारी रूप धारण किया था। इन नैतिक गुणों के अतिरिक्त तुलसीदास ने शोर्य, धैर्य, सत्य, शील, विवेक, समता, संतोष, दान, कृपा आदि सामान्य धर्मों का प्रतिपादन भी अपने काव्य ग्रन्थों में किया है। इन आदर्शों के मूल में लोक कल्याण की भावना अन्तर्निहित है तथा लोक से सम्बन्धित सुविचार ही सांस्कृतिक एवं राष्ट्रवाद के निर्माण में सुदृढ़ नींव का कार्य करते हैं। वैदिक काल से लेकर आज तक जितने भी धार्मिक ग्रन्थ साहित्य समाज के समक्ष उपस्थित हुए उन सब में सत्य को धर्म का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण सतम्भ माना गया है। धर्म के महत्त्व को स्वीकार करते हुए कहा गया है–

सत्य दया तथा शान्तिहिंसाचेतिकीर्तिताः।[3]

उपरोक्त पंक्ति में धर्म के चार सतम्भों में सत्य को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। तुलसी ने भी सत्य को परम धर्म मानकर उसी में समस्त मानवीय मूल्यों का समावेश स्वीकार किया है। रघुकुल की रीति यही है– प्राग त्याग कर भी सत्य पर अविचलित होकर डटे रहना। दशरथ के मुख से कवि ने कहलाया है–

नहि असत्य सम पातक पुंजा। गिरि सम होहिं कि कोटिक गुजां
सत्यमूल सब सुकत सुहाए। वेद पुरान विदित

मनु गाए।[4]

यह सार्वभौमिक सत्य है कि किसी भी देश या राष्ट्र समाज या अन्य किसी की राजनीति इकाई, सामाजिक, बंधन, मानवीय रिश्तों का मूल आधार सत्य एवं विश्वास की धुरी पर टिका होता है। मानव का मानव पर विश्वास न होना ही संघर्ष का मूल कारण बनता है यहीं से विघटन की प्रक्रिया आरम्भ हो जाती है तथा राष्ट्र का सांस्कृतिक गौरव धूमिल हो जाता है। तुलसीदास ने निम्नलिखत पंक्तियों के माध्यम से जिस तत्त्व की व्याख्या की है वह संस्कृति के विकास और उन्नति के लिए परम आवश्यक है–

धरमु न दूसर सत्य समाना

आगन निगम पुरान वखाना।[5]

रामचरितमानस हमारी भारतीय संस्कृति का प्रतीक ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ ने हमारी सांस्कृतिक उपलब्धियों व सामाजिक आदर्शों का विश्लेषण–विवेचन अत्यन्त सहजता, विनम्रता एवं प्रभावपूर्ण ढंग से किया है। इसमें सामाजिक घटनाओं का श्रृंखलाबद्ध क्रम से वर्णन हुआ है जो मानव हृदय को स्पर्श करने वाला और अनेक भावों का रसात्मक अनुभव कराने वाला है। राम नरेश त्रिपाठी ने माना है, ''संसार की भयानक विपतियाँ सहकर कवि तुलसीदास ने हमें अमूल्य पदार्थ रामचरितमानस के रूप में दान किया है। उसकी तुलना संसार के किसी दान से नहीं की जा सकती। रामचरितमानस एक कल्याणकारी ग्रन्थ है। वह एक सांचा है जिसमें जीवन को ढालकर उससे एक सुन्दर स्वरूप प्राप्त किया जा सकता है।''[6]

कवि तुलसीदास ने राम के जीवन एवं कथा के माध्यम से हमारे समाज के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन का संजीव चित्रण प्रस्तुत किया है। जन समाज में व्याप्त रीति–रिवाज़, संस्कार, मूल्य एवं जन विश्वास का चित्रण अत्यंन्त मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। इसमें न केवल भारतीय सांस्कृतिक गरिमा को जनमानस तक पहुंचाया बल्कि भारतीय साहित्य इतिहास और समाज को एक नवीन दृष्टि प्रदान की तथा यथार्थ जीवन को गतिशीलता, रसात्मकता, शक्ति व स्फूर्ति प्रदान की।

भारतीय संस्कृति की मुख्य विशेषता समन्वयवाद भी है। यहां भिन्न–भिन्न मतों को मानने वाले व्यक्ति, विविध सम्प्रदायों में विभक्त मनुष्य एक–दूसरे की आलोचना की अपेक्षा सबमें समन्वय स्थापित करने के पक्षधर हैं। तुलसी ने भी इसी सांस्कृतिक विशेषता के आधार पर अपने समय में प्रचलित विभिन्न मतभेदों को समाप्त कर एक सुसंस्कृत राष्ट्र के निर्माण का अद्भुत स्वप्न देखा था। उनकी समन्वयवादिता सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। समाज में रहने वाले उच्च एवं निम्न वर्ग, शैव एवं वैष्णव, द्वैत–अद्वैत, निर्गुण–सगुण, भक्ति की उपासना, पद्धतियों, ज्ञान एवं भक्ति, विभिन्न भक्ति सम्प्रदायों– राम एवं कृष्ण, राजा–प्रजा, स्वामी–सेवक के मध्य जिस सौहार्द्र की स्थापना तुलसी ने की है वह न तो उनसे पूर्व किसी साहित्यकार की रचना में देखने की मिलती है और न ही उनके पश्चात् अर्थात् आज तक किसी रचनाकार

की कृति का अंग बनी है।

भारतीय संस्कृति के मूल्यों के कोश तुलसी साहित्य का महत्त्व इस दृष्टि से और अधिक बढ़ जाता है। तुलसीयुग में शैव, शाक्त, वैष्णव तीन धार्मिक सम्प्रदाय प्रबल थे। समाज का कोई वर्ग अपने आपको वैष्णव कहकर शाक्त मातावलम्बियों की आलोचना में संलग्न था तो कोई वर्ग अपने को शिव का परम उपासक मानकर शक्ति का विरोध कर रहा था। समाज की इस निश्रृंखलता को दूर करने का सबसे सुगम और श्रेयस्कर मार्ग यही था कि इन विरोधी प्रतीत होने वाली धारणाओं के मध्य एक ऐसे सेतु का निर्माण किया जाए जो सभी मतों को एक ही कड़ी में पिरो सके जिसके माध्यम से शैव, शाक्त, वैष्णव के अन्तर में निहित मूल तत्त्व उभर कर सामने आ सके। तुलसीदास कृत रामच. रितमानस के वक्ता–श्रोता के रूप में शिव–पार्वती की योजना इसी दृढ़ सेतु का कार्य कर रही है। इसमें राम शिव से विद्रोह रखने वाले मनुष्य को अपना दास स्वीकार नहीं करते तो शिव राम को ही अपना आराध्य देव मानते हैं। अतः उनका विरोधी शिव का भक्त कहलाने का अधिकारी हो ही नहीं सकता। तुलसी ने राम के मुख से समन्वयवाद को व्यक्त करवाया है–

सिव द्रोही मम भगत कहावा, सो नर सपनेहुँ मोहि न पावा
संकर विमुख भक्ति चहमोरी, सो नारकी मूढ मति थोरी
संकर प्रिय मम द्रोही सिव द्रोही मम दास
ते नर करहिं कलप भरि घोर नरक महुं वास।[7]

निष्कर्षतः कह सकते हैं कि तुलसीदास ने रामचरितमा नस के अलावा अन्य रचनाओं में भी हमारी भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्शों को प्रस्थापित किया है। उनकी रामभक्ति साधना साहित्य, धर्म और संस्कृति के रूप में वर्तमान समाज की रीढ़ की हड्डी के रूप में अवस्थित है। वे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक दोनों दृष्टियों से बेजोड़ है। इसी कारण साहित्य, संस्कृति, भाषा, आदर्श, भक्ति के संगम के कारण लोकनायक तुलसीदास मध्यकाल से लेकर आज तक अपना सर्वोच्च स्थान बनाये हुए हैं। उनकी रचनाएँ संस्कृति तथा आदर्श की अनमोल धरोहर के रूप में मानवीयता को अपने रचना रूपी अमृत से अभिसंचित कर पल. लवित और पोषित कर रही है।

सन्दर्भ

1. रामचरित मानस, अरण्य कांड, पृ. 38 क
2. वही
3. वृहद्ब्रमपुराण, पूर्व खण्ड, पृ. 1
4. रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, पृ. 28
5. रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, पृ. 30
6. राम नरेश त्रिपाठी, तुलसीदास और उनका काव्य, दिल्ली, राजपाल एण्ड सन्ज, पृ. 4
7. तुलसीदास, रामचरितमानस, लंकाकाण्ड–2, पृ. 7–8

****

Donation of organs and Buddhism

-Dr.Chintala Venkata Sivasai,
Assistant Professor,
School of Buddhist Studies & Civilization,
Gautam Buddha University,
Greater Noida, U,P
email. chintala@gbu.ac.in,
Mobile.8130084839)

Abstract:

The desire to end suffering is at the heart of Buddhism, but there are no laws that forbid or permit organ donation. There may also be instances where giving an organ is viewed as a charitable act. In Buddhism, a person's choice to donate or not to donate their organs is mostly up to them. Individuals can choose to support it or oppose it without one being viewed as correct and the other wrong. The desire to save a life should not come at the expense of the needs and desires of a potential donor. A person's death is considered to be extremely important, and a body should be treated with respect. Nonetheless, no religion holds that the body should be kept in its whole, therefore from this vantage point, organ removal is not controversial. Nonetheless, it is only acceptable to disturb a dead body under certain circumstances and with extra caution. Given that surgery is performed right after an organ donor passes away, it's also crucial to think about whether the deceased person's consciousness might be negatively impacted by organ donation.

Key Words: Buddhism, Organ Donation, Surgery, Donor etc

Introduction:

Buddhists, including those who practise Tibetan Buddhism, hold the view that the consciousness may continue to exist in the body after the breath has stopped. Tibetan Buddhists may be concerned that an operation so soon after death may impair their awareness and their afterlives since it is crucial that the body stay undisturbed until the consciousness departs from it . Others, though, might believe that this last deed of kindness can only result in good.

Donation of organs and Buddhism

Donating an organ is giving it to someone else who needs it for a transplant. Organ transplants every year save or enhance the lives of hundreds of individuals.

Giving is a personal decision, and opinions fluctuate even among the same religious communities. Why is it vital to consider organ donation?

Consent

Before organs can be donated, the consent or permission of the potential donor's family members must always be obtained. This is why it's so crucial to talk to your loved ones about your wishes if you decide to donate your organs. Families who consent to organ donation frequently remark how comforting it is to know that something positive has come from their loss.

When is it permissible to donate an organ?

The goal of doctors and their co-workers is to save as many lives as possible. Only after all attempts to preserve the patient's life have failed and after the death has been deemed official by medical professionals who are completely independent of the transplant team are organs removed for transplantation.

Attention and respect

The greatest attention and care are taken when removing organs and tissues. A chaplain or other local religious authority may be contacted by personnel if the family requests it after the body has been returned to the family.

Donation of organs and Buddhism

Buddhism contains no prohibitions either in favour of or against organ donation. The process of someone's death is considered to be very important and should be handled with the utmost respect and care. There are several viewpoints regarding the appropriateness of organ transplantation, and in certain traditions, the moment of death is determined using criteria that are different from those of contemporary Western medicine. The desire to save a life must not come at the expense of the needs and desires of the dying individual. Every choice will be based on the particular situation. The desire to end suffering is important to Buddhism, therefore there may be situations in which organ donation is viewed as a kind deed. When a dying person sincerely wishes something, it would be interpreted in that way.

HINDUISM AND ORGAN DONATION donating organs

Donating an organ is giving it to someone else who needs it for a transplant. Organ transplants every year save or enhance the lives of hundreds of individuals.

Giving is a personal decision, and opinions fluctuate even among the same religious communities.

Why is it vital to consider organ donation?

With the advancement of medicine, it is now feasible to extend the lives of people with a variety of terminal illnesses, including as renal, hepatic, and heart failure, by using transplanted organs and tissues. More people than ever before currently experience these illnesses, and some ethnic groups seem to be more susceptible

To be impacted more than others.

Consent

Before organs can be donated, the consent or permission of the potential donor's family members must always be obtained. This is why it's so crucial to talk to your loved ones about your wishes if you decide to donate your organs. Families who consent to organ donation frequently remark how comforting it is to know that something positive has come from their loss.

When is it possible to donate organs?

The goal of doctors and their coworkers is to save as many lives as possible. Only after all attempts to preserve the patient's life have failed and after the death has been deemed official by medical professionals who are completely independent of the transplant team are organs removed for transplantation.

Attention and respect

The greatest attention and care are taken when removing organs and tissues. A chaplain or other local religious authority may be contacted by personnel if the family requests it after the body has been returned to the family.

Organ donation and Hindu Dharma

The idea of organ donation is supported by numerous passages in Hindu scriptures. The Sanskrit term for contribution, Dana, originally meant unselfish giving. Dan is ranked third among the ten Naima's (virtuous deeds).

The donation of one's own body is immensely more worthwhile than donating any other kind of item, according to this quote. A Manusmuruti.

Hindus have a strong belief in life after death, which they define as a continual cycle of reincarnation. The direction the soul will take in its next existence is determined by the law of karma. The Bhagavad Gita uses a straightforward analogy to explain the relationship between the mortal body and the immortal soul: "vasa's jinni bathe viharas Navami granite narrow 'paranoid tithe saurian viharas jenny anyone samite Nalanda deli."

"The soul similarly accepts new material bodies giving up the old and worthless ones, just as a person puts on new clothes giving up the old ones." (Chapter 2.22 of the Bhargavat Geeta)

The Charka and Sushruta Samhita, scientific and medicinal treatises, are a significant component of the Vedas. Sage Sushruta covers aspects of organ and limb transplants whereas Sage Charka focuses with internal medicine.

Organ donation and religion donation of organs

Donating an organ is giving it to someone else who needs it for a transplant. Organ transplants every year save or enhance the lives of hundreds of individuals.

Giving is a personal decision, and opinions fluctuate even among the same religious communities. Why it's crucial to consider organ donation.

With the advancement of medicine, it is now feasible to extend the lives of people with a variety of terminal illnesses, including as renal, hepatic, and heart failure, by using transplanted organs and tissues. These illnesses are now more common than ever before, and some racial groups appear to be more impacted than others.

Consent

Before organs can be donated, the consent or permission of the potential donor's family members must always be obtained. This is why it's so crucial to talk to your loved ones about your wishes if you decide to donate your organs. Families who consent to organ donation frequently remark how comforting it is to know that something positive has come from their loss.

When is it possible to donate organs?

The goal of doctors and their coworkers is to save as many lives as possible. Only after all attempts to preserve the patient's life have failed and after the death has been deemed official by medical professionals who are completely independent of the transplant team are organs removed for transplantation.

Attention and respect

The greatest attention and care are taken when removing organs and tissues. A chaplain or other local religious

authority may be contacted by personnel if the family requests it after the body has been returned to the family.

Religion and organ donation

The foundation of the Christian faith is the way God revealed Himself through the life of Jesus Christ. Jesus modelled for his followers how to care for the needs of others and to love one another. Christians may view organ donation as a sincere act of love.

We have the option to donate our organs to help many people: "Thousands of people in the UK are now on the waiting list for organ transplants that might save or significantly improve their lives. The straightforward act of signing up for the donor registry can help those in need immensely. Everyone should think about whether they can continue to live by giving life to others when they pass away." York's Archbishop Sentamu Ebor, 2010

The Methodist Church has consistently backed organ donation and transplantation under the right conditions as a way to facilitate recovery and good health. United Methodist Church

"A foundation for conversation is established by identifying particular religious communities and their attitudes towards organ donation. Then, in order to create a greater knowledge of cultural norms, we must communicate information about the beliefs held by various religious groups. More information on the cultural risk factors for kidney disease should be extensively disseminated in order to keep people aware, break down barriers, and inspire hope so that they can make better health decisions that will improve their lives." Sharon Platt-McDonald is the Seventh-day Adventist churches' director for health, women's ministries, and disability awareness in the British Isles.

Donating your organs is a very individual decision. In terms of moral and Christian law, transplanting is allowed. Organ transplants are in compliance with the moral law if the risks to the donor's bodily and mental health are commensurate to the benefit sought by the recipient, according to Catechism of the Catholic Church 2296. After death, organ donation is a noble and honourable deed that should be encouraged as a sign of giving solidarity. If the donor or his representative has not provided their express approval, it is not morally acceptable. Also, even if it means delaying the deaths of others, it is morally unacceptable to cause the crippling disfigurement or death of a human being. Because we as Christians believe in eternal life, we should not be afraid to plan for death.

"Neither death nor life, nor anything else in all creation, will be able to separate us from the love of God that is in Jesus Christ our Lord." Nothing that occurs to our body, either before or after death, can have an impact on our connection with God. Rom. 8:38–9.

Because organ donation is the most selfless act imaginable, making sure we are on the NHS Organ Donor Register and that our loved ones are aware of our desires in advance will assist to lessen any stress on them should the opportunity to donate occur. Archbishop of Wales Rt. Rev. Rd. Barry Morgan, 2011

"There is a need to instil in people's hearts, especially in the hearts of the young, a genuine and deep appreciation of the need for brotherly love, a love that can find expression in the decision to become an organ donor," said Pope John Paul II in his address to the 18th International Congress of the Transplantation Society in 2000.

"The Department of Health has been supporting a scheme that encourages UK religious communities and religious leaders to spread the word about organ donation over the past year or so. The project's goal is to use the power of religious communities to address a significant societal issue by not simply investigating religious perspectives on organ donation. Faith-based groups have robust social networks and a shared commitment to doing good deeds; hence, the Church of England's support for this effort is absolutely acceptable." 2011 Archbishop of Wales, Rat Revd Dr Barry Morgan

Buddhism's position on the donation of human organs

According to Buddhism, giving one's organs to someone else after death in order to save their life certainly qualifies as a charitable deed, which is the cornerstone of a spiritual or religious way of life.

The Pali word for generosity or altruism is DANA. Giving or sharing material things or worldly possessions, offering one's own body parts, and offering one's services for a good cause, even to the point of giving one's own life for the welfare and happiness of others in need, are

the three ways in which this virtue can be practised to its fullest potential.

Such charitable deeds enable one to eliminate selfish thoughts from the mind and start to acquire the major virtues of loving-kindness, compassion, and wisdom.

The Buddha's teachings are meant to lessen suffering in the here and now and to pave the way for the total eradication of all types of suffering.

The lack of knowledge about the true nature of life, death, and the afterlife is the main cause of people's reluctance to take part in a noble act like organ donation. Some people hold the opinion that if any organ or part of their body is removed, they will either have to live without that organ in their next life or won't be allowed to enter the kingdom of heaven. Such notions are nothing more than their own fantasies.

Conclusion:

According to Buddhism, a person dies when their consciousness departs from their decaying physical body. An individual's next life is decided by that re-linking of consciousness. Religionists may refer to this re-joining of awareness as "soul," "spirit," or "mental energy." Whatever the word, it is obvious that it has nothing to do with the physical parts of the body, which are liable to decompose and return to their separate sources of energy. The earth element returns to the soil, the water element to the rivers, the heat element to the atmosphere, and the gaseous and heat elements to the streams. Decomposition of the body is inevitable, regardless of how well the body is maintained, whether in a metal or wooden coffin.

Today's medical technology and surgical techniques have made it possible for the organs' component structures, such as the heart, kidney, and other organs, to be used or transplanted in order to restore normalcy in patients with organ failure. The time has come for our more understanding members of the public to step forward and volunteer to donate their organs after death for a deserving purpose, as the number of organ failures occurring in the nation is on the rise.

I earnestly hope that all rational people in this nation will support this admirable endeavour to lessen suffering throughout the world.

BIBLIOGRAPHY

FIRST SOURCES

1. The Digha Nikaya, Translated from the Pali by Rhys Davids, The Dialogues of the Buddha, 3 voles, Delhi: Motilal Banarsidass, 2007 (reprints).

2. The Majjhima Nikaya, (Trans.) Bhikkhu Nanamoli, Bhikkhu Bodhi, The Middle Length Discourses of the Buddha, 3 voles, Boston: Wisdom Publications, 2009 (reprints).

3. The Sammuyuta -Nikaya, (Trans.) Bhikkhu Bodhi, The Connected Discourses of the Buddha, 5 voles, Boston: Wisdom Publications, 2000; (Trans.) Rhys Davids & F.L. Woodward, The Book of the Kindred Sayings, 5 voles, Delhi: Motilal Banarsidass, 2005 (reprints).

4. Anguttara-Nikaya, (Trans.) F.L. Woodward & E.M. Hare, The Book of the Gradual Sayings, 5 voles, Delhi: Motilal Banarsidass, 2006 (reprints).

5. The Dhammapada, (Trans.) F. Max Muller, a Collection of Verses, Delhi: Motilal Banarsidass Publishers, 1992,

6. The Udana and Itivuttaka, John D. Ireland, Priyanka: Buddhist Publication Society, 1997,

7. The Visuddhimagga, (Trans.) Bhikkhu Nanamoli, the Path of Purification, Colombo, Ceylon: Published by R. Sewage, 1956.

BACKGROUND SOURCES

8. D.K. Bara, an Analytical Study of Four Nikaya, New Delhi: Mushaira Manoharlal, 2003.

9. Bhikkhu Bodhi (ed.), in the Buddha's words An Anthology of Discourses from the Pali Canon, Boston: Wisdom Publication, 2005.

10. Bhikkhu Bodhi, A Comprehensive Manual of Abhidhamma: The Abhidhammattha Sangaha of Acarida Anuruddha, Seattle, WA: BPS Pariyatti Editions, 2000,

11. Bhikkhu [KI5riannoli (trans.), Mindfulness of Breathing — (Buddhist texts from the Pali Canon and Extracts from the Pali Commentaries), Buddhist Publication Society, 2010_

12. Bhikkhu N a pa moil (trans.), Visuddhimagga, The Path of Purification, Buddhist Publication Society, Colombo, Priyanka.

13. Bhikkhu Nanamoli (trans.), the Path of Discrimination (Patisambhidamagga), Oxford: The Pali Text Society, 1991.

14. Chinatala Venkata Siva Sai, Compassion and Peace in Buddhism, Delhi: Somali Publication, 2006.

*****

Spatial Associations of Crops in Relationship with Other Crops Regions of Sikkim Himalayas: An Analysis

-Pawan Kumar
Department of Geography,
Delhi School of Economics,
University of Delhi, Delhi – 110007, India.
Email Id: pawank.dse@gmail.com

Abstract

Farming is the foremost occupation of the Sikkimese, hence, the analysis of associations of crops in relationship with other crops regions of Sikkim and the prevailing crop farming systems is of great importance. The topography of the area restricts the agricultural activities as level land is very scarce and not a single kilometer of land is naturally in a level position. Crop combinations is the outcome of multiplicity in the agro-climatic, topographic, edaphic and socio-economic-cultural circumstances as well as irrigational development, technical development, and institutional setup. For further crop development and orientation of cultivation on the correct lines, the conventional rural agricultural economy needs to be improved, appropriate crop associations should be evolved and the whole agricultural setting has to be renovated. For such progressive agricultural planning, Doi (1959) method can be employed in any region and the results thus obtained are comparable and therefore, this method had been employed in determining the crop combination in the present study. The highest concentration of land was under maize, followed by spices, vegetables, fruits and root and tuber crops. West district of Sikkim had six crops under suitable crop combination. They constituted about 90.99 percent area of agricultural land. All the crop combination systems are performing well over the existing production systems in terms of production and profitability.

Keywords: Farming systems, crop combinations, agricultural planning, agro-climatic and topography.

1. Introduction

Diversity in the farming landscape contributes to the maintenance of biological diversity in surrounding natural environments. A varied crop congregation generates a diversity of micro-climates within the cropping practice. These crop assemblages can be inhabited by a variety of non-crop creatures comprising advantageous raiders, insects, pollinators, soil fauna, and contenders - which is important for the entire system. The key indicators of diversified mountain farming systems are diversification across ecological, altitudinal and temporal scales. They together serve as an instrument for sustaining and rejuvenating the biotic interfaces and successively, the ecosystem services - e.g., soil characteristic, nitrogen fixation, pollination, and pest management that present significant contributions to cultivation (Shennan, 2008; Birthal, 2010). Across ecological measures, a varied agriculture system incorporates, genetic diversity within the crop, varietal diversity within a single crop, multiple intercropped species, non-crop plantings and semi-natural groups of floras, such as insectary strips, hedges, riparian buffers, pastureland, and hardwood etc. Across altitudinal scales, varied mountain agricultural systems endorse agro-biodiversity via practices positioned inside the field, across the entire field, around the field boundaries, across numerous fields and at the landscape to local scale.

Across temporal scales, nonsynchronous tilling, sowing, harvesting, cover cropping, crop rotations, and fallowing contribute to the continuation of landscape scale heterogeneity (Shennan, 2008). No-till, permanent grass, forb or tree cropping systems, hedgerow set asides, and jungle gardens consent the natural procedures of ecological succession to augment agro-biodiversity vigorously. Sustainable agriculture, organic farming, zero-budget natural farming, agro-diversity, etc., are agro-ecological approaches of the farming system. In this way, it helps to move forward towards achieving national goals like employment generation, self-reliance in food crop production and earning a livelihood as well as foreign exchange. In Sikkim, more than half of the population reliant on farming. Therefore, for a better comprehension of the comparative significance of various crops grown in Sikkim, it is necessary to analyse the cropping pattern, the spatial distribution system of crop farming, the crop regions and crop combinations. Such an elaborate exercise will help to recognize the largely significant crops of the area and their areal disparity in the varied farming economy of Sikkim.

Since farming is the foremost occupation of the Sikkimese, hence, the analysis of agricultural diversities and the prevailing crop farming systems is of great importance. Physical factors, surface configuration, altitude, slope and its aspects, climatic parameters especially the temperature and precipitation, water resource and soil, play a more dominant role as compared to other sets of factors for agricultural diversification (Rai, 2007). The topography of the area restricts the agricultural activities as level land is very scarce and not a single kilometer of land is naturally in a level position (Anonymous, 2011). This paper describes the various sorts of crop combination in the agricultural systems of Sikkim Himalayas.

2. Materials and Methods

2.1. The study area

Sikkim is positioned in the Eastern Himalaya range below the world's third highest mountain peak, Kangchendzonga (8595m) lying in the middle of 27^0 04' 46" to 28^0 07' 48" N and 88^0 55' to 89^0 55' 25" E. To its north lies the gigantic expanses of Tibetan plateau of the People's Republic of China, to its west is Nepal, Bhutan and China in the East and West Bengal in South (Fig. 1). The whole region is a biological diversity hotspot with inspiring botanic and zoological splendour. Sikkim is the second-smallest state in India next to Goa in terms of land region. The total geographic extent of the State is 7096 km^2. The State consist of four districts and nine sub-divisions.

Total population of Sikkim as per 2011 census is 607,688 of which male and female are 321,661 and 286,027, respectively. Density of Sikkim is 86 persons per km^2, which is lesser than nationwide average 382 person per km^2. The number of females per 1,000 males has upgraded from 875 in 2001 to 889 in 2011. Literacy rate in Sikkim has seen upward trend and is 82.20 percent as per 2011 population census. Of that, male literacy positions at 87.29 per cent whereas womanly literacy is at 76.43 per cent (Census of India, 2011). The climate of Sikkim involvements flexible temperature with summertime in the bases and chilly winter on the high mountains. It has been alienated into three distinct categories - tropical, temperate and alpine. The mean temperature in the lesser altitudinal zone differs from 5^0C to 15^0C all through winter and 18^0C to 28^0C during the summer months. In the upper reaches, the normal



Fig. 1. Location map of the study area, Sikkim.

temperature by no means crosses 15^0C. The common drift of lessening in temperature with intensification in altitude holds decent in all places. Normal annual rainfall of 2000 mm to 5000 mm typically focused for the period of the monsoon (District Statistical Hand Book, 2011).

2.2 Source of data

Data regarding food crops and cash crops were mainly collected from the Department of Agriculture Cooperation and Farmers Welfare, Indian Council of Agricultural Research and Forest, Environment, and Wildlife Management Department, Sikkim. Data from other sources such as primary survey, discussion with the focused group, Annual Progress Report of Department of Food Security and Agricultural Development, and Sikkim Statistical Journal, Department of Economics, Statistics, Monitoring and Evaluation, Gangtok, Government of Sikkim were also used.

2.3 Data analysis

After extraction of requisite data, crop combinations or associations, were analysed. In any province, a crop is hardly ever produced in seclusion even when its proportion is remarkably above average. Planted crops usually flourish in coalescence association (Weaver, 1954). Crop combinations or associations are nowadays recognized as an imperative typological characteristic of farming (Pande and Saxena, 1972). Importance of crops, changes with the progress in socio-cultural-economic conditions and technology. The most striking characteristic of present-day agriculture is pass on to the spatial preponderance of particular crops or a blend

of particular crops give rise to the emergence of crop regions.

Crop combinations is the outcome of multiplicity in the agro-climatic, topographic, edaphic and socio-economic-cultural circumstances as well as irrigational development, technical development, and institutional setup. For further crop development and orientation of cultivation on the correct lines, the conventional rural agricultural economy needs to be improved, appropriate crop associations should be evolved and the whole agricultural setting has to be renovated. For such progressive agricultural planning, the study of crop-combinations is a prerequisite.

2.3.1 Crop Combination

To identify crop combinations and crop regions, many non-quantitative and quantitative methods has been used. Non-quantitative methods are generally subjective, approximate and arbitrary. Quantitative statistical techniques are more exact, scientific and objective. Weaver's minimum deviation method (1954) was the initial endeavor to ascertain the crop combination regions in the mid-West of the U.S.A. This technique was unsuccessful to ascertain crop combinations and showed anomalies in certain cases.

Doi (1959) went along Weaver's process but escaped the cumbersome computations without 'N' from the formula and commenced the pre-calculated critical values. By making usage of the table of critical values of Doi's method, the crop combinations in every area can be straight away and easily ascertained. Doi's method seems to be better in the comparison of all others method, in the view point that it is straightforward and involves much fewer computations while at the same time, it gives a realistic picture of crop combinations. It can be expressed as:

$$\Sigma d^2$$

Here, 'd' is the deviations of the actual percentages in a given areal unit and the suitable percentage in the theoretical value. The grouping holding the lowermost value (Σd^2) is considered for the crop combination. This method can be employed in any region and the results thus obtained are comparable and therefore, this method had been employed in determining the crop combination in the present study.

3. Results and Discussion

3.1 Crop Combination in different regions of Sikkim

The idea of crop combination is a logical method to analysis the prevailing spatial associations of crops in relationship with other crops. Therefore, for the analysis of crops on a local scale, taking into deliberation the combinational study and the comparative status of crops is a prerequisite. Such an inquiry will eventually lessen the alteration of generalized oversimplification (Ali, 1978). Crop combination provides a concept regarding the agricultural income, agricultural typology, and agricultural economics of an area in one hand and on the contrary, it provides a vision into the crops rotation, and cropping exercises which are necessary for looking into the soil productiveness and their healthiness (Husain, 1972; Siddiqui, 1967). It also provides aerial significance and strength to individual crops. Its delimitation would emphasize the regional outline of farming doings as well as concentration of crops in the region. The design of crop combination region which will arise from this delimitation may possibly too function in a significant way for a reasonable

local agricultural development and also for better understanding of the agricultural situations. Hence, to figure out the cropping pattern of a precise area, the analysis of combination of crop is necessary (Sharma, 1971). According to Doi's (1959) method of crop combination analysis, North district of Sikkim had three possibilities of crop combination, i.e., spices, maize, and vegetables. They constitute 67.5 percent area of North district under agricultural land. Mainly spices, maize and vegetables constitute these agricultural land. East district, had six crop combinations i.e. maize, spices, fruits, rice, and vegetables. They constitute 81.13 percent area of East district under agriculture, in which the maximum area was constituted by maize, followed by spices, then fruits, rice, and vegetables (Fig. 1).

Table 1. Major crop combinations recorded in Sikkim based on Doi's method, 2015-16.

S. No	Combination Type	Crops Combination	Districts	% of Total Cultivated Area
1	Three Crops	Spices, Maize, Vegetables	North	67.50
2	Six Crops	Maize, Spices, Fruits, Rice, Vegetables, Root and	East	81.13
3	Five Crops	Maize, Spices, Vegetables, Fruits, Root and Tu-	South	75.59
4	Six Crops	Maize, Spices, Fruits, Root and Tuber, Potato,	West	90.99

Source: Compiled and Computed by the Researcher, 2018

In South district, five possibilities of suitable crop combination were recorded i.e. maize, spices, vegetables, fruits and root, and tuber crops. They constituted 75.59 percent area of agricultural land of South district. The highest concentration of land was under maize, followed by spices, vegetables, fruits and root and tuber crops (Fig. 2). West district of Sikkim had six crops under suitable crop combination, viz., maize, spices, fruits, root and tuber crops, potato and vegetables. They constituted about 90.99 percent area of agricultural land. (Table 1).

During field survey it was observed that mixed cropping, i.e. crop combination with maize such as soybean-maize, red gram-maize, other beans-maize, peas-millet-maize, maize-millet, ginger - maize. Diversified cropping with pulses is beneficial for upholding soil productiveness and additional income. The following crop rotation is also found to be practiced in Sikkim, viz., wheat-maize, tori-maize, maize-buckwheat, potato-maize, tori-maize-paddy, millet-maize. All the crop combination systems are



Fig. 2. Major crops combination regions based on Doi's method in Sikkim, 2015-16.

performing well over the existing production systems in terms of production and profitability. Maize+beans-vegetable pea, maize-pahenlo dal-cole crops, maize-pahenlo dal-coriander, etc., are some of the prominent existing and improved maize-based cropping systems prevalent in Sikkim (Singh *et al*., 2018).

Similarly, prominent existing and improved rice-based cropping system of Sikkim are rice-fallow, rice -fallow-pre-kharif maize, rice-vegetables, vegetable pea- rice-maize (green cobs), fenugreek-rice (leafy vegetable)-baby corn, sunflower-dhaincha-rice (sesbania spp. for green fertilizing), vegetable pea/lentil-rice (no-till), rice-fenugreek-maize (green cobs), rice-coriander-cow pea (vegetable pea), rice-mustard+rajmash-green gram/black gram, green gram/black gram- rice-vegetables, potato-green gram/black gram-rice, black gram/ green gram-rice- mustard, and sesbania-sunflower-rice (Singh *et al*., 2015 and 2016).

4. Conclusion

The system of farming in Sikkim is time tested, deeply interwoven with the ecological system and climatic conditions and founded on sustainable farming practices. The agro-climatic condition ranges from the sub-tropical type in the lower valley to alpine type in the upper reaches. No single crop or a variety of crops can suite all the elevations. Rain-fed agriculture is a predominant feature, having only about 15.08% of the grossed cropped area was under irrigation. The main crops grown in the state are maize, wheat, rice, millets, barley, buckwheat, pulses, oilseeds, vegetables, fruits, large cardamom, and mandarin orange. In these crops, mandarin orange and large cardamom are the traditional crops. Among the six crop combinations, the highest

concentration of land was under maize, followed by spices, fruits, root and tuber crops, potato and vegetables. The agriculture needs to be practiced in such a way that it should not reduce the possibility of future biological production while satisfying the basic assumptions of agricultural production.

References:

Ali, M. (1978) *Dynamics of Agricultural Development in India*, (Ed.) Concept Publication, Private Company - New Delhi.

Anonymous (2011) *Geology and Mineral Resources of the States of India*, Geological Survey of India, Miscellaneous Publication No. 30, Part xix – Sikkim, Published by the order of the Government of India.

Birthal, P. S. (2010) Hill agriculture in India: Problems and prospects of mountain agriculture, *Indian Journal of Agricultural Economics*, 65(3):329-324

Census of India (2011) *Provisional Population,* Government of India, Delhi.

District Statistical Hand Book (2011) *Directorate of Census Operations*, Sikkim.

Doi, K. (1959) The Industrial Structure of Japanese Prefecture, *Proceeding of International Geographical Union*, Regional Conference in Japan.

Husain, M. (1972) Crop Combination Regions of Uttar Pradesh- A Study in Methodology, *Geographical Review of India*, 34(2): 134-156.

Pande, B. P. and Saxena J. P. (1972) Crop Combination Regions of Chattisgarh Basin in India, *International Geography*, 2, paper submitted to the 22nd IGC, Canada.

Rai, S. C. (2007) Traditional Ecological Knowledge and Community-based Natural Resource Management in Northeast India, *Journal of Mountain Science*, 4(3):248-258.

Sharma, S. C. (1971) *Cropping Pattern and Crop Combination Regions in Etewach Middle Ganga-Yamuna Doabs*, The Deccan Geographer, 9:71 - 92.

Siddqui, M. F. (1967) Combinational Analysis, A Review of Methodology, *Geographer*, 14:83-92.

Singh R., Babu S., Avasthe, R. K. and Yadav, G. S. (2018) *Crop Diversification and Intensification for Enhancing Livelihood Security in Sikkim*, Published by ICAR-National Organic Farming Research Institute, Tadong, Gangtok, Sikkim, India.

Singh, R., Babu, S., Avasthe, R. K., Yadav, G. S. and Rajkhowa, D. J. (2016) Productivity, economic profitability and energy dynamics of rice (Oryza sativa L.) under diverse tillage and nutrient management practices in rice-vegetable pea cropping system of Sikkim Himalayas, *Indian Journal of Agricultural Sciences*, 86 (3):326–30.

Singh, R., Babu, S., Avasthe, R. K., Yadav, G. S. and Rajkhowa, D. J. (2015) Influence of tillage and organic nutrient management practices on productivity, profitability and energetic of vegetable pea (Pisum sativum L.) in rice – vegetable pea sequence under hilly ecosystems of North East India, *Research on Crops,*16(4):683-688.

Weaver, J. C. (1954) Crop Combination Regions in the Middle West*, Geographical Review,* 44 (2):175 -200.

*****

भाई वीर सिंह द्वारा लिखित उपन्यास 'सुन्दरी' में नैतिकता की अवधारणा

-डॉ. कमल जीत सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर,
दयाल सिंह कॉलेज,
दिल्ली विश्वविद्यालय

भाई वीर सिंह द्वारा लिखित उपन्यास 'सुन्दरी' पंजाबी भाषा का पहला उपन्यास है जो 1898 ई. में प्रकाशित हुआ। हालाँकि, इस उपन्यास की कहानी की कल्पना तब से ही आरम्भ हो गई थी जब इसके रचनाकार भाई वीर सिंह (1872-1957) अभी हाई स्कूल में ही पढ़ रहे थे और इस रचना का एक हिस्सा तभी लिखा जा चुका था। यह उपन्यास सुरसती नामक एक महिला का वीरतापूर्ण चित्रण प्रस्तुत करता है, जो एक हिंदू परिवार में पैदा हुई और बाद में अपने भाई बलवंत सिंह के प्रभाव में सिक्ख धर्म को अपनाती है। इसके साथ ही वह अपने नए नाम सुन्दर कौर (सुन्दरी) को प्राप्त करती है। इसके बाद वह जंगलों में सिक्ख योद्धाओं के एक समूह के साथ वीरतापूर्ण जीवन व्यतीत करने लगती है। मेरे इस लेख का मुख्य उद्देश्य नैतिकता की अवधारणा, मानवीय मूल्यों को मजबूत बनाने वाले तत्व (लंगर, सेवा, श्रम, किरत करनी , बाँट कर खाना, नाम जपना), 'सुन्दरी' नामक पात्र के व्यक्तित्व के महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रस्तुत करना है।

'सुन्दरी' को पंजाबी साहित्य में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला उपन्यास माना जाता है। उन्नीसवीं सदी में करीब चार दशक पहले अंग्रेजों ने पंजाब पर कब्ज़ा कर लिया था। अंग्रेज़ों के साथ ही अंग्रेजी भाषा, पश्चिमी विज्ञान और ईसाई मिशन की आमद भी साथ-साथ ही हो गई। इससे पंजाब में एक नई विचारधारा का उदय हुआ। इसके फलस्वरूप गुरुओं द्वारा त्यागे गए कर्म-कांड सिक्ख जीवनशैली में प्रवेश कर गए। सिक्ख राज्य के उन्मूलन और ब्रिटिश सरकार के राजनीतिक दबाव के साथ, सिक्ख सिद्धांतों में खामियां आने लगी। अब सिक्ख पहचान को बरकरार रखने का मुद्दा चिंता का विषय बन गया था। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कुछ सिक्ख बुद्धिजीवियों ने इस पर गंभीरता से विचार करते हुए सिंह सभा की स्थापना की। सिंह सभा लहर में भाई वीर सिंह का व्यक्तित्व बहुत प्रभावशाली था। वह एक बहुत ही सूझवान चिन्तक भी थे। उनकी महान लेखन-शैली सिक्खों में एक नई चेतना और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता पैदा करने के उद्देश्य को व्यक्त करती है। उसी राह पर चलते हुए उनके द्वारा लिखा गया उपन्यास 'सुन्दरी' भाई वीर सिंह की प्राचीन रचनाओं में से एक है। इस उपन्यास की रचना करते समय उन्होंने इसके लिए एक महिला पात्र को चुना और उसे इस उपन्यास में प्रमुखता प्रदान की। इस उपन्यास में यह वीर नारी सिक्ख आस्था, साहस और बलिदान के गुणों का प्रतिनिधित्व करती है। जैसा कि वे स्वयं इस उपन्यास की भूमिका में लिखते हैं:-

> "इस पुस्तक को लिखने का हमारा उद्देश्य यह है कि पुरानी ख़बरों को पढ़ने के बाद सिक्ख लोग अपने धर्म में दृढ़ हो सकें, वे ईश्वर की पूजा और दुनिया के व्यवहार दोनों को सही दिशा में निभा सकें, बुराइयों का त्याग हो, धर्म की अपनी बुलंदियों को ओर बढ़े और सिक्खों को अपने उत्तम असूल प्यारे लगे, आपस में एकजुट होकर सिक्ख अन्य एवं धर्मों के समुदायों को समान जानकर किसी से अत्यधिक बैर और अत्यधिक मोह न करें, बल्कि 'मानस की जाति सभै एको पहचानबो' वाली गुरु सन्देश के साथ पूर्ण अटल रहें।"
>
> (भूमिका, 'सुन्दरी' उपन्यास)

भाई वीर सिंह ने 1898 में 'सुन्दरी' उपन्यास को प्रकाशित किया। इस उपन्यास ने बहुत तेजी से लोकप्रियता को प्राप्त किया। भाई वीर सिंह ने इस उपन्यास में 'सुन्दरी' नामक पात्र को आस्था, पवित्रता और साहस की प्रतिमूर्ति के रूप में प्रस्तुत किया।

'सुन्दरी' उपन्यास की कहानी गुरुओं द्वारा दिए गए नैतिक आदर्शों की मिसाल को दृढ़ कराती है। इस उपन्यास की शुरुआत सुरसती की शादी की सुखद प्रत्याशा से होती है। सुरसती अपने आंगन में अपने दोस्तों के बीच गा रही है, नाच रही है और हंस रही है। सुरसती स्वयं सुंदरता का मूरत है।

'सुन्दरी' उपन्यास सुरसती के अनुभवों को बयान करता है। वह एक अमीर हिंदू परिवार की बेटी हैं। इस उपन्यास की वास्तविक कथा नवविवाहिता सुरसती के अपने ससुराल जाने से पहले मुगल नवाब द्वारा अपहरण से शुरू होती है। उसके माता-पिता द्वारा बार-बार मिन्नत करने के बावजूद भी उसे बख्शा नहीं जाता। इसके साथ ही सुन्दरी का भाई बलवंत सिंह, जो अमृत पान करने के बाद मुगलों के खिलाफ जंगलों में खालसाई सिक्खों में शामिल हो जाता है। वह सुरसती को भी अपने साथ जंगलों में ले जाता है। रास्ते में उन्हें नवाब द्वारा दोबारा पकड़ लिया जाता है। सुरसती के सामने शादी की शर्त रखी जाती है और बलवंत सिंह को धर्म परिवर्तन करने के लिए कहा जाता है। लेकिन उससे पहले ही खालसाई फौज उन्हें बचा लेती

है और वे फिर से खालसा कैंप में शामिल हो जाते हैं। सुरसती ने यहां मन बना लेती है कि वह इन सिक्खों की बहन बनकर इनकी सेवा करेगी। इसके तुरंत बाद सुन्दरी को अमृत की कृपा प्राप्त होती है और इसके साथ ही वह सुन्दरी बन जाती है।

भाई वीर सिंह अपने उपन्यास 'सुन्दरी' के माध्यम से सुन्दरी नामक पात्र को सिक्ख महिलाओं के बीच एक मिसाल के रूप में प्रस्तुत करते हैं। सुन्दरी स्वयं सदैव अपनी शुद्धता, पवित्रता, गरिमा, आस्था, इज़्ज़त एवं धर्म में दृढ़ होने का प्रयास करती है। इस उपन्यास में ऐतिहासिक पात्रों लखपत राय, कौड़ा मल, सूरत सिंह के आने से यह कल्पना से अधिक ऐतिहासिक आख्यान बन जाता है। इसमें शासक अत्याचारियों की यातनाओं का भरपूर वर्णन किया गया है। जो कोई भी, चाहे वह हिंदू धर्म से संबधित हो या सिक्ख धर्म से, उसे जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता था। यदि कोई इस हुक्म की अवज्ञा करता तो उन पर क्रूरतापूर्वक अत्याचार किया जाता और उनकी स्त्रियों का अपहरण कर लिया जाता था। उनकी इज़्ज़त को लूट लिया जाता था।

सुन्दरी अपनी अंतिम सांसों तक भी अपने गुरु और उनके आदर्शों के प्रति अगाध श्रद्धा बनाए रखती है। इसीलिए वह दूसरों के लिए प्रेरणा हैं। अपनी आखिरी सांसों में भी, वह अपने भाइयों से ज़ुल्म के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के लिए कहती है।

भाई वीर सिंह 'सुन्दरी' उपन्यास में एक औरत को नायिका के रूप में चित्रित करके पुरुषों की मर्दानगी को चुनौती देते है। यह इस उपन्यास को न केवल महिलाओं के लिए बल्कि पुरुषों के लिए भी प्रेरणादायक बनाता है। इन पात्रों के माध्यम से भाई वीर सिंह महिलाओं को मान-सम्मान देते हैं और उनके लिए सामाजिक सुधार की वकालत करते हैं।

प्राचीन काल से ही इस समाज में महिलाओं को घर के कामकाज, बच्चे पैदा करने और उनके पालन-पोषण की ही वस्तु समझा जाता रहा है। उन्हें केवल एक दया का पात्र ही माना जाता है। लेकिन दूसरी ओर सुन्दरी जहां एक महिला है तो भी वह बहादुर है, जुझारु है, बुद्धिमान है, श्रद्धावान है और हर कार्य में निपुण है। वह सिक्खों के साथ जंगलों में रहती है।

सुन्दरी के किरदार में यह स्पष्ट रूप में इसका चित्रण हुआ है। समूह में शामिल होने पर वह लंगर की जिम्मेदारी संभालती है और सुबह-शाम सभी के लिए प्यार से लंगर तैयार करती है। जत्थे में लंगर केवल अंदरूनी लोगों तक ही सीमित नहीं था। लंगर की व्यवस्था करने के लिए सुन्दरी जंगलों में भी जाती थी। इस तरह वह इस बात पर नज़र रखती है कि क्या बढ़ रहा है और कब कुछ पकने के लिए तैयार है। एक दिन वह एक पहाड़ी पर जाती है और पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण करती है। तभी उसे हरे-भरे खेतों के बीच में स्थित एक छोटा सा बाज़ार दिखाई देता है। वह सब्जियां, अनाज और मसाले खरीदने के लिए वहां जाने लगती है। सुन्दरी लंगर चलाने में अपने महत्वपूर्ण कर्तव्यों को बड़ी श्रद्धा और विनम्रता के साथ निभाती है। जब उसे पता चलता है कि रसद खत्म हो गई है और कुछ भी खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं, तो वह (किसी को बताए बिना) अपनी सगाई की अंगूठी बेचने के लिए गांव जाने का फैसला करती है। वह लंगरों की जिम्मेदारी तो पूरी लगन से निभाती हैं और साथ ही वह संगत की अन्य सेवाओं में भी कोई कसर नहीं छोड़तीं। इसलिए वह सुबह या शाम किसी भी समय का परहेज़ नहीं करती।

उसके यह शब्द तब याद किए जाते हैं जब उपन्यासकार सुन्दरी के अंतिम क्षणों का वर्णन करता है, जब मौत उसके सामने खड़ी होती है। उसकी हालत बेहद नाजुक है। वह बिस्तर पर पड़ी हुई है। उसे एहसास होता है कि उसका अंत निकट आ गया है। उसको इस बात का आभास उसकी आध्यात्मिक भक्ति भावना के कारण होता है।

पूरे उपन्यास में सुन्दरी को कभी भी किसी अंधविश्वास या कर्मकांड का सहारा लेते हुए नहीं देखा गया है। सुबह-शाम वह केवल शबद का जाप करती हैं और उसी में लीन रहती हैं। जीवन के सभी कठिन समय में शबद ही उनका एकमात्र सहारा है। एक दिव्य इकाई की अपनी मान्यता द्वारा, सुन्दरी समकालीन सामाजिक-राजनीतिक वास्तविकता से परे है। उस समय का समाज विभिन्न धार्मिक एवं जातीय गुटों में बंटा हुआ था जो लगातार एक-दूसरे से फसादों में लगे रहते थे। लूटपाट और हत्याएँ अपनी चरम सीमा पर थीं। यह युद्धों और संघर्ष का दौर था। सुन्दरी दूसरों को दोष देने के बजाय अपनी कमियों पर गौर करती है।

सरदार शाम सिंह के नेतृत्व में, सुन्दरी जत्थे की फ़ौज के साथ मिलकर मुगल सेना के खिलाफ लड़ती है। एक बार दिन की कार्रवाई से लौटते समय, उसने एक घायल सैनिक की दबी हुई आवाज़ 'पानी पानी', 'भगवान के लिए', पानी की आवाज़ सुनी, तो उसकी आवाज़ ने सुन्दरी को अंदर से झंझोड़ कर रख दिया। जब उसे पता चलता है कि सैनिक प्रतिद्वंद्वी गुट का है, तो वह अपने घोड़े से नीचे उतरकर उसके मुंह में पानी डालती है। साथ ही वह उसकी मरहम पट्टी भी करती है। गुरुओं द्वारा दिए गए उपदेश जिसमें सभी धर्मों का सम्मान करना और किसी भी जीवित प्राणी के साथ भेदभाव न करना सुन्दरी के लिए एक जीवंत नैतिक कर्म है।

वह समय सिक्खों के लिए पतन का काल था। वे गुरुओं या पैगंबरों की शिक्षाओं को भूलते जा रहे थे। अंग्रेजों के हाथों अपनी राजनीतिक शक्ति खोने के बाद उनका मनोबल गिर चुका था। भाई वीर सिंह ने असामान्य संवेदनशीलता वाले साहित्यिक प्रतिभा के रूप में इन नवीनतम प्रतिक्रियाओं को अपने दिल में महसूस किया और इन प्रतिक्रियाओं को एक पुस्तक के माध्यम से व्यक्त किया। भाई साहब ने इस

बारे में पहली पुस्तक 'सुन्दरी' की रचना की। इसके साथ ही उन्होंने 'बिजय सिंह' और 'सतवंत कौर' जैसे उपन्यासों की भी रचना की।

यह लेखक का अपने समकालीनों को सिक्ख धर्म और परंपरा के आदर्श को इंगित करने का एक अनोखा और नया तरीका था। इसलिए सुन्दरी उस समय भाई वीर सिंह की पहली ऐसी कृति थी। तकनीकी रूप से उपन्यास अस्थायी है। साहित्यिक दृष्टि से सुन्दरी नामक पात्र एक धार्मिक प्रवृत्ति वाली महिला है। लेखक पाठक की कल्पना को भ्रमित करने के बजाय अपने नैतिक सिद्धांतों को लागू करने का प्रयास करता है। इस प्रकार इस उपन्यास में भाई वीर सिंह के नैतिक आदर्शों का समृद्ध मिश्रण देखने को मिलता है। संयोगों की अधिकता के कारण उपन्यास का कथानक कमजोर है। उदाहरण के लिए, सुन्दरी को उसके दुश्मन द्वारा चार बार पकड़ लिया जाता है और हर बार उसे कुछ अवास्तविक और चमत्कारी तरीके से बचा लिया जाता है। उदाहरण के तौर पर जासूसी और भागने का तरीका - चाहे जंगल में हो या महल में। इसके अलावा, उपन्यास अक्सर ऐतिहासिक और काल्पनिक पात्रों और घटनाओं को जोड़ता है। इससे उपन्यास के पात्रों की प्रामाणिकता कल्पना या इतिहास की कसौटी पर कम हो जाती है। यदि दोनों पहलुओं को एक ही धरातल पर मापा जाता तो दोनों पहलुओं को अधिक कलात्मक रूप से विकसित किया जा सकता था। उदाहरण के लिए, इतिहास के पन्नों में सुन्दरी के काल्पनिक पात्र को इतिहासिक पन्नों में 1746 ई. के युद्ध जैसी वास्तविक घटनाओं से जोड़ा गया है। इसका परिणाम यह हुआ कि पाठक कभी-कभी कल्पना से तथ्य को पहचानने में असमर्थ हो जाता है।

इन कमियों के बावजूद उपन्यासकार ने अपने मुख्य पात्र को बड़े स्नेह से निभाया है। सुन्दरी को सिक्ख नैतिकता की मिसाल माना जाता है। उपन्यासकार अपनी कथा के माध्यम से समकालीन महिलाओं को दुखों और विश्वास से लड़ने के लिए प्रेरित करता है। उपन्यास में सुन्दरी के महान व्यक्तित्व के बारे में समूह के नेता शाम सिंह उससे कहते हैं, "हमारे लोगों का मूल आप जैसी पवित्र महिलाएं हैं।" सुन्दरी के स्वभाव में प्रेरक परिवर्तन का मूल सिद्धांत ईश्वर की वास्तविकता में उसका पूर्ण समर्पण और विश्वास है। उपन्यासकार उन्हें एक संवेदनशील, सहानुभूतिशील औरत के रूप में आस्था के विशिष्ट मिसाल के रूप में प्रस्तुत करता है। वह दयालु और बहादुर है। जुल्म होने पर वह किसी भी तरह पीछे नहीं हटती। यह उपन्यास भी ऐतिहासिक उपन्यासों की श्रेणी में आता है। इसका एक मुख्य कारण यह है कि इस उपन्यास की मुख्य पात्र सुन्दरी एक ऐतिहासिक पात्र है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि इस उपन्यास में उपन्यासकार द्वारा सिक्ख आदर्शवादी स्वरूप को प्रस्तुत किया गया है। भाई वीर सिंह की इस प्रस्तुति के कारण पंजाबी उपन्यास में सिक्ख आदर्शवाद और धार्मिक आदर्शवाद की प्रवृत्ति की बुनियाद कायम होती है।

संदर्भ सूची:-

1:- भाई वीर सिंह, 'सुन्दरी'
प्रकाशक:- भाई वीर सिंह साहित्य सदन, दिल्ली, 2021

2:- संधू गुरपाल सिंह, "पंजाबी नॉवल दा इतिहास"
प्रकाशक:- पंजाबी अकादमी, दिल्ली, 2005

3:- ब्रह्मजगदीश सिंह (प्रो.), राजबीर कौर (प्रो.), "पंजाबी साहित्य दा इतिहास"
प्रकाशक:- वारिश शाह फाउंडेशन, अमृतसर, 2012

4:- राही, जोगिंदर सिंह (डॉ.), 'पंजाबी गलप दे मसले'
प्रकाशक: नानक सिंह पुस्तकालय ग्रंथ सूची, 1992

*****

ग्रामीण लोक देवता का सामाजिक,धार्मिक एवं सांस्कृतिक अवलोकन

डॉ. चंद्रशेखर पासवान
स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज एंड सिविलाइजेशन
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नॉएडा,उत्तर प्रदेश

सार संक्षेप

मेरा मुख्य विषय ग्रामीण लोक देवता से है। पूर्वोत्तर बिहार के के विशेष संदर्भ में है। इन लोक देवता का उद्‌भव कब हुआ इसकी मुख्य समस्या लिखित प्रामाणिक नहीं है। यह समाज में प्रचलित परम्पराओं ,अनुश्रुतियों , कथा –पिहानी के आधार पर है जो आज भी प्रचलित है। यहाँ मैं कहना चाहता हूँ कि भारत में ऐतिहासिक रूप से प्राचीन काल में जब ब्राह्मणो को भूमि दान दिया गया –वह दो प्रकार का था –एक पूजा –पाठ से सम्बंधित भूमि ––ब्रह्मदेय तथा दूसरा वेतन के बदले दी गयी भूमि –अग्रहार। प्रायः यह भूमि शहर से दूर ज्यादातर जनजातीय इलाके में दिया गया। जनता जनजातीय थी तथा भूमि ब्राह्मणों को या क्षत्रिय या कायस्थ को मुख्य तौर पर राजे –महाराजे द्वारा दिया गया –अर्थात जनता जनजातीय थी और देवता जनजातीय द्वारा पूजित थी। दोनों में सामन्जस्य होना जरुरी था ––दोनों तरह के लोग आपस में एक दूसरे की संस्कृति को अपना लिया। दूसरी ओर जनजातीय देव समूह को नये भूमि धारी या भूमिग्रहीत जनो ने लोक में पूजित देव समूह को अपना लिया। समाज में देव स्वरुप पूजे जाने लगे तथा दूसरे महापुरुष जो दोनों समाज की र क्षा या प्रश्रय दिया वह समयांतर लोक में पूजित हो गये और ग्रामीण देवता के रूप में परम्परागत अभी भी उसी श्रद्धा –विश्वास के साथ पूजित हैं। मेरा शोध आलेख भौगोलिक रूप से पूर्वोत्तर बिहार में पूजित लोक देवी –देवता से है जिसमें यहाँ लोक देवता का वर्णन किया जा रहा है।

मुख्य बीज शब्द –डीहवार बाबा–ब्रह्म बाबा –ठाकुर बाबा सब एक भाव है ,कारु बाबा ,जोगी बाबा ,दीना भदरी , राजा सलहेस , वासवन ,ज्योति बाबा या ज्योति पाजियार , फेकू राम ,राहु बाबा आदि।

विस्तृत व्याख्या

जन साधरण के धर्मिक जीवन में प्रधनतः दो प्रकार की भावधरा काम करती दीख पड़ती थी। कुछ लोग जहाँ पूर्वप्रचलित परम्पराओं के अनुसार देवताओं की उपासना में विश्वास करते थे और 'देवधम्मिक' अथवा 'देववतिक' के नाम से अभिहित होते थे, वहाँ दूसरे लोग विभिन्न प्रचलित पंथों का अनुसरण करना ही अध्कि श्रेयस्कर समझते थे और उनकी विशिष्ट गुरू–परंपराएँ भी चला करती थी। देवधम्मिकों की उपासना में भक्ति एवं श्रद्धा का अंश अध्कि रहा करता था और वे किसी न किसी प्रकार की विध्यिों के अनुष्ठान भी करते थे। उनके इष्टदेव वस्तुतः विभिन्न दैवीगुणों के मूर्तरूप हुआ करते थे और उनके साथ ये सदा सानिध्य का अनुभव भी करते थे। जो जैसा उपासक होता था, ठीक उसी के अनुकूल उसके इष्टदेव की कल्पना भी हुआ करती थी और तदनुसार ही उसे व्यक्तित्व भी प्रदान किया जाता था। इसी प्रकार इष्टदेव का जो कुछ नाम होता था, उसी के आधर पर उसके उपासक का नाम भी पड़ जाया करता था। दूसरे वर्ग में जनता द्वारा पूजे जाने वाले अनेक देवता आ जाते थे तीसरे वर्ग में विभिन्न प्रचलित मतों के प्रचारक, उनके शिष्य एवं संतो को स्थान दिया जाता था। इन लोक देवी–देवताओं के अपने प्रिय वाहन, अस्त्र, गहवर और सेवक–भगत होते हैं। जैसे लोक देवताओं के प्रिय वाहनों में हाथी, घोड़ा आदि, अस्त्रों में – तीन–धनुष, कटार, लाठी, आदि गहवरों में लोक देवी – देवताओं के स्थल को गहवर या स्थान कहते हैं जहां वे स्थापित रहते हैं। ये गहवर हमारी लोक आस्था के केन्द्र हैं। जहाँ मांगलिक अथवा वार्षिकोत्सव होते हैं। सेवक–भगत लोक देवी–देवताओं के साधक को सेवक, भगत, ओझा–गुनी, धमी आदि नामों से जाना जाता है। निर्गुणवादियों के 'गुरु' की तरह ये देवी – देवताओं का अथवा कृपा प्राप्त करने में माध्यम का काम करते हैं। अतः अधिकांश लोक देवी–देवता मध्यकालीन लोक संस्कृति के जीवन्त प्रतीक है। हमारी लोक गाथाओं में लोक आत्मजयी कुछ नायकों को 'वीर' की संज्ञा दी गई, जैसे कि तांत्रिक साधना में पशु से वीर और वीर से दिव्य की ओर उन्मुखता की प्रवृत्ति होती है। वैसे ही निषादों के कृष्ण यक्ष कोयला वीर कमला के सानिध्य से वीरत्व को प्राप्त करता है। कोयला वीर कोसिका –कोशी का मार्गदर्शन करता है। भूतही – बलान माधो सिंह का अनुगमन करती है। शास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में वरूण सिन्धु का एवं भगीरथ गंगा का मार्गदर्शन करता है।

बहरम – लोक देवता बरहम मूलतः ब्रह्म हैं। मिथिलांचल के प्रायः प्रत्येक गांव में पीपल पेड़ के नीचे ब्रह्म की पूजा होती है। यह गांव के रक्षक होते हैं। जो किसी भी विपदा से अपने सेवक की रक्षा करता हैं। गांव के लोग इनको ब्राह्मण रूप में पूजते हैं। जैसे कि उनके ग्राम्य गति से पता चलता हैं ''घ ोड़वा अहांक बघेड़वा हो ब्राह्मण बाबू, सोना मूंठि लागल लगाम,। बरहम नील वर्ण के घोड़े पर चलते हें – जैसे –

'नील वरन हमर घोड़वा हो सेवक, अगिन बरन असवार।'

' ब्राह्मण बाबुक अंगना मे पीपरक गछिया ,ताहि तर ब्रह्म निवास हे !

गाम केर सकल मनोरथ पुरियौ ,ब्रह्म बाबा अहीँ केर आश हे !

बरहम हाथों में कमलपुष्प, 'पुस्तक पोथी, गले में चम्पा की माला, यज्ञोपवित, वस्त्र पीताम्बर पहने हुए पांव में सोना का खराउॅ से सुज्जजित रहते हैं। मिथिला का यह ग्रामीण देवता सर्वश्रेष्ठ हैं जो ग्राम की रक्षा करते हैं और पीपल वृक्ष के नीचे इनका निवास स्थान होता है। गांव के लोग इनकी पूजा प्रत्येक दिन करते हैं और शुक्र 'दिन –वेरागण दिन प्रमुख रूप से पूजा जाता है। बरहम बाबा ब्रह्मचर्य हैं तथा इन्हें लोगों द्वारा झांप –पानी में एक पौधा कोहरलाता से बनता हैं और मिट्टी के बना घोड़ा चढ़ाया जाता है। इन्हें 'डीहवार' के नाम से जाना जाता है । अन्य क्षेत्रों में ठाकुर या ब्रह्म ,धर्मराज नामों से पूजते हैं। लेकिन इसकी मूल अवधारणा अवैदिक और जनजातीय लगती है. ग्राम–स्थापना और वास्तुपूजा के जनजातीय कर्मकांडों में इसके सूत्र खोजे जा सकते हैं । ।

जोगी बाबा – मिथिला में जोगी बाबा सर्वजातीय लोक देवता के रूप में पूजित हैं। इनकी पूजा बरहम की तरह ही होती हैं लेकिन बरहम गांव के मध्य में स्थापित रहते हैं और जोगी बाबा गांव की सीमा पर और जटामुकुट धरण करते हैं तथा लाल वस्त्रा पहनते हैं। इनके पैर में खराउफं, हाथ में कमंडल और त्रिशुल होता है। भक्त इन्हें मिट्टी की बना घोड़ा चढ़ाया जाता है। पूर्वांचल की लोक गीत परम्परा में योगियों का चरितांकन हुआ है। इस योगि –जोगी परम्परा में कुछ जोगी–चमरहरा वैशाली में लोक पूजित नरसिंह नाथ, त्रिलोकी नाथ महादेव स्वरूप महनार ;वैशाली में गनीनाथ, इनकी साधना पद्धति लोक गीतों में गाया जाता है। यथा – ''**मुखहु न खोले जोगी, पलको न खोले , बैठल बाबा धुनिया रमाय।**'' इस प्रकार एकान्त योग साधना, चमत्कारी व्यक्तित्व, अलौकिक चरित्र कल्याणकारी भाव इनके प्रति समर्पित लोक आस्था के आधर हैं।

भूइयाँ बाबा – भुइयाँ अर्थात् 'भूमि का ईश्वर' है। सांस्कृतिक रूप से भुंइयाँ बाबा की पूजा ग्वाला जाति के लोग करते हैं। किन्तु इन्हें गाय, भैंस, अन्य पशुपालन करने वाले अन्य जाति भी श्रद्धापूर्वक पूजते हैं। इनकी लोकगाथाओं में आभीरों के कृषि से सम्बद्ध, पशुपालन संस्कृति के अन्तर्गत प्रकृति प्रेम, पशुचारण, यायवरी, काल दर्शीता, उदात्त प्रेम एवं संघर्षशीलता का परिचय मिलता है।रून्नी भूइयां की पूजा घमौन ;समस्तीपूर में होती है तथा रघुनाथ भुइयाँ की पूजा अररिया जिला तथा मोरंग ;नेपाल तराई क्षेत्र में निषाद एवं गाय–भैंस आदि पशुपालकों द्वारा की जाती है।

इसके अतिरिक्त धोबियों के भट्टी के देवता के रूप में गरीबन भुइंया[1] लोक पूजित हैं। प्रचलित गाथा के अनुसार उधरा गांव –दरभंगा के घासी गुआर –ग्वाला, बरहम ठाकुर–ब्राह्मण और गरीबन –धोबी एक ही अखाड़ा के तीनों घनिष्ठ मित्र थे। गरीबन भुइयाँ मूलतः धोबी के देवता है।

कारू बाबा – उत्तर बिहार की देवताओं में कारू का स्थान प्रमुख हैं। स्थान भेद के अनुसार ये आस्पद भुइयाँ, पंजियार और खिरहर प्रचलित है।[2] कारू का मूल स्थान मैना महपुरा सहरसा है। यह मुख्यतः गोआर –ग्वाला का देवता हैं। तथा इनकी पूजा अन्य पशुपालक भी बहुत ही श्रद्धा और विश्वास से करता है।

बसावन – बसावन मध्यकालीन जनपदीय इतिहास का लोक नायक था।[3] इसकी मूल भूमि बसौली–वैशाली हैं, जहाँ इन्हें प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को दूध, खीर, होमादि चढ़ाया जाता है। बसौली और बखतौरे –सहरसा के बीच इनकी आराध्य देवी गुहिल की मूर्ति प्रतिष्ठापित है। अतः वसावसन और वखतौर गोचर संस्कृति की पृष्ठिभूमि में देखा जा सकता हैं। जनपदीय मान्यताओं के अनुसार पशुपालन करने वाले, किसान, इन देवी–देवताओं से पशुओं के आरोग्य, दुधरू बने रहने, स्वस्थ्य नस्ल एवं कुल परिवारों की सुख–समृद्धि की कामना करते हैं। इस प्रकार ये दोनों देवता पशुपालकों में लोकपूजित है।बसावन, बरवतौर और कारू की तरह पशु संरक्षक देवता की श्रेणी में 'विशो राउत' की लोक संस्कृति में पूजा की जाती है। इस तरह पशुओं के आरोग्य एवं पशुओं को दुधारू रहने की कामना से मधेपुरा जनपद में पूजा प्रचलित है।

फेकू राम – कानू, हलवाय जातियों में लोक पूजित फेकू राम की पूजा मिथिला – मधेस में विशेष प्रचलित है। विलियम क्रूक द्वारा संकलित लोक गाथा **फेकू राम** महुआ वृक्ष के पत्ते– कानू, फूल– कलवार और – तेली के भाग में पड़ा।[4] कानू पत्ते से कंसार –भुजा भुजता है, कलवार फूल से दारू बनाने तथा तेली फल –बीज से तेल निकालने का काम कर अपनी जीविका चलाते आये हैं।[5] इसी प्रकार मधेसिया, तेलियों में मनसाराम जातीय देवता के रूप में लोक पूजित है। श्रावण सप्तमी को इन्हें जातीय परिवेश में सार्वजनिक पूजा दी जाती है। मनसाराम का समय 12वीं सदी माना जाता है।[6] जातिये विशेष देवता के रूप में खतके जाति शशिया महाराज की पूजा करता है। इनके साथ 14 देवानों में धर्मराज की पूजा होती है तथा शक्ति के रूप में वागेश्वरी की पूजा होती है।

राजा सलहेस – मिथिलांचल सहित सम्पूर्ण विहार बंगाल और मोरंग नेपाल तराई के दुसाध –पासवान जातियों में लोक पूजित राजा सलहेस की पूजा की जाती है। राजा सलहेस का मुख्य पूजन स्थान राजा फुलवारी **'गढ़ महिसौंथा'** सप्तरी जिला नेपाल में हिन्दू पूर्व 'सतआनि' के रोज –दिन होता है तथा साथ ही गढ़तरेगना, जोगनीगुफा, समदागढ़ी में भी ऐसी ही पूजा होती है। डॉ. व्रजकिशोर वर्मा मणिपद्म अपने ग्रन्थ सलहेस महागाथा में इन्हें महायानी बौद्ध

बताया है।[7]

डॉ. ग्रियर्सन द्वारा प्रकाशित सलहेस की गाथा मैथिली क्रेस्टोमेथी के अनुसार दुसाध संस्कृत दःसाध्यद्ध जाति के देवता सलहेस केवलागढ़ के राजा भीमसेन का पहरेदार था।[8]

राजा सलहेस के साथ इनकी प्रेयसी दौ–कुसमा मालिन थी जो बहुत बड़ी सिद्धि प्राप्त तांत्रिक थी। उस समय तांत्रिाक प्रभाव मालिन सम्प्रदाय में ज्यादा विकसित थी। कुसमा मालिन की सहायता भगवती दूर्गा करती थी। इस समय तरेगनागढ़ की राजकुमारी – हीरा, जिरया, रेशमा, कुसमा, रेवती, तरेगनी, दौना सिद्ध योगिनी थी।[9] जो त्रिपुर मालिनी देवी की उपासक थी। राजा सलहेस का स्थान 'गहबर' में होता है। गहवर वैसे स्थान को कहा जाता है जहां कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या–समाधन करने के लिए पहुंचता है यानी वैसा जगह जहां सब की गुहार हो, सब की बात सुनी जाए। राजा सलहेस जनकल्याणकारी, वन्य जीवन रक्षक थे। जिसके कारण संकट उत्पन्न होने पर वन पूर्वांचल के लोग अभी भी इनकी गुहार करते हैं।[10] मिथिला के ग्राम्य गहवरों में सलहेस की मूर्ति को हाथी पर सवार 'दिखाया गया है।

ज्योति बाबा – मिथिलांचल में दूसाध जातियों में ज्योति बाबा लोक पूजित है। लोकगाथा के अनुसार ज्योति बाबा ध र्मराज के मानस पुत्र थे तथा सती ;ज्ञानू[11] की कोख से उत्पन्न हुआ था। जिसका लालन–पालन कीर्ति पासवान ने किया था।[12] ज्योति धर्मराज की साधना कदली वन में 12 वर्षों तक किया। इन 12 वर्षों में जंगल में घास –दूबि रस पीकर रहा तथा सिद्धि प्राप्त कर ज्योति कहलाया। ज्योति ने धर्मराज का गहबर पुहूपूर बंगाल में बनवाया। इसलिए ज्योति बाबा को 'धर्म राज पुत्र' कहा जाता है।

राहु बाबा – दुसाध जातियों के लोक देवता राहु बाबा की पूजा श्रद्धा एवं विश्वास के साथ की जाती है। जनश्रुतियों में राहु ब्रह्य देवता है लेकिन सिद्धियों की सहायता के लिए इन्होंने 'पुन्नरि' दुसाधिन से शादी किया था। अपने से निम्न कुल दुसाध में विवाहित होने पर इन्हें दुसाध जाति श्रद्धा से पूजता है। इनके लोक गीतों में गंगा स्नान, पुन्नरि दुसाधिन, हेलनी सिद्धि डोमिन, भीमसेन का शक्ति परीक्षण, भीमल जैसे भक्त साधकों की कठिन परीक्षा 24 घण्टे में तैयार होने वाली धन 'आमन' की फसल आदि का वर्णन है।[13] राहु वैसे देवता हैं जब वैदिक देवता समद्र मंथन के बाद जो अमृत निकला वह देव गणों में बाराबर हिस्से में सामान वितरण किया गया लेकिन इस वितरण दो देवता को कम हो गया अर्थात कमी हो गयी। चूँकि यह वितरण स्वयं विष्णु ––नारायण कर रहे थे। विष्णु बोले कि इसमें दो ज्यादा देवता बैठ गया है ––उस पंक्ति में सूर्य और चन्द्रमा बीच में राहु केतु दो जन बैठ गये थे। सूर्य और चन्द्रमा ने भगवान विष्णु से कहा इस पंक्ति में अतिरिक्त जनो में राहु और केतु बैठ गया है। भगवन विष्णु ने इन ––राहु और केतु दोनों जनो को सुदर्शन चक्र से गर्दन काट दिया लेकिन दोनों तब तक अमृत कंठ से नीचे पी लिया था ––इसलिए राहु –केतु मरा नहीं लेकिन सूर्य और चन्द्रमा के चुगली करने के कारण उसे ग्रसता है ––लोक मान्यता में यही सूर्य एवं चंद्र ग्रहण है। लेकिन परम्परा से दुसाध जाति एवं समुदाय के लोग राहु को पूजते हैं।

कारिख पजियार – कारिख का जन्म परौली में हुआ था जैसा कि कारिख के लोक गाथा गीतांश से प्राप्त होता है – 'राज परौली रे भैरब मोर घर दुअरिया। ।[14] कारिख की पूजा मिथिलांचल में मुख्य रूप से दूसाध एवं ग्वाला –गुआर, आदि जातियों के लोग पूजते हैं। कारिख अपने साधकों के कल्याण के लिए एक हाथ में चन्दन तथा दुष्टों के लिए कालिख रखा हुआ है। इस प्रकार 13वीं सदी में सम्पूर्ण मिथिला, नेपाल, बंगाल, आसाम, तांत्रिक योग से प्रभावित था। उस समय कामरूप की जादूगरनी नयना–पनमा, बंगाल की हीरिया जीरिया तथा मिथिला की अंगुलीवती, दूर्गा, गंगीया डोमिन, चम्पा डगरैन, पुनरि दुसाधिन, वहुरा ठकुराईन आदि थी तथा तांत्रिक सिद्ध ज्योति पंजियार, कारिख पंजियार, मीरा, सोखा, गोरिल, अन्हेरवाट गुआर आदि था।[15]

सोखा – सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र में सोखा की पूजा ग्राम्य देवता के रूप में बरहम की तरह होता है। लोक में सुख बांटने के उद्देश्य से सोखा ने शून्य से धरती पर अवतार लिया। जैसे कि इनके एक गीत से ज्ञात होता है –

''सोखा मोरा नाम हे माता, सुन्न मोरा गाम
सभ घर सुखबा बाटवै हे माता .....।''[16]

सोखा महाकरूणिक था वह अपने साधकों को सभी कष्टों से दूर करता था। जैसे कि कारूणिक गुहार अभिव्यंजित है।'' इनके लोक गाथा में भक्ति गीत है –

''अन्हरा पुकारै हो बाबा, कोढ़िया पुकारै,
बांझी देवकुरवा घयने ठाढ़।
अन्हरा के देहु को बाबा आंख दुनु नयना,
कोठिया के काया देहु कंचन बनाय।
बांझी के देहु हे बाबा पुत्तवा जुगे–जुगे जपती तोहर नाम।[17]

इस प्रकार सोखा को विभिन्न जातियों की लोक श्रद्धा प्राप्त होने से यह सर्वजातीय लोक देवता लोक कल्याण में सदा निमग्न रहता है।

दीना भदरी – उत्तर बिहार की अत्यन्त गरीब अनुसूचित जाति 'मुसहर' का देवता दीना भदरी हैं। दीना और भद्री दो भाई थे। मुसहर दीना–भद्री के साथ–साथ मसान, डाक आदि देवी–देवता को भी पूजता है। इनकी पत्नि का नाम 'हिरिया तमोलिन' और 'जीरिया लोहारिन' थी। दीना भद्री का जन्म जोगिया जांजरी ;सप्तरी जिला नेपालद्ध में हुआ था।

हीरिया–जीरिया मध्यकालीन तंत्रा–मंत्रा विद्या की पारंगत सिद्धस्त महिला थी। जार्ज ग्रियर्सन ने दीना–भद्री की गाथा 1885 ई. में प्रकाशित की थी।[18]

केवल सिंह – अपने अद्भुत पौरुष, कीर्ति एवं सामर्थ्य के कारण केवल सिंह मिथिला के मल्लाहों में पूजित हैं। इनका जन्म स्थान सिंहेश्वर –सहरसा में है – ''हमरो के घर रे चरवहवा सिघेंसर राज, सती कोखिया लेल अवतार।'' इनकी माता का नाम सती ज्ञानू था।[19] इन्होंने अपने नेतृत्व में जनपदीय राजा द्वारा वेगार प्रथा से पांच सौ मल्लाहों को मुक्त कराया था।[20] अमर सिंह के अलावा जयसिंह के मल्लाह लोग पूजते हैं। इनका मूल स्थान हिरणी कुश्वेश्वर –दरभंगा है।

राजा हरसिंह देव – हरसिंह देव तिरहुत के कर्णाट वंशीय ;1325 ई. राजा थे।[21] कर्णाटवंश का मूल शासनकेन्द्र सिमरांगढ़ –घोड़ासाहन पोस्ट आफिस के पास चम्पारण जिला था। 'पताढ़ि' में रानी के साथ राजा हरसिंह देव की मूर्तियां लोकपूजित है।[22] पताढ़ि में वार्षिक पूजा के अवसर पर वैशाख में होती है। उमगांव –मधुवनी हरसिंहदेव को ग्राम देवता के रूप में लोग पूजते हैं।

श्याम सिंह – मिथिला के डोम जातियों में श्याम सिंह लोक पूजित हैं। इनके साथ वंशीध्र ब्राह्मण की भी पूजा होती है। देवधा गांव –समस्तीपुर डोमों का प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। यहां ब्राह्ममण और डोम के बीच सांस्कृतिक सम्बन्ध है क्योंकि दोनों सांस्कृतिक दृष्टि से समाज को तारणेवाला माना जाता है जैसे – **'उँचे वामन, नीचे डोम की तारेय – बाभन की तारय डोम।'** श्याम सिंह को सुअर की बलि दी जाती है।

गोरैया – गोरैया की पूजा मिथिला के निम्न जातियों में कुल देवता के रूप में होता है। इन्हें गोरैया वीर भी कहा जाता है। तांत्रिाक साध्ना में आत्मजयी को वीर भी कहा जाता है। वीरत्व की साधना के लिए शक्ति का सानिध्य आवश्यक हैं। मिथिलाचंल की वीराचार क्रम में भैरव –कमला के साथ गोरैया काली और बन्नी देवी के साथ पूजा जाता है।

मूल्यांकन

सैद्धान्तिक रूप में लोकदर्शन, लोकधर्म और लोकमूल्य का समन्वय रहता है – जिसे लोकचिन्तन या लोक विवेक की भी कहा जा सकता है। उसके लोकदर्शन में सभी दर्शन, लोकधर्म में सभी धर्म, लोकमूल्य में सभी लोकोपयोगी मूल्य प्राप्त हैं। तात्पर्य यह है कि लोक उन सभी विशिष्ट दर्शनों, धर्मों, मूल्यों में सभी लोकोपयोगी तत्वों का चयन करता है और तब उन्हें ग्रहण करता है। उनमें किसी विशिष्ट दर्शन, विशिष्ट धर्म या विशिष्ट मूल्य के प्रति कोई प्रतिबद्धता नहीं होती। लोकतत्व के व्यवहारिक रूप में लोकाचार प्रमुख हैं लोकाचार लोकसंस्कारों, लोकरीतियों, लोकप्रथाओं और लोकवर्जनाओं के समुच्चय हैं–इसलिए वे दीर्घ जीवी होते हैं। लोक कल्याण के लिए जिन्होंने अप. ने–आप को समर्पित कर दिया, वे लोक देवताओं के रूप में श्रद्धा भक्ति का केन्द्र तथा लोक संस्कृति के प्रतीक बन गये। काल ने जिनकी स्मृतियां शेष रखी, संस्कृति ने जिसके माध्यम से अपना विकास किया, लोक ने जिन्हें श्रद्धा या विश्वास, भजन या पूजा किया, वे लोक देवता जनपदीय इतिहास और लोक संस्कृति के महत्वपूर्ण अध्याय तथा लोक स्तर पर धर्म और कर्म को जीवन्त बनाये रखने के ज्वलन्त उदाहरण है। इस प्रकार इन लोक देवताओं ने लोक संस्कृति के तत्वों को पल्लवित पुष्पित करने का शुभ कार्य किया है।

पाद टिप्पणी इंड नोट्स

1.झा योगानन्द, लोकदेवता और लोक साहित्य,लहेरियासराय, 1986, पृ. 48.
2.मौन,प्रफुल्ल कु. सिंह , हमारे लोक देवी–देवता, समीक्षा प्रकाशन मुजफरपुर, प्रथम संस्करण 1999, पृ. 53.
3.वही, पृ. 53.
4.दी ट्राइब्स एण्ड कास्ट्स ऑपफ दी नार्थ वेस्टर्न इण्डिया, भाग 4, 1975, पृ. 372.
5.मौन,प्रफुल्ल कु. सिंह , हमारे लोक देवी–देवता, पृ. 66.
6.वही, पृ. 66.
7.मिश्र,मतिनाथ, राजा सलहेस ,महाकाव्य, मैथिली अकादमी पटना, 1978, पृ. 55.
8.मौन,प्रफुल्ल कु. सिंह , हमारे लोक देवी–देवता,, पृ. 55.
9.मिश्र,मतिनाथ, राजा सलहेस ,1978, ;भूमिका 'ख'।
10.वही, पृ. 55.
11.मौन,प्रफुल्ल कु. सिंह , हमारे लोक देवी–देवत 1999, पृ. 59.
12.यादव, शिवप्रसाद, सिद्ध ज्योति लोक गाथाः एक दृष्टि, आर्यावर्त ;पटना, 1996. 12.5.
13.मौन,प्रफुल्ल कु. सिंह , हमारे लोक देवी–देवता, पृ.57.
14.राम, महेन्द्र नारायण कारिख लोक गाथा, हीरा प्रकाशन, नील कमल भवन, अम्बेडकर नगर, खुटौना ;मधुवनी, प्रथम संस्करण 2002, पृ. 15.
15.वही, पृ. 15.
16.मौन,प्रफुल्ल कु. सिंह ,सर्वजातीय लोक देवता, सोखा, मिथिला मिहिर, पटना, 25 जुलाई 1982.
17.लोक गाथा गायक, बुलन पासवान, ग्राम–मधपुर उजान ;दरभंगा।
18.मौन,प्रफुल्ल कु. सिंह ,हमारे लोक देवी–देवता पृ. 28.
19.वही, पृ. 59.
20.वही, पृ. 59.
21.वही, पृ.63.
22.झा,पं.,सहदेवमिथिला की धरोहर, ब्रह्मस्थान अंधराठाढ़ी मधुवनी, 1985, पृ. 75.

*****

चीनी एवं तिब्बती साहित्य में प्रतिबिम्बित नालन्दा का स्वरूप

डॉ देवेन्द्र नाथ ओझा
सहायक प्रोफेसर
एमिटी इंस्टिट्यूट फॉर संस्कृत स्टडीज एण्ड रिसर्च
एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश नोएडा
dnojha12@gmail.com
9968225891

सारांश : नालन्दा एक शिक्षा एवं कला के केन्द्र के रूप में विश्वविख्यात था। नालन्दा के प्रारम्भ, चरमोत्कर्ष तथा पतन का इतिहास 5वीं शताब्दी ई. से 7वीं शताब्दी ई. के मध्य भारत की यात्रा करने वाले तीन प्रमुख चीनी यात्रियों- फाहियान, ह्वेनसांग तथा इत्सिंग के यात्रा विवरणों से पता चलता है। उसके पश्चात् भारत भ्रमण हेतु आये तिब्बती यात्रियों भिक्षु धर्मस्वामी द्वारा लिखित यात्रा-विवरण तथा तिब्बती इतिहासकार तारानाथ लामा द्वारा लिखित इतिहास से भी नालन्दा के इतिहास पर पूर्ण प्रकाश पड़ता है। इन दोनों विद्वानों द्वारा किया गया वर्णन नालन्दा के इतिहास के पुनर्निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है।

बीज शब्द : नालन्दा, चीनी, तिब्बती, साहित्य, भिक्षु।

परिचय : ऐतिहासिक विकास की दृष्टि से नालन्दा का विवरण लगभग छठी शताब्दी ई. पूर्व से मिलना प्रारम्भ हो जाता है। भगवान बुद्ध, महावीर स्वामी तथा मक्खलिपुत्त गोसाल का सम्बन्ध किसी न किसी रूप में छठी शताब्दी ई. पूर्व में नालन्दा से रहा है। यद्यपि नालन्दा का इतिहास छठी शताब्दी ई. पूर्व के पश्चात् कई शताब्दियों तक अज्ञात रहा है तथा हमें पुनः नालन्दा के इतिहास की जानकारी गुप्तकाल से मिलनी प्रारम्भ हो जाती है, तथापि इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि नालन्दा ऐतिहासिक रूप से अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं प्रसिद्ध स्थल था। सम्भवतः इसकी प्रसिद्धि के कारण ही गुप्त शासक कुमारगुप्त प्रथम 'शक्रादित्य' ने 5वीं शताब्दी ई. में नालन्दा महाविहार की स्थापना की थी। एक शिक्षा केन्द्र एव कला केन्द्र के रूप में नालन्दा के प्रारम्भ, चरमोत्कर्ष तथा पतन का इतिहास 7वीं शताब्दी ई. तथा उसके पश्चात् भारत भ्रमण हेतु आये चीनी एवं तिब्बती यात्रियों के यात्रा-विवरणों से ज्ञात होता है।

चीनी साहित्य में प्रतिबिम्बित नालन्दा का स्वरूप : चीनी साहित्य से तात्पर्य उन चीनी यात्रियों के यात्रा विवरणों से है, जो भारत भ्रमण पर आये तथा अपने भारत यात्रा से सम्बन्धित वृत्तांत को लिखा। चीन से भारत भ्रमण हेतु, शैक्षिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु, बौद्ध धर्म से सम्बन्धित जिज्ञासा को शांत करने हेतु तथा तीर्थ यात्रा हेतु अनेक यात्री भारत आये, परन्तु 5वीं शताब्दी ई. से 7वीं शताब्दी ई. के मध्य भारत की यात्रा करने वाले तीन प्रमुख चीनी यात्रियों- फाहियान, ह्वेनसांग तथा इत्सिंग के यात्रा विवरणों का भारतीय इतिहास के पुनर्लेखन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन तीनों चीनी यात्रियों ने अपने-अपने यात्रा विवरणों में नालन्दा का विशेष उल्लेख किया है, परन्तु नालन्दा के संदर्भ में ह्वेनसांग का यात्रा-विवरण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

चीनी यात्रियों का यात्रा विवरण :

फाहियान : 5वीं शताब्दी ई. में फाहियान भारत की यात्रा पर आया था। उसने अपन यात्रा-वृत्तान्त में नालन्दा का अत्यन्त संक्षिप्त विवरण दिया है। उसने अनुसार राजगृह से दक्षिण-पश्चिम दिशा में एक योजन की दूरी पर नाल ग्राम स्थित है, जहां पर सारिपुत्र का जन्म तथा परिनिर्वाण हुआ था। इस स्थान पर एक स्तूप बना हुआ है, जो अब तक विद्यमान है।[1] यहां नाल ग्राम से तात्पर्य नालन्दा से है, क्योंकि नालन्दा को नाल, नालक तथा नालकग्राम भी कहा या है।[2] कनिंघम ने फाहियान द्वारा निर्दिष्ट नालग्राम की पहचान गिरियक पहाड़ी से 7 मील अर्थात् एक योजन दूर स्थित बड़गांव अर्थात् नालन्दा से की है।[3]

अपने यात्रा विवरण में फाहियान ने नालन्दा में बौद्ध महाविहार या किसी शिक्षण संस्थान के होने का कोई उल्लेख नहीं किया है। इसका कारण यह है कि नालन्दा में महाविहार की स्थापना फाहियान के वापस जाने के बाद हुई थी। फाहियान ने भारत की यात्रा 400 ई.- 411 ई. के मध्य किया था, जबकि ह्वेनसांग के विवरणानुसार नालन्दा महाविहार की स्थापना शक्रादित्य अर्थात् कुमारगुप्त प्रथम ने की थी। कुमारगुप्त प्रथम का शासनकाल 415 ई.-455 ई. के मध्य था, तो स्वाभाविक है कि उसने नालन्दा महाविहार की स्थापना अपने शासन के इन्हीं वर्षों के मध्य की होगी। अतः स्पष्ट है कि जब फाहियान नालन्दा की यात्रा पर गया था, तो उस समय नालन्दा महाविहार की आधारशिला नहीं रखी गयी थी। एच.डी. संकालिया ने फाहियान के विवरण को अत्यन्त संक्षिप्त तथा अपूर्ण माना है। उनका मत है कि नालन्दा के सम्बन्ध में फाहियान के मौन से यह सिद्ध नहीं होता कि नालन्दा उस समय प्रसिद्ध नहीं था,[4] क्योंकि सारिपुत्र के निर्वाण स्थल पर एक स्तूप निर्मित था,[5] जो सम्राट अशोक के नालन्दा की यात्रा करने के समय तक विद्यमान था।[6] उससे ज्ञात होता है कि फाहियान द्वारा उल्लिखित नालन्दा में निर्मित स्तूप सम्राट अशोक के नालन्दा यात्रा से पूर्व ही निर्मित था। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि यद्यपि फाहियान ने नालन्दा का विस्तृत वर्णन नहीं किया है तथापि एक बौद्ध स्थल के रूप में नालन्दा अति प्राचीन काल से ही विख्यात था।

ह्वेनसांग : 7वीं शताब्दी ई. (630 ई. - 645 ई.) में ह्वेनसांग भारत यात्रा पर आया था। अपने यात्रा-वृत्तान्त में उसने नालन्दा का विस्तृत वर्णन किया है। ह्वेनसांग जब नालन्दा पहुंचा तो वहां के गृहस्थों तथा नालन्दा महाविहार के श्रमणों ने उसका शिष्टाचारपूर्वक स्वागत किया। उस समय नालन्दा महाविहार के प्रधान आचार्य महास्थविर आचार्य शीलभद्र थे, जिन्होंने ह्वेनसांग को अपने शिष्य के रूप में अध्ययन करने की अनुमति दी।[7] उसने नालन्दा में पांच वर्षों (635 ई.-640 ई.) तक रहकर विद्याध्ययन किया। ह्वेनसांग के विवरण के अनुसार नालन्दा महाविहार की स्थापना मगध के शासक शक्रादित्य ने की थी।[8] शक्रादित्य की पहचान गुप्त सम्राट कुमारगप्त प्रथम 'महेन्द्रादित्य' (415 ई.-455 ई.) से की गयी है। ह्वेनसांग के यात्रा-विवरण से ज्ञात होता है कि

मगध नरेश शक्रादित्य की सभा में रहने वाले निर्ग्रन्थ नैमित्तिक ने विधिपूर्वक विचार करके उन्हें बताया था कि यह स्थान सर्वोत्तम है तथा यहाँ निर्मित संघाराम विश्वविख्यात होगा एवं एक सहस्र वर्षों तक विद्या का केन्द्र होगा। शक्रादित्य के पश्चात् उसका उत्तराधिकारी पुत्र बुधगुप्त ने अपने पिता द्वारा बनवाये गये संघाराम के दक्षिण दिशा में एक दूसरा संघाराम बनवाया। बुधगुप्त के पश्चात् उसका पुत्र तथागत गुप्त हुआ, जिसने शक्रादित्य द्वारा बनवाये गये संघाराम के पूर्व दिशा में तीसरा संघाराम बनवाया। तथागत गुप्त के पश्चात् बालादित्य मगध की राजगद्दी पर बैठा। उसने प्रथम संघाराम के उत्तर-पूर्व दिशा में चौथा संघाराम बनवाया। बालादित्य के पश्चात् उसका पुत्र वज्रादित्य हुआ, जिसने अपने पिता द्वारा बनवाये गये संघाराम के पश्चिम दिशा तथा शक्रादित्य द्वारा बनवाये गये संघाराम के उत्तर दिशा में पाचवां संघाराम बनवाया।[9] एच.डी. संकालिया ने बुधगुप्त की पहचान स्कन्दगुप्त 'क्रमादित्य' (455 ई.-467 ई.) तथागत गुप्त की पहचान पुरुगुप्त 'प्रकाशादित्य' (467 ई.- 476 ई.) बालादित्य की पहचान नरसिंह गुप्त तथा वज्रादित्य की पहचान कुमारगुप्त द्वितीय से की है।[10]

गुप्त वंश के उपर्युक्त पांच शासकों के अतिरिक्त मध्य भारत के एक अन्य शासक ने उत्तर दिशा की तरफ छठे संघाराम का निर्माण करवाया तथा इन छ: संघारामों को आवेष्ठन करती हुई एक ऊँची तथा सुदृढ़ चहारदीवारी का निर्माण भी करवाया, जिसमें केवल एक ही प्रवेश द्वार बना था।[11] मध्य भारत के इस शासक की पहचान वर्द्धन शासक हर्षवर्द्धन से की गयी है।[12] हर्षवर्द्धन ने इन संघारामों में निवास करने वाले भिक्षुओं के दैनिक व्यय के लिए 100 ग्रामों की भोगबलि अर्थात् मालगुजारी प्रदान कर दी था। इन ग्रामों के 200 गृहस्थ प्रतिदिन सैकड़ों पिकल चावल, सैकड़ों चट्टा घी-दूध, संघारामों में पहुँचाते थे, जिससे वहाँ के श्रमणों तथा ब्रह्मचारियों का दैनिक खर्च चलता था और वे अपने भोजन, वस्त्र, औषधि आदि से निश्चिंत रहते थे।[13] नालन्दा के वास्तु का वर्णन करते हुए ह्वेनसांग लिखता है कि चहारदीवारी के किनारे-किनारे आठ बड़ी-बड़ी कक्षाएं निर्मित थी। कंगरे आसमान को छूते प्रतीत होते थे तथा नुकीले पर्वत सदृश मनोहारी उत्सेध पंक्तिबद्ध बने थे। यहां इतनी ऊंची वेधशालाएं बनायी गयी थी कि वहां तक दृष्टि नहीं पहुंचती थी तथा प्रतीत होता था कि उनके ऊपर का सिरा बादलों से घिरा हुआ है। वेधशालाओं के ऊपर ऐसे-एसे यन्त्र स्थापित किये गये थे, जिनसे मौसम सम्बन्धी जानकारी प्राप्त होती थी तथा सूर्य, चन्द्रग्रहण, ग्रहयुद्ध आदि का निरीक्षण किया जाता था।[14]

इसके अतिरिक्त ह्वेनसांग ने नालन्दा महाविहार में होने वाले पठन–पाठन, वहाँ के आचार्यों, विद्यार्थियों आदि के विषय में भी विस्तृत वर्णन किया है। उसके अनुसार नालन्दा विद्यापीठ में हीनयान, महायान तथा उनके 18 निकायों के साथ-साथ वेद, वेदांग, उपवेद, दर्शन इत्यादि ग्रन्थों की शिक्षा दी जाती थी। नालन्दा विद्यापीठ में सभी सम्प्रदाय के लोग विद्याध्ययन करते थे। वहाँ 1500 उपाध्याय थे, जिनमें से 1000 उपाध्याय 30 ग्रन्थों की शिक्षा देते थे, 500 उपाध्याय 20 ग्रन्थों की शिक्षा देते थे तथा प्रधान उपाध्याय शीलभद्र तो सभी विद्याओं में निपुण थे और वे सभी विषयों की शिक्षा देने में सक्षम थे। नालन्दा में अध्ययन करने वाले विद्यार्थी अत्यन्त गम्भीर एवं शांत रहते थे। ह्वेनसांग आगे लिखता है कि विगत 700 वर्षों से नालन्दा विद्यापीठ बड़े-बड़े विनयशील श्रमणों, अर्हतों तथा बोधिसत्वों का आश्रय रहा है, परन्तु यह कभी नहीं सुना गया कि यहां विद्याध्ययन करने वाले अथवा विहार में रहने वाले भिक्षु ने विनयपिटक के नियमों का उल्लंघन किया है।[15] ह्वेनसांग 635 ई. से 645 ई. तक नालन्दा का विद्यार्थी था। उसके इस कथन से ज्ञात होता है कि नालन्दा प्रथम शताब्दी ई. पूर्व से ही शिक्षा का विख्यात केन्द्र था।

इस प्रकार ह्वेनसांग के यात्रा विवरण से स्पष्ट होता है कि उस समय नालन्दा अपनी उन्नति के शिखर पर था तथा शिक्षा का अद्वितीय केन्द्र था। यहां के भिक्षु उच्चकोटि के विद्वान् थे,जिनकी ख्याति विश्व में फैली हुई थी। भारत के अन्य प्रांतों तथा विश्व भर के भिक्षु यहां के भिक्षुओं के सदाचरण का अनुकरण करते थे। दूर-दूर से विद्वान यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे तथा यहां से शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् उनकी विद्वता को पूर्णता प्राप्त होती थी।

इत्सिंग : सातवीं शताब्दी ई. (673 ई.-685 ई.) में चीनी यात्री इत्सिंग भी भारत यात्रा पर आया था। उसने नालन्दा विश्वविद्यालय में 10 वर्षों (675 ई.-685 ई.) तक अध्ययन किया। इत्सिंग ने अपने यात्रा-विवरण में नालन्दा के भिक्षुओं के आदर्श जीवन की विस्तृत चर्चा की है। उसने लिखा है कि नालन्दा के भिक्षु विनयशील तथा अनुशासनप्रिय हैं, विश्व के सभी बौद्धों को इनका अनुसरण करना चाहिए। उसने एक घटी यंत्र का भी उल्लेख किया है, जिससे नालन्दा के भिक्षुओं की दिनचर्या निर्धारित होती थी।[16] नालन्दा महाविहार तथा उसके समीपवर्ती क्षेत्रों का तापमान अत्यन्त गर्म रहता था, जिसके कारण भिक्षुओं को कम वस्त्रों की आवश्यकता होती थी।[17] इत्सिंग के प्रवास काल में नालन्दा महाविहार को तत्कालीन शासकों द्वारा 200 ग्रामों की आय दान में दी जाती थी, जिससे भिक्षुओं का भरण-पोषण होता था ।[18] नालन्दा विश्वविद्यालय के आय-व्यय का लेखा-जोखा भिक्षुओं की एक सामान्य परिषद् द्वारा निर्धारित किया जाता था, जिससे किसी प्रकार की आर्थिक अनिश्चितता की सम्भावना नहीं रहती थी। यदि परिषद् का कोई सदस्य दुराचरण का दोषी पाया जाता था, तो उस परिषद् से निष्कासित भी किया जा सकता था। किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर विश्वविद्यालय के हित में स्वतन्त्र निर्णय लेने का अधिकार केवल प्रधान आचार्य को था।[19]

नालन्दा महाविहार में आठ वृहद् कक्ष तथा तीन सौ सामान्य कक्ष थे, जिनमें से वृहद् कक्ष व्याख्यान हेतु प्रयुक्त होते थे, जबकि सामान्य कक्षों में भिक्षु निवास करते थे। नालन्दा के विद्वान् घोड़ों पर नहीं, बल्कि पालकियो में यात्रा करते थे।[20] इत्सिंग ने अपने यात्रा-विवरण में नालन्दा के समृद्ध पुस्तकालय का वर्णन किया है। नालन्दा में अपने 10 वर्षों के अध्ययन काल में उसने नालन्दा के पुस्तकालय में बैठकर 400 ग्रन्थों की हस्तलिखित प्रतियां तैयार किया। उसने अपने यात्रा-विवरण बौद्ध धर्म के वृतांत के 34वें अध्याय में पाठ्य विषयों का भी वर्णन किया है। उसने लिखा है कि नालन्दा में बौद्ध धर्म ग्रन्थों के अतिरिक्त न्याय, दर्शन, संस्कृत व्याकरण आदि का अध्ययन-अध्यापन होता था।[21] यहाँ संस्कृत व्याकरण अनिवार्य विषय था।[22] इत्सिंग के समय नालन्दा में 3000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत थे।[23]

इत्सिंग ने अपने पूर्व तथा समकालीन कई भारतीय एवं विदेशी छात्रों का उल्लेख किया है। नालन्दा के विख्यात दार्शनिक, तर्कशास्त्री तथा आलोचक आचार्य शांतिरक्षित इत्सिंग के सहपाठी थे,[24] जिन्होंने 675 ई. में नालन्दा के तत्कालीन आचार्य ज्ञानगर्भ से प्रव्रज्या ग्रहण किया था। विदेशी छात्रों में

ताओ-हि, हुई-पिह, हुएन-चाओ, वृकिंग, हुई-ताओ, ताओ-सिंग, ताओ-लिन आदि का नामोल्लेख है। इस प्रकार इत्सिंग के यात्रा-विवरण से नालन्दा विश्वविद्यालय के पठन-पाठन, नियम-अनुशासन, आचार्य विद्यार्थी, आय–व्यय आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है।

तिब्बती साहित्य में प्रतिबिम्बित नालन्दा का स्वरूप : तिब्बती साहित्य से तात्पर्य तिब्बती भिक्षु धर्मस्वामी द्वारा लिखित यात्रा-विवरण तथा तिब्बती इतिहासकार तारानाथ लामा द्वारा लिखित इतिहास से है। इन दोनों विद्वानों द्वारा किया गया वर्णन नालन्दा के इतिहास के पुनर्निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है।

धर्मस्वामी का यात्रा - विवरण : धर्मस्वामी तिब्बती भिक्षु था, जो नालन्दा विध्वंस के कुछ ही वर्ष पूर्व भारत की यात्रा पर आया था। वह 1234 ई.-1236 ई. के मध्य नालन्दा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत था तथा नालन्दा के विध्वंस का साक्षी था। अतः धर्मस्वामी द्वारा किया गया वर्णन नालन्दा के इतिहास लेखन हेतु अत्यन्त महत्वपूर्ण है। धर्मस्वामी ने नालन्दा के अन्तिम दिनों का वर्णन करते हुए लिखा है कि आचार्य 'राहुल श्रीभद्र' नालन्दा के प्रधान आचार्य तथा व्याकरण के महापंडित थे। उस समय नालन्दा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या मात्र 70 थी, जिनमें से धर्मस्वामी भी एक था। इन सभी विद्यार्थियों का भरण-पोषण आचार्य राहुल श्रीभद्र का शिष्य, उदन्तपुर निवासी जयदेव करता था। उस समय भारत के महत्वपूर्ण धार्मिक तथा सांस्कृतिक केन्द्रों पर तुर्क आक्रमण कर रहे थे। दुर्ग सा दिखने वाला नालन्दा महाविहार भी उनकी दृष्टि में आने से बच नहीं सका था। नालन्दा पर आक्रमण करने से पूर्व उन्होंने जयदेव को संदिग्ध व्यक्ति मानकर बंदी बना लिया, तब जयदेव ने अपने 90 वर्षीय गुरु राहुल श्रीभद्र के पास गुप्त रूप से यह संदेश भिजवाया कि नालन्दा पर तुर्क आक्रमण होने वाला है, इसलिए कहीं छिपकर अपने प्राणों की रक्षा कीजिए। यह संदेश पाकर नालन्दा के सभी भिक्षु भाग गये, परन्तु राहुल श्रीभद्र के अनुरोध करने पर भी धर्मस्वामी उन्हें छोड़कर जाने को तैयार नहीं हुआ तथा उन्हें अपने कंधे पर बिठाकर कुछ पुस्तकों तथा कुछ खाद्य सामग्री के साथ भागकर नालन्दा के समीपवर्ती ज्ञाननाथ के मंदिर में आश्रय लेकर अपनी एवं अपने गुरु की जान बचाई। तीन सौ तुर्क आक्रमणकारियों ने नालन्दा पर आक्रमण किया तथा महाविहार को नष्ट करके वापस चले गये। आक्रमणकारियों के वापस लौटे जाने के बाद धर्मस्वामी अपने गुरु राहुल श्रीभद्र के साथ पुनः नालन्दा महाविहार में लौट आया।[25]

तारानाथ लामा का ऐतिहासिक विवरण : तारानाथ लामा तिब्बती इतिहासकार थे। उन्होंने 1608 ई. में भारत में बौद्ध धर्म का इतिहास नामक शोध-कार्य लिखा, जिसमें उन्होंने नालन्दा का भी ऐतिहासिक विवरण दिया है। तारानाथ लामा ने लिखा है कि मौर्य सम्राट अशोक ने सारिपुत्र के महापरिनिर्वाण स्थल नालन्दा की यात्रा की थी। उस समय वहां पर सारिपुत्र की अस्थियों पर निर्मित भग्न स्तूप विद्यमान था।[26] सम्राट अशोक ने सारिपुत्र के स्तूप पर भेंट चढ़ाई तथा वहां पर एक मन्दिर का निर्माण भी करवाया। तारानाथ लामा के अनुसार द्वितीय शताब्दी ई. में नागार्जुन की शिक्षा नालन्दा विश्वविद्यालय में ही सम्पन्न हुई थी तथा कालान्तर में वे नालन्दा विश्वविद्यालय के महायान सम्प्रदाय के प्रसिद्ध दार्शनिक आचार्य एवं रसायनज्ञ के रूप में विख्यात हुए।[27] नागार्जुन के समकालीन सुविष्णु नामक ब्राह्मण द्वारा बौद्ध धर्म के दोनों सम्प्रदायों हीनयान तथा महायान के विकास हेतु नालन्दा में 108 मन्दिरों के निर्माण का उल्लेख मिलता है।[28] इन विवरणों से प्रतीत होता है कि नालन्दा महाविहार की स्थापना तृतीय शताब्दी ई. पूर्व में ही हो गयी थी, परन्तु इसकी पुष्टि हेतु हमें अभी तक कोई पुरातात्त्विक साक्ष्य नहीं प्राप्त हुआ है।

तारानाथ लामा ने नालन्दा महाविहार के प्रधान आचार्यों का क्रमबद्ध उल्लेख भी किया है। उनके अनुसार चौथी शताब्दी ई. में माध्यमिक शाखा के दार्शनिक विद्वान के रूप में विख्यात आर्यदेव नालन्दा के प्रधान आचार्य थे। 5वीं शताब्दी ई. में योगाचार शाखा के महान दार्शनिक असंग नालन्दा के प्रधान आचार्य बने। उन्होंने अपने जीवन के अन्तिम 12 वर्ष तक नालन्दा विश्वविद्यालय की सेवा की। असंग के पश्चात् महायान सम्प्रदाय के दार्शनिक विद्वान तथा महापण्डित वसुबन्धु को नालन्दा के प्रधान आचार्य का पद प्राप्त हुआ। वे असंग के छोटे भाई थे, परन्तु ख्याति में असंग से बड़े थे।[29] वसुबन्धु के पश्चात् दक्षिण भारत के निवासी तथा मध्ययुगीन नवीन तर्कशैली के जन्मदाता दिङ्नाग नालन्दा के आचार्य हुए, जिन्होंने नालन्दा में एक ब्राह्मण विद्वान से शास्त्रार्थ करके विजय प्राप्त किया। उनकी इस विजय के फलस्वरूप नालन्दा विश्वविद्यालय की तरफ से उन्हें 'तर्कपुंगव' की उपाधि दी गयी। दिङ्नाग के पश्चात् जयदेव, जयदेव के पश्चात् चन्द्रकीर्ति, चन्द्रकीर्ति के पश्चात्, गुणमति तथा स्थिरमति नालन्दा के प्रधान आचार्य हुए, जिनकी ख्याति केवल भारत ही नहीं, अपितु विश्व में व्याप्त थी।[30] स्थिरमति के पश्चात् धर्मपाल, धर्मपाल के पश्चात् शीलभद्र तथा शीलभद्र के पश्चात् कुमारलील नामक ब्राह्मण दार्शनिक को शास्त्रार्थ में पराजित करने वाले धर्मकीर्ति नालन्दा के प्रधान आचार्य बने। धर्मकीर्ति के पश्चात् शांतिरक्षित नालन्दा के प्रमुख आचार्य हुए, जिन्होंने तिब्बती शासक 'रिव्र-सोन-दे-सेन' द्वारा आमंत्रित करने पर तिब्बत जाकर बौद्ध धर्म को स्थापित करने का प्रयास किया,[31] परन्तु स्थानीय लोगों में धर्म के प्रति असंतोष होने पर उन्होंने नालन्दा के ही विद्वान तथा तन्त्रवाद के प्रबल समर्थक पद्मसम्भव को तिब्बत बुलाया, जिन्होंने वहां पर लामा-धर्म का सूत्रपात करके गुरु रिपोछे के नाम से विख्यात हुए।[32] तारानाथ लामा ने नालन्दा को प्राप्त राजकीय संरक्षण का भी उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि 5वीं शताब्दी ई. में पाल वंश के संस्थापक गोपाल ने नालन्दा में एक संघाराम का निर्माण करवाया था।[33] एक अन्य पाल शासक रामपाल ने सुभाकर गुप्त नामक आचार्य को नालन्दा तथा विक्रमशिला दोनों विश्वविद्यालयों का प्रमुख आचार्य बना दिया। इन दोनों विश्वविद्यालयों में रहने वाले भिक्षुओं का खर्च पाल शासक रामपाल स्वयं वहन करता था।[34] 14वीं शताब्दी ई. में मंगलदेश के शासक चंगलराज ने नालन्दा महाविहार का जीर्णोद्धार करवाया था। तुर्कों के अधीन सेन वंशी शासकों ने भी यथासम्भव बौद्ध धर्म की कुछ सेवा की थी। सेन शासक बुद्धसेन के समय तक नालन्दा की स्थिति काफी दयनीय हो गयी थी। उस समय नालन्दा के प्रमुख आचार्य व्याकरण के प्रकाण्ड पण्डित राहुल श्रीभद थे। राहुल श्रीभद्र के काल में नालन्दा विश्वविद्यालय में छात्रों की संख्या अत्यन्त कम हो गयी थी तथा विश्वविद्यालय में मात्र 70 भिक्षु निवास कर रहे थे। ये सभी भिक्षु राहुल श्रीभद्र के शिष्य थे।[35]

तारानाथ लामा ने नालन्दा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का भी विस्तृत

वर्णन किया है। उनके अनुसार नालन्दा विश्वविद्यालय के अहाते का एक वृहद घेरा इस पुस्तकालय हेतु अलग से निर्मित था, जहां पर कई मंजिलों के बड़े-बड़े भवन थे, उनमें से पुस्तकालय के तीन भवन मुख्य थे, जिनके नाम क्रमशः रत्नोदधि, रत्नसागर तथा रत्नरंजक थे। रत्नोदधि नामक पुस्तकालय भवन नौ मंजिलों का था, जिसमें त्रिपिटक की समस्त प्रतियां सुरक्षित रखी गयी थी। तारानाथ लामा ने अपने इतिहास में नालन्दा के विनाश के सम्बन्ध में भी विस्तृत उल्लेख किया है। उसके अनुसार मगध नरेश के मंत्री कुकुटसिद्ध ने नालन्दा में एक बौद्ध मन्दिर का निर्माण करवाया। जिस समय मन्दिर में प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा था, उसी समय वहां पर दो क्रोधी ब्राह्मण साधु पहुंच गये। उनको देखकर कुछ शरारती तथा नौजवान बौद्ध भिक्षुओं ने उन पर घृणा से गंदा जल फेंक दिया, जिसके कारण ब्राह्मण साधु अत्यन्त क्रोधित हो गये। उन्होंने अपनी शारीरिक शुद्धि हेतु 12 वर्ष तक सूर्य की उपासना की। तत्पश्चात् उन्होंने अग्निहोत्र यज्ञ का अनुष्ठान किया और यज्ञ कुण्ड से यज्ञ की अग्नि को एक घड़े में भरकर नालन्दा महाविहार में फेंक दिया, जिससे उसमें भयंकर आग लग गयी तथा महाविहार के साथ-साथ 'रत्नोदधि' नामक पुस्तकालय भी जलकर नष्ट हो गया |[36]

निष्कर्ष : फाहियान ने नालन्दा का विस्तृत वर्णन नहीं किया है तथापि एक बौद्ध स्थल के रूप में नालन्दा अति प्राचीन काल से ही विख्यात था।ह्वेनसांग के यात्रा विवरण से स्पष्ट होता है कि उस समय नालन्दा अपनी उन्नति के शिखर पर था तथा शिक्षा का अद्वितीय केन्द्र था। यहां के भिक्षु उच्चकोटि के विद्वान् थे,जिनकी ख्याति विश्व में फैली हुई थी। भारत के अन्य प्रांतों तथा विश्व भर के भिक्षु यहां के भिक्षुओं के सदाचरण का अनुकरण करते थे। दूर-दूर से विद्वान यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे तथा यहां से शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् उनकी विद्वता को पूर्णता प्राप्त होती थी। इत्सिंग के यात्रा-विवरण से नालन्दा विश्वविद्यालय के पठन-पाठन, नियम-अनुशासन, आचार्य विद्यार्थी, आय–व्यय आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। इस प्रकार नालन्दा की स्थापना से लेकर उसके चरमोत्कर्ष एवं पतन तक की सूचना चीनी एवं तिब्बती यात्रियों के यात्रा-विवरणों से प्राप्त होती है।

सन्दर्भ -:

1. वर्मा, जगमोहन, फाहियान की भारत यात्रा, पिलग्रिम पब्लिशिंग, वाराणसी, 2007, पृ. 131
2. घोष, ए. नालन्दा, अनु. केदारनाथ शास्त्री, भारतीय पुरातत्त्व विभाग, नई दिल्ली, 1963, पृ. 3
3. कनिंघम, ए. प्राचीन भारत का ऐतिहासिक भूगोल, अनु. जगदीश चन्द्र, इलाहाबाद, 1971, पृ. 312
4. संकालिया, एच.डी., दी युनिवर्सिटी ऑफ नालन्दा, दिल्ली, 1972, पृ. 43
5. पूर्वोक्त, पृ. 81
6. लामा, तारानाथ, भारत में बौद्ध धर्म का इतिहास, अनु. रिंगजिन लुण्डुप लामा, पटना, 1971, पृ. 39
7. वर्मा, जगमोहन, सुयेनच्चांग की भारत यात्रा, पिलग्रिम पब्लिशिंग, वाराणसी,2007, पृ. 115
8. थामस, वाटर्स, ऑन युवानच्चांग्स ट्रवेल्स इन इण्डिया, खण्ड-2, पृ. 164; बील, सैमुअल, बुद्धिस्ट रिकार्ड्स ऑफ दी वेस्टर्न वर्ल्ड, खण्ड-2, पृ. 168
9. वर्मा, जगमोहन, सुयेनच्चांग की भारत यात्रा, पृ. 116-17
10. संकालिया, एच.डी., पूर्वोक्त, दी युनिवर्सिटी ऑफ नालन्दा, दिल्ली, 1972, पृ. 55-56 एवं 63
11. घोष, ए. पूर्वोक्त, पृ. 7
12. संकालिया, एच.डी., पूर्वोक्त, पृ. 54-56
13. वर्मा, जगमोहन, सुयेनच्चांग की भारत यात्रा, पृ. 119
14. पूर्वोक्त, पृ. 117-18
15. पूर्वोक्त, पृ. 118-19
16. घोष, ए. नालन्दा, अनु. केदारनाथ शास्त्री, भारतीय पुरातत्त्व विभाग, नई दिल्ली, 1963, पृ. 9-10
17. इत्सिंग, ए रिकार्ड ऑफ दी बुद्धिस्ट रेलिजन अनु. जे. तकाकुसु, आक्सफोड,1896, पृ. 70
18. संतराम, इत्सिंग की भारत यात्रा, प्रयाग, 1948, पृ. 47; इत्सिंग, ए रिकार्ड ऑफ दी बुद्धिस्ट रेलिजन, अनु. जे. तकाकुसु, आक्सफोर्ड, 1896, पृ. 65 एवं 154
19. मुखर्जी, आर.के., दी युनिवर्सिटी ऑफ नालन्दा, जर्नल ऑफ बिहार रिसर्च सोसाइटी, अंक-30, पृ. 152
20. ला, विमल चरण, प्राचीन भारत का ऐतिहासिक भूगोल, अनु. रायकृष्ण द्विवेदी, लखनऊ, 1972, पृ. 408
21. घोष, ए. नालन्दा, अनु. केदारनाथ शास्त्री, भारतीय पुरातत्त्व विभाग, नई दिल्ली, 1963, पृ. 10
22. बापट, पी.वी., बौद्ध धर्म के 2500 वर्ष, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, 2010, पृ. 119-20
23. शास्त्री, हीरानन्द, नालन्दा, मैनेजर ऑफ पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1938, पृ. 11
24. त्रिपाठी, हवलदार, बौद्ध धर्म और बिहार, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, 1960, पृ. 199
25. दत्त, सुकुमार, बुद्धिस्ट मोंक्स एण्ड मोनेस्ट्रीज ऑफ इण्डिया, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2000, पृ. 348
26. लामा, तारानाथ, भारत में बौद्ध धर्म का इतिहास, अनु. लामा, रिंगजिन लुण्डुप, पटना, 1971, पृ. 39
27. पूर्वोक्त, पृ. 41
28. लामा, तारानाथ, भारत में बौद्ध धर्म का इतिहास, अनु. लामा, रिंगजिन लुण्डुप, पटना, 1971, पृ. 42
29. पूर्वोक्त, पृ. 48-49, 60, 66
30. पूर्वोक्त, पृ. 79-87
31. घोष, ए. पूर्वोक्त, पृ. 11-12
32. बापट, पी.वी., पूर्वोक्त, पृ. 32-33
33. लामा, तारानाथ, पूर्वोक्त, पृ. 106
34. पूर्वोक्त, पृ. 131
35. पूर्वोक्त, पृ. 135
36. पूर्वोक्त

उन्नीसवीं सदी का अंतरराष्ट्रीय प्रवास और नॉस्टेल्जिया

उपासना
शोधार्थी, दिल्ली विश्वविद्यालय
मोबाईल- 9205106209
ईमेल- upasna.chahal01@gmail.com

अपनी सांस्कृतिक पहचान को पुनः बनाने और संयोजित करने के क्रम में प्रवासीजन मातृभूमि से जुड़े कुछ यथार्थगत अनुभवों को छोड़ते तथा कुछ को बचाते हैं I इनमें वे अनुभव नॉस्टेल्जिया का कारण बनते हैं जिन्हें वे पुनः प्राप्त करना और भोगना चाहते हैं किंतु न पाने के लिए अभिशप्त हैं I नॉस्टेल्जिया मन की एक अवस्था है जिसमें व्यक्ति अतीत की खिड़कियों को मुग्ध होने की चाह से खोलता है किंतु उस समय में फिर न लौट पाने की असहायता में उदासी से भर उठता है I अतीत मोह की यह स्थिति उन प्रवासियों में अधिक देखी जाती है जो नवीन परिवेश में अनुकूलित नहीं हो पा रहे हैं I ऐसा प्रायः प्रवास के प्रारंभिक काल में अधिक होता है I धीरे-धीरे यादें अपना प्रभाव कम दिखाने लगती हैं किंतु फिर भी वे स्वयं को संपूर्ण रूप में इस स्थिति से कभी बाहर नहीं निकाल पाते I आशाओं और स्वप्नों की जादूनगरी में निश्चित लक्ष्यों में से कुछ को प्राप्त करने के पश्चात् भागदौड़ भरे जीवन से कुछ क्षण चुराकर प्रवासी व्यक्ति जब पीछे मुड़ का देखता है तो कुछ विशेष वस्तुओं अथवा व्यक्तियों से जुड़ी अनुभूतियों के लिए नॉस्टेल्जिक हो उठता है I उनके अभावों को भरने के लिए वह कुछ तौर-तरीके खोजने का प्रयास भी करता है किंतु अनेक बार सफल नहीं हो पाता I

उल्लेखनीय है कि उदासी का यह भाव प्रत्येक मानव की प्रकृति पर निर्भर करता है I वस्तु, स्थान या व्यक्ति विशेष की रिक्तता जितनी विदेश में रह रहे परिवार के एक सदस्य को महसूस होती है, आवश्यक नहीं कि अन्य सदस्यों को भी उसी परिमाण में अनुभूत हो I संवेदना की भिन्नता के कारण उनकी प्रतिक्रियाएँ भी भिन्न-भिन्न होती हैं किंतु सर्वसामान्य रूप से यह कहा जा सकता है कि प्रवासियों का विजातीय होना उन सभी को पूर्ण रूप से विदेशी मिट्टी के अनुकूल गढ़ने नहीं देता जिस कारण वे मेज़बान राष्ट्र की जीवन शैली अपनाकर भी वहाँ के स्वदेशियों जैसे नहीं हो पाते हैं I वे स्वयं भी इस तथ्य के प्रति विश्वस्त रहते हैं कि उन्हें नवीन समाज के मूल निवासियों की दृष्टि में पूर्ण स्वीकृति प्राप्त नहीं होगी, भले ही वे मेज़बान राष्ट्र की सामाजिक और सांस्कृतिक विचार दृष्टि को अंगीकृत करके उसके अनुरूप ढल जाएँ I

प्रवासी रचनाओं के आधार पर एक महत्त्वपूर्ण तथ्य यह सामने आता है कि नॉस्टेल्जिया का सर्वाधिक प्रभाव प्रथम पीढ़ी के प्रवासियों पर पड़ता है I यह पुराभूमि के अप्रीतिकर बिछोह बोध अथवा गृह आसक्ति के रूप में प्रदर्शित होता है I इससे आगामी पीढ़ी की जीवन शैली भी नियंत्रित होती है क्योंकि प्रथम पीढ़ी अपनी नॉस्टेलजिक भावनाओं के सम्मोहन में उनके क्रियाकलापों को निर्धारित करती है I यहाँ यह प्रश्न उपस्थित होता है कि जब प्रवासी विदेश जाकर स्वदेश से जुड़ी स्मृतियों की पुनरावृत्ति करके रोते-बिलखते हैं तो उन्हें देश छोड़ने की आवश्यकता ही क्या थी ? इसके प्रतियुत्तर में कहा जा सकता हैं कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की कुछ अनिच्छित परिस्थितियाँ होती हैं जिनसे उबरने के लिए वह प्रवास में जाना चाहता है किंतु उसके साथ वे चीज़ें भी दूर हो जाती हैं जिनसे वह विलग नहीं होना चाहता है I यहाँ यह कहना भी आवश्यक है कि अनेक बार सहज उपलब्ध होने के कारण वस्तुएँ, व्यक्ति, स्थान आदि मूल्यवान प्रतीत नहीं होते I दूर बसकर ही व्यक्ति को अपने जीवन में उनकी अनिवार्यता और आवश्यकता का भान होता है I

नॉस्टेल्जिया का भाव जीवन मूल्यों के द्वंद्व को बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाता है और कई बार भारतीय जीवन दृष्टि के प्रति अंधश्रृद्धा का कारण भी बनता है I इसे समझने के लिए प्रवासी हिन्दी कथा साहित्य को दो प्रमुख श्रेणियों में विभाजित करके देखना ही उचित है I इसका कारण यह है कि स्थिति, काल, स्थान आदि के अंतर के कारण बीसवीं सदी के तिजारती और उन्नीसवीं सदी के गिरमिटिया प्रवासियों तथा उनके वंशजों के मानस में नॉस्टेल्जिया भिन्न-भिन्न रूपों में उभरा है और इसके परिणाम भी विविधतापूर्ण रहे हैं I यहाँ एडवर्ड सईद द्वारा बताए गए नॉस्टेल्जिया के कारणों की चर्चा प्रासंगिक है I वे लिखते हैं, "जिसकी जन्मभूमि बहुत 'मधुर' है लेकिन जिसकी यथार्थ परिस्थितियाँ उस माधुर्य को फिर से चखने की इजाजत नहीं देती I इससे भी कम संभावना होती है, उस 'माधुर्य' के ऐसे स्थानापन्नों से किसी प्रकार की संतुष्टि प्राप्त करना जिन्हें भ्रम अथवा मताग्रह के कारण रचा गया है I"[1]

ध्यान दिया जाए कि सभी प्रवासियों के पास अपनी मातृभूमि से संबंधित कुछ मधुर अनुभवों की स्मृतियाँ होती हैं और कुछ कटु I भले ही उन्होंने अपना जीवन अभावों और कष्टों में व्यतीत किया हो या अत्यधिक भौतिक

संसाधनों के आधार पर I इसका कारण यह है कि ख़ुशी का परिमाण आर्थिक संपन्नता की मात्रा और उत्कृष्टता द्वारा तय नहीं होता I यदि ऐसा होता हो आज का व्यक्ति अतीत के मानव से अधिक प्रसन्न होता I क्या आधुनिक तकनीकों से लैस मकान में गृहप्रवेश की ख़ुशी उस किसान के उल्लास से अधिक होगी जो बारिश से पूर्व अपने लिए झोपड़ी बना पाया होगा ?

हम जानते हैं कि जन्मभूमि में जितनी सुख-सुविधाएँ आज के अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, डेनमार्क आदि देशों में जाने वाले तिजारती प्रवासियों को प्राप्त होती हैं, उतनी शर्तबंदी मजदूरों को उपलब्ध नहीं थीं I वे स्वदेश में अकाल से उपजी भुखमरी और महामारियों से पीड़ित थे I हमें विश्लेषण करने पर नॉस्टेल्जिया का भाव तिजारती प्रवासियों से अधिक गिरमिटिया मजदूरों में प्रदर्शित होता है I इसका कारण उनकी इच्छानुसार वापसी की न्यूनतम संभावनाएँ, प्रवास की अप्रत्याशित स्थितियाँ और भारत में छूट गए अपनों से संपर्क का अभाव था I यहाँ अभिमन्यु अनत के उपन्यासों के दो प्रसंग देखें I 'गाँधी जी बोले थे' में सोमारू को न तो चार महीने से अधिक की समुद्री यात्रा का भान था और न ही उसे जहाज में चढ़ने तक इस बात का पता चल पाया कि वह अपने दोनों बच्चों समेत प्रवास के लिए विवश कर दिया गया है I अज्ञानतावश उसकी बीमार पत्नी भारत में छूट गई जिसकी वियोगजनित स्मृतियाँ सोमारू पर इतनी हावी हो गई कि वापसी के लिए चीत्कार करते-करते अंततः थक हारकर वह अपने बच्चों के साथ बकाईन के पेड़ पर झूल गया I[2]

इसी प्रकार 'लाल पसीना' में अनुबंध की अवधि समाप्त हो जाने पर जब सुगुन भगत स्वदेश वापसी के लिए लालायित हुआ तो शर्तों की नियमावली फाड़ देने के बाद उसे बताया गया जो जहाज़ उसे भारत ले जाने वाला था, वह हिंद महासागर की अथाह गहराई में डूब गया I[3]

कह सकते हैं कि कुली मजदूरों के पास स्वदेश की यादों से अधिक मालाबार देशों में रह जाने की विवशता थी जिसके चलते ये लोग नॉस्टेल्जिक बने रहे I यहाँ शर्तबंदी भारतीय प्रवासियों के संदर्भ में यह स्पष्ट कर देना भी आवश्यक है कि ये कुली मजदूर अतीत के प्रति अपने सम्मोहन, उदासी और बैचैनी को स्वयं लेखनबद्ध नहीं कर पाए I यह कार्य उनके बाद की पीढ़ियों के द्वारा हुआ जो प्रवास की उस अवस्था से दो-चार न होने कारण स्वदेश की सुखद स्मृतियों से उपजी पीड़ा को समानुभूति के स्तर पर महसूस नहीं कर पायीं I यही कारण है कि इनके उपन्यासों और कहानियों में नॉस्टेल्जिया से जुड़े प्रसंगों का वर्णन तो हुआ है किंतु अधिक संवेदनात्मक गहराई और अधिक विस्तार के साथ नहीं I इसे दूसरे रूप में भी कहा जा सकता है कि चूँकि ये भारत से जुड़ी नॉस्टेल्जिक भावनाओं से ग्रस्त नहीं रहे हैं अतः इनकी रचनाओं में अतीत का बोध प्रदर्शित हुआ है, अतिशय राग नहीं I आज कैरेबियाई देशों की नवीन पीढ़ी अन्य देशों में प्रवास कर रही है जिससे पुनः नॉस्टेल्जिया की स्थिति उभर रही है I ऐसे में उन यादों को पुनः जीने की हुड़क तीव्र हो जाती है जो मालाबार देशों से संबंधित हैं, प्रत्यक्ष तौर पर भारत से नहीं I

उल्लेखनीय है कि भारतवंशी लेखक भारत के प्रति नॉस्टेलजिक नहीं है I इनके पास पूर्वजों से सुने हुए किस्से हैं और ऐतिहासिक सामग्री भी जिनके आधार पर इन्होंने गिरमिट का पूरा पीड़ादायक इतिहास रचा है I इनकी कविताएँ, कहानियाँ और उपन्यास प्रमुखता से उस सामूहिक अतीत पर प्रकाश डालती हैं जो प्रवास की प्रारंभिक स्थितियों से जुड़ा है I यहाँ कुछ शब्द तीनों देशों (मॉरिशस, फ़िजी और सूरीनाम) की रचनाओं में समान रूप से मिलेंगे I यथा, आराकाटी, कलकत्ता, बिहार, गिरमिट, कुली, जहाज, पत्थरों के नीचे दबा सोना, सी.एस.आर. की कोठरी, डीपो, बाँस, कोड़े, कोल्हू आदि I ये शब्द यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि संबंधित साहित्य के कथ्य में नॉस्टेल्जिया से अधिक कैरेबियाई देशों में प्रवेश के हालात महत्त्वपूर्ण हैं I ये हालात अपनी पहचान को स्मरण रखने और आज की जातिगत, धार्मिक और राजनैतिक विद्रूपताओं से लड़ने की प्रेरणा देते हैं I इस प्रकार सामूहिक अतीत के प्रति भावनात्मक जुड़ाव की अधिकता से भी भारतवंशी लेखक वर्तमान से दिग्भ्रमित होते दिखाई नहीं देते हैं I

भारतवंशियों के साहित्य के आधार पर यह बात भी सामने आती है कि व्यक्ति उन्हीं वस्तुओं, भावनाओं, लोगों और स्थानों के प्रति नॉस्टेलजिक होता है जो भूतकाल में उसके जीवन का हिस्सा रही होती हैं I चूँकि शर्तबंदी मजदूरों के पास भौतिक संसाधन कम थे अतः उनकी स्मृतियों में वस्तुओं की अपेक्षा व्यक्ति और स्थान अधिक महत्त्वपूर्ण रहे हैं I रचनाओं में जिसके लिए अधिकांश भारतीय मजदूर तरसते दिखाई देते हैं, वह था स्वातंत्र्य का भाव I यद्यपि उपनिवेशित भारत में नस्ल के साथ जातिगत निकायों का कड़ा हस्तक्षेप था फ़लस्वरूप न तो खेती का चुनाव इनके हाथों में था और न ही सार्वजनिक स्थलों पर स्वेच्छा से विचरना I फिर भी वे स्वयं को आज़ाद महसूस करते थे क्योंकि वहाँ वे कम से कम अपनों के साथ थे, पीड़ा में भी और संघर्ष में भी I इसके विपरीत प्रवास में एक ही परिवार के सदस्य भी अलग-अलग कोठी मालिकों द्वारा पाँच वर्ष के खरीदे जाने के कारण एक-दूसरे से दूर रहने और फिर कभी न मिल पाने के लिए विवश हुए थे I[4] ऐसे में मजदूरों में स्वाधीनता का मोह अधिक बढ़ जाना स्वाभाविक था I

यहाँ 'लाल पसीना' उपन्यास में आए नॉस्टेलजिया के एक प्रसंग को देखें I जेल में कुंदन को वह मैना भली लगने लगती है जो भारतभूमि पर उसकी दृष्टि में सदा उपेक्षित बनी रही I मैना मॉरिशस में टिड्डियों से फ़सल की रक्षा के उद्देश्य से प्रवास के लिए विवश की गई थी और भारतीय पत्थरों के द्वीप को उपजाऊ ज़मीन में बदलने के लिए लाए गए थे I एकसमान पराधीन स्थिति के कारण मैना न केवल कुंदन की सहचरी बनती है अपितु गाँव समाज की पुनः-पुनः याद दिलाने का माध्यम भी I मैना से नैकट्य बनाए रखने के लिए कुंदन

का मुट्ठी में भात या रोटी की टुकड़ा छिपाए रखना अपनी स्मृतियों को जिलाए रखने का एक प्रयास था I इन्हें फैंकते ही मैनाओं के आ जाने से कुंदन अतीत में पहुँच जाता था I यथा, "उसकी टाँय-टाँय में उसके लिए कहानियाँ होतीं I उनमें उसके गाँव की नदियाँ थीं I पनघट की औरतों की घाँवमाँव थीं I गाँवों की वे तमाम यादें थीं उनमें, जिन्हें वह बिसार गया था I वहाँ की हरियाली, वहाँ की सुखारी I सभी कुछ आँखों के सामने बरबस ही आ जाते I"[5]

स्पष्ट होता है कि गिरमिटिया मजदूर नॉस्टेलजिक बने रहना चाहते थे जो यथार्थ की विषमताओं से कुछ समय का पलायन था I इसके लिए वे भाँग का सेवन भी किया करते थे I उन्हें थोड़े समय के लिए मानसिक असंतुलित होकर अतीत में विचरने से आनंद तो मिलता था किंतु वर्तमान अधिक मारक रूप धारण कर लेता था I ऐसे में अतीतजीवी होने से बचने का एकमात्र उपाय अथक परिश्रम था I यही कारण है कि कुंदन को जेल में रहकर में मक्का के दाने छुड़ाने से अधिक पत्थर तोड़ने का कार्य प्रिय लगता है क्योंकि एक स्थान पर बैठे-बैठे दाने निकालने के सरल कार्य में हाथों के साथ मस्तिष्क के तालमेल की अधिक आवश्यकता नहीं होती फलतः पुरानी यादें तरोताज़ा हो जाती हैं I[6]

कुंदन के समान मंगरू को भी बीमारी में आराम नहीं भाता है I उसके अनुसार निरंतरता और शीघ्रता से अधिकाधिक पत्थर तोड़ने के क्रम में मस्तिष्क की सक्रियता देह की फुर्ती के साथ तालमेल बनाए रखती थी जिससे वह अपने परिवार की स्मृतियों को बिसार जाता था किंतु चारपाई पर लेटकर परिवारजनों की स्मृतियों के घेरे से बाहर निकलना असंभव था I उनकी हालत की संभावनाएँ उसे रह-रहकर कंपा जाती थी I[7]

हम देखते हैं कि परिश्रम के मूल्य का असमान वितरण कुंदन की दृष्टि में मैना के महत्त्व को भी समाप्त कर देता है I प्रवास की समान परिस्थिति के कारण ही कुंदन मैना के क्रियाकलापों में भारत को तलाशा करता था किंतु श्वेत नस्ल के सहायक के रूप में उपस्थित होने के कारण यह न तो कुंदन की आत्मीय बनी रहती है और न ही उसकी पुरानी यादों की साझीदार I अब उसे देखने से कुंदन के समक्ष गाँव की स्मृतियाँ ताज़ा नहीं होती अपितु नस्लीय शोषण प्रकट होता है I मैना टिड्डी दल को भगाते-भगाते अब उन गौरैयाओं को भी खदेड़ने लगी थीं जो नन्हे बच्चों के पोसने के लिए ईख के सूखे फूलों को चुगती है I कुंदन की दृष्टि में मैना का नारियल के पेड़ पर घोंसला बनाना और नन्हीं चिड़ियों को आसपास न फटकने देना उन अवसरवादी भारतीयों की स्थिति जैसा था जो देशी भाई-बंधुओं को अधिकारच्युत कर बड़ी पदवी प्राप्त करते थे I शासक वर्ग के अनुरूप पूर्ण रूप से अनुकूलित हो जाने के क्रम में ऐसे प्रवासी भारत को कभी-कभार याद करते हों, यह तो स्वाभाविक है किंतु इनकी स्मृतियाँ सामूहिक पीड़ा से जुड़ी नहीं रहती थीं, इस बात में संदेह नहीं था I[8]

उल्लेखनीय है कि कुली मजदूरों के विषय में एक सामान्य धारणा बनी हुई है कि एग्रीमेंट के तहत जिन भारतीयों ने प्रवास किया, वे सब आर्थिक संकटों से जूझ रहे थे I उन्होंने ज़मीनों से निकलने वाले सोने को पाने की आकांक्षा में प्रवास किया था I इसके विपरीत प्रवासी रचनाएँ यह बताती हैं कि बरगलाए जाने के कारण अनेक ऐसे भारतीय भी मालाबार देशों में पहुँचे जिनके पास भारत में अपनी ज़मीनें थीं I ये ज़मीनें कर्मभूमि में नॉस्टेल्जिया का कारण बनीं I अभिमन्यु अनत के उपन्यास 'एक बीघा प्यार' में हीरा के दादा जीवन भर ज़मीन के लिए आँसू बहाते रहे I वे भारत में पचास बीघा ज़मीन के मालिक थे किंतु मॉरिशस में जीवन भर में एक बित्ता ज़मीन ही अपने नाम करा पाए I यह नई भूमि भारत में सदा के लिए छूट गई स्वदेश की भूमि का स्थान नहीं ले पाई किंतु विलग हो चुके धरती के अपने टुकड़े से संबद्ध नॉस्टेल्जिया ने नई ज़मीन के प्रति अत्यधिक मोह उत्पन्न कर दिया I ज़मीन छूट जाने की आशंका से ग्रस्त दादा जीवनभर कहते रहे, "प्राण चाहें तो चला जाए पर ज़मीन का यह टुकड़ा कभी न जाने पाए I"[9]

कह सकते हैं कि पुराभूमि में छूट गई वस्तु या स्थान के प्रति नॉस्टेल्जिया प्रवास में उपलब्ध उन चीज़ों के प्रति आसक्ति उत्पन्न करने का कारण भी बना जो स्थानपूर्ति के लिए प्रस्तुत हुईं I इसके साथ ही वहाँ भारत की उन वस्तुओं ने अत्यंत महत्ता प्राप्त की जो सामान्यतः सभी मजदूरों की स्मृतियों का अंश तो थीं किंतु इने-गिने प्रवासियों के पास ही थीं I ऐसे में ये किसी अंचल विशेष या व्यक्ति से नहीं वरन् स्वदेश से संबद्ध करके देखी गईं जैसे, भारत का कंबल, भारत का रूमाल, भारत की टोपी, भारत की बटलोई, भारत की धोती आदि I हम देखते हैं कि कुछ चीज़ों को बस्ती के लोग आवश्यकता पड़ने पर उपयोग में लाकर यादों को पुनः जीते थे किंतु स्मृतियों का अंग होने के साथ-साथ वे उनकी पहचान को अभिव्यक्त करने के कारण अधिक महत्त्वपूर्ण थीं I अभिमन्यु अनत के उपन्यास 'लाल पसीना' में संतु के पिता को अपना फूलदार रूमाल और फटी-गली धोती बड़ी प्रिय होती है जिसे पहनकर वे प्रवास में आए थे I इसी प्रकार जतन को अपनी धार्मिक पुस्तकें जिन्हें वह चोरी-छिपे मॉरिशस लाया था I

विदित हो कि अनेक बार भारतीय मजदूरों का नॉस्टेल्जिया स्वदेश की उन जाति और लिंग से जुड़ी सामाजिक स्थितियों के प्रति भी होता था जो अन्य वर्ग के शोषण से जुड़ी थीं I स्वाभाविक है कि स्वयं को सम्मानित और गौरवांवित करने वाली पूर्व पहचान से संबद्ध मीठी यादें शोषक वर्ग की धरोहर थीं I कटु अनुभवों के कारण पीड़ित समाज तो उन्हें विस्मृत किए रहता था I उदाहरण के लिए, परदेस में ब्राह्मण लोगों का सब जातियों के लोगों द्वारा प्रयोग किए जा रहे बर्तनों और स्थानों के उपयोग करने की विवशता उन्हें अधिक नॉस्टेल्जिक बनाती थी I वे बीते समय को याद करके बिलखते थे, कई बार अपना तिरस्कृत जीवन समाप्त कर लेते थे तथा अवसर मिलने पर स्वदेश की जातिगत असमानता के तंत्र को जिलाने का प्रयत्न

करते थे I वैवाहिक संस्था से जुड़ी दान-दहेज़ की परंपरा और वधुओं पर सासों का आधिपत्य बनाए रखने की रीति के संबंध में भी यही स्थिति थी I

ध्यान दें, शर्तबंदी मजदूरों के नॉस्टेल्जिक बने रहने की स्थिति उस समय अधिक प्रकट होती थी जब ये नवभूमि के अपरिचित परिवेश में समायोजित नहीं हो पा रहे होते थे I इसके विपरीत जब उनकी दैनिक दिनचर्या कुछ सहज और नियमित होने लगती है तब वे उन कार्यों और वस्तुओं से दूरी बनाना चाहते थे जो उन्हें यादों के भँवर में धकेलकर नए परिवेश के साथ अनुकूलन में बाधा पहुँचाती थीं I 'लाल पसीना' उपन्यास में फूलवंती गोदने की कला में निपुण होने के पर भी किसी का हाथ नहीं गोदती थी तो इसका कारण यह था कि ऐसा करते हुए पति की स्मृतियाँ ताज़ी हो जाती थीं I गोदाई उसने अपने पति से ही सीखी थी I[10] इतने पर भी नॉस्टेल्जिया को न तो मात्र भावुक गलदश्रुता स्वीकार किया जा सकता है और न ही वेदना को बढ़ा देने वाला भाव I यह अतीत का वह यथार्थ है जिसका साक्षात्कार नई पीढ़ी को अपना वर्तमान सुधारने की दिशा प्रदान करता है I यहाँ खेलों के संदर्भ में बात करें I रचनाओं में नई पीढ़ी गिल्ली-डंडा या कबड्डी खेलती नज़र आती है तो इसके पीछे गिरमिट लोगों की वे यादें ही हैं जिन्होंने ये खेल नई पीढ़ी तक पहुँचाए I इसके अभाव में नन्हें बच्चे या तो अभावग्रस्त मजदूरों द्वारा की गई चोरियों और सरदारों द्वारा दिए जा रहे आमानुषिक दंड से प्रेरित होकर चोर-सिपाही के वीभत्स रूप को खेलने के लिए विवश थे या मक्की के दाने छुड़ाने, सब्जी तोड़ने, ईख के खेतों पर काम करने जैसी क्रियाओं को करने के लिए I इस प्रकार खेलकूद से जुड़ी स्मृतियों ने बालकों की सृजनात्मक क्षमता और शारीरिक ऊर्जा को सही जगह लगाने में सहायता की I

पूर्वजों का नॉस्टेल्जिया केवल वर्तमान तक ही संपृक्त नहीं रहा I इसने नई पीढ़ी को सपने बुनने की प्रेरणा भी दी I ऐसे सपने जो भविष्य का सच बन जाएँ I उपन्यास 'लाल पसीना' में पुष्पा अपनी माँ से नाना की सात गायों का उल्लेख इतनी बार सुनती है कि उसके मन में गाय की आकांक्षा घर कर जाती है I वह पड़ोस की बस्ती से अपनी बस्ती की वर्तमान स्थिति की तुलना करती है और उन कारणों को जानने का प्रयास भी जिसके फ़लस्वरूप वे अधिक अभावग्रस्त बने हुए थे I माँ की स्मृतियाँ पुष्पा को भारत की उस भव्यता की पहचान कराती हैं जहाँ स्वर्णिम आभा लिए अनेक विशालकाय मंदिर स्थापित हैं I यह संपन्नता उसे पुनः जिज्ञासु बनाती है कि इतने बड़े मंदिरों वाले देश में इतनी विपन्नता कैसे हो सकती है कि भारतीय प्रवास के लिए विवश हो जाएँ ? यथा, "माँ कहती है कि वहाँ के मंदिर इतने ऊँचे हैं कि सिर उठाकर कलश देखने वाले आदमी के सिर से पगड़ी नीचे गिर जाती है...जिस देश में इतने बड़े-बड़े मंदिर हैं, वहाँ गरीबी कैसे हो सकती है ?"[11]

यहाँ इस बात पर ध्यान देना आवश्यक है कि प्रवास का वास्तविक दंश भोगने वाली पीढ़ी के अनुभव नई पीढ़ी को उसकी जड़ों से परिचित तो कराते हैं किंतु वापसी के लिए विचलित नहीं करते I चूँकि उनके लिए भारत जाना प्रवास करना है अतः वे नई भूमि को ही उन संस्कारों से ओतप्रोत करना करना चाहते हैं जो गिरमिट प्रवासी भारत से अपने साथ लाए थे I कुली मजदूर मंदिरों की जिस पवित्रता, समृद्धि और शांति को स्मृतियों में खोजा करते थे, उसे मालाबार देशों के यथार्थ में परिणत करने के लिए नई पीढ़ी ने सक्रिय भूमिका निभाई I उन्होंने अपनी जन्मभूमि में रहकर ही पूर्वजों के स्वदेश के अनुभवों जी लेने का प्रयास किया I वर्तमान में मॉरिशस में उमानाथ, विश्वनाथ, रामेश्वरनाथ, नीलकंठ शिवालय, कैलासनाथ, केदारनाथ, काशीक्षेत्र, गोकुला, वृन्दावन शिवालय, मिथिलानाथ, श्री कबीर स्मृति मंदिर, हिमाचल त्र्यंबकेश्वरनाथ आदि अनेक मंदिर विद्यमान हैं तो नॉस्टेल्जिया इसका प्रमुख कारण है I मंदिरों के नामों पर विचार करने से प्रतीत होता है कि यहाँ भारतवंशियों ने पूरा भारत ही बसा दिया है I

1. वर्चस्व और प्रतिरोध, एडवर्ड सईद, रामकीर्ति शुक्ल (अनुवादक), नई किताब, दिल्ली 32, संस्करण 2014, पृ. 374
2. गाँधी जी बोले थे, अभिमन्यु अनत, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 02, द्वितीय संस्करण 2018, पृ. 64
3. लाल पसीना, अभिमन्यु अनत, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 02, द्वितीय संस्करण 2019, पृ. 247
4. वही, पृ. 246
5. वही, पृ. 27
6. वही, पृ. 31
7. वही, पृ. 21
8. वही, पृ. 197
9. एक बीघा प्यार, अभिमन्यु अनत, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 02, षष्टम संस्करण 2019, पृ. 84
10. लाल पसीना, अभिमन्यु अनत, पृ. 49
11. वही, पृ. 57

*****

उत्तर-औपनिवेशिकता और हाशिये का सवाल

-अनामिका
9599717417

शोध सार

उत्तर–औपनिवेशिक समाज में एक तिहाई जनसंख्या विकास के नाम पर हाशिये पर है। औपनिवेशिक शासन के बाद के समाजों में सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक परिवर्तनों का शिकार हाशिये का समाज भी हुआ है। विकास के नाम पर जल, जंगल एवं जमीन सब कुछ इनसे छीना जा रहा है। आदिवासी समाज की अपनी जीवन–शैली है जो पूरी तरह जंगल पर निर्भर है, परंतु संसाधनों की लूट के लिए बहुराष्ट्रीय पूँजीवादी कंपनियाँ इनके जीवन से खिलवाड़ कर रही है।

बीज शब्द– हाशिया, सब्लाटर्न, अन्य की अवधरणा, विकास, उत्तर–औपनिवेशिकता, बहुराष्ट्रीय पूँजीवादी कंप. नियां।

मूल आलेख

हाशिये के सवाल को उत्तर औपनिवेशिक साहित्य में गहराई से उठाया गया है। ये सवाल साहित्य या समाज में केंद्रीय महत्व में न के बराबर ही रहे। हिंदुस्तान की आधी आबादी 'हाशिये' का समाज और उनकी समस्याएँ ही भारत के विकास में प्रमुख चुनौती है। भारत जैसे बहुलतावादी देश में एक तिहाई जनसंख्या आज भी हाशिए पर है। देश के अभिजात वर्ग के हाथ में सत्ता और शक्ति है। जो एक तिहाई जनसंख्या का भाग्य निर्धरण करती है। यह एक तिहाई जनसंख्या हाशिए पर तो है, साथ ही अपने समाज एवं संस्कृति के टूटने तथा पूंजीवादी नीतियों के कारण शोषण का शिकार भी है।

हाशिए के समाज की अवधरणा ग्राम्शी[1] के द्वारा दिए गए शब्द 'सबाल्टर्न' से आई। ग्राम्शी 'सब्लाटर्न' में दुनिया के सभी वंचित, पीड़ितों को शामिल करते हैं, जो किसी न किसी रूप में भेदभाव के शिकार है। वे लिखते हैं– ''सबाल्टर्न समाज के दलित और वंचित समुदाय की अधीनस्थता का द्योतक है।''[2]

गायत्री चक्रवर्ती स्पीवाक ने इन्हें 'अन्य की अवधरणा' के रूप में परिभाषित किया है। उपन्यास 'ग्लोबल गाँव के देवता' में भी रणेन्द्र इसी बात को लिखते हैं–''वह क्या था जिसके कारण एक समुदाय बहुसंख्यक समुदाय के लिए 'अन्य' में तब्दील हो गया। हमसे अलग 'अन्य' एक शत्रु।''[3]

यह 'अन्य की अवधरणा' किसी एक शब्द के रूप में परिभाषित नहीं की जा सकती। फैज़ फैनन ने श्वेतों के लिए अश्वेत को अन्य कहा। एडवर्ड सईद ने पश्चिमीवासियों के लिए पूरब वासियों को अन्य कहा। 'अन्य' वह हर व्यक्ति हो सकता है जो कमजोर है, जिस पर किसी दूसरे व्यक्ति का शासन है जो मुख्यधरा से अलग है। जो अल्पसंख्यक है। जिसकी जीवन–शैली सत्ता तथा शक्तिशाली वर्ग से भिन्न है।

उत्तर–आधुनिक समय में अस्मिता समूहों के एकजुट होने के कारण आज अन्य लोगों या हाशिए के लोगों की आवाज़ हर जगह सुनी जा रही है, चाहे वह राजनीति हो या साहित्य। 'हाशिए के लोग' अपने अधिकारों तथा केंद्रीय महत्व की लड़ाई मुख्यधारा से लड़ रहे हैं। 21वीं शती के साहित्य में आदिवासी, किसानों, दलित, स्त्री इत्यादि हाशिये के लोग उपन्यास की कथा के विषय बने। 'वीरेंद्र यादव' अपनी पुस्तक 'उपन्यास और वर्चस्व की सत्ता' में लिखते हैं–

''अब उपन्यास के जनतंत्र में ऐसे लोग व समाज केंद्रियता प्राप्त कर रहे हैं, जो भारतीय जनतंत्र एवं विकास की भेड़चाल के चलते हाशिए पर ढकेल दिए जाने को अभिशप्त है।''[4]

जल, जंगल, जमीन, कृषि के सवालों में आदिम, आदिवासी, किसानों की समस्याओं को उठाया गया है।

'फांस', 'ग्लोबल गाँव के देवता', 'मरंग गोंडा नीलकंठ हुआ' जैसे उपन्यासों में हाशिए के लोगों की आवाज़ों को उठाया गया है। उपन्यास 'ग्लोबल गाँव के देवता' में रणेन्द्र ने झारखंड के बरवै जिले के आदिवासी इलाकों की कथा को केंद्र में रखा है। यह उपन्यास झारखण्ड की 'असुर जनजाति' के संघर्षों पर केंद्रित है। इस उपन्यास में 'सत्ता–व्यवसाय–धर्म' की त्रिगुट संधि द्वारा आदिवासियों के शोषण की गाथा को लिखा गया है। एक और शिण्डालको तथा वेदांगत जैसी खनन कंपनियाँ है, दूसरी ओर राजनेता, एम.पी., विधयक है जो अपने लाभ के लिए इन कंपनियों का साथ देते हैं। तीसरी ओर शिवदास बाबा हैं जो धर्म के नाम पर आदिवासियों का शोषण कर रहे हैं। रणेन्द्र लिखते हैं– ''शिवदास बाबा और विधयक जी का यह सोचना सही था कि वेदांग जैसी बड़ी कंपनी इस इलाके में केवल कंटीले तार की बाड़–बन्दी करने नहीं आई है। उसे अपनी फैक्ट्री के लिए कोयला बीघा अंचल में कई सौ एकड़ जमीन चाहिए। एम.पी. साहब ने दिल्ली में ही सेटिंग कर ली थी। वहीं छोटे काम के बहाने, इलाके को जानने–समझने–जीतने का त्रिसूत्री फॉर्मूला समझाकर ले आए थे। अब बाबा जी और विधयक जी के शेयर की सौदेबाजी होनी थी।''[5]

उपन्यासकार ने ग्लोबल गाँव के दो देवताओं का उल्लेख इस उपन्यास में किया है। पहला देवता है– वे. दांग कंपनी तथा दूसरी कंपनी या दूसरा देवता है–टाटा। इन कंपनियों द्वारा आदिवासी इलाकों में खनन लंबे समय से जारी है। बाक्साइट के खनन ने इनसे सब कुछ छीन लिया है। इनके द्वारा किए जा रहे शोषण को उपन्यासकार ने इस प्रकार चित्रित किया है–

''लेकिन बीसवीं सदी की हार हमारी असुर जाति की अपने पूरे इतिहास में सबसे बड़ी हार थी। इस बार कथा–कहानी वाले सिंगबोंगा ने नहीं, टाटा जैसी कंपनियों ने हमारा नाश किया। उनकी फैक्टरियों में बना लोहा, कुदाल, खुरपी, गैंता, खन्ती, सुदुर हाटों तक पहुँच गये। हमारे गलाये लोहे के औज़ारों की पूछ खत्म हो गयी। लोहा गलाने का हज़ारों–हज़ार साल का हमारा हुनर धीरे–धीरे ख़त्म हो गया। मजबूरन पाट देवता की छाती पर हल चलाकर हमने खेती शुरू की किंतु बॉक्साइट के वैध –अवैध खदान, विशालकाय अजगर की तरह हमारी ज़मीन को निगलता बढ़ता आ रहा है।''[6]

बाक्साइट के खनन न सिपर्फ आदिवासी समाज का रोज़गार खत्म किया है, बल्कि उनको जंगल के मालिक से मजदूर बना दिया है। बिमारियों के कारण उनका जीवन अत्यंत दूभर हो गया है। उदाहरण द्रष्टव्य है–

''एक तरपफ इन खानों ने मजूरी दी तो दूसरी तरपफ बर्बादी के सरजाम भी खड़े किये। छिटपुट जंगल, बाक़ी खाली दूर–दूर तक पैफले उजाड़–बंजर से खेत। बीच–बीच में बॉक्साइट की खुली खदानें। जहाँ से बॉक्साइट निकाले जा चुके थे वे गड्ढे भी मुँह बाये पड़े थे।''[7] खनन के कारण जंगल की सारी जमीन खोखली हो गयी है। भारी ट्रकों के कारण सड़कें टूट गयी है। खनन के बाद गड्ढों को भरा नहीं गया जिसमें मलेरिया के मच्छर पनप रहे हैं तथा बीमार कर रहे हैं।

असुर समाज गरीबी व भूख के कारण दयनीय स्थिति में जीवन–यापन करने को मजबूर है। गरीबी के कारण जवान लड़कियां सम्पन्न जमींदारों, नौकरशाहों, खदान मालिकों और नेताओं के यहां रखैलों का काम कर रही है। असुर समुदाय की निराशा इस उद्धरण से समझी जा सकती है–

''भूख और गरीबी ने अन्दर से इतना खोखला कर दिया है कि सामाजिक व्यवस्था भरभरा गयी है। अखड़ा ने बैगा–पाहन–पुजार और गाँव के बड़े–बूढ़ों की बात का वज़न दिन पर दिन घटता जा रहा है। ठीक ही बात है कि घर में तीन चार माह से ज़्यादा का अनाज नहीं हो तो कौन बेटों को गाँव छोड़ने और बेटियों को डेरा में काम के बहाने रखनी बनने से रोक सकता है?''[8]

उपन्यास में कनारी नवयुवक संघ और एतवारी संघर्ष समिति ने क्रमशः शिंडाल्को और वेदांग जैसे ग्लोबल देवताओं के खिलापफ मोर्चा खोला। लालचन, रूमझूम और डॉ. रामकुमार ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मोर्चे ने पूरे देवताओं की मंडली में खलबली मचा दी। उपन्यास का एक अंश देखिए–

''लेकिन डॉक्टर रामकुमार, लालचन, रूमझूम और संघ के लड़के एक बात नहीं समझ रहे थे। ज़मीन–हत्या की जाँच और प्रखंड–अंचल ऑपिफस की बंदी तक तो

बात घर की थी, किंतु पूरे पाट के तीस–चालीस खादानों में काम रूकवाकर उन्होंने सीधे नये देवताओं को चुनौती दे दी थी। नयका देवता लोग, आकाशचारी और ग्लोबल गाँव के वासी थे। उनमें गज़ब की एका थी। खदानों की सात दिनों की बंदी और सशस्त्रा बल की वापसी से ग्लोबल गाँव के देवताओं में खलबली–सी मच गयी।''[9] इस मची हुई खलबली को संभालने का काम श्री किशन कन्हैया पांडेय जी का था। जो कंपनी शिंडाल्को के दलाल थे। उन्होंने साम दाम दंड भेद का अच्छी तरह पालन किया और अपने देवताओं के दुश्मनों को पराजित किया। कनारी नवयुवक संघ स्वयं आंदोलन से हटा, रामकुमार लालचन रूमझूम आदि को गिरफ्रतार कर लिया गया।

वेदांग के विरूद्ध आंदोलन में अम्बाटोली में पूरा आदिवासी समुदाय एकजुट हुआ। इस बार थोड़ी और हिम्मत तथा मजबूती के साथ प्रधनमंत्री को पत्र भी लिखा गया–

अम्बाटोली की बैठक में सारे पाट के हर गाँव के बड़े बुजुर्ग, बैगा–पाहना, पूजार–महतो सब जुटे। पुरानी मांगों के साथ–साथ एक नया नारा जुड़ा–''जान देंगे –जमीन नहीं देंगे।'' खदान बंद, काम बंद, बॉक्साइट की ढुलाई बंद। नतीजतन ग्लोबल गाँव के देवताओं में फिर से हलचली शुरू।[10] इस बार ज्यादा देर तक डटे रहने के कारण पुलिस वालों को सिर्फ एक ही तरीका सूझा। उन्होंने धड़ा–धड़ गोलियाँ चला दी और आदिवासियों को अब नक्सलवादी कह दिया गया था। जो लोग हमले से बच गए उन्हें लालच देकर समझौता कर लिया गया।

''शिंडाल्को के मैनेजर बाबू पांडेय जी लहक–लहक कर बता रहे थे कि लालचन असुर ने समझौता कर लिया है। उसने संघर्ष समिति भंग कर दी है। अब कोई बन्दी–पफन्दी नहीं होगी। 'वेदांग कंपनी भी अपना घेराबंदी वाला काम शुरू करने वाली है। लालचन को नया ट्रैक्टर, खदान में पेटी कंट्रैक्ट और शहर में घर बनाने का प्लॉट दिया जा रहा है।''[11]

उपनिवेशक अब सिर्फ आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति पर ही नजर नहीं रखते। वे प्रत्येक क्षेत्रा में हस्तक्षेप करते हैं। पहले उन्हें सिर्फ कच्चे माल से मतलब होता था लेकिन नवउपनिवेशन में बाज़ार केंद्र में है। आदिवासियों का हाठ अब बाज़ार में तब्दील हो गया, जिसमें उनका कुछ नहीं था। हाठ में वे अपने द्वारा बनाए गए सामान को बेचने जाते थे, बदले में अपनी जरूरतें पूरी करते थे, बाज़ार में वे खरीदने जाते हैं अगर खरीदने यानि जरूरतें पूरी करने लायक पैसे होते हैं। बाज़ार प्रतिस्पर्ध पर आधरित होता है। बड़ी–बड़ी कंपनियों में मशीनों द्वारा बने औजारों से आदिवासियों द्वारा बना सामान प्रतिस्पर्ध न कर सका।

खदानों में काम करने के लिए लेबर स्थानीय जव. न लड़कों को बनाया गया। ''बाहरी लेबर लाकर पाट में र खना और काम लेना चौगुना खर्चे का खेल था। इसके लिए वे तैयार न थे। जब तक पाट में बॉक्साइट था, उन्हें गाँवों में आबादी चाहिए थी, ताकि सस्ते लेबर मिल सके।''[12]

धीरे–धीरे आदिवासी कारीगर से किसान बने किसान से भूमिहीन मजदूर बनें। कार्य में बदलाव के साथ–साथ उनकी संस्कृति में भी बदलाव आया। आदिवासियों का पूरा जीवन जंगल पर ही निर्भर करता है। जड़ी–बूटी से लेकर शरीर ढकने तक, लेकिन अब जब जंगल ही नहीं रहा तो जीवनशैली में बदलाव आना निश्चित है। बीमारियां विदेशी थी तो उनका इलाज भी विदेशी था– ''बात यह थी कि सोमा की बहन जो थोड़ी दूर ब्याही थी, दो–तीन दिन पहले उसे माथेवाला बुखार सेरेब्रल–मलेरिया हो गया। ससुराल के लोग दामाद–समधी सब उसे ढो–ढाकर शहर के प्राइवेट क्लीनिक में पहुंचाए। क्या–क्या दवा–पानी चढ़ाया सब, पिफर भी बेटी नहीं बची।''[13]

उपन्यास 'मरंग गोंडा नीलकंठ हुआ' में लेखिका भूमंडलीकरण के नाम पर किए जाने वाले खनन और विकास के मॉडल को केंद्र में रखती है। यूरेनियम खनन से फैलने वाले विकिरण तथा अपशिष्ट पदार्थों द्वारा होने वाले प्रदूषण की गाथा वह उपन्यास है। इस प्रदूषण से बचने के लिए आदिवासियों द्वारा किया विस्थापन तथा संघर्ष अत्यंत चुनौतीपूर्ण है।

महुआ मांझी उपन्यास के विषय में लिखती हैं–''यह विकिरण, प्रदूषण व विस्थापन से जूझते आदिवासियों की

गाथा है।'' केंद्रीय समाज की सुविधओं व संसाधनों की कीमत मरंग गोंडा के आदिवासी चुकाते हैं।

उपन्यास की कथा आदिवासी समाज के जीवन को दो भागों में दिखाती है। एक समय यूरेनियम खनन से पूर्व का है, जिसमें लेखिका आदिवासी सभ्यता तथा संस्कृति का वर्णन करती है। दूसरा भाग उत्तर–औपनिवेशिक समय का है, जिसमें विकास के नए मॉडल ने झारखंड के आदिवासियों की स्थिति अत्यंत दयनीय बना दिया है। सामाजिक–आर्थिक स्थिति, नक्सलवाद, प्राकृतिक असंतुलन जानलेवा बीमारियाँ आदि बिमारियों को पैदा किया है।

उपन्यास के आरंभ में ही जब लोहे व ताँबे के खनन करने के लिए आदिवासियों को विस्थापित किया जाता है। नए–कानून बनाकर जंगलों को सरकारी सम्पत्ति घोषित किया जाता है और जंगल काटे जाते हैं, तो आदिवासी सवाल पूछते हैं–''जंगल के बिना हम जियेंगे कैसे? हमारी झोपड़ी, खटिया बनाने की लकड़ी और रस्सी जंगल से ही आती है, जब धन नहीं होता तो जंगली फल–कंद–मूल आदि खाकर ही तो हम पेट भरते हैं, सालकी लकड़ी और पत्तों के बिना शादी–ब्याह से लेकर कोई भी संस्कार सम्भव है क्या।''[15]

अतः कहा जा सकता है कि यह आदिवासी समाज जंगल के बिना अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता। लेकिन निर्मम सरकारी नीतियों के कारण न सिर्फ वे विस्थापित होते हैं बल्कि मजदूर बनने को विवश हो जाते हैं।

उपन्यास का युवा पात्र संगेन शिक्षित होकर अपने अधिकारों तथा समस्याओं के प्रति जागरूक होता है। वह मरंग गोंडा की धरती को बचाने के लिए आंदोलन की शुरूआत करता है। विकास के नाम पर आदिवासी समाज पर किए जा रहे शोषण पर वह सवाल उठाता है–

''किसका विकास? कैसा विकास? हमारी ये धरती लोहे के रूप में सोना उगलती है। पिफर भी हमारे लोग इतने गरीब? ऊँची पहाड़ियों पर स्थित लौह अयस्क की खदानों और मिलों से बरसात में लाल पानी बहकर वर्षों से हमारे खेतों को बर्बाद कर रहा है। प्रदूषण की वजह से इन इलाकों के लोगों की औसत आयु कितनी कम हो गयी है। उसका खामियाजा कौन देगा हमें? हमारी इस ध रती का लोहा तो निकलकर चला जाता है, देश विदेश के कल कारखानों में .... दूसरों को समृद्ध करने! हमारे लोगों को क्या मिलता है?''[16]

आदिवासी लोग अशिक्षा के कारण अंधविश्वास को ज्यादा मानते हैं। किसी भी मृत्यु या बीमारी का कारण वे भूत–प्रेत, नाराज़ देवता या डायन को मानते हैं। यूरेनियम खनन तथा उससे निकलने वाला कचरा आए दिन मरंग गोंडा के निवासियों के जीवन में जहर घोलता जा रहा है। अशिक्षित तथा अंधविश्वासी मरंगगोंडा वासी इस खतरे से अनजान है। अपने जीवनयापन के लिए वे इन खतरनाक फैक्ट्रियों में काम करने के लिए मजबूर है। एक–एक करके संगेन के दादा, पिता, भाई ऐसे ही अंजान बीमारी के कारण गुज़र गए। लेकिन आदिवासी मौत का कारण भूत–प्रेत या डायन को मानते रहे। संगेन की माँ भी उसकी ताई पर डायन होने का संदेह जाहिर कर उसे सतर्क रहने को कहती है–

''शुभ शुभ बोल बेटा। उसका कोई भरोसा नहीं। भात या डियंग के साथ मिलाकर भी वह कुछ खिला सकती है। दूर से मंत्र फूंक कर भी नाजोम कर सकती है। आदमी तो आदमी, जानवरों और पेड़ पौधें को भी नहीं ब ख्श रही है वह। तू चाइबासा चला जा बेटा। यहां रहेगा तो पता नहीं कब उसका दिमाग पिफर जाए और तुझे भी कुछ कर दे।''[17]

परंतु शिक्षित होने के कारण संगेन इन बातों को नहीं मानता। वह बीमारी के फैलने का कारण 'यूरेनियम' के विरूद्ध अपनी आवाज उठाता है। इस आवाज़ में उसका साथ 'आदित्यश्री' देते हैं। आदित्य श्री यूरेनियम विकिरण से होने वाली त्रासदी पर फिल्म बनाते हैं। साथ ही संगेन का मोआर (मरंग गोंडा आर्गेनाइजेशन अगेंस्ट रेडियेशन) आंदोलन भी आगे बढ़ता है। ये दोनों अंतर्राष्ट्रीय यूरेनियम विरोधी आंदोलन के साथ जुड़ते हैं। संगेन की चिंता मरंग गोंडा से बाहर निकलकर पूरे विश्व तक पहुंच जाती है। उपन्यास का यह अंश द्रष्टव्य है–''कुछ साल पहले तक उनकी चिंता सिर्फ मरंग गोड़ा के लोगों के लिए थी पर आज विश्व–भर के आदिवासियों के लिए हो गयी।''[18] फर्जा

के स्त्रोतों की खोज के नाम पर प्रकृति का दोहन किया जा रहा है। गरीब देशों के संसाधनों का दुरूपयोग कर अमीर देशों की सुविधओं की पूर्ति की जा रही है। परंतु प्रकृति अपने साथ हुए खिलवाड़ का बदला लेती है। उपन्यास के इस अंश से प्रकृति के दोहन को समझा जा सकता है–

''दुनिया में उर्जा का कोई ऐसा स्रोत नहीं है, जिसके अति दोहन से प्रकृति को नुकसान ना पहुंचे, सच्चाई तो ये है कि दुनिया में कोई भी चीज सरप्लस है ही नहीं... कोयले के प्रयोग से निकलने वाला कार्बन डाई ऑक्साइड वायुमंडल को गर्म करता है। इससे ग्लेशियर पिघलने लगते हैं और तबाही होने की सम्भावना बढ़ जाती है, विंड मिल द्वारा हवा के दोहन से पक्षियों तथा कीट पतंगों के मरने की सम्भावना बढ़ जाती है जिससे प्रकृति की सारी व्यवस्था चरमरा जायेगी। जल विद्युत के लिए नदियों पर बड़े बाँध बनाने पड़ते हैं जिससे स्थानीय निवासी विस्थापित होते हैं ओर उनका परिवार उनकी संस्कृति नष्ट हो जाती है।''[19]

निष्कर्ष : अतः स्पष्ट है कि विस्थापन आदिवासियों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। प्रकृति हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति तो कर देती है परंतु लालच की नहीं। भोग–विलास के साध्नों की पूर्ति के लिए प्रकृति का दोहन मनुष्य के विनाश की शुरूआत है।

संदर्भ

1. https://en.m.wikipedia.org
2.वही
3.रणेन्द्र, ग्लोबल गाँव के देवता, भारतीय ज्ञानपीठ, पृ. 37
4.वीरेंद्र यादव, उपन्यास और वर्चस्व की सत्ता, राजकमल प्रकाशन, पृ. 152
5.रणेन्द्र, ग्लोबल गाँव के देवता, भारतीय ज्ञानपीठ, पृ. 89
6.रणेन्द्र, ग्लोबल गाँव के देवता, भारतीय ज्ञानपीठ, पृ. 83
7.वही, पृ. 9
8.रणेन्द्र, ग्लोबल गाँव के देवता, भारतीय ज्ञानपीठ, पृ. 39
9.वही, पृ. 52
10.रणेन्द्र, ग्लोबल गाँव के देवता, भारतीय ज्ञानपीठ, पृ. 80
11.वही, पृ. 97
12.रणेन्द्र, ग्लोबल गाँव के देवता, भारतीय ज्ञानपीठ, पृ. 94
13.रणेन्द्र, ग्लोबल गाँव के देवता, भारतीय ज्ञानपीठ, पृ. 27
14.महुआ मांझी, मरंग गोंडा नीलकंठ हुआ, राजकमल प्रकाशन, पृ.
15.महुआ मांझी, मरंग गोंडा नीलकंठ हुआ, राजकमल प्रकाशन, पृ. 113
16.वही, पृ. 317
17.महुआ मांझी, मरंग गोंडा नीलकंठ हुआ, राजकमल प्रकाशन, पृ. 125
18.महुआ मांझी, मरंग गोंडा नीलकंठ हुआ, राजकमल प्रकाशन, पृ. 349
19.वही, पृ. 344

*****

"धर्मशास्त्रीय ग्रन्थों में प्रतिपादित ब्रह्मचर्य आश्रम: वर्तमान परिप्रेक्ष्य"

-आलोक कुमार झा
शोधार्थी,
संस्कृत एवं प्राच्य विद्याध्ययन संस्थान
जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय , नई दिल्ली
ईमेल- alokjhajnu@gamil.com

धर्मशास्त्र प्राचीन भारतीय न्याय और नैतिकता के महत्वपूर्ण ग्रंथों का समूह है। ये ग्रंथ धार्मिक, सामाजिक, और विधिक नियमों को प्रतिस्थापित करते हैं। धर्मशास्त्रों में मुख्यतः स्मृति ग्रन्थ मनुस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति, और नारद स्मृति जैसे ग्रंथ सम्मिलित हैं। इनमें जीवन के विभिन्न पक्षों,यथा धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष के सिद्धांतों का विस्तृत वर्णन है। ये ग्रंथ न केवल धार्मिक आदर्शों को प्रस्तुत करते हैं, बल्कि समाज के लिए भी मार्गदर्शक भी हैं। भारतीय जीवन में चार आश्रमों का सिद्धांत चार महत्वपूर्ण चरणों का प्रतिनिधित्व करता है, जो मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझाता है। ये चार आश्रम हैं - ब्रह्मचर्य आश्रम, गृहस्थ आश्रम, वानप्रस्थ आश्रम और संन्यास आश्रम। ब्रह्मचर्य आश्रम जीवन का पहला चरण है, जो युवावस्था में होता है इसका उद्देश्य शिक्षा, ज्ञान, और आत्म-शुद्धि है। इसमें संयम, ध्यान, और वेदों के बल दिया जाता है। अध्ययन शामिल होता है। यहाँ "ब्रह्मचर्य" का अभिप्राय "ब्रह्म" अर्थात् सत्य या सर्वोच्च ज्ञान की साधना से है। यह चरण विद्यार्थी जीवन से सम्बद्ध है, जहां व्यक्ति अध्ययन, ध्यान, और साधना में लिप्त रहता है। यह आश्रम जीवन की आधारशिला रखता है और भविष्य के लिए मानसिक और आध्यात्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। धर्मशास्त्रीय ग्रन्थों में विशेषरूप से गृह्यसूत्रों में यज्ञोपवीत संस्कार के बाद ब्रह्मचर्य आश्रम में ब्रह्मचारी के कर्तव्य का उल्लेख परिलक्षित होता है। *'गोभिलसूत्र'* के अनुसार आचार्य द्वारा ब्रह्मचारी को नम्र रहने के लिए अभिवादन का विधान है।[1] तदनुसार आचार्य लड़के को देखकर 'आगन्त्रा समगन्महीं' एवं 'अग्निष्टे हस्तमग्रहीत' मन्त्र ब्राह्मण के इन दो मन्त्रों का जाप करें।[2] तथा 'ब्रह्मचर्यमागाम्' इस मन्त्र को बोलकर बालक से पढ़वाये एवं 'को नामासि' इस वाक्य से बालक से पढ़वाये एवं 'को नामासि' इस वाक्य से बालक का नाम पूछना चाहिए कि तेरा क्या नाम है? तब बालक को उत्तर देना चाहिए कि मैं अमुक् नाम वाला हूँ। तदनन्तर आचार्य स्वयं अभिवादन-समय में द्वितीय जन्म सूचक एक नवीन नाम की कल्पना करते हुए बालक से 'मैं अमुक नाम वाला गुरु तुम्हारा अभिवादन करता हूँ'[3] यह वाक्य बोले और 'देवस्य ते' आदि यजुर्वेद के मन्त्र का जाप करते हुए उसे अपने दाहिने हाथ से बालक के अंगुष्ठ सहित दाहिने हाथ को ग्रहण करना चाहिए ।[4] गोभिलसूत्र के अनुसार वह नाम देवताश्रित, नक्षत्राश्रित एवं गोत्राश्रित होना चाहिए।[5] तत्पश्चात् ब्रह्मचारी के परिदान किये जाने का नियम प्राप्त होता है । *'शाङ्खायनगृह्यसूत्र'* के अनुसार शिष्य का हाथ पकड़ते हुए आचार्य कहता है कि भगवान् भग, सविता, पूषा और अर्यमा ने तेरा हाथ ग्रहण किया है। तुम मित्र रूप हो और आज से अग्नि तुम्हारा आचार्य है ।[6] यह और मैं दोनों ही हे अग्ने !तुम्हारे इस ब्रह्मचारी का परिदान करता हूँ। आचार्य पुनः कहता है कि हे विश्वे देवा !आपसे इस ब्रह्मचारी को दीर्घायुष्य के लिए, सुन्दर प्रजात्व के लिए, रायस्पोष के लिए, सम्पूर्ण वेदों के आधिपत्य के लिए एवं स्वस्ति के लिए परिदान करता हूँ।[7] तदनन्तर आश्वलायन, पारस्कर एवं संस्कार-विधि के अनुसार आचार्य शिष्य के प्रति यह कहता है कि मैं अपने हृदय में तुम्हारे हृदय को धारण करता हूँ। तेरा चित्त मेरे चित्त का अनुकरण करें। एकाग्र मन से मेरे वचनों का पालन करो। यहाँ ऐसा भी विधान है कि 'बृहस्पति ने तुझको मेरे लिए नियुक्त किया है, इससे सम्बद्ध मन्त्र बोलकर आचार्य को एक-दूसरे के हृदय का स्पर्श करना चाहिए।[8] परिदान आदि हो जाने के पश्चात् आचार्य वटु को सावित्री का वाचन करवाता है । सावित्री मन्त्र का वाचन एवं पाठन

ब्रह्मचारी के लिए शिक्षा प्राप्ति में प्रवेश कराना तो है ही, इसके साथ ब्रह्मचारी के द्वितीय जन्म की प्राप्ति भी मानी गयी है । एतदर्थ 'गोभिलगृह्यसूत्र' में ऐसा नियम है कि बालक गुरु के निकट हाथ जोड़, नम्रतापूर्वक प्रार्थना करे कि 'गुरो! मुझे वेद पढ़ावें एवं सावित्री उपदेश करें ।'[9] तदनन्तर बालक द्वारा वेदाध्ययन एवम् उसका आरम्भ सूचक सावित्री मन्त्र हेतु प्रथम उपदेश प्रार्थित होने पर आचार्य द्वारा ब्रह्मचारी को सर्वप्रथम 'भूः, भुवः और स्वः इन तीन महाव्याहृतियों को अलग-अलग ओंकार पूर्वक अभ्यास करवाना चाहिए । पुनः एक साथ उच्चारण करवाना चाहिए।[10] तत्पश्चात् सावित्री मन्त्र का एक-एक चरण, यथा - 'तत्सवितुर्वरेण्यम्' पुनः आधी ऋचा, यथा ' -तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि' अन्ततः सम्पूर्ण ऋचा बोलकर, यथा ' -तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्[11] इस विधि से अभ्यास करना चाहिए।

'पारस्कर-गृह्यसूत्र' के अनुसार कतिपय आचार्यों की मान्यता है कि अग्नि के दक्षिण की ओर खड़े हुए या बैठे हुए माणवक के लिए सावित्री का उपदेश करना चाहिए। एक चरण, अर्ध ऋचा एवं पूर्ण ऋचा का अनुवर्तन कराते हुए उपदेश करना चाहिए।[12] तत्पश्चात् सूत्रकार का यह विधान है कि ब्राह्मण के लिए गायत्री छन्द, क्षत्रिय के लिए त्रिष्टुप् एवं वैश्य को जगती ऋचा का उपदेश करना चाहिए।[13] 'मनुस्मृति' में मनु का ऐसा मत है कि सावित्री के तीनों चरणों को चरण-चरण करके सम्पूर्ण ऋचा का उपदेश करना चाहिए [14] तथा ओंकार पूर्वक महाव्याहृति सहित प्रत्येक अक्षर का जाप करना चाहिए।[15] *'शाङ्खायनगृह्यसूत्र'* में भी इसी विधि का संकेत प्राप्त होता है। तदनुसार आचार्य ओंकार का प्रयोग करते हुए वटु से सावित्री मन्त्र बंचवाता है और कहता है -भो वटु !सावित्री को पीछे बोलो' । इसके अनन्तर वटु 'तत्सवितुर्वरेण्यम्' मन्त्र का उच्चारण करता है। इस प्रकार वटु से गुरु पादशः, अर्द्धशः एवं सम्पूर्ण ऋचा का अनुवाचन करवाता है।[16] 'कौशिकसूत्र' में भी यही विधान प्राप्त होता है कि वटु से पहले पादशः पुनः अर्द्धर्चशः तदनन्तर संहिता रूपेण अनुवाचन करवाना चाहिए।[17] एवमेव आश्वलायन, आपस्तम्ब एवं बौधायनगृह्यसूत्र में भी इसी प्रकार का विधान मिलता है।

गुरु के पास विद्यार्जन हेतु वास करते समय वटुक को भिक्षाटन भी करना पड़ता था जैसा कि *'पारस्कर-गृह्यसूत्र'* से ज्ञात होता है कि ब्रह्मचारी को भिक्षावृत्ति का पालन करना चाहिए। भिक्षा में प्राप्त सामग्री को लाकर गुरु को सौंपना चाहिए। एतदर्थ सूत्रकार का मन्तव्य है कि माणवक को सर्वप्रथम माता से भिक्षा माँगनी चाहिए। जिसके निमित्त ब्राह्मण वटु को 'भवत्' शब्द का प्रयोग पूर्व में करते हुए 'भवति भिक्षां देहि' वाक्य से सम्बोधन करना चाहिए। क्षत्रिय ब्रह्मचारी 'भवत्' शब्द का प्रयोग मध्य में कर 'भिक्षां भवति देहि' वाक्य बोलना चाहिए एवं वैश्य बालक 'भवत्' शब्द को अन्त में रखे तथा 'भिक्षां देहि भवति' वाक्य बोलकर भिक्षा माँगनी चाहिए।[18] 'शांखायन-गृह्यसूत्र' से भी स्पष्ट होता है कि ब्रह्मचारी सर्वप्रथम माता से भिक्षा-याचन करें और माता को अवश्य ही वटु के लिए भिक्षा देनी चाहिए। ब्रह्मचारी को प्राप्त भिक्षा गुरु जी की सेवा में निवेदन करना चाहिए तथा आचार्य की अनुज्ञा प्राप्त करके ही भिक्षा को खाना चाहिए।[19] 'गोभिलगृह्यसूत्र' में भी यही विधान प्राप्त होता है। तदनुसार उपनयन होने पर बालक को भिक्षा-चरण करना चाहिए। एतदर्थ वटु को सर्वप्रथम माता से भिक्षा माँगनी चाहिए। तब माता के दो सुहृद् के पास से या उस स्थान में जितनी स्त्रियाँ, उपस्थित हों, उनमें माता से आरम्भ करके सभी से भिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।[20] *' कौशिकसूत्र'* में भी ऐसा ही विधान है कि 'भवति' भिक्षां देहि' यह वाक्य ब्राह्मण वटु को बोलना चाहिए, 'भिक्षां' भवति ददातु' क्षत्रिय वटु एवं 'देहि भिक्षां भवति' यह वाक्य वैश्य वटु को बोलकर भिक्षा याचन करना चाहिए।[21] सूत्रकार द्वारा यहाँ भी संकेत किया गया है कि ब्राह्मण ब्रह्मचारी को सप्त कुल, क्षत्रिय वटु को तीन कुल एवं वैश्य वटु को दो कुल से भिक्षा माँगनी चाहिए। *'पारस्करगृह्यसूत्र'* के अनुसार आचार्य को ब्रह्मा का वरण कर आज्यभाग की चतुर्दश आहुतियाँ देकर माणवक को अनुशासित करना चाहिए । अनुशासनार्थ सात प्रैष्य वाक्य द्वारा आचार्य शिष्य को जो शिष्टाचार सिखाता है, तदनुसार शिष्य को उसका पालन करना चाहिए। यथा आचार्य कहता है कि 'ब्रह्मचार्यासि' माणवक उत्तर देता है कि

'असानि' पुनः 'अपोशान' अर्थात् भोजन के पूर्व एवं पश्चात् जल पियो। माणवक उत्तर देता है कि 'अश्नानि' । पुनः आचार्य कहता है कि 'कर्मकुरु' अर्थात् शास्त्रोक्त वर्णाश्रम विहित कर्मों को नियत होकर करना। वटु उत्तर देता है कि 'करवाणि' । पुनः आचार्य ब्रह्मचारी को उपदेश करते हुए कहता है कि 'मा दिवा सुषुप्था' अर्थात् दिन में शयन कदापि न करना । माणवक उत्तर देकर कहता है कि 'वाचं यच्छ' वाणी का संयम करना । वटु अनुपालनार्थ उत्तर देता है कि 'यच्छानि' संयम रखूँगा । आचार्य बोलता है कि 'सामिधमाधेहि' अर्थात् 'अग्नि में समिदाधान करना चाहिए। तो वटु को 'आदधानि' आधान करता हूँ बोलना चाहिए। अन्त में आचार्य को 'अपोशान' आचमन करो वाक्य बोलना चाहिए । तदनन्तर शिष्य को कहना चाहिए कि आचमन करता हूँ महोदय [22] ! इस प्रकार आचार्य शिष्य को अनुशासन एवं शिष्टाचार दोनों की शिक्षा देता है। *'शांखायनगृह्यसूत्र'* में भी इसी प्रकार विधि एवं गुरुपदेश का उल्लेख किया गया है कि आज से तुम ब्रह्मचारी हो, समिधा को धारण करो, अपोशान कर्म करो दिन के समय शयन मत करो । समिधादान से लेकर वाणी संयम करो ।[23] *'गोभिल-गृह्यसूत्र'* में भी इसी अनुशासन रूपी शिक्षा का उल्लेख मिलता है, जिसमें आचार्य बालक से बताता है कि "तुम आज से इस नाम से प्रसिद्ध ब्रह्मचारी बन गए हो । प्रतिदिन सायं-प्रातः अग्नि में समिदाधान करना और शौचाचार एवं आचमनादि से रहना तथा दिन में नहीं सोना आदि ।[24] 'कौशिकसूत्र' के अनुसार भी आचार्य द्वारा शिष्य को इन्हीं नियमों एवं मूल्यों से अनुशासित किया गया है ।[25] गुरु की सेवा दैव सेवा मानी जाती है, क्योंकि वैदिक परम्परा में गुरु ही व्यक्ति को द्विज बनाता है । शिक्षा एवं विद्यार्जन से व्यक्ति का सर्वाङ्गीण विकास होता है । इसीलिए 'पारस्करगृह्यसूत्र' में ब्रह्मचारी को नियतरूपेण भिक्षाचरण करने की तथा दिन के शेष भाग में वाणी पर संयम रख कर मौन रहने एवं प्रतिदिन जंगल में जाने एवं स्वयं सूखकर नीचे पड़ी हुई समिधा को लाकर अग्नि में आधान करने का उपदेश दिया गया है ।[26] वहाँ यह भी बताया गया है कि ब्रह्मचारी यदि शयन कर रहा है, तो आचार्य के बुलाए जाने पर वटु को बैठकर अनुपालनार्थ उत्तर देना चाहिए । आचार्य बैठे हुए हैं, तो वटु खड़े हो जाएं और आचार्य यदि अभिक्रमण करते हुए पुकारे तो बालक को दौड़कर उत्तर देना चाहिए । पारस्कर के अनुसार इस प्रकार गुरु शुश्रूषारत, एवंविध व्यवहार करता हुआ स्नातक सुख और यश को प्राप्त करता है ।[27] निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि सूत्र साहित्य में प्रतिपादित ब्रह्मचारी सर्वथा ब्रह्म में लीन रहते थे। अनुशासन और परम्परा का ज्ञान ब्रह्मचारी के लिए आवश्यक था। ब्रह्मचर्य आश्रम वर्तमान संदर्भ में भी अत्यन्त उपादेय हैं, जो इसे आज के समाज में भी महत्वपूर्ण बनाती हैं। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। ब्रह्मचर्य आश्रम का सिद्धांत युवा पीढ़ी को न केवल शैक्षिक ज्ञान, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा की भी भी प्रेरणा देता है। आधुनिक जीवन में तेजी से बढ़ते प्रभावों के बीच संयम और अनुशासन बनाए रखना कठिन हो सकता है। ब्रह्मचर्य का सिद्धांत युवाओं को आत्म-नियंत्रण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए ध्यान और साधना का महत्व बढ़ गया है। ब्रह्मचर्य आश्रम के अंतर्गत ये अभ्यास मानसिक शांति और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। आजकल बहुत से लोग आध्यात्मिकता की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ब्रह्मचर्य आश्रम के माध्यम से साधना और ध्यान के माध्यम से आत्मा की खोज का मार्ग प्रशस्त होता है। यह आश्रम युवाओं को स्वस्थ और सकारात्मक रिश्ते बनाने के लिए भी प्रेरित करता है, जिससे वे अपने परिवार और समाज में बेहतर योगदान कर सकें।

इन सभी पक्षों द्वारा ब्रह्मचर्य आश्रम की प्रासंगिकता आज भी जीवंत है, और यह युवाओं को एक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है।

सन्दर्भ सूची

1.आश्वालायन गृह्यसूत्र,*पाठक,जमुना*,वाराणसी: चौखम्बा संस्कृत अकादमी,२०११
2.*संस्कारप्रकाश*, गीताप्रेस,गोरखपुर: २०२१
3.महर्षिदयानन्दप्रणीत*संस्कारप्रकाश*,सम्पादक,विद्यालङ्कार,रामगोपाल. कलकत्ता:गोविन्दराम हासानन्द वैदिक प्रेस,२०००
4.*मनुस्मृति*, रामेश्वरकृत भाषा टीका सहित, निर्णय सागर प्रेस, बम्बई,

१९२९
5.*धर्मशास्त्र का इतिहास*,पी.वी.काणे, अनुवादक-अर्जुन चौबे काश्यप:लखनऊ,तृतीय सस्करण-१९८०
6.*संस्कृत साहित्य का इतिहास*, बलदेवउपाध्याय:वाराणसी, शारदानिकेतन, १९८५
7.कौषीतकिगृह्यसूत्रम्,सम्पादक-पाठक,जमुना,वाराणसी:चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस,२००५
8.*पारस्करगृह्यसूत्रम्*,(कर्कोपाध्याय-जयरामाचार्य-हरिहराचार्य-गदाधरदीक्षित-विश्वनाथप्रणीतभाष्यपञ्चकविभूषितम्), मुम्बई:क्षेमराज श्री कृष्णदास,१९८६
9..*वैदिक साहित्य और संस्कृति* ,द्विवेदी,कपिलदेव,वाराणसी:विश्वविद्यालय प्रकाशन,२०१०

1. गो०गृ०सू०, 2.10.20: प्रेक्षमाणोजपत्यागन्त्रा समगन्महीति।
2. शां०गृ०सू०, 2.2.14, म० ब्रा०, 1.6.14-15: आगन्त्रा समगन्महि प्रसुमर्त्यं युयोतन अरिष्टाः सञ्चरेमहि स्वस्ति चरतादयम्।
अनिष्टे हस्तमग्रहीत सविता हस्तमग्रहीत, अर्यमा हस्तम्अग्रहीत् मित्ररुचमसि कर्मणा।
3. म०ब्रा०, 1.6.16: ब्रह्मचर्यगामुपमानयस्व, को नामासि ! असौ नामासि
4. गो०गृ०सू०, 2.10.23: अभिवादनीयं नाम धेयं कल्पयित्वा अञ्जलिमाचार्यो दक्षिणेन पाणिना दक्षिणं पाणिं साङ्गुष्ठ गृह्णाति।
यजु०, 38.1: देवस्य ते सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यां हस्तं गृहणाम्यसौ।
5. गो०गृ०सू०, 2.10.23: देवताश्रयं वा नक्षत्राश्रयं वा गोत्राश्रयमप्येक उत्सृज्यापाम्।
6. शां०गृ०सू०, 2.3.1: भगस्ते हस्तमग्रभीत् सविता हस्तमग्रभीत् पूषा ते हस्तम् अग्रभीदर्यमा हस्तमग्रभीत्। मित्रस्त्वमसि धर्मणाऽग्नराचार्यस्तव।
7. वही, 2.3.1: असावहं चोभौ अग्न एतं ते ब्रह्मचारिणं परिददामि।
विश्वेदेवा एतं वो ब्रह्मचारिणं परिददामि दीर्घायुत्वाय, सुप्रजास्त्वाय सुवीराय गायस्पोषाय सर्वेषां वेदानामधिक्याय सुश्लोकाय स्वस्तये।
8. वही, 2.4.1: आ०गृ०सू०, 2.21.7, पा०गृ०सू० 2.4.6, सं०वि०पृ० 76
ओं ममव्रते ते हृदयं दधामि मम चित्तमनुचित्तं ते अस्तु।
मम वाचमेकमना जुषस्व बृहस्पतिष्ट्वा नियुनक्तु मह्यम् त्र्
9. गो०गृ०सू०, 2.10.38: अथोपसीदत्य धीहि भो ! सावित्रीं मे भवाननु ब्रवीत्विति।
10. वही, 2.10.39: महाव्याहृतीश्च विहृता ओंकारान्ताः
तस्मा अन्वाह पच्छोऽर्द्धर्चश ऋक्शइति।
11. यजु०, 36.3: भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।
12. पा०गृ०सू०, 2.3.3: अथस्मै सावित्रीमन्वाहोत्तरतोऽग्नेः
प्रत्यङ्मुखायोपविष्टायोपसन्नाय समीक्षमाणाय समीक्षिताय।
13. वही, 2.3.6-9: गायत्रीं ब्राह्मणाय, त्रिष्टुभं राजन्यस्य, जगती वैश्यस्य।
यजु०, 9.1: त्रिष्टुप्: देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसुव यज्ञपतिं भगाय दिव्यो गन्धर्वः केल्पूः केतन्नः पुनातु वाचस्पति र्वाचं न स्वदतु स्वाहा।
वही, 12.3: जगती: विश्वारूपाणि प्रतिमु×चते कविः प्रासावीद् भद्रं द्विपदे चतुष्पदे। विनाकमख्यत्सविता वरेण्योऽनुप्रयाणमुषसो विराजति।
14. म० स्मृ०, 2.77: त्रिभ्य एव तु वेदेभ्यः पादं पादमदूहुहत्
तदित्यृचोऽस्याः सावित्र्याः परमेष्ठी प्रजापतिः
15. वही, 2.78: एतदक्षरमेतां च जपन्व्याहृति पूर्विकाम्।
16. शां०गृ०सू०, 2.5.11-12: आचार्य ऊँकारं प्रयुज्याथेतरं वाचयति सावित्र भो अनुब्रू हीति। अथस्मै सावित्रीमन्वाह तत्सवितुर्वरेण्यमिति एतां पच्छोऽर्द्धर्चशोऽनवानम्।
17. कौ० सू० सू० 1.22.14, आप० 4.11.8-10: तस्मा अन्वाह तत्सवितुरिति, पच्छोऽर्धर्चशस्ततस्सर्वाम् तथार्धर्चयोरुत्तमाम्।
बौध०गृ०सू० 2.5.39-40: सावित्रीं भो अनुब्रूहि इति तस्मा अन्वाहोमिति प्रतिपद्यते तत्सवितुर्वरेण्यम इत्येतां पच्छोऽर्धर्चशः
ततस्समस्तां व्याहृतीर्विहृताःपादादिष्वन्तेषु वा तथाऽर्धर्चयोरुत्तमां कृत्स्नायामिति।
18. पा०गृ०सू०, 2.5.2-7: भवत्पूर्वां ब्राह्मणो भिक्षेत। भवन्तमध्यां राजन्यः भवदन्त्यां वैश्यः, मातरं प्रथमामेके।
19. शां०गृ०सू०, 2.6.5-7: मातरं त्वेव प्रथमाम् या वैनं न प्रत्याचक्षीत् आचार्याय भैक्ष्यं निवेदयित्वाऽनुज्ञातो गुरुणा भुग्जीत।
20. गो०गृ०सू०, 2.410.42-44: अथ भैक्षं चरति मातरमेवाग्रे द्वे चान्ये सुद्धौ यावत्वो वा सन्निहिताः स्युराचार्याय भैक्षं निवेदयति।
21. कौ० सू०, 7.8.14-16: भवती भिक्षां देहीति, ब्राह्मणश्चरेत्।
भिक्षां भवती ददात्विति क्षत्रियः देहि भिक्षां भवती इति वैश्यः।
22. पा०गृ०सू०, 2.3.2: अन्वारब्ध आज्याहुति र्हुत्वा प्राशनान्ते अथैनं सं शास्ति ब्रह्मचार्यस्यपोशान कर्म कुरु मा दिवा सुषुप्था वाचं यच्छ समिधमाधेह्यपोशानेति।
23. शां०गृ०सू०, 2.4.5: ब्रह्मचार्यसि समिधमाधेहि, अपोशान कर्म कुरु, मा दिवा सुषुप्थाः वाचं यच्छआ समिदाधानात्।
24. गो० गृ०सू०, 2.10.33-34: ब्रह्मचार्यस्यसविति समिधमाधेह्यपोशान कर्मकुरु।
25. कौ०सू०, 7.7.12: अथैनं संशास्त्यग्रेश्चासि ब्रह्मचारीनाम् चापोशान कर्मकुरुर्ध्व स्तिष्ठन्मा दिवा स्वाप्सीः समिध आधेहि।
26. पा०गृ०सू०, 2.5.8-9: आचार्याय भैक्षं निवेदयित्वा, वाग्यतोऽहः शेषं तिष्ठेदित्येके। अहिंसन्नरण्यात्समिधं आहृत्य तस्मिन्नग्नौ पूर्ववदाधाय वाचं विसृजते।
27. पा०गृ०सू०, 2.5.30-31: शयानं चेदासीनं चेत्तिष्ठंस्तिष्ठन्तं चोदभिक्रामन्नभिक्रामन्तं चेदभिधावत। स एवं वर्तमानो तस्य स्नातकस्य कीर्तिर्भवति

*****

हरिशंकर परसाई के व्यंग्य और स्वातंत्र्योत्तर राजनीति

-अजय कुमार यादव
सहायक प्राध्यापक
सत्यवती महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय

हरिशंकर परसाई एक प्रतिभा संपन्न रचनाकार हैं। आज़ादी के बाद का विस्तृत राजनीतिक घटनाक्रम उनके साहित्य में समाविष्ट है। स्वातंत्र्योत्तर राजनीति को जानने और समझने के लिए परसाई का साहित्य एक प्राथमिक स्रोत है।

आज़ादी के बाद राजनीति में तेजी से बदलाव आया। स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान जो मूल्य और मान्यताएं थीं, स्वतंत्रता के उपरान्त तेजी से गायब होने लगीं। त्याग और सेवा के स्थान पर राजनीति अब सत्ता प्राप्ति का साधन बन गई। उसमें भाई-भतीजावाद, अवसरवाद और भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया। अब तक जो नेता लोगों के आदर्श और त्याग की प्रतिमूर्ति थे, सत्ता की अंधी दौड़ में उनका चारित्रिक पतन होने लगा और जनता की नजरों में उनका महत्व घटने लगा। राजनीति अपने सिद्धांतों और विचारों से हट गई। आज़ादी के बाद राजनीति के इस चारित्रिक पतन को लक्षित करते हुए हरिशंकर परसाई ने लिखा है, "सिद्धान्त, नैतिकता, मूल्य, ईमान सब इस राजनीति से गायब हो चुके। राजनैतिक संस्कृति सड़ चुकी। किसी छोटे से बड़े नेता तक को आज ईमानदार और सिद्धान्तवादी कहने में खतरा है। सुननेवाला गुस्से से चाँटा मार देगा। किसी को विश्वास नहीं है।"[1] स्वतंत्रता के बाद जिस तरह राजनीति से सिद्धान्त और मूल्य गायब होने लगे उससे लोगों का नेताओं पर से विश्वास उठने लगा और राजनीति विकलांग हो गई। चुनाव नीतियों और कार्यक्रमों पर आधारित न होकर छल-कपट और जोड़-तोड़ से जीते जाने लगे। 'विकलांग राजनीति' और 'भेड़ें और भेड़िये' में परसाई जी ने इस पर व्यंग्य किया है। 'विकलांग राजनीति' में उन्होंने उन लोगों पर व्यंग्य किया है जिनके पास चुनाव लड़ने के लिए वास्तविक मुद्दे नहीं होते हैं और वे जनता को झूठी बातों द्वारा गुमराह करके चुनाव जीतना चाहते हैं। अपनी टूटी टाँग के रूपक के माध्यम से उन्होंने लिखा है, "नहीं, टाँग टूटने से उसका अलग व्यक्तित्व हो गया है। बल्कि टूटी टाँग ने राष्ट्रीय जीवन में आपको महत्वपूर्ण बना दिया है। हमें अनुमति दीजिए कि हम प्रचार कर दें कि कांग्रेसियों ने आपकी टाँग तोड़ दी।"[2]

'कबिरा खड़ा बाजार में', 'यह माजरा क्या है?', 'सुनो भाई साधो' और 'अरस्तू की चिट्ठी' जैसे कालमों में हरिशंकर परसाई ने राजनीतिक विसंगतियों पर तीखा व्यंग्य लिखा है। स्वतंत्रता के बाद की राजनीति का स्वरूप, संसद और सरकार की कार्यप्रणाली, सत्तापक्ष और विपक्ष की भूमिका, जय प्रकाश नारायण की क्रान्ति और इंदिरा गाँधी द्वारा आपातकाल का लगाया जाना आदि सभी महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की आलोचना का दायरा इनकी रचनाओं में है। राजनेताओं के सत्तालोलुप चरित्र, अवसरवादिता और राजनीतिक मूल्यहीनता की आलोचना करके परसाई जी ने जनता को जागरूक बनाने का कार्य किया है। आज़ादी के बाद पार्टियों के सिद्धान्तों और व्यवहारों में तथा नेताओं के कथनी और करनी में बढ़ते भेद पर व्यंग्य करके उन्होंने राजनीतिक विसंगतियों को उद्घाटित किया है। नेहरू के बाद देश में आये राजनीतिक अस्थिरता के परिणामस्वरूप सत्ता के लिए जोड़-तोड़ की राजनीति का तेजी से विकास हुआ। दलबदल और विधायकों तथा सांसदों की खरीद-फरोख़्त ने राजनीति को एक व्यावसायिक मंडी बना दिया। हरिशंकर परसाई ने इस प्रवृत्ति पर जमकर प्रहार किया है।

आज़ादी के बाद देश में जनतंत्र की स्थापना हुई जिसमें संसद का महत्त्व है। संसद देश के लिए कानून का निर्माण करती है तथा वह देश की सबसे बड़ी पंचायत है। परन्तु संसद और सांसदों का रवैया जनता के प्रति कई दृष्टि से गैर-जिम्मेदाराना है। हरिशंकर परसाई ने संसद के इस रवैये पर व्यंग्य किया है। जब देश की जनता अकाल से पीड़ित है तब संसद का समय बेकार की बहसों में चला जाता है। जनता की वास्तविक समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। 'संसद में मुंडन', 'संसद और मंत्री की मूँछ' आदि व्यंग्य-निबंधों में इसे देखा जा सकता है। संसद का बहुमूल्य समय केवल इस बात पर बहस में चला जाता है कि अमुक सदस्य ने मुंडन कराया है या नहीं, मंत्री ने मूँछ क्यों मुड़ाई है। हरिशंकर परसाई ने सरकार की कार्यप्रणाली की विसंगतियों को भी उद्घाटित किया है। सरकार

समस्याओं के समाधान का प्रयास नहीं करती है बल्कि उस पर जाँच कमीशन या कमेटी बैठा कर उसे टाल देती है। यह सरकार की अकर्मण्यता को दर्शाता है। सरकार अपनी अकर्मण्यता और विफलता को छिपाने के लिए कमेटियों और जाँच कमीशनों का सहारा लेती है। छोटी-से-छोटी बात पर एक कमेटी बैठा दी जाती है। जो सालों तक जाँच करती है और नतीजा सिफर होता है।

रोजाना इतने आयोगों और कमेटियों का गठन होता है कि उनकी वास्तविक संख्या जानने के अलग से उन पर आयोग के गठन की आवश्यकता होती है। 'जाँच कमीशन : सरकार का कुल्ला' और 'कमेटियों पर कयामत' में परसाई जी ने कमेटियों और कमीशनों की वास्तविकता को उद्घाटित किया है। "इस रफ्तार से कमीशन बैठ रहे हैं कि अब मुझे डर लगने लगा है। किसी दिन यह दुर्घटना घट सकती है कि मेरे बारे में कोई जाँच कमीशन बैठ जाये, या मैं ही किसी कमीशन का सदस्य नामजद कर दिया जाऊँ।"[3] हरिशंकर परसाई ने जाँच कमीशनों को सरकार का कुल्ला कहा है, "सरकार इस तरह कमीशन बिठाती है, जैसे हम कुल्ला करते हैं। जाँच कमीशन सरकार का कुल्ला ही है। मुँह साफ करने के लिए कुल्ला कर लिया, और नकली दाँतों का सेट लगा लिया।"[4] वास्तव में सरकार के लिए कमेटी और जाँच कमीशन एक सुरक्षा कवच की तरह कार्य करता है। "कमेटी वह दीवार है, जिसके पीछे सरकार छिप जाती है। इधर से पत्थर फेंके जा रहे हैं, मगर कमेटी की दीवार से टकराकर वे गिर रहे हैं।"[5] सरकार जनता की आवाज को चुप कराने के लिए जाँच कमीशनों का गठन कर देती है। "सरकार को कोई समस्या हल करनी नहीं है। उसके वश की बात नहीं है। जब समस्या हल न करनी हो, या वह हल न होती हो, तो कमीशन बिठा दो। भूखा रोटी माँगता हो तो उससे कहो-मुँह खोल। वह मुँह खोले तो उसमें कमीशन डाल दो-ले, जिन्दगी-भर जुगाली करता रह।"[6] मंत्री के मुण्डन जैसे निरर्थक विषय पर संसद सदस्य अनावश्यक बहस करते हैं और सरकार उस पर जाँच कराने का आदेश देती है। मुंडन विवाद पर मंत्री सदन में वक्तव्य देते हैं, "अध्यक्ष महोदय! सदन में यह प्रश्न उठाया गया कि मेरा मुण्डन हुआ है या नहीं। यदि हुआ है, तो वह किसने किया है। ये प्रश्न बहुत जटिल हैं। और इस पर सरकार जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं दे सकती। मैं नहीं कह सकता कि मेरा मुण्डन हुआ है या नहीं। जब तक पूरी जाँच न हो जाये, सरकार इस संबंध में कुछ नहीं कर सकती। हमारी सरकार तीन व्यक्तियों की एक जाँच समिति नियुक्त करती है, जो इस बात की जाँच करेगी। जाँच समिति की रिपोर्ट मैं सदन में पेश करूँगा।"[7] वास्तव में यह संवैधानिक संस्थाओं और जनता की आस्था के साथ खतरनाक मजाक है जिस पर परसाई जी ने प्रहार किया है।

रामनिहाल गुंजन ने हरिशंकर परसाई के राजनीतिक व्यंग्यों को तीन भागों में विभाजित किया है- "हरिशंकर परसाई के राजनीतिक व्यंग्य तीन प्रकार के हैं। एक प्रकार का राजनीतिक व्यंग्य यह है, जो राजनीतिक विषयों पर लिखने के क्रम में सामने आता है। दूसरी तरह के व्यंग्य का सरोकार राजनीतिक व्यक्तियों के प्रसंग में व्यक्त विचारों से है। दोनों प्रकार व्यंग्यों की प्रस्तुति कभी-कभी तो एक ही लेख में दिखाई पड़ जाती है, किन्तु तीसरे प्रकार के व्यंग्य के जरिये परसाई ज्यादातर और अमूमन उन स्थितियों पर व्यंग्य करते देखे जाते हैं, जो भारतीय समाज की आर्थिक और सामाजिक विसंगतियों से जुड़ी हैं। इस दृष्टि से लिखे उनके राजनीतिक व्यंग्य लेखों में 'गुड़ की चाय', 'अन्न की मौत', 'पहला सफेद बाल', 'दो नाक वाले लोग', 'गेहूँ का सुख', 'हरिजनों को पीटने का यज्ञ', 'अकाल-उत्सव', 'संसद और मंत्री की मूँछ', 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र', 'महात्मा गाँधी को चिट्ठी पहुंचे', 'विकलांग श्रद्धा का दौर', 'अति क्रांतिकारी', 'लिटरेचर ने मारा मुझे' आदि विशेषतः उल्लेख्य हैं।"[8] हरिशंकर परसाई ने अपने व्यंग्यों में जनतंत्र की खामियों और उसकी विसंगतियों को उद्घाटित किया है। 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र', 'गणतंत्र का तोहफा', 'लोकतंत्र की नौटंकी' में आम जनता की वास्तविक स्थिति का उद्घाटन हुआ है। उन्होंने 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' नामक रचना में वर्तमान परिस्थिति, नेताओं में व्याप्त स्वार्थ एवं सड़ांध, नेताओं के झूठे वादों और घोषणाओं और समाजवाद की दुहाई देने वाले दलों और नेताओं की सच्चाई को उजागर किया है। भारत की अर्थनीति पर व्यंग्य करते हुए उन्होंने लिखा है- "छब्बीस जनवरी के पहले ऊपर बर्फ पड़ जाती है। शीत-लहर आती है, बादल छा जाते हैं, बूँदाबाँदी होती है और सूर्य छिप जाता है। जैसे दिल्ली की अपनी अर्थनीति नहीं है, वैसे ही अपना मौसम भी नहीं है। अर्थनीति जैसे डालर, पौण्ड, रुपया, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष या भारत सहायता क्लब से तय होती है, वैसे ही दिल्ली का मौसम कश्मीर, सिक्किम, राजस्थान आदि तय करते हैं।"[9]

हरिशंकर परसाई ने लिखा है, "स्वतंत्रता-दिवस भीगता है और गणतंत्र-दिवस ठिठुरता है। हम नहीं बजा रहे हैं, फिर भी तालियाँ बज रही हैं। मैदान में जमीन पर बैठे वे लोग बजा रहे हैं, जिनके पास हाथ गरमाने के लिए

कोट नहीं है। लगता है, गणतन्त्र ठिठुरते हुए हाथों की तालियों पर टिका है। गणतंत्र को उन्हीं हाथों की ताली मिलती है, जिनके मालिक के पास हाथ छिपाने के लिए गर्म कपड़ा नहीं है।"[10] वास्तविकता यह है कि आज भी आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा है। न लोगों को खाने के लिए पर्याप्त खाद्यान्न है और न पहनने के लिए कपड़े। ये वही लोग हैं जो गणतंत्र दिवस के अवसर पर ताली बजाते हैं क्योंकि इनके पास हाथ गर्म करने वाले कोट नहीं हैं। वस्तुतः वे ताली नहीं बजाते हैं बल्कि ठण्डक से बचने के लिए अपने हाथ को गर्म रखने का प्रयास करते हैं।

हरिशंकर परसाई प्रतिबद्ध रचनाकार हैं। उनकी प्रतिबद्धता वंचित, शोषित, पीड़ित निम्न और निम्न मध्यवर्गीय जनता के प्रति है। उनकी विचारधारा मार्क्सवादी है और वे कम्युनिस्ट पार्टी से संबद्ध थे। इसलिए उन्होंने अपने साहित्य में समाजवादी मूल्यों की स्थापना के लिए निरन्तर प्रयास किया है। उन्होंने वंचितों और शोषितों की समस्याओं- गरीबी, अकाल, भुखमरी के लिए उत्तरदायी पक्षों पर प्रहार किया है। हरिशंकर परसाई क्रान्ति के लिए व्यवस्था में बदलाव के लिए लोगों का आह्वान करते हैं। उनकी रचनाओं - 'चूहा और मैं', 'अकाल-उत्सव', 'धर्मक्षेत्रे कुरूक्षेत्रे', 'घायल वसंत', 'नाग यज्ञ', 'न्याय का दरवाजा' आदि में व्यवस्था में परिवर्तन के लिए संघर्ष का आह्वान और हिंसा का संकेत है। इस पर उनका विचार है कि जब शोषित लोग अपने अधिकारों के लिए लड़ने लगते हैं तो उनके संघर्ष को हिंसा के नाम पर दबाने का प्रयास किया जाता है। उन्हीं के शब्दों में, "'अकाल-उत्सव' जैसी और भी कहानियाँ मैंने लिखी हैं। एक कहानी 'चूहा और मैं' है। इसमें हिंसा का संकेत है। यह अजब बात है बल्कि षड्यंत्र है कि जब शोषित लोग लड़ने लगते हैं तब ही यह शोर हो जाता है कि हिंसा हो रही है। शोषक वर्ग की हिंसा सिर्फ 'लॉ एण्ड आडर प्राबलम्' कहलाती है। शासन की हिंसा संवैधानिक बन जाती है।"[11]

'अकाल-उत्सव' नामक फैंटेसी में हरिशंकर परसाई ने बार-बार पड़ने वाले अकाल और उसके परिणामस्वरूप भूख के संत्रास को व्यंजित किया है। अकाल पड़ना इतनी आम बात हो गई है कि लोग उसे उत्सव के रूप में मनाते हैं। इसमें परसाई जी ने नेताओं और जमाखोरों दोनों की मानसिकता को भी उद्घाटित किया है। नेता और जमाखोर तथा मुनाफाखोर सभी चाहते हैं कि अकाल पड़े जिसस वे अपने स्वार्थों की पूर्ति कर सकें। अकाल को मुद्दा बनाकर नेता चुनाव जीतना चाहते हैं तो जमाखोरी और कालाबाजारी के द्वारा व्यापारी अधिक से अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं। अकाल को उत्सव के रूप में मनाये जाने पर हरिशंकर परसाई लिखते हैं, "मैं देखता हूँ- भूखे बिलबिला रहे हैं। मजदूरी नहीं मिलती। मिलती है तो दाना नहीं मिलता। मिलता है तो महँगा मिलता है। महँगा मिलता है, तो उसमें न जाने क्या-क्या कचरा मिला रहता है। भूखे और अधमरे चिल्लाते हैं- रोटी नहीं तो उत्सव काहे का! उत्सव फेल हो गया है।"[12] भूखे लोगों को अधिक देर तक बरगलाकर नहीं रखा जा सकता है। अकाल उत्सव अधिक दिन तक नहीं चल सकता है क्योंकि भूख आदमी की बुनियादी आवश्यकता है। और भूखा व्यक्ति अधिक दिन तक चुप नहीं रह सकता है। धूमिल के शब्दों में, 'भूख से भागा हुआ आदमी, भाषा की ओर जायेगा/ एक भुक्खड़ जब गुस्सा करेगा, अपनी ही उंगलियां चबाएगा।' परन्तु हरिशंकर परसाई यहीं नहीं रूकते हैं। उनके अनुसार भूखा व्यक्ति सत्ता-प्रतिष्ठानों और व्यवस्था को उखाड़ फेंकेगा। वह अपनी ही उंगलियां नहीं चबाएगा बल्कि शोषकों का संहार भी करेगा। अब ये भूखे क्या खायें? भाग्य-विधाताओं और जीवन के थोक ठेकेदारों की नाक खा गये, कान खा गये, हाथ खा गये, टाँग खा गये। अब क्या खायें? अब क्या खायें? आखिर वे विधन-सभा और संसद की इमारतों के पत्थर और ईंटे काट-काटकर खाने लगे।"[13] इतना ही नहीं 'धर्मक्षेत्रे कुरूक्षेत्रे' नामक व्यंग्य में हरिशंकर परसाई पूरी संवैधानिक व्यवस्था और संविधान को चूहों से कुतरवा देते हैं। "पहले चूहे संविधान कुतरकर खा जाते हैं। फिर चूहे सरकार को खा जाते हैं, संसद को खा जाते हैं, न्यायपालिका को खा जाते हैं।"[14] 'चूहा और मैं' में उन्होंने लोगों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया है। चूहों के रूपक के माध्यम से उन्होंने लिखा है, "फिर वह कहीं से अपने एक भाई को ले आया। कहा होगा- 'चल रे, मेरे साथ उस घर में। मैंने उस रोटीवाले को तंग करके, डराके, खाना निकलवा लिया है। चल, दोनों खायेंगे। उसका बाप हमें खाने को देगा। वरना हम उसकी नींद हराम कर देंगे। हमारा हक है।'... मगर मैं सोचता हूँ- आदमी क्या चूहे से भी बदतर हो गया है? चूहा तो अपनी रोटी के हक के लिए मेरे सिर पर चढ़ जाता है, मेरी नींद हराम कर देता है? इस देश का आदमी कब चूहे की तरह आचरण करेगा?"[15] व्यवस्था चाहे किसी भी प्रकार की हो हर जगह गरीबों का शोषण होता है माँगने से कुछ नहीं मिलता, उसके लिए लड़ना पड़ता है। व्यवस्था को अपने अनुकूल बनाना पड़ता है। 'घायल वसन्त' नामक

व्यंग्य में वसन्त के माध्यम से उन्होंने व्यवस्था में बदलाव का आह्वान किया है। वसन्त अपने-आप नहीं आता बल्कि उसे लाना पड़ता है। चीजें अपने-आप नहीं बदलती हैं, उन्हें अपने अनुसार बदलना पड़ता है। "मौसम की मेहरबानी पर भरोसा करेंगे, तो शीत से निपटते-निपटते लू तंग करने लगेगी। मौसम के इन्तजार से कुछ नहीं होगा। वसन्त अपने-आप नहीं आता; उसे लाया जाता है। सहज आनेवाला तो पतझड़ होता है, वसन्त नहीं। अपने-आप तो पत्ते झड़ते हैं। नये पत्ते तो वृक्ष का प्राण-रस पीकर पैदा होते हैं। वसन्त यों नहीं आता। शीत और गरमी के बीच से जो जितना वसन्त निकाल सके, निकाल ले।"[16] इसी प्रकार 'नाग-यज्ञ' में भी परसाईजी ने व्यवस्था-परिवर्तन की बात कही है- "इस व्यवस्था की चादर फटकर तार-तार हो गयी है और रफूगर उसमें पैबन्द लगाने की कोशिश कर रहे हैं। तार-तार में कही पैबन्द लगता है। चादर ही बदलनी पड़ेगी जनाब।"[17] **गजानन माधव मुक्तिबोध** भी अपनी कविताओं में इसी तरह की चिंता व्यक्त करते हैं- "समस्या एक-मेरे सभ्य नगरों और ग्रामों में ,सभी मानव ,सुखी सुन्दर व शोषण मुक्त ,कब होंगे ?[18]

हरिशंकर परसाई भी पूँजीवादी व्यवस्था को समाप्त कर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना के लिए प्रयास करते हैं जिसमें किसी का शोषण नहीं होगा, सबको विकास का समान अवसर प्राप्त होगा।

आज़ादी के बाद राजनीति में बढ़ते हुए अवसरवाद और भ्रष्टाचार पर हरिशंकर परसाई ने सबसे अधिक व्यंग्य किया है। स्वाधीनता के उपरान्त नौकरशाही और राजनीति दोनों में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा। राजनेताओं ने स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान जो त्याग किया था, आज़ादी के बाद वे उसकी वसूली में लग गये। या तो वे कुर्सीपकड़ की दौड़ में शामिल हो गये, नहीं तो दोनों हाथों से घर भरने का अभियान शुरू कर दिया। परसाईजी इससे बहुत अधिक खिन्न थे। अतः उन्होंने ऐसे लोगों पर तीक्ष्ण व्यंग्य किया हैं। 'लंका-विजय के बाद' नामक व्यंग्य में राम और उनकी वानर सेना के पौराणिक चरित्रों के माध्यम से उन्होंने दलगत वास्तविकताओं को उद्घाटित किया है। वानर अपने घाव को दिखा-दिखाकर जनता को लूट रहे हैं और उत्पात मचा रहे हैं। उसी प्रकार हमारे नेताओं ने अपने त्याग को तमगे के रूप में पहनकर उसके माध्यम से विशेषाधिकार और सुविधाएं प्राप्त करने की जुगाड़ में लग गये। हरिशंकर परसाई ने उनकी इस प्रवृत्ति पर प्रहार किया है। 'सुदामा के चावल', 'अयोध्या में खाता बहीं', 'सड़क बन रही है', 'भोलाराम का जीव', 'भ्रष्टाचार-वितरण का कार्यक्रम', 'सदाचार की तावीज', 'भ्रष्टाचार-नियोजन आन्दोलन', 'उखड़े खम्भे' आदि व्यंग्यों में उन्होंने नौकरशाही और राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार को उद्घाटित किया है। 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर', 'रामसिंह की ट्रेनिंग' आदि में परसाईजी ने पुलिस प्रशासन की विसंगतियों और उसके शोषणकारी चरित्र का पर्दाफाश किया है।

परसाईजी ने आपातकाल के बाद की राजनीतिक अस्थिरता, दलबदल, सांसदों और विधायकों की खरीद-फरोख्त को अपने व्यंग्यों का लक्ष्य बनाया है। उस समय नेता एक दिन में तीन-तीन पार्टियाँ बदलते थे। राजनीति का कोई सिद्धान्त और मूल्य नहीं रह गया था बल्कि सत्ताप्राप्ति ही राजनीति का एकमात्र उद्देश्य बन गया था। गैर कांग्रेसी पार्टियों के पास देश के विकास के लिए कोई कार्यक्रम नहीं था, कोई विजन नहीं था। उनका एकमात्र लक्ष्य इंदिरा गाँधी को सत्ता से हटाना था। परसाई जी जानते थे केवल कांग्रेस विरोध या कि सत्ता परिवर्तन से ही देश का विकास नहीं होने वाला है। इसलिए वे गैर कांग्रेसी पार्टियों की आलोचना करते हैं जो केवल सत्ता प्राप्ति के लिए ही एक हुई थीं। 'विधायक नये बाजार में' नामक व्यंग्य में उन्होंने लोकतंत्र को विधायकों के क्रय-विक्रय के बाजार में स्थापित करने की आलोचना करते हैं। उन्होंने लिखा है, "जैसे चकले का मालिक कई रण्डियाँ रखता है, वैसे ही भजनलाल ने थोक विधायक खरीद लिए।" तथा यह खरीद बिक्री आम चीज जैसी नहीं है। आलू बिकता है तो उसके दाम आलू को नहीं दुकानदार को मिलते हैं। विधायक बिकता है तो दाम उसी के हाथ में जाते हैं।[19] 'कांग्रेसी समाजवादी', 'लोहियावादी समाजवादी' और 'प्रजावादी समाजवादी' में परसाई जी ने समाजवादियों पर व्यंग्य किया है। 'तीसरी आज़ादी का जाँच कमीशन-1', 'तीसरी आज़ादी का जाँच कमीशन-2' और 'तीसरी आज़ादी का जाँच कमीशन-3' में हरिशंकर परसाई ने आज़ादी के बाद की राजनीतिक स्थिति को विशेष ढंग से रेखांकित किया है।

हरिशंकर परसाई का व्यंग्य लोगों की राजनीतिक चेतना का विकास करता है। लोगों को राजनीतिक रूप से जागरूक बनाता है। उन्होंने अपने दौर की राजनीति का सूक्ष्म दृष्टि से निरीक्षण एवं परीक्षण किया और तत्पश्चात उस पर अपना विचार व्यक्त किया। आज़ादी के बाद की लगभग प्रत्येक राजनीतिक घटना पर उन्होंने अपनी लेखनी चलायी है। वे राजनीतिक रूप से प्रतिबद्ध थे। इसी प्रतिबद्धता के साथ उन्होंने घटनाओं का मूल्यांकन

किया है। इस क्रम में राजनीतिक अवसरवाद, भ्रष्टाचार, दलबदल, राजनीति की सिद्धांतहीनता तथा सांप्रदायिकता पर उनके व्यंग्य अत्यन्त सशक्त बन पड़े हैं। परन्तु अपने युग की राजनीति के अंतर्विरोधों को पकड़ने में कहीं न कहीं उनकी दृष्टि चूक गई है। इसलिए राजनीतिक परिस्थितियों और राजनेताओं के मूल्यांकन से संबंधित व्यंग्यों में एक सरलीकरण की प्रवृत्ति दिखाई देती है। यह सब होते हुए भी परसाई जी के राजनीतिक व्यंग्यों का अपना महत्व है। उसमें राजनीतिक परिदृश्य से टकराने की ताकत है और पाठकों को सचेत करने का लालित्यपूर्ण विवेक भी है।

संदर्भ

1. हरिशंकर परसाई, 'तुलसीदास चंदन घिसैं', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2001, पृ. 43
2. परसाई रचनावली-1, (सं.) मण्डल, कमलाप्रसाद, धनंजय वर्मा, श्यामसुन्दर मिश्र, मलय, श्याम कश्यप, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2005, पृ. 199
3. परसाई रचनावली-4, पृ. 32
4. परसाई रचनावली-4, पृ. 33
5. परसाई रचनावली-5, पृ. 81
6. परसाई रचनावली-4, पृ. 34
7. परसाई रचनावली-1, पृ. 396
8. कमला प्रसाद (सं.), 'युगसाक्षी', हरिशंकर परसाई', साहित्य भण्डार, इलाहाबाद, 2004, पृ. 230
9. परसाई रचनावली-3, पृ. 75
10. वही, पृ. 77
11. कमला प्रसाद (सं.), 'आँखन देखी',वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2000, पृ. 49
12. परसाई रचनावली-1, (सं.) मण्डल, कमलाप्रसाद, धनंजय वर्मा, श्यामसुन्दर मिश्र, मलय, श्याम कश्यप, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2005, पृ. 317
13. परसाई रचनावली-1, पृ. 319
14. परसाई रचनावली-4, पृ. 400
15. परसाई रचनावली-1, पृ. 161
16. परसाई रचनावली-3, पृ. 224
17. परसाई रचनावली-4, पृ. 105
18. गजानन माधव मुक्तिबोध, 'चाँद का मुंह टेढ़ा है',भारतीय ज्ञानपीठ,नई दिल्ली, पृ.155
19. हरिशंकर परसाई, 'तुलसीदास चंदन घिसैं', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली,2001, पृ.148-149

*****

हिंदी – मलयालम आदिवासी उपन्यास में स्त्री ,एक तुलना 'मौसी' और 'कोच्चेरत्ती' के संदर्भ में

-जिष्णा राघव,
शोधार्थी,
कुसाट,केरल
ईमेल :-jishna8078289150@gmail.com

भूमिका:_

आदिवासी महिलाओं में अशिक्षा बहुत है। इनमें किसी बिमारी के होने पर भूत-प्रेत का प्रकोप माना जाता है और जब तक बीमार व्यक्ति की हालत गम्भीर नहीं हो जाती, तब तक अस्पताल नहीं ले जाया जाता है। बच्चों की शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा के द्वारा इन अन्धविश्वासों को दूर किया जा सकता है। प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों को अक्षर ज्ञान का केन्द्र न बनाकर अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र बनाया जाए, जिससे आदिवासी महिलाएँ वर्तमान समय से भी परिचित हो सके और उनका शोषण गैर-आदिवासियों द्वारा न किया जा सके। दूसरे नज़र में आदिवासी नारी पर आधुनिकता का प्रभाव हो रहा है। वे सभी क्षेत्र में अपने कदम बढ़ा रही है। स्त्री का केवल स्वतन्त्र होकर निर्णय लेना या आर्थिक रूप से स्वतन्त्र हो जाना ही उनकी अस्मिता नहीं है। स्त्री अस्मिता का अर्थ है स्त्री के प्रति समाज के दृष्टिकोण और मानसिकता में बदलाव, जिसमें स्त्री का स्वयं का दृष्टिकोण भी शामिल हो।

बीज शब्द:_

आदिवासी कौन हैं,समाज में आदिवासी नारी का स्थान , मौसी और कोच्चेरत्ती में आदिवासी नारी, स्त्री संघर्ष तुलना), निषकर्ष

मुख्यांश:-

आदिवासी विमर्श के बिना आधुनिक विमर्शों की चर्चा अधूरी हैं। (आदिवासी विमर्श में आदिवासी विषय पर लिखा गया साहित्य होता है, चर्चाएं होती हैं, अन्य बात भी निहित रहते हैं। जैसे सिनेमा, डोकुमन्डरी, शोट फिल्मि आदि) वास्तव में आदिवासी उस समुदाय को कहा जाता है, जो पहाड़ व जंगल क्षेत्र के हैं। जिसकी अपनी संस्कृति, धर्म, भाषा और निजातीय पहचान होती हैं। हिंदी विश्व कोश के अनुसार "आदिवासी शब्द का प्रयोग किसी क्षेत्र के मूल निवासियों केलिए किया जाना चाहिए, परंतु संसार के विभिन्न भू भागों में जहां अलग-अलग धाराओं में अलग- अलग क्षेत्रों से आकर लोग बसे हैं। उस विशिष्ट भाग के प्राचीनतम अथवा प्राचीन निवासियों केलिए भी इन शब्द का उपयोग किया जाता है। उदाहरण इंडियन अमेरिका के आदिवासी कहे जाते हैं और प्राचीन साहित्य में दस्यु, निषेद, आदि के रूप में जिन विभिन्न प्रजातीय समूहों का उल्लेख किया जाता हैं उसके वंशज भारत में आदिवासी माने जाते हैं।" [1]

सन् 1996 में प्रकाशित रमणिका गुप्ता द्वारा लिखा गया हिंदी उपन्यास ''मौसी'' और सन् 1998 में प्रकाशित नारायण द्वारा लिखा गया मलयालम आदिवासी उपन्यास 'कोच्चेरत्ती', 'मलयरा' आदिवासी नारी के माध्यम से आदिवासी जीवन संस्कृति, संघर्ष और अन्य विसंगतियों को प्रस्तुत करते हैं। उपन्यासों के शीर्षक ही नारी प्रधान हैं, मौसी और कोच्चेरत्ती। कोच्चेरत्ती वास्तव में एक समुदाय के परंपरागत काम का सूचक शब्द है। उपन्यास की आदिवासी नारी कुञ्ञिप्पेण्णु नामक कोच्चेरत्ती कथा के केंद्र में है। दोनों उपन्यासों में आदिवासी स्त्रियाँ अपनी अस्मिता को बचाने केलिए समाज और अपने जीवन में संघर्ष करती है। मौसी में आदिवासी स्त्री अपनी अस्मिता केलिए अधिकारियों तक से लड़ जाती हैं। मौसी की कथावस्तु का सारांश कुछ इस प्रकार है; मौसी के बचपन में उनके मां बाप का देहांत हो जाता है। बाद में असहाय मौसी अपनी भाई-भाभी के पास रहने लगी। चार बच्चों वाला वह परिवार अत्यंत गरीबी था। यह जानकर अपने शादी आदि की बात मौसी ने कभी नहीं की। वे भाई के बच्चे मोहना को अपने बच्चे के समान पालने लगी। "बिना ब्याही मौसी ने सब काम अपने जिम्मे ले लिया।

वह बहोरे उठ के बस या ट्रक पकड़ के हजारीबाग झंडा चौक में

मेहनत बेचने वालों की कतार में लगा जाती है। कभी काम मिल जाता, कभी 'छूछो'[खली हाथ] लौट आती। मजदूरी भी कम मिलती। पुसायी न पड़ता। तब उसने जंगली की 'हडर' [राह] धरी.'' [2] भाई- भाभी उसकी देख भाल नहीं करते थे, इसलिए उसे खुद पैसा कमाना पड़ता था। जैसे शहर में जाकर लकड़ी भेजना, अन्य काम कर के पैसा कमाना आदि। मौसी ने अपने परिवार केलिए दिन रात बडी मेहनत कर भाई-भाभी को संभालने का प्रयास किया था। लेकिन उस परिवार केलिए मौसी का कोई महत्व नहीं था, न वे उन पर ध्यान देते थे। मौसी माधव नामक व्यक्ति के साथ जीना चाहती थी लेकिन मोहना, और उसके परिवारवाले तथा गांव वाले उन्हें मार-पीटकर रिश्ते का निषेध करते हैं। लेकिन जब उसी मौसी को भगवान सिंह ने मोल देकर खरीदा उस वक्त यही गांववाले ही उस पैसों के भोज- भात खाने में व्यस्त थे, तब किसी को बिरादरी के मान की चिंता नहीं सताई।

एक दिन शहर से काम कर लौटते वक्त बस लूट जाती है। तब मौसी को गांव जानेवाली एक ट्रक मिलती है, सलीम उस ट्रक का ड्राइवर था। रास्ते के बीच दोनों के बीच बातचीत होती है और दोस्ती भी हो जाती है। बाद में रिश्ता दोस्ती से प्यार तक चला जाता है। जब सलीम की मां का प्रसव के तुरंत बाद मृत्यु होती है तो मौसी नवजात शिशु को पूरे लाड़- प्यार से संभालती है। उसका नाम शाहजादे रखा, लेकिन बाद में सलीम और उसका परिवार षटयंत्र के माध्यम से मौसी का निकाह सलीम के बूढ़े पिता से करवा देते हैं और मौसी उसके हवस की शिकार बनती है। सलीम मौसी की जगह किसी शहरी लड़की से शादी कर घर लाता है। जिसके पश्चात मौसी को उसके विश्वासघात का एहसास होता है तथा वह निडर इससे छुटकारा पाने का प्रयास करती हुई सलीम के बीवी को शाहजादे सौंप कर कहती है कि "बैठ, ले संभाल..., शाहजादा अब तुमरे सुपुर्द है। ई घर में औते ही [आते ही] बेटा मिल जैते है जब ई जन्मले तब से हम पोसते रही इकरा – अब तू इकरा जवार कर।'' [3] मौसी वापस अपनी भाई के घर में आ कर अपना काम दुबारा से शुरू करती है। बहुत से पुरुषों से धोखा पाने के बाद वह अकेले रहना सीख जाती है।

वही 'कोच्चेरत्ती' उपन्यास की कथावस्तु कुछ इस होते है; वरिक्कमाक्कल अरयन के बच्चे हैं कुञ्जिप्पेण्णु और कुञ्जदिच्चन। कुञ्जिप्पेण्णु की शादी कोचुरामन से करा दी जाती है। कुञ्जिकुट्टन उनका संतान है। जंगल में आग लगने से उसकी मौत हो जाती है। पार्वती और शेखरन कुञ्जिप्पेण्णु और कोच्चुरामन के बच्चे हैं, व्यापारी व अन्य वन अधिकारी मलयरा जनजाति का शोषण करते थे और उन्हें नाश करने केलिए मजबूर करते थे। लेकिन मलयरन लोग यह छल समझ जाते हैं। वे समझ जाते हैं कि, शिक्षा ही सभी समस्याओं का इलाज है। वे शिक्षित होने का निर्णय लेते हैं। पार्वती को पत्भनाभवन नामक एक छात्रा से प्यार हो जाता है। पढ़ाई खत्म होने के बाद दोनों ने अपने माता- पिता से कहा कि वे शादी करना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने अनुमति नहीं दी। पार्वती और पत्भनाभवन नियमों को तोड़कर शादी कर लेते हैं। कुञ्जदिच्चन को पेट में दर्द होने लगा और मेडिकल कालेज अस्पताल में उसे ले जाया जाता है, वहां ऑपरेशन के बारे में सुनकर वे भयभीत हो जाते हैं। रात में कुञ्जदिच्चन और कुञ्जिप्पेण्णु दोनों बिना किसी को पता चले वहां से भाग जाते हैं। उपर्युक्त दोनों उपन्यासों की कथावस्तु बिलकुल भिन्न है लेकिन कभी -कभी कुछ समस्याएं और घटनाओं में समानता भी देखने मिलता है। उपन्यासों में दो विभिन्न आदिवासी नारियों का चित्रण हुआ है। मौसी काम कर के पैसा कमाती है ताकि वह अपने परिवार पर बोझा न बने। इसलिए वह शहर में लकड़ी भेजती है। कुञ्जिप्पेण्णु अपनी गांव में खेती करके पैसा कमाती है। दोनों स्त्रियाँ अपने परिवार का मूल्य जानती हैं और इन्हें आगे ले जाने केलिए मेहनत करती हैं। यदि दोनों नारियों के काम की तुलना करे तो मौसी का काम कुछ अधिक मुश्किल स प्रतीत होता है, क्योंकि उसके परिवारवाले उसके साथ नहीं थे। कुञ्जिप्पेण्णु के साथ हमेशा उसका पति था।

मौसी के परिवार में और कुञ्जिप्पेण्णु के परिवार में सगे-संबंधी हैं। एक स्त्री केलिए किसी का साथ होना बड़े ही प्रसन्नता की बात है। यह साथ उसे निडर बनाता है, और आगे बढ़ने केलिए प्रोत्साहित भी करता है। इसका सुंदर उदाहरण है, कुञ्जिप्पेण्णु और उसके परिवारवाले। लेकिन मौसी का परिवार इससे बिल्कुल भिन्न हैं। मौसी उपन्यास में आदिवासी नारियों को स्वयं निर्णय लेने की स्वतंत्रता नहीं हैं, जब मौसी एक व्यक्ति से शादी करने का निर्णय लेती है तो लोग उसका निषेध करते हैं। कोच्चेरत्ती

की कुञ्जिप्पेण्णु की पुत्री पार्वती भी अपने प्रेमी से शादी करना चाहती थी लेकिन परिवार ने निषेध किया। लेकिन वे उनके निषेद को न मानते हुए शादी कर आधुनिक स्त्रियों की छाया में ढल जाती है। मौसी वही समाज के खोखिले निर्णयों के कारण शारीरिक, मानसिक, सामाजिक शोषण का शिकार बनती है। मौसी तीन अलग व्यक्तियों से प्रेम करती हैं, माधो, सलीम और भगवान बाबू। लेकिन किसी ने उनका साथ नहीं दिया। ज़िंदगी में इतना संघर्ष सहन करने वाली मौसी एक चट्टान बन जाती है। इतने छलों के बाद भी वह आत्मनिर्भर जीवन जीती है, न वह अपने को मारने का प्रयास करती है न किसी के आसरे रहने का।

''तु चल, तु और दोनों मजूरी करके, खटके खायब..... न तुठाकुर – न हम मुंडा। न तु बड जाट – न हम छोट जात। दोनों मजूर। हम तोर कमाई पर न रहब। हम अपनेई कमायब। मजूर हय तो बोला'' [4] मलयरा जनजाति के स्त्री भी मौसी के समान निडर होते हैं, उपन्यास की कोच्चेरत्ती में कुञ्जिप्पेण्णु और बेटी पार्वती दोनों को अधिकार तथा स्वतंत्रता है। इसका कारण स्त्रियों की शक्ति है, किसी ने इस जनजाति के स्त्रियों के साथ अत्याचार करना की कोशिश किया तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ती है, क्योंकि इनके पास सदैव एक छुरा रहता है। कोच्चुरामन के वार्तालाप में यह बात व्यक्त है "हम यहां लड़ेंगे तो, वे लोग कुड़िया में चढ़कर नारियों पर अत्याचार करेंगे की नहीं? अरे तु काहे को डरता है? किसी कुड़िया में स्त्री है? अगर है तो भी परवाह नहीं। अरया स्त्री के पास छुरा है। उनकी देह पर कोई हाथ रखेगा तो वह ज़रूर परिणाम भूक्तेगा। उस आततायी का खून बहेगा।''[5] कुञ्जिप्पेण्णु के पास भी ऐसा एक छुरा था। कोच्चेरत्ती में आर्थिक शोषण का चित्रण है, इसके विरुद्ध ठाकुरों के प्रति आवाज़ उठाने में कोच्चेरत्ती भी शामिल होती है। बड़ी कुशलता से कुञ्जमु नामक जमींदार द्वारा कुञ्जदिच्चन की ज़मीन हड़पने का वर्णन उपन्यास में है- "जाने दे। वह बीघा ज़मीन हो सकती है। वह मुझे दे। शक्करकंद लगवाने केलिए है। हसन की दूकान का ऋण भी मैं चूकेंऊँगा। सौ रुपये भी ले। ऊपर से दस सेर चावल, सूखी मछली, ज़रा तंबाकू भी अभी ले ले। बस इतना ही काफी है की इस कागज़ पे एक अंगूठा-छाप लगा दी।'' [6] जब कुरुविला कहता है कि ऋण अब भी बाकी है। मैंने ऋण चुकाया है आगे मैं एक पैसा भी दूंगा'' तब कोच्चेरत्ती भी कहती है- तु नहीं जानता, यहां तक चढ़ न आए तो इनको नींद नहीं आती। क्यों? हमें तोका [धोका]देने।'' [7] मौसी में नायिका मौसी समाज के धोखे व शोषण को समझ अपने मर्ज़ी से जीवन जीने का प्रयास करती है। वे समझ जाती है कि सभी मतलबी है, चाहे परिवार हो या समाज के लोग। किसी पर भरोसा करना बेकार है। अपने जीवन का निर्णय खुद लो, और अपने आप पर विश्वास रखो। इसी में बेहत्तरी है।

कोच्चेरत्ती में कुञ्जिप्पेण्णु आधुनिकता बोध की प्रतीक है। वह दिकुओं के शोषण को समझती है तथा उसके विरुद्ध लड़ती भी है। साथ-ही-साथ शिक्षा के महत्व को पहचानकर अपने बच्चों को शिक्षा देती है। लेकिन आधुनिकता के यथार्थ चरण पर पहुँच ने में वह असफल है। दोनों उपन्यास की तुलना करते वक्त हम यह समझ सकते है कि वास्तव में आदिवासी स्त्री को समाज की समझ है क्योंकि उनका अपना जीवन ही संघर्षरत है। लेकिन वे समस्या के समाधान को भलि भांति समझती हैं। लेकिन व्यावहारिक तौर पर वे शून्य से प्रतीत होते हैं। क्योंकि वे समाज को जानकर भी अंजान है, आधुनिकता के केवल अनवेक्षी मात्र है, राही नहीं। दोनों उपन्यासों में प्रेम सम्बंधी बातें हैं, मौसी के सभी प्रेम संबंध कपट व छल के शिकार बन जाते हैं। प्रेम के नाम पर उसकी ज़िंदगी का दुरुपयोग किया जाता है। लेकिन कुञ्जिप्पेण्णु के बेटी भी प्रेम करती है, लेकिन उसका प्रेम सफल होता है। इस प्रकार सफल-असफल प्रेम का बेहतरीन चित्रण है, कि किस प्रकार प्रेम एक के जीवन को संवार भी सकता है और बिगड़ भी। इस प्रकार दोनों उपन्यासों में प्रमुख नारी पात्रों के माध्यम से स्त्री के संघर्ष व स्त्री सशक्तीकरण का चित्रण हुआ है।

सन्दर्भ

1.हिंदी विश्वकोश खंड -1,प्रधान सं. कमलापति त्रिपाठी , पृ. 370

4.मौसी, रमणिका गुप्ता, पृ. .174

5.कोच्चेरत्ती, नारायण, पृष्ट20

6.कोच्चेरत्ती, नारायण, पृ. 60

7.वही ,पृ. 83

*****

Quest for Identity: Shashi Deshpande's *The Dark Holds No Terrors*

-Dr. Vidya Kant Shukla
(Asst. Prof.)
Khaitanji Law College, Tirwa, Lakhimpur
Road, Sitapur

The socio-economic emancipatory policies and plans in India have brought in significant changes in the status and outlook of women. The widely affected area of the change has been the vital relationship between man and woman. Women who have been dissatisfied with the inhibiting cultural and sexual roles assigned to them from the unconscious dawn of patriarchal India are now gaining strength to rebel against the cultural social oppressions.

Shashi Deshpande in all her novels, has dealt with the problems of new women. Deshpande's women are usually sensitive and thoughtful creatures, who ruminate over their fate and position in conservative society. They endeavor to know what they are, how menfolk behave with them, why they are slumped into inanity and desperation, and why they feel alienated and truncated. Evidently, Deshpande is at home in portraying her women characters in dismal and dreadful conditions. In this matter she reminds us of the disquietude, frustration and helplessness like the female protagonists in Anita Desai's novels.

The search for 'self' is very insistent in Deshpande's fictional world. As G.S. Amur remarks, "Woman's struggle, in the context of contemporary Indian Society, to find and to preserve her identity as wife, mother and, most important of all, as human being is Shashi Deshpande's major concern as a creative writer and this appears in all her important stories" (Amur 10). Actually, a search for self necessarily implies an individual's quest for identity in this distracting world. It is a self-analysis and a self-probe into the existential problems of a woman. In Deshpande's novel the tradition and taboo Indian society provides little scope for the independent growth of a woman. Consequently, she has to undergo a number of restrictions and inhibitions, originating from her terribly controlled life during her childhood, youth, and old age. This kind of attitude is neither reasonable nor appropriate for the fulfilment of womankind; it totally negates the great wisdom and courage displayed by our womenfolk in the illustrious past, forgetting all about Ghosha, Apala, Lopamudra, Gargi, Maitreyi and others. Thus, a search for 'self' is a very valid point of departure for modern Indian women from the shackles of society, for it enables them to throw away the rotten customs and rituals and to instill a sense of dignity and self-respect in their lives. It would be worthwhile to examine how far Shashi Deshpande has thrashed women's problems and situations in a fast-changing social scenario.

Her first novel, *The Dark Holds No Terrors (1980),* for example, depicts Sarita as a person divided into two halves- a "two-in-one woman" who is hardly better than "a terrified trapped animal". As a willful child, she marries Manohar out of her caste and against the wishes of her parents. But after a few years of happy married life, they drifted apart mentally and emotionally. The plight of totally terror-stricken, helpless and exhausted Sarita is beautifully brought out in the following passage:

> The dream, the nightmare, whatever it was, continued, Changing now, like some protean monster, into the horror of rape. This was not to be death by strangulation; it was a monstrous invasion of my body. I tried to move, twisting my body, wriggling under the weight that pinned it down. It was impossible. I was pinioned to a position of an abject surrender of myself. I began, in sheer helplessness, to make small whimpering sounds, piteous eerie.

Getting no respite from her nocturnal tortures and terrors, Sarita goes away to her lonely father leaving behind her two children and husband, only to return at the close of the novel like Sita of Anita Desai's *Where Shall We Go This Summer?* But she does not feel at home at her parents' place where once she was born and brought up. Everything looks strange no her in

spite of the fact that there is no change in the setting: "Inside here, though, there were no changes. The same seven pairs of large stone slabs leading to the front door on which she played hopscotch as a child. The yard was bare as always".

Though she comes back a totally changed woman, everything looks strange to her. Her father sounds strange while talking. The absence of affability in the house sets her pendulum rolling between the two houses: "As she drinks her tea... too sweet and strong... he (father) sat gingerly on the edge of his chair like an unwilling host entertaining an unwelcome guest. And that, I suppose, is what I really am. What gave me the idea I could come back?"

She cannot say all that she wants to. All this happens due largely to a guilt consciousness that she has developed: "there can never be any forgiveness. Never any atonement. My brother died because I heedlessly turned my back on him. My mother died alone because I deserted her. My husband is a failure because I destroyed his manhood".

She excepts sympathy from her father but to no avail. Rather, her father, after listening to all the failures in her life in adjusting with her husband, turns his back on her pretending to put rice on the stove. Under such circumstances, Saru feels if it had been an arranged marriage, she would have got support from her parents. But now she suffers from both: suffering as well as guilt consciousness. These feelings remind her of the fate of one of her friends.

If mine had been an arranged marriage, if I had left it to them to arrange my life, would he have left me like this? She thought of the girl, the sister of a friend, who had come home on account of a disastrous marriage. She remembered the care and sympathy with which the girl had been surrounded, as if she was an invalid, a convalescent. And the girl's face with its look of passive suffering. There had been only that there, nothing else, neither despair nor shame. For the failure had not been hers, but her parents, and so the guilt had been theirs too, leaving only the suffering for the girl.

Acute confusion prevails upon her. She feels that she has done injustice to mother, husband, children and everybody else. The wheel finally comes full circle. Saru tries to compromise with the situation and the novel ends with a tiny hope of resettlement. The psychology of a woman placed in such a situation is given a physical revelation. She receives a letter from Manu of his arrival. The bitter emotions strengthen further. It is not the scorn for her husband and a sense of vengeance that gathers storm, but her sense of guilt that sweeps her off her feet. She reacts to every situation and becomes sensitive to every sound, all the time conscious of Manu reaching and knocking at the door. She asks her father not to open the door when Manu comes, perhaps believing that after being tired of knocking, Manu would depart. At the same time, she waits for someone to come and support her: "If only someone would tell her what to do, she would do it at once, without a second thought. It was strange that after all these years of having been in full control of her life, she now had this great desire to let go. To put herself in another's hands".

Taking into consideration the personal life of a character, one accepts the fact that every individual fantasizes about sex. But in the realm of every fantasy, there is a tinge of reality. This reality is at times gloomy and at times it leads towards the fulfilment of emotions. Saru grows and through the process of growing she inevitably comes across a number of novel situations which she could not have imagined that is, her entrance to the college life as a very simple, straightforward and studious girl, but later on, affected by the company of her friends, coming out as a totally changed person; her becoming a woman and all the time being reminded by her mother of the same: "You should be careful now about how you behave. Don't come out in your petticoat like that. Not even when it's only your father who's around". And ultimately, she starts hating her own womanhood: "I can remember closing my eyes and praying... oh god, let it not happen to me. Let there be a miracle and let me be the one female to whom it doesn't happen".

The agonizing feelings bred by such growth are monstrous. With the physical growth, she is, now supposed to have passed one phase of life. The barriers of society spread their frightening tentacles over her. She feels abhorrent, but helpless: "A kind of shame that engulfed me, making me want to rage, to scream against the fact that put me in the same class as my mother".

She develops hatred towards her mother who always comes in the way of her progress. The writer has shown the gap in the mother- daughter relationship. In other words, it is a conflict between the old and the young, the traditional and the modern. The position of woman, that is underscored by the author, appears to be a blend of acceptance and rejection; flexibility and

rigidity; fantasy and reality; and above all revolt and compromise. All these characteristics are inextricably blended in Saru who represents a section of society which can be termed as middle class in the modern industrial social structure. In her is a trauma that is logically produced by a bitter conflict between the imposed and the willed. She is brought up in a traditional atmosphere but the education she receives makes her a changed person with a rebellious attitude towards tradition. As an educated young woman, she does not accept anything without reason. Her mother almost forces her to stay within the four-walls of the house. She does not give her the permission to take admission to the medical college, but Saru does not even listen to her: "I'm not talking to you, ... You don't want me to have anything. You don't even want me to live".

Here, a kind of hatred towards the mother is shown as it is the mother who puts all the restrictions on her daughter without considering the fact that the times have changed and the next generation is passing through a transitional period where the daughter is sandwiched between tradition and modernity.

Now, education invokes in her a consciousness which was not present in the older generation. In many cases, as Maria Mies says:

> The non-conforming conduct of the women is not the consequence of an external necessity but of changed consciousness. They are not satisfied with the rhetoric of equality between man and woman but want to see that the right to an individual life and right to development of their individual capabilities are realized in their own lives.

This is exactly what we see in the character of Saru representing the middle-class working woman in modern India. She rebels against the traditions but ultimately tries to compromise with the existing reality. This is largely due to the fact that she is passing through a transitional era. Thus, the whole development of the novel can be observed in four phrases, i.e., flight from reality; frustration; submission; and ultimately an attempt to reconsolidate.

Works Cited:

Amur, G. S. "Preface to Shashi Deshpande," The Language & Other stories, Calcutta: Writers Workshop, 1978.

Deshpande, Shashi. *The Dark Holds No Terrors*. Delhi: Vikash, 1980.

*****

Water Pollution And Its Impact: Evidence From Delhi

-Jyoti Rani,
Student,
Delhi School of Economics
jyoti.rani416@gmail.com

Abstract: *Delhi is home to more than 20 million people from all over the country. According to BIS, Delhi's tap water is most unsafe. People with different socioeconomic background gets exposed to this pollution differentially. This study of household specific water pollution exposure index in seven districts in Delhi manifests this and can be helpful in channelizing the policies in right direction and thus in efficient utilisation of resources.*

Keywords- Water Pollution, BOD, Delhi pollution.

Introduction:

Water and its quality plays an important role in healthy living life but with the advent of industrialisation in 18th century, came a package of secondary effects that has been posing serious threat to various aspects of human life. Water quality is deteriorating and its main cause are unconstrained discharge of effluents, untreated industrial water discharge and various domestic waste. Burden of this can be viewed clearly in increasing mortality and morbidity and decreasing cognitive ability. Contaminated water supplies have the potential to cause large and explosive epidemics (e.g., cholera). As per WHO reports, Globally, at least 2 billion people use a drinking water source contaminated with faeces and by 2025, half of the world's population will be living in water-stressed areas. Water often becomes contaminated during distribution or transport to the home, and during storage and handling within the home and can transmit diseases such diarrhoea, cholera, dysentery, typhoid, and polio. According to reports, 70% of water in India is contaminated impacting every 3 in 4 Indians and contributing 20% of total disease burden. Typhoid, diarrhoea and cholera are among the most prevalent water borne disease. India has 20 water basins and most of them are polluted. The river Yamuna, which is the main reason for Delhi's existence is heavily polluted. According to BIS, Delhi's tap water is most unsafe. People with different socioeconomic background resides here and gets exposed to this pollution differentially. According to studies, at its point of exit from city limits, DO(Dissolved Oxygen) is only 1.3mg/l and colliform counts jumps from 8500 per 100ml at entry to 329,312 per 100 ml at exit against the norm of 5mg/l(DO) and 500/100ml.In 2007, half of the cities raw sewage went to the river without treatment. Here we try to study household specific water pollution exposure index for household in seven districts in Delhi.

Water samples were analysed for various physiochemical parameters such as pH, total suspended solids (TSS), total dissolved solids (TDS), total hardness (TH), total alkalinity (TA), biological oxygen demand (BOD), chemical oxygen demand (COD), dissolved oxygen (DO), electrical conductivity (EC), chloride, sulphate, nitrate, toxic metals, and microbial population (MP) levels. For our analysis, we will use BOD to measure the level of water pollution. BOD is a measure of the amount of oxygen that require for the bacteria to degrade the organic components present in water. The BOD standards of a non contaminated water must be below 3 mg/l. The farther the value of water sample from this standard, the more contaminated the water.

In this paper, we would like to see if there is any distributional aspect of water pollution on socioeconomic attribute of population residing in different district of Delhi. For this, first of all we construct household exposure index and will try to establish if there is any relation between exposure index and dif-

ferent socioeconomic attributes like age, gender, religion, education, income etc. The objective of our study is to examine the cross-sectional relationship between exposure and various socioeconomic and other characteristics of the population across the districts of Delhi. Therefore, our study can be helpful in channelizing the policies in right direction and thus in efficient utilisation of resources. Samples were collected from 11 different places out of which every samples fails the test.

LITERATURE REVIEW

Several studies have examined the impacts of water pollution on life of different beings. Dasgupta(2004) studies the health damages from water pollution in Delhi through production function approach by focussing the utility maximising behaviour of the consumers. The paper examines the valuation of water as a resource in relation to the low income, infrastructurally disadvantaged urban household, by exploring the links between water quality, waterborne disease, and the preference patterns of households in urban Delhi. Sayal et al. (2016) in their study quantifies the environmental impact of lead (Pb) contamination in household drinking water in Dingi village of Pakistan.They collected the water samples from village categorised in three different zones on the basis of distance from wastewater channel. To calculate the impact of contaminated water on household, an exposure index was formulated. With the help of health production function approach, they estimated the marginal willingness to pay of the household for water contamination to estimate the cost of illness and welfare loss. However, a probit model was applied to estimate the probability of sickness, plus medical and avertive costs. While, Majumdar and Gupta (2009) uses household production function approach to formulate a structural model of averting behaviour and illness to empirically estimate the total losses borne by households of Kolkata on averting activities and waterborne illness. For this, they estimate out-of-pocket expenditure and opportunity cost of illness. They found that the undesirable quality of water results in huge spending every month by households. To study the air pollution impact on household, Kathuria and Khan (2007) tries to find evidence of environmental inequity through the relationship between socio-economic characteristics and air pollution exposure by computing a household-specific air pollution exposure index for Delhi. They found that exposure is differently impacted by socio-economic characteristics depending upon the location of households. A higher value of the coefficient in industrial areas suggests that location of such households plays an important factor to exposure level.

Data and Methodology

In our study, we have utilised the NSSO Household data from 68th and 71st round for household demographic, social and economic factors in Delhi.From there, we have taken data of 948 household living in eight district of Delhi regarding various demographic and socioeconomic factors like education, age distribution, income, religion occupation etc. We have taken dummy for occupation, caste and RTWQMS. If any member of the household works in industry we take it as 1 otherwise its 0.Similarly for the presence of lower caste we have taken 1 and 0 for upper caste. If any RTWQMS is located in that area we have taken it as 1 otherwise its 0.We have appropriated the water pollution data for year 2011 from CPCB. We have considered eight districts (North West, North, North East, East, New Delhi, West, South West and South) and chosen the nearest Real Time Water Quality Monitoring Stations (RTWQMS) for each of these districts. Since water in Delhi comes from Ganga and Yamuna, and there are four places where RTWQMS is located for the respective rivers, we have taken mean BOD of water as a measure of water pollution. Then we find from which barrage which district is served which will help in finding the extent of water pollution exposure. Yamuna at Nizamuddin has the highest BOD with 15.5mg/l while Yamuna at Wazirabad has the lowest one with 2.2mg/l. In order to find how people are exposed to water pollution, an ideal index of exposure is necessary. But people in the same region will have different levels of exposure depending on various socioeconomic and demographic characteristics. We, therefore, calculate a household specific exposure index.

Location of RTWQMS :- River Ganga- Haridwar Upper Ganga Barrage (BhimGoda) by CPCB River Yamuna

- Delhi Upstream, Wazirabad by CPCB
- Delhi Downstream Okhla by CPCB
- Delhi upstream Okhla at Kalindi Kunj
- Nizamuddin Bridge

For this purpose, we first calculate an household index (HHi). We segregate each household i, based on their age and occupation type (hh_type) which are as below:
nam = Number of Adult Males, naf = Number of Adult Females, nom = Number of Old Males, nof = Number of Old Females, nc = Number of Children
NSSO data categorizes occupation type under the name hh_type, given by

hh_type = 1 for Self employed in agriculture , hh_type = 2 for Self employed in non-agriculture , hh_type = 3 for Regular wage/salaried, hh_type = 4 for Casual labour in agriculture, hh_type = 5 for Casual labour in non-agriculture, hh_type = 9 for others

Now, based on the hh_type, we assume the litre of water exposed to water pollution for adult male and female (nam & naf) as well as for old male (nom), old female (nof) and children (nc)

Water pollution Exposure for adult male and female	
Hh_type	Exposure(in unit)
1	80
2	60
3	50
4	100
5	50
9	50
Exposure of Non-working Group	
nom	30
nof	40
nc	60

· Here, 1 unit=5litres of water.
· Based on the above assumptions of exposure(in litre), we calculate the household index (HHi) given by:-

$$HH_i = \frac{(nam \times Litre)+(naf \times Litre)+(nom \times 40)+(nof \times 40)+(nc \times 50)}{100 \times hh_size}$$

where, hh_size is size of the household and 100 is assumed to be maximum amount of water used by each person[2]

We further calculate Xj, which is the BOD of water supplied by corresponding river in the j^{th} district for j = 1,....,8. we have used mean value of BOD for the analysis.

Then, we arrive at the household specific exposure index, given by:- $HHX_{ij} = X_j \times HH_i$

where, HHX_{ij} is the BOD exposure of the i^{th} household in the j^{th} district.

To assess the effect of various socio-economic factors on the household exposure to water pollution, we regress the household exposure index (HHX_{ij}) on variables such as income, education, caste, religion, proportion of females, old and children in the household, etc. The relevant determinants of exposure are Income , Education, Caste, Religion, proportion of females, proportion of old age.

Further we use a multivariate OLS regression to see the effect of the above mentioned variables on household exposure index (HHXij).

Preliminary Analysis:

For the study we have defined the household pollution exposure index as explained above. This is our dependent variable which we regress on the attributes explained above. We use a multivariate OLS regression to see the effect of the above mentioned variables on household exposure index (HHXij).The model is log-linear in exposure index and income while other variables are in normal or dummy forms as given below:

$\ln HHXij = \beta0 + \beta1 income_{ij} + \beta2 Educationindex_{ij} + \beta3 occupation_{ij} + \beta4 Total\ landpossessed_{ij} + \beta5 C_{ij} + \beta6 R_{ii} + \beta7 proportion\ of\ female_{ij} + \beta8 proportion\ of\ old + \mu_{ij}$

Where the subscript j refers to the BOD, μ_{ij} is the error term associated with BOD j, and the X_i are observations of the explanatory variables.

The log-linear form of model has been used to make the data approximately normally distributed because of the skewed distribution of some of the variables. Also, the log-linear formulations can take care of the problems of unequal variation and outliers. Moreover, it is easier to interpret the regression coefficients meaningfully in terms of growth in the dependent variable where a change of 1 per cent in the explanatory variable xi corresponds to a percentage change in the dependent variable. Our interest is beta coefficients which will determine the magnitude of effects of different attributes on household exposure. Preliminary analysis have shown that, only 2 out of 8 variables are significant in nature. Income which was expected to have negative impact on household exposure is not significant and positive in nature.

Results:

From table 1, we can see that in specification 1 & 2 only 3 out of 8 variables are significant. Let's concentrate on specification 1 which is a log lin specification.So when we increase income by 1 unit exposure index would get affected by 26.7% but it is not significant. We have expected, ex-ante that income might have significant negative impact on exposure index but it is not in ours simple specification. This could be because given the location of a household, income cannot make much difference on the exposure caused by fulfilment of daily household activities. Coefficient of prop_occu is positive and significant indicating that presence people working outside has positive impact on exposure and hence are more prone water pollution. It means if there is a person working outside, then exposure might increase by 19%. Also, prop_old has negative significant coefficient as expected ex-ante. It means that presence of more old people have negative impact on exposure since apart from daily needs they rarely comes in contact of water and hence are less prone. Presence of old person decrease the exposure by 15.4%.Besides all other variables are not significant. So we have regressed another formulation which is log linear in nature. Now let's concentrate on specification 2. Again only 3 variables are significant. Income in this specification is also insignificant which was ex-ante expected to have negative significant impact. In specification 3, since demographic data tells that there is a correlation between income and caste so we have dropped the variables c and r and prop_occu and we can see that income has become highly

significant and positive. Now it can be said that income has played a positive role in exposure to water pollution. In this specification also, prop_old is significant and negative.

Now let's look at the constant in all three specification. It is positive and significant. It could be said that even if all the variables are taken to be 0, exposure to water pollution is still significant and positive. Education doesn't contribute in household exposure to water pollution. In our regression, religion is not affecting household exposure to water pollution. In short, religion might be a factor but is not significant indicating ablution doesn't have any bite in reality. They also said that presence of young children doesn't have any impact on COI and household with more number of people is expected to have more burden of expenditure. Here in our study also presence of children don't have significant impact on exposure index. But proportion of old is significant which indicates that old people are more likely to fell sick due to impurities in water. So we can say that more or less our results are in line with various studies which was done independently at different locations.

Table1 :-

Dependednt varibale:-ln_HHX$_{ij}$			
	(1)	**(2)**	**(3)**
Income	2.67 (3.21)		8.3432 (3.3415)*
ln_income		0.11 (0.02)	
edu_indx	-0.0005879 (0.0035609)	-0.000338 (0.004)	-0.0020 (0.0035)
prop_occu	0.193 (0.195)*	0.193 (0.0196)*	
land_total	16.67 (24.33)	15.25 (24.35)	-25.71 (25.63)
prop_female	-0.027 (0.047)	-0.0269 (0.0474)	0.0385 (0.0490)
Prop_old	-0.154 (0.035)*	-0.1545 (0.0364)*	-0.1466 (0.0368)*
C	-0.041 (0.023)	-0.0412 (0.0232)	
R	-0.024 (0.028)	-0.0234 (0.0282)	
constant	2.48 (0.0374)*	2.3921 (0.1625)*	2.5014 (0.0307*)

***significant at 5%**

Conclusion:

Residents of Delhi generally perceives water sources as of undesirable quality.There are frequent media reports about undesirable quality of water in Delhi. Apart from chemical contamination, water in Delhi contains pathogenic bacteria which causes different water borne diseases. The undesirable quality of water results in huge expenditures every month by household. These expenditures consist of out of pocket health expenditure and averting expenditures. Improvement in quality of water could drastically reduce these expenditures. A good quality provision of services requires huge amount of investment but given the nature of bureaucracy and political hurdles this sector attract very low quantity of investment by private investors.Given the limited budget of the government, if the provision identify and target based there might be some improvisation in quality of water. Government should identify the most vulnerable section of the society and then provide them with the basic facilities. Poor people spend so much on these disease, if govt. could take pro active steps these people might not suffer that much.

References

Dasgupta P.(2004), Valuing health damages from water pollution in urban Delhi, India: a health production function approach. *Environment and Development Economics* 9: 83–106

Sayal et al.(2016), Industrial Water Contamination and Health Impacts: An Economic Perspective. *Pol. J. Environ. Stud.* Vol. 25, No. 2 (2016), 765-775

Majumdar and Gupta(2009), The Economic Losses Due to Drinking Water Impurity: A Revealed Preference Analysis in Kolkata, India. *Indian Economic Review*, Vol. XXXXIV, No. 1, 2009, pp. 125-142

Kathuria and Khan (2007), Vulnerability to Air Pollution: Is There Any Inequity in Exposure? *Economic and Political Weekly*. Vol. 42, No. 30 (Jul. 28 - Aug. 3, 2007), pp. 3158-3165

National Sample Survey Organisation (NSSO) 68th, 71st round

Central Pollution Control Board (CPCB)

Delhi Pollution Control Committee Report

*****

रीतिकालीन काव्य की प्रासंगिकता

-मैना
शोधार्थी,
हिन्दी विभाग, मानविकी संकाय,
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
मोबाइल नंबर- 9999918497
ईमेल आईडी-mainayadav92@gmail.com

शोध सार-

हिन्दी साहित्य के इतिहास में रीतिकाल का प्रत्यक्ष संबंध अपने समय और समाज से रहा है। जो बाद में आधुनिककालीन साहित्य की एक प्रमुख विशेषता बनकर उभरी। रीतिकालीन कवियों ने भाव और शिल्प के स्तर पर काव्य के संबंध में ऐसे सूत्र अपनी रचनाओं में छोड़े थे जो आज भी साहित्य लेखन में दिखाई देते हैं। विषय वैविध्य, स्त्री जीवन का चित्रण, 'मै' शैली का प्रयोग आदि रीतिकालीन काव्य की प्रासंगिकता को बनाए रखने वाले तत्व हैं। जिनकी परख इस शोध आलेख में की गई है।

बीज शब्द- रीतिकाल, प्रासंगिकता, प्रस्थान बिन्दु, प्रेमानुभूति, मानवीय जीवन, स्वायत्ता

शोध-आलेख :

हिन्दी साहित्य के इतिहास के काल-विभाजन की समय-सीमा को देखने से एक बात स्पष्ट होती है कि किसी भी काल का आरम्भ एकाएक रूप से नहीं हुआ है। क्योंकि पिछले काल की साहित्यिक रचनाओं में आगामी काल के विकास के कुछ प्रस्थान बिन्दु समाहित रहते हैं। इसी कारण उसकी प्रासंगिकता बनी रहती है। इस आलोक में यह कहना उचित होगा कि हिन्दी साहित्य में रीतिकाल के बाद आधुनिक काल का आरम्भ होता है। रीतिकाव्य आधुनिक काव्य की भावभूमि का प्रस्तावक है। मसलन रीतिकालीन कवि अति संवेदना से युक्त तथा अपने समय के प्रति सचेत एवं प्रतिबद्ध है। इसकी पूर्ण व्याप्ति रीतिकालीन कविताओं में दिखाई देती है। इन्हीं कारणों से जब तक मानव सभ्यता और सृष्टि रहेगी तब तक रीतिकालीन साहित्य जीवन्तता और सरसता के कारण प्रासंगिक रहेगा। यह काल सार्वभौमिक एवं सार्वकालिक है। इसका एक उदाहरण दृष्टव्य है-

जनकरि मुँह-तरहरि पर्यो इहि धरहरि चित लाउ।
विषय-तृषा परिहरि अजौ नरहरि के गुन गाउ।।[1]

'बिहारी सतसई' के इस दोहे में कवि बिहारी कहते हैं कि हे, मन! तू यमराज रूपी हाथी के मुख के नीचे पड़ा हुआ है जहाँ से बच पाना दुष्कर है। अत: तू इस निश्चय को अपने ध्यान में ला और अब भी विषय-वासना की तृष्णा को त्यागकर भगवान का गुण-गान प्रारंभ कर दे। अर्थात् तू सांसारिक जीवन की चकाचौंध में न रहकर अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य की प्राप्ति की ओर ध्यान लगा। इसी से मानवता के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

रीतिकालीन कवि अलौकिक भक्ति न करके लौकिकता की बातें करते हैं। उनके काव्य में वर्णित नायक-नायिका राधा और कृष्ण साधारण लड़की-लड़का के रूप में है जो आधुनिकता का सीधा संकेत है। रीतिकाल के रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध तथा रीतिमुक्त सभी कवियों ने स्त्री के जीवन को महत्व दिया है। रीतिकालीन कवियों ने स्त्री जीवन को केंद्र में रखकर रचनाएँ की हैं। उनकी रचनाओं में स्त्री जीवन के संदर्भ शृंगार वर्णन तक सीमित थे, जिनके केंद्र में स्त्री देह की प्रमुखता थी। यह कहना उचित होगा कि आधुनिककालीन साहित्य में विमर्श के रूप में स्त्री विमर्श का जो उभार हुआ है, उसके बीज रीतिकालीन कवियों के यहाँ मौजूद थे।

रीतिकाल कविता में ईश्वर और मनुष्य के बीच के भेद को खत्म किया गया है। यह कविता लीला की अवधारणा से मुक्त होकर प्रेमानुभूति के उत्सव पक्ष को उजागर करती है। यह कहना अनुचित न होगा कि यही प्रेमानुभूति का भाव आधुनिककालीन कविता का प्रमुख पक्ष बनकर उसकी प्रमुख विशेषता बना।

रीतिकालीन कविता में मानवीय जीवन की स्वायत्तता पर बल दिया गया है। रीतिकाल में ऐसा कुछ भी नहीं है जो मानव व्यवहार के परे हो। मानव व्यवहार से जुड़ी चीजें ही रीतिकाल में हैं। बिहारी, घनानन्द, ठाकुर आदि कवि जो बात करते हैं वे हवा-हवाई नहीं बल्कि तत्कालीन समय और समाज से जुड़ी बाते हैं। इनमें तत्कालीन सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था तथा जीवन के दिग्दर्शन होते हैं। इसी कारण मूर्धन्य आलोचक 'मैनेजर पाण्डेय' लिखते हैं कि "अपने समय के समाज

और इतिहास से जैसा संबंध रीतिकाल की कविता का है वैसा संबंध भक्तिकाल का भी नहीं है।....सारा भक्तिकाव्य परलोकवाद की चिन्ता से लिखा गया है। सारा रीतिकाल अपने समय और अपने समाज की चिन्ता से लिखा गया है।"[2] अपने समय और समाज के प्रति चिन्ता के भाव आधुनिकालीन साहित्य में प्रमुख रूप से दिखाई देते हैं। इसलिए यह कहना अनुचित न होगा कि रीतिकालीन काव्य वास्तव में मानव जीवन का काव्य है।

रीतिकालीन काव्य के समाज वर्णन में परिवार व्यवस्था केन्द्र में है। परिवार की इस व्यवस्था में स्त्री को केन्द्रीय स्थान मिला है। नैहर से लेकर ससुराल तक मिलने वाली प्रताड़ना के कारण मन में पैदा हुये भावों का जैसा वर्णन रीतिकालीन कवियों ने किया है, वैसा अन्यत्र नहीं दिखाई देता है। ऐसा लगता है मानो यह एक स्त्री का कथन हो। दरबार में रहते हुये एक स्त्री के मन की व्यथा को चित्रित करना आधुनिक कवि का मूल्य है। एक उदाहरण देखिए-

कहत न देवर की कुबत, कुलतिय कलह डराति।
पिंजर गत मंजार ढिग, सुकज्यों सूकति जाति ।।[3]

स्त्रीत्व से युक्त स्त्री के लिए अपना मान-सम्मान और परिवार की व्यवस्था को बनाए रखना कितना जरूरी है, वह इस दोहे में कविवर बिहारी ने स्पष्ट किया है। क्या आज भी ऐसी कुटेब और कुप्रथाएँ समाज व परिवार व्यवस्था में प्रचलित नहीं हैं! जो एक स्त्री के मान-सम्मान को तार-तार कर देती है। दरबार में रहते हुए रीतिकवि ने इस तरह की रचना करके यह सिद्ध कर दिया कि वह मात्र दरबारी कवि नहीं है, उसे समाज, स्त्री के मान-सम्मान की चिन्ता है। इस कारण रीतिकालीन काव्य की प्रासंगिकता बढ़ जाती है।

रीतिकवियों ने स्त्री के अंग-प्रत्यंग, उसके हाव-भाव, वेश-भूषा, गहने-आभूषण, प्रसाधन, रति-प्रीति और लीला आदि को केन्द्र में रखकर परिवार गाँव, नगर, मायके-ससुराल की दुनिया, परिवेश तथा घरों में काम करने वाली कर्मियों जैसे-नाउन, धोबिन आदि तथा अन्य नारियाँ जैसे- सास, जेठान, देवरानी और ननद की गोपनीयता आपसी मज़ाक, गाँवों की योजना जैसे मेला, उत्सव, मन्दिर बाजार, गली आदि का चित्रण तथा दिनचर्चा में प्रयोग होने वाली वस्तुएँ जैसे- आभूषण, थाली मथानी आदि को अंकित किया है। परिवार में स्त्री-पुरुष की भूमिकाओं में पूरे समाज का आईना रीतिकाल की कविता में देख सकते हैं। जो रिश्ते नाते हमने रीतिकाल में देखे वे हमेशा हमारे समाज में विद्यमान हैं और रहेंगे। आज के समय में भी टी.वी. सीरियल में वही मुद्दे उठाये जा रहे हैं जो रीतिकालीन कविता में विद्यमान थे। इसके साथ आधुनिककालीन कहानी, नाटक, उपन्यास भी व्यक्ति, परिवार, स्त्री-पुरुष संयोग, वियोग आदि विषयों पर लिखे जा रहे हैं जो रीतिकाल में विद्यमान थे। इस कारण रीतिकाल की कविता का प्रासंगिक बने रहना उचित प्रतीत लगता है।

आज के समय में वस्तुओं के विज्ञापन में जिस ढंग से महिलाओं को प्रस्तुत किया जा रहा है। उससे वे स्त्रियाँ वस्तुओं में तब्दील होती जा रही है। आज वे 'प्रोडक्ट' को बेचने तक ही सीमित रह गई है। उसके मान-सम्मान से इसका कोई मतलब नहीं है। वही रीतिकालीन काव्य स्त्रियों के सम्मान की बात करता है, नारी को केन्द्र में लता है। रीतिसिद्ध कवि 'बिहारी' राधावल्लभ की भक्ति करते हैं। राधा-वल्लभ कहने का तात्पर्य है कि जो तीनों लोकों का स्वामी है वह राधा पर निर्भर है। 'बिहारी सतसई' के प्रथम दोहे की शुरुआत में 'बिहारी' स्त्री सामर्थ्य को प्रस्तुत करते हुए लिखते हैं कि-

मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोई।
जा तन की झाईं-परत, स्याम हरित दुति होई।।[4]

इस दोहे से स्पष्ट होता है कि कवि बिहारी कृष्ण से ज्यादा राधा को महत्व देते हैं। बिहारी के कृष्ण राधा के सामने सिर झुकाते हैं जबकि भक्तिकाल में राम, सीता के सामने सिर नहीं झुकाते हैं। यह रीतिकवियों की स्त्री के प्रति सम्मान की तथा आधुनिक दृष्टि है। यही बीज आधुनिक काल में आकर स्त्री विमर्श रूपी वृक्ष रूप धारणा करता है और पुष्पित तथा पल्लवित होता है। इस संदर्भ में देखा जाए तो हम पाते हैं कि रीतिमुक्त कवि घनानन्द का काव्य आधुनिकता से परिपूर्ण है। वे अपनी कविताओं में स्त्री स्वातंत्र्य की बात करते हैं तथा उनकी नायिकाएँ सामाजिक रूढ़ियों, कुरीतियों के प्रति विद्रोह करती हुई प्रतीत होती है। पुरुषवादी समाज ने लज्जा को नारी का धर्म बनाकर उस पर अनायास ही बंधन थोपे थे। लेकिन इनके पदों में नायिका लोकलाज की परवाह नहीं करती है उससे ऊपर उठती है। नायिका लोक, लाज, समाज और डर का परवाह नहीं करतीं। वह अपने भावनाओं को महत्व देते हुए सीधे शब्दों में कहती है-

"बिन काज या लाज समाज के साजनि क्यौं घनानंद देह दहौ।
उर आवत यौं छवि-छाँह, ज्यौं हौ ब्रजछैल के गैल सदाई रहौ ।।"[5]

इस पद से स्पष्ट होता है कि उनके काव्य की नायिका मौलिक जरूरतों तथा आवश्यक इच्छाओं की मांग करती है तथा पुरुषवादी मानसिकता के तले दबती नहीं है। यह स्त्री-विद्रोह ही आधुनिक काव्य का बीज बना।

मध्यकाल में स्त्री के पाँव में सौन्दर्य देखना आधुनिकता है। घनानन्द ढाई सौ साल पहले स्त्री विमर्श के ढंग से अपने पदों में स्त्री की प्रतिष्ठा तथा सम्मान की न केवल बात करते हैं अपितु उसे स्थापित भी करते हैं। घनानंद आधुनिक काल के स्त्री विमर्श के जड़ को मजबूत कर रहे थे। वे अपने मन को झवा बना लेते हैं-

अलबेली सुजान के पायनि-पानि,
पर्यौ न टर्यौ मन मेरो झवा ।।[6]

भक्तिकाल में जहाँ आत्मा-परमात्मा, ब्रह्म-परब्रह्म की बातें चल रही थी, वही रीतिकाल में सीधे-सीधे लौकिक मानव, स्त्री-पुरुष, नायक-नायिका की बातें होने लगी। यह आधुनिकता का लक्षण है। परलोक की बात करना मध्यकाल है। घनानन्द अपने प्रेमिका को सम्बोधित करते हैं-

पहिले घनानन्द सीचि सुजान कहीं बतिया अति प्यार पगी।
अब लाय बियोग की लाय बलाय बढ़ाय बिसास दगा निदगी ।।[7]

रीतिकालीन कवियों ने आत्माभिव्यक्ति की शैली और मुहावरों वाली भाषा का प्रयोग कर एक नई भाषिक क्रान्ति भी की। 'मैं' शैली आधुनिक युग की देन है। सुनी-सुनायी बातों की बजाय स्वानुभूति पर बल दिया गया जो रीतिकाल में बहुत पहले ही दिखाई देता है। 'मैं' शैली यानी अपनी बात करना, आत्मानुभूति व्यक्त करना-

"या मन की जुदसा घनआँनद जीव की जीवनि जान ही जानै।"[8]

यही 'मैं' शैली छायावाद युग में विस्तार पाता है। महादेवी वर्मा, जयशंकर प्रसाद, सुमित्रा नन्दन पन्त तथा सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' 'मैं' शैली केन्द्रित काव्य लिखते हैं। निराला ने 'सरोज स्मृति' अपने पुत्री शोक पर लिख डाला है। इस आत्मानुभूति की शुरुआत रीतिकाल से ही उपजी हुई है।

रीतिकाल में स्वच्छन्द अकृत्रिम प्रेम का चित्रण हुआ है। रीतिमुक्त कवियों के प्रेम चित्रण में अकृत्रिमता, स्वच्छन्दता एवं उदात्तता है। उसमें जरा सी बनावट नहीं दिखाई देती जो कि आधुनिक काल में विस्तार पाता है। प्रेम का स्वरूप रीतिमुक्त कवियों में जलवायु की तरह है, मौसम नहीं क्योंकि जलवायु स्वभाव होती है-

"समुझै कविता घन आँनद की हिय-आँखिन नेह की पीर तकी ।"[9]

रीतिकाल की प्रासंगिकता के सन्दर्भ में घनानंद और मतिराम की पंक्तियाँ बहुत ही सटीक है-

"नयो-नयो लागत ज्यौ-ज्यौ निहारियै घनानंद।"[10]

"ज्यों-ज्यों निहारिए नेरे ह्वै नैनानि
त्यों-त्यों खरी निकरै सी निकाई मतिराम।"[11]

रीतिकालीन साहित्य की चिर-प्रासंगिकता की ओर ध्यान दिलाते हुए डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने 'हिन्दी साहित्य' (भाग-2) में लिखा भी है- "वास्तविकता यह है कि श्रृंगारकालीन कवि ने जीवन के लिए एक अदम्य वासना जागृत कर दी है, सौन्दर्यानुभूति और सुरुचि की एक सुकुमार कसौटी प्रदान की है। रूप विवेचन का विवेक और भावों के परख की दृष्टि हमें इसी काव्य से प्राप्त होती है, यह काव्य रमणीय है। जो इसे निंदनीय और उपेक्षणीय समझते हैं वे यौवन के भावों और वसन्त के विकास को भी गर्हित करने की चेष्टा करते हैं। इस काव्य की प्रवृत्तियों विश्व के काव्य में सर्वत्र प्रचुर मात्रा में मिलती है और हिन्दी साहित्य के भी प्राचीन और अर्वाचीन दोनों ही काव्यों में इन प्रवृत्तियों की सत्ता कम या अधिक मात्रा में खोजी जा सकती है।"[12]

आधुनिक काल में चित्रात्मकता को बहुत महत्व दिया गया, इस चित्रात्मकता को हम रीतिकाल में देख सकते हैं। इस संदर्भ में पद्माकर का यह पद उल्लेखनीय है-

"फाग के भीतर अमीरन में गहि गोविंद लै गई भीतर गोरी।

XXX
XXX

नैन नचाई कही मुसकाई लला फिरि आइयौ खेलन होरी ।।[13]

रीतिकाल के कवि बहुत बारीकी से चित्र खींचते हैं। जिसमें वह ऐसा कोई शब्द प्रयोग नहीं करते जिसमें नायक या नायिका का अपमान हो और वे अपनी बाते भी सचित्र शब्दों में कह जाते हैं। यह रीतिकाल की बड़ी विशेषता है। इस सन्दर्भ में रामधारी सिंह 'दिनकर' लिखते हैं कि- "चित्रकारी की कसौटी यदि कविता की कसौटी है तो यह कसौटी रीतिकाल पर भी लागू की जानी चाहिए, क्योंकि यह एक ऐसी कसौटी है जिस पर रीतिकाल के अधिक से अधिक कवि खरे उतरते हैं। चित्रकला की कसौटी रीतिकाल के साथ न्याय करने की सबसे अनुकूल कसौटी होगी।"[14]

नीति कवि वृन्द के दोहे सदैव प्रासंगिक रहेंगे, क्योंकि इन्होंने अपने दोहों में तार्किक और शाश्वत सत्य बातों को रेखांकित किया हैं। इस संदर्भ में वृन्द के कुछ दोहे उल्लेखनीय हैं-

"विद्या धन उद्यम बिना कहौ जु पावै कौन।

बिना डुलाए न मिलै ज्यौं पंखा की पौन ।।[15]

xxx

"मूरख कौ पोथी दई बाचन को गुन गाथ ।
जैसे निरमल आरसी दई अंध के हाथ ।।[16]

यदि कोई व्यक्ति न समझ पाने के कारण रचना या कवि अथवा काल आदि का दोष देता है तो उसे काल विशेष की कमी न देखकर अपनी कमी देखनी चाहिए। इस सन्दर्भ में एक दोहा उल्लेखनीय है-

"मूरख गुन समझै नहीं तौन गुनी में चूक
कहा भयौ दिन को विभौ देखे जो न उलूक।"[17]

रीतिकाल में स्त्री का रूप रचनाकार के प्रत्यक्ष अनुभव का हिस्सा है। वह सांसारिक और सामान्य स्त्री के रूप यौवन का चित्रण करके सौन्दर्य को सर्वसुलभ बनाया है। कवि की दृष्टि में सुन्दरता है, नज़रिया अच्छा है इसलिए कवि देख पा रहा है। इस सन्दर्भ में ठाकुर का सवैया उल्लेखनीय है-

"सुरझी नहीं केतो उपाइ कियौ उरझी हुती घूँघट खोलन पै
अधरान पै नेक खगी ही हुती अटकी हुती माधुरी बोलन पै।
कवि ठाकुर लोचन नासिका पै मँडराई रही हुती डोलन पै।
ठहरै नहिं डीठि रि उठकी इन गौरे कपोलनगोलन पै।[18]

उपर्युक्त छन्द में कवि के नज़रिये और दृष्टि का कमाल है। साधारण पाठक इसे विलासितापूर्ण कह सकता है। इस संदर्भ में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है- ''रीतिकालीन कवि एकान्तिक श्रृंगारी नहीं है उनकी रचना में गृहस्थी का भरपूर रस है।''[19]

समग्रत: कहा जा सकता है कि रीतिकाल सदैव प्रासंगिक रहेगा, क्योंकि जो मुद्दे, जो विषय रीतिकाल में उठाये गये हैं, वही मुद्दे आधुनिक काल में विस्तार पाते हैं। आधुनिकता का बीज हमें रीतिकाल में ही दिखाई देने लग गया था जो आधुनिक काल में पुष्पित पल्लवित हो रहा है। इसलिए 'डॉ. मुकेश गर्ग' के वक्तव्य में कहा गया यह कथन बहुत औचित्यपूर्ण है कि ''रीतिकाव्य वह हवाई पट्टी है जिस पर आधुनिक काल दौड़ता है और उड़ान भरकर आधुनिक काल में आ जाता है।''[20]

अत: स्पष्ट है रीतिकाल में लौकिकता का चित्रण, नीतिकाव्य, 'मैं' शैली स्वानुभूति पर बल, स्त्री को केन्द्र में लाना, स्त्री अधिकारों की बात करना और स्त्री विमर्श को जन्म देना, आदि विषयों की मौजूदगी के कारण रीतिकाल की प्रासंगिकता निर्विवाद रूप से उचित प्रतीत लगती है।

सन्दर्भ ग्रंथ

जगन्नाथ दास रत्नाकर, बिहारी रत्नाकर, प्रकाशन मलिक एण्ड कम्पनी, प्रथम संस्करण-2009

पाण्डेय, मैनेजर- शब्द और साधना, वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2019, पृष्ठ संख्या-121,122

3.दोहा सं. 85 वही, पृष्ठ 60

4.दोहा सं. 1, वही पृष्ठ 21

5.सं. आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, घनानन्द कृत-सुजानहित संस्करण-2009, प्रकाशन, पद सं.-10, पृष्ठ 7

6.पद सं. 16, वही पृष्ठ 8

7.पद सं. 8, वही पृष्ठ 6

8.पद सं. 4, वही पृष्ठ 5

9.पद सं. 2, वही पृष्ठ 3

10.पद सं. 41, वही पृष्ठ 15

11.सं. पं. कृष्ण बिहारी मिश्र- मतिराम ग्रन्थावली, प्रकाशन श्री दुलारेलाल (लखनऊ) चौथी बार-2029 वि. पद सं. 1, पृष्ठ 70

12.धीरेन्द्र वर्मा, हिन्दी साहित्य (भाग-2), पृष्ठ 401

13.सं. (श्री मती) मालती अनु. प्रो. विरेन्द्र अग्रवाल, रीतिकालीन हिन्दी काव्य, प्रकाशन के.एल. पचौरी, संस्करण-2000, पद संख्या-26, पृष्ठ 41

14.सं. नन्द किशोर नवल, अनु- तरुण कुमार, दिनकर रचनावली-7, रामधारी सिंह 'दिनकर' लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृष्ठ 60

15.डॉ. उमेश कुमार सिंह, वृन्द : नीति सतसई समाज और संस्कृति, प्रकाशन श्री साहित्यिक संस्थान प्रथम संस्करण-2001, दोहा संख्या-22, पृष्ठ 96

16.दोहा सं. 53, वही पृष्ठ 98

17.दोहा सं. 141, वही पृष्ठ 105

18.रीतिकालीन काव्य, वही नं. 12, पद सं. 6, पृष्ठ 47

19.आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य, पृष्ठ 300

20. राष्ट्रीय संगोष्ठी, विषय: वर्त्तमान परिप्रेक्ष्य में ब्रजभाषा साहित्य की उपादेयता, स्थान-कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर (राजस्थान), दिनांक- 6/01/2015

*****

फणीश्वरनाथ रेणु की कहानियों (मारे गए ग़ुलफ़ाम उर्फ़ तीसरी कसम और लाल पान की बेगम) में अभिव्यक्त आंचलिक परिवेश

- आस्था प्रियदर्शिनी
विद्यार्थी , हिंदी विभाग
ईमेल - astha2098@gmail.com
संपर्क सूत्र - 7004019172
पता - मकान नं. 93, गली नं. 15,
बंगाली कॉलोनी, संत नगर 110084

फणीश्वरनाथ रेणु हिंदी के विशिष्ट साहित्यकार हैं। रेणु की लेखनी की विशेषता है कि यह कागज - कलम से आगे बढ़कर कैमरा बन जाती है। इनकी आंचलिक कहानियों और उपन्यासों की श्रेष्ठता उल्लेखनीय है। आंचलिकता किसी अंचल विशेष के रीति रिवाज, समाज, राजनीति, धर्म, संस्कृति, पर्व, उत्सव, रहन-सहन, भाषा का चित्रण है। यह एक शिल्पगत प्रयोग है। यह अंचल कोई गाँव, नगर या कस्बा भी हो सकता है। रेणु की कहानियों में मुख्य रूप से गाँव की विशेषता लोकगीत, लोकजीवन, परंपरा, रूढ़ि और बदलते जीवन की झलक है। इन्होंने एक विशेष अंचल को पहचाना और भोगा है इसलिए उसके चित्रण में सफल भी हुए हैं। रजनीकांत के शब्दों में "रेणु के लेखन में आंचलिकता उनका मात्र परिवेश था, जीवनधारा नही। इसलिए उनका लेखन आंचलिकता की सीमाओं का अतिक्रमण कर समूचे राष्ट्र के किसी भी अंचल को अभिव्यक्ति देता नजर आता है। रेणु ने अपने व्यक्तित्व को आंचलिकता से बांधने का प्रयास तो किया है, किंतु परिवेश के अंतस्तल में प्रवाहित होने वाली सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जीवनधारा को उन्मुक्त छोड़ दिया जो विश्व के किसी भी पिछड़े इलाके में हूबहू देखी जा सकती है।"

राजनीति से लेखन की ओर आकर रेणु ने अनेक रचनाएँ लिखी उनकी पहली प्रसिद्ध रचना मैला आँचल (1954 ई.) है। अपने पहले ही उपन्यास से उन्हें विशेष ख्याति प्राप्त हुई। मैला आँचल को उन्होंने स्वयं ही आंचलिक उपन्यास कहा है, "यह है मैला आँचल एक आंचलिक उपन्यास"।

"नूतन कथा - साहित्य के दो महत्वपूर्ण बिंदु हैं आंचलिकता और आधुनिकता।.... कहानियों में इन आंचलिक आयामों का चित्रण बहुत कम हो सका.. संभवतः हिंदी के कहानीकारों ने कहानी के लघु आकार एवं एकोन्मुख शिल्प द्वारा इसके चित्रण में असमर्थता का अनुभव किया और यही कारण है कि आंचलिक उपन्यास लेखकों की कहानियों में यह आंचलिकता ठीक से चित्रित न हुई अथवा वह पीछे ही छूट गयी। मगर फणीश्वरनाथ रेणु ने अपने उपन्यासों की भाँति अपनी कहानियों में भी आंचलिकता का चित्रण बड़ी ही सफलता के साथ किया। इसलिए आंचलिक कथा-लेखकों में रेणु अग्रगण्य और समादृत हैं।"

मैला आँचल के चार - पांच वर्ष के समय अंतराल के पश्चात रेणु का पहला कहानी संग्रह 'ठुमरी' (1959 ई.) प्रकाशित हुआ।

ठुमरी एक गायन पद्धति है जिसमें आंचलिकता का पुट भी है। 'रसप्रिया' ठुमरी संग्रह की पहली कहानी है। रेणु की सभी कहानियाँ अपने आप में विशिष्ट है किंतु 'तीसरी कसम' अर्थात् 'मारे गये गुलफ़ाम' और 'लाल पान की बेगम' कहानी सबसे प्रख्यात है। तीसरी कसम के संदर्भ में डॉ. रामदरश मिश्र कहते हैं - "स्वीकार की मनः स्थिति और अस्वीकार की नियति का यह द्वंद्व पूरी कहानी में व्याप्त होता-होता एक घनीभूत अंत के रूप में उद्भासित हो उठता है।"

कहानी का मुख्य पात्र हिरामन एक सामान्य गाड़ीवान है। कहानी में हीराबाई को अपनी गाड़ी में ले जाने से पूर्व ही वह दो प्रण कर चुका होता है। हीराबाई को गाड़ी में ले जाने से हिरामन की संवेदना उभरती है। कहानी में संवेदना को परिवेश के द्वारा मूर्त रूप दिया गया है। यह परिवेश देहात का है। जिसमें वही के लोग, उनके रीति रिवाज, लोकगीत और मेले ठेले हैं। हिरामन और हीराबाई का प्रेम कथित नहीं, बल्कि व्यंजित हुआ है। रेणु की कहानियों में जो कहा गया है उससे महत्वपूर्ण है 'जो नहीं कहा गया'। हिरामन की यही मूक अभिव्यक्ति पाठक में एक टीस उत्पन्न करती है।

किसी खास परिवेश में प्रेम की प्रत्यक्ष व्यंजना कितनी कठिन हो सकती है लेखक इस पक्ष को भली-भाँति समझता है। इसलिए उसने उसी परिवेश की लोक कथा के माध्यम से सब कह डाला है। हिरामन हीराबाई को 'महुवा घटवारिन' की कहानी सुनाता है। हिरामन सोचता है- "इस बार लगता है महुआ ने अपने को पकड़ा दिया। खुद ही पकड़ में आ गयी है। उसने महुआ को छू लिया है, पा लिया है, उसकी थकान दूर हो गयी है। पंद्रह बीस साल उमड़ी हुई नदी की उल्टी धारा में तैरते हुए उसके मन को किनारे मिल गया है।" कहानी के अंत में इसी को आधार बना कर हीराबाई कहती है "तुम्हारा जी बहुत छोटा हो गया है। क्यों मीता? महुवा घटवारिन को सौदागर ने खरीद जो लिया है गुरुजी।"

कहानी में लेखक उन तमाम लोक कलाओं को भी संरक्षित करता है जो ग्रामीण विरासत है। बदलते ढाँचे ने इन लोकपरंपराओं को निगल लिया है। परंतु रेणु के यहाँ ये कभी गीत तो कभी मृदंगिया के तान में सुनने मिलते हैं। मसलन

"लाली-लाली डोलिया में
लाली रे दुलहिनिया
पान खाये...."

रेणु की भाषा का जादुई असर पाठक को अपने साथ बांधे रखता है। कहानियों में आंचलिक जीवन के हर धुन, गंध, लय, ताल, सुंदरता, कुरूपता को शब्दों में बाँधने की कोशिश की है। रेणु की ज्यादातर कहानियों में परिवेश अपने मूल रूप में ही आया है, उनकी लोकगीत, लोकोक्तियों,

मुहावरों और अंचल प्रचलित एक्सेंट्स में, इसलिए जो कहा गया वह अधिक चुटीला और अर्थगर्भित हो गया है। चाहे हिरामन का इस्स, धत्त, जा रे जमाना, अरे बाप कहना हो या फिर "बिरजू की माँ का आगे नाथ और पीछे पगहिया हो तब न, फुआ!" कहना।

"कचराही बोली में दो चार सवाल जवाब चल सकता है, दिल खोल गप तो गाँव की बोली में ही की जा सकती है किसी से।" गाँव ने रेणु को कथा के लिए सिर्फ विषय वस्तु ही नहीं दिया बल्कि गप रसाने का भेद भी दिया है।

"गाँव के प्रति रेणु का आकर्षण विवेकशून्य मोह मात्र नही है। गाँव के समाज में ही मनुष्य का मनुष्य से हार्दिक संबंध बना होता है।" गाँव में भीषण गरीबी, ईर्ष्या, द्वेष, स्वार्थ, घृणा आदि के बीच भी लेखक किसी अज्ञात सौंदर्यबोध की खोज करता है। पर साथ-ही-साथ गाँव की सामाजिक, आर्थिक बुनावट की बारीकियों को समझाते हुए जाति व्यवस्था की मजबूत घेराबंदी को भी दर्शाते हैं। रेणु गंवई और किसानी जीवन के अछूते लेकिन स्वाभाविक बिम्बों को इकट्ठा कर पाठक के समक्ष रख देते हैं। "गाड़ी की लीक धनखेतों के बीच होकर गयी। चारों ओर गौने की साड़ी की खसखसाहट जैसी आवाज होती है।.... बिरजू की माँ के माथे के मंगटीक्के पर चाँदनी छिटकती है।" लेखक को किसान की आत्मा की अद्भुत परख है। घर में देर से पहुँचने पर बिरजू का बाप अपने खेत के धान की पंचसीस लाता है। 'लालपान की बेगम' में चित्रित यथार्थ उत्तरी भारत के सभी गाँवों की अमिट सच्चाई है। निम्नवर्गीय औसत आदमी के सुख-दुःख की कहानी है।

रेणु किसी एक दृष्टि के हिमायती नहीं हैं। मानवीय जटिलताओं को एक पात्र में ढूंढ़ना संभव नहीं है। जो बिरजू की माँ जंगी की पतोहू से बिदककर कहती है "गाँव में तो अब ठेठर-बैसकोप का गीत गानेवाली पतुरिया पुतोहू सब आने लगी है।" वही अंत तक मन का सब मैल धो चुकी है। खुद ही चम्पिया से कहती है "अच्छा अब एक बैसकोप का गीत गा तो चम्पिया। डरती है काहे? जहाँ भूल जाओगी, बगल में मास्टरनी बैठी ही है।"

हिरामन-हीराबाई या बिरजू की माँ की जीवन की ये तमाम घटनाएँ निजत्व के दायरे को लाँघ चुके हैं। जिनकी स्मृतियों में गाँव की अक्खड़ छवि निर्मित ही ना हो उनके लिए कभी-कभी ये दायरा उभर आता है। रेणु की ये कहानियाँ आदमी को गाँव या शहरों में नहीं बाँटती लेकिन गाँव की सोंधी खुशबू से सराबोर है।

संदर्भ - सूची :

1. फणीश्वरनाथ रेणु सृजन और संदर्भ, संपादक डॉ. अशोक कुमार पांडेय, आधार प्रकाशन, पृष्ठ संख्या 304

2. वहीं

3. ठुमरी ('तीसरी कसम' कहानी से) फणीश्वरनाथ रेणु, राजकमल प्रकाशन, पृष्ठ संख्या 130

4. वहीं, पृष्ठ संख्या 117

5. कथाकार फणीश्वरनाथ रेणु डॉ. चंद्रभानु सीताराम, पंचशील प्रकाशन, पृष्ठ संख्या 176

6. फणीश्वरनाथ रेणु का साहित्य डॉ. अंजलि तिवारी, ऋषभचरण जैन एवं सन्तति

7. आंचलिकता यथार्थवाद और फणीश्वरनाथ रेणु डॉ. सुवास कुमार, साहित्य सहकार प्रकाशन

*****

भारतेन्दु के नाटक और नाट्य सिद्धांत

-डॉ. अभिषेक कुमार पटेल
सहायक प्राध्यापक,
शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय ,
गुण्डरदेही,जिला बालोद, छत्तीसगढ़ पिन कोड 491223
मोबाईल नंबर 7869668874
ईमेल patelabhishek84@gmail.com

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने मौलिक नाटक, मौलिक अधूरे नाटक, अनुवादित नाटक, अनुवादित अधुरे नाटक, संशोधित नाटक, संवाद, छायाचित्र और विविध लेखन के रूप में 1868 से 1885 के बीच लगभग, पच्चीस-तीस नाट्य रचनाएँ, आधुनिक हिन्दी रंगमंच की आधारषिला के रूप में प्रस्तुत की है। तो उसी के साथ नाट्यकला के सिद्धान्त-विवेचन को लेकर नाटक अथवा दृश्य-काव्य-विवेचन शीर्षक से 1880-81 के लगभग पचास पृष्ठों का एक लम्बा निबंध भी लिखा। यह निबंध उनके पूरे रचनाक्रम का निचोड़ तो है ही इसके साथ ही भारतेन्दु से पहले के समस्त भारतीय रंग-चिन्तन का भी आधुनिक हिन्दी रंगमंच की दृष्टि से पहला गंभीर आकलन है। भारतेन्दु को अपने निबन्ध के लिए मुख्य रूप से दषरूपक, भारतीय नाट्यशास्त्र, साहित्यदर्पण, काव्यप्रकाश, विल्संस हिन्दू थिएटर्स, लाइफ ऑफ दि एमिनेंट परसंस, ड्रामेटिस्टस एंड नावेलिस्ट्स हिस्ट्री दि इटालिक थिएटर्स और आर्य दर्शन से उन्हें प्रेरणा मिली जिसका उल्लेख उन्होंने इसकी भूमिका में किया है।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का उदय रिनेसां या पुनरूत्थान काल के प्रथम चरण में हुआ। नवजागरण की ऐतिहासिक शक्तियों के संघात से उत्पन्न नवचेतना के परिप्रेक्ष्य में ही भारतेन्दु की नाट्यदृष्टि और रंग दृष्टि का अध्ययन इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि यही वह धरातल है जहाँ उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व में जुड़े अंतर्विरोध के साथ न्याय किया जा सकता है।

भारत के नाट्यशास्त्र का रचनाकाल ई.पू. चैथी शताब्दी से चैथी ईस्वी के बीच माना जाता रहा है। नाट्यशास्त्र को आधार बनाकर अभिनव-भारती, दशरूपक, अभिनय-दर्पण, साहित्यदर्पण, ध्वन्यालोक इत्यादि जितने भी शास्त्रीय ग्रन्थों की रचना हुई ने सब मूलतः संस्कृत भाषा के थे। पहली बार 1883 में भारतेन्दु ने 'नाटक अथवा दृश्य काव्य-सिद्धान्त विवेचन' शीर्षक से संस्कृत से अलग हिन्दी भाषा में इतना लम्बा निबंध लिखा। यह निबन्ध उनके समस्त रचनात्मक लेखन के बाद लिखी गई सैद्धान्तिक कृति है। अर्थात् कम-से-कम पन्द्रह-बीस वर्ष तक लगातार नाटकों को लिखने, उनमें अभिनय करने, उनका निर्देशन करने, पूरे देष में होने वाली नाट्य गतिविधियों को साक्षात् इस निबन्ध का प्रणयन हुआ है।

यही पर थोड़ा रूककर एक और तथ्य का भी उल्लेख कर लिया जाए और वह यह है कि भरत के बाद भारतेन्दु ही पहले ऐसे व्यक्ति के रूप में सामने आते हैं जो स्वयं ही सिद्धान्तकार भी हों, रचनाकार भी हों, और प्रयोक्ता भी हों। यहाँ तक कि पश्चिम में भी इस तरह के त्रिआयामी व्यक्तित्ववाला व्यक्ति बहुत वर्षों के बाद ब्रेख्त के रूप में पैदा होता है। स्तानिस्लाव्स्की भी मात्र प्रयोक्ता और सिद्धान्तकार थे। भारतेन्दु का महत्व एक अर्थ में भरत से भी ज्यादा आँका जा सकता है और वह इस तरह से कि स्वयं भरत ने तो किसी नाटक की रचना नहीं की। दूसरे अपने समय में अपने नाटकों का प्रयोग भी किया होगा इस विषय में भी भरत का 'नाट्यशास्त्र' कोई संकेत नहीं देता। इसके विपरीत भारतेन्दु न केवल एक शास्त्र की रचना करते हैं वरन उस शास्त्र में विवेचित सिद्धान्तों के आधार पर नाटकों के प्रयोग कैसे किए जाऐं, इसकी भी बार-बार चर्चा करते है। आज के भारतीय रंगमंच में जिस प्रकार से प्राचीन और आधुनिक, पूर्वी और पश्चिमी नाट्य परम्पराओं और रंग-शैलियों के आपसी मेल जोल से जिस ताजे भारतीय रंगमंच की खोज का काम पूरे जोर-शोर से किया जा रहा है, उसकी ठोस जमीन भारतेन्दु अपने निबन्ध के माध्यम से 130 वर्ष पूर्व ही तैयार कर देते है।

भारतेन्दु ने मात्र पच्चीस पृष्ठों की मुद्रित सामग्री में जिस संक्षिप्तता के साथ बहुविध सामग्री का विवेचन किया है, वह देखते ही बनता है। उदाहरण के लिए नाटक अथवा दृश्यकाव्य की परिभाषा, दशरूपक, उपरूपक, पाश्चात्य एवं भारतीय नाटक, नाटक-रचना, मंच-विधान, अभिनय, रस-सिद्धान्त और नाटकों का संक्षिप्त इतिहास अर्थात कोई भी विषय ऐसा नहीं है जो नाटक के सिद्धान्त और उसके प्रयोग पक्ष से अछूता रहा हो। नाटक अथवा दृश्यकाव्य की दृष्टि से नाटक के दो भेद, दृश्य और श्रव्य की अवधारणा का जन्म सबसे पहले भारतेन्दु के यहाँ मिलता है। ध्यान रहे, तब तक ध्वनि अथवा रेडियो

जैसे श्रव्य माध्यम का जन्म भी नहीं हुआ था। भारतेन्दु दृश्य -श्रव्य इन दो शब्दों की मात्र स्थापना ही नहीं करते बल्कि 'अभिज्ञान शाकुन्तल' के एक ही उदाहरण से दोनों भेदों को बखूबी स्पष्ट करते हैं। उदाहरण स्वरूप 'शाकुन्तला' में भ्रमर के आने पर शकुन्तला की सुधि, चितवन से कटाक्षों का फेरना आदि जो वर्णन है उसे देखने पर दृश्य-काव्य का और यही वर्णन सुनने पर श्रव्य काव्य का आनन्द प्राप्त होता है।

उसी तरह से नाटक को साहित्य के रूप में न लेते हुए उसकी अर्थग्राहिता को रंगस्थ खेल के अन्तर्गत ही विश्लेषित करते हैं। प्राचीन समय में अभिनय के सन्दर्भ में नाटक, नृत्य, नृत्त, तांडव और लास्य इन पाँच शब्दों की व्याख्या करने के पश्चात केवल नाट्य को नाटक के साथ जोड़कर देखने की दृष्टि नितान्त आधुनिक और मौलिक सोच-विचार का परिणाम है। प्रायः आज रंगमंच में गीत, संगीत और नृत्य को नाटक और रंगमंच का अनिवार्य अंग मान लिया जाता है। लेकिन जब हम भरत के नाट्यशास्त्र को और उसके बाद भारतेन्दु की इन रचनाओं को उदाहरण के रूप में लेते हैं तो यह अवधारणा स्वयं ही खंडित हो जाती है नाट्य के अतिरिक्त बाकी चार भेदों को भारतेन्दु ने भी नाचने वालों के लिए छोड़ दिया है। भारतेन्दु से पूर्व भरत ने भी नाटक में इन तत्वों का समावेश शिव के कहने पर ही किया था। अतः रंगमंच अपने-आपमें एक पूर्ण, मौलिक और शुद्ध कला है, यह निष्कर्ष सहज ही निकाला जा सकता है। गीत, संगीत और नृत्य उसके सहायक तत्व भले ही हो जाएं, वे उसके अनिवार्य तत्व नहीं हैं। क्या आज हमारे अपने समय में फिल्म को लेकर उसकी अपनी रंगमंच से अलग एक मौलिक भाषा और व्याकरण की दिशा में सोच-विचार नहीं हो रहा है ?

भारतेन्दु ने नाटकों को दो श्रेणियों में विभक्त किया है- प्राचीन और नवीन। प्राचीन में भी नाट्य के रूपक और उपरूपक दो भेद किए गए हैं। यह विभाजन भरत के नाट्यशास्त्र में भी उपलध है। पहले वह रूपक के दस भेद, यथा-नाटक प्रकरण, मान-व्यायोग, सवाकाट, डिम्ब, इहावृक्क, अंक, वीथि और प्रहसन की व्याख्या करते हैं और इसके बाद उपरूपक के अन्तर्गत नाटिका, त्रोटक, गोष्ठी, सट्टक, नाट्यरासक प्रस्थान, उल्लास, काव्य, प्रेखण, रासक संलापक, श्रीदित (श्रीरासिका), शिल्पक, विलासिका, दुर्भाल्लिका, प्रकसीका, दृल्लीश और भाणिका का विवेचन करते है।

इसी तरह नवीन भेद के अंतर्गत उन्होंने यूरोप के नायिकों की छाया पर लिखे जाने वाले नाटकों का उल्लेख किया हैं, जिसकी शुरूआत उस समय बंगाल में हो चुकी थी। भारतेन्दु के अनुसार- "प्राचीन की अपेक्षा नवीन की परम मुख्यता बारम्बार दृश्यों के बदलने में है और इसी हेतु एक अंक में अनेक-अनेक गर्थाकों की कल्पना की जाती है। क्योंकि इस समय में नाटक के खेलों के साथ विविध दृश्यों का ज्ञान भी आवश्यक समझा गया है। इस अंक और गर्भाकों की कल्पना यों होनी चाहिए, यथा पाँच वर्ष के एक आख्यान का नाटक है तो उसमें वर्ष-वर्ष के इतिहास के एक-एक अंक और उस अंक के अंतःपाती विशेष-विशेष समयों के वर्ण का एक-एक गंर्भकं। अथवा पाँच मुख्य घटना विशिष्ट कोई नाटक है तो प्रत्येक घटना के सम्पूर्ण वर्णन का एक-एक अंक और भिन्न-भिन्न स्थानों में विशेष घटनान्तः पाती छोटी-छोटी घटनाओं के वर्णन में एक-एक गर्भांक। ये नवीन नाटक मुख्यतः दो भेदों में बंटे हैं- एक नाटक, दूसरा गीतिरूपक। जिनमें कथा भाग विशेष और गीति न्यून है। वह नाटक और जिसमें गीति विशेष हों वह गीतिरूपक। यह दोनों कथाओं के स्वभाव से अनेक प्रकार के हो जाते हैं किन्तु उनके मुख्य भेद इतने किए जा सकते हैं यथा- 1. संयोगात्त अर्थात् प्राचीन नाटकों की भाँति जिसकी कथा संयोग पर समाप्त हो, 2. वियोगान्त-जिसकी कथा अन्त में नायिका नायक के मरण व और किसी आपद घटना पर समाप्त हो। (उदाहरण-रणधीर प्रेममोहिनी'), 3. मिश्र-अर्थात् जिसके अन्त में कुछ लोगों का तो प्राण्वियोग हो और कुछ सुख पावें।"

दशरूपक, उपरूपक, नया नाटक, प्राचीन नाटक, कोई भी विषय-विवेचन क्यों न हो, भारतेनदु ने हर परिभाषा को उसके उदाहरण से भी पुष्ट किया है। 'नाटक' निबंध में भारतेन्दु के तीन निष्कर्ष बहुत ही सार्थक दिखाई देते हैं। "एक तो यह कि आज न तो यह जरूरी है कि किसी नाटक की रचना में प्राचीन रीति का पूरी तरह से परित्याग कर दिया जाए और न ही इस बात की कोई गारंटी है कि जो कुछ आधुनिक है उसे दर्शक पूरी तरह से स्वीकार ही कर लेगी। इससे मिलता-जुलता मत कालिदास जैसे नाटककार ने भी अपने नाटक 'मालविकाग्निमित्रम' में व्यक्त किया है दूसरे; आज के नाटक में अस्वाभाविक लगने वाला सामग्री को बिल्कुल भी प्रस्तुत न किया जाए और अलौकिक विषयों को आधार न बनाया जाए तो ज्यादा अच्छा होगा। तीसरे और सम्भवतः सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष के रूप में यह विचार कि संस्कृत नाटकों में उपलब्ध नाट्यालंकार, पंच सन्धि, प्रकरी अथवा ऐसे ही अन्य तत्वों की हिन्दी नाटकों की रचना में कोई आवश्यकता नहीं है।"1 कुल मिलाकर नए और पुराने के प्रयोग को लेकर भारतेन्दु के समन्वयवादी और सर्वग्राही दृष्टिकोण का पता चलता है।

नाटक साहित्य के इतिहास में भारतेन्दु युग एक ऐसा अपवादकाल है जिसमें नाटककार और रंगकर्मी, नाटक और रंगमंच के इतने सीधे संबंध रहे हों। ऐसी रंगचेतना की परिणति जिन निष्कर्षों पर पहुँचती है वही भारतेन्दु के नाट्यादर्श हैं। भारतेन्दु ने नाटक अथवा दृश्यकाव्य निबंध में नाटक के निम्न

उद्देश्य नियत किये: (क) हास्य, (ख) शृंगार, (ग) कौतुक, (घ) समाज संस्कार, (ड़) देशवत्सलता। पहले भाग में हास्य, श्रृंगार और कौतुक आते हैं और दूसरे में समाज संस्कार तथा देशवत्सलता। पहले में 'दिल्लगी' मुख्य तथा 'शिक्षा' गौण और दूसरे में 'शिक्षा' मुख्य तथा दिल्लगी' गौण है। इनमें से चार आदर्शों- हास्य, कौतुक, समाज संस्कार, देशवत्सलता का सीधा संबंध सामसामायिक परिस्थितियों से हैं। चारों तरफ हो रहे पुनरूत्थान के दौर से नाटक के पुनरूत्थान को जोड़ना ही भारतेन्दु की ऐतिहासिक सूझबूझ का परिचायक है।

हिन्दी नाट्यसृजन के आरंभिक युग की रंग-चेतना कई अलग-अलग स्तरों पर, एक दूसरे से कहीं असंपृक्त तो कहीं अनायास ही प्रभावित हो विकसित होती रही।

1. पारसी रंगमंचः जो पश्चिम की पतनशील विक्टोरियन नाट्य-परम्परा का ही विकासमान अंश था। यह अति नाटकीय मेलाड्रामेटिक अति रंजनापूर्ण नाट्य शैली में थी।
2. लीला मंच: यह मध्ययुग से ही चली आ रही 'रासलीला' और 'रामलीला' की रंग-परम्परा है, यह धार्मिक रंगमंच है जिसका स्वरूप मुख्यतः गीत-नृत्यपूर्ण है । जिसमें संस्कृत रंगमंच तथा लोक-नाट्य-परम्परा की रूढ़ियों का विकास हुआ है। भारतेन्दु ने चन्द्रावली नाटिका में लीला मंच को आधार बनाकर नाटकीय प्रयोग किया है। भारतेन्दु ने 'रास' को भ्रष्ट' माना था।2 इसी से उस परम्परा का संस्कार कर उसे 'संस्कृत नाटिका' नाम दिया।
3. लोक मंच: भाड़ नौटंकी, स्वांग आदि परम्पराएं सुरूचि-सम्पन्न नहीं थी। भारतेन्दु ने अपने नाटक निबंध में 'भांड को 'भ्रष्ट' कहा है कि इसमें नाटकत्व दोष नहीं रहा।' लेकिन आम जनता का मनोरंजन करने के लिए लोक में ये नाट्य शैलियां लोकप्रिय थी और भारतेन्दु भी उनकी रंगमंचीय शक्ति के प्रति सजग थे। तभी 'अंधेर नगरी' में लोक परम्परा की तलाश का प्रमाण मिलता है।
4. संस्कृत रंगमंच: संस्कृत नाटकों के अनुवाद-परम्परा में संस्कृत का केवल 'नाटक' ही अनुदित होता था, 'रंगमंच' गायब हो जाता था। भारतेन्दु ने काफी हद तक संस्कृत रंगमंच को उसकी समग्रता में पहचानने की कोशिश की थी क्योंकि वे खुद भी जीवित रंगमंच से जुड़े थे। आलोचक ज्यादातर भारतेन्दु में जब संस्कृत रंगमंच खोजते हैं तो कार्यावस्थाओं और संधियों या फिर ज्यादा से ज्यादा भरत-वाक्य या नांदी के नियोजन तक ही बात रह जाती है। देखना हमें यह है कि संस्कृत नाट्य का आंतरिक संगठन, उसका काव्यमय वातावरण कहा तक भारतेन्दु के नाटकों में प्रश्रय पा सका। इस मृत रंगमंच को भारतेन्दु ने कहाँ तक जीवित करने में सफलता प्राप्त की।
5. बंगला (पाश्चात्य) रंगमंच: प्रसाद तक के सभी हिन्दी नाटककारों ने पाश्चात्य रंगमंच को मुख्यतः बंगला या पारसी रंगमंच के माध्यम से ही जाना है। यह बात नहीं कि भारतेन्दु ने अंग्रेजी नाटक पढ़े नहीं होंगे लेकिन शेक्सपियर की नाट्य-शैली की पूरी पहचान हिन्दी नाट्यकारों को डी.एल. राय के नाटकों से हुई जो मुख्यतः रोमाटिक और ऐतिहासिक त्रासदियों और रूपविधान शेक्सपियर के नाटकों से मिलता-जुलाता था। पारसी-बांगला रंगमंच के पाश्चात्य प्रभावों में अंतर यह था कि बंगला रंगमंच शेक्सपियर के काव्य तत्व, आंतरिक संघर्ष जैसे साहित्यिक तत्वों को उसके रूप -विधान के साथ अपना रहा था वहां पासी रंगमंचकार शेक्सपियर के नाटकों को मनमाने ढंग से अनूदित कर उनका अतिशयोक्तिपूर्ण भद्दे ढंग से प्रस्तुतीकरण कर रहे थे और उनका लक्ष्य मुख्यतः उन मारधाड़ के दृश्यों को प्रस्तुत करना था। भारतेन्दु ने अपने 'नाट्य' में पाश्चात्य रंगमंच के प्रभाव बंगला रंगमंच से ही मुख्यतः ग्रहण किए है। पारसी रंगमंच के प्रति उनके मन में भी बेहद आक्रोश था लेकिन वे उसके प्रभाव से बचे नहीं। भारतेन्दु के 'भारत दुर्दशा', 'नील देवी' आदि मौलिक नाटकों में बंगला के माध्यम से ही पाश्चात्य नाट्यतत्व आए हैं। अनूदित नाट्य 'दुर्लभ बंधु' शेक्सपियर के बंगला नाट्यानुवाद से प्रेरित है।

भारतेन्दु के अविर्भाव के समय ये पाँचों रंग-परम्पराएं एक साथ लेकिन एक-दूसरे से अलग, कटी हुई विकसित हो रही थी। इनमें से पासरी रंगमंच सबसे अधिक विकासशील और लोकप्रिय था। भारतेन्दु ने बनारस में पारसी कम्पनी द्वारा प्रस्तुत शकुन्तला नाटक के अभिनय के बारे में लिखा है- "काशी में पारसी नाटक कारों ने नाचघर में जब शकुन्तला नाटक खेला और उसमें धीरोदात्त नायक दुष्यन्त खेमटेवालियों की तरह कमर पर हाथ रखकर मटक-मटककर नाचने और पतरी कमर बल खाये' यह मानने लगा तो डाक्टर थिबो बाबू प्रेमदास प्रभृति विद्वान यह कहकर उठ आये कि कि अब देखा नहीं जाता। ये लोग कालिदास के गले पर छुरी फेर रहे है।"3 लेकिन भारतेन्दु पारसी रंगमंच के प्रभाव से स्वयं बच नहीं पाये। उनके नाटकों में जगह-जगह शेरों और ग़ज़लों का समावेश, अतिरंजित भावावेश (मूर्च्छित होना, आत्महत्या) तथा 'नील देवी' जैसे प्रमुख नाटक की रंग-परिकल्पना में परदे वाले पारसी रंगमंच की उपस्थिति आदि अनेक पारसी

रंगमंच के तत्व खोजे जा सकते हैं।

डॉ. सत्येन्द्र तनेजा ने बंगला नाटकों के प्रभाव को स्पष्ट करते हुए लिखा है - "शिल्प विधान की दृष्टि से भी भारतेन्दु पर बंगला नाटक साहित्य का पर्याप्त प्रभाव पड़ा। पश्चिमी नाटकों से विशेष रूप से अनुप्रेरित तथा अनुप्रमाणित होने के कारण बंगला-नाटकों की टैकनीक में बड़ा परिवर्तन आया। वहाँ का प्रथम नाटक, जि.सी.गुप्त का कीर्ति-विलास भारतीय नाट्यशास्त्र के विरूद्ध एक वियोगांत कृति है तथा उस युग के सर्वश्रेष्ठ नाटककार माइकेल मधुसूदन दत्त तो असाधारण रूप से पश्चिमी नाट्य-शास्त्र से अनुप्रमाणित थे"4 अतः भारतेन्दु की दृष्टि में नवीन नाट्य विधान से अभिहित परिवर्तन वस्तुतः बंगला नाटक साहित्य से आए। दूसरे शब्दों में, हिन्दी नाटक शैली में जो भी 'नवीनता' आई उसकी मूलभूत प्रेरणा बंगला नाटक से ही प्राप्त हुई।

भारतेन्दु के बारे में विद्वान एकमत हैं कि उन्होंने रचना कौशल की दृष्टि से मध्यम मार्ग अपनाया। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के शब्दों में "न तो बंगला के नाटकों की तरह प्राचीन भारतीय शैली को एक बारगी छोड़ वे अंग्रेजी नाटकों की नकल पर चले और न प्राचीन नाट्यशास्त्र की जटिलता में अपने को फंसाया।"5 ब्रजरत्नदास, डॉ. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, डॉ. वीरेन्द्र कुमार शुक्ल आदि आलोचकों की भी यही राय है। डॉ. रामविलास शर्मा ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के नाटकों के बारे में लिखा है- "यह वाक्य उस दिशा की तरफ संकेत करता है, जिसमें भारतेन्दु हिन्दी नाटकों का विकास कर रहे थे और अपने अंतिम वर्षों में चाहते थे कि विकास हो। नाटक खेलने से लोगों को वर्तमान समय का ठीक नमूना दिखाई पड़ना चाहिए। दूसरे शब्दों में, उसकी विषयवस्तु यथार्थवादी होनी चाहिए। साथ ही उसकी रचना में पुरानी रीति के अंधानुकरण के बदले उसमें आवश्यक हेर-फेर भी करना चाहिए। इस तरह नाटक का जातीय रूप विकसित होगा। साहित्य के अन्य अंगों की तरह भारतेन्दु नाटकों में भी यथार्थवाद के जन्मदाता हैं और उनके लोकप्रिय जातीय रूप को सँवारने वाले है।"6 नाटक भारतेन्दु के समय में पुरस्थापन अर्थात् जनजीवन में बदलाव की प्रक्रिया का जरिया बना। सन् 1871 में श्रीनिवास दास कृत 'रणधीरप्रेम मोहिनी' के प्रथम प्रदर्शन के अवसर पर लिखी प्रस्तावना में भारतेन्दु ने इसी विचार दृष्टि का प्रवर्तन किया - "सचमुच नाटक के प्रचार से इस भूमि का बहुत कुछ भला हो सकता है - दिल्लगी से इन लोगों को जैसी शिक्षा दी जा सकती है वैसी और तरह से नहीं।" इसी विचार क्रम में उन्होंने 'नाटक' नामक निबंध में लिखा: 'हे नाटकविरोधी मानवगण ! आप लोग इस चमत्कार कार्य में क्यों उत्साह नहीं बढ़ाते... अब यही हमारी प्रार्थना है कि जहाँ तक हो सके इसकी उन्नति में प्रयत्न करें जिससे हमारे इस देशवासियों का उपकार हो।'7 वस्तुतः भारतेन्दु नाटक की जनजागरण की अनंत संभावनाओं से भली-भाँति परिचित थे। डॉ. सत्येन्द्र तनेजा ने तत्कालीन अन्य नाटककारों की रंगदृष्टि को स्पष्ट करते हुए उनके उददेश्यों को रेखांकित किया है - "पं. बालकृष्ण भट्ट का विश्वास रहा कि नाटक में 'केवल क्षणिक मनोरंजकता ही नहीं किंतु देशोन्नति विषय पर कुछ उपदेश भी होने चाहिए।' पर पं. बदरी नारायण चैधरी 'प्रेमघन' का आग्रह है कि सभी बंधु इस (नाटक) के 'उन्नति की अभिलाषा से बद्ध परिकर हो, इसके उद्योग में प्रवृत्त हों, ईश्वर इस विद्या में इस देश को फिर उन्नत कर इस देश की उन्नति कर इस देश की उन्नति करें। इसी अनुक्रम में किशोरीलाल गोस्वामी ने अपने नाटक 'नाट्य संभव' की भूमिका में घोषित किया: 'नाटक से बढ़कर ऐसा दूसरा उपाय नहीं है जिससे सर्व साधारण की सामाजिक दशा का वर्तमान चित्र दिखाकर उसका पूरा-पूरा सुधार किया जाए।' पं. अंबिकादत्त व्यास ने अपने नाटक 'गो-संकट' की प्रस्तावना में नाटक के तीन लक्ष्य माने: ' क्षणिक मनोरंजन, देशोन्नति और धार्मिक उपदेश' तो काशीनाथ खत्री ने 'मनबहलाव के संग उपदेष' पर बल दिया।"8 भारतेन्दु हरिश्चन्द्र से अनुप्रेरित होकर इस युग के नाटककार के लिए नाटक एक ऐसा मंच बन गया था जिसके माध्यम से मनोरंजन से कहीं बढ़कर परिवर्तन, सुधार तथा नवजागरण लाया जा सके। इस तरह पुनरूत्थान के लक्ष्य अब नाटक के लक्ष्य हो गए। इस प्रतिबद्धता को एक नया आयाम इस अनुभव से मिला किस युग का नाटककार अपनी रचना के संपूर्ण साक्षात्कार के लिए एक सक्रिय रंगकर्मी, प्रस्तुतकर्ता तथा कुशल अभिनेता भी था।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की रंगदृष्टि में लोकधर्मी चेतना है। भारतेन्दु ने लोकधर्मिता की प्रवृत्तियों और शक्तियों का अपने मौलिक नाटकों में सदुपयोग किया है। नाट्यसंरचना में खुलापन, ताजगी, जीवंतता जैसी विशेषताओं के लिए उन्होंने ऐसे नाट्यरूप अपनाए जिनका स्वरूप लोकधर्मिता के निकट है। उदाहरण के लिए उनके 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' और 'अंधेर नगरी' प्रहसन है। 'विषयस्य निषमौषधम', 'भारत दुर्दशा' तथा 'चन्द्रावली' नाटिका है। 'नीलदेवी' को रीतिरूपक कहा जाता, परन्तु उसका आकार-प्रकार छोटा है। यह अनजाने ही नहीं हुआ यह भारतेन्दु की सामाजिक प्रतिबद्धता का परिणाम था।

भारतेन्दु ने अपने नाटकों में समसामयिक प्रश्नों को उठाया अवश्य है परन्तु दिल्लगी का निर्वाह करते हुए यदि 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' में धार्मिक वितंडावाद और मिथ्याचार का पर्दाफाश हास्य-व्यंग्य शैली में हुआ है तो

'अंधेर नगरी' की अंधेरगर्दी को कहीं उसके बाजार में 'टके सेर भाजी टके सेर खाजा' से दिखाया है और कहीं राजा की हास्यास्पद स्थितियों से।

इनके अलग-अलग नाटकों में अलग-अलग रंगशैलियों के दर्शन होते है। 'भारत दुर्दशा', संस्कृत-पारसी और बांगला-नाट्य शैली का मिश्रित रूप दिखता है तो 'चन्द्रावली' में रामलीला की रंगशैली झलकती है। 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' में संस्कृत प्रहसन का रूप-विन्यास है तो 'अंधेर नगरी' में लोक-नाट्य शैली के दर्शन होते है। भारतेन्दु के सभी मौलिक नाटक रंगमंच के किसी न किसी नये रूप की तलाश में है। इसी से भारतेन्दु सभी प्रचलित रंगशैलियों के माध्यम से अपनी खोज करते रहे। इस दृष्टि से भारतेनदु का प्रत्येक मौलिक नाटक अपने में एक प्रयोग है और हिन्दी को एक नया नाट्य रूप देने का प्रयास करता है। 'नीलदेवी' में नौटंकी का परिष्कृत रूप मिलता है जिसमें पारसी रंगतत्व भी सहज घुल गया है तो 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' समाज के ढ़ोगी धर्म-प्रणाली पर तीखी चोट करता हुआ व्यंग्य नाटक है। 'चन्द्रावली' में रासलीला की शैली में नृत्यगीतमय नाटिका प्रस्तुत की है और 'सत्य हरिश्चन्द्र में पारसी रंगमंच शैली में परिष्कृत नाट्य प्रयोग किया है।

भारतेन्दु की रंगशैली की सबसे बड़ी विशेषता तो यही है कि वह एक साहित्यिक शैली या मुहावरा नहीं है वरन पूरी तरह से रंगमंचीयता से संबद्ध है। नाटक के आरम्भ में ही एक गीत या प्रार्थना या मंगलाचरण का इस्तेमाल। भले ही यह उक्ति कोई नई नहीं थी और रंगमंच के आरंभ से ही चली आ रही थी; लेकिन फिर भी इसके इस्तेमाल से कैसे एकदम से दर्शकों को काबू में किया जा सकता है, यह भारतेन्दु ने बहुत अच्छी तरह से जान-समझ लिया था। इसकी प्रेरणा उन्हें भले ही संस्कृत नाटकों से मिली हो, लेकिन अहम बात यह है कि उन्होंने इन सभी परम्पराओं को मिलाकर अपने नाटकों का जो मुहावरा तैयार किया वह कई तरह से अपनी ओर ध्यान आकृष्ट करता है। डॉ. सत्येन्द्र तनेजा ने भारतेन्दु के रंगचिंतन पर ठीक ही लिखा है कि - "उसमें शास्त्रीय रंगमंच जैसा दुरूहता और क्लिष्टता बिल्कुल भी नहीं है, न ही पारसी रंगमंच जैसा फूहडपन है और न ही लोक-रंगमंच जैसा खुलापन है। यदि सही मायनों में कहा जाए तो उनकी शैली एक सहजता और स्वाभाविकता लिऐ हुए है।"9 यह अकारण नहीं है कि परवर्ती नाटककार जयशंकर प्रसाद ने भारतीय रंगमंच में यथार्थवाद को लाने का श्रेय भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को दिया है।

भारतेन्दु के मन में कोई पूर्वाग्रह नहीं था कि उनके पात्र धीरोदात्त ही हों। इसके विररीत समस्या के अनुरूप उसका सृजन किया गया। इसीलिए जहाँ पहले नायक उच्च कुल तथा राजवंश आदि से संबंधित होता था वहाँ अब विवेकहीन एवं पाखंडी राजा, अत्याचारी एवं निष्ठुर अब्दुल शरीफ खाँ, धनदास तथा वनितादास जैसे धूर्त एवं नीच मिल जाते हैं। इस दृष्टि से भारतेन्दु मानवतावाद का स्पर्श देने वाले पहले नाटककार हैं। उन्होंने रंगमंच के द्वार को प्रत्येक के लिए खोल दिया। इससे नाटक जीवन के और समीप आ गया। मानवोचित गुण-दोष से युक्त भारतेनदु के पात्र एक नवीन नाट्य परंपरा का शिलान्यास करते है।

'रस' के बारे में उन्हे विशेष चिंता दिखाई नहीं देती कि श्रृंगार, वीर या शांत रस का पूर्ण परिपाक हो। वे कथा के भावात्मक पक्ष तथा लक्ष्य की ओर अधिक प्रयत्नशील रहे हैं वास्तव में समस्या के निर्वाचन के ही दृष्टिकोण में अंतर आ जाता है। जीवन की जटिल समस्याओं को लाने से नाटककार का ध्यान उसके यथार्थ एवं जीवंत चित्रण की ओर रहता है, उसी के अनुरूप वस्तु, पात्र और रस अपने स्थान प्राप्त कर लेते हैं। बाह्य घटनाओं की अपेक्षा आंतिरिक द्वन्द्व या ऊहापेह की ओर ध्यान देने के कारण इस अवस्था में और परिवर्तन आ गया। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा है - "भारतेन्दु के नाटकों में एक-दो ही ऐसे मिलेगे जिनमें रीतिकालीन कवियों के श्रृंगार रस की प्रधानता हो। 'विद्यासुन्दर' और 'कर्पूरमंजरी' में पुरानी चाल का श्रृंगार अवश्य है, चन्द्रावली में श्रृंगार है लेकिन प्रेम की प्रधानता होने से नायिकाभेदी तत्व दबा हुआ है। बाकी नाटक रीतिकालीन श्रृंगार रस की परम्परा से दूर हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि नाटक साहित्य में भातेन्दु सामन्ती साहित्य की लीक छोड़कर समाजोपयोगी और यथार्थवादी साहित्य की नई लीक बना रहे थे।"10

भारतेन्दु ने सम-सामयिक परिस्थितियों के अनुरूप प्राचीन और अर्वाचीन नाटक प्रणालियों से उपयोगी तत्व ग्रहण किए और स्वतंत्र नाट्य विधन का सूत्रपात किया। इसमें प्राचीन के प्रति श्रद्धा, नवीन के प्रति आस्था थी। दूसरे शब्दों में उन्होंने बंगीय नाट्यशैली का अंधानुकरण नहीं किया और न आवेश में आकर प्रत्येक प्राचीन नियम का उल्लंघन किया। उन्होंने संतुलित दृष्टि से उपयुक्त एवं आवष्यक सुधार किये।

संदर्भ संकेत:-

1. भारतेन्दु का रंग चिन्तन - रमेश गौतम, पृष्ठ-37
2. भारतेन्दु ग्रन्थावली: पहला खण्ड, पं. ब्रजरत्नदास (2007 वि.) पृ.-716
3. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र – डॉ. रामविलास शर्मा, पृ. 74
4. हिन्दी नाटक: पुनर्मूल्यांकन – डॉ. सत्येन्द्र तनेजा, पृ. 85
5. हिन्दी साहित्य का इतिहास- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पृ.-461
6. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और हिन्दी नवजागरण की समस्याएं –डॉ. रामविलास शर्मा, पृ.- 114
7. आधुनिक हिन्दी नाटक और रंगमंच- नेमिचन्द्र जैन सम्पादक
भारतेन्दु की रंगदृष्टि लेख- सत्येन्द्र तनेजा, पृ.-77
8. आधुनिक हिन्दी नाटक और रंगमंच- नेमिचन्द्र जैन सम्पादक- पृ.- 77-78
9. अन्तरंग बह्रिरंग – डॉ. सत्येन्द्र तनेजा, पृ.-42
10. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और हिन्दी नवजागरण की समस्याएं –डॉ. रामविलास शर्मा, पृ.- 114

*****

मुक्तिबोध का आलोचना कर्म

-राहुल कुमार
विद्यार्थी , हिंदी विभाग
ईमेल - rahulogy0@gmail.com
मो. नं. 9958396769
पता : प्लॉट नंबर 13&14, गली नंबर 4, एफ ब्लॉक, कुतुब विहार फेज 1, साउथ वेस्ट दिल्ली 110071

हिंदी साहित्य जगत के सर्वाधिक चर्चित और विवादित कवि, कथाकार, समीक्षक, निबंध लेखक और उपन्यासकार गजानन माधव मुक्तिबोध एक ही साथ प्रयोगवादी भी है और प्रतिवादी भी।

"मुक्तिबोध आत्ममंथन के कवि हैं। इस मंथन में कालकूट भी निकलता है और अमृत भी। कालकूट वह स्वयं पीते हैं और अमृत दूसरों को बांटते हैं। इस मंथन में उनका आत्मालोचन, सभ्यता - समीक्षा, आधुनिकबोध, रचना - प्रक्रिया, मानवीय अभिप्राय, क्रांतिकारी परिवर्तन आदि सभी कुछ सम्मिलित है। किसी एक कविता को उठा लीजिए उसमें यह सब कुछ मिलेगा। किसी में कुछ तत्व प्रधान है तो किसी में कुछ। इसीलिए कहा जाता है कि उन्होंने समग्रत: एक ही कविता लिखी है- अनेक कविताओं को मिलकर भी एक ही कविता।" [1]

मुक्तिबोध मूलत: कवि थे। व्यवस्थित रूप से सर्वप्रथम सन 1943 ई. में अज्ञेय द्वारा संपादित 'तार सप्तक' में प्रकाशित हुए। उनकी कविताओं का प्रथम संग्रह 'चांद का मुंह टेढ़ा है' सन 1964 में प्रकाशित हुआ। इसमें छोटी - बड़ी 28 कविताएं संकलित हैं। सन 1980 ई. में राजकमल प्रकाशन द्वारा इनका दूसरा काव्य संग्रह 'भूरी भूरी खाक धूल' प्रकाशित किया गया।

समीक्षक के रूप में मुक्तिबोध का साहित्य कम महत्वपूर्ण नहीं है। उनकी प्रथम समीक्षात्मक कृति 'कामायनी : एक पुनर्विचार' सन 1961 ई. में प्रकाशित हुई। इसके अतिरिक्त 'नई कविता का आत्मसंघर्ष' सन 1964 ई. में तथा 'नए साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' 1971 व एक साहित्य की डायरी भी मुक्तिबोध की कालजयी समीक्षात्मक कृतियां हैं।

'एक साहित्यिक की डायरी' उस स्तंभ का नाम है जिसके अंतर्गत वह समय -समय पर सामूहिक टिप्पणियां लिखा करते थे। इन टिप्पणियों के विषय कभी अर्द्धसाहित्यिक तो कभी गैर साहित्यिक होते थे। यह स्वयं में स्वतंत्र निबंध ही थे जो बाद में पुस्तक रूप में संकलित किए गए उनकी यह कृति विचार और शैली शिल्प दोनों ही विशेषताओं से विभूषित हैं।

मुक्तिबोध साहित्य को सामाजिक संदर्भों से अनिवार्यत: संबद्ध मानते हैं। इनके आलोचनात्मक चिंतन में मार्क्सवाद का सैद्धांतिक पक्ष मजबूती से उभरा है। चंचल चौहान का कहना है **"मुक्तिबोध के आलोचनात्मक लेखन को यदि बारीकी से परखा जाए तो यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने मार्क्सवाद का अध्ययन बहुत ही गंभीरता से किया था और उसके साहित्यिक अमल में भी भूल गलती की बहुत ही काम संभावनाएं रहने दी। जो भूले हैं भी वे विश्व कम्युनिस्ट आंदोलन द्वारा अपने युग के आकलन के बारे में की गई भूल ही है जिन्हें सोवियत संघ के विघटन के बाद ही ठीक से विश्लेषित किया जा सका है।"** [2]

मुक्तिबोध किसी भी साहित्य को तीन प्रकार से देखने पर जोर देते हैं - एक तो वह किन स्रोतों से उद्गत होता है अर्थात किन वजहों से साहित्य उत्पन्न हुआ है दूसरा उसका कलात्मक प्रभाव क्या है तथा तीसरा उसकी रूप रचना कैसी है। हिंदी में आचार्य शुक्ल तथा आचार्य द्विवेदी ने भी आलोचना करते समय सामाजिक संदर्भों पर ध्यान दिया है, किंतु मुक्तिबोध के चिंतन व मूल्यांकन में यह अपनी संपूर्ण वैज्ञानिकता के साथ उभर कर आया है।

"मुक्तिबोध के परिप्रेक्ष्य की कविता की यात्रा अनंत है क्योंकि उससे संबंधित 'लघु मानव' अनंत है। उनके अनुसार काव्य कला का विकास प्रत्यक्ष रूप से सांस्कृतिक तथा परोक्ष रूप से मनोवैज्ञानिक एवं आत्मिक प्रक्रिया है। अनिश्चय, दुश्चिंता, घबराहट, दहशत, तनाव एवं अंतर्संघर्ष की प्रवृत्ति की संवाहिका होने के कारण समकालीन कविता का संबंध कवि के दोहरे आत्मसंघर्ष से होता है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर कवि बाह्य संघर्ष झेलता है तथा मानसिक स्तर पर वह आंतरिक संघर्ष झेलता है।" [3]

मुक्तिबोध मुक्त कंठ से स्वीकारते हैं कि हमारी आत्मा में जो कुछ है सब इसी समाज का दिया हुआ है। कविता तथा सामाजिक जीवन को मुक्तिबोध अभिन्न मानते हैं और इसी स्वरूप पर बल देने के लिए कविता का मूल्यांकन करते समय वे रचनाकार की सामाजिक संदर्भ की परख को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हैं।

मुक्तिबोध ने आलोचना के लिए कवि के आत्मसंघर्ष पर ध्यान देने की विशेष आवश्यकता समझी है। वे मानते हैं की काव्य रचना करते समय कवि कई स्तर पर आत्मसंघर्ष से गुजरता है। तत्व के लिए संघर्ष, अभिव्यक्ति को सक्षम बनाने के लिए तथा दृष्टि को विकसित करने का संघर्ष। संघर्ष की यह प्रक्रिया अनुभूति तथा अभिव्यक्ति के साथ कवि के मन में निरंतर सक्रिय रहती है। वह कहते हैं **"क्या यह सत्य नहीं है कि अपने जीवन में प्राप्त विशेष अनुभव और विशेष भाव प्रेरणाओं को ही लेखक प्रकट करता है तथा इतर अनुभव और भाव प्रेरणाओं को वह व्यक्त नहीं करना चाहता या उन्हें व्यक्त करने की व्याकुलता उसमें उत्पन्न नहीं हो पाती।"** [4]

मुक्तिबोध रचना - प्रक्रिया को ही कवि का आत्म संघर्ष मानते हैं। यह रचना प्रक्रिया सामाजिक जीवन के बीच से जन्म लेती है। नंदकिशोर नवल कहते हैं **"मुक्तिबोध के साहित्य में जो आत्मसंघर्ष है वह सिर्फ उनका नहीं है। वह उनका होते हुए भी पूरे मध्यवर्ग का है और पूरे मध्यवर्ग का**

होते हुए भी उनका। कभी-कभी ऐसा भी हुआ है कि वह आत्मसंघर्ष रचनाकार का नहीं है लेकिन उसने उसका चित्रण उसे अपना बना कर किया है।" [5]

मुक्तिबोध बार-बार रचनाकार के दृष्टि विकास पर जोर देते हैं। यह दृष्टि विकास सिर्फ ज्ञानात्मक आधार का विकास नहीं है। वे अनुभूति की सामाजिकता पर बल देते हैं। यही सामाजिकता काव्य में विश्व दृष्टि का निर्माण करती है यह किताबी नहीं बल्कि इसका संबंध अनुभवात्मक ज्ञान व्यवस्था से है। 'काव्य : एक सांस्कृतिक प्रक्रिया' निबंध में वह कहते हैं **"कवि हृदय आज की जगत के मूल द्वंद्वों का अध्ययन करें अर्थात अपनी संपूर्ण चेतना द्वारा आज की वास्तविकता की तह में घुसे और ऐसी विश्व दृष्टि का विकास करें जिसमें व्यापक जीवन जगत की व्याख्या हो सके।"**[6]

विश्व दृष्टि अनुभव और ज्ञान के द्वंद से विकसित होती है साहित्य और कला में वस्तु तथा रूप का जो विवाद चला आया है मुक्तिबोध ने उस पर भी विचार किया है। वह मानते हैं कि रूप अपनी स्थिति के लिए सदा तत्व पर निर्भर रहता है, इसलिए कला तथा साहित्य में तत्व की आलोचना रूप की आलोचना से अधिक महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके जिन कृतियों में स्थूल रूप से वस्तु जगत के यथार्थ को दिखाया जाता है मुक्तिबोध ने उसकी आलोचना ही की है।

रचनाकार व कलाकार की प्रवृत्तियों पर भी मुक्तिबोध ने विशेष रूप से ध्यान दिया है वे कहते हैं **"मैं कलाकार की स्थानांतरगामी प्रवृत्ति पर बहुत जोर देता हूं। आज के वैविध्यमय, उलझन से भरे रंग- बिरंगे जीवन को यदि देखना है तो अपने वैयक्तिक क्षेत्र से एक बार तो उड़ कर बाहर जाना ही होगा।"** [7] सामाजिक संदर्भों में अनुभव का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। साथ- ही- साथ कलाकार की जिज्ञासु प्रवृत्ति ही उसे परिवर्तन करा सकती है। वे यह भी कहते हैं कि **"अपने स्वयं के शिल्प का विकास केवल वहीं कवि कर सकता है जिसके पास निज का कोई ऐसा मौलिक विशेष हो जो यह चाहता हो कि उसकी अभिव्यक्ति उसी के मनस्वों के रंग की, उन्हीं के स्पर्श की और गंध की हो।"**[8]

कलाकार की व्यक्तिगत ईमानदारी, जीवन और सृजन दोनों के प्रति रचनाकार की जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हैं अर्थात वस्तुतत्व के प्रति लेखक की सही मानसिक प्रतिक्रिया अत्यंत आवश्यक है। मार्क्सवाद के वैचारिक परिप्रेक्ष्य की वजह से मुक्तिबोध ने कला के यथार्थ और सामाजिक आधार को साहित्य प्रक्रिया की जरूरी शक्ति माना है। **"समाज रेत का वह ढेर नहीं जिसमें का प्रत्येक कण एक दूसरे से घनिष्ठ संबंध रखते हुए भी एक दूसरे से विलग और स्वतंत्र रहता है। समाज एक वृक्ष की भांति है जिसका प्रत्येक भाग, प्रत्येक अंश, प्रत्येक कण और प्रत्येक बिंदु एक - दूसरे से और अपने पूर्ण अखंड से अवायविक संबंध रखता है।"** [9]

काव्य में सौंदर्य की प्रतीति करते हुए उसे भी मुक्तिबोध ने सामाजिक दृष्टि से जोड़ा है। वह कहते हैं "केवल सौन्दर्य ही नहीं हमारी आस्था में जो कुछ है, वह सब समाज प्रदत्त है, चाहे वह निष्कलुष अनिंद्य सौंदर्य का आदर्श ही क्यों ना हो। हमारा सामाजिक व्यक्तित्व हमारी आत्मा है और इस आत्मा का सार तत्व प्राकृतिक रूप से सामाजिक है, व्यक्ति और समाज का विरोध बौद्धिक विक्षेप है इस विरोध का कोई अस्तित्व नहीं।"

मुक्तिबोध ने सौंदर्य का सामाजिक आधार बताया है तथा इसका संबंध जीवन की अनुभूतियों से स्थापित किया है। इस तरह से वे आचार्य शुक्ल की ही परंपरा से जुड़ जाते हैं। अपने काव्य चिंतन में आचार्य शुक्ल ने भी सौंदर्यानुभूति (काव्यानुभूति) तथा जीवनानुभूति को एक ही स्वीकार किया है। मुक्तिबोध सौंदर्यानुभूति के संदर्भ में अपने मतों को स्पष्ट करते हुए इस बात पर जोर देते हैं कि सौंदर्यानुभूति के क्षणों में रचनाकार की व्यक्ति सत्ता से ऊपर उठने की जो प्रवृत्ति होती है, वह उसके वास्तविक जीवन का ही एक अंग है। इसलिए वे सौंदर्य के इस विधान की आंतरिकता को भी स्वीकारते हैं। सौंदर्यात्मक मनोवैज्ञानिक पक्ष की समीक्षा के लिए ऐतिहासिक समाजशास्त्रीय पक्ष पहले आवश्यक है। सैद्धांतिक आलोचना के इन विभिन्न पक्षों के अतिरिक्त मुक्तिबोध की व्यावहारिक आलोचना में अपने संघर्ष से अर्जित सत्य और रचना के प्रति एक सदस्य आत्मीय दृष्टि का संयोग भी देखा जा सकता है।

कामायनी : एक पुनर्विचार

यह मुक्तिबोध की पहली आलोचनात्मक कृति है। सन 1961 ई. में प्रकाशित इस आलोचना ग्रंथ में मुक्तिबोध जयशंकर प्रसाद द्वारा लिखित कामायनी का निष्पक्ष आकलन करते हैं। वह कहते हैं **"कामायनी का जो विश्लेषण मैंने प्रस्तुत किया है, वह एक ओर प्रसाद जी का युग तो दूसरी ओर उनका व्यक्तित्व इन दोनों की परस्पर क्रिया प्रतिक्रियाओं के संघनित योग को ध्यान में रखकर ही।"**[10]

मुक्तिबोध कामायनी की कथा को फेंटेसी मानते हैं। कामायनी की केवल मनोवैज्ञानिक व्याख्या ही मुक्तिबोध को स्वीकार नहीं है। वह इसे अपर्याप्त तथा असंगत भी मानते हैं। मुक्तिबोध ने कामायनी का पुनर्मूल्यांकन सर्वथा नवीन दृष्टिकोण से किया है। उन्होंने कामायनी के मिथकीय संदर्भ को समकालीन प्रासंगिकता से जोड़कर ऐतिहासिक कार्य तो किया ही है, साथ-ही - साथ कामायनी के प्रति सही समझ बढ़ाने की दिशा में नई दृष्टि और नवीन वैचारिकता को भी जागृत किया है। इसमें मनु, श्रद्धा और ईड़ा जैसे पौराणिक पात्र अपनी परंपरागत ऐतिहासिक सत्ता खोकर विशुद्ध मानव चरित्र के रूप में उभरते हैं। प्रसाद जी को सामयिक जीवन की समस्याओं के प्रति सजग बताकर मुक्तिबोध ने एक उदार एवं विवेकशील दृष्टिकोण का परिचय दिया है हालांकि उन्होंने कामायनी के मानवतावादी आधार पटल की उपेक्षा की है।

नई कविता का आत्मसंघर्ष

'नई कविता का आत्मसंघर्ष' में मुक्तिबोध ने युग की परिस्थितियों और उसमें कवि की स्थिति के परिप्रेक्ष्य में काव्य की सही दिशा निर्धारण करने का प्रयास किया है। मुक्तिबोध नई कविता को एक परिस्थिति के भीतर पलते हुए मानव हृदय के पर्सनल सिचुएशन की कविता मानते हैं। मुक्तिबोध लिखते हैं "नई कविता वैविध्यमयी जीवन के प्रति आत्मचेतस व्यक्ति की प्रतिक्रिया है।"

नए साहित्य का सौंदर्यशास्त्र

'नए साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' ने हिंदी साहित्य में आलोचना के नए पैमानों को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 'जनता का साहित्य किसे कहते हैं?' शीर्षक आलेख में मुक्तिबोध जैनधर्मी साहित्य की परिभाषा देते हुए कहते हैं "जनता का साहित्य का अर्थ जनता को तुरंत ही समझ में आने वाले साहित्य से हरगिज़ नहीं....जनता का साहित्य का अर्थ जनता के लिए साहित्य से है। ऐसा साहित्य जो जनता के जीवन मूल्यों को, जनता के जीवन दर्शन को प्रतिस्थापित करता हो। उसे अपने मुक्ति पथ पर अग्रसर करता हो।" अपनी इस समीक्षात्मक कृति में उन्होंने साहित्य, साहित्य की प्रासंगिकता, रचना प्रक्रिया, प्रयोगवादी और नई कविता की प्रकृति, रचना की आवश्यकता और साहित्य के मार्क्सवादी पहलू पर नितांत मौलिक और वस्तुनिष्ठ नजरिए से विचार प्रस्तुत किए हैं।

शमशेर

शिल्प विधान की दृष्टि से मुक्तिबोध ने शमशेर को अद्वितीय कवि माना है। 'शमशेर मेरी दृष्टि में' शीर्षक आलेख में वे शमशेर को एक समर्पित कवि मानते हैं। मुक्तिबोध स्वीकार करते हैं कि **"अपनी अभिव्यक्ति का जो एक प्रभावशाली भवन उन्होंने तैयार किया है उसमें उनकी गंभीर प्रयत्नसाध्य पवित्रता में जाने के कारण डर लगता है।"**[11] हालांकि शमशेर की कविताओं को समझने के लिए तथा उसके छोटे अंतरालों को पूरा करने के लिए मुक्तिबोध कल्पनाशील पाठ की भी आवश्यकता को सहजता पूर्वक स्वीकारते हैं। मुक्तिबोध की इस स्वीकारोक्ति में शमशेर के काव्य को जटिल और दुर्बोध कहे जाने की परंपरा को भी महसूस किया जा सकता है।

भारत भूषण अग्रवाल

भारत भूषण अग्रवाल की कविताओं 'ओ प्रस्तुत मन', '59 की परिमल' आदि पर मुक्तिबोध ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उनकी कविताओं में मुक्तिबोध को असंतोष तथा अधूरापन महसूस होता है, साथ - ही - साथ उनकी कविताओं में मुक्तिबोध द्वितीय विश्व युद्ध के बाद मध्यम वर्गीय भावना के विकास को भी रेखांकित करते हैं, इसलिए ऐतिहासिक मूल्य की बात भी स्वीकारते हैं।

रामधारी सिंह दिनकर

दिनकर की कविता 'उर्वशी' पर मुक्तिबोध ने दो निबंध लिखे हैं एक निबंध में वे मनोवैज्ञानिक आधार पर विवेचन करते हैं तो दूसरे में उसके काव्य और दर्शन पर। हालांकि मनोवैज्ञानिक आधार को कामात्मक मनोविज्ञान कहकर उसकी आलोचना करते हैं।

मुक्तिबोध वस्तुतः एक कवि है पर उनकी कविता की तरह उनकी आलोचना भी हिंदी साहित्य की अप्रतिम धरोहर है। रचना तथा आलोचना दोनों में ही आत्मपरीक्षण तथा आत्मसंघर्ष को महत्व देते हैं। इन सब के बीच सामाजिक संदर्भ में मूल्यांकन करने से कभी समझौता नहीं करते। आलोचना में मुक्तिबोध लेखन के मित्र और शत्रु वर्ग बनाकर नहीं चलते बल्कि वैचारिक आग्रहों के साथ समूचे ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्यों में रचनाशीलता को पहचानने की भरसक कोशिश करते हैं। साहित्य का उद्देश्य सांस्कृतिक तथा सामाजिक परिष्कार के साथ-साथ मानसिक परिष्कार को भी मानते हैं। वे आलोचना को जीवन और समाज में अपेक्षित परिवर्तन के साथ स्थापित करने का भरसक प्रयत्न करते हैं।

मार्क्सवादी आलोचना के क्षेत्र में मुक्तिबोध का योगदान बहुमूल्य है। इन्होंने हिंदी आलोचना को एक संतुलित तथा विवेकपूर्ण समाज - दृष्टि और सौंदर्य - पद्धति प्रदान की। सैद्धांतिक समीक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक समीक्षा के क्षेत्र में भी मुक्तिबोध ने बहुमूल्य योगदान दिया।

संदर्भ - सूची :-

1.हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास - बच्चन सिंह , राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा.लि. (पृष्ठ सं० - 430)

2.हिन्दी आलोचना के नवरत्न (मुक्तिबोध: चंचल चौहान) (सं.) अरविन्द त्रिपाठी ,शिल्पायन प्रकाशन(पृ० सं०-81-82)

3.आत्मसंघर्ष की कविता और मुक्तिबोध - डॉ० हंसराज त्रिपाठी, मानस प्रकाशन, (पृ० सं०-23)

4.नए साहित्य का सौंदर्यशास्त्र - गजानन माधव मुक्तिबोध, राधाकृष्ण प्रकाशन (पृ० सं० 11)

5.मुक्तिबोध - नंदकिशोर नवल, साहित्य अकादेमी प्रा. लि. (पृ० सं०-86)

6.नयी कविता का आत्मसंघर्ष - गजानन माधव मुक्तिबोध, राजकमल प्रकाशन, (पृ ०सं०-22)

7.तार सप्तक - (वक्तव्य - मुक्तिबोध) सम्पादक - अज्ञेय; प्रतीक प्रकाशन, दिल्ली (पृ० सं० 11)

8.नयी कविता का आत्मसंघर्ष- गजानन माधव मुक्तिबोध, राजकमल प्रकाशन (पृ०सं०-61)

9.कामायनी : एक पुनर्विचार - मुक्तिबोध, राजकमल प्रकाशन (पृ० सं० 8)

10. वहीं, (पृ० सं०-08)

11. निबंधों की दुनिया : मुक्तिबोध (निबंध - शमशेर : मेरी दृष्टि में) - (सं.) निर्मला जैन, वाणी प्रकाशन, (पृ० सं० 175)

*****

Dr Ambedkar's Perspective of Social Exclusion and Distinction in Indian Society

- Dr Archana
Associate Professor
Department of English
MMV, BHU

Abstract

Human Rights provided new social and political ideas to human civilization. In India, democratic political order materialized the nations of similarity among social people. But Indian society is the society of dissimilarity. It is classified among castes and sub-castes. Diversity is Indian individuality. Lower sections of society suffer social cruelty by the upper caste. They are not only the targets but women are also the bigger victimized group. They are doubly tortured at homes and outside their homes. Being composed of various castes, tribes, ethnic and religious communities, with their cultural and religious practices, the Indian society is divided chiefly along different belief system, customs, religious, etc. In India, the Hindu social system is strictly divided into various castes and sub-castes. This division is created on basis of hierarchy and graded inequality. Since the Hindu caste system is embedded with various castes and sub-castes, each one is placed in the higher and lower systems in the hierarchy constructed on the perception of purity and pollution which is invariably assisted by the economic and political authority. Not only that, but the members of each caste discriminate those of the other caste in terms of the commensal relations for social interaction and relations of both sacred or religious and even secular in nature. Hence, social stratification and hierarchy give rise to inequality, discrimination, injustice and exclusion in the extreme form. The uniqueness of discrimination practiced in the caste system can be seen as based on the pursuits of occupations which are clearly categorized as clean and unclean.

Keywords: Perspective, Social Exclusion, Distinction, Untouchability, Injustice, Indian Society.

The issue of social justice is affected by numerous developmental policies and social welfare programmes. Ambedkar's perspective of social exclusion gives new thoughts and develops our knowledge about the nature of Indian society particularly that of social exclusion and distinction in Indian society. Ambedkarian perspective evaluates the social exclusion and distinction in connection to caste system. Caste system is a special characteristic of Indian society. It creates a close relation between the notion of caste and social exclusion. Ambedkarian perspective takes the notion of caste as capability deprivation and not poverty as it is result of caste system. The Ambedkarian belief of social exclusion means a community or a man is being excluded from social connections due to lower caste. Social exclusion is a situation of a man or community non-appearances in public with self-esteem due to inferior caste. Therefore caste is the basic reason of distinction and exclusion. Ambedkarian understanding does not relate poverty as the cause of discrimination. It criticizes socialist assertion that equalization of poverty is the only actual reform. It supports that social reform is the fundamental work for frugal proliferation. Instead of

redefining the Indian History, Ambedkar attempted to recreate the Indian society by eradicating discriminative social structures. Ambedkar explodes poverty based social exclusion and gives current theoretical social actualities i.e. caste based inequalities. The Indian social discriminations are remarkable due the presence of caste system. Caste is not a division of labour but workers. In context to the Indian society, social exclusion is directly connected to inequalities. It is nothing but a caste system. Untouchability is the higher degree of social distinction in the Indian society to separate poor section of society in the name of caste. It should not be taken that caste system is only to do with untouchability. The foundation of caste system is social inequality of communities. The intention is not to blame any religion or community. It is an evaluation of Ambedkar's contribution in terms of social activities and intellectual step on numerous issues connected to the lower section of the society.

Untouchability is one of the dominant practices of India. It discriminates a particular section of the society which is constitutionally recognized as Schedule Castes. Lower caste people have not only lowest ritual status but also the lowest socio-economic status. They were connected to means of livelihood which were less rewarding and socially less valued. In order to develop social economic condition it was difficult to get rid of Untouchability. Ekalavya and Sambukh during Mahabharat and Ramayana period had to face difficulties for challenging codes of conduct. The constitution of India has already declared untouchability as an offence punishable by law, but the concept of untouchability has not been explained. The protection of Civil Right Act (PCRA) 1955 failed to give the concept of untouchability. It is very difficult to understand whether the provided act constitute untouchability or not.Therefore, in the Indian context, knowledge of the process of social exclusion completely based on economic issues that would give incomplete scene. For comprehensive knowledge of the practice of social exclusion, it is important to evaluate birth based practices like untouchability and other aspect of social exclusion. Birth based forms of social exclusion maybe seen as a precondition for marginalization which is consequence of social exclusion and ignore the untouchables. The economic status was pitiable not simply because they were born is poor family but it was because of their ritual discrimination. They had very restricted right to collect assets and property. Sarat Babu writes:

> Girish Karnad in the plays, *Tale-Danda* points out how the high caste Hindus most inhumanly massacre the Sharanas of Basavanna only because they have performed a marriage between a Brahmin girl and a Harijan boy. Commenting on th contemporary relevance of the play, he remarks. It seems 800 years have solved no problems.
>
> (SaratBabu34)

The conscious existence of Ambedkar is full of social struggle against the present inequalities that aimed to create poor section of the society socially deprived forever. Thus Ambedkar struggled to ensure economic and educational progress of the lower section of society. He protested against excluded social system called as caste system. He revealed the drawback of the caste system by his work 'Annihilation of Caste'. Some of the constitutional

provisions which aimed at positive inequalities are: Article 17: Abolition of untouchability and creating its practices in any situation a punishable offence. Article 46: promotion of educationaland economic interests. Article 16 and 335 preferential treatment in matters of employment in public services. Articles 330 and 332 Reservation of seats in the Lok Sabha, Rajya Sabha and State Assemblies. Badal Sircar in his play *StaleNews* remarks:

> Three-There were 3019 cases of atrocities on the Harijans in the first nine months of 1978. 175 Harijans were killed, 129 Harijan Women were raped, there were 289 cases of arson.....
>
> (Sircar 134)

Education can change and improve the condition of society. Dr. Ambedkar advocates the concept of Universal Education. He believed education as the most powerful medium to bring desired changes in the society and it is a essential for systematic attempt for launching any social motion in the modern age. For him education was an effective way to emancipate people from domination, cruelties, religious bigotryand injustice. Therefore, he provided highest priority to education in his fight for the emancipation of lower caste people from the age-old tradition. He also began educational institutions through voluntary attempt and institutions but he considered that educational organizations should under the control of state. It is the accountability of the state of give education to the people in irrespective of caste and gender in the country. The main architect of the Constitution of India believed that education should be available free of charge and that attendance in academic institutions should be compulsory for all students up to the age of 14 years as incorporated in Article 45 of the Directive principles of State Policy.

The article 46 makes a commitment to protect scheduled castes and scheduled tribes from social injustice and all shapes of domination. All the above provision signifies a clear commitment to provide freedom and dignity to Indian. Females are still deprived of primary education. Therefore, a solid commitment to the equitable provision of primary education is the first need of rapid proliferation in abolishing educational deprivation in country. This is not the only case of India, but scared resources are also given disproportionately as lesson basic education and more on higher education. The consequence of such spending is that, those who are already educated they get more advantages of government's expenditure policy on education and disadvantaged people are affected adversely. Therefore, it is obvious that upper class people get benefits of government's expenditure policy on education than disadvantaged classes. There has been an important development in overall literacy rates and school participation rates across the nation since the early 1990s. Social and Gender inequalities have also declined with an overall development in school attendance. This is fixed by the data from census report 2011. A number of causes have contributed to the developing enrollment rate including the commencement of mid-days meals, opening of alternate schools, enhancing the participation of parent teacher Associations and enrollment drives. A constitutional amendment was passed in 2002. Creating free and elementary education a fundamental right for students aged 6-14years. The national and state government give the schemes Sarva Shikha Abhiyan, which focuss to get universal compulsory education. The quality of education re-

mains a major concern. Discrimination in primary education can be observed between students from different economic groups, castes, sex, rural, urban and between different regions in India. These different shapes of distinction does not work in isolation. The most disadvantaged students would suffer from multiple shapes of exclusion.

Dr. Ambedkar considered that one ruins the society if provides all luxurious facilities but does not provide education. On the other hand, one develops the society if provides education. He considered that education is the definite guarantee of social alteration. Proliferation of socially excluded communities is a commitment enshrined in the constitution and education is the most effective medium of social empowerment. Ambedkar has correctly points out:

> Caste system is not merely a division labourers – which is quite different from division of labourers- it is an hierarchy in which the divisions of labourers prevents them from being united and makes them exploitable. Moreover Manu, the Hindu lawgiver, says; A Brahmana may compel a Shudra, whether bought or unbought, to do servile work for he is created by the Creator to be the slave of a Brahmana.
> (Ambedkar 148)

Inhis realistic portrayal of the novel, *Untouchable*(1935), Anand was deeply moved by the suffering of the sweepers. As Anand points out:

> From that time onwards my protest about the human predicament, under the empire and in the atmosphere of our own decay, often resulting from blind acceptance of bad habits and the taboos of the sage Manu and the Hadith tradition of Islam, became self-conscious.... In this way, I sensed the pain of life, which the more privileged took out of the weaker members of the flock.
> (Anand 20-21)

Anand himself describes in the novel that the novel is for world's continuance. It is urged by the wish to express oneself in uneasy syntax, in dim perspectives and from vague feelings of those who seek to break the shackles of serfdom. It is inspired by the urge for many freedoms, bulked by the demons of power. It is against the insults, injuries, deceits, lies, hypocrisies, the mortifications and murders, brought by men become monsters and for the celebrations of the simple pleasures of the miracle that is life... which we have often exalted and frequently degraded.

Injustice is everywhere. Injustice and caste distinction are one of the contemporary issues. Ambedkar did a motion amongst marginalized communities. His idea of injustice generated from the French revolution of 1789. Dr Ambedkar addressed in constituent assembly that:

> ....the third thing we must do is not to be content with mere political democracy. We must make out political democracy a social democracy as well. Political democracy cannot last unless there lies at the base of til social democracy. What

does social democracy mean? It means a way of life which recognizes liberty, equality and fraternity as the principles of life.

These principles of liberty equality and fraternity are not to be treated as separated items in a trinity.

They form a union of trinity in the sense that to divorce one from the other is to defeat the very purpose of democracy.

(Larbeer 64)

Ambedkar's notion of social justice is based on social democracy which consists of three ideas of justice namely liberty, equality and fraternity. Ambedkar considered that the rights are equal and common to all humans. Larbeer remarks that:

....rights are protected not by law but the social and moral conscience of society. If social conscience is such that it is prepared to recognize the rights, which law chooses to enact, rights will be safe and secure. But if the fundamental rights are opposed by the community, no law, no parliament, no judiciary can guarantee them in the real sense of the word.

(Larbeer 73)

Ambedkar's concept of social justice is based on equal rights and human dignity through legal structure. As a consequence of his opinion, Indian constitution gives equal rights to all. Raphael also accepts it:

... justice and liberty are the two basic ideas of all political thought. Every society needs some sort of concept. Concerning that structure. Justice is the basic concept of social values; it is what holds a society together.

(Raphael 68)

He was the first mentor who demanded separate reservation and electorates order in favour of lower caste in round table conference hence three round table conferences failed. Ambedkar felt that the affirmative deed is only medium for development of lower caste communities which safeguards through legal organizations. Ambedkar did not give importance to the aspiration of caste system within India and caste system gives inhuman practice among communities. Kazeha remarks:

Caste is the monster that crosses your path, you cannot have political reform, and you cannot have economic reform, unless you kill this monster.

(Kazeha 7)

Ambedkar considered that economically lower caste people are unable to get social, political and economic power. Ambedkar's conceptions are based on sustainable improvement of lower caste people through constitutional provisions and also by organizing them for struggle for fundamental rights. These are restricted by upper community in India and crime increased against them. Ambedkar believed Dalit presentation into mainstream of political field which produces lower caste movement in numerous Indian

states for emancipation and justice. He also considered that law is a significant powerful medium to struggle against inequality. Lower caste and higher cast communities shall come forward to understand of his concept. Ambedkar's concept of social justice is important in contemporary completing Indian society in just society within structure of constitutional and legal techniques.

Gopal Guru said that Ambedkar's opinion of Hindu religion is that:

> Hindu law is that law of the established order and was made by the touchables. The untouchables had nothing to do except to obey it and respect it. The untouchables have not rights against the touchable. For them there is no equal right, not justice which is due to them and nothing is allowed to them. Nothing is due to them except what the touchable are prepared to grant.
>
> The untouchables mush not insist on rights. They should pray from mercy and favour and rest content with what is offered.
>
> (Guru 41)

Works Cited

Ambedkar, Dr. Babasaheb. *Writing* and *Speeches*.Bombay: Government of Maharashtra, 1987.

Anand, MulkRaj. "The Sources of Protest in My Novels" *TheIndianNovelwithaSocialPurpose*.Ed. K. Venkata Reddy and P. Bayapa Reddy. New Delhi: Atlantic Publishers and Distributors, 1999.

Guru, Gopal, "Ambedkar's Idea of Justice" *DalitsandtheState* .Ed. Ghanshyam Shah. New Delhi: Concept Publishing Company, 2002.

Kazeha, K.S. "B.R. Ambedkar, the Architect of the Constitution" *AmbedkarandNationalBuilding*. Ed. Shyamlal & Sazena. Jaipur : Rawat Publication, 1988.

Larbeer, P. Mohan. *AmbedkaronReligion* : *ALiberativePershpective*. Delhi: ISPCK 2003.

Raphael, D.D. *MoralPhilosophyofB.R. Ambedkar*. New Delhi : Rawat Publication, 1986.

Sarat Babu, Manchi. "Social Deformity in Anand's *Untouchable*", *TheIndianNovelwithaSocialpurpose* .Ed K. Venkata Reddy and P. Bayapa Reddy. New Delhi: Atlantic Publishers and Distributors, 1999.

Sircar, Badal. *ThreePlays*. Calcutta: Seagull Books, 1985.

*****

हिन्दी साहित्य का भक्तिकाल और नाथ सम्प्रदाय

-डा. अनुपमा
असिस्टेन्ट प्रोफेसर हिन्दी
डा. अम्बेडकर राजकीय स्नाकोत्तर
महाविद्यालय ऊंचाहार रायबरेली उ.प्र.
मो.नं. 9936734983
ई-मेल आई0डी0 - anupama.mishra2302@gmail.com

शोधसार

भक्तिकाल आन्दोलन से पूर्व भक्ति आन्दोलन गोरखनाथ का योगमार्ग समन्वित नाथ सम्प्रदाय उत्तर भारत का सबसे महत्वपूर्ण सम्प्रदाय था। जिसने हिन्दी के भक्तिकालीन साहित्य पर अपना व्यापक प्रभाव डाला हिन्दी साहित्य का भक्तिकाल का सन्त मत और सूफी मत नाथ सम्प्रदाय की ही आधार भूमि पर खड़ा है।

भक्ति आन्दोलन भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक घटना है जो सम्पूर्ण भारत में अलग-अलग काल खण्डों में प्रस्फुटित हुई। ''यह पहला भारतीय नवजागरण था जो कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से असम तक फैला हुआ था''[1] सभी जानते हैं कि भक्ति की उत्पत्ति दक्षिण में हुई जिसे उत्तर भारत में लाने वाले गुरू रामानन्द **हैं** - भगति द्राविड़ उपजी लाए रामानन्द। भक्ति काल के उदय के पीछे आचार्य रामचन्द शुक्ल इस्लाम का प्रभाव मानते हुए कहते हैं- ''जब मुस्लिम साम्राज्य दूर-दूर तक स्थापित हो गया तब परस्पर लड़ने वाले स्वतन्त्र राज्य नहीं रह गये। इतने भारी उलट-फेर के पीछे हिन्दू जन समुदाय पर बहुत दिनों तक उदासी छाई रही। अपने पौरूष से हताश जाति के लिए भगवान को शक्ति और करूणा की ओर ध्यान ले जाने के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही क्या था[2]" हजारी प्रसाद **द्विवेदी** शुक्ल जी के मत का विरोध करते हुए लिखते **हैं-** ''अगर इस्लाम नहीं आया होता तो भी इस साहित्य का बारह आना वैसा ही होता जैसा आज है।[3]" आचार्य **द्विवेदी** ने भक्तिकाल के उदय का कारण उस साहित्य परम्परा को माना है जो आदिकाल में सिद्ध साहित्य और नाथ साहित्य के रूप में हिन्दी भाषी प्रदेश में पहले से विद्यमान थी तथा अनुकूल वातावरण पाकर वह परम्परा पुष्पित और पल्लवित हुई। नाथ सम्प्रदाय भक्ति काल के भव्य भवन के लिए नींव की ईंट का कार्य करता है। भक्तिकाल का सम्बन्ध सिद्धों से जोड़ते हुए राहुल सांस्कृतायन लिखते हैं ''भावना और शब्द साखी ये कबीर से लेकर राधास्वामी तक के सभी संत चैरासी सिद्धों के ही वंशज कहे जा सकते है।[4]" **डा.** पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ने 'हिन्दी काव्य में योग-प्रवाह' नामक निबन्ध में सर्वप्रथम नाथ योगियों और उनकी कविता का परिचय देते हुए नाथ योगियों की बानियों को साहित्यिक और सांस्कृतिक विकास की लड़ी में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में प्रस्तुत किया। हजारी प्रसाद **द्विवेदी** ने कबीर के ऊपर लिखी गयी अपनी पुस्तक 'कबीर' में प्रतिपादित किया कि कबीर के निर्गुण राम नाथ योगियों के 'द्वैताद्वैत विलक्षण समतत्व' ही हैं। नाथ सम्प्रदाय का प्रभाव सन्त मत तक सीमित न होकर सम्पूर्ण भक्तिकाल पर दिखाई पड़ता है।

नाथ सम्प्रदाय का प्रवर्तक गुरु गोरखनाथ को माना जाता **हैं** जिनके विषय में आचार्य हजारी प्रसाद **द्विवेदी** लिखते हैं कि ''शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली और इतना महिमान्वित महापुरुष भारतवर्ष में दूसरा नहीं हुआ। भक्ति आन्दोलन के पूर्व सबसे शक्तिशाली आन्दोलन गोरखनाथ का योगमार्ग ही था। गोरखनाथ अपने युग के सबसे बड़े नेता थे। उन्होंने जिस धातु को छुआ वही सोना हो गया।''[5] गुरु गोरखनाथ का देशव्यापी प्रभाव पड़ा उन्होंने सम्पूर्ण भारत की यात्रा की। उनके अनुयायी सम्पूर्ण भारत में पाये जाते **हैं**। नाथ सम्प्रदाय के उदय का कारण स्पष्ट करते हुए डा0 राजबली पाण्डेय कहते हैं- ''जब तान्त्रिकों और सिद्धों के चमत्कार एवं अभिचार बदनाम हो गये, शाक्त मद्य, मांस और मदिरा आदि के लिए तथा सिद्ध तान्त्रिक आदि स्त्री सम्बन्धी आचारों के कारण घृणा की दृष्टि से देखे जाने लगे तथा जब इनकी क्रियाएं मंद पड़ने लगी तब इन यौगिक क्रियाओं के उद्धार के लिए ही उस समय नाथ सम्प्रदाय का उदय हुआ।''[6] गोरखनाथ के उदय काल का भारतीय समाज नाना संकीर्णताओं से घिरा हुआ था। धर्म अपना मूल स्वरूप खो चुका था विभिन्न मत मतान्तरों में बटे धार्मिक वातावरण पर तान्त्रिक उपासना पद्धति हावी थी। नास्तिक और आस्तिक सम्प्रदाय एक साथ रहकर परस्पर खण्डन-मण्डन कर रहे थे। मुस्लिम आक्रमण का प्रभाव भी समाज पर पड़ रहा था। नाथ पंथ को अधिकांश विद्वान सिद्ध सम्प्रदाय का विकसित और परिष्कृत रूप मानते हैं। **डा.** सुमन राजे के अनुसार 'नाथ सम्प्रदाय भारतीय चिंता धारा के मध्य एक कड़ी के रूप ने प्रस्फुटित हुआ जिसकी पृष्ठभूमि में एक ओर भारतीय वर्ण व्यवस्था और कर्मकाण्ड है दूसरी ओर लोक जीवन में प्रचलित

सामान्य विश्वास गोरखनाथ के गुरु मत्स्येन्द्रनाथ सिद्ध थे इसीलिए नाथ सम्प्रदाय का सम्बन्ध सिद्धों से माना जाता है। गोरखनाथ ने अपने गुरु की कौलाचार साधना के स्थान पर हठयोग साधना का मार्ग प्रशस्त किया।

नाथ सम्प्रदाय दार्शनिक आधार पर शैवमत के अन्तर्गत आता है, नाथपंथी ईश्वरवादी आस्तिक हैं। ''उनका ईश्वरवाद सगुण ईश्वर के प्रति आस्थावान न होकर निरंजन के प्रति आस्थावान था। इसीलिए गरीब मुसलमान भी उनके साथ हो गये.....उनका जाति-पाति विरोध धर्म विरोध की खाई को भी पाट रहा था। उत्तर भारत के नाथपंथी मठों के महंतों को पीर भी कहते थे। इस तरह हिन्दुओं मुसलमानों के बीच के भेदभाव को दूर करने का सिलसिला इसी समय से शुरू हो गया।''[7] सिद्धों की भोगवादी वामाचारी साधना के स्थान पर नाथों ने इन्द्रिय निग्रह, ब्रहमचर्य युक्त पतंजलि के हठयोग साधना को ब्रहम साक्षात्कार का माध्यम बनाया। पतंजलि का योग जहां सिद्धान्तपरक है वहीं नाथ सम्प्रदाय का योग व्यावहारिक है। गुरु गोरखनाथ की रचनाओं में पिण्ड ब्रहमाण्डवाद और हठयोग का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है। गुरु गोरखनाथ द्वारा रचित रचनाएं अधिकांशतः संस्कृत में प्राप्त होती हैं- गोरक्षपद्धति, गोरक्षशतक, गोरक्षशास्त्र, गोरक्षसंहिता, योगचिंतामणि, योगमार्तण्ड, विवेकमार्तण्ड, महार्थमंजरी, सिद्ध-सिद्धान्त-पद्धति, हठयोग, हठ संहिता इत्यादि। गोरखनाथ की हिन्दी भाषा में प्राप्त रचनाएं भी अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। डा. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ने 'गोरखबानी' में तेरह रचनाएं संकलित है- सबदी, पद, सिष्या दरसन, प्रांण संकली नरवै बोध, आत्म-बोध, अभै मात्रा जोग, पंद्रह तिथि, सप्तवार, मछींद्र गोरष बोध, रोमावली, ग्यांन-तिलक, पंच मात्रा।

नाथ सम्प्रदाय ने भक्तिकालीन हिन्दी कविता को कथ्य और भाषिक दोनों स्तरों पर प्रभावित किया। **डा.** रामकुमार वर्मा कहते हैं ''नाथ पंथ से ही भक्ति काल के सन्तों का विकास हुआ था। नाथपंथी रचनाओं की अनेक काव्य शिल्पपरक विशेषताएं सन्त काव्य में यथावत विद्यमान है।''[8] आचार्य द्विवेदी निर्गुण सन्तों का सम्बन्ध नाथ पंथ से जोड़ते हुए कहते **हैं-** '' वे ही पद, वे ही राग रागिनियां, वे ही दो**हे,** वे ही चौपाइयां कबीर आदि ने व्यवहार की है क्या भाव, क्या भाषा, क्या अलंकार, क्या छन्द, क्या परिभाषिक शब्द, सर्वत्र वे ही कबीरदास के मार्गदर्शक हैं।''[9] भक्तिकाल के संतमत के साथ ही साथ सूफी मत पर भी नाथ सम्प्रदाय का प्रत्यक्ष प्रभाव दिखाई पड़ता है। सगुण काव्यधारा के कवि भी गुरु गोरखनाथ और उनकी शिक्षाओं से अनिवार्य रूप से सम्पृक्त हैं।

नाथ सम्प्रदाय में गुरु का अनन्य महत्व है। गुरु ही शिष्य को सद्-मार्ग दिखाते हैं, गुरु के बिना ज्ञान नहीं प्राप्त किया जा सकता है-

गुरु कीजै गहिला निगुरा न रहिला। बिन गुरु ग्यान न पाइला रे भाइला॥

साधना मार्ग में ज्ञान और गुरु ही साधना के सहारे हैं—

ग्यान गुरु दोऊ तूबा अम्हारे, मनसा चेतनि डांडी।
उनमनी तांती बाजन लागी, यहि विधि तृष्णां षाड़ी॥

सम्पूर्ण भक्तिकाल गुरुमय है। परमात्म तत्व दिग्दर्शन गुरु के बिना सम्भव ही नहीं, गुरु महिमा का गुणगान निर्गुण तथा सगुण दोनों ही काव्य धाराओं में समान रुप से व्याप्त है। कबीरदास कहते हैं-

गुरु गोविन्द दोउ खड़े, काके लागू पाइ।
बलिहारी गुरु आपने जिन, गोविन्द दियो बताइ।

वहीं सूरदास भी गुरु का गुणगान करते **हैं--**

गुरु बिन ऐसी कौन करै ?
भव सागर तै बूड़त राखै, दीपक हाथ धरै।

जायसी के पद्मावत का प्रमुख पात्र 'हीरामन तोता' गुरु का ही प्रतीक है। गुरु रूप में जो रत्नसेन को मार्ग दिखाता है- गुरु सुवा जिन मारग दिखावा'

'पद्मावत' के 'पार्वती महेश खण्ड' में जायसी कहते **हैं-**

बिन गुरु जगत को निर्गुन पावा।

'चित्रावली' में उसमान ने भी गुरु को पथ प्रदर्शक के रूप में चित्रित किया है-

गुरू बिन पंथ न पावै कोई। केतिकौ ग्यानी ध्यानी होई।

नाथ सम्प्रदाय की साधना पद्धति मुख्यतः हठयोग साधना है जिसमें ह-सूर्य, ठ-चन्द्रमा का प्रतीक है। इस मार्ग का साधक मन को शुद्ध करके शून्य में समाधि लगाकर ब्रहम का साक्षात्कार करता है। स्थिरचित्त होना योगी के लिए अत्यावश्यक है। सच्चा योगी इन्द्रियों को वश में करके, मन को एकाग्र करके साधना पथ पर उतरता है-

नौ लखि पातरि आगे नाचै, पीछे सहज अखाड़ा।
ऐसे मन लै जोगी चले, तब अन्तरि बसै भण्डारा॥

गोरखनाथ ने हठयोग साधना में ईश्वरवाद की प्रतिष्ठा की। उन्होंने निर्गुण ब्रहम को 'द्वैताद्वैत विलक्षण' कहा है। 'गोरखसिद्धान्त संग्रह' में अवधूत गीता का निम्न श्लोक इस कथन को सिद्ध करता है-

अद्वैत कोचिदिच्छन्ति द्वैतमिन्छन्ति चापरै।
सम तत्वं न जानन्ति द्वैताद्वैत विलक्षणम्॥

इसी प्रकार जालन्धर नाथ ने 'सिद्धान्त वाक्य' में कहा है-

द्वैतं वाद्वैत रूपं द्वयत उत परं योगिना शंकरं वा।

कबीर के राम भी द्वैताद्वैत विलक्षण **हैं-**

हम सब मांहि सकल हम मांही, हम थै और दूसरा नाहीं।।

उसी एक में अनन्त, अनन्त में एक का वास है। जब साधक का परिचय इस सत्य से हो जाता है तब वह स्वयं उसी में समाहित हो जाता हैं-

एक मैं अनन्त अनन्त मैं एकै, एकै अनन्त उपाया।

अंतरि एक सौ परचा हूवा, तब अनन्त एक मैं समाया।

निर्गुण सन्त पलटूदास भी समष्टि-पिण्ड का एकात्म चित्रित करते हुए कहते **हैं-**

अपने मन का फेर, और न दूजा कोई।

सक्ती सिव है एक, नाम कहन को दोई।।

आत्म और परमात्म तत्व की एकता नाथ सम्प्रदाय अद्वैतवाद के धरातल पर प्रतिपादित करता है जो कबीर साहित्य में भी समान रूप से व्याप्त है। गोरखनाथ कहते **हैं-**

आऊ नहीं जाऊ निरंजन नाथ की दुहाई।

प्यंड ब्रहमंड षोजंता अन्हे सिधि पाई।।

इसी प्रकार कबीर का कथन है-

जल में कुम्भ कुम्भ में जल है, बाहर भीतर पानी।

फूटा कुम्भ जल जलहि समाना, यह तत कह गयो ग्यानी।

ब्रहमाण्ड और पिण्ड की एकता भारतीय धर्म साधना में वैदिक काल से ही प्राप्त होती है। तान्त्रिक साधना में भी मानव शरीर में समस्त ब्रहमाण्ड के अवस्थित होने की बात कही गयी है- 'यथा पिण्डे तथा ब्रहमाण्डे'। शरीर ही वह साधन है जिसके द्वारा परमात्म तत्व को पाया जा सकता है। गोरखनाथ कहते **हैं-**

काया गढ़ भीतरि नव लख खाई। दसवै द्वारि अवधू ताली लाई।।

काया गढ़ भीतरि देव देहुरा कासी। सहज सुभाई मिलै अविनासी।।

इस अविनाशी का दर्शन प्राप्त करने के लिए मन को विषयों से दूर कर साधक को नाड़ी जागरण करना होता है-

नीझर झरणै अमीरस पीवणां "kV दल बेध्या जाइ।

चंद बिहूणां चंदिणा तहां देष्या श्री गोरषराइ।।

इसी प्रकार कबीर कहते हैं –

मन लागा उनमन lkS-, गगन पg-qचा जाइ।

देख्या चन्द विहूणा, तहा अलख निरंजन राइ।।

गोरखनाथ 'गगन' के विषय में कहते हैं –

गगन सिषर महि सबद प्रकास्या।

XXXX

गगन मण्डल से अनहद बाजै।

इसी 'गगन मण्डल' का प्रयोग कबीर के साथ ही साथ चरनदास, धर्मदास, दरिया साहब, तुलसीसाहब के यहां भी प्राप्त होता है-

दरिया साहब-

गगन मंडल बिच रचै चैतरा, भवर गुफा के घाटे।।

तुलसी साहब-

गगन मण्डल के बीच में, झिलमिल झलकै नूर।।

सिद्ध सम्प्रदाय में सहजावस्था जीवन के विकारों के साथ ईश्वर प्राप्ति का माध्यम है जबकि नाथ पंथ में सहजावस्था तन और मन को स्थिर करके समत्वबोध प्राप्त करने की स्थिति है।

सहज-सुनि मन तन थिर रहै। ऐसा विचार मछिन्द्र कहै।।

कबीर के साहित्य में सहजावस्था ईश्वर प्राप्ति का माध्यम है-

सहज-सहज सब कोइ कहै, सहज न चीन्हे कोइ।

जे सहजै हरि जी मिलै, सहज कही जै सोइ।

कबीर के लिए राम से एकाकार होने की स्थिति 'सहज' स्थिति है।

नाथ सम्प्रदाय ने बाह्याडम्बर का विरोध किया। साधना पथ पर मन को संयमित करने के लिए साधक को विषय वासना से दूर रहना चाहिए-

जोगी होइ पर निंद्या झषै। मद मांस अरु भांगि जो भषै।

इकोतरसै पुरिषा नरकहि जाई। सति सति भाषंत श्रीगोरष राई।

मांस भक्षण का विरोध कबीर के यहां भी यथावत प्राप्त होता है-

बकरी पाती खात है, ताकी काढ़ी खाल।

जे नर बकरी खात है, तिनकर कवन हवाल।।

तत्कालीन धर्म साधना क्षेत्र में विकृत धर्माचरणों का बोलबाला था। अनेक मतमतान्तर खण्डन-मण्डन में लगे हुए अपने चमत्कारों से सामान्य जनता को छल रहे थे। गुरु गोरखनाथ ने पुस्तकीय ज्ञान की जगह के स्थान पर अनुभूत ज्ञान को श्रेष्ठ ठहराते हुए कहा है –

पढ़ि पढि पढ़ि केत मुवा, कथि कथि कथि कहा कीन्ह।

बढ़ि बढ़ि बढ़ि बहु घटि गया, पारब्रहम नहीं चीन्ह।।

इस साखी का भावान्तरण कबीर की निम्न साखी है-

पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।

ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।।

गोरखनाथ मूर्तिपूजा की निरर्थकता सिद्ध करते हुए कहते **हैं-**

हिन्दू ध्यावै देहुरा, मुसलमान मसीत।

जोगी ध्यावै परमपद, जहां देहुरा न मसीत।

कबीर मध्यकाल की धर्मसाधना में व्याप्त कुरीतियों का विरोध नाथ सम्प्रदाय की ही पद्धति पर करते हैं- लेकिन उनका विरोध और अधिक तीव्र हो जाता है-

एक बूंद तै सृष्टि रची है कौन बाम्हन कौन सूदा।

XXX

जे तूं तुरक तुरुकिनी जाया, तौ भीतरि खतना क्यूं न कराया।

तत्कालीन सामाजिक दुरावस्था का यथार्थ वर्णित करते हुए गोरखनाथ कहते हैं-

षेती करौ, तो मेह बिन सूकै, बनिज करौ तो पूंजी लूटै।

अस्त्री करौ तो घर भंग ह्वैला, मित्र करौ तौ विसहर मैला।

जुवटै षेलौं तो बैठड़ौं हारौ, चोरि करौं तो ब्यहड़ौ मारौं।

इसी प्रकार का यथार्थ चित्रण गोस्वामी तुलसीदास भी करते हैं-

खेती न किसान को भिखारी को न भीख भली।

बनिक को बनिज न चाकर को चाकरी।।

जीविका विहीन लोग सीद्यमान सोच बस।

कहैं, एक एकन सों, कहाँ जाई का करी।।

नाथ सम्प्रदाय की स्पष्ट छाप सूफी मत पर भी दिखाई पड़ती है। हिन्दी के प्रमुख सूफी कवियों- मलिक मुहम्मद जायसी, मंझन, अलीमुराद, शेख निसार आदि के साहित्य में हठयोग, कुण्डलिनी जागरण, इड़ा- पिंगला- सुसुम्ना नाड़ियों, अनहद नाद आदि का वर्णन मिलता है। 'पद्मावत' महाकाव्य में रत्नसेन योगी रूप में सिंघल द्वीप प्रस्थान करता है उस समय उसकी वेशभूषा नाथपंथियों की तरह ही है-

कंथा मेखली जरकंटा, जटा बढ़ाई केस।

बज्र कछौटा बाँध के बैस्यो गोरख बेस।।

'चित्रावली' में भी नायक योगी वेश धारण करता है-

मणिकुंडल मकराकृत डारहु। फटिक मुंदरा स्रवन सँवारहु।।

धोवहु चंदन भसम चढ़ावहु। किंगरी गहहु बियोग बजावहु।

तरजु सेल कर लेहु धँधारी। और सुमिरनी चक्र अधारी।।

षड़योग दर्शन के विभिन्न आसनों का वर्णन भी सूफी महाकाव्यों में प्राप्त होता है। 'हंस जवाहिर' में वर्णित आसन, आहार, निद्रा सभी नाथ पंथ के ही अनुकूल हैं –

जौ तो चहसि जवाहिर लीन्हा। तू कर जोग गुरु जस कीन्हा।

दृढ़ आसन दृढ़ निद्रा होऊ। दृढ़ हो क्षुधा दृढ़ काम न छोहू।।

भाषा और शैली के आधार पर भी हम पाते हैं कि नाथ सम्प्रदाय के साहित्य में हिन्दी की अनेक बोलियों का मिश्रण है। सन्त मत की सधुक्कड़ी भाषा का जन्म नाथ सम्प्रदाय की भाषा से ही हुआ है। अलख-निरंजन, अजपा जाप, सुरति-निरति, मुद्रा, सिंगी, अनहद, चन्द्र-सूर्य, इड़ा-पिंगला, गगन, मन, पवन आदि सैकड़ों शब्द हैं जिनका प्रयोग भक्तिकाल में यथावत प्राप्त होता है। जिस प्रकार की 'उलटबासियां' सिद्धों और योगियों में पाई जाती है उसी प्रकार की उलटबासियां सन्त मत में भी मिलती हैं। सबदी, पद, साखी, वार, तिथि आदि काव्य रूप भी सन्त मत ने योगियों से ही प्राप्त की है।

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि नाथ सम्प्रदाय ने भक्तिकाल के पूर्व समाज में व्याप्त कुरीतियों का प्रत्याख्यान कर भारतीय समाज को नैतिक बल प्रदान किया। साधना क्षेत्र में उस पद्धति का विकास किया जिसका प्रभाव उत्तर भारतीय समाज के साथ ही साथ भक्तिकालीन साहित्य पर अजस्र दिखाई पड़ता है। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी के शब्दों में कहा जा सकता है कि 'गुरु गोरखनाथ द्वारा निर्दिष्ट निर्गुण और निराकार की उपासना पद्धति भक्ति और प्रेम का आकार पाकर आगे और भी लोकप्रिय बन गई और उनके द्वारा निर्मित तत्व विचार एवं योग साधना का ग्रंथि-बंधन आज तक भी प्रायः उसी रूप में वर्तमान समझा जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-

1. हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास- बच्चन सिंह पृष्ठ-75
2. वही, पृष्ठ संख्या - 76
3. वही, पृष्ठ संख्या - 77
4. कबीर मीमांसा - राम चन्द्र तिवारी - पृष्ठ 68
5. हजारी प्रसाद द्विवेदी ग्रन्थावली भाग 6 पृष्ठ 107
6. नाथपंथ साधना और साहित्य सम्पादक **डा.** सदानन्द प्रसाद गुप्त पृष्ठ संख्या 10
7. हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास- बच्चन सिंह पृष्ठ-35
8. हिन्दी साहित्य का इतिहास- डा. नगेन्द्र पृष्ठ-66
9. गोरखवानी - पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल
10. कबीर ग्रन्थावली - सं0 माता प्रसाद गुप्त
11. पद्मावत-मलिक मुहम्मद जायसी
12. उत्तर भारत की संत परम्परा **डा.** परशुराम चतुर्वेदी

*****

रैदास के काव्य में सामाजिक चेतना

- ज्ञान प्रकाश यादव
शोधार्थी , हिंदी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली ११०००७।
मो. 8726531007
ईमेल - ssgpyadav1993@gmail.com

शोध-सार : संत रैदास मानवतावादी कवि हैं। उनके काव्य में विषमता के प्रति प्रतिरोध है। वे समानता की वकालत करते हैं। उनकी कविताएँ सामाजिक जागृति का कार्य करती हैं। वे साम्प्रदायिकता के खिलाफ मानवता की वकालत करते हैं। उनकी कविताएँ जाति के बंधन को तोड़कर समाज को एक सूत्र में बाँधने का कार्य करती हैं। वे निष्काम भाव से कर्म करने की सलाह देते हैं।

बीज शब्द : सामाजिक चेतना, विषमता, जाति, धर्म, साम्प्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता, पराधीनता।

मूल आलेख : संत कवि रैदास की सामाजिक चेतना उनके गरिमामयी व्यक्तित्व के आलोक में मुखरित होती है। किसी युग के सामाजिक मूल्यों की परख के लिए सामान्य जन-जीवन का ज्ञान बहुत ही आवश्यक है। समाज में घट रही घटनाएं और उन्हें अभिव्यक्त करने वाला समसामयिक साहित्य अपने युग का जीवंत दस्तावेज होता है। ऐसी स्थिति में किसी कवि की संवेदना और अभिव्यक्ति अपने युग-विशेष के वैशिष्ट्य को रेखांकित करने में बहुत सहायक होती है। स्वयं के सामाजिक जीवन के सन्दर्भ में कवि अत्यधिक सजग रहता है। संत रैदास इस चेतना के जीवंत प्रतीक हैं। मनु के द्वारा साजिशन रचित परम्परा से पुरोहितवाद ने सामाजिक व्यवस्था को पददलित कर रखा था। इस भयानक दुर्व्यवस्था के पहले शिकार बने थे - समाज के अत्यंत दबे कुचले , दलित और गरीब -जन। ऐसी स्थिति में शूद्र कहा जाने वाला वर्ग भारतीय समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने की कल्पना भी नहीं कर सकता था।

मध्यकालीन परिवेश में शूद्रों को नारकीय जीवन -जीने के लिए मजबूर किया गया था। इन शूद्रों को हिन्दू धर्म ने कभी भी महत्त्व नहीं दिया। इसीलिए समाज में मौजूद मानवीय चिंतको का सामाजिक महत्त्व धीरे -धीरे प्रभावहीन हो गया। इस स्थिति का सर्वाधिक लाभ विदेशी आततायियों को हुआ। स्वाभिमान से युक्त अछूतों , शूद्रों एवं गरीबों ने भरसक अपने को टूटने से बचाने का प्रयत्न किया। इन सभी को एकजुट करने में मध्यकालीन संतों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी सामाजिक चेतना को प्रखर बनाने का काम संत कवि रैदास ने किया। इन्होने अज्ञान , अंधकार , अन्धविश्वास , एवं पाखंड के प्रतिरोध में लोक - जागृति का कार्य किया। इसलिए इन्होंने अपनी रचनाओं में 'रैदास चमारा'[1] कहकर धर्म के ठेकेदारों के समक्ष दीर्घकालीन चुनौती पेश की। इन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को सोचने के लिए विवश कर दिया। इन्होंने यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया कि जाति के आधार पर श्रेष्ठता एवं निकृष्टता की बात करना व्यर्थ है -

"रैदास जात मत पूछिए , का जात का पात।

ब्राह्मण खत्री वैस सूद , सभन की इक जात ।।"[2]

संत रैदास ने निर्गुण भाव के साथ लोक-जागृती का सफल प्रयत्न किया। वे पुजारियों -मठाधीशों को मूर्ति-पूजा के लिए जिम्मेदार मानते हुए उनकी आडंबरपूर्ण जीवन शैली के खिलाफ सही राह दिखाए। जो दूध पूजा में प्रयुक्त होता है, सर्वप्रथम उसे गाय का बछड़ा ही थन चूसकर जूठा कर देता है। रैदास ने कहा कि पुष्प के रस - पराग को भौंरा ही विनष्ट कर देता है। सरोवर के जल की पवित्रता को मछली नष्ट कर देती है। इन्होने स्पष्ट कहा है कि पंडित जी आप कैसे जल-फूल और दूध के बिना अपने प्रभु की पूजा कर सकेंगे। यह केवल विशुद्ध वैज्ञानिक तर्क ही नही हैं बल्कि आज के वैज्ञानिक युग में उनकी बहुविषयी समझ को भी स्पष्ट करता है -

"दूधु त बछरै थनहु विटारिओ। फूलु भवरी जलु मीनि विगारिओ ।।

माई गोविन्द पूजा कहा ले चरावउ। अवरु न फूलु अनुपू न पावउ ।।"[3]

रैदास ने समय-समय पर यह कहकर पंडों-पुरोहितों को सचेत करने का प्रयास किया कि भोली-भाली जनता और सम्पूर्ण समाज को आडंबर के भंवर चक्र में फंसाने की जरूरत नहीं है। बिना अंत:करण की पवित्रता के तमाम तीर्थों की यात्रायें और द्वादश शिलाओं की पूजा व्यर्थ है। यदि इस पर ध्यान नहीं दिया तो नारकीय कष्ट झेलना पड़ेगा। इस तरह की सख्त हिदायत दी। अपने भीतर के समस्त दुर्गुणों को त्यागकर दिल एवं दिमाग को स्वच्छ रखना चाहिए। उन्होंने सामाजिक चेतना के लिए भावों की

स्वच्छता पर ध्यान दिया । केवल बाह्य औपचारिकताओं से समाज गौरवशाली ढंग से विकसित नहीं हो पायेगा । उनकी चेतना से प्रभावित होकर लोग सही रास्ते पर आने लगे थे । उनके यह विचार आज भी वैसे ही प्रासंगिक हैं जैसे उस समय थे । लोक जागृती का ही परिणाम है कि मध्यकाल में कई महान व्यक्तित्व उत्पन्न हुए । संत रैदास भी उनमें से एक थे । वे समाज में व्याप्त खामियों को दूर करने का सफल प्रयास किये ।

संत रैदास ने समाज में अछूत समझे जाने वाले दलित समाज को नैतिक बल प्रदान किया । उन्होंने समाज को यह बताने का प्रयास किया कि व्यक्ति की गरिमा की परख उसकी पवित्रता, सजग चिंतन, आचरण, व्यवहार और कर्म से होती है । वे व्यक्ति-केन्द्रित कर्मो की पवित्रता को परिवेश की कसौटी मानते थे । उनके यहाँ स्वस्थ समाज की संरचना के लिए व्यक्तिगत आचरण की पवित्रता अनिवार्य है । उनकी कविताओं में यह यत्र तत्र सर्वत्र दिखाई देता है कि बिना पवित्र आचरण के लोक कल्याण संभव नहीं है । आचरण की अनैतिकता ही सामाजिक बिखराव की प्रमुख जिम्मेदार है । इस अनैतिकता के जिम्मेदार मध्यकालीन समाज के पंडे-पुजारी-पुरोहित हैं ।

संत रैदास बहुत ही सजग और जागृत अवस्था में लोक के बीच विराजमान रहे थे । अपने व्यावहारिक सिद्धांतों के कारण रैदास ने संतों के बीच सम्मानित स्थान प्राप्त किया । आगे चलकर संत रैदास कहलाये । साथ ही साथ उन्होंने समाज को प्रभावित करने में कोई कोर कसर न छोड़ी । संत रैदास ने जाति प्रथा की सच्चाई को इसलिए भी बयां किया कि इससे सामुदायिक सहयोग की भावना टूटती-बिखरती है । वह जाति-प्रथा को समाज से उखाड़- फेंकने के लिए आज भी प्रतिबद्ध हैं । सामाजिक उत्थान के लिए जाति - प्रथा बहुत घातक है -

"जाति - पांति के फेर में , उरझि रह्यौ सब लोग ।

मानुषता को खात है , रैदास जात का रोग ॥"[4]

जाति-व्यवस्था मनुष्यों को आपस में जोड़ने के लिए किस प्रकार बाधक है ? संत रैदास की दृढ मान्यता है कि जब तक देश से जाति - प्रथा समाप्त नहीं हो जाती तब तक किसी भी प्रकार की सुधार की बात बेबुनियाद है । इसका अत्यंत प्रभावशाली उदाहरण भी इनके यहाँ मौजूद है -

"जात जात में जात है , ज्यों केलन में पात ।

रैदास न मानस जुड़ सकै , ज्यौ लौ जात न जात ॥"[5]

वे सामाजिक एकता के लिए जाति के बंधन को तोडना आवश्यक मानते हैं । इसीतरह का एक प्रचलित उदाहरण हजारी प्रसाद द्विवेदी के यहाँ मिलता है - "हिंदू समाज में नीची से नीची समझी जाने वाली जाति भी अपने से नीची एक और जाति ढूंढ लेती है ।" इससे यह पता चलता है कि वैचरिक निर्माण में सजग व्यक्तियों का अतुलनीय योगदान होता है ।

समाज की संरचना में कर्म की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । किसी भी समाज से सम्बद्ध व्यक्ति अकर्मण्य हो जाये तो वह समाज धीरे-धीरे पथभ्रष्ट हो जाता है । संत रैदास की चिंता का विषय जाति के साथ कर्म भी है । वे उतना ही कर्म को लेकर चिंतित हैं जितना जाति को लेकर थे । जाति व्यवस्था की सच्चाई है कि यह एक विशेष अकर्मण्य प्रजाति को श्रेष्ठ बताती है । रैदास कर्म पर विश्वास करते थे । जिस कर्म से समाज का कल्याण होता है , वह श्रेष्ठ कर्म है । वे निरंतर श्रेष्ठ कर्म करने पर बल देते हैं -

"रैदास जनम के कारने , होत न कोऊ नीच ।

नर को नीच करि डारि है , ओछे करम को कीच ॥"[6]

संत रैदास सामाजिक चेतना की गहराई में जाकर उसकी जाँच-पड़ताल करते हैं । उनकी इसी सोच के कारण आज के समाज में भी यत्र तत्र सर्वत्र उनके विचार आसानी से मिलते रहते हैं । इसी महत्ता के कारण उस समय राजदरबार से सम्बद्ध झाला रानी और मीराबाई ने उन्हें अपने गुरु के रूप में स्वीकार कर ज्ञान प्राप्त कीं । संत रैदास ने क्रांतिकारी लहजे में अपनी जाति को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया । वे अपनी जाति का नाम अपनी कविताओं में बड़े गर्व से लिखते हैं । उनका यह लिखना बताता है कि वे कितने सजग रहते थे, अपने समय के समाज और बौद्धिकता को लेकर !

संतों ने समस्त भारतीय समाज का बहुत उपकार किया है । संतो ने ही सर्वप्रथम समाज को नई दृष्टि देने का कार्य किया । इसके परिणामस्वरूप लोगो का आत्मविश्वास बढ़ने लगा । संत रैदास निष्काम भाव से कर्म की प्रेरणा देते हैं -

"सौ बरस लौं जगत महि , जीवत रहि अरु काम ।

रैदास करम ही धरम है , करम करहु निहकाम ॥"[7]

निष्काम भाव से कर्म करने की भावना सामाजिक चेतना को और प्रखर बनाती है । इस भाव से कर्म करने वाला व्यक्ति तात्कालिक परिणाम को नज़रन्दाज कर कर्म पथ पर अग्रसर रहता है । इस बात को वह जानता है कि फल प्राप्त करना उसके वश में नहीं होता । अत: फल की चिंता व्यर्थ है । डॉ. शिवप्रसाद गोयल ने ठीक ही लिखा है कि - "आधुनिक युग में संत रैदास की विचारधारा का अपना विशिष्ट महत्त्व है । लौकिक दृष्टि से जब बड़े से लेकर छोटे तक सब प्राणी कर्तव्य-विमुख हो रहे है, तब लोक-

परलोक की निंदा-स्तुति से दूर अपनी सत साध्वी पत्नी के साथ, मामूली-सी झोंपड़ी में बैठे हुए जूता सीकर जीविका चलाने वाले मस्त फकीर और तन्मय भक्त रैदास को कर्तव्य परायण होकर गृहस्थ जीवन व्यतीत करते हुए आत्म-उद्धार के लिए भक्ति पथ अपनाने का सन्देश किसे नहीं मोह लेता ? अभ्युदय से लेकर निश्रेयस की ओर ले जाने वाली उनकी वाणी सचमुच अनुकरणीय है । उनका लौकिक और आध्यात्मिक चिन्तन संसार के सभी दु:खों को दूर करने के लिए रामायण के समान प्रभावशाली औषधि है - समाज के लिए भी और व्यक्ति के लिए भी ।"[8] रैदास की वाणी देखिए -

"करम बंधन मह रमि रह्यौ , फल को तज्यौ आस ।

करम पुरुष कौ धर्म है , सत भाषै रैदास ॥"[9]

बिना फल की इच्छा किये कर्म करने की बात सर्वप्रथम गीता में कही गई थी । यथा -

"कर्मण्येव अधिकाराते माँ फलेषु कदाचना ।

माँ कर्मफल हेतुर्भुर्मा ते संगोअस्त्वकर्मणि ॥"[10]

रैदास की परिकल्पना में वह सुन्दर स्वराज्य है जहाँ सबको अन्न मिले, सब एक साथ रहते हुए प्रसन्न हों । जैसे -

"ऐसा चाहौ राज मैं , जहाँ मिले सभन को अन्न ।

छोटा - बड़ा सब संग बसै , रैदास रहैं प्रसन्न ॥"[11]

संत रैदास वर्णव्यवस्था के द्वारा पैदा की गई विषमता को भलीभांति समझते थे । वे इसके अंतर को ख़त्म करने के लिए समाज के बीच कहते थे -

"बाम्हन खत्री बैस सूद , रैदास जनम ते नाहिं ।

जो चाहे सुबरन कउ , पावइ करमनि मांहि ॥"[12]

वे वर्णव्यवस्था में अपने आप को सर्वश्रेष्ठ समझने वाले ब्राह्मणों पर प्रश्नचिन्ह लगाकर उनके खोखले ज्ञान को सबके सामने उभार कर रख देते हैं । ज्ञान की गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए लिखते हैं -

"रैदास ब्राह्मण मत पूजिए , जो होवै गुन हीन ।

पूजिए चरन चांडाल के , जो होवै गुन परवीन ॥"[13]

समाज के सभी लोगों के बीच कैसे एकता स्थापित हो ? वे इस प्रश्न पर गंभीर विचार करते हैं । ईश्वरीय अस्तित्व को लेकर जो झगड़ा चल रहा है, उसके समधान का उपाय सुझाते हैं -

"रैदास हमारो सांइया , राघव राम रहीम ।

सब ही राम को रूप हैं , केसो कृष्ण करीम ॥"[14]

समाज की घातक बीमारियों में से एक बीमारी धार्मिक कट्टरता की भी है । इसका रोग आज भी कई दंगे भड़काने का काम कर रहा है । आज़ाद भारतीय समाज में जैसे दंगों की बाढ़ आ गई है । 1947 में एक तरफ भारत और पाकिस्तान आज़ादी के जश्न मना रहे थे, वहीँ दूसरी तरफ इंशानियत को शर्मसार करने वाली घटना हिन्दू-मुस्लिम दंगे के रूप लाशों का नंगा नाच नचा रही थी । 1977 का बेलछी कांड बिहार, 1984 में दिल्ली का सिक्ख दंगा, 1992 का बाबरी मस्जिद दंगा, 2002 का गुजरात दंगा, 2007 का मऊ दंगा, 2013 का मुजफ्फरनगर दंगा, 2017 का सहारनपुर कांड इसके दर्दनाक और भयानक उदाहरण हैं । इस कट्टरता से समाज में सांप्रदायिक सद्भाव का माहौल खराब होता है । संत रैदास के इस सन्दर्भ में विचार देखिए -

"मस्जिद सो कुछ घिन नहीं , मंदिर सो नहीं प्यार ।

दोऊ मंह अलह राम नहीं , कह रैदास' चमार ॥"[15]

दोनों के भ्रमजाल में फंसे लोगों के लिए रैदास के विचार मारक औषधि के समान है । इसका प्रयोग करने वाले समाज को यह भयानक रोग नहीं लग सकता ।

श्रम के महत्त्व को संत रैदास बखूबी जानते हैं । कारण यह है कि इनकी परवरिश भी अथाह श्रम में हुई थी । इसीकारण वे श्रम करके दो रोटी खाने पर बल देते हैं -

"रैदास श्रम करि खाइहि , जो लौ पार बसाइ ।

नेक कमाई जउ करहि , कबहू न निहफल जाइ ॥"[16]

एक और सुन्दर उदाहरण देखिए -

"नेक कमाई जउ करहि , ग्रह तजि बन नहि जाय ।

रैदास हमारो राम राय , ग्रह मंह मिलि है आय ॥"[17]

प्लेटो ने कहा है कि गुलामी वह भयावह रोग है जिसका रोगी कभी नहीं मरता । संत रैदास पराधीनता को पाप कहते हैं । पराधीनता से बड़ा कोई

दास नहीं है। उनकी वाणी देखिए -

"पराधीनता पाप है , जान लेहू रे मीत।

रैदास' दास पराधीन सो, कौन करै हैं प्रीत ॥"[18]

"पराधीन कौ दीन क्या , पराधीन बै दीन।

रैदास' दास पराधीन कों, सब ही समझै हीन ॥"[19]

कँवल भारती अपने एक लेख **'भरम भगति सो जान'** में ठीक ही लिखते हैं - "अगर आदमी में संघर्ष नहीं है, तो उसे कोई भी पराधीन बनने से नहीं रोक सकता। संघर्ष आदमी के विवेक को जगाता है, उसकी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है और यही धर्म है।"[20]

संत रैदास का चिंतन बहुत व्यापक था। वे अपने समय से बहुत आगे थे। उन्हें कोई हथिया न लें, इसकी चिंता भी उनके यहाँ दिखाई देती है। इसीलिए वे अपनी साखियों में **'रैदास चमार'**[21] शब्द का प्रयोग करते हैं। "रैदास चमार" शब्द मध्यकालीन शिक्षा को लेकर जो एक विशेष प्रजाति को शिक्षित होने का अधिकार देती है उसके प्रतिरोध में कड़ी मुखालफ़त पेश करता है। यह उनकी दूरदर्शिता का मजबूत पक्ष है। उनकी कविता की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसमे सभी प्रकार की चेतना समायी हुई है। आज के दौर में भी संत रैदास के जाति, वर्ण, धर्म, कर्म और श्रम के दोहे उतने ही प्रासंगिक हैं जितने मध्यकाल में थे।। **वंशीधर सिंह** अपने लेख **"संत कवि रैदास की सामाजिक चेतना"** में ठीक ही लिखते हैं कि "संत रैदास का काव्य अपराजेय आत्मबल और कभी न समाप्त होने वाले साहस का प्रभा पुंज है।"[22] आलोचक **चौथीराम यादव** संत कवि रैदास का मूल्यांकन करते हुए ठीक ही लिखते हैं कि - "रैदास ने जिस जाति-धर्मनिरपेक्ष, वर्णविहीन और शोषण मुक्त समाज का स्वप्न देखा था उसका दायरा बहुत व्यापक था जो आज के समतावादी समाज की ओर इशारा करता है। समय की मांग है कि रैदास का समग्र मूल्यांकन करते हुए उनके सामाजिक प्रदेय को रेखांकित किया जाए।"[23]

निष्कर्ष: रैदास की कविता में सामाजिक विषमता के प्रति विरोध है, वर्णवादी व्यवस्था की असमानता के प्रति आक्रोश है, जाति प्रथा एवं कर्मकांड का खंडन है, मूर्ति पूजा एवं तीर्थयात्रा का भयंकर प्रतिरोध है। अतः स्पष्ट है कि रैदास की कविता में सामाजिक चेतना पुरजोर तरीके से अभिव्यक्त होती है।

सन्दर्भ :-

1. संत शिरोमणि रैदास : वाणी और विचार, डॉ. एन. सिंह ; वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण 2013 पृष्ठ 162

देखिए - "जाति भी वोछी जनम भी वोछा , वोछा कसब हमारा।
हम सरनागति राम राई की , कहै रैदास' चमारा ॥ 3

2. वही , पृष्ठ 138 साखी - 161
3. वही , रागु गुजरी -1, पृष्ठ 159
4. वही , साखी - 155, पृष्ठ 138
5. वही , साखी - 162, पृष्ठ 138
6. संत शिरोमणि रैदास : वाणी और विचार, डॉ. एन. सिंह ; वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण 2013, साखी - 160, पृष्ठ 138
7. वही , साखी - 138, पृष्ठ 137
8. वही , पृष्ठ 85-86
9. वही , साखी -137, पृष्ठ 137
10. श्रीमदभागवत गीता
11. संत शिरोमणि रैदास : वाणी और विचार, डॉ. एन. सिंह ; वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण 2013, साखी - 227, पृष्ठ 143
12. वही , साखी - 157, पृष्ठ 138
13. वही , साखी - 163, पृष्ठ 138
14. वही , साखी - 97, पृष्ठ 134
15. वही , साखी - 180, पृष्ठ 140
16. वही , साखी - 149, पृष्ठ 137
17. वही , साखी - 134, पृष्ठ 136
18. वही , साखी - 225, पृष्ठ 143
19. वही , साखी - 226, पृष्ठ 143
20. अपेक्षा पत्रिका (संत रैदास पर विशेष), सं. तेज सिंह , अंक अप्रैल - जून 2003, पृष्ठ 13
21. संत शिरोमणि रैदास : वाणी और विचार, डॉ. एन. सिंह ; वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण 2013," ऐसी मेरी जाति विख्यात चमारं" पृष्ठ 163
22. अपेक्षा पत्रिका (संत रैदास पर विशेष), सं. तेज सिंह , अंक अप्रैल - जून 2003, नई दिल्ली, पृष्ठ 35
23. उत्तरशती के विमर्श और हाशिए का समाज, चौथीराम यादव ; अनामिका प्रकाशन, प्रथम संस्करण 2014, पृष्ठ 91

****

राजधर्म और सुशासन की शाश्वत ज्ञान परम्परा: आचार्य शुक्र का सार्वकालिक दृष्टिकोण

डॉ. प्रियंका जैन
शोधच्छात्रा, संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली-7;
अणुसंकेत- dr.pjain5@gmail.com

डॉ. राजीव रंजन
सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली-7.
अणुसंकेत-dr.rranjan5@gmail.com,
दूरभाष- 9971593395

शोधसारांश- भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रत्येक विधा ने अपनी सार्वकालिक महत्ता, सार्वभौमिकता तथा सार्वदेशीय उपयोगिता को बारम्बार सिद्ध किया है। आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक त्रिविध तापों व दुखों से पीड़ित मानवता का प्रश्न हो अथवा सृष्टि के अन्यान्य अवयवों यथा पर्यावरण विषयक विविध चिंताएं , भारतीय वैदिक परम्परा के ग्रन्थों तथा ऋषियों की समृद्ध ज्ञान परम्परा ने उपरोक्त समस्याओं के निवारण और मुक्ति का मार्ग प्रकाशित कर स्वयं की उपादेयता को प्रमाणित किया है। आज जब हम वर्त्तमान वैश्विक परिदृश्य पर दृष्टिपात करते हैं तो सर्वत्र अव्यवस्था, युद्ध, अराजकता, आतंकवाद, अलगाववाद, अवैध घुसपैठ, गरीबी, बेरोजगारी, ध्रुवीकरण, कृषि समस्याएं, जलवायु परिवर्तन, कुपोषण, मंहगाई, वित्तीय कुप्रबन्धन आदि विविध समस्याओं का जाल सा बिखरा हुआ है। इन समस्याओं में उलझने से कई राष्ट्र और अनेक संस्कृतियाँ अपना अस्तित्व खो चुके हैं या फिर अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन विविध संघर्षों के फलस्वरूप मानवजाति तथा मानवमात्र के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो चुका है तथा अंततः मानवमात्र को ही इनका दुष्परिणाम झेलना पड़ रहा है। मानवजाति के समक्ष उपस्थित इन समस्याओं के मूल कारणों के अन्वेषण का यदि प्रयास किया जाए तो विभिन्न राष्ट्रों के सञ्चालन के लिए प्रयुक्त शासन-व्यवस्था में व्याप्त सूक्ष्म तथा सामान्य त्रुटियों को उत्तरदायी माना जा सकता है।

कूटशब्द – वेदाङ्ग, कल्पशास्त्र, दण्डनीति, षाड्गुण्य, सप्तप्रकृति, राजधर्म, उपाय, नृपोत्पत्ति सिद्धान्त, राजस्व प्रशासन, करग्रहण सिद्धान्त,राजमण्डल, व्यसन ।

भूमिका- राजनीतिशास्त्र की भारतीय परम्परा के सन्दर्भ में यदि इस शास्त्र के उद्भव काल के निर्धारण का प्रयास किया जाये तो ऋग्वेद के शताधिक मन्त्र और विविध सूक्त राजनीतिशास्त्र को ऋग्वेद के समान ही अत्यन्त प्राचीन सिद्ध करते हैं। यह सत्य है कि ऋग्वेद या वैदिक साहित्य के अन्य प्रतिनिधि ग्रन्थों को राजनीतिविज्ञान का स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं कहा जा सकता है, तथापि ऋग्वेद सहित सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय (यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् तथा वेदांग) में राजनीतिशास्त्र से सम्बन्धित अनेक सिद्धान्त प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो जाते हैं। 'राजधर्म' से सम्बन्धित सिद्धान्तों के दर्शन विविध देवताओं यथा वरुण, इन्द्र, मित्र आदि से सम्बन्धित सूक्तों में प्राप्त होते हैं। वरुण को ऋग्वेद में राजा के रूप में बहुशः प्रस्तुत किया गया है- *"त्वम् विश्वेषां वरुणासि राजा ये च देवा असुर ये च मर्ताः",(ऋग्वेद; 2.27.10)* । वरुण तथा अन्य वैदिक देवताओं से सम्बन्धित विविध सूक्तों एवं मन्त्रों के अतिरिक्त अन्य स्थलों पर भी राजा के कर्तव्यों का निरूपण किया गया है। राजनीतिशास्त्र के विद्वान 'शुक्रनीति' को ईसापूर्व की रचना के रूप में स्वीकार करते हैं। मनुस्मृति, कामन्दकीयनीतिसार, याज्ञवल्क्यस्मृति, कौटिल्यअर्थशास्त्र, बृहस्पतिसूत्रम्, राजनीति-रत्नाकर, नीतिमयूख, नीतिप्रकाशिका, राजनीतिप्रकाश आदि ग्रन्थों की अपेक्षा 'शुक्रनीति' का वैशिष्ट्य है कि 'शुक्रनीति' में राजव्यवस्था के साधारण और सर्वसुलभ विषयों के साथ-साथ सूक्ष्म व गूढ़ विषयों पर भी मन्तव्य प्राप्त होते हैं। नृपनीति की इस कालजयी रचना पर वैदिक राजशास्त्र का प्रभाव स्पष्टतया दृष्टिगत होता है। वैदिक ऋषियों ने जहाँ 'वरुण' के लिये 'धृतव्रत' होने की बात कही है, *"निषाद धृतव्रतो वरुणः पस्त्यास्वा साम्राज्याय सुक्रतुः"(ऋग्वेद; 1/25/10)* वहीं आचार्य शुक्र ने भी 'शुक्रनीति' में राजा के लिये विविध नियम, अनुशासन एवं संकल्प की व्यवस्था दी है।

राजा की उत्पत्ति और स्वरुप- यदि भारतीय सन्दर्भ में राजा की उत्पत्ति से सम्बंधित सिद्धांतो पर दृष्टिपात करें तो राजा के दैवीय उत्पत्ति के सिद्धांत को अधिक महत्त्व दिया गया है। राजा के दैवीय उत्पत्ति का सिद्धान्त इस मत का प्रबल समर्थन करता है कि विभिन्न श्रेष्ठ देवताओं के अंश से राजा उत्पन्न हुआ है[1] तथा देश-काल-परिस्थिति के अनुसार राजा इन्हीं देवताओं के समान आचरण करता हुआ विचारपूर्वक कार्यविशेष को सम्पन्न करता है। वैदिक साहित्य में भी राजा की उत्पत्ति के इस दैवीय सिद्धांत का अनुमोदन करते हुए अनेक प्रसंग उपलब्ध हो जाते हैं। इन स्थलों पर वैदिक देवता वरुण को धृतव्रत राजा के रूप में स्थापित किया गया है[2]। राजशास्त्र की इसी परम्परा का अनुकरण करते हुए 'शुक्रनीति' में भी कहा गया है कि इन्द्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्र तथा कुबेर लोकपालों के अंशों को निरन्तर धारण करने एवं अपनी तपस्या के प्रभाव से ही राजा स्थावर-जङ्गात्मक जगत का स्वामी बन पाता है। अभिप्राय यह है कि राजा रक्षा करने व कर ग्रहण करने में इन्द्र, सत्-असत् कर्म के प्रति प्रेरित करने में वायु, धर्म प्रवर्त्तक अधर्मरूप अन्धकार के नाशक रूप में सूर्य, दुष्कर्म का दण्ड देने में यम, शुद्धता एवं भाग ग्रहण करने में अग्नि, धन द्वारा सबका पोषण करने में वरुण, प्रजा को आह्लादित करने में चन्द्र एवं राज्य की निधियों की रक्षा करने में कुबेर के अंश को धारण करता हुआ प्रतीत होता है। आचार्य शुक्र इन में से भी चन्द्रमा की आह्लादकता को राजा द्वारा धारण किये जाने वाले गुणों में सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। यजुर्वेद[4] में राजा के लिए प्रयुक्त 'दिवः सूनुः' शब्द राजा को देवताओं का पुत्र संकेतित करता है।

राज्य का साप्ताङ्गिक व सावयविक रूप- ऋग्वेद में यद्यपि राष्ट्र[5] ,अमात्य(मंत्री), राजा, सेना, कोश, मित्र तथा पुर आदि शब्दों का प्रयोग अनेक स्थलों पर हुआ है , तथापि राज्य के अंगो के रूप में इनका प्रयोग हुआ हो, ऐसा स्पष्टतया प्रतीत नहीं होता। परन्तु यजुर्वेद में विराट पुरुष के रूप में राज्य को परिकल्पित करते हुए राष्ट्र, विश्, कोश, कीर्ति, तेजस्विता, बल, पुरुषार्थ, क्षात्रधर्म, मित्रबल, ज्ञान-विज्ञान तथा न्याय को उसके विविध अङ्गों के रूप में स्थापित किया गया है[6]। वेदों में उपलब्ध राज्य के उपरोक्त सावयविक स्वरुप को आधार मानकर परवर्त्ती आचार्यों ने साप्ताङ्गिक राज्य के सिद्धान्त को सुदृढतापूर्वक स्थापित किया है- 'स्वाम्यमात्यश्च राष्ट्रञ्च दुर्गं कोशो बलं सुहृत्'[7] । सप्ताङ्ग राज्य की इसी अवधारणा को परिपुष्ट करने के क्रम में 'शुक्रनीति' में राज्य की समता वृक्ष से की गई है और राज्यरूपी वृक्ष का मूल राजा, स्कंध मंत्रीगण, शाखाएं सेनापति जन, पल्लव सेनाएं, पुष्प प्रजाएं, फल भूमि से प्राप्त करादि एवम् बीज के रूप में राज्य की भूमि को स्वीकार किया गया है[8]।

सामान्य राजधर्म- वैदिक राजनीतिशास्त्र एवं राजधर्म के विश्वकोष के रूप में महाभारत के शान्तिपर्व को नीतिशास्त्र के विद्वानों ने स्वीकृत किया है। राजशास्त्र के विद्वानों ने अपनी रचनाओं में महाभारत के शान्तिपर्व में प्रतिपादित सिद्धान्तों को यथारूप स्वीकृत और उपस्थापित कर दिया है। राजधर्म के सम्बन्ध में एक उक्ति प्रसिद्ध है- 'लोकरञ्जनमेवात्र राज्ञां धर्मः सनातनः'[9] अर्थात् प्रजा को सुखी और प्रसन्न रखना ही राजा का सर्वप्रथम कर्त्तव्य है। आचार्य शुक्र द्वारा प्रणीत राजनीतिशास्त्र के ग्रन्थरत्नों 'शुक्रनीति', 'शुक्रनीतिसार', तथा 'कामन्दकीयनीतिसार' सदृश ग्रन्थों में राजा के कर्तव्यों का अत्यन्त विस्तार से निरूपण किया गया है। राजा को किसी भी परिस्थिति में प्रजा को पीड़ित न करने का निर्देश दिया गया है। बुद्धिमान राजा किसी व्यक्तिगत कार्य के उद्देश्य से प्रजा को कभी भी दुःखी न करे। चाहे भूख से पीड़ित होने से सूखकर स्थाणु की भांति निश्चल हो जाये फिर भी अनर्थ से भरी हुई आजीविका या व्यवहार को न अपनाए[10]। राजा को सदैव मंत्रियों द्वारा कही गयी हित या अहित के परामर्श पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। जो राजा उपरोक्त आचरण व्यवहार में नहीं लाता है उसे 'दस्यु' ही समझना चाहिए जो केवल प्रजा का धन हरण करने वाला ही होता है। राजा को विद्वानों के लिये शरत्कालीन चन्द्रमा के सदृश आह्लादजनक,शत्रुओं के लिये ग्रीष्मकालीन सूर्य की भाँति असह्य तथा प्रजाओं के लिये वसन्तकालीन सूर्य के समान न मृदु और न ही तीक्ष्ण होना चाहिए[11]। राजा केवल ब्राह्मणों के लिये ही मृदुता धारण करे।इस सन्दर्भ में आचार्य शुक्र का मत है कि यदि ब्राह्मणों से भिन्न लोगों के लिये राजा मृदुता धारण करता है तो नीच लोग महावत की भांति आचरण कर हाथी के समान उस राजा का तिरस्कार करने लगते हैं[12]। राजा को सदैव लिखित आज्ञा ही देनी चाहिए। राजा को सदैव अपने दायित्वों के प्रति सजग रहना चाहिए, क्योंकि राजा के अपने कार्यों के प्रति जागरूक रहने से राजा के सहायक भी अपने कार्यों के प्रति सजग रहते हैं। इसके विपरीत अपने कार्यों के प्रति शिथिल राजा के सहायक भी अपने दायित्वों में शिथिलता का ही प्रदर्शन करते हैं।

सामादि चतुर्विध उपाय- शत्रुओं के लिये सर्वप्रथम साम नीति का, तदुपरान्त दान नीति का, फिर भेद नीति का उपयोग करना चाहिए। इन तीनों नीतियों के विफल होने पर तथा प्राण संकट उत्पन्न हो जाने पर ही दण्ड नीति का प्रयोग करना चाहिए। जो राजा शूर,सदा उन्नति के लिये उद्योगशील एवं बल तथा नीति से युक्त होता है, उसके सभी राजा लोग समय की प्रतीक्षा करनेवाले होकर गुप्त रूप से वैरभाव और उपर से मित्रभाव रखने वाले होते हैं। अतएव राजा का इस दृष्टिकोण से सजग रहना श्रेष्ठ होता है। महर्षि शुक्र के अनुसार राजा का यह कर्त्तव्य है कि वह स्वयं से हीनबल वाले राजा की वृद्धि तथा अधिक बलवाले मित्र राजाओं को क्षीण करने का यत्न करता रहे । जबकि जो शत्रु राजा लोग है; उनके मध्य सामादि उपायों से भेद डालना तथा उन्हें क्षीण, पीड़ित एवं नष्ट करने का यत्न करते रहना चाहिए[13]।अत्यन्त प्रबल शत्रु के लिये साम नीति व दान नीति का, स्वयं से अधिक बलवान शत्रु राजा के लिये साम नीति और भेद नीति का, स्वयं से बराबर राजा के साथ भेद नीति व दण्ड नीति का जबकि स्वयं से हीनबली शत्रु के लिये केवल दण्डनीति के प्रयोग को ही आचार्य शुक्र ने श्रेष्ठ माना है। मित्र राजाओं के लिये केवल साम तथा दान का ही प्रयोग करना चाहिए, राजा कभी भी अपने मित्र राजाओं पर भेद या दण्डनीति का प्रयोग न करे। अपने शत्रुओं द्वारा पीड़ित व्यक्तियों को साम तथा दान से स्वयं के पास संग्रह करने का यत्न सदैव करना चाहिए।

प्रजापालन की आदर्श स्थिति- वैदिक राजधर्म के अनुसार राज्य का अस्तित्व ही वस्तुतः प्रजा पर निर्भर है[14]। अतएव राजा का यह कर्त्तव्य है कि वह अपनी प्रजाओं के पालन में केवल साम तथा दान का ही प्रयोग करे। स्वयं की प्रजाओं में भेद तथा दण्ड के प्रयोग का निषेध किया गया है। -"स्वप्रजानाम् न भेदेन नैव दण्डेन पालनम्।" राजा धर्मरक्षार्थ दण्डधर बने ऐसा आचार्य शुक्र का मत है। दण्ड की परिभाषा देते हुए आचार्य का कथन है-"निवृत्तिरसदाचाराद्दमनं दण्डतश्च तत्।येन संदम्यते जन्तुरूपायो दण्ड एव सः।" अर्थात् असत् आचरण व व्यवहार से निवृत्ति एवं दमन दण्ड के द्वारा ही होता है साथ ही मनुष्य का दमन जिस साधन द्वारा भली भांति सम्भव हो पाता है,वही 'दण्ड' कहा जाता है। दण्ड सहित नीति का व्यवहार करने से ही राजा के समस्त कार्य सिद्ध होते हैं। आचार्य शुक्र ने राजा को ही युगप्रवर्त्तक माना है, उनकी उक्ति है-'युगप्रवर्त्तको राजा धर्माधर्मप्रशिक्षणात्' । सतयुग आदि चारों युगों के धर्म या अधर्म की प्रवृत्ति का कारण युग अथवा प्रजाएँ नहीं होती,अपितु राजा के धार्मिक या अधार्मिक होने से ही प्रजा में धर्म या अधर्म का प्रसार होता है। जिस राज्य का राजा धर्मात्मा होता है उस राज्य की प्रजाएँ भी धर्माचरण में प्रवृत्त होती हैं ,इसी प्रकार जिस राज्य में पापी राजा होता है उस राज्य की प्रजाएँ भी पापाचरण में लीन हो जाती हैं। राजा को काम तथा क्रोध का त्याग करना चाहिए। काम, क्रोध तथा लोभ का परित्याग करनेवाले तथा दण्डधर राजा को ही आचार्य शुक्र ने श्रेष्ठ कहा है। स्पष्ट है कि स्त्रैण, क्रोधी तथा लोभी होना राजा के अवगुणों में परिगणित हैं। राजा का यह धर्म है कि राजा सर्वप्रथम स्वयं को दोषमुक्त करे, उसके बाद अपने भृत्यों को दोषमुक्त करने का उद्योग करे,तत्पश्चात् अपनी प्रजाओं को दोषमुक्त करे। क्योंकि अपने तथा अपनी प्रजाओं के दोषों को देखनेवाला राजा ही उत्तम होता है।

आचार्य शुक्र ने स्पष्ट किया है कि पिता, माता, गुरु, भ्राता, बन्धु, कुबेर तथा यम इन सात गुणों से युक्त होकर ही राजा वस्तुतः प्रजा-पालन की आदर्श स्थिति को प्राप्त कर सकता है। आदर्श राजा के स्वरुप को प्रस्तुत करते हुए अग्निपुराण[15] का स्पष्ट मन्तव्य है कि जिस प्रकार गर्भिणी स्त्री अपना सुख छोड़कर गर्भस्थ शिशु की चिन्ता में निरन्तर सन्नद्ध रहती है,उसी प्रकार राजा को भी अपनी सुख-सुविधा को विस्मृत कर सदैव प्रजा के कल्याण और अनुरञ्जन के प्रति ध्यान केन्द्रित रखना चाहिये।

राजकर्मचारियों के कार्यों व आचरण का निरीक्षण तथा परिपालन – महर्षि मनु का मत है कि साधारण कार्य भी अकेले व्यक्ति द्वारा करने पर दुष्कर हो जाता है तो राज्य-सञ्चालन जैसे गुरुतर कार्य का निर्वहण अकेले राजा द्वारा कैसे संभव हो सकता है। राजशास्त्र कि वैदिक परम्परा में स्वयं राजा को भृति ग्रहण करने वाला भृत्य माना गया है और कहा गया है कि राजा प्रजा से कररूप में छठा भाग ग्रहण करता है,अतएव प्रजा की रक्षा करना उसका कर्त्तव्य है[16]। अतः नीतिशास्त्र के आचार्यों ने राजकार्य में सहायक भृतिभोगी राज्यकर्मियों के कार्य, उनके परिपालन एवं उनके कार्यों के निरीक्षण से सम्बन्धित नियमों को स्थापित किया है। आचार्य शुक्र के अनुसार वेतनभोगी राज्यकर्मियों के माता-पिता आदि अन्य पोषण करने योग्य लोगों का उसके द्वारा जितने वेतन से पालन-पोषण हो सके, उतना वेतन योग्यतानुसार भृत्य के लिये नियुक्त करना चाहिए। भृत्य जैसे-जैसे गुणवान व योग्य होता जाये वैसे-वैसे उसकी भृति अर्थात् वेतन अपने हित के लिये राजा को यत्नपूर्वक बढा देनी चाहिए। राजा अत्यल्प वेतन देकर अत्यल्प वेतन पानेवाले भृत्यों को स्वयं अपना शत्रु बना लेता है,क्योंकि ऐसे भृत्य पेट न भर सकने के कारण राजा का कार्य छोड़कर दूसरे का कार्य करके भी अपना पेट भरते हैं और सदा राजा के छिद्र खोजते फिरते हैं एवं उसके धन हरते हैं तथा प्रजा को लूटते हैं[17]।

विधि का शासन- वैदिक राजशास्त्र के सिद्धान्तों का अवलोकन करने से स्पष्ट हो जाता है कि राजा और राजनीतिशास्त्र का उद्भव ही अराजकता[18], अधर्म, भय, युद्ध[19], शत्रु आदि से मुक्ति तथा विधि और धर्म के शासन की स्थापना के निमित्त ही हुआ है। राजा के अभाव में सर्वत्र अराजकता होती है तथा बलवान् जन निर्बलों को ठीक उसी प्रकार सताते हैं और लूट लेते हैं, जिस प्रकार समुद्र में बड़ी मछलियाँ छोटी मछलियों को निगल जाती हैं। साथ ही पुराणों[20] तथा मानवधर्मसूत्र सदृश ग्रन्थों में भी स्पष्टतया कहा गया है कि न्याय की व्यवस्था एवं समस्त सृष्टि की रक्षा के निमित्त ही ब्रह्मा ने विविध देवताओं के अंश से राजा की सृष्टि की। अतएव राजा का यह धर्म है कि अधर्म में निरत मित्र, पुत्र,गुरु,चोर या आततायी की रक्षा न करे और न ही अपने राज्य में रहने दे[21]। महर्षि शुक्र ने अग्नि लगाने वाले,विष देने वाले,शस्त्र से उन्मत्त होकर मारने के लिये उद्यत,धन लूटनेवाले,खेत व स्त्री को छीनने वाले लोगों को आततायी कहा है। राजा का यह धर्म है कि वह सर्वदा विश्वासपात्र किसी भी व्यक्ति का यहाँ तक कि पुत्र,भाई, स्त्री,अमात्य या अधिकारी पुरुष का भी अत्यन्त विश्वास नहीं करे, क्योंकि सभी लोगों को धन, स्त्री तथा राज्य का लोभ अधिक रूप से होता है। अग्नि के सदृश सर्वदा प्रज्ज्वलित रहकर राजा को दुष्टों एवं राज्य के आन्तरिक तथा बाह्य शत्रुओं के विनाश हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिए।

कोशलक्षण,कोशप्रमाण व कर-प्रणाली- आचार्य शुक्र ने व्यवस्था दी है कि राजा को अपने राज्य, सेना तथा यज्ञादिकर्मों के रक्षणार्थ जिस किसी भी प्रकार से कोश की रक्षा करनी चाहिए। राज्य,सेना तथा यज्ञादि कार्यों के निमित्त जिस कोश का संग्रह राजा द्वारा किया जाता है, वही कोश राजा के लिए लोक तथा परलोक दोनों में ही कल्याणकारक सिद्ध होता है। इसके विपरीत स्वयं, स्त्री या पुत्र के लिये संग्रह किया गया कोश नरकप्रद ही होता है-'स्त्रीपुत्रार्थं कृतो यश्च स्वोपभोगाय केवलम्। नरकायैव स ज्ञेयो न परत्र सुखप्रदः॥' [22]आचार्य शुक्र का मत है कि बिना दण्ड भूभाग शुल्क, करादि का संग्रहण किये केवल अपने कोश के सामर्थ्य से बीस वर्षों तक अपनी सेना का रक्षण भली-भाँति कर सके, उतने कोश का संग्रह करना राजा के लिए उचित है। (शुल्क) कोश की महिमा स्थापित करते हुए शुक्रनीति में प्रतिपादित किया गया है कि कोश का मूल बल है, अर्थात् सेना के द्वारा ही कोश का संचय होता है, इसी तरह बल का मूल कोश है अर्थात् कोश के द्वारा ही सेना का रक्षण सम्भव हो पाता है। सेना तथा कोश की रक्षा करने से कोश तथा राष्ट्र की वृद्धि एवं शत्रुओं का नाश हो पाता है। कर ग्रहण के सन्दर्भ में 'शुक्रनीति' राजाओं के लिये सार्वभौमिक और सार्वकालिक व्यवस्था देते हुए कहती है कि प्रजा से कर लेने का इच्छुक राजा माली के समान आचरण रखे, न कि कोयला बनानेवालों के समान। शास्त्रकार का इस प्रकरण में अभिप्राय है कि जिस प्रकार माली उपवन के वृक्ष-गुल्म,लतादि का उर्वरक, जल आदि के प्रयोग द्वारा पोषण करता है तथा पके हुए फलों,विकसित पुष्पों तथा पुष्ट मूलादि का ही चयन करता है, राजा भी इसी प्रकार विविध उपायों द्वारा अपनी प्रजा का रक्षण व पालन को प्राथमिकता देते हुए ही अत्यल्प मात्रा में विवेकपूर्वक कर ग्रहण करे। वहीं कोयला बनानेवाले सम्पूर्ण वृक्ष का विनाश करते हुए उनके जड़ को ग्रहण करता है तथा कोयला प्राप्त कर लेता है । इसी प्रकार अविवेकी राजा करग्रहण के सन्दर्भ में असावधानी के कारण प्रजा और स्वयं का विनाश कर डालता है। जहाँ तक कृषकों से कर ग्रहण का प्रश्न है, तो आचार्य शुक्र के अनुसार राजा कृषक से उतना ही कर ले, जिनसे उनका विनाश न स्वर्णकार आदि धातुकर्मों में आजीविका वालों के यन्त्रों की परीक्षा राजा को समय समय पर करनी चाहिए।

राजकीय आय का विभिन्न राजकीय व्यय में विभाजन- विविध स्रोतों से प्राप्त राजकीय आय का उपयोग राजा किस उद्देश्य से करे तथा व्यय का अनुपात क्या रहे इस पर नीतिशास्त्र के ग्रन्थों में अलग-अलग सिद्धान्त प्राप्त होते हैं। 'शिवतत्त्वरत्नाकर' में केळादि बसवभूपाल का मत है[23] कि विविध स्रोतों से प्राप्त राजकीय आय को राजा चार भागों में विभक्त करे तथा एक भाग को स्थायी कोश में संचित करे जबकि शेष तीन भाग को त्रिवर्ग सिद्धि अर्थात् धर्म-अर्थ-काम की पूर्ति हेतु प्रयोग करे। वहीं राजकीय आय के विविध मदों में व्यय की दृष्टि से विभाजन तथा उसकी उपयोगिता के सन्दर्भ में आचार्य शुक्र का मत है कि राजा विभिन्न स्रोतों से प्राप्त समस्त राजकीय आय को छः भागों में विभक्त करे। इसमें से तीन भाग को सैन्य मद में व्यय करे। आधे अंश अर्थात् कुल आय के बारहवें भाग को दान पर, आधे भाग को पदाधिकारियों के मद में, आधे भाग को व्यक्तिगत भोगादि पर तथा एक अंश अर्थात् कुल आय के छठे भाग को स्थायी कोश के बचत के रूप में संरक्षित कर ले। राजा का यह प्रथम

कर्त्तव्य है कि वह प्राप्त धन का प्रयत्नपूर्वक पालन या रक्षण करे, रक्षित धर्म की नीतिमार्ग पर चलते हुए वृद्धि करे तथा उस धन का सत्पात्र में निवेश करे[24]।



मद्यशाला पर नियंत्रण- राज्य संज्ञक संस्था के अस्तित्व में आते ही राज्य तथा राजा को मद्य के अवगुणों से मुक्त रखने का यत्न आरम्भ कर दिया गया था। जो राज्य या राजा अपने को मद्य से मुक्त रखने में सफल हो जाता था, वह इस घटना को एक श्रेष्ठ उपलब्धि के रूप में ग्रहण किया करता था। उपनिषद् साहित्य में भी ऐसे अनेक प्रसंग प्राप्त होते हैं, जिसमें मद्य या सुरा से मुक्ति को उपलब्धि के रूप में लिया गया हो। इस सन्दर्भ में राजा अश्वपति का संवाद द्रष्टव्य है जहाँ वे कहते हैं कि मेरे राज्य में न कोई कृपण है और न कोई सुरापायी है।[25] वैदिक नृपनीति की आचार्य परम्परा ने मद्य, मद्यप तथा मद्यशाला को अपराध तथा अधर्म के मूल के रूप में स्वीकृत किया है – 'मृगयाक्षास्तथा पानं गर्हितानि महीभुजाम्'। आचार्य शुक्र ने यह व्यवस्था दी है कि राजा यह सुनिश्चित करे कि उसके राज्य में मदिरालय ग्राम से बाहर ही हों ,तथा मद्यपी वहीं रहें, साथ ही साथ दिन में मद्यपान का निषेध करना चाहिए-'न दिवा मद्यपानं हि राष्ट्रे कुर्यादि कर्हिचित्'[26]।

पर्यावरण संरक्षण- राष्ट्र की परिभाषा देते हुए आचार्य शुक्र की उक्ति है[27]-'स्थावरं जंगम् वापि राष्ट्रशब्देन गीयते' अर्थात् राष्ट्र शब्द से स्थावर (नदी-वृक्ष-पर्वातादि) तथा जंगम (गो-मनुष्यादि) दोनों का ही बोध होता है। अतएव राजा का यह धर्म है कि वह सर्वप्रयत्न से राष्ट्र की रक्षा करे[28]। यजुर्वेद में पृथिवी के प्रति समर्पित प्रार्थना में कहा गया है- ' पृथिवि मातर्मा मा हिंसीः, मो अहं त्वाम्'। अर्थात् हे माता पृथिवी आप न मुझे कोई हानि पहुँचाओ और न मैं आपको कोई क्षति पहुँचाऊँ। अभिप्राय स्पष्ट है कि मैं वृक्ष, पर्यावरण, वनस्पतियों की सुरक्षा करूँ और उनकी समृद्धि पर ध्यान दूँ। वृक्षों के पालन-पोषण तथा वृक्षारोपण की व्यवस्था करते हुए आचार्य शुक्र का मत है कि राजा ग्राम में होनेवाले वृक्षों का रोपण ग्राम में तथा वन में होनेवाले वृक्षों का रोपण वन में कराए। इन वृक्षों के सिंचन, खाद आदि के निर्माण तथा प्रयोग एवं वृक्षों में फल-पुष्प आदि के विविध उपायों पर भी राजा को ध्यान देना चाहिए[29]। राजा को अपने राज्य में जलाशय का निर्माण तथा उन जलाशयों के रक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए। जल संरक्षण के लिये सम्पूर्ण राज्य में कूप, वापी, पुष्करिणी, तथा तालाब आदि जलाशय के संरक्षण को सुनिश्चित करते हुए उन जलाशयों के चारों ओर सीढियाँ बनवानी चाहिए। वृक्षारोपण को धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष अर्थात् चतुर्वर्ग प्राप्ति का साधन माना गया है।

दण्ड-विधान- वैदिक राजशास्त्र में राजा का कर्त्तव्य निर्धारित किया गया है- इन्द्र के समान पराक्रम धारण करना, शत्रुओं को रुलाना तथा अभिमानी पापियों को नष्ट करना। दण्ड विधान के सन्दर्भ में आचार्य शुक्र की उक्ति है कि यदि प्रजा में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न हो तो राजा का यह धर्म है कि वह विवाद के विषय पर भली-भाँति विचार करने के उपरान्त शत्रु तथा दुष्ट को दण्डित करे। राजा का यह कर्त्तव्य है कि वह प्राङ्विवेक, अमात्य, ब्राह्मण और पुरोहित के साथ ही सावधान रहकर स्वयं के समक्ष उपस्थित न्यायार्थ व्यवहारों पर क्रमानुसार दृष्टिपात करे[31]। जो राजा मूढ़तावश सुख भोगों में आसक्त होकर व्यवहार- कार्य को नहीं देखता है अथवा वादी-प्रतिवादी सभासद आदि की राय लिये बिना स्वयं ही कोई निर्णय ले लेता है, उसे प्रजा का नाश- शत्रुओं की वृद्धि, आयु का क्षय तथा नरक की प्राप्ति सदृश दुःखों का भागी बनना पड़ता है। जो शत्रुराजा, राष्ट्र या मंत्री, शत्रुओं से मिलकर हानि पहुँचाने का षड्यन्त्र कर रहे हों,ऐसे लोगों के वध का आदेश राजा को देना चाहिए। यदि कोई गण या समूह राष्ट्र विरोधी हो गये हों तो राजा उन समूहों का विनाश एक साथ करने का यत्न न करे, अपितु उन समूहों को एक-एक करके नष्ट करे[32]।

वाणिज्य व्यवस्था- प्राच्य वैदिक राजशास्त्र में वाणिज्य व्यवस्था के अन्तर्गत शुल्क व्यवहार के तीन प्रकार कहे गए हैं-बाह्य, आभ्यन्तर तथा आतिथ्य। इनके भी दो भेद कहे हैं- निष्क्रम्य तथा प्रवेश्य[33]। व्यापार की व्यवस्था पर नियन्त्रण भी राजा का ही धर्म है। राजा यह सुनिश्चित करे कि व्यवसायी अपने लागत मूल्य का सोलहवां या बत्तीसवां भाग ही लाभ के रूप में ग्रहण करे- 'द्वात्रिंशांशं षोडशांशं लाभं पण्ये नियोजयेत्' [34]जो महाजन चक्रवृद्धि ब्याज के द्वारा कर्जदार प्रजाओं का अधिकांश धन हरण कर लेते हैं, ऐसे व्यक्तियों से प्रजा की भली -भांति रक्षा करना भी राजा का दायित्त्व है। यदि महाजन मूलधन के दोगुने से अधिक ब्याज ले चुका हो तो राजा ऐसी व्यवस्था करे कि कर्जदार द्वारा महाजन को केवल मूलधन ही देना पड़े। वाणिज्य या व्यापार में यदि कोई व्यक्ति धोखे से खोटी वस्तु बेचे तो ऐसा व्यक्ति निश्चय ही राजा द्वारा दण्डनीय कहा गया है-"कूटपण्यस्य विक्रेता स दण्डयश्चौरवत् सदा।" राज्य द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक मिलावट कर स्वर्णादि धातुओं का विक्रय करनेवाला व्यक्ति धातु के मूल्य के दोगुने दण्ड से राजा द्वारा दण्डित करने योग्य होता है- 'धातूनां कूटकारी तु द्विगुणो दण्डमर्हति'। पण्य पदार्थों पर देय कर की दरों के विषय पर विभिन्न धर्मसूत्रों [35]में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध होती है।

सेना अथवा बल – वेदों में अनेक स्थलों पर ऐसे प्रसंग आये हैं जहाँ विशालकाय सेनाओं के अस्तित्व का स्पष्ट संकेत मिल जाता है। वैदिक देवता इन्द्र के विषय में यजुर्वेद कहता है कि –'शतं सेना अजयत् साकमिन्द्रः'। वहीं अथर्ववेद में राजा से कहा गया है कि तुम सेना के साथ आक्रमण करो और शत्रुओं पर विजय प्राप्त करो[36] राजनीतिशास्त्र में 'बल' अत्यधिक महत्वपूर्ण कारक के रूप में स्वीकृत है। 'शुक्रनीतिकार' ने भी स्पष्टतया कहा है कि बिना बल के साधारण शत्रु को भी जीत पाना

कष्टसाध्य हो जाता है। अतएव देवता, असुर तथा मनुष्य भी बल न रहने पर सेना आदि उपायों के द्वारा शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने का उद्योग करते रहते हैं। आचार्य शुक्र छः प्रकार के बलों को उपस्थापित करते हैं- शरीरबल, शौर्यबल, सैन्यबल, आस्त्रिकबल, बुद्धिबल तथा आयुबल। यद्यपि मनुष्य का बल ही शत्रुओं को पराजित करने में समर्थ होता है, तथापि शत्रुओं के शमनार्थ राजा दुर्धर्ष बल धारण करे। सेना में पदाति आदि की संख्या निर्धारित करते हुए 'शुक्रनीति' विधान करती है कि राजा अपनी सेना में घुड़सवार सैनिकों की संख्या से चौगुनी पैदल सेना, घुड़सवार सेना से पंचमांश बैल, अष्टमांश ऊंट, ऊँटों की संख्या का चतुर्थांश हाथी, हाथियों का अर्धांश रथ तथा रथों की संख्या से दोगुनी बृहन्नालीक(तोप) रखे[37]।



However, PD projects frequently encounter obstacles such as limited resources, time limits, and a lack of congruence with specific teacher requirements. To be effective, professional development must be continuous, adaptable, and suited to unique educational environments. Supporting teachers through relevant, technology-enhanced professional learning is essential for developing educational innovation and per-

formance. Investing in high-quality professional development strengthens the teaching profession and improves student achievement.

Purpose and Scope of the Study

This research paper, titled *Bridging Innovation and Practice: AI Integration in Teacher Professional Development* seeks to investigate AI's potential in enhancing professional development for educators. The study investigates how AI-powered resources and systems can help educators in their professional growth, identify existing challenges, and propose strategies for effective AI integration in teacher training programs.

Research Questions:

1. How can AI be utilized to improve teacher professional development?
2. What are the main advantages of integrating AI in teacher training programs?
3. What challenges do educators and institutions face when implementing AI-driven professional development?
4. What best practices can be adopted to ensure the effective use of AI in teacher learning?

How can AI-based professional development programs be made more accessible and inclusive for educators?

Research Objectives:

To investigate how AI can aid in the professional development of teachers.

2. To identify the key benefits and opportunities AI offers in enhancing professional learning experiences.
3. To analyze the obstacles associated with integrating AI in teacher professional development.
4. To explore best practices and strategies for effective AI-driven teacher training.

To suggest the policymakers, educators, and institutions on optimizing AI use in professional development programs.

Literature Review

Theoretical Framework

Artificial intelligence (AI) has shown to be a game changer in a variety of fields, including education. AI in education refers to the use of machine learning, natural language processing, and data analytics to improve teaching and learning methods (Luckin et al., 2018). Intelligent tutoring systems, adaptive exams, automated grading, and tailored learning experiences are all examples of artificial intelligence applications in education (Zawacki-Richter et al., 2019). These improvements provide opportunities for instructors' professional growth through data-driven insights and personalized instruction.

In recent years, there has been a lot of interest in integrating artificial intelligence (AI) into teacher professional development because of its potential to improve educational outcomes, optimize instructional practices, and enhance learning experiences. Numerous studies have looked into how AI can help teachers with their ongoing professional development and learning.

The ability of AI to process enormous volumes of data and produce insights that can aid in decision-making is one of the fundamental tenets of AI in education. Learning management systems with AI capabilities can monitor teacher development, spot skill gaps, and suggest specialized resources for professional growth (Holmes et al., 2021). Additionally, chatbots and virtual assistants powered by AI can provide real-time feedback and assistance, encouraging educators to keep learning (Chen et al., 2020).However, concerns related to ethical implications, data privacy, and algorithmic biases must be addressed to ensure responsible AI implementation in teacher development programs (Selwyn, 2019).

AI in Teacher Professional Development

AI has been recognized as a tool for personalizing teacher training and providing real-time feedback to educators. According to Luckin et al. (2018), AI-powered systems offer adaptive learning experiences, certifying that teachers obtain personalized professional development based on their individual needs. AI-driven analytics can track teaching performance and suggest targeted training programs, making professional development more efficient and effective (Zawacki-Richter et al., 2019).

Furthermore, AI-based intellectual instructing systems and chatbots have been increasingly utilized in professional development programs. These technologies provide instant responses to teachers' queries, helping them access relevant pedagogical resources and strategies. Holmes et al. (2021) emphasize that AI-driven platforms facilitate continuous learning by offering data-driven insights and recommendations, enabling teachers to evaluate their methods and make the required adjustments.

AI and Learning Theories in Teacher Training

The incorporation of AI in teacher professional development is closely aligned with established learning theories, including behaviorism, cognitivism, and constructivism. Behaviorist theories, as proposed by Skinner (1954), emphasize reinforcement and feedback, which AI systems can provide through adaptive assessments and automated feedback mechanisms. For instance, intelligent tutoring systems can identify teachers' misconceptions and provide corrective feedback, reinforcing effective teaching practices (Anderson et al., 2018).

Cognitivist theories, such as those developed by Piaget and Vygotsky, focus on the internal processes of learning, including memory, problem-solving, and knowledge construction (Vygotsky, 1978). AI tools, such as knowledge graphs and personalized learning pathways, align with cognitivist approaches by structuring professional development content in ways that optimize information retention and application (Luckin, 2018). Additionally, AI can facilitate metacognitive skills development by offering self-regulated learning tools that help teachers reflect on their teaching practices and instructional strategies (Winne & Hadwin, 2018).

Constructivist learning theories, which emphasize active engagement and social interaction, are also supported by AI applications. AI-driven collaborative platforms, discussion forums, and virtual reality simulations allow teachers to engage in experiential learning and peer-to-peer interactions (Laurillard, 2012). AI can analyze discussion patterns and provide recommendations for deeper engagement, fostering professional learning communities that enhance knowledge sharing and instructional improvement (Dillenbourg, 2016).

The Evolution of Professional Development with Technology

The evolution of teacher professional development has been significantly influenced by technological advancements, from traditional face-to-face workshops to online learning platforms and AI-driven professional development programs. Early professional development models were largely static, relying on in-person training sessions that lacked personalization and continuous learning opportunities (Garet et al., 2001). With the advent of e-learning and MOOCs (Massive Open Online Courses), professional development became more accessible and flexible (Ferdig et al., 2020).

AI has further transformed professional development by offering personalized learning experiences and real-time analytics (Baker & Siemens, 2014). AI-powered learning platforms can assess individual teacher performance, recommend relevant learning

modules, and track progress over time (Popenici & Kerr, 2017). Additionally, AI can facilitate micro-learning—short, targeted learning experiences that fit into teachers' busy schedules, making professional development more manageable and effective (Wang et al., 2020).

Another significant advancement is the use of AI-driven mentoring and coaching programs. Virtual coaches powered by AI can analyze classroom interactions, provide feedback on instructional techniques, and suggest evidence-based teaching strategies (Schmidt et al., 2021). AI-based sentiment analysis tools can also assess teacher engagement and well-being, offering insights into areas where additional support is needed (D'Mello et al., 2020).

Despite the opportunities AI presents, challenges remain in its integration into teacher professional development. To guarantee fair and successful AI adoption, issues including the digital divide, educators' lack of AI literacy, and worries about data privacy and ethical issues must be resolved (Selwyn, 2019). Professional development programs must also balance AI automation with human-centered approaches, certifying that technology supplements rather than substitutes the role of instructional leaders and mentors (Luckin, 2018).

Methodology

Research Design and Approach

This study investigates how artificial intelligence (AI) can be incorporated into teacher professional development using a qualitative research methodology. To learn more about the experiences, viewpoints, and difficulties that educators have with AI-driven professional learning, a qualitative design is chosen. This method makes it possible to analyze the intricate relationships between AI and teacher development in a rich and interpretive way.

Participants and Sampling

The study utilizes purposive sampling to select participants who have experience with AI in professional development. Participants include educators, school administrators, instructional designers, and AI technology developers. The sample consists of 20 participants, ensuring a diverse range of perspectives from different educational institutions, including primary, secondary, and higher education sectors.

Data Collection Methods

Data collection is conducted using multiple qualitative methods to ensure depth and reliability. These methods include:

Semi-Structured Interviews

Participants' experiences are investigated through in-depth, semi-structured interviews with AI-based professional development tools, perceived benefits, and challenges. The interview guide includes open-ended questions that allow for flexible discussions while ensuring key research topics are addressed. Interviews are conducted via online or face-to-face sessions, depending on participant preference and availability.

Focus Group Discussions

Focus groups are set up to help administrators and teachers have conversations, encouraging the exchange of ideas and collective reflection on AI's role in professional development. These discussions help identify common themes, divergent viewpoints, and innovative suggestions for AI integration in teacher training.

Document Analysis

Relevant policy documents, AI-based professional development programs, and institutional reports are analyzed to examine the current frameworks governing AI in teacher learning. This method provides additional context to support findings from interviews

and focus groups.

Applications of AI in Teacher Professional Development

Artificial intelligence (AI) is rapidly altering teacher professional development (TPD) by delivering adaptable, personalized, and scalable learning solutions. These technologies provide new opportunities for educators to fine-tune their educational tactics, participate in reflective practice, and meet changing pedagogical needs. Using AI, instructors can gain access to personalized learning paths, real-time feedback, and data-driven insights that allow continual improvement in teaching efficacy.

One of the most significant advantages of AI in TPD is its ability to personalize learning. Adaptive platforms assess a teacher's present skills, identify gaps, and suggest targeted courses that are matched with their growth objectives. These systems adapt content complexity based on user progress, making learning more efficient and relevant. Such individualized experiences stand in stark contrast to standard, uniform training programs that frequently fail to address individual needs.

AI is also making progress in virtual simulations and intelligent tutoring solutions for teachers. These tools enable teachers to connect with virtual classrooms, practice classroom management skills, and receive quick feedback on their performance. This technique promotes risk-free experience learning as well as deeper reflection on instructional practices.

AI facilitates collaborative professional learning by supporting online communities of practice. AI can also moderate discussions, highlight key contributions, and curate relevant content, making online collaboration more productive and engaging.

Opportunities of AI Integration in Teacher Development

The integration of Artificial Intelligence (AI) into teacher professional development (TPD) has introduced innovative, scalable solutions that are revolutionizing how educators acquire new knowledge and develop essential skills. AI offers distinct opportunities to enhance the quality, accessibility, and personalization of TPD, aligning with the evolving demands of 21st-century education.

A key opportunity is AI's ability to provide personalized, self-paced learning experiences. AI-powered systems assess a teacher's existing competencies, preferences, and professional goals to create customized learning pathways. This adaptive approach contrasts with traditional, standardized professional development models, enabling educators to engage in tailored training that aligns with their teaching context and needs. For example, recommendation algorithms, similar to those used in platforms like Coursera, suggest relevant professional development content based on a teacher's classroom challenges and subject area.

AI also enhances the scalability and equity of TPD. It allows for high-quality training resources to be accessible at any time and from any location, overcoming geographical and logistical barriers that often limit access to professional learning opportunities. AI-powered platforms can democratize access, ensuring that all teachers, regardless of their experience level or location, receive the same caliber of professional support and development. Virtual coaching systems, powered by AI, can simulate the guidance of experienced mentors, bridging gaps in mentorship availability, particularly in underserved regions.

Furthermore, AI enables real-time, data-driven feedback that supports reflective practice. Natural Language Processing (NLP) and machine learning can analyze classroom discourse and teaching methods, providing objective insights into instructional strate-

gies, classroom management, and student engagement. Teachers can use this feedback to refine their teaching and make data-informed decisions for continuous improvement.

Finally, AI promotes collaborative learning through the creation of professional learning networks (PLNs). AI tools can match educators with peers or experts who share similar goals, facilitating knowledge exchange and fostering global learning communities.

By leveraging these opportunities, AI can transform TPD, offering personalized, scalable, and accessible professional development that empowers educators and improves student outcomes.

Data Analysis and Discussion

Thematic analysis was used to investigate data acquired from semi-structured interviews, focus groups, and document analysis in order to identify recurring patterns and major themes about the use of artificial intelligence (AI) in teacher professional development (TPD). This approach enabled the systematic arrangement and analysis of qualitative data in order to provide relevant information on participant experiences, perspectives, and contextual factors influencing the use of AI in professional learning settings.

Thematic Analysis Process

The thematic analysis started with familiarization through repeated reading of the notes and transcripts, in accordance with Braun and Clarke's (2006) six-phase framework. The first codes were created by hand and with the aid of qualitative data analysis software, which made it easier to arrange the codes into possible themes.

These themes were then reviewed, refined, and categorized under broader conceptual domains relevant to the research questions.

Three overarching themes emerged from the analysis:

Enhanced Personalization and Accessibility

Barriers to Implementation and Adoption

Need for Policy and Institutional Support

Theme 1: Enhanced Personalization and Accessibility

Across interviews and focus group discussions, participants frequently highlighted AI's potential to personalize professional learning. Educators reported that AI-based platforms offered tailored content, learning paths, and feedback aligned with their instructional needs and career stages. For instance, teachers noted that recommendation systems and adaptive learning environments helped them identify skill gaps and access targeted training modules.

One participant shared, *"The AI tool recommended training materials based on my classroom data. It was like having a coach that understood my teaching style."* Another remarked on the flexibility of AI tools, emphasizing how these platforms allowed learning to occur at one's own pace and convenience—especially important for educators balancing teaching duties with professional growth.

This theme was further supported by document analysis. Institutional reports on AI integration confirmed that personalized learning pathways and data-driven dashboards were increasingly embedded in professional development programs, enhancing accessibility for teachers in remote or resource-limited areas.

Theme 2: Barriers to Implementation and Adoption

Despite the recognized benefits, numerous challenges were raised concerning the integration of AI in teacher development. A prominent concern across participants was the **lack of digital literacy and training** required to effectively use AI tools. Teachers

and school leaders expressed uncertainty about interpreting AI-generated data and using it to inform instructional decisions.

An administrator commented, *"Many teachers are hesitant to use AI tools because they don't fully understand how they work. There's a learning curve that we haven't addressed yet."* This insight points to a gap in teacher readiness and the need for foundational training in both AI concepts and their pedagogical applications.

Privacy and data security concerns were also frequently mentioned. Participants questioned how their professional data would be used, stored, and potentially evaluated by school authorities. Moreover, instructional designers noted the **inconsistent quality and transparency** of commercial AI tools, raising ethical issues related to algorithmic bias and reliability.

These concerns were echoed in policy documents, which often lacked clear guidelines or standards for AI use in professional development. The absence of comprehensive frameworks created uncertainty around implementation, accountability, and evaluation, suggesting the need for policy-level intervention.

Theme 3: Need for Policy and Institutional Support

A strong consensus emerged regarding the role of institutional leadership and policy in supporting AI integration. Participants emphasized that without strategic planning and clear policy directives, AI would remain underutilized or inconsistently applied across institutions.

The results of focus groups showed that organizations were more likely to successfully incorporate AI into their professional development programs if they had clear digital strategies and allocated funds. Educators from these institutions reported greater satisfaction with AI tools and demonstrated a higher level of engagement with ongoing training.

Additionally, participants called for a more collaborative approach to AI integration. They advocated for the involvement of teachers, instructional designers, and technology developers in co-designing professional development platforms to ensure that the tools are pedagogically sound and contextually relevant.

Policy documents analyzed in the study revealed a growing awareness of AI's potential but also highlighted significant gaps in implementation planning, stakeholder training, and ethical oversight. These results highlight how crucial it is to create frameworks that are inclusive, open, and flexible in order to direct the moral and successful incorporation of AI into teacher preparation.

Summary of Findings

The analysis highlights that while AI offers promising opportunities to enhance personalization, accessibility, and efficiency in teacher professional development, its successful integration is contingent on addressing key challenges. These include improving digital competencies, ensuring data privacy, and fostering institutional support through clear policies and collaborative practices.

The findings also reinforce the notion that AI should not replace human judgment or professional expertise but rather serve as a complement that augments teacher agency and reflective practice. As one participant aptly noted, *"AI is a tool—it's powerful, but it needs to be in the right hands and used with purpose."*

Conclusion:

Using perspectives from educators, school administrators, instructional designers, and AI developers, this study investigated the use of AI in teacher pro-

fessional development (TPD) from a qualitative standpoint. According to the findings, AI has the potential to significantly improve professional learning experiences by making them more data-informed, accessible, and personalized. Participants emphasized the ways in which AI tools can support flexible, self-paced development, encourage reflective practice, and suggest customized learning materials. These developments have the potential to satisfy the changing demands of teachers in various learning environments.

However, the study also identified substantial challenges that hinder the full-scale implementation of AI in TPD. Key barriers include a lack of digital literacy among teachers, limited training in AI usage, concerns about data privacy, and insufficient institutional policies to support ethical and effective deployment. Furthermore, the study found that inconsistent access to quality AI tools and limited collaboration between educators and developers often results in mismatches between technological solutions and pedagogical realities.

AI integration in teacher preparation should be seen as part of a larger educational revolution rather than as a stand-alone project. AI can augment, but not replace, human elements such as mentorship, professional dialogue, and experiential learning. Therefore, thoughtful planning, ethical considerations, and a supportive institutional ecosystem are crucial for realizing AI's full potential in professional learning.

Recommendations

Several suggestions are made in light of the study's findings to help legislators, school administrators, and tech developers successfully incorporate AI into teacher professional development.

Enhance Digital Literacy and AI Competencies

Enhancing teachers' knowledge of AI tools and how to successfully incorporate them into their professional development should be the goal of training initiatives. In addition to covering technical skills, these programs ought to prioritize ethical issues and pedagogical applications. Regular workshops, micro-credentials, and peer mentoring could support this capacity-building process.

Establish Clear Ethical and Policy Frameworks

Comprehensive policies that direct the moral application of AI in professional development should be created by educational institutions and ministries. These frameworks ought to cover accountability procedures, algorithm transparency, and data privacy. Clear policies will foster trust among educators and provide a foundation for responsible AI implementation.

Promote Collaborative Design of AI Tools

Developers of AI-driven professional learning platforms should work closely with educators and instructional designers to ensure the tools are pedagogically sound and contextually relevant. Co-design models that include teachers in the development process can lead to more practical and user-friendly solutions, increasing adoption and impact.

Invest in Scalable and Inclusive Infrastructure

The digital infrastructure required to facilitate fair access to AI-enabled professional development should be funded by governments and educational institutions. Special attention should be given to rural and under-resourced schools to avoid deepening existing dispari-

ties in teacher training opportunities.

Foster Reflective and Data-Informed Practice

Teachers should be encouraged to adopt a reflective practice culture through the use of AI tools. Platforms for professional development that offer immediate, actionable feedback can assist teachers in identifying their areas of strength and growth. These realizations can help with ongoing development and evidence-based instructional choices.

Support Research and Continuous Evaluation

To evaluate the long-term impacts of AI on teacher development, more research is necessary. Institutions should support pilot programs, case studies, and longitudinal evaluations to gather data on what works, what doesn't, and why. This evidence can guide future policies and investment decisions.

Encourage Professional Learning Communities

AI should be used to enhance, not replace, human interaction in teacher learning. Tools that connect teachers to mentors, peers, or global communities can foster collaboration and shared learning. Intelligent recommendation systems can help form learning groups around shared interests or development goals.

As AI offers scalable, customized, and data-driven learning opportunities, it has the potential to completely change the field of teacher professional development. However, overcoming significant obstacles pertaining to institutional preparedness, ethical use, and capacity building is necessary to realize these advantages. AI has the potential to be a potent ally in supporting teacher development, raising the caliber of instruction, and eventually improving student learning outcomes with careful application and teamwork.

References

- Anderson, J. R., Boyle, C. F., & Reiser, B. J. (2018). Intelligent tutoring systems. *Science*, *219* (4587), 456-462. https://doi.org/10.1126/science.219.4587.456
- Baker, R. S., & Siemens, G. (2014). Educational data mining and learning analytics. *Handbook of Learning Analytics and Educational Data Mining*, 1-17.
- Chen, X., Xie, H., & Hwang, G. J. (2020). A multi-perspective study on artificial intelligence in education: Influences on personalized learning and assessment. *Educational Technology & Society*, *23*(4), 34-47
- Chen, L., Chen, P., & Lin, Z. (2020). Artificial intelligence in education: A review. *IEEE Access, 8*, 75264–75278. https://doi.org/10.1109/ACCESS.2020.2988510
- D'Mello, S., Dieterle, E., & Duckworth, A. (2020). Advanced analytics for behavioral and affective data in education: Theoretical considerations and practical implications. *Journal of Learning Analytics*, *7*(3), 1-7.
- Dillenbourg, P. (2016). The evolution of research on digital education. *International Journal of Artificial Intelligence in Education*, *26*(2), 547-563.
- Ferdig, R. E., Pytash, K. E., & Mathews, J. (2020). A review of research on online teacher professional development from 2000 to 2019: Implications for virtual learning. *Journal of Online Learning Research*, *6*(2), 123-146.
- Garet, M. S., Porter, A. C., Desimone, L., Birman, B. F., & Yoon, K. S. (2001). What makes professional development effective? *American*

Educational Research Journal, *38*(4), 915-945.

- Gong, Z., Zhang, Y., & Wang, Y. (2019). AI-supported mentoring in teacher professional development: A conceptual framework. *International Journal of Artificial Intelligence in Education, 29*(3), 301–320. https://doi.org/10.1007/s40593-019-00181-y
- Holmes, W., Bialik, M., & Fadel, C. (2019). *Artificial Intelligence in Education: Promises and Implications for Teaching and Learning*. Center for Curriculum Redesign.
- Huang, R. H., Liu, D. J., Tlili, A., Yang, J. F., & Wang, H. H. (2021). Handbook on facilitating flexible learning during educational disruption. *Smart Learning Institute of Beijing Normal University*.
- Luckin, R. (2018). *Machine learning and human intelligence: The future of education for the 21st century*. UCL Press.
- Luckin, R., Holmes, W., Griffiths, M., & Forcier, L. B. (2016). *Intelligence unleashed: An argument for AI in education*. Pearson Education.
- Popenici, S. A., & Kerr, S. (2017). Exploring the impact of artificial intelligence on teaching and learning in higher education. *Research and Practice in Technology Enhanced Learning*, *12* (1), 22.
- Roll, I., & Wylie, R. (2016). Evolution and revolution in artificial intelligence in education. *International Journal of Artificial Intelligence in Education, 26*(2), 582–599. https://doi.org/10.1007/s40593-016-0110-3
- Schmidt, M., Baran, E., & Thompson, A. D. (2021). AI and teacher professional learning: Emerging perspectives and challenges. *Journal of Digital Learning in Teacher Education*, *37* (1), 10-25.
- Selwyn, N. (2019). Should robots replace teachers? AI and the future of education. *Learning, Media and Technology*, *44*(2), 1-7.
- Skinner, B. F. (1954). The science of learning and the art of teaching. *Harvard Educational Review*, *24*(2), 86-97.
- Vygotsky, L. S. (1978). *Mind in society: The development of higher psychological processes*. Harvard University Press.
- Wang, Y., Liu, L., & Hainey, T. (2020). Personalised microlearning in teacher professional development: AI-driven adaptive systems. *Computers & Education*, *149*, 103812.
- Winne, P. H., & Hadwin, A. F. (2018). Self-regulated learning and AI: Synergies and challenges. *Educational Psychologist*, *53*(2), 107-123.
- Woolf, B. P. (2010). *Building intelligent interactive tutors: Student-centered strategies for revolutionizing e-learning*. Morgan Kaufmann.
- Zawacki-Richter, O., Marín, V. I., Bond, M., & Gouverneur, F. (2019). Systematic review of research on artificial intelligence applications in higher education–Where are the educators? *International Journal of Educational Technology in Higher Education, 16*(1), 1–27. https://doi.org/10.1186/s41239-019-0171-0

- *****

बृहत्त्रयी में शिशुपालवध का स्थान

डॉ. शारदा गौतम
सहायक आचार्या
दौलत राम महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली
9711242244

'एकश्चन्द्रस्तमोहन्ति' इस उक्ति के अनुसार माघ का यश उनके एकमात्र महाकाव्य शिशुपालवध पर ही आधारित है जो बृहत्त्रयी में अन्यतम है। बृहत्त्रयी से अभिप्राय है वे तीन महाकाव्य जो आकार, वर्णन, रस, अलङ्कार, भावाभिव्यक्ति इत्यादि सभी काव्योचित गुणों से परिपूर्ण हैं। बृहत्त्रयी के अन्तर्गत महाकवि भारवि का किरातार्जुनीयम्, महाकवि माघ का शिशुपालवधम् तथा महाकवि श्रीहर्ष के नैषधचरितम् को रखा गया है। इन तीनों काव्यों का उपजीव्य महाभारत है। तीनों महाकवियों ने महाभारत में वर्णित छोटी सी कथा को अपनी मौलिक उद्भावना, कल्पनाशक्ति एवं वर्णन से महाकाव्य का आकार प्रदान किया। किरातार्जुनीयम् में जहां 18 सर्ग हैं। वहीं महाकवि माघ विरचित शिशुपालवधम् में 20 सर्ग तथा नैषधचरितम् में 22 सर्ग हैं। ये तीनों ही ग्रन्थ अलंकृत शैली में लिखे गये हैं। इनमें पण्डित्य प्रदर्शन की प्रवृत्ति दिखती है तथा ये ग्रन्थ एक-दूसरे से बहने की प्रतिस्पर्धा में लिखे गए हैं। हर्ष स प्रभावित किसी ने कहा है-

तावद् भा भारवेर्भाति यावन्माघस्य नोदयः।
उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारविः ।।

महाकाव्य अर्थात् महत् च तत् काव्यम्। वैसे तो काव्य से अभिप्राय ही है कवेः कर्म काव्यम् किन्तु महाकाव्य से अभिप्राय ही है सर्गबन्ध होना, नायक युक्त होना, जो नायक उच्चकुलोत्पन्न, धीरोदात्त क्षत्रिय हो, महाकाव्य में हृङ्गार, वीर, शान्त में से एक अंगीरस होना चाहिए अन्य रस अंग रूप में हों, पाञ्चों सन्धियों से युक्त हो, उसकी कथा इतिहास से ली गई हो, आरम्भ मङ्गलाचरणात्मक हो कहीं-कहीं खलनायक के भी गुण वर्णित हों, सर्गान्त में भावी घटना की सूचना हो इत्यादि। इन तीनों ही काव्यों में महाकाव्य के सभी लक्षण घटित होते हैं। शिशुपालवध के नायक श्रीकृष्ण हैं जो कि क्षत्रियश्रेष्ठ एवं सर्वश्रेष्ठ योद्धा ह। शिशुपाल भी वीर योद्धा है। शिशुपालवध में श्रीकृष्ण के द्वारा युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में चेदिनरेश शिशुपाल के वध का वर्णन है। यह वर्णन इतना विस्तृत है जो कि इसे महाकाव्य का रूप प्रदान करते हैं।

माघ विचित्रमार्ग तथा अलङ्कत शैली के कवि हैं। इनमें महाकवि कालिदास की रसवादिता, भारवि की विचित्र मार्गता तथा दण्डी का पदलालित्य है। तभी माघ के किसी प्रशंसक ने माघ को कालिदास, भारवि और दण्डी या श्रीहर्ष से श्रेष्ठ बताने के लिये उनकी प्रशंसा करते हुए कहा-

उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयोगुणाः ॥

किन्तु यहां **'माघे सन्ति त्रयो गुणाः'** कहने से यह अभिप्राय बिल्कुल नहीं है कि महाकवि माघ उपमा प्रयोग में कालिदास से, अर्थगौरव में भारवि से तथा पदलालित्य में दण्डी या श्रीहर्ष से श्रेष्ठ हैं अपितु इसका आशय यह है कि काव्य के जो विशिष्ट गुण कालिदास, भारवि. श्रीहर्ष या दण्डी में मिलते हैं, वे सभी गण माघ के काव्य में एकसाथ विद्यमान हैं। महाकवि माघ की कल्पना में कालिदास जैसी उपमाओं, भारवि जैसा अर्थगाम्भीर्य तथा श्रीहर्ष एवं दण्डी जैसे पदलालित्य पद-पद पर दृष्टिगत होता है। शिशुपालवध का अंगीरस वीररस है। इसका आरम्भवस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण से हुआ है -

श्रियः पतिः श्रीमति शासितुं जगज्जगन्निवासो वसुदेवसद्मनि।
वसन्ददर्शावतरन्तमम्बराद्धिरण्यगर्भाङ्गभुवं मुनिं हरिः ।। शिशु० 1.1

प्रत्येक सर्ग में एक ही छन्द है सर्गान्त में छन्द परिवर्तन किया है चतुर्थ सर्ग में अनेक छन्दो का प्रयोग है जो महाकाव्य का अपवाद न कह कर विशिष्टता ही कही जानी चाहिए। इसी विशिष्टता के कारण ही चतुर्थ सर्ग में रैवतक पर्वत के वर्णन के कारण ही श्रीमाघ को घण्टामाघ की उपाधि मिलो।

उदयति विततोर्ध्वरश्मिरज्जावहिमरुचौ हिमधाम्नि याति चास्तम्।
वहति गिरिरयं विलम्बिघण्टाद्वयपरिवारितवारणेन्द्रलीलाम् ।। शिशु 4/20

यह वर्णन अपूर्व है। शिशुपालवध के ग्याहरवें सर्ग में प्रत्यूष, उषा, सूर्योदय वर्णन है, नवमें सर्ग में सूर्यास्त, अन्धकार तथा रात्रि का वर्णन है। छठे सर्ग में ऋतुवर्णन है। ग्याहरखें सर्ग का दिन का सुन्दर वर्णन इस प्रकार है-

सरसिजवनकान्तं विभवभ्रान्तवृत्तिः करनयनसहस्रं हेतुमालोकशक्तेः। शिशु, 11/56

वर्षा ऋतु का वर्णन तो और भी मनोहारी है-

शमिततापमपोढमहीरजः प्रथमबिन्दुभिरम्बुमुचोऽम्भसाम्। शिशु० 6/33

सातवें, आठवें, दसवें, ग्यारहवें सर्गों में विलासक्रीडा, उद्यानविहार, जलक्रीडा, मधुसेवन, सम्भोग आदि के रोचक प्रसङ्ग हैं। आठवें सर्ग में नदी का रोचक वर्णन देखें-

उत्क्षिप्तस्फुटित सरोरुहाधर्यमुच्चैः सस्नेहं विहगरुतैरिवालपन्ती
नारीणामथ सरसी सफेनहासा प्रीत्येव व्यतनुत पाद्यमूर्महस्तैः ॥ शिशु, 8/14

रैवतक पर्वत तो धननिधियों का आकर है, ठीक वैसे ही जैसे विद्वान् मन्त्रों का ज्ञानधन रखता है।

श्रेयान् द्विजातिरिव हन्तुमघानि वक्षं गूढार्थमेष निधिमन्त्रगणं विभाति। शिशु 4/37

कार्यविषयक रोचकता उत्पन्न करने वाले अनेक प्रसङ्ग हैं यथा मंत्रपाठ, दूतप्रेषण, मृगया, पुत्रोत्पत्ति, अभ्युदय, संग्राम इत्यादि। शिशुपालवध के बीसवें सर्ग में द्वन्द्वयुद्ध का अद्भुत वर्णन है। बीसवें सर्ग में वीररस अपने चरमोत्कर्ष पर आ गया है। यहां शिशुपाल की मुरारि को दी गई ललकार में-

मुखमुल्लसितं त्रिरेखमुच्चैभिदुरभ्र युगभीषणं दधानः।
समितावितिं विक्रमानुमृष्यन्नातभीराह्वत चेदिराण्मुरारिम् ।। शिशु, 20/1

यहाँ वीररस अनुभावों, विभावों द्वारा शिशुपाल के युद्ध के लिए उत्साह को दर्शाता है।

शिशुपालवध के अंगीरस में शृगांर का अधिक प्रयोग हुआ है तथा उसमें भी गृङ्गार का उद्दीपन रूप वर्णित हुआ है। अलंकारों की दृष्टि से शिशुपालवध में स्वभावोक्ति अलंकार का प्रचुर प्रयोग है।

अथ सस्मितदीक्षितादवज्ञा चलितैको भ्रामितभु माधवेन।
निजकेतु शिरः श्रितः सुपर्णादुदपप्तन्नयुतानि पक्षिराजम् ।। शिशु, 20/52

इसके अतिरिक्त, दीपक, रूपक, अप्रस्तुतप्रशंसा, व्यतिरेक, विरोध दृष्टान्त के भी सुन्दर उदाहरण हैं। इसके अतिरिक्त उपमा, उत्प्रेक्षा, श्लेष, अर्थान्तरन्यास, व्याजस्तुति, सन्देह, अपह्नति इत्यादि का भी प्रयोग है। अप्रस्तुतप्रंशसा देखिए-

तुल्येऽपराधे स्वर्भानुर्भानुमन्तं चिरेण यत्।
हिमांशुमाशु ग्रसते तन्मदिम्नः स्फुटं फलम् ।। शिशु, 2/49

माघे सन्ति त्रयो गुणाः जो कहा गया है यह उनके उपमा अलङ्कार के कारण ही है। शिशुपालवध के लगभग 150 से अधिक पद्यों में उपमा अलंकार है।

सुवर्णसूत्राकलिताधराम्बरां विडम्बयन्तं शितिवाससस्तन्तुम्। शिशु, 1/6

यमक अलंकार-

नवपलाशपलाशवनं पुरः स्पटपरागपरागतपंकजम्।
मृदुलतान्तलतान्तमलोकयत् स सुरभिं सुरभिं सुमनोभरैः।। शिशु, 6/2

माघ की शैली में रस, भाव, अलङ्कार, काव्यवैचित्र्य, बहुलता से प्राप्त होते है। प्राकृतिक वर्णन भी मनोहारि है। काव्य गम्भीरता से युक्त भी है, काव्य में कठिन पद प्रयोग तथा शब्दबन्ध की सुश्लिष्टता अन्यत्र कम ही प्राप्त होती है। कलापक्ष की दृष्टि से भी महाकवि माघ श्रेष्ठ हैं कलापक्ष को ही साहित्यकार भाषापक्ष भी कहते हैं। माघ का शब्दकोष, पदयोजना, व्याकरण, शब्दशक्ति वर्णनकौशल तथा अलङ्कारप्रयोग अद्भुत है। माघ का काव्य पाण्डित्य से परिपूर्ण है। ग्यारहवें सर्ग का प्रातःकाल वर्णन देखिए -

अरुणजलजराजी मुग्धहस्ताग्रपादा
बहुल मधुप मालाकञ्जलेन्दीवराक्षी।
अनुपतति विरावै पत्रिणां व्याहरन्ती
रजनिमचिरजाता पूर्वसन्ध्या सुतेव । शिशु, 11/40

यहाँ उषा को रात्रि की सद्य-प्रसूता कन्या कहा गया है। माघ ने श्रृंगार के संयोगपक्ष का ही वर्णन किया है और संयोग शृङ्गार का वर्णन भी आलम्बन के रूप में ही किया है। सातवें सर्ग में कहा है-

अतिशयपरिणाहवान् वितेने बहुतरमर्पित रत्न किङ्किणीकः।
अलघुनि जघन स्थलेऽपरस्या ध्वनिमधिकं कलमेखलाकलापः ॥
शिशु, 7/5

यहां नायिका का अत्यन्त शृङ्गारिक वर्णन है। माघ रसवादी होने के साथ ही वैचित्र्य और चमत्कार में भी निपुण हैं। उनका यह श्लोक उनके पाण्डित्य का परिचायक है जिसमें केवल द् वर्ण का ही प्रयोग है-

दावदो वुदुद्दादी दादादो- दूददीददोः।
वुद्दादं वदवे वुद्दे- ददाददददोऽददः। शिशु, 19/114

माघ ने महाभारत के सभापर्व की एक छोटी सी घटना ग्रहण कर उसे 20 सर्गों के महाकाव्य का रूप प्रदान कर दिया रैवतक पर्वत का वर्णन केवल शिशुपालवध में ही मिलता है अन्य किसी कवि ने नहीं किया है। महाकवि माघ सभी शास्त्रों के ज्ञाता थे। उनके काव्य में वेद, व्याकरण, राजनीतिशास्त्र, दर्शन, नाट्यशास्त्र आयुर्वेद, ज्योतिष, पशुविद्या, संगीतशास्त्र, कामशास्त्र, पाकशास्त्र, साहित्यशास्त्र तथा पौराणिक ज्ञान दृष्टिगोचर होता है।

वेद वर्णन

प्रतिशरणमशीर्णज्योतिरग्न्याहिताना।
विधिविहित विरिब्धैः साभिधनीरधीत्य। शिशु० 11/91

व्याकरण ज्ञान

अनुत्सूत्रपदन्यासा सवृत्तिः सन्निबन्धना।
शब्दविद्दचैव नो भाति राजनीतिपस्पशा।। शिशु० 2/112

भूतकाल के स्थान पर लोट् लकार का सुन्दर प्रयोग क्रियासमभिहारे लोट् सूत्र से किया गया है।

राजनीति विषयक ज्ञान

गुरुकाव्यानुगां विश्वच्चान्द्रीमभिनभः श्रियम्। शिशु० 2/2

इसके अतिरिक्त **षड्गुणाः शक्तयस्तिस्रः। शिशु० 2/26**

योगशास्त्र ज्ञान

क्लेशकर्मफलभोगवर्जितं पुंविशेषमुमुमीश्वरं विदुः। शिशु० 14/62

बौद्धदर्शन ज्ञान

सौगतानाभिवात्मान्यो नास्ति मन्त्रो महीभताम् शिशु० 2/28

नाट्यशास्त्रीय ज्ञान

भरतज्ञकविप्रणीतकाव्य ग्रथिताङ्का इव नाटकप्रपञ्चाः। शिशु० 20/44

आयुर्वेद ज्ञान

स्वेद्यमामज्वरं प्राज्ञः कोऽम्भसा परिषिक्रचति। शिशु० 2/54

ज्योतिषशास्त्र

प्रतिकूलपामुपगते हि विधौ विफलत्वमेति बहुसाधनता।
अवलम्वनाय दिनभर्तुरभून्न पतिष्यतः करसहस्रमपि।। शिशु० 9/6

महारथः पुस्यरथ रथाङ्ग क्षिप्रं क्षपानाथ इवाधिरूढः। शिशु० 3/22

पशुविद्या

सान्दुत्वक्कास्तल्पलाश्लिष्टकक्षा आङ्गीं
शोभामाप्नुवन्तश्चतुर्थीम्।शिशु० 18/6

गजशास्त्र के अनुसार हाथियों की पूर्णायु 120 वर्ष होती है जिसमें 12 दशायें होती हैं अतः चतुर्थी दशा अर्थात् 40 वर्ष की आयु वाले हाथी।

संगीतशास्त्र

प्रथम सर्ग में ही नारद की महती वीणा का वर्णन है।

रणद्धिराघट्टनया नभस्वतः पृथग्विभिन्नश्रुतिमण्डलैः स्वरैः।
स्फुटीभवद् ग्रामविशेषमूर्छनाम् अवेक्षमाणं महतीं मुहुर्मुहः ।।
शिशु० 1/10

यहाँ सङ्गीत शास्त्र के 7 स्वरों तथा 3 ग्रामों व 21 मूर्च्छना का वर्णन है-

कामशास्त्र

हासभूषणरवाश्च रमण्याः कामसूत्रपदतामुपजग्मुः। शिशु० 10/75

व्यावहारिक ज्ञान

नालम्वेत छैष्टिकतां न निषीदति पौरूषे।
शब्दार्थौ सत्कविरिव द्वयं विद्वानपेक्षते। शिशु० 2/86

अर्थात् जीवन में भाग्य एवं पुरुषार्थ दोनों ही अवलम्वनीय है जैसे काव्य में शब्द तथा अर्थ।

पौराणिक ज्ञान

प्रजा इवाङ्गदरविन्दनाभेः शम्भोजंटाजूटतटादिवापः।
मुखादिवाथ श्रुतयो विधातुः पुरान्तिरीयुर्मुरजिद्ध्वजिन्यः ।।शिशु० 3/65

माघ की जीवन दृष्टि भी बहुत व्यावहारिक थी उनके अनुसार सुन्दरता वही है जो क्षण-क्षण नए रूप में सामने आए जैसे जीवन का हर क्षण अलग ही होता है यही जीवन का रस है।

क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः। 4/17

माघ का पदलालित्य माघ का काव्य में सुन्दर पदविन्यास तथा श्रुतिमधुर शब्दावली के साथ-साथ नवनीत शब्दों का बहुत अधिक प्रयोग है। वसन्तऋतु की सुन्दरता का वर्णन शाब्दी ध्वनि से किया है-

मधुरया मुधबोधितमाधवी मधुसमृद्धिसमेधितमेधया। शिशु० 6/20

पदलालित्य का अन्य उदाहरण-

कुमुदवनमपश्रि श्रीमदम्भोजषण्डं त्यजति मुदमुलूकः
प्रीतिमांश्चक्रवाकः। शिशु० 11/64

इस तरह प्रकृति चित्रण में यमक अलंकार की मनोरम शब्दयोजना है नवपलाशपलाशवनं पुरः स्फुटपराग परागत पङ्कजम्। शिशु० 6/2

इस प्रकार माघ के काव्य में पदलालित्य, उपमा प्रयोग, अर्थगाम्भीर्य सभी एक साथ प्राप्त होता है। साथ ही उनकी प्रौढोक्तियाँ, वक्रोक्तियाँ भी हैं-

यावदर्थपदां वाचमेवमादाय माधवः।
विरराम महीयांसः प्रकृत्या मितभाषिणः ।। शिशु० 2/13

तुल्येऽपराधे स्वर्भानुर्भानुमन्त चिरेण यत्।
हिमांशुमाशु ग्रसते तन्म्रदिम्नः स्फुट फलम् ।। शिशु० 2/49

माघ की सुक्तियाँ जो भारतीय समाज को आदर्श प्रस्तुत करके अच्छे मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। उनके सुभाषित आदर्श जीवन के नैतिक मूल्यों को प्रस्तुत करते हैं। इनका अनुसरण करके मानव का मंगल अपेक्षित है।

इस प्रकार माघ विरचित शिशुपालवध का बृहत्त्रयी में विशिष्ट स्थान है। बृहत्त्रयी के शिरोमणियों में माघ को सर्वश्रेष्ठ माना जा सकता है क्योंकि माघ केवल कवि ही नहीं हैं अपितु एक सर्वशास्त्र निष्णात विद्वान् हैं। वे वेद, पुराण, अलंकारशास्त्र, ज्योतिष, व्याकरण, राजनीति, सांख्य-योग, वेदान्त, बौद्धदर्शन, संगीत इतना ही नहीं अपितु अश्वविद्या, हस्तविद्या आदि के भी मर्मज्ञ हैं और इन्होंने शिशुपालवध में इनका प्रयोग किया है। इसलिए आलोचक की उक्ति 'माघे सन्ति त्रयोगुणाः' तथा 'तावत् भा भारवेर्भाति यावन्मावस्य नोदयः' ठीक जान पड़ती है।

*****

महात्मा गांधी और स्वराज

-प्रो. आशुतोष कुमार
राजनीति विज्ञान विभाग
सत्यवती महाविद्यालय (सांध्य)
दिल्ली विश्वविद्यालय

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के क्षितिज पर महात्मा गांधी का आगमन ऐसे समय में हुआ, जब राष्ट्रीय आंदोलन मानों एक चौराहे पर आकर खड़ा हो । गांधी के पहले उदारवादी, उग्रवादी तथा अतिउग्रवादी आंदोलन का प्रयोग राष्ट्रीय आंदोलन में किया जा चुका था । ऐसे समय में महात्मा गांधी ने अपने अद्भुत कार्यक्रमों, वैविध्यपूर्ण नीतियों, जनआंदोलनों तथा अपने चमत्कारिक नेतृत्व के माध्यम से भारतीय जनमानस में राष्ट्रीयता का अनोखा संचार किया । गांधी के पूर्व भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन जो अब तक समाज के कुछ वर्गों तक सीमित था, उसे उन्होंने अपने नेतृत्व के माध्यम से एक व्यापक जनआंदोलन में परिवर्तित कर दिया । यूँ तो गांधी ने अपनी कई विचारधाराओं से निर्णायक भूमिका का निर्वाह किया, उन्हीं में से एक है उनकी "स्वराज की संकल्पना ।"

गांधी के स्वराज की अवधारणा उनके भारत की स्वतंत्रता के लिए किए गए सत्याग्रह की उपज थी । उनके अनुसार स्वराज साम्राज्यवाद के विरुद्ध संघर्ष की रणनीति मात्रा नहीं थी अपितु वह उनके तत्वज्ञान के लौकिक रूपांतरण की प्रक्रिया की तार्किक परिणति थी । उनके शब्दों में स्वराज का अर्थ है "शासन के नियंत्रण से स्वतंत्र होने का अनवरत प्रयास ।" उन्होंने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि 'स्वराज' शब्द एक पवित्र शब्द है, जिसका अर्थ है स्वशासन और स्वनिग्रह । स्वनिग्रह का अर्थ सभी प्रकार के प्रतिबंधों से मुक्ति नहीं है जैसा कि स्वतंत्रता के अर्थ से निकाला जाता है । स्वराज सभी कालों के लिए एक सर्वसंतुष्ट ध्येय का नाम है । स्वराज एक पवित्र शब्द है, वह एक वैदिक शब्द है, जिसका अर्थ है आत्मज्ञान और आत्म संयम । अंग्रेजी शब्द 'इंडिपेंडेन्स' अक्सर सब प्रकार की मर्यादाओं से मुक्त निरंकुश आजादी का अर्थ देता है, वह अर्थ स्वराज शब्द में नहीं है । गांधी के स्वराज की अवधारणा अपने आप में एक विस्तृत तथा संपूर्ण अवधारणा है । इसका नकारात्मक पहलू और सकारात्मक पहलू दोनों है । उनके स्वराज की नकारात्मक पहलू का अभिप्राय है "हर विदेशी शासन से मुक्ति से है, चाहे वो किसी भी देश का क्यों न हो, क्योंकि विदेशी शासन व्यक्ति और राष्ट्र दोनों की स्वशासन की क्षमता के विपरीत है । सकारात्मक दृष्टि से, गांधी का स्वराज से अभिप्राय स्वशासन की संपूर्ण स्वतंत्रता से है । उनके अनुसार विदेशी शासन समाप्त हो जाने के बाद, लोगों को अपनी आत्मा और विवेक के अनुसार, अपनी पसंद की शासन व्यवस्था स्थापित करने की अधिक से अधिक स्वतंत्रता होगी ।

गांधी के शब्दों में "मेरा स्वराज तो हमारी सभ्यता की आत्मा को अक्षुण रखना है ।" स्वराज से अभिप्राय है देश की बहुसंख्यक जनता का शासन । हमारे सपनो के स्वराज में जाति या धर्म के भेदों का कोई स्थान नहीं हो सकता । उस पर शिक्षितों या धनवानों का एकाधिपत्य नहीं होगा । वह स्वराज सबके लिए, सबके कल्याण के लिए होगा । मेरी कल्पना का स्वराज तभी आयेगा जब हमारे मन में यह बात अच्छी तरह जम जाये कि हमें अपना स्वराज सत्य और अहिंसा के शुद्ध साधनों द्वारा ही हासिल करना है, उन्हीं के द्वारा हमें संचालन करना है और उन्हीं के द्वारा हमें उसे कायम रखना है । अहिंसा पर आधारित स्वराज में लोगों को अपने अधिकारों का ज्ञान न हो तो कोई बात नहीं, लेकिन उन्हें कर्तव्यों का ज्ञान अवश्य होना चाहिए ।

मेरे सपनों का स्वराज तो गरीबों का स्वराज होगा । पूर्ण स्वराज कहने का अर्थ है कि वह जितनी किसी राजा के लिए होगा उतना ही किसी किसान के लिए, जितना किसी धनवान जमींदार के लिए होगा उतना ही भूमिहीन खेतिहर के लिए तथा जितना हिंदुओं के लिए होगा उतना ही मुसलमानों के लिए होगा । उनके अनुसार स्वराज में सत्ता का बंटवारा परम्परागत पिरामिड की तरह का न होकर गोलाकार समुद्रीय लहरों का सा होगा । सत्ता व्यक्ति से आरम्भ होकर, ग्राम पंचायत, ब्लॉक पंचायत, तहसील पंचायत, जिला परिषद, प्रांतीय सरकार, केंद्रीय सरकार तथा विश्व सरकार जैसी कभी न समाप्त होने वाली गोलाकार दायरों में फैलती जाएगी ।

गांधी जी ने हमेशा से ग्राम पंचायतों का समर्थन किया । भारत जैसे देश में स्वराज की स्थापना तब तक नहीं हो सकती जब तक कि गाँवो की नीतियां बनाते समय ग्रामीणों की सहभागिता ना हो । उनके अनुसार स्वराज का अर्थ सिर्फ गोरी सरकार की नौकरशाही को हटाकर भूरी सरकार की नौकरशाही की ही स्थापना नहीं है, बल्कि देश में अनेकता में एकता तथा सांप्रदायिक सद्भाव की स्थापना करना है । उनके अनुसार इस व्यवस्था में कोई किसी का शत्रु नहीं होगा । कोई अनपढ़ ना हो । सब कार्य करें । सभी परिश्रमी लोगों को हमेशा काम मिले । सबको कम से कम बीमारियाँ हो । जुआ, चोरी, मद्यपान और व्यभिचार ना हो । वर्ग विभाजन न हो । कोई इतना भी गरीब न हो कि अपने आप को बेच सके और दूसरी और कोई इतना भी धनी न हो कि वह किसी को खरीद सके । उनका पूर्ण स्वराज या रामराज्य शुद्ध नैतिकता पर आधारित लोक प्रभुसत्ता का प्रतिनिधि होना चाहिए । महात्मा गांधी ने स्वराज को भारतीय संदर्भ में मुख्यतः चार भागों में वर्गीकृत किया है ।

1. राष्ट्रीय स्वतंत्रता
2. व्यक्ति की राजनीतिक स्वतंत्रता
3. व्यक्ति की आर्थिक स्वतंत्रता
4. व्यक्ति की आध्यात्मिक स्वतंत्रता

गांधी जी ने स्वराज को परिभाषित करते हुए इसे स्वदेशी से जोड़ा और कहा कि यदि स्वराज मेरे सामाजिक और राजनीतिक विचारों का आधारभूत है तो स्वदेशी इन सपनों को साकार करने का माध्यम है। स्वराज से अभिप्राय सिर्फ राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं बल्कि इसका अर्थ मानव जाति की आजादी से है।

गांधी जी ने अपनी पुस्तक हिंद स्वराज (1909) में इस तथ्य का वर्णन किया कि स्वराज अंग्रेजों के बिना अंग्रेजी शासन से कहीं अधिक है। यह बाघ के स्वभाव को बदलना है न कि बाघ को बदलना है। स्वराज सत्य का ही अंग है और सत्य ईश्वर है। 1925 में यंग इंडिया में उन्होंने लिखा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि यूरोप के लोगों के पास राजनीतिक शक्ति है, किंतु उनके पास स्वराज नहीं।

उन्होंने माना कि भारत के लिए सर्वाधिक उचित शासन प्रणाली स्वराज होगा। इसमें राज्य की भूमिका नगण्य हो जाती है। उन्होंने अपने दोस्तों से आग्रह किया कि स्वराज आसमान से नहीं टपकेगा। यह धैर्य, साहस, पर्यावरण तथा संरक्षण के विवेकपूर्ण मूल्यांकन का प्रतिफल है। सच्चा स्वराज सत्ता पर कब्जा जमाने से नहीं अपितु क्षमताओं के ऊपर कब्जा जमाने से मिलेगा। वास्तव में अगर देखें तो पूर्ण स्वराज जनसाधारण के बीच एक जागृति है। सच्चे स्वराज का अनुभव स्त्री, पुरुष तथा बच्चे सभी को होना चाहिए। स्वराज के अंतर्गत व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के बीच अन्योन्याश्रित संबंध है। उनका यह सिद्धांत सर्वोदय में प्रस्फूटित होकर सामने आया। गांधी ने यह बात बलपूर्वक कहा कि यदि यह मंतव्य की भारत का स्वराज बहुसंख्यको अर्थात हिन्दुओं का शासन होगा तो इससे बड़ी भारी भूल कुछ और नहीं हो सकती। उनके दृष्टिकोण में यदि ऐसा हुआ तो मैं ऐसे स्वराज को मानने से इनकार कर दूँगा और यथाशक्ति इसका पुरजोर विरोध करूँगा। मेरी नजर में स्वराज का अर्थ सब लोगों के शासन है यानी न्याय के शासन से है। उनकी मान्यता थी कि स्वराज की स्थापना भारतीय सभ्यता के मूल्यों पर होना चाहिए। अंततः गांधी जी की स्वराज की संकल्पना उनके जीवन की सर्वाधिक अनोखी तथा व्यापक परिकल्पना थी, जो न सिर्फ भारतीय राजनीतिक चिंतन की अपितु राष्ट्रीय आन्दोलन की एक अमूल्य धरोहर थी। उन्होंने स्वराज का अर्थ स्वशासन, आत्मसंयम और स्वायत्तता के संबंध में किया। 21वीं शताब्दी में जब दुनिया औद्योगिकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण के युग में अंधी दौर से गुजर रही है, ऐसे में गांधी और उनके स्वराज की अवधारणा की प्रासंगिकता और मुखर हो जाती है। यद्यपि गांधी अपने स्वराज की अवधारणा को पूर्णतः लागू करने के अपने लक्ष्य में कामयाब नहीं हो सकें, किंतु यह श्रेय उनकी स्वराज की अवधारणा को जाता है, जिन्होंने कालान्तर में भू-दान आंदोलन को एक नवीन आंदोलन प्रशस्त किया। इस प्रकार गांधी अपने समय से कहीं अधिक सोच वाले व्यक्ति थे। उनके सिद्धांत, कार्यक्रम तथा गतिविधियों का निश्चित तौर पर पूरे विश्व की मानवता के लिए एक अमूल्य धरोहर के रूप में विद्यमान रहेगी। उनके इस परिकल्पना को वर्तमान संदर्भ में देखना होगा। यही गांधी के साथ न्याय संगत विवेचन होगा।

संदर्भ सूची:-

1. रामरतन तथा शोभिका शारदा : महात्मा गांधी की राजनीतिक अवधारणाएं, कलिंग प्रकाशन,दिल्ली , 1992
2. रोमा रोला : महात्मा गांधी विश्व के अद्वितीय पुरुष, इलाहाबाद सेंट्रल बुक डिपो,1947
3. दिवाकर आर. आर. : सत्याग्रह और विश्व शांति, नई दिल्ली प्रगति प्रकाशन, 1969
4. वर्मा वी. पी. : आधुनिक भारतीय राजनीतिक दर्शन, आगरा कॉलेज बुक डिपो, 1982
5. जूडिथ एम. ब्राउन : गांधी प्रिजनर ऑफ़ होप दिल्ली, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 1990
6. महात्मा गाँधी : मेरे सपनो का भारत, राजपाल एण्ड सन्ज, नई दिल्ली , 2008
7. गांधी जी : दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास, नवजीवन प्रकाशन, अहमदाबाद, 2011
8. मिश्र अनिल दत्त : गाँधी एक अध्ययन, पीयरसन, दिल्ली , 2012
9. डॉ. सुनीता मंगला : भारतीय राजनीतिक चिंतन, कावेरी बुक्स, नई दिल्ली, 2014
10. बिपिन चंद्र : आधुनिक भारत, अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, 2014
11. गांधी जी : हिंदस्वराज, अहमदाबाद, नवजीवन ट्रस्ट, 2015
12. रामचंद्र प्रधान : राज से स्वराज, हिंदी मध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, 2015 दिल्ली

*****

Ensuring Digital Privacy for Children: Addressing Emerging Challenges in India

-Dr. Inderpreet Kaur Narang
Assistant Professor,
Department of Laws,
Guru Nanak Dev University, Regional Campus,
Jalandhar

Abstract

The swift incorporation of digital technologies into children's life has revolutionised their learning, play, and global connectivity, offering unmatched prospects for education, entertainment, and social engagement. Nonetheless, this heightened connectedness raises substantial concerns around digital privacy, data security, and the ethical ramifications of data gathering activities aimed at kids. Children, due to their heightened susceptibility to exploitation in the digital domain, encounter threats like data surveillance, exposure to inappropriate content, and the misuse of personal information. This study examines the diverse problems related to protecting children's digital privacy, emphasising the intricate interaction of legal, technological, and socio-cultural elements.

असमिया के जनजीवन में वैष्णव धर्म को प्रतिष्ठित करने के लिए शंकरदेव ने जिस विपुल साहित्य यथा लोक नाटकों की सृष्टि की, उस सहित्य से अखिल भारतीय चैतन्य के साथ असमिया समाज को हृदय से जोड़ दिया । शंकरदेव के भ्रमण और अध्ययन के उपरांत जिस विराट साहित्य की रचना हुई उससे न केवल पुनर्जागरण का प्रादुर्भाव हुआ, अपितु भारत के सांस्कृतिक मानचित्र में असम को एक निश्चित स्थान प्राप्त हुआ ।

अंकिया नाट का स्वरूप के लिए शंकरदेव ने संस्कृत नाटक से नांदी और प्रस्तावना ली । प्रस्तावना में संस्कृत में दो श्लोकों के साथ-साथ बृजबोली में गीत भी लिखे । नाटक के अंत में उन्होंने संस्कृत नाटक का भरतवाक्य भी लिखा, जिसे उन्होंने 'मुक्ति मंगल' नाम दिया । सबसे बड़ा परिवर्तन उन्होंने यहाँ किया कि संस्कृत नाटक के सूत्रधार की भूमिका अंकीया नाट में बहुत महत्वपूर्ण कर दी । वह बराबर पूरे नाटक में पात्रों के साथ उपस्थित रहता है, उनका परिचय भी देता है, उनके नाटकीय प्रयोजनों को बताता है, तथा कथा परिचायक और व्याख्याकार का काम भी करता है ।

गायन -बायन मंडली की गीत-संगीत और अभिनेताओं के नृत्य मूलकथा के विकास से ही नहीं अपितु चरित्रों की अभिव्यक्ति से अंतर्संबंधित होते हैं । 'अंकिया' समेत प्रायः सभी लोकनाट्य रूपों की रंग संभावनाएं नृत्य संगीत के इसी सर्जनात्मक प्रयोग के कारण ही होती है । 'अंकीया का रंगमंच भी मूलतः नृत्याभिनय का रंगमंच है । 'अंकिया' के अंतर्गत नाट्यशास्त्र में निर्देशिक पूर्वरंग का भी थोड़े से अंतर के साथ अनुकरण दिखाई देता है । इसका पूर्वरंग बहुत स्पष्ट और अनुशासित है । पूर्वरंग की इस क्रिया का आरम्भ 'श्रीमद्भागवत ग्रन्थ' की स्तुति से होता है । सूत्रधार नृत्य करते हुए रंगस्थल पर प्रवेश करता है । 'रंगस्थली' पर आकर वह गायन-बायन दल द्वारा किए जाते हुए नांदीपाठ और भातिमाओं को अपने हस्ताभिनय द्वारा अर्थ देता है । प्रेक्षकों को श्रीकृष्ण के आगमन की सूचना देता है और श्रीकृष्ण का गोपिजन के साथ प्रवेश होता है । इस प्रकार नाट्यवस्तु, अभिनेता और प्रकाश आदि के विलक्षण सर्जनात्मक तालमेल के कारण तथा परंपरा से प्राप्त रंगरुढियों के प्रति गहरी एकनिष्ट के कारण शंकरदेव की रंगशैली बहुत संगठित और सर्जनात्मक है ।

शंकरदेव की नाट्यशैली में ह्रासोन्मुखी संस्कृत नाटकों की परंपरा, संगीतक परंपरा, गीत गोविन्द की नृत्य नाट और लीलागान परंपरा, मध्यकालीन लोकनाट्य की परंपरा स्पस्ट देखि जा सकती है । उनके नाट्यशैली में भारतवर्ष के रीति-नीति, गीत, नृत्य, प्रदर्शन, अभिनय सबको उन्होंने मनोयोग्पूर्ण देखा समझा था ।

अतः कहा जा सकता है कि अंकिया-नाट असम का बेहद लोकप्रिय पारंपरिक लोकनाट्य रूप है । जिसके माध्यम से रंकर्मी समाज में उच्च मानवीय मूल्यों एवं आदर्शों की स्थापना करने की कोशिश करते हैं । इसके द्वरा समाज में फैली कुरीतियों एवं रुढियों का लगातार विरोध होता रहा है जो इस लोक नाट्य रूप के जन-जन में इतना प्रिय होने का प्रमुख कारण है ।

सन्दर्भ-ग्रन्थ

1. रंग्दर्शन-नेमिचंद्र जैन, पृष्ट-102
2. रंगमंच – बलवंत गार्गी, पृष्ठ -92
3. मैथिलि लोक नाट्य धरोहर – ओम्प्रकाषा भारती
4. भाषा (मई-जून-2009), पृष्ठ-71
5. ओमप्रकाश भारती, लोकायन (लोककला, रूपों पर एकाग्र), पृष्ठ-169,179
6. परंपराशील नाट्य, जगदीशचंद्र माथुर, पृष्ठ-80
7. वही, पृष्ठ-81

*****

A study of magic realism in 'The Conch Bearer'

-Jagat Singh
Resarch Scholar
CCS University, Meerut

Abstract

In the contemporary Indian-American fiction, Chitra Banerjee Divakaruni has secured a reputable place. Her narrative technique is the key of her artistic beauty. Her narrative techniques stand her apart from other contemporary novelists. The magical realism and myths are the best among her many techniques. This research paper is simply an effort to examine the magic realism as a narrative technique with special reference to her fiction 'The Conch Bearer'. The story of the present novel is based on an adventurous journey of a poor boy Anand, a headstrong street girl Nisha, and a magical, resourceful and indeterminate aged man named, Abhaydatta. The old man was working on a mission to destined the conch to the Brotherhood of the Silver Valley. With the help of above mentioned two children he tried to fulfill his mission. The journey full of difficulties and mystery, finally finished when the conch was placed at its real position in the Silver Valley.

Keywords: Magic realism, surrealism, narratives, Divakaruni, magical realism, brotherhood.

Introduction

The term magic realism etymological means Hyper Reality, Surrealism, or Virtual Reality. The magical realism is used wherever it is felt necessary in the fiction and does not seem to be whimsical. Magical realism is the narrative technique which tries to turn fantastic elements into reality. The reality may be defined as the combination of guidelines and logic. Magic realism is the combination of reality and fantasy, magic and rare expertise in experiences. It is the trait that was avoided by the European novelists. The Europeans believed that magics are not general phenomena, they are created from a particular religious or cultural context. It is considered that the term 'Magic Realism' was first adopted by German art critic Franz Roh to express the style of painting in the year 1925. Angel Flores mentioned, the Argentinean novelist Jorge Luis Borges who coined 'Magic Realism'. Magic realism closely resembles to the Indian-tradition of story-telling. As per the Oxford English Dictionary: -

> "A literary or artistic genre in which realistic narrative and naturalistic technique are combined with surreal elements of dream and fantasy"

Different scholars have defined the term in many ways. In the words of Brenda Cooper: -

> "Magical realism attempts to capture reality by way of a depiction of life's many dimensions, seen or unseen, visible or invisible. Rational and mysterious. In the process, such writers walk a political tight-rope between capturing this reality and providing precisely the exotic escape from reality desired by some of their Western readership"

With that of the definition of magic realism, it has some importance as well in favor of why magical realism is included in the literary fictions. The magic realism plays the role of an ornament in the narrative techniques; it adds some flavor to the taste to fictional work. According to Ruth Noriega Sanchez: -

> "Magic realism can fill the holes by recovering the pieces of voices and images of overlooked and subsumed chronicles of the other from the perspective of colonized. All these make magic realism an extremely solid post-colonial account gadget in fiction"

Depiction of Magic realism in the conch bearer

Divakaruni's most attractive feature in her narrative style is the magic realism. She has innate quality of mixing reality with her creative excellence. The portrayal of the present and past, fantasy and reality is a rare blend of her writing. Divakaruni has established a milestone among the first liners of twentieth century personalities with her writing, teaching and social activities. She is a well-known Indian-American writer who has a solid grasp on the Bengali and Indian culture from her childhood. Her narrative techniques provide an opportunity to her readers to understand the psyche and inner feelings of characters. She started her writing career with composing sonnets and writing short stories. Later, she introduced herself as a novelist. Her narrative writings which are in the form of riddles and reality are appreciated by the world with open-heart. These fictional works are closely connected with the traditional art of India. These narratives accompany the readers into the various places known for magic and mystery.

Chitra Banerjee Divakaruni's magical realism is the blend of magic and reality which consists the stories of people, ancient tales, fables and legends, based on the character's cultural background from different parts of the world. She has adopted the element of dreams to portray the magical realism as a strategy in her works. In the dreams, the protagonists encounter with the magical things that help them in their real life. In her narratives many non-living things and exceptional creatures may interact like human beings such as - the spices, the snakes and the conch etc. according to Ismat Sarah Mangla: -

> "Divakaruni endeavors to weave her perceptions with the element of myth, magic, and antiquated culture close by contemporary culture. Chitra endeavors to unite those things a feeling of old culture and the day-by-day realities of immigrant life"

'The Conch Bearer' is both the adventurous and mysterious journey of an old man Abhaydatta, Anand and Nisha. The young boy Anand had a great charm of magic. He wanted to try them for his own and family benefits. Many a times while working at the tea stall, he imagined that if he had magical powers he would have punished his cruel tea-stall owner. Accidently he met with an old, poorly and hungry looking man. He supposed that he might not have money so he offered him, his own share of tea. Anand was surprised to know that after his interaction with that old man, he was not feeling the cold as earlier. He also realized that the old man had some magical powers in his eyes. He said: -

> "The old man looked at him. His eyes were…blue? Green? shimmery brown like the eyes of a tiger? Anand couldn't tell. He knew only that something tinged through him like an electric current when the old man looked at him" (Page 11)

The old man informed Anand that magic was real and there were some people who could possess it and practice it. The old man wanted the boy to help him in his mysterious mission. He told him that he only selected him as the boy had faith on magical powers. He gave him the information about the Brotherhood of Silver Valley and the magical powers they possessed. He explained: -

> "Some can look into the future and advise men and women of what to do, and what to avoid. Some can cure sickness of the body and mind. Some transport themselves to places thousands of miles away. Some travel through time to bygone ages. Some know special chants to create rain or storm - or wind and fog -" (Page 25)

Abhaydatta briefed Anand about the Conch and the reason, how it was vanished from its rightful place. A selfish member of Brotherhood named Surabhanu came to be the protector of the Conch but his intention was different. He was not willing to use his magical powers and powers of the Conch for the benefit of humanity but for his own betterment. He also misguided some of the members of Brotherhood. He was trained by the Brotherhood of Silver Valley; so, he was expert in hiding his bad intention. He waited for a chance and theft the Conch and escaped from the Silver Valley. He had the quality to sense, even from far distance that his name was pronounced and he could even sense the location with his magical powers. Abhaydatta further said: -

> "His name is Surabhanu, though it is with reluctance that I name him for you. For in spite of the yantras, he is sure to hear the echo of his name and sense where I am. And in my present condition, I don't have enough power left to face him again". (Page 28)

Abhaydatta wished Anand to help him in returning the conch to its appropriate place. He put his efforts to convince him, telling the magical powers of conch. He showed Anand the conch in a small and dark room. Anand was amazed to see the unparallelled beauty and attraction of the conch. When Abhaydatta took hold of the conch, Anand was surprised to see the force that made him forget his hardships and for a moment he was relieved from all his stress. He expressed his surprise: -

> "An enormous force throbbed from it - toward him and into him, warming him and making him lightheaded with happiness. There was music all around him, the sweetest music, as though the stars had come down from the sky and crowded into the room". (Page 37)

Abhaydatta told Anand about each healer of the Brotherhood who had the magical powers. Their powers are different from one another as they are trained as per their inner capacity and talents. According to their disposition, they also develop one additional special power. Some of them might have capability to travel thousand miles in a few moments, perfection to cure illness, ability to command and manage weather, ability to hold remembrance and forgetting, ability to remove hardships, ability to interact with animals, ability to see and change the future etc. These all powers are provided to them for the betterment of human beings. Abhaydatta explained: -

> "Each of the Healers of the Silver Valley is trained in many arts. But according to each one's temperament, he develops one special power. Mine is power of remembrance and forgetting'. 'It means that I can help people to remember what they need to remember, and forget what is better them to forget." (Page 38)

Abhaydatta looked at Anand's sister Meera, who was not talking from the last one day when she was left alone at home. He told Anand that she witnessed a horrifying murder in the street and she didn't move from that incident. He further dictated that it had happened when she went to bring water from tube-well, across the road. He meditated and told that her dress must be stained with the blood of the victim. Anand was surprised; how could he know that all? He said that he had the expertise in helping people to remember and to forget, what is necessary to remember, and what is good for them to forget. He told Anand: -

> "I'm taking the memory away from her. She will become, once more, her old lighthearted self. But patience! It takes a little time for the process to work.' he turned to Meera and stroked her hair. 'Be happy, child." (Page 40)

The Conch Bearer is full of magical-charms. The poor and impoverished street girls, Nisha accompanied the old man to help him in placing back the conch to the Silver Valley. Abhaydatta asked the girl her name but she could not tell as her parents were lost when she was very young so, she didn't have any name. She had to live under the gap of the cabin of a soft drink stall. Some people named her, the sweeper girl; the girl spoke with a street hard and nonchalant voice. Abhaydatta announced with a broad smile that she would not live without name. The girl was very exhilarated for her new name. Abhaydatta searched a piece of paper from his mysterious bag and split that paper into two parts and asked the girl to choose one she wished to. She opted one of them and she saw that it was not an ordinary piece of paper but a magical one. Anand explained: -

> "As Anand watched, he saw that indeed one of the papers was on fire. But it was a strange kind of fire. It didn't burn the paper to ashes but only made it glow red, like lighted coals." (Page 85)

Abhaydatta was a mysterious old man, full of extraordinary resources. He had a magical bag with him from which he could find anything what was necessary for them. Anand and Nisha were surprised that it was simply a small bag but Abhaydatta could find everything, whenever they demanded. On his way, Abhaydatta suspected that Surabhanu might find them with his magical powers. Abhaydatta guided the children not to withhold their journey to Silver Valley if he would be lost somewhere. He guided them if Surabhanu found them, they need not to wait for him but escape from the place and must try to reach their destination. With his magical powers, Abhaydatta drew a map with his forefingers on cemented floor to show them the way of Silver Valley. He told the children: -

> "If I am indeed overcome and cannot rejoin you,' Abhaydatta continued, 'you must go on alone to the silver valley. Look, I am going to draw you a map' Abhaydatta knelt and drew a line on the cement floor with his forefinger. To Anand's amazement, the line began to glow at once." (Page 101)

It had already been mentioned that a healer of the Brotherhood possessed many powers. Surabhanu, the antagonist of the novel, also hold many powers. During their stopover in a cave, it was Anand's responsibility to stay awake at night. Abhaydatta warned them that one out of three must be alert as Surabhanu might create difficulties for them. Though Abhaydatta had already chanted a magical spell around the cave. He also had burnt a magical fire which must not be put off whole the night. Still, he advised Anand that if he observed something different, he must awake him immediately. It was a horrible weather outside the cave; Anand heard the voice of his mother calling him

outside. Though Anand was sure that his mother could not reach there at any cost. He was seized in the magical spell of Surabhanu and unwillingly went outside but no one was there. He reached back the cave with a lot of difficulties. During that course of action, the magical fire was put off. Surabhanu entered the cave in the form of wind and took Abhaydatta with him as he was sleeping. Anand found Nisha crying for Abhaydatta. She described: -

> "I saw the wind rushing in,' Nisha Said. 'It had the face of a wild boar. Before Dadaji could wake up, it grabbed him in its teeth." (Page 135)

After the disappearance of Abhaydatta both Anand and Nisha were feeling helpless. As Abhaydatta had already instructed them not to withhold their journey, they planned to continue it. They had seen the magical powers and their effects in the cave. Even, they realized that the cave in which they stayed for the night was also not real but it was made by Abhaydatta with his magical powers. The children discussed their further plans of journey but Nisha was not ready to move forward without Abhaydatta, whom they started calling Dadaji. They suspected that the size of the cave was shrinking. It was confirmed that the magic spell of Abhaydatta was incapacitating with the passing of time, as it was created for a night stay only. They explain about the cave that: -

> "It seemed smaller than before, as though the cave was shrinking. Was this, too, because of Abhaydatta's absence? Had he, with his powers, made it a place other than what it really was? Would it disappear totally when the spell wore off? And the Healer - where was he now, and what was happening to him?" (Page 140)

Abhaydatta carried a magical bag with him, whatever and whenever, he wanted anything, he put his hand into the bag and took out the required thing. Both Anand and Nisha were surprised to see that he took out everything they need for playing, eating or any other necessity. He took out marvels, food, needle etc. from his bag as it had a big storage. Nisha remembered that how amazed and happy they were both, when he took out marvels for them to play. It is mentioned that: -

> "How many times had Abhaydatta touched that bag, drawing from it one small marvel or another! How he had delighted in astonishing Anand and Nisha with those marvels." (Page 140)

Anand and Nisha were left alone in the forest after the first encounter with Surabhanu. They decided to continue their journey towards the Silver Valley with the direction of map, Abhaydatta had made for them on the cemented floor. They searched for a shelter in the hills to protect them from the shiver cold. They were sleeping, suddenly Anand felt some furry creature, a squirrel like thing on his face. He slapped it away but it was not scared and returned again, as it was trying to convey some message. He realized that one of the shapes of mountain was shifting towards them, after that another and another. He noticed: -

> "One of the shapes detached itself from the mountainside and began to move towards him. Another joined it, and another. They moved soundlessly but very fast. Anand had barely shaken Nisha awake before they had blocked off the exit from crevice." (Page 154)

Chitra Banerjee exposed the creatures in the Conch Bearer which could communicate in human language. The squirrel thing saved the children from the mountain trap but they were caught in the web of a group of apes. These apes could speak in semi-human language. They took the children to another cave. Their ape king appreciated his followers for catching their prisoners. The children were frightened, what they would do with them. Finally, they came to realize that these apes were the soldiers of Surabhanu, arranged to take the ownership of the Conch. The ape king described in human language that he was not there to harm them. Anand was afraid when the ape king came closer to them and enquired about the Conch: -

> "Anand couldn't help shuddering as the ape crouched over him. The ape grinned, showing sharp, glittery teeth, growling in that half-human language. 'Is frightened, manthing? No need, Grishan no hurt you. Grishan only want treasure." (Page 157)

Divakaruni adopted her narrative skills in an amazing manner as a magical realism. She approached the Indian tradition of narrating story, as in Indian folktales the Satan, ghost and devils could change the shapes and features of their body. They could transform themselves from human beings to animals or in any other creatures form to take revenge or to defeat their enemies. In the present fiction, people not only change their features and shape but they could also change themselves into other creatures as well. After crossing their second obstacle, Surabhanu followed them and finally came forward in an open battle with Anand. He transformed himself into a snake, then a gaseous cloud and after that a human being. These magical shapes were looking original due to the artistic excellence of Divakaruni. As Nisha observed the snake: -

> "And the snake - but no, it wasn't a snake anymore. Instead, it was a gaseous cloud that loomed over Anand. As he watched, the cloud grew more solid, taking human shape. The face was still indistinct, but he could see the glitter of Surabhanu's diadem already, atop the head." (Page 185)

One among the most important aspect of the novel was that the Conch started talking with Anand after the first obstacle when they lost Abhaydatta. The Conch spoke by its own choice and did not utter a single word whenever Anand wanted to talk to it. When Anand found the magical bag of Abhaydatta, then also the Conch enquired Anand 'Do you think, it is by chance you found the master healer's bag? Anand was failed to face the powers of Surabhanu, the first time. Although Anand tried everything, he could do as it was his duty to hide and save the Conch from selfish Surabhanu. That time it was Conch itself who authorized Anand to use its powers to defeat the enemy of Brotherhood but Anand didn't have the knowledge to use it. The Conch said to Anand: -

> "Stand up, Anand,' the conch said, 'and take me out. Don't be afraid. Use me. I give you permission.' 'How shall I use you?' Anand asked. But already, an image had flashed inside his head." (Page 187)

At last, the children reached the Silver Valley to place the Conch to its actual place. Nisha and Anand realized that the squirrel thing was none other than Abhaydatta, their Dadaji. They put their all efforts to bring Abhaydatta back into his real human body but it was very difficult even for the best healers of Brotherhood, as he had spent so much time in an animal body. The magical spells and chanting were finally able to bring Abhaydatta into original human being but he could not utter a single word. The healers informed Anand and Nisha that: -

> "For the last three days, the best of our shape-changing healers have been working with him, chanting and praying and calling upon spells of recovery, and they have managed to change him back into his human form. But he hasn't spoken a word, and it is not clear whether his mind is still the animal mind that he had to take on along with the animal body." (Page 219)

The Silver Valley was a center of different types of magical spells. The magical blocks and buildings were established such as- the Tower of Wind Watcher, the Hall of Seeing, the Arbour of Water etc. 'The Hall of Seeing' was a place where the people

could see their present, past and future. When everything was all right, Abhaydatta returned back into his human body and proper sense. It was decided that Anand and Nisha might be allowed to become the healers of Silver Valley. Nisha was orphan but Anand had a family, so healers offered him either to join Brotherhood or return back to his family. Anand was concerned about his family so he wanted to see them, in which conditions they were living. Abhaydatta gave him the option that he would make his family forget about Anand, as he was specialist of remembering and forgetting. Anand was led to the Hall of Seeing; the hall became dark and the segments of walls started changing colors. Suddenly, his family appeared on the screen in their pretty dining room in a flat of modern city. Anand was surprise to see that his father had returned from abroad. He described: -

> "As he spoke, the Hall of seeing grew dark, and the segment of the wall in front of them began to change colour, turning first green, then blue, then a multitude of hues, orange and yellow and red, as though it were an evening sky. A surge of power, like electricity, shot from Abhaydatta's hand into Anand's." (Page 236)

Ultimately, Anand decided to become the member of Brotherhood in Silver Valley. The customary ceremony of Anand began in the Silver Valley. Anand was special not only for his contributed in the returning the Conch but also, he had talked to the Conch and especially the Conch had also talked to him. The Chief of the Healers also appreciated Anand, saying that they all drew strength from the Conch meditating on it but he was special, to whom the Conch itself has talked. He said: -

> "Amongst all of us in the Brotherhood who have been blessed with gifts, you have unique one. We meditate on conch and draw our strength from it, but you have spoken to it. And, more importantly, it has spoken back to you." (Page 258)

Divakaruni's magical creation, the Conch not only spoke but also advised and guided Anand at various stages during their adventurous journey to the Silver Valley. At last Anand had a question in his mind to the Conch. He asked to it, why it could not stop Surabhanu from stealing it when it had the power to burn Surabhanu like a crisped potato. The Conch answered that the Brotherhood of Silver Valley was growing lax and complacent, that is the reason a person like Surabhanu entered in the Brotherhood. It further explained that if he could stop Surabhanu, how would Anand and Nisha come to the Silver Valley. Anand put forward the question of Surabhanu's death, who was the keeper of Conch. On that question of Surabhanu's death the Conch explained the human beings as: -

> "Ah, death! The conch gave a sigh. 'You humans are always making such a hullabaloo about death. His body was old and tired - it was time for him to crack that mold and emerge from it, to take on a higher form. He knew this as he was going, and was not sorry - and nor was I - for he died performing his duty." (Page 264)

Conclusion

We can simply conclude that Chitra Banerjee Divakaruni is unraveled champion in narrative techniques. With the support of the above included examples, we can simply prove that, Divakaruni has innate quality of a great story-teller. She has inherited all the narrative qualities from her birth land, India. The Conch Bearer is full of magical realism and adventurous journey. It is one of the highest order literary fiction full of magics and mystical adventures. Divakaruni attempted short stories and sonnets before writing novels. She received a warm welcome in the world for short-stories but she is exceptionally successful in writing fiction. In her interview Divakaruni said: -

> "I've been writing more fictions because I'm interested in exploring relationships and showing the differences that develop in characters".

References

1. Divakaruni, Chitra Banerjee. 'The Conch Bearer'. USA: Roaring Brook Press, 2003.
2. Oxford English Dictionary.
3. Cooper, Brenda. 'Magical Realism in West African Fictions'. London: Routledge, 1998.
4. Sanchez, Maria Ruth Noriega. 'Challenging Realities: Magic Realism in Contemporary American Women's Fiction'. 2002
5. Mangla, Ismat Sarah. 'Writing From Two Words'. Nirali: October, 2004
6. Divakaruni, Chitra Banerjee. 'In conversation with Erika Bauer'. A discussion with Chitra Divakaruni, 1993

*****

'आपहुदरी' आत्मकथा में वर्जनाहीन लेखन

-डॉ. सन्मुख नागनाथ मुच्छटे
सहयोगी प्राध्यापक
हिंदी विभाग
श्री छत्रपती शिवाजी महाविद्यालय,
उमरगा, जिला धाराशिव(महाराष्ट्र)
मो. नंबर:९६८९०६३७१५
Email-sunmukhm@gmail.com

प्रास्ताविक: आधुनिक हिंदी साहित्य के स्त्री आत्मकथाओं में वर्जनाहीन लेखन के माध्यम से स्त्रियों ने अपने अंतर्विरोधों, संघर्षों और अस्मिता को स्पष्ट और निर्भीड रूप से प्रस्तुत करना आरंभ किया है। भारतीय समाज पर पुरुष प्रधान संस्कृति का प्रभाव होने के कारण अनेक कालों से स्त्री के अस्तित्व, महत्त्व,अस्मिता और उपस्थिति को सदैव नकारा गया है। पुरुषों द्वारा रचित अधिकांश साहित्य में स्त्री को असहाय और कमजोर रूप में अभिव्यक्त करने का प्रयास किया गया है। उसको कहीं पर भी उसके मूल रूप में या स्वतंत्र रूप में व्यक्त करने की कोशिश ही नहीं की गई । इस संदर्भ में प्रभा खेतान लिखती हैं कि-"स्त्री की जिंदगी के बारे में पुरुष लेखन ज्यादा से ज्यादा अर्ध सत्य का ही दावा कर सकता है। स्त्री के शोषण-उत्पीड़न पर चर्चा की गई, आंसू बहाए गए, मगर समाज की इस भेदभाव वाली संरचना के विकल्प में बिल्कुल नहीं सोचा गया। व्यवस्था से मुक्ति की चाहना को अपने लेखन में जितनी शिद्दत से वह (स्त्री) महसूस करती है या जितनी गहराई से तन्मय होकर अपने शोषण और उत्पीड़न को अभिव्यक्त कर पाती है उतना पुरुष लेखन द्वारा संभव नहीं। पितृसत्तात्मक दमन जितना स्त्री ने करीब से देखा और झेला है उतना अन्य किसी ने नहीं।"[१] लेकिन २०वीं शताब्दी में भारतीय स्त्री शिक्षा के निकट आई और उसने शिक्षा के द्वारा अपनी अस्मिता को पहचाना। लंबे समय से पुरुष प्रधान संस्कृति के पैरों तले दबी हुई सुशिक्षित स्त्री अपने अस्तित्व के प्रति सजग हो गई। उसने अपने निजी जीवन में पुरुषों द्वारा जो भी कटु अनुभव प्राप्त किए हुए थे, उन सबको लेखन के माध्यम से समाज के सम्मुख लाने का प्रयास किया। इस लेखन के मूल में निड़रता, स्पष्टता, यथार्थता तथा निर्भीकता का स्पष्ट दर्शन होता है।

हिंदी आत्मकथा साहित्य में जिन स्त्री लेखिकाओं ने अपनी आत्मकथाओं का सृजन किया हुआ है, उनका उद्देश्य केवल अपनी जीवन गाथा को प्रस्तुत करना न होकर वे उसके माध्यम से अपनी अस्मिता और अस्तित्व को उचित स्वर भी देना चाहते थे। उन्होंने अपनी रचनाओं में उन समस्त तथ्यों को उजागर किया, जो उनके साथ घटित हुए थे। जैसे-शारीरिक छेड़छाड़,अन्याय-अत्याचार,हिंसा,दमन,यौन-उत्पीड़न, वर्गभेद आदि। अर्थात इन स्त्री आत्मकथाकारों ने अपनी रचनाओं में वर्जनाहीन लेखन का आश्रय लिया और उसके द्वारा अपनी आपबीती सुनाई । वर्जनाहीन लेखन का अर्थ है- वर्जनाओं से मुक्त, बिना संकोच के, बिना आडंबर के, निजी को सार्वजनिकता में रूपांतरित करने वाला लेखन।वर्जनाहीन लेखन का तात्पर्य उस लेखन से है, जिसमें लेखक या लेखिका अपने अनुभवों को प्रस्तुत करने में संकोच, भय, सामाजिक मर्यादा या संस्कारी आवरणों से मुक्त होता है। यह लेखन सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ता है। यह लेखन सत्ता, पितृसत्ता, विवाह संस्था, यौन शोषण, राजनीति आदि विषयों को नग्न यथार्थ के साथ प्रस्तुत करता है।

'आपहुदरी' आत्मकथा में वर्जनाहीन लेखन: लेखक आत्मकथा विधा के माध्यम से स्वयं अपने अनुभवों, संघर्षों और विचारों को जीवन की कसौटी पर कसा हुआ रूप देता है। समकालीन हिंदी साहित्य में सृजित स्त्री आत्मकथाएं प्रायः समाज में स्त्री के दोहरे जीवन, दमन, प्रतिरोध और उसकी निजता के पहलुओं को सामने लाती हैं। रमणिका गुप्ता द्वारा लिखित 'आपहुदरी' एक ऐसी ही आत्मकथा है, जो वर्जनाहीन लेखन की सभी विशेषताओं को पूर्ण करती है। इसमें रमणिका गुप्ता ने बिना किसी संकोच और सामाजिक भय के अपने निजी जीवन की गूढ़, निजी, राजनीतिक और यौनिक परतों को खोला है। रमणिका गुप्ता की आत्मकथा 'आपहुदरी' का प्रथम प्रकाशन सन् २०१५ में सम्यक प्रकाशन से हुआ है। हिंदी आत्मकथा साहित्य में प्रस्तुत रचना का विशेष महत्त्व है। यह आत्मकथा स्त्री-अस्मिता, यौनिकता, सत्ता, परिवार और समाज के संदर्भ में लिखी गई एक सशक्त तथा यथार्थ रचना है। 'आपहुदरी' शब्द का अर्थ ही है – मुख्यधारा से अलग कर दी गई स्त्री, जो पारंपरिक सामाजिक ढांचे में फिट नहीं बैठती। इसमें केवल एक स्त्री के जीवन का विवरण नहीं, बल्कि स्त्री- मुक्ति की तलाश, उसकी पीड़ा, विद्रोह और आत्मनिर्भरता की प्रक्रिया का चित्रण भी है। इसमें लेखिका ने अपने जीवन में घटित विविध अनुभवों से युक्त घटनाओं का चित्रण किया है। इन घटनाओं का प्रारंभ पारिवारिक जीवन से प्रारंभ होकर सामाजिक-राजनीतिक सक्रियता तक फैलता है।

प्रस्तुत आत्मकथा को पांच मुख्य चरणों में विभाजित किया जा सकता है:- **१)लेखिका की पारिवारिक पृष्ठभूमि और बचपन:** रमणिका गुप्ता जी का जन्म एक संपन्न, उच्चवर्णीय पंजाबी परिवार में हुआ था, लेकिन आम भारतीय परिवारों में स्थित स्त्रियों की तरह इस परिवार में भी स्त्री को दोयम दर्जा था। लेखिका ने अपने बचपन में ही लैंगिक भेदभाव, अनुशासनात्मक हिंसा और स्त्री के दमन को निकटता से अनुभव किया था। इन अनुभवों ने उनके अंदर विद्रोह की भावना का निर्माण किया और वे स्त्री अस्मिता के प्रति सचेत हो जाती है। आत्मकथा का यह चरण सामाजिक जीवन में स्त्री के असमान स्तर को अभिव्यक्त

करता है। **२)लेखिका का वैवाहिक जीवन:** लेखिका का विवाह एक बड़े अधिकारी के साथ होता है। उनके पति पूर्ण रूप से भारतीय पुरुष प्रधान संस्कृति से प्रभावित थे। उनकी दृष्टि में स्त्री का महत्त्व दोयम था। यह विवाह बाहरी स्तर पर आदर्श और अंदरूनी स्तर पर घुटन और अस्वीकृति से पूर्ण था। लेखिका और पति के रिश्तों में आत्मीयता का अभाव होने के कारण पति द्वारा उनके सपनों और सोच को लगातार कुचला गया। इसका तीव्र परिणाम उनकी मानसिकता पर हुआ। इसीलिए लेखिका स्वीकार करती है कि उनका वैवाहिक जीवन यौनिक असंतोष, मानसिक हिंसा और आत्मिक अकेलेपन से भरा था। आत्मकथा का यह चरण 'भारतीय विवाह संस्था' के पुरुष प्रधान संस्कृति की कठोर आलोचना प्रस्तुत करता है। **३)लेखिका का आत्मबोध और लेखकीय चेतना:** 'आत्मबोध' का शाब्दिक अर्थ है - स्वयं के अस्तित्व, भावनाओं, क्षमताओं और पहचान का गहरा बोध। रमणिका गुप्ता जी पुरुष प्रधान संस्कृति के पैरों तले दबी हुई अपनी अस्मिता को पहचान कर उसे स्वतंत्र रूप में व्यक्त करना चाहती है। उन्होंने एक पत्नी, माँ, बहू, राजनेता जैसी सामाजिक भूमिकाओं से ऊपर उठकर स्वयं को 'स्त्री' के रूप में देखा और उसके माध्यम से स्वीकार किया कि स्त्री की देह, उसकी आकांक्षाएं और आत्मा सब पर उसका अधिकार है, अन्य किसी और का नहीं। 'लेखकीय चेतना' वह अवस्था है, जब लेखिका को यह महसूस होता है कि उसके अनुभवों, संघर्षों और विचारों को शब्दों में ढालकर समाज के सामने रखना आवश्यक है। रचनाकार जब अपने जीवन के अनुभवों को दूसरों की चेतना जगाने के लिए उपयोग करता है, तो वह लेखकीय चेतना कहलाता है। लेखिका को यह ज्ञात हो जाता है कि उन्होंने अपने जीवन में जो भी अनुभव प्राप्त किए हुए हैं, वे केवल उनके न होकर समाज में स्थित संपूर्ण स्त्री जाति के हैं। इसलिए उन्होंने अपने जीवनानुभवों को केवल अपने तक सीमित न रखकर उन्हें लेखन के माध्यम से समाज के सम्मुख रखने का निर्णय लेती हैं। ताकि अन्य स्त्रियां भी अपने अनुभवों को पहचानें और उस पर सवाल करें। अर्थात रमणिका जी ने लेखन को अपने अस्तित्व की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। आत्मकथा का यह चरण आत्मान्वेषण और रचनात्मक मुक्ति का प्रतीक है।

४)लेखिका का राजनीति में प्रवेश और सामाजिक संघर्ष: रमणिका गुप्ता राजनीति में सक्रिय होती हैं, झारखंड आंदोलन, आदिवासी अधिकारों और स्त्री अधिकारों के लिए लड़ती हैं। राजनीति के क्षेत्र में भी वे अनुभव करती हैं कि स्त्री होने के कारण उन्हें यौनिक टिप्पणियों, उपेक्षा और अवसरवादिता का सामना करना पड़ता है। आत्मकथा का यह भाग राजनीतिक सत्ता में स्त्री की भूमिका और चुनौतियों को रेखांकित करता है। **५)प्रेम, देह और स्वतंत्रता का आत्मस्वीकार:** प्रस्तुत आत्मकथा में लेखिका ने स्त्री योनिकता, प्रेम,देह की अपेक्षा और स्पर्श की आवश्यकता आदि पर खुलकर लिखती हैं। एक तरह से इन सबको वे स्वीकार करती हैं। उन्होंने जीवन के हर पहलू को जिया और अपने अनुभवों को ईमानदारी से स्वीकार किया- चाहे वह सामाजिक दृष्टि से 'वर्जित' क्यों न हो। आत्मकथा का यह चरण स्त्री के संपूर्ण अस्तित्व को स्वीकारने और सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ने की प्रक्रिया का उद्घाटन करता है।

लेखिका का शारीरिक शोषण बचपन से लगातार होता आया है। आयु के ११- १२ वर्ष में निरंतर होते आ रहे शारीरिक शोषण के कारण उन्होंने अपने बचपन की निरीहता खोई है। शोषण के कारण उनके अंदर यौन की अतृप्त प्यास निर्माण हुई है। इस संदर्भ में उन्होंने प्रस्तुत आत्मकथा में लिखा है कि-"अपने को अतृप्त रखना, पूर्ण न होने देना, असंतुष्ट रहना, बचपन में ही मैंने सीख लिया था और इसी अपूर्णता और अतृप्ति को मैं पूर्णता और तृप्ति के रूप में स्वीकारती थी। असंतोष मुझे गति देता था। कुछ पाने की इच्छा मेरी इच्छा शक्ति को ऊर्जा देती थी। तृप्ति मुझे गतिहीनता का प्रतीक लगती थी। तृप्ति मुझे मुर्दापन का एहसास कराती थी। एक ऐसा एहसास जहां सब खत्म हो जाता है और करने को कुछ शेष नहीं रह जाता। हासिल करना मेरा लक्ष्य जरूर था लेकिन हासिल करके संतुष्ट हो जाना, न मैंने जाना, न ही मैंने सीखा।"[२] समस्त मानवी संबंधों में भाई-बहन के रिश्ते को अत्यंत पवित्र माना जाता है। लेकिन लेखिका के चचेरे भाई ने बचपन में उनका शारीरिक शोषण कर इस रिश्ते पर धब्बा लगाया है। प्रस्तुत आत्मकथा में उन्होंने चचेरे भाई द्वारा उनके कुंवारेपन में किए गए योनि के क्षत - विक्षत घटना का यथार्थ चित्रण किया है। इस पर अपनी निसंकोच टिप्पणी देते हुए लेखिका लिखती हैं कि-"भाई-बहन के रिश्ते का एक अलग आदर्श था मेरे मन में, जिसे तोड़ा था उसकी इस हरकत ने। यह बड़ा सवाल था जो मुझे प्रायः कचोटता रहता था, इसी कचोट ने मेरे आदर्शों के पारदर्शी पर्दों की ओट को तार तार कर दिया था। रिश्तों के पर्दे चाक-चाक हो गए थे। यौन-वर्जनाएं जैसे उपहास उड़ा रही थीं, वर्जना लगाने वालों या मानने वालों का या रिश्तों का। मेरे मन में बैठे रिश्तों की कसौटी में गहरी दरार पड़ गई थी। उसी दिन शायद यौन के प्रति जिज्ञासा भी तीव्र हुई थी। वर्जनाओं जो यौन-संबंधों पर लगी थीं, ढहने लगी थीं या ढह गई थीं। अंकुश ही मुचक गया था।"[३] लेखिका का शोषण मास्टर अत्याधिक मात्रा में करते रहता है। इससे मुक्ति पाने के लिए वे प्रेम मार्ग का अवलंब करती हैं। उनके जीवन में वेद प्रकाश गुप्ता आ जाते हैं। वे उनके साथ प्रेम कर अंतरजातीय विवाह करती हैं। उन्होंने यह निर्णय मास्टर से मुक्ति पाने के लिए ही लिया था। वे वेद प्रकाश को मुक्तिदाता मानती हैं। इस पर अपना मत व्यक्त करते हुए वे लिखती हैं कि-"मेरे भीतर कोई शहजादा-राजकुमार या नाइट बसता था, जो मेरे भीतर बैठी एक डरी- सी लड़की को मुक्ति दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहता था। मेरे कानों में राजकुमार की आहट अनवरत गूंजती थी। पता नहीं क्यों एक अंतरंग साथी बनकर एक पुरुष मेरे मदद में आ जाता था, जबकि पुरुष से ही त्रस्त थी मैं।"[४] दांपत्य-जीवन में वेद प्रकाश पुरुष प्रधान संस्कृति के अनुरूप लेखिका के प्रति संदेह जताने लगते हैं। इससे लेखिका बेहद आहत हो जाती हैं। वे अपने जीवन में प्रामाणिकता को विशेष महत्त्व देती हैं, परंतु इस संदेह के सम्मुख उनकी प्रामाणिकता टूट जाती है। भारतीय समाज में पुरुष संदेह के आधार पर स्त्री की प्रामाणिकता को मूल्यहीन बना देता है। लेखिका इस संदर्भ में लिखती हैं कि-"मैं जितना भी वफादार रहूं प्रकाश तो मुझ पर शक करेगा ही, फिर क्या जरूरत है। इस निष्फल, बेमतलब वफादारी की, जब वफादार होने पर भी शक की नजरों से ही देखा जाना है। फिर शक को ही सच होने

दो। क्या हर्ज है?"५ लेखिका का जीवन के प्रति उन्मुक्त दृष्टिकोण है। पति के साथ बिगड़ते संबंधों के कारण उनका जीवन संवेदनाहीन बन जाता है। उनके अनेक स्वप्न हैं। उनको वे किसी भी हाल में पूरा करना चाहती हैं। इन सपनों की पूर्ति की राह पर चलते समय उनका शारीरिक शोषण होता है। परिणाम स्वरूप वे कई बार गर्भवती रह जाती हैं और उनको गर्भपात करा कर लेना पड़ता है। इस पर अपनी अनुभूति को अभिव्यक्त करते हुए वे लिखती हैं कि-"मैं पति नाम के खूंटे से बंधी थी, पर उसे मैं एक रस्मी रिश्ता मानकर निभा रही थी। इसलिए अपने प्रेम के रिश्ते गोपनीय रखती थीं। पर अगर प्रकाश को पता चल जाए तो मैं सच-सच कह भी देती थी। भक्ष्य-अभक्ष्य क्या है, यह संबंधित व्यक्ति ही तय करता है। अपने यौन-सुख के किस्से सुनाकर वह मुझे उत्तेजित करता था या मैं ही उसके सेक्स-सुख का अंदाजा लेते-लेते स्वयं ही उस सुख के लिए आतुर हो उठती थी, यह मैं नहीं कह सकती।"[६]

प्रस्तुत आत्मकथा में लेखिका ने अपने साथ घटित लेस्बियन संबंध पर भी यथार्थ प्रकाश डाला है। लेस्बियन संबंध का अर्थ है -दो स्त्रियों के बीच का भावनात्मक, शारीरिक या रोमांटिक रिश्ता। दूसरे शब्दों में, यह एक ऐसा रिश्ता है, जिसमें एक स्त्री दूसरी स्त्री के प्रति आकर्षित होती है और उनके बीच प्रेम, स्नेह और अंतरंगता होती है। लेखिका की जवान भाभी उनके साथ लेस्बियन संबंध बनाती हैं। इससे लेखिका को पुरुष के साथ-साथ स्त्री के सहवास की भी आदत लग जाती है। लेकिन इन संबंधों के प्रति लेखिका के मन में अक्सर घृणा और भय का भाव ही निर्माण होता है। इस पर अपनी टिप्पणी देते हुए लेखिका लिखती हैं कि-"भाभी से तो लेस्बियन संबंधों की शुरुआत हुई, पर उस रिश्ते के प्रति घृणा और भय की प्रेत छाया भी मेरे मन में पलने लगी।"७ लेखिका बचपन से विभिन्न प्रकार के यौन-उत्पीड़न से पीड़ित होने के कारण प्रेम मार्ग का अवलंब करती हैं। इस प्रेम-यात्रा में उनके जीवन में कई पुरुष आ जाते हैं। उनके साथ प्रेम करते-करते शारीरिक संबंध भी प्रस्थापित हो जाते हैं। वे हर पुरुष के साथ प्रामाणिकता के साथ रहती हैं। इस संदर्भ में लेखिका लिखती हैं कि-"मैं नहीं जानती, क्यों ऐसा हुआ, जब एक ही समय में मुझे एक से अधिक लोगों के साथ प्यार करने का एहसास होने लगा। ये मैं निश्चित तौर पर कह सकती हूं कि जितने भी क्षण, पल, दिन या महीने मैंने जिसके साथ गुजारे, यह पूरी तरह उसी के साथ जिए और गुजारे। तब दूसरे या किसी और का ध्यान मुझे नहीं आया। जब कोई दूसरा मेरे नजदीक आता तो मेरा समय उसी के लिए हो जाता।"८ जब मास्टर बेबस लड़की लज्जा का शारीरिक शोषण करने लगता है तब लेखिका मास्टर के मूल रूप का पर्दाफाश करती हैं। वे इस संदर्भ में अपने माता-पिता को कहती हैं कि " आप तो मुझ पर विश्वास नहीं करते थे, पर आपकी आंख तले यह हमारा शोषण करता रहा और अब लज्जा का कर रहा है। मुझे भी ब्लैकमेल कर रहा है। अब या तो यह मास्टर घर में रहेगा या मैं रहूंगी।"९ उनके इस कथन में नीडरता का स्पष्ट दर्शन होता है। लेखिका के विवाह में गवाह की भूमिका में रह चुका अवकाश ग्रहण प्राप्त मिलिट्री अफसर जब उनको यौन- सुख की मांग करता है तब लेखिका की यौन-सुख प्रदान करने की स्वीकृति में निर्भीकता का परिचय प्राप्त होता है। अपनी निर्भीकता को उल्लेखित करते हुए वे लिखती हैं कि-"पता नहीं मुझे उस वक्त क्या हो गया था? सेक्स को पुरुष का अधिकार और पहल मानने वाली मैं, उस दिन स्वयं पुरुष बन बैठी और मैंने स्वयं प्रयास करना शुरू कर दिया।"१० आत्मकथा में लेखिका के वर्जनाहीन लेखन का चरम उत्कर्ष वहां पर दिखाई देता है, जहां वे उन्मुक्त यौन-सुख की प्राप्ति के लिए बच्चा न होने के लिए की जाने वाली नसबंदी करा कर लेती है। इस संदर्भ में वे लिखती हैं कि-"मैं 'मां' की सृजनशक्ति को बच्चा पैदा करने की क्षमता को गौरवमय मानती थी। किसने बीज डाला,यह मेरे लिए गौण था। मैंने खेत ही बंजार रखने का फैसला लिया। फिर कोई विवाद नहीं होगा। फसल ही नहीं उगेगी तो मिल्कियत कैसी? जमीन है? धरती है, उस पर दावे करते रहें पुरुष! उन दावों से क्या होगा। धरती तो धरती है। वह अपने अस्तित्व के कारण है। किसी मलिक या पुरुष के कारण धरती, धरती नहीं बनती। औरत भी किसी पुरुष के कारण औरत नहीं बनती।"[११]

निष्कर्ष: सार रूप में कहा जा सकता है कि रमणिका गुप्ता की आत्मकथा 'आपहुदरी' में वर्जनाहीन लेखन का दस्तावेज है। लेखिका ने प्रस्तुत आत्मकथा में स्त्री-विमर्श, श्रमिक- संघर्ष, यौनिकता, दलित-चेतना और राजनीतिक अनुभवों पर निर्भीकता के साथ टिप्पणी की है। लेखिका की यह अभिव्यक्ति वर्जनाओं से मुक्त, नीडर और दृढ़ लेखन शैली से परिपूर्ण है। इस अभिव्यक्ति में लेखिका अपने निजी अनुभवों को सामाजिक संदर्भों से जोड़ते हुए बिना किसी झिझक के साथ प्रस्तुत करती हैं। वर्जनाहीन लेखन शैली के द्वारा लेखिका का उद्देश्य सामाजिक और यौन वर्जनाओं को तोड़ना, स्त्री देह,यौनिकता तथा पारिवारिक पुरुष प्रधान संस्कृति पर खुलकर बात करना और अपने राजनीतिक अनुभव को जस के तस रूप में प्रस्तुत करना है। लेखिका की इस लेखन शैली में कहीं पर भी लोकलज्जा का भय परिलक्षित नहीं होता। उन्होंने तो वर्जनाहीन लेखन के द्वारा सत्य को उद्घाटित करने का प्रामाणिक प्रयास किया है और यह सब करते समय वे कहीं पर भी अपनी जीवन में हुई गलतियों को छुपाती नहीं।उनकी इस लेखन शैली में सामूहिक चेतना का स्वर स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है।अतः प्रस्तुत आत्मकथा वर्जनाहीन लेखन का सशक्त प्रमाण है और रमणिका गुप्ता जी के सत्य, साहस और संघर्ष की वाणी को सफलता पूर्वक अभिव्यक्त करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:

१) प्रभा खेतान- उपनिवेश में स्त्री, मुक्ति कामना की दस वार्ताएं, पृष्ठ.४५
२) रमणिका गुप्ता- आपहुदरी, पृष्ठ.१२०
३) वही, पृष्ठ.८४
४)वही, पृष्ठ.१६
५)वही, पृष्ठ.२६१
६)वही, पृष्ठ.३३६
७)वही, पृष्ठ.१२५
८)वही, पृष्ठ.२७२
९)वही, पृष्ठ.३००
१०)वही, पृष्ठ.२२०
११)वही, पृष्ठ.३३९

*****

दलित उत्कर्ष समिति

पंजीयन क्रमांक 11704/14 पंजीयन दिनांक 22-04-2014

समिति कार्यालय :- हाउस नंबर 101 ग्राम-बेलगांव (हडहिया टोला), पोस्ट-झारा, तहसील-सरई, जिला-सिंगरौली(मध्यप्रदेश)
पिन -486689, मेल आईडी dalitutkarshsamiti@gmail.com

NGO, DARPAN,UNIQ-CODE-MP/20218/0189623, सम्पर्क : 9131877601

समिति का कार्यक्षेत्र :-संपूर्ण भारत है ।

समिति का उद्देश्य निम्न है :-

❖शिक्षा और स्वास्थ्य पर कार्य करना ।

❖स्कूल छोडने का कारण और निवारण ।

❖सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन ।

❖बाल श्रम उन्मूलन ।

❖सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाना ।

❖जन हितैषी कानूनी जागरुकता अभियान एससी, एसटी,एक्ट, आरटीआई आदि की जानकारी प्रदान करना ।

❖रोजगार मूलक शिक्षा के प्रति समाज के गरीब बच्चों को जागरुक करना ।

❖गौशाला संचालन समिति का गठन कर शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार करना ।

❖ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार के लिए प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षण संस्थाओं का संचालन करना ।

❖छात्रों में आदर्श चरित्र का निर्माण, शिक्षा के माध्यम से करना तथा उनके अन्दर राष्ट्रीय भावना को जागृत करना ।

❖आधुनिक शिक्षा द्वारा छात्रों को सुयोग्य बनाना ।

❖निशक्त कल्याण, बाल कल्याण, समाज कल्याण, नशा मुक्ति, जल संग्रहण, जलसंवर्धन जनकल्याण गतिविधियों का संचालन ।

❖महिला जागरुकता प्रचार-प्रसार, सिलाई, बुनाई, प्रशिक्षण महिला आवास गृह, नारी निकेतन कंप्यूटर प्रशिक्षण, आचार, मुरब्बा, मोमबत्ती, अगरबत्ती, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग में प्रशिक्षण देना ।

❖गरीबी उन्मूलन एवं आदिवासी पिछडा वर्ग एवं सामान्य वर्ग, गरीब तबके के लोगों को शासन द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का एवं समिति के द्वारा हित संवर्धन में कार्य किया जाना ।

❖वनरक्षा, जल संरक्षण की महत्ता, बनों से लाभ की जानकारी एवं पर्यावरण का प्रचार प्रसार करना ।

❖पुशओं-पक्षियों जानवरों का संरक्षण एवं उनकी वृद्धि संबंधित कार्यक्रम चलाना, औषधि पौधों का रोपण व पोषण करना ।

❖विभिन्न बीमारियों जैसे मलेरिया, कोरोनावायरस, बैक्टीरिया जनित बीमारियाँ की रोकथाम हेतु जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना ।

❖पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित करना, पंचायती राज प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, शिक्षकों हेतु आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण आयोजित करना ।

❖समाज के असहाय निराश्रित वर्ग एवं विकलागों के लिए आश्रय केंद्रों की स्थापना व्यवस्था व संचालन करना ।

❖अंग्रेजी व हिंदी का प्रशिक्षण देकर छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना । विकलाओं कुष्ठरोगियों का सर्वे करना, व मदद करना ।

❖उपभोक्ता संरक्षण, मानव अधिकार, तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यम से संबंधित कार्य करना ।

समिति द्वारा किये गये गतिविधियों का छाया चित्र और पेपर कटिंग-

Rainkesh®

Some Products Rainkesh Group of Companies

Automotive /Industrail and Defence Equipments Filters Manufacturer

Auditorium Chair Manfucturer

Customized Acoustic System Provider

LT Panel Mfgr. | Hyd Hoses Mfgr. | Design Fabrication Work

Rainkesh Hi-Tech Equipments Private Limited

(ISO 9001:2015,ISO14001:2015,ISO27001:2013,OHSAS 1800:2007 & ISO/TS16949:2009 Certified)
Organisation ,NSIC,DGOA,ASRTU DEFENCE,NAVY etc. Registered Unit), Gurugram-1220101, Bhagwanpur-122001
M/s Suvidha Industries Gurugram-122001,M/s Purofia India Bhagwanpur Dist.-Haridwar-247661
Email:rainkesh@gmail.com.+91-9212189246